भारत में अनार्य कहलानेवाली (Tribal or aninists) जातियों की सन्तान उत्पादन शक्ति सब से अधिक है। बच्चों का सबसे अधिक औसत इन्हीं जातियों में है।

प्रति १०० विवाहित स्त्रियों के जिनकी आयु १५ और ४० वर्षों के बीच थी सन १९३१ की मनुष्य गणनानुसार निम्नलिखित परिमाण में बच्चे थे।

सर्व धर्म	१७०
हिन्दू	१६४
मुसलमान	१७८
सिक्ख	१९२
अनार्य	१९६

हिन्दुओं से मुसलमानों में उत्पादन शक्ति अधिक है अर्थात् जन्म संख्या की मात्रा (Birth-rate) अधिक और साथ २ मृत्यु संख्या की मात्रा (Death-rate) भी हिन्दुओं से मुसलमानों की कम है। फलतः दोनों कारणों से भारत में मुसलमानों का अनुपात शनैः शनैः बढ़ता जा रहा है। स० १८८१ में हिन्दुओं का अनुपात प्रतिशत ७४'३ था और १९३१ में यह घटकर ६८'२ रह गया है। ५० वर्ष में हिन्दू ६'१ प्रतिशत कम हो गए और मुसलमान २'५ प्रतिशत बढ़ गये अर्थात् उनकी मात्रा १९'७ से बढ़कर २२'२ हो गई।

सन् १९३१ में हिन्दुओं की जन्म-मात्रा (Birth rate) लगभग ३५'५ थी और मुसलमानों की ३६'७ थी और मृत्यु मात्रा (Death rate) हिन्दुओं की २६'१ और मुसलमानों की २२'७ थी।

कुटुम्ब का परिमाण

भारत में प्रति कुटुम्ब लगभग ४ मनुष्य हैं। धन्धों के अनुसार कुटुम्ब परिमाण इस प्रकार हैं:—

कच्चे माल की तैयारी ४'४ मनुष्य, पक्के माल की तैयारी ४'२, सरकारी नौकरियाँ तथा कलाकौशल ४'०, और वकील, डाक्टर तथा शिक्षक वर्ग ३'७ मनुष्य।

शिक्षा, उत्पादन शक्ति तथा आयु का पारस्परिक सम्बन्ध

शिक्षा, उत्पादनशक्ति, और आयु परिमाण में परस्पर विचित्र सम्बन्ध है। सभ्यता तथा शिक्षा की अधिक मात्रा होने से उत्पादन शक्ति कम पायी जाती है किंतु आयु की मात्रा बढ़ी हुई दिखाई पड़ती है। अगले पेज के कोष्टक से यह बात स्पष्ट होगी।

शिक्षा, उत्पादन शक्ति तथा आयु में सम्बन्ध

जाति	६० वर्ष से ऊपर वाले मनुष्यों की जन-संख्या	६० वर्ष से ऊपर वाले मनुष्य प्रति १०००	उत्पादन शक्ति	आयु	शिक्षा
अनार्य (Tribal)	२,६३,०५४	३४५	१	४	४
मुसलिम	२८,२४,७६८	३५७	२	३	३
हिन्दू	६८,२६,४१८	४११	३	२	२
पारसी	७,६६८	७६४	४	१	१

नोटः—कोष्टक से यह स्पष्ट है कि अनार्य जातियाँ उत्पादन शक्ति में सर्वोच्च (प्रथम श्रेणी में) हैं और पारसी उत्पादन शक्ति में न्यूनतम हैं, किन्तु आयु और शिक्षा दोनों में वेही सर्वोच्च अर्थात् प्रथम श्रेणी में हैं। शिक्षा और आयु से घनिष्ठ सम्बन्ध है। शिक्षा की वृद्धि से आयु की वृद्धि होती है। निरक्षरता और अल्प आयु सहगामी हैं।

विदेशों में भारतवासी।

विदेशों में भारतवासियों की संख्या इस समय लगभग २१ लाख है जिसमें सबसे बड़ी संख्या दक्षिणी अफ्रीका में है—अर्थात् १५०००० है जिस में से १,३५००० भारतीय नेटाल में, ११००० ट्रान्सवाल में और ७००० केप में है। मलाया में लगभग ५,००००० और जावा में करीब २०,००० भारतीय हैं। बाली द्वीप में कुल जन समाज हिन्दू ही है और उसने अभी तक अपनी सभ्यता क़ायम रक्खी है।

इङ्गलैण्ड व आयरलैण्ड में लगभग १३६१ भारती विद्यार्थी हैं और यूनाइटेड स्टेट्स अम्रीका में ३१७५ भारतीय हैं।

प्राचीनकाल में भारतवासी व्यापार के लिये जलप्रवास किया करते थे और सुमात्रा, जावा, अफ्रीका, अरब आदि देशों तक भारतीय जहाज जाया करते थे। श्रीयुत राधाकुमुद मुकर्जी ने अपनी पुस्तक "हिस्टरी आफ इण्डियन शिपिंग ऐन्ड मेरीटाइम ऐक्टिविटी" में जो सामग्री प्रकाशित की है उससे पता चलता है कि ३००० वर्ष ई. पू. भारत का समुद्री व्यापार बहुत बढ़ा चढ़ा था और भारत के ही बने हुये जहाजों में भारत की बनी हुई वस्तुयें जाया करती थीं। प्लिनी इतिहासकार ने भी इसी सम्बन्ध में लिखते हुये कहा है कि रोमन साम्राज्य से व्यापार द्वारा भारत सारा सोना खींच रहा है। अनेक यूनानी, मुसलमान चीनी और अन्य विदेशी इतिहासकारों के लेखों से भी सिद्ध होता है कि भारतीय शासकों की सेना में जहाजी बेड़ा मुख्य अंग था और सब प्रकार के बड़े से बड़े लड़ाई और व्यापार के जहाज भारत में बनते थे। सम्राट अकबर के पास भी बहुत बड़ा जहाज़ी बेड़ा था। बंगाल, कश्मीर, सिंध आदि जहाजों के बनाने के लिये प्रसिद्ध थे। कुस्तुन्तुनिया के सुल्तान भी भारत में जहाज बनवाया करते थे (सीजर डि फेडरिची १५६५)। शिवाजी महाराज के पास भी काफी बड़ा जहाजी बेड़ा था।

उपरोक्त वर्णन से यह स्पष्ट है कि भारतवासियों के लिये समुद्र यात्रा में कोई रुकावट न थी। किन्तु धीरे २ मुसलमानी काल में गृहयुद्ध के कारण तथा अन्य सामाजिक कारणों से समुद्र यात्रा हिन्दुओं के लिये निषिद्ध समझी जाने लगी।

आधुनिक काल में जो भारतवासी

अन्य देशों में पाये जाते हैं उनमें से अधिकतर स्वयं अथवा उनके पूर्वज मजदूरी के लिये गये हुये हैं। ईसा की १९ वीं शताब्दी के आरम्भ में गुलाम प्रथा योरोपियन राष्ट्रों ने बन्द करदी जिससे मारीशस आदि द्वीपों के योरोपियन शकर तैयार करनेवाले व्योपारियों को असुविधा होने लगी। उन्होंने भारत से मज़दूरों की भर्ती करना आरम्भ की। और सन् १८३४-३७ में लगभग ७००० मज़दूर भर्ती हुये। धीरे धीरे यह बात प्रकट होने लगी कि मज़दूरों की भर्ती धोखेबाज़ी से की जाती थी। दलालों को प्रत्येक मजदूर पर कमीशन दिया जाता था। यह कुली प्रथा भारतवासियों के लिये अत्यंत अपमान कारक सिद्ध हुई। कुलियों में स्त्री पुरुष दोनों भर्ती किये जाते थे किंतु स्त्री और पुरुष मज़दूर अकेले ही यहाँ से भर्ती किये जाते थे। उनके विवाहित भर्तार तथा पत्नियां साथ नहीं जाती थीं इस कारण इन कुलियों में बड़ा व्यभिचार होता था। साथ २ यह बात थी कि स्त्रियों की सख्या कम होने से अनेक प्रकार के जुर्म भी कुलियों में हुआ करते थे। ५ सालका इकरारनामा होने से कोई कुली बीच में न लौट सकता था। मारीशस की देखादेखी ब्रिटिश गायना ने भी कुली भर्ती करना आरम्भ किये। १८३८ में मजदूरों की भर्ती कुछ काल के लिये बन्द हो गई और सन १८४० में ब्रिटिश सरकार की एक जांच कमेटी ने कुली प्रथा की बुराइयाँ प्रकाशित कीं। इसपर जमैका ब्रिटिश गायना और ट्रिनिडाड के सिवाय अन्य देशों के लिए भर्ती बन्द कर दी गई।

सन् १८५८ में सेन्ट लूशिया, सेन्ट विन्सेन्ट नेटाल और सेन्ट विट्स को मजदूरों की भर्ती खोल दी गई। सन् १८७२ में सुरीनम को और १८७९ में ग्रेनेडा की भर्ती खुली। इसी समय में जाँच कमीशन नियत हुआ जिसके कारण ब्रिटिश गायना के लिये कानून बनाया गया और यही ट्रिनिडाड को भी लागू किया गया।

सन १८९२ में कुली प्रथा की बहुत सी बुराइयाँ प्रकट हुईं और फिर कड़ा कानून बनाया गया। १ जुलाई १९११ में नेटाल को कुली भेजना बन्द कर दिया गया। सन १९१५ में श्री० चिमनलाल और मि० मेकनील की रिपोर्ट पर भारत सरकार ने सिफारिश की कि "प्रतिज्ञा वद्ध कुली प्रथा" वन्द कर दी जावे। सन १९१६ में सेक्रिटरी खाफ स्टेट ने यह सिफारिश पसन्द कर ली। इसके पश्चात् ऐक्ट ७ सन १९२२ द्वारा विदेशों को मजदूरों का भेजना बन्द कर दिया गया। केवल उन देशों को भेजना कानूनी

रक्खा गया जिसे ऐसेम्बली निश्चित करे ।

विदेशों में भारतीयों के साथ व्यवहार ।

उपरोक्त वर्णन से यह पता चलेगा कि विदेशों में प्रायः सभी भारतीय "कुलियों" की भाँति गये। उनके पूंजीपति मालिक उनसे अधिक से अधिक लाभ उठाने का प्रयत्न करते रहे इस कारण सब प्रकार की असुविधायें भारतीयों के लिये उपस्थित की गईं। दक्षिणी अफ्रीका में भारतीयों के साथ व्यवहार अच्छा नहीं किया गया। "बोर युद्ध" के छिड़ने पर यह कहा गया था कि भारतीयों के प्रति जो दुर्व्यवहार हो रहा है उसके लिये ब्रिटिश जाति लड़ रही है। लार्ड लैन्सडाउन ने भी यही विचार प्रकट किये कि ट्रांसवाल रिपब्लिक का जो व्यवहार भारतीयों के प्रति है वह अत्यन्त ख़राब है। युद्ध के बाद जब यही ट्रांसवाल ब्रिटिश साम्राज्य का भाग बन गया तब भी भारतीयों की दशा न सुधरी। भारतीयों के स्वत्वों का अस्तित्व ही न रहा। इस पर महात्मा गान्धी ने सत्याग्रह आरम्भ किया और अनेक वर्षों तक ज़ारी रक्खा। अन्ततः सन् १९१४ में एक सन्धि हुई जिसे "गांधी-स्मटस" सन्धि कहते हैं जिससे कुछ दिन शान्ति रही। श्रीयुत गोपाल कृष्ण गोखले भी दक्षिणी अफ्रीका गये थे। इस सन्धि के बाद ही भारतीयों के विरुद्ध फिर दक्षिणी अफ्रीका के गोरे निवासियों के विचार प्रकट होने लगे और भारतीयों को बड़ा कष्ट होने लगा।

भरत सरकार के उद्योग से सन् १९१० व १९१८ की इम्पीरियल वार कान्फ्रेन्सों में ब्रिटिश साम्राज्य के अन्य॰ भागों में भारतीयों के साथ कैसा व्यवहार होना चाहिये तथा वहां उन्हें क्या अधिकार प्राप्त होना चाहिये इस पर चर्चा हुई और साम्राज्य की नीति सम्बन्धी प्रस्ताव पास किये गये जिनमें भारतीयों के जन्मसिद्ध नागरिक स्वत्वों पर जोर दिया गया।

इसके पश्चात् सन् १९२१ की साम्राज्य कान्फ्रेन्स में फिर उपरोक्त स्वत्वों के मिलने की सिफारिश की गई।

सन् १९२२ में श्री० श्रीनिवास शास्त्री भारत सरकार की ओर से आस्ट्रेलिया, केनाडा, और न्यूजीलैण्ड गये और सन् १९२१ की साम्राज्य कान्फ्रेन्स के प्रस्तावों के कार्य रूप में परिणित होने का प्रयत्न किया। सन् १९२३ की साम्राज्य कान्फ्रेस में भारतीय प्रतिनिधियों ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया—

डोमीनियन सरकारें जिनमें भारतीय

आबादी है, तथा ब्रिटिश सरकार स्वयं केनया, उगण्डा, फिजी आदि प्रदेश जिनमें भारतीय आबादी है, एक एक कमेटी बनावें जो भारत सरकार द्वारा बनाई कमेटी से परामर्श करें और सन् १९२१ के प्रस्ताव में ग्रथित समानता तत्व को शीघ्र से शीघ्र व्यवहार में लाने का उपाय सोचें।

यह राय कोलोनियल सेक्रेटरी तथा डोमीनियन प्रधान मन्त्रियों ने (जेनरल स्मट्स को छोड़कर) पसन्द किया। भारत सरकार ने मार्च स० १९२४ में एक कमेटी केनया और फीजी में भारतीय सम्बन्धी प्रश्नों पर कोलोनियन आफिस के साथ विचार करने के लिये क़ायम की।

इसके सदस्य इस प्रकार थेः—(१) जे. होम सिम्पसन (अध्यक्ष) (२) आगाखाँ (३) सर बी राबटसन (४) दीवान बहादुर टी. रंगा चार्यर (५) के. सी. राय और आर बी यूबैंक (सेक्रेटरी)।

७ अगस्त १९२४ का हाउस आफ़ कामन्स में मि० जे० यच० टामस ने कोलोनियल आफ़िस का निर्णय बताया। इन प्रयत्नों का फल कुछ अच्छा अवश्य हुआ।

दक्षिण अफ्रीका

स० १९२१ से १९२३ तक नेटाल में एक आर्डीनेन्स कौंसिल में पेश किया जाता रहा जो भारतीयों के लिए हानिकारक था। किन्तु यूनियन सरकार ने उसे स्वीकृति दे दी। दिसम्बर स० १९२४ में नेटाल बोरो आर्डीनेन्स को दक्षिणी अफ़्रीका की सरकार ने स्वीकृति दे दी। इसी प्रकार नेटाल टानशिप आर्डीनेंस (३ स० १९२५) भी पास हुआ। दोनों का परिणाम भारतीयों के लिए बुरा था। भारत सरकार ने इन दोनों पर असन्तोष प्रकट किया जिस पर कुछ शाब्दिक परिवर्तन किया गया। जुलाई स० १९२५ में एरियाज़ रिजर्वेशन ऐन्ड इमीग्रेशन ऐन्ड रजिस्ट्रेन बिल यूनियन एसेम्बली में पेश किया गया। यह बिल भारतीयों के ही ख़िलाफ़ था। नवम्बर स० १९२५ में भारत सरकार ने एक शिष्ट मण्डल भेजा जिस के सदस्य (१) जी. एफ़. पैडीसन (कमिश्नर आफ़ लेबर मद्रास) लीडर (२) सैयद रज़ा अली और (३) सर देवप्रसाद सर्वाधिकारी मेम्बर थे। श्री० जी. एल. बाजपेई आई.सी. एस. सेक्रेटरी। उसके प्रयत्नों से यह निश्चित हुआ कि यूनियन सरकार और भारत सरकार के प्रतिनिधियों की एक कॉन्फ्रेंस होकर बिल में यथायोग्य परिवर्तन कर दिया जावे। दिसम्बर १९२६ में कांफ्रेन्स होना निश्चित हुई जिसके लिये (१) सर मुहम्मद हबीबुल्ला लीडर, (२) जी. एल. कोरबेट (डिपटी लीडर)

(३) श्री० श्रीनिवास शास्त्री (४) सर डार्सी लिंडसे (५) सर फीरोज सेठना (६) सर जार्ज पैडीसन और (७) जी. एस. बाजपेयी (सेक्रेटरी) भेजे गये।

इस कांफ्रेन्स के फलस्वरूप भारतीयों के स्वत्वों की रक्षा के लिए एक एजेन्ट जनरल भारत सरकार की ओर से दक्षिण अफ्रीका में रहने लगा है। पहिले एजेन्ट श्री० श्रीनिवास शास्त्री नियत हुये उनके बाद श्री० के. बी. रेड्डी नियत हुये।

सन् १९२९ के अन्त में सर के० वी० रेडी बीमारी के कारण अपने पद से हट गये और कुंवर सर महाराज सिंह उनके स्थान पर नियुक्त हुए।

स्थावर सम्पत्ति पर भारतीयों के स्वत्व तथा उस सम्बन्ध में उचित क़ानून बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका की यूनियन सरकार ने फरवरी १९३० में एसेम्बली की एक सिलेक्ट कमेटी नियुक्त की। उस समय सर के० वी० रेडी बीमार थे इस लिए भारत सरकार ने मि० जे० डी० टाइसन आई० सी० एस० को उक्त कमेटी के सामने भारतीयों के हितों को उचित रीति से रखने तथा भारतीयों की अन्य रीति से सहायता करने के लिए भेजा। कमेटी की रिपोर्ट भारतीयों के हितों के विरुद्ध थी और भारत सरकार ने तथा भारतीयों ने घोर विरोध किया। इसलिए कुछ काल के लिए वे क़ानून यूनियन पार्लीमेन्ट में पेश होने से रोक दिये गये। यूनियन सरकार इस बात पर राज़ी होगई कि "केपटाउन एग्रीमेन्ट १९२७" के संबंध में भारत सरकार और यूनियन सरकार के प्रतिनिधियों की होने वाली कानफ्रेन्स तक इस पर विचार स्थागित कर दिया जावे।

उक्त कान्फ्रेन्स के भारतीय सदस्य सर फ़ज़ले हुसैन (लीडर) श्रीमती सरोजिनी नायडू, सर निओफ्रे कोरबेट, सर डारसी लिंडसे, श्री० गिरजाशंकर बाजपेयी, तथा सर के० बी० रेडी थे। कान्फ्रेन्स सन् १९३२ के जनवरी-फरवरी मासों में हुई।

कान्फ्रेन्स के प्रस्तावों का सार निम्न लिखित है–(१) केपटाउन एग्रीमेन्ट १९२७ को दोनों सरकारों ने मित्रता का तथा भारतीय हितों की रक्षा का उचित कारण समझा (२) ८० प्रति शत भारतीय जो दक्षिण अफ्रीका में रहते हैं वहीं पैदा हुये हैं। इस कारण दक्षिण अफ्रीका की यूनियन सरकार की योजना कि भारतीय भारत को शनैः शनैः वापिस भेज दिये जावें अब असम्भव हो गई है। भारत के बाहर ही उन्हें ज़मीनें देकर बसाने के प्रश्न पर विचार किया गया। भारत सरकार और यूनियन सरकार दोनों भारत के भारतीयों को तथा दक्षिण अफ्रीका के भारतीयों को दूसरे देशों

में बसाने के लिये योजनाओं पर विचार करेंगी। (३) उक्त एग्रीमेन्ट के परिवर्तन की आवश्यकता नहीं समझी गई।

उपरोक्त प्रस्तावों से स्पष्ट है कि सब प्रयत्नों द्वारा भारतीयों को दक्षिण अफ्रीका से निकालने तथा उनकी कमाई हुई तथा उनके कठिन परिश्रम द्वारा बनाई हुई भूमि ले लेने का निश्चय यूनियन सरकार ने कर लिया है।

ट्रान्सवाल एशियाटिक लैंड टिन्योर ऐक्ट में भी कुछ परिवर्तन किया गया है जिससे भारतीयों के हितों की कुछ रक्षा हुई है किन्तु फिर भी उसकी धारायें संतोषजनक नही हैं। (१) वह धारायें जिससे एशियाटिकों को विशिष्ट आबादी में ही भूमि तथा निवासस्थान मिल सकेंगे हटा दी गई हैं (२) गोल्ड लॉ द्वारा जो भूमि-प्राप्ति सम्बन्धी निषेध एशियाटिकों के लिये हैं उनमें कुछ परिवर्तन कर दिया गया है और इन्टीरियर के मिनिस्टर को अधिकार दिया गया है कि वह किसी भूमि को "गोल्ड लॉ" के आक्रमण से बचादे। (३) एशियाटिक कम्पनियों की स्थावर सम्पत्ति जो १ मई १९३० ई० से पहिले प्राप्त की गई हो, अथवा किसी एशियाटिक के नाम पर रजिस्टर्ड हो वह सुरक्षित रहेगी। (४) कम्पनियों के भाग (Shares) जो किसी एशियाटिक के पास १ मई १९३२ के पहिले से हैं सुरक्षित रहेंगे। (५) १ मई सन् १९१९ ई० से १ मई १९३० ई० तक एशियाटिकों ने जो नई भूमियाँ लेली हों वे भी सुरक्षित रहेंगी। (६) अन्य स्थानों में जो "गोल्ड लॉ" के अनुसार एशियाटिकों के लिये निषिद्ध न थे किन्तु "गोल्ड-लॉ" के अन्तर्गत कर दिये गये थे। (७) स्थानिक संस्थाओं की जगह सरकारी अफ़सरों को एशियाटिकों को व्यापारी सार्टीफिकेट देने का अधिकार दिया गया है। मजिस्ट्रेट तथा प्रान्तीय अदालत को अपील करने का भी मार्ग रक्खा गया है।

दक्षिण अफ्रीका की इंडियन कांग्रेस ने इस ऐक्ट का घोर विरोध किया और "सविनय आज्ञा भंग" (Passive Resistance) करने का भी निश्चय किया। यूनियन सरकार ने एक कमीशन नियुक्त किया।

सर के० वी० रेडी के रिक्त स्थान पर कुंवर सर महाराजसिंह की नियुक्ति हुई। सन् १९३५ तक वे रहे और उनके स्थान पर सैयद रज़ा अली नियुक्त हुये।

केनया उपनिवेश।

अफ्रीका के केनया ब्रिटिश उपनिवेश की उन्नति का कारण भी भारतवासी हैं। भारतीयों ने बेहड़ जंगलों को उपजाऊ उद्यान में परिवर्तित कर दिया है। सन १९३१ की

गणनानुसार इस उपनिवेश में भारतीयों की संख्या ३६,६४४ थी।

उपनिवेश में भूमि तैयार हो जाने पर ब्रिटिश सरकार तथा उपनिवेश के ब्रिटिश निवासियों ने भारतीयों के स्वत्वों पर प्रतिबंध लगाना आरम्भ कर दिया। भारतीयों के मुख्य कष्टों का विवरण भारत सरकार के ता० २१ अक्तूबर १६२० के पत्र में है। जो संक्षेप में इस प्रकार थे (१) भारतीयों को मताधिकार (Franchise) प्राप्त नहीं है। भारत सरकार ने इस माँग का अनुमोदन किया था। (२) पृथक्करण (Segregation) अर्थात् अन्य निवासियों से भारतवासी अलग बसाये जाते थे। प्रो० सिम्पसन ने इस पृथक्करण के पक्ष में लिखा था। भारत सरकार ने इसका विरोध किया। (३) उच्च भूमि (Highlands) भारतीयों को न दी जावे। लार्ड एलगिन ने १६०८ में इसका निर्णय कर दिया था और इस समय ग़ैरयूरोपियनों को भूमि देना ग़ैरक़ानूनी बना दिया गया था। भारत सरकार का कहना था कि जब ऐसी सब भूमि दी जा चुकी है तो लार्ड एलगिन का निर्णय अब लागू नहीं हो सकता। (४) स्थायी प्रवेश (Immigration) भारतीयों के लिये बन्द करना। भारत सरकार ने इसे भी अयोग्य बताया।

जुलाई १६२३ में ब्रिटिश सरकार ने उपरोक्त माँगों पर फ़ैसला देते हुए कहा कि अफ्रीका निवासियों (African natives) के ही हित सर्वोच्च माने जावेंगे। निर्णय संक्षेप में क्रमानुसार इसप्रकार दिया गया।

(१) मताधिकार—साम्प्रदायिक मताधिकार बनाया गया। चुने हुए यूरोपियन ११, चुने हुए भारतीय ५, नियोजित अरब १, अफ्रीकनों का १ पादरी प्रतिनिधि, और नियोजित सरकारी कर्मचारियों की बहुसंख्या (Official majority).

(२) पृथक्करण—भारतीय और योरोपियनों के बीच पृथक्करण की नीति त्याग दी गई।

(३) उच्चभूमि—वर्तमान नीति क़ायम की गई।

(४) स्थायी प्रवेश—इसका प्रतिबंध अस्वीकृत किया गया। किंतु अफ्रीकनों के हितों की रक्षा के निमित्त यह बताया गया कि भविष्य में कुछ प्रतिबंध अवश्य रक्खा जावे। केनया तथा उगन्डा के गवर्नरों की इस पर सूचनायें माँगी गईं।

१८ अगस्त १६२३ ई० के प्रस्ताव द्वारा भारत सरकार ने उक्त निर्णय पर अपना असंतोष प्रकट किया। मताधिकार के सम्बन्ध में तो क़ानून बन गया किंतु "स्थायी प्रवेश" के सम्बन्ध में भारत सरकार की प्रार्थना

पर ब्रिटिश सरकार के उपनिवेश मंत्री ने बिल रोक दिया। मार्च १९२४ में एक कमिटी नियुक्त हुई और उसकी सिफ़ारशों के सम्बन्ध में ७ अगस्त १९२४ ई० को उपनिवेश मंत्री ने हाउस आफ़ कामन्स में एक वक्तव्य दिया। भारतीयों के लिये वक्तव्य में कुछ भी लाभदायक भाग नहीं था। ब्रिटिश सरकार ने जून १९२४ में एक "ईस्ट अफ्रीकन कमेटी" (लार्ड साउथबरो की अध्यक्षता में) नियुक्त करने की घोषणा की किंतु मेजर औरमस्वीगोर की अध्यक्षता में जो कमीशन ईस्ट अफ्रीका गया था उस की रिपोर्ट प्रकाशित होने से लार्ड साउथवरो की कमेटी का काम स्थगित कर दिया गया। सन् १९२७ में केन्या लेजिस्लेटिव कौंसिल ने योरोपियनों और भारतीयों पर ४० शिलिंग और २० शिलिंग क्रमशः का पोल टैक्स लगाया। यह टैक्स उनकी शिक्षा के ख़र्च के लिये लगाया गया था।

जुलाई सन् १९२७ में ब्रिटिश सरकार द्वारा एक कमीशन नियुक्त किया गया। पूर्वी तथा मध्य अफ़रीकन सरकारों के बीच अधिक सहयोग के मार्गों को सूचित करना इसका कर्तव्य था। केनया के भारतीयों को इससे बड़ी चिन्ता उत्पन्न हुई। १७ सितम्बर १९२७ को दोनों केन्द्रीय व्यवस्थापक सभाओं का एक शिष्ट मडल वाइसराय से मिला और उसने प्रार्थना की कि उक्त कमीशन के सामने गवाही पेश करने तथा भारतीयों को सहायता देने के लिए भारत सरकार एक शिष्टमंडल (Deputation) नियुक्त करे। सरकार ने इसे मंजूर किया और कुंवर सर महाराजसिंह और मि० आर० बी० युबेङ्क सरकारी अफसर ईस्ट अफ़रीका भेजे गये और उक्त सज्जनों ने केनया, उगंडा, जंजीबार और टैंगनिका में भ्रमण किया। उपरोक्त कमीशन के अध्यक्ष सर एडवर्ड हिल्टनयंग नियक्त हुये थे। इस कमीशन की रिपोर्ट १८ जनवरी १९२९ को प्रकाशित हुई। ब्रिटिश सरकार ने मार्च १९२९ में सर सेम्युअल विलसन (उपनिवेशों के अन्डर सेक्रटरी) को ईस्ट अफ्रीका भेजा कि हिलटनयंग कमीशन की शिफारिशों की दृष्टि से स्थिति की जांच करें। भारत सरकारने कोलोनियल सेक्रटरी के निमंत्रण पर श्रीयुत श्रीनिवास शास्त्री को भारतीयों के दृष्टि कोण को सर सेम्युअल विलसन के सामने रखने के लिये भेजा। जून १९२९ में लौट कर श्री० श्रीनिवास शास्त्री ने अपनी रिपोर्ट पेश की और अनेक सूचनायें दीं। सितंबर १९२९ में ईस्ट अफ्रीका से एक शिष्टमंडल भारतीयों का आया जिसफे सदस्य श्री जे० बी० पांड्या,

मि० सी०पी० हाला, और मि० ईश्वर दास थे। शिष्ट मंडल के साथ श्री० हृदयनाथ कुंजरू, सर पुरुषोत्तमदास ठाकुर दास, सर फ्रैंक नोयस और मि० ए० बी० रीड भी सर फज़ले हुसैन (गवर्नमेंट मेम्बर) से मुलाकात के समय उपस्थित थे। भारतीयों की मांगें मुख्य २ यह थीं (१) केनया में सम्मिलित मताधिकार(२) ईस्ट अफ्रीका में एक ट्रेड कमिश्नर की भारतीयों की व्यापारी रक्षा के लिये नियुक्ति (३) शिक्षाका सुप्रबंध (४) केनया में भारतीयों को भूमि लेने में सुविधा (५) भारतीयों को उच्च पदों की प्राप्ति। (६) पृथककरण (Segregation) का विरोध तथा (७) भारत सरकार १ सदस्य नियोजित करदे जो शिष्टमंडल के साथ इङ्गलैंड जावे ताकि ब्रिटिश सरकार के सम्मुख भारतीयों की मांगें पेश की जा सकें। स्टैंडिंग एमेग्रेशन कमेटी की बैठकों में शिष्टमंडल उपस्थित हुआ और भारत सरकार ने अपने निश्चयोंकी सूचना ब्रिटिश सरकार को दी। नवम्बर १६३० में पार्लीमेंट ने एक सिलेक्ट कमेटी क़ायम की जिसकी रिपोर्ट १६३२ में प्रकाशित हुई किन्तु भारतीयों का लाभ नहीं हुआ। सन् १६२७ में म्युनिसिपालिटियों में भी भारतीयों को प्रतिनिधित्व कम देने का प्रयत्न किया गया। यह भी असंतोष का कारण है। सन् १६२८ में जो एक्ट पास हुआ उसने भी असंतोष नहीं घटाया।

केनया कोलोनी में भारतीयों को बड़े कष्ट हैं उन्हें उचित अधिकार प्राप्त नहीं हैं।

फिजी तथा ब्रिटिश गायना।

सन् १६३२ में फिजीद्वीप में भारतीयों की संख्या ७८६७५ और ब्रिटिश गायना में १३४०५६ थी।

सन् १६१७ के "डिफेन्स आफ़ इन्डियां (कन्सालीडेटेड) रूल्स के अनुसार फिजी में भारतीयों का जाना रोक दिया गया। सन् १६१६ में फिजी सरकार ने भारत सरकार से भारतीयों के पुनरागमन के लिये लिखा पढ़ी आरंभ की और एक शिष्ट मंडल भी भारत में आया और उनकी सूचनायें केन्द्रीय कौंसिल की एक कमेटी के सुपुर्द की गईं। २ जनवरी १६२० से फ़िज़ी सरकार ने भारतीय मजदूरों की प्रतिज्ञायें (Indentures) समाप्त कर दीं और यह प्रकट किया कि भारतीयों को व्यवस्थापिक सभा (Legislative Council) में भी प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। उपरोक्त कमेटी ने यह शिफारिश की कि यदि प्रवासी भारतीयों को फ़िजी में अन्य प्रजा के साथ समानाधिकार प्राप्त होंगे तो भारतवासी पुनः आने को तैयार है। इसी बीच में फ़िजी सरकार ने सहस्रों की संख्या में

भारतवासियों को भारतको वापिस भेज दिया। देश में आने पर इन भारतीयों को काम मिलने में बड़ी कठिनाई हुई और उन्हें बड़े कष्ट हुये। सार्वजनिक कार्यकर्ताओं ने तथा समितियों ने सहायता पहुंचाने के अनेक प्रयत्न किये। भारत सरकार द्वारा फ़िजी जाने के प्रतिबन्ध कम कर दिये गये और ऐसे प्रवासी भारतीयों को जो वहां पैदा हुए थे अथवा जिनकी वहां जायदाद थी वापिस जाने की अनुमति दी।

फ़रवरी १९२९ में फिजी का नया शासन विधान प्रारम्भ हुआ जिसमें जातीयता के अनुसार भारतीयों को ३ सदस्यतायें दी गईं। भारतीयों ने इसका विरोध किया और सम्मिलित चुनाव पद्धति की माँग की। इन तीनों सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। सन् १९३२ के चुनाव में १ सदस्यता पर कोई भी भारतीय खड़ा नहीं हुआ और दो पर जो चुने गये उन्होंने भी त्याग-पत्र दे दिया।

ब्रिटिश गायना में प्रवासी भारतीय केवल मज़दूर ही हैं और उनके कष्ट अधिकतर आर्थिक हैं। सन् १९१९ में डा० जे० जे० न्युनन और श्री जे० ए० लक्खू (भारतीय) भारत में आये और उन्होंने भारतीयों द्वारा ब्रिटिश गायना बसाने की एक योजना रक्खी। सन् १९२२ में श्री वेङ्कटेशनारायण तिवारी, दीवान बहादुर पी० केशव पिल्ले तथा मि० कीटिंज भारत सरकार की ओर से ब्रिटिश गायना भेजे गये। २१ जनवरी १९२४ को दो रिपोर्टें प्रकाशित की गईं। बाद को कुंअर सर महाराजसिंह भी ब्रिटिश गायना भेजे गये।

ब्रिटिश गायना में प्रवासी भारतीयों को समानाधिकार प्राप्त हैं।

केनाडा डोमिनियन—केनाडा के नौ प्रान्तों में से ८ प्रान्तों में स्थायी (Domiciled) भारतीयों को समान मताधिकार प्राप्त है।

न्यूजीलैंड—न्यूजीलैंड में अन्य ब्रिटिश प्रजा के समान ही भारतीयों को अधिकार प्राप्त हैं। भारतीयों की संख्या केवल ११९९ है।

आस्ट्रेलिया—आस्ट्रेलिया में अभारतीयों को जो स्थायी निवासी (Domiciled)हो चुके हैं कामनवेल्थ मताधिकार प्राप्त हैं।

ज़ंज़ीबार—भारतीयों को व्यापारी उन्नति को रोकने के लिये ज़ंज़ीबार सरकार ने, जो ब्रिटिश साम्राज्य के अन्तर्गत है, अनेक क़ानून बनाने आरम्भ कर दिये। फल स्वरूप भारतीयों ने अपने स्वत्वों की रक्षा के लिये आन्दोलन किया। ब्रिटिश सरकार ने मि० बाइन्डर को जाँच के लिए इंगलैंड से एप्रिल १९२९ में भेजा।

मि० बाइन्डर ने अपनी रिपोर्ट द्वारा ज़ंज़ीबार सरकार का ही समर्थन किया। भारतवर्ष तथा ज़ंज़ीबार के भारतीयों को अत्यन्त असंतोष हुआ।

ज़ंज़ीबार के व्यापार तथा उद्योग की उन्नति भारतीयों के परिश्रम का फल है और विशेषतः लौंग की खेती तथा व्यापार उन्हीं के हाथों में है। सब उपनिवेशों में ब्रिटिश साम्राज्य की यह नीति है कि उपनिवेशों की उन्नति के प्रारम्भिक काल में जब अधिक परिश्रम, साहस, और सहिष्णुता आदि की आवश्यकता होती है भारतीयों को सब प्रकार की सुविधा तथा प्रोत्साहन दिया जावे और जब उपनिवेश उन्नत होकर फलने फूलने लगे उस समय वहाँ से शनैः शनैः हटाया जावे। यही नीति यहीं भी बरती जा रही है। सन १९३७ के आरंभ में ज़ंज़ीबार सरकार ने नये कानूनों के चार मसविदे प्रकाशित किये जिनसे भारतीयों के व्यापारी स्वत्वों का पूर्णतया नाश ही है—(१) अरब और अफ्रीकनों की जितनी ज़मीन रहन है उनके रहननामे मोल ले लिये जावें अथवा उन सब ज़मीनों का मुनाफा उठाने के लिये अमीन नियत कर दिये जावें जिससे रहन का रुपया चुक जावे। (२) अरब तथा अफ्रीकनों द्वारा जमीनों का बेचना अथवा रहन रखना बंद कर दिया जावे। (३) जमीनों पर अधिकार स्थायी रूप से निश्चित कर दिये जावें। (४) लौंग की खरीद, बिक्री, तथा निर्यात पर प्रतिबंध तथा नियंत्रण क़ायम किया जावे।

उक्त मसविदों (Bills) में भारतीयों का नाम नहीं रखा गया है किन्तु उनका उद्देश्य भारतीयों को जमीनें न मिलने देना तथा उनका व्यापार छीन लेना ही है।

भारत सरकार भी उक्त बिलों का विरोध कर रही है और भारतवासी तथा जंज़ीबारी भारतीय तीव्र विरोध कर रहे हैं और भारत में लौंग के उपयोग का बायकाट भी हो रहा है। फलत: बिल कुछ काल के लिये स्थगित कर दिये गये हैं।

जगत का जनसमाज ।

जगत का जनसमाज

———:o:———

जगत के विभिन्न देशों की जन-संख्या।

देश	संख्या
योरुप	५७,४२,७४,४६५
उत्तरी अमेरिका	१७,४३,७५,२७६
दक्षिणी अमेरिका	८,७३,६८,०२५
एशिया	१,१४,७७,०७,४५५
अफ्रीका	१५,६५,७६,७८६
आस्ट्रेलिया इत्यादि	८,१६,८२,८५६
कुल ...	२,२२,२०,१४,६०२

अफ्रीका

देश	संख्या
एबीसीनिया	५५,००,०००
अलजीरिया	७०,००,०००
अन्य ब्रिटिश उपनिवेश	३,६६,७४,५३५
मिश्र	१,५२,८१,०००
फ्रेंच अफ्रीका	५,६८,२१,०००
इटैलियन अफ्रीका	२४,५६,२५४
बेलजियम काङ्गो	१,००,००,०००
लायबेरिया	२०,००,०००
मोरोको	५०,००,०००
पुर्तगीज़ अफ्रीका	७०,५६,०००
यूनियन आफ साउथ अफ्रीका	८४,८८,०००
कुल ...	१५,६५,७६,७८६

एशिया

देश	संख्या
अफ़गानिस्तान	६३,८०,०००
अरब	१,००,००,०००
भूटान	२,५०,०००
अन्य ब्रिटिश उपनिवेश	१,१४,६६,०००
चीन	४५,८८,१५,२८५
फ्रेंच उपनिवेश	२,४४,६७,६१४
भारतवर्ष	३५,३८,३७,७७८
ईराक़	३०,००,०००
ईरान	१,५०,५५,११५
जापान	६,७६,६४,६२८
कोरिया और फारमोसा	२,६०,००,०००
जापान के अधिकार में	१७,२५,०००
मैनचूको	३,४२,४४,६०८
नैपाल	५६,००,०००
फिलिस्तीन	११,००,०००
पुर्तगीज़ एशिया	११,८६,०००
सोवियट रूसी एशिया	५,४०,००,०००
श्याम	१,२३,५५,०००
तिब्बत मंगोलिया	३०,००,०००
एशियाई तुर्किस्तान	१,२०,००,०००
कुल ...	११३२१८३३२८

जगत के विभिन्न देशों की जन संख्या। (चालू)

आस्ट्रेलिया इत्यादि

देश	संख्या
आस्ट्रेलिया	६६,६८,१९५
डच ईस्ट इण्डीज़	६,०७,३१,०२५
फ़िजी द्वीप समूह	१,९३,२३८
ग्वाम	१९,८००
हवाई	३,७८,९४३
न्यू केलेडोनिया और तहती	९३,०६५
न्यूगायना	४,०६,३४४
पैसेफिक द्वीप (ब्रिटिश)	५,४४,०००
फिलीपाइन द्वीप	१,२५,९०,३६९
समोअन द्वीप (ब्रिटिश)	४७,८२०
समोअन द्वीप यू० एस०	१०,०५५

दक्षिणी अमेरिका

देश	संख्या
अरजेण्टाइना	१,२०,५५,४६९
बोलीविया	३०,००,०००
ब्रेज़ील	४,५०,००,०००
चिली	४४,३३,०००
कोलम्बिया	९०,१६,०००
ईक्वेडोर	२६,००,११६
गायना (ब्रिटिश)	३,१८,०००
गायना (डच)	२,२७,६५७
गायना (फ्रेंच)	३३,०००
पैरागुई	८,००,०००
पेरू	४५,००,०००
ट्रिनीडाड	४,१२,७८३
उरूगाई	१९,७५,०००
वेनेजुला	३०,२७,०००

योरुप

देश	संख्या
अलबेनिया	१०,००,०००
आस्ट्रिया	६७,६९,०६२
बेलजियम	८२,४७,९५०
बलगेरिया	६०,९०,२१५
जेकोस्लोवेकिया	१,४७,३०,०००
डैंनजिग	४,०७,५१७
डेनमार्क	३५,६०,०००
इंगलैण्ड	३,७७,९४,००३
इस्टोनिया	११,२६,३८३
फिनलैण्ड	३६,४०,०००
फ्रान्स	४,१८,३४,९२६
जर्मनी	६,५३,०६,१३०
जिब्राल्टर,माल्टा,गोज़ो	२,६७,०००
यूनान	६६,२०,०००
हंगैरी	८७,८३,९१८
आइसलैण्ड	१,००,०००
आइरिश फ्री स्टेट	३०,००,०००
इटैली	४,२४,२५,०००
लैटविया	१९,३९,०००
लिशटेन्स्टीन	१०,३०३
लिथोनिया	२४,५१,१७३
लक्सेम्बर्ग	२,९९,९९३
मोनैको	२२,९९४
नेदरलैण्डस	८२,९०,३८९
उत्तर आयरलैण्ड	१२,५१,०००
नार्वे	२८,४५,०००
पोलैण्ड	३,३२,२१,०००

जगत के विभिन्न देशों की जन-संख्या । (चालू)

देश	संख्या
पुर्तगाल	६८,२५,८८३
रूमानिया	१,८१,६१,६४५
सैनमैरीनो	१३,६६०
स्काटलैण्ड	४८,४२,६८०
स्पेन	२,८७,१६,१७७
स्वेडन	६२,११,५६६
स्विटज़रलैण्ड	४१,२५,०००
टर्की	१,७५,००,०००
यू. एस. एस. आर	१६,८०,००,०००
वेल्स	२१,५८,१६३
यूगोस्लेविया	१,४२,८०,०००

उत्तरी अमेरिका

देश	संख्या
अलास्का	५६,२७३
बरमूडाज़	२७,७८६
कैनेडा	१,०६,८१,०००
कोस्टारायका	५,१६,०००
क्यूबा	३७,००,०००
कुराकोआ	७६,२६६
डोमीनियन रिपब्लिक	१४,७८,०००
फ्रेञ्च दीप	५,०५,६८८
ग्रीनलैण्ड	१६,६३०
गेटमला	२२,४५,६६३
हेटी	२७,००,०००
होण्डूराज	९,७५,०५०
होण्डूराज (ब्रिटिश)	५२,६४५
जमायका	१०,६०,०००
मेक्सिको	१,७१,८४,०००
न्यूफाउण्डलैण्ड	२,८२,०००
नायकारेगा	९,५०,०००
पनामा	४,४२,०००
पनामाकेनाल ज़ोन	३०,६६०
पुर्टोरिका	१६,१०,०००
सैल्वेडोर	१५,२२,१८६
यूनाइटेडस्टेटस्	१२,६५,६४,०००
वर्जिन आयलैण्ड्स आफ़ यू० एस०	२२,०१२
वेस्ट इण्डीज़ (ब्रिटिश)	२०,४३,७८६

संसार की जनसंख्या (धर्मानुसार)

धर्म	जनसंख्या
ईसाई धर्म	६५२४००००००
रोमन कैथोलिक	३३,१५,००,०००
आर्थोडाक्स ,,	११,४०,००,०००
प्रोटेस्टैण्ट्स	२०,६६,००,०००
यहूदी	१,५३,१५,३५६
मुसलमान	२७,६०,२०,०००
बौद्ध	१५,०१,८०,०००
हिन्दू	२३,०१,५०,०००
कन्फ़्यूशियन्स	३५,०६,००,०००
शिण्टोइस्टस्	५,२०,००,०००
एनीमिस्टस्	१३,५६,५०,०००
अन्य	५,०८,७०,०००
कुल	१,८१,६१,८५,३५६

संसार की जनसंख्या (भाषा के अनुसार)

भाषा	जनसंख्या	भाषा	जनसंख्या
चीनी	४७,५०,००,०००	अल्बेनियन	१०,०४,०००
अंग्रेजी	२४,४९,९५,५००	बोयनियन	७१,००,०००
हिन्दी तथा अन्य		बल्गेरियन	५५,००,०००
भारतीयभाषाएँ	२१,६०,००,०००	डैनिश	३६,५९,८७०
जर्मन	७,८२,३३,१४२	इस्टोनियन	११,२०,०००
फ्रेंच	६,२४,१०,०४५	फ़िनिश	३०,२२,२५७
बंगाली	५,३४,६८,४६९	फ़्लेमिश	८५,००,०००
अरबी	२,९०,२१,४९६	ग्रीक	६४,८०,०००
जेकोस्लेवक	१,५०,००,०००	हंगेरियन	८६,८८,३४९
डच	१,५६,५२,९४९	एथियोपिक गैलागीज़	
गुजराती	१,०८,४९,९८४	एम हैरिक और टीगर	
अफ़ग़ान	१,१०,००,०००	सहित एबीसीनियन	५५,००,०००

संसार के मुख्य मुख्य नगरों की जन संख्या।

नगर	संख्या	नगर	संख्या
अलेक्ज़ेण्ड्रिया	५,७३,०६३	ब्रुसेल्स	९,६६,००६
ऐम्स्टरडेम	७,७८,०००	बुडापेस्ट	१३,५०,०००
अंगोरा	१,२०,०००	बुकारेस्ट	६,७०,०००
एथेन्स	४,५२,९१८	बुनसएरीज़	२२,३०,९४६
बग़दाद	२,५०,०००	कैरो	१०,६४,५६७
बेंगकोक	५,४१,०००	कलकत्ता	१४,१९,३२१
बार्सीलोना	१०,५०,०००	कैण्टन	१०,५०,०००
बटेविया	४,३५,१८४	शिकागो	४९,५५,०००
बेल्फ़ास्ट	४,१५,०००	कोलोन	७,५८,०००
बर्लिन	४२,४२,५००	कोलम्बो	२,८४,१५५
बर्मिंघम	१२,००,०००	कोपेनहेगेन	८,३१,२१८
बम्बई	११,५७,०५२	ड्रेस्डेन	७,२६,०००
ब्रेसला	६,२५,००३	देहली	४,४७,४४२
ब्रिस्टल	४,१५,०००	डब्लिन	४,२४,०००

संसार के मुख्य मुख्य नगरों की जन संख्या। (चालू)

नगर	संख्या	नगर	संख्या
एडिनबर्ग	४,४२,०००	नैनकिंग	१०,०१,८०१
जिनेवा	६,२०,०१३	नेपिल्स	१०,००,०००
ग्लासगो	११,६०,०००	ओडेसा	४,८५,२००
हेग	५,८०,०००	ओसाका	२६,६०,८८०
हैम्बर्ग	१६,४३,०००	पेरिस	४६,३०,५००
हैंको	७,७७,६१३	पेपिंग	१५,२०,०००
इस्तमबुल	८,८३,४११	प्रेग	६,१०,०००
कोबे	६,१२,१४०	रियोडीजानीरो	१७,१७,०००
कियोटो	१०,८६,५६२	रोम	१०,४५,०००
लीड्स	५,१२,०००	सैण्टियागो	१३,३३,०५८
लिपज़िग	७,६६.०००	सम्रोपाल्स	१०,०६,४०७
लेनिनग्रेड	२८,४०,०००	शंघाई	३५,००,०००
लिस्बन	६,३०,०००	सिंगापुर	५,६६,६०२
लिवरपूल	११,६६,०००	स्टाकहाल्म	५,१६,७११
लंदन	८४,०१,०००	सिडनी	१२,४६,०४०
मैड्रिड	१०,४८,०७२	तेहरान	३,२०,०००
मेंचेस्टर	११,००,०००	टेन्स्टिन	१३,८७,४६२
मेक्सिको	११,०००,००	टोकियो	५८,७५,३८८
मिलन	१०,५३,०००	टोरण्टो	७,५७,०००
माण्ट्रियल	१०,१७,०००	ट्यूरिन	६,२२,७६१
मास्को	३६,६३,३००	वियना	१८,६५,७८०
म्यूनिच	७,३८,०००	वारसा	१२,२५,४५१
न्यूयार्क	७३,६३,६२४	याकोहामा	७,०४,२६१
नोगोया	१०,८२,८१४		

विदेशों में भारतवासी।

ब्रिटिश साम्राज्य।

देश	भारतीय जन सङ्ख्या
लङ्का (सीलोन)	६५०५७७
स्टेट्स सेटिलमेंट्स	१०४६२८
फेडेरेंटेड मलाया स्टेट्स	२०५२१९
ब्रिटिश मलाया	६२४००९
होंगकोंग	२५५५
मौरीशस	२६५७९६
सिचलीज	३३२
जिवराल्टर	५०
नाइगेरिया	१००
कीनिवा	३९६४४
उगण्डा	१३,०२६
नयासालेंड	८०५
जन्जीवार	१४२४२
टेङ्गानिका राज्य	२३४२२
जमैका	१७९५०
ट्रीनीडाड	१४०६८९
ब्रिटिश गांयना	१३४०५९
फिजी द्वीप	७८९७४
वसूटीलेंड	१७२
स्वाजीलेंड	७
उत्तरी रोडेशिया (एशियाटिक)	५६

देश	भारतीय जन सङ्ख्या
दक्षिणी रोडेशिया (एशियाटिक)	१७००
केनाडा	१२२९११
आस्ट्रेलिया	२०००
न्यूजीलेंड	११६६
नैटाल	१५०९२०
ट्रान्सवाल	१५७४७
केप कोलोनी	६६५५
ओरेंजफ्रीस्टेट	१२७
न्यूफाउन्ड लेंड	६००
यूनाईटेड स्टेट अम्रीका (एशियाटिक)	३१७५
मैडागास्कर	५२७२
रियूनियन	२१९४
डच ईस्ट इण्डीज	५००००
सुरीनम	३४९५७
मुजम्बिक	११००
परशिया	३८२७

ब्रिटिश साम्राज्य में प्रवासी भारतीयों की संङ्ख्या २२, ३२, ६७६ है और अन्य विदेशों में संङ्ख्या १००, २२५ है कुल २३, ३३, २०१।

महात्मा गांधी

भारतवर्ष का संक्षिप्त इतिहास ।

भारतवर्ष का संक्षिप्त इतिहास

१—संक्षिप्त इतिहास

मातृभूमि अब्दकोश जैसे वार्षिक ग्रन्थ में भारतवर्ष के इतिहास का वर्णन विस्तृत नहीं हो सकता। और न उसकी आवश्यकता ही है। पाठकों की सुविधा के लिये घटनाओं को क्रमानुसार लिख दिया है। जहाँ तक सम्भव है हमने कोई महत्वपूर्ण घटना छोड़ी नहीं है। अल्प प्रयत्न से किसी भी घटना का वर्ष जाना जा सकता है। और यदि आद्योपान्त पढ़ लिया जावे तो भारतवर्ष के इतिहास का ज्ञान भी बहुत कुछ हो सकता है।

भारत के आधुनिक विद्यालयों में पढ़ाये जाने वाले इतिहास बहुधा बौद्ध काल से आरम्भ होते हैं। उसके पूर्व की घटनायें पाश्चात्य इतिहासकार दन्तकथायें कह कर टाल देते हैं। यदि देखा जावे तो भारत की सभ्यता का उत्कृष्ट काल उसके पूर्व ही समाप्त हो जाता है। बौद्ध काल के पश्चात् विदेशियों के आगमन से भारतीय सभ्यता के स्वरूप में परिवर्तन होना आरम्भ हो जाता है, यहाँ तक कि मुसलमानों के इस देश में आने की तिथि से तो देश में दो सभ्यताओं के द्वन्द्व से भारतीयों की प्रगति बन्द हो जाती है और भारतीय वैदिक संस्कृति, भारतीय कला कौशल, भारतीय विज्ञान इत्यादि के जीवन की इतिश्री सी हो जाती है। मुसलमानी काल से आज तक भारतीयों को अपनी प्राण-रक्षा और धर्म-रक्षा के प्रयत्नों से अवसर नहीं मिला कि वे अपनी असली आर्य सभ्यता को जो उपनिषद् काल में उन्नति के सर्वोच्च शिखर पर चढ़ चुकी थी कायम रखकर सारे जगत को उसका लाभ देते।

भारतीय विद्वानों के मतानुसार आज तक नौ अवतार—मत्स्य, कच्छ, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, रामचन्द्र, कृष्ण, बुद्ध—हो चुके हैं और दसवां अवतार कलङ्की भविष्य में होगा। सृष्टिकाल कृतयुग से आरम्भ होता है और फिर क्रमानुसार त्रेता और द्वापर के बाद कलियुग आता है जो इस समय वर्तमान है। वेद

अनादि हैं परन्तु सृष्टि में उनका आगमन कृतयुग ही में कहा जा सकता है क्योंकि श्रीराम का अवतार त्रेता में हुआ और वे वैदिक पुरुष थे ऐसा स्पष्ट है । विदेशी इतिहासज्ञों के मत भिन्न भिन्न हैं। कोई वैदिक काल को ई० स० के पूर्व ५००० वर्ष बताते हैं। कोई श्रीरामचन्द्र जी के काल को इतना ही समय व्यतीत होना बताते हैं। कोई इतिहासज्ञ महाभारत के काल को २००० वर्ष ई० स० के पूर्व अनुमान करते हैं। हम इन प्रश्नों के सुलझाने का प्रयत्न न कर केवल भारतीय प्राचीन मत को ही ग्रथित कर देते हैं। उद्देश्य यह है कि भारतीय विद्वानों का ध्यान इस ओर आकर्षित होकर कोई निश्चयात्मक अवधि बताई जा सके।

सृष्टि का आरम्भ।

१७,२८,०००वर्ष कृतयुग (सतयुग)का परिमाण। मच्छ, कच्छ, वराह, नृसिंह अवतार। महर्षियों द्वारा वेदों का जगत में आगमन। भारतीय सभ्यता का उन्नति काल।

१२,९६,००० वर्ष त्रेता का परिमाण। सूर्यवंशी क्षत्रियों का प्रावल्य राजा हरिश्चन्द्र सत्यवादी। वामन परशुराम और श्रीरामचन्द्र का अवतार। रावण लङ्काधीश की पराजय। आर्य जाति का दक्षिणी भारत में विस्तार।

८,६४,०००वर्ष द्वापरयुग का परिमाण। यदुवंशी क्षत्रियों का प्राबल्य। मथुरा के राजा कंस का अत्याचार और श्रीकृष्ण द्वारा मरण। कौरव पाण्डवों का महाभारत नामक महायुद्ध। युधिष्ठिराब्द का आरम्भ।

४,३२,००० वर्ष कलयुग का परिमाण जिसमें ५,०३९ वर्ष व्यतीत हुये।

आधुनिक विद्वानों के मतानुसार ऐतिहासिक घटनाओं का कालक्रम इस प्रकार है।

ई० पू०

५००० वैदिक काल का प्रारम्भ।

४००० श्रीरामावतार।

३१०२ युधिष्ठिराब्द का आरम्भ। कौरव पाण्डवों का महाभारत नामक युद्ध। श्रीकृष्ण द्वारा भगवद्गीता उपदेश।

१५०० रामायण तथा महाभारत ग्रन्थों का निर्माण होना।

७८० यूनान के साथ भारत का व्यापार।

६०० दारा का भारत पर आक्रमण।

५५७ महात्मा बुद्ध का जन्म।

५२२ महात्मा बुद्ध ने प्रचार आरम्भ किया।

४७७ महात्मा बुद्ध की मृत्यु।

२२७ सिकन्दर का भारत पर आक्रमण
३२२ सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य का राज्यारोहण और सीरियन्स को हराना।
३०६ मेगस्थनीस (यूनानी प्रवासी) का भ्रमण। भारत की प्राचीन सभ्यता का विश्वसनीय वर्णन।
२९७ सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य की मृत्यु।
२६९ सम्राट अशोक का राज्यारोहण। ब्रिटिश साम्राज्य से अधिक विस्तृत साम्राज्य।
२५० सम्राट अशोक ने शस्त्रों द्वारा विजय बन्द कर दी।
२२४ सम्राट अशोक की मृत्यु।
२२० आन्ध्र राज्य की स्थापना।
५० बिक्रम सम्वत् आरम्भ।
ई० सन् का आरम्भ।
६८ यहूदी लोग रोग से पीड़ा पाकर भारतवर्ष की ओर भाग आये और मलाबार में बस गये।
१०० महाराज कनिष्क ने बौद्धों की बड़ी सभा की।
३२० गुप्तराज का उत्थान।
३४० समुद्र गुप्त भारत के महाराजाधिराज स्वीकृत हुये।
४०५–११ चीन यात्री फाहियान का भ्रमण।
४७३ आर्यभट्ट ज्योतिष के जन्मदाता का जन्म। पृथ्वी अपने धुरे पर घूमती है यह सिद्ध किया और सूर्य व चन्द्र ग्रहणों का कारण बताया।
४८० -९० गुप्तराजवंश का टूटना।
५०५ वराहमिहिर ज्योतिषी का जन्म।
५५० राजपूतों ने एक राज्य दक्षिण में स्थापित किया जो ११९० तक चला।
६०६ हर्षवर्धन का राज्यारोहण।
६२२ इस्लाम धर्म की स्थापना। हिजरी सन् आरम्भ।
६२९ –४५ चीनी यात्री ह्यून सांग का भ्रमण।
६४४ हर्षवर्धन ने ७५ दिन का मेला प्रयाग में आरम्भ किया जिसमें प्रतिदिन १०,००० बौद्ध भिक्षुओं को १०० सुवर्ण मुद्रा, १ मोती और एक कपड़ा दिया जाता था।
६४८ महाराज हर्षवर्धन की मृत्यु।
७०३ नेपाल व तिरहुत प्रदेश तिब्बत से निकाले गये।
७१२ अरबों ने मुल्तान और सिंध पर कब्जा कर लिया।
७१७ पारसियों का संजन बंदर (बम्बई से ६० मील उत्तर) पर पहुंचना।
७५० पालवंश बङ्गाल में स्थापित हुआ।
७८८ जगद्गुरु शङ्कराचार्य का जन्म।
९३३ दिल्ली शहर की स्थापना।
९७३ –१०४८ प्रसिद्ध इतिहासकार व वैज्ञानिक अलबरोनी।
९८६ पेशावर पर सुलतान गजनी ने कब्जा किया।
१००१ मुहम्मद गजनी का पहिला आक्रमण जैपाल की हार।

१००६ महमूद गजनी ने नगर कोट (काँगड़ा) को लूटा जहाँ उसे ७ लाख सुवर्ण मुद्रा ७०० मन सुवर्ण थाल, २०० मन सुवर्ण की ईंट,२००० मन चाँदी और बीस मन जवाहिरात, मोती, हीरे और लाल प्राप्त हुये।

१०२४ महमूद गजनीका १२वाँ आक्रमण। सोमनाथ (गुजरात) की लूट और मूर्ति का तोड़ना।

१०२८ -६० राजा भोज (पवार) ने मालवा में राज्य किया।

१०३८ राजा न्यायपाल (बंगाल) ने अतीसा को बौद्ध धर्म प्रचार के लिये तिब्बत भेजा।

१०४६–११११ चन्देल राज्य. चन्देल राज्य के मुख्य स्थान खजराहो (छतरपुर स्टेट)महोबा (हमीरपुर) कालिञ्जर (बांदा) इस राज्य को जेजाक युक्ति (जिझौती) भी कहते थे।

११५८–७० वल्लाल सेन ने बङ्गाल के एक भाग पर राज्य किया।

११८२ परमाल चन्देल को पृथ्वीराज ने परास्त किया।

११८४ मुहम्मद गोरी का आक्रमण।

११६२ पृथ्वीराज की हार (मुहम्मद गोरी द्वारा) और उनकी हत्या। तराई का युद्ध।

११६६–१२०० वखत्यार खिलजी ने १८ घोड़े सवारों से बङ्गाल फतह किया।

१२०६ कुतुबुद्दीन ने गुलाम वंश का राज्य स्थापित किया। उर्दू भाषा का जन्म।

१२३० कुतुबमीनार तैयार हुई।

१२३६ रज़िया बेग़म का राज्यारोहण।

१२६० खिलजी वंश का आधिपत्य।

१२६८ अलाउद्दीन ने सोमनाथ को लूटा।

१३०३ चित्तौर गढ़ पर अलाउद्दीन की चढ़ाई। रानी पद्मिनी की वीरता।

१३१० खिलजियों ने मैसूर पर आक्रमण किया।

१३२० तुग़लक वंश का आरम्भ।

१३३६ विजय नगर में हिन्दू राज्य की स्थापना।

१३४२ भारतवर्ष भर में दुर्भिक्ष।

१३४७ दक्षिण भारत में मुसलमानों के बहमनी राज्य की स्थापना।

१३६८ तैमूरलङ्ग का आक्रमण।

१४१३ गुजराती कवि नरसिंह मेहता का जन्म।

१४५१ लोदी राज वंश की स्थापना।

१४६६ गुरू नानक का जन्म।

१४६८ वास्को डी गामा का आगमन।

१५२६ पानीपत का युद्ध। बाबर का राज्यारोहण। मुग़ल राज्य की स्थापना।

१५३० बाबर की मृत्यु।

१५३६ गुरूनानक की मृत्यु जलन्धर के पास ।

१५४० हुमायूँ दिल्लीसे भगाया गया । शेरशाह पठान का राज्यारम्भ ।

१५४२ अकबर का जन्म अमरकोट में ।

१५५५ हुमायूँ का वापस आना और अपना राज्य ले लेना ।

१५५६ अकबरका रज्यारोहण । पानीपत का द्वितीय युद्ध ।

१५६५ जज़िया टैक्स का बन्द होना ।

१५७५ चाँदबीबीने बीरता से अहमद नगर के किले की रक्षा की ।

१५७६ अकबर का नया धर्म ।

१५६१ शाहजहाँ का जन्म ।

१५६४ डच व्यापारियों का आगमन ।

१६०० ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना । चाँद बीबी का क़त्ल ।

१६०१ आदि ग्रन्थ गुरु अर्जुन ने समाप्त किया ।

१६०४ फ्रेंच व्यापारियों का आगमन

१६०५ अकबर की मृत्यु जहाँगीर का राज्यारोहण ।

१६०८ तुकाराम महाराष्ट्र कवि का जन्म ।

१६११ जहाँगीर की शादी नूरजहाँ के साथ ।

१६१३ जहाँगीर ने अंग्रेजी व्यापारियों को भारत का द्वार खोल दिया । सूरत में प्रथम अंग्रेजी कोठी ।

१६२३ तुलसीदासजी की मृत्यु ।

१६२७ शिवाजी महाराज का जन्म । जहाँगीर की मृत्यु, शाहजहाँ का राज्यारोहण ।

१६३० दक्षिण में और गुजरात में दुर्भिक्ष ।

१६३४ तख्तताऊस ७ वर्ष की मेहनत के बाद तैयार हुआ । ईस्ट इण्डिया कम्पनी को गंगा जी के किनारों पर व्यापार करने की आज्ञा ।

१६४८ शिवाजी ने तोरण किला ले लिया ।

१६५० शिवाजी ने कल्याण पर क़ब्ज़ा किया ।

१६५७ शाहजहाँ के लड़कों में आपसी युद्ध ।

१६५८ शाहजहां कैद हुये । औरंगज़ेब दिल्ली के बाहर बादशाह हुये ।

१६५६ चन्द्राब्द फिर से आरम्भ । औरंगज़ेब का राज्यारोहण । अफजल खाँ का शिवाजी द्वारा बध ।

१६६० शायिस्ताखाँ को शिवाजी ने परास्त किया ।

१६६१ पुर्तगाल ने बम्बई अंग्रेजों को दहेज में दी ।

१६६६ शाहजहां की मृत्यु । शिवाजी मुगल दरबार में गिरफ़्तार कर लिये गये लेकिन निकल भागे ।

१६६७ शिवाजी को औरंगजेब ने

राजा माना और शिवाजी ने अपने सिक्के चलाये।

१६७४ शिवाजी के स्वतन्त्र शासक होने की घोषणा तथा राज्यारोहण। पांडूचेरी की स्थापना (फ्रेंचद्वारा)।

१६७५ गुरु तेगबहादुर नवें गुरु औरंगज़ेब द्वारा बलि हुए।

१६८० शिवाजी महाराज की मृत्यु।

१६८६ ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने शासन आरम्भ करने की चेष्टा की।

१६९० चारनौक ने कलकत्ता बसाया। औरंगज़ेब ने अंग्रेजी कम्पनी को दण्ड दिया।

१७०० राजाराम महाराज की मृत्यु पर ताराबाई ने मराठी सत्ता अपने हाथ में ली। यूनाइटेड ईस्ट इण्डिया कम्पनी बनी। भारत के छपे हुये कपड़े इगलैंड में पार्लीमेंट के ऐक्ट द्वारा बन्द किये गये।

१७०७ औरंगजेब की मृत्यु और मुगल राज की इतिश्री आरम्भ।

१७०८ भारत में अंग्रेजी कम्पनियों का एकीकरण।

१७ ० सिखों का सशस्त्र उभरना।

१७१२ बहादुरशाह मुग़ल बादशाह की मृत्यु।

१७१४–२० बालाजी विश्वनाथ पहले पेशवे।

१७१७ शाहु महाराजा का राज्यारोहण।

१७१९ मुग़ल बादशाह ने मराठों का चौथ बसूल करने का अधिकार स्वीकृत किया।

१७२० प्रसिद्ध बाजीराव प्रथम (पेशवा)।

१७२१ इङ्गलैण्ड में भारतीय बस्तुओं की मनाई की गई।

१७२४ बहुत से देशी राज्यों का निर्माण।

१७२५ फ्रेंच लोगों को माही मिला

१७२७ शाहु महाराज ने पेशवा को पूर्ण अधिकार दिये।

१७३७ मराठों का दिल्ली पर आक्रमण

१७३९ नादिरशाह का आक्रमण। पुर्तगाल का भारत में पतन।

१७४४ अंग्रेजों और फ्रेंचों की भारतवर्ष में लड़ाई।

१७४६ मद्रास फ्रान्स के कब्जे में।

१७४८ एक्सलाशेपल की सन्धि इङ्गलैण्ड और फ्रान्स के बीच।

१७४९ अंग्रेजी और फ्रांसीसी कम्पनियों के बीच युद्ध।

१७५१ अरकॉट का अंग्रेजों द्वारा घेरा। ओड़ीसा मरहठोंने लिया

१७५४ विदेशी कम्पनियों में समझौता। डुपले वापिस बुलाया गया।

१७५७ क्लाइव ने जाली संधि उमीचन्द के धोखा देने के लिये

बनाई। प्लासी का युद्ध। ब्रिटिश राज्य का आरम्भ। मीर ज़ाफर से अंग्रेजों को अटूट धन की प्राप्ति।

१७५८ क्लाइव गवर्नर हुआ। हैदर-अली मैसूर का राजा।

१७६० बांडीबाश की लड़ाई। फ्रेंच की हार।

१७६१ पानीपत का तीसरा युद्ध। मराठों की हार।

१७६३ फ्रेंच स्थान वापिस दिये गये

१७६४ अंग्रेजी फौज के देशी सिपाहियों का उभरना। २४ नेता तोप से उड़ा दिये गये।

१७६५ शाह आलम ने अंग्रेजों को दीवानी अख़्यारात दिये।

१७६८ इस्ट इण्डिया कम्पनी ने प्रयत्न आरम्भ किये कि बङ्गाल में कच्चा रेशम कते लेकिन बुना-वट का काम बन्द हो।

१७७० हैदरअली मरहठों से हार गया बङ्गाल में भयंकर दुर्भिक्ष। पहला बैङ्क खुला।

१७७२ वारन हेस्टिंग्स गवर्नर बङ्गाल। राजाराम मोहनराय, ब्रह्म समाज के संस्थापक का जन्म

१७७३ रेगुलेटिंग ऐक्ट पास हुआ।

१७७४ गवरनर जनरल का पद और सुप्रीम कोर्ट स्थापित। महाराजा नन्दकुमार की फांसी। हेस्टिंग्स ने अवध की बेगमों से धन लिया।

१७८० भारत में पहला समाचार पत्र 'हिक्कीज़ गज़ेट' प्रकाशित हुआ। महाराज रणजीतसिंह का जन्म। गवरनर जनरल को सुप्रीम कोर्ट से स्वतन्त्र बनाने का ऐक्ट पास हुआ!

१७८२ अंग्रेज़ों द्वारा पहिली शिक्षण संस्था की स्थापना। मि० 'हिकी' (सम्पादक पहिला समाचार पत्र) को जेल। हैदर अली की मृत्यु।

१७८८-९५ वारन हेस्टिंग्स पर पार्ली-मेन्ट में मुक़द्दमा।

१७८९ बम्बई का पहिला पत्र 'बम्बई हैरल्ड' प्रकाशित। 'कालीदास' के ग्रन्थों का अनुवाद विदेशी भाषा में।

१७९३ इसतमरारी बन्दोबस्त ऐक्ट पास हुआ।

१७९४ महादजी सिंदे की मृत्यु।

१७९५ श्रीमहारानी अहिल्यावाई होलकर की मृत्यु।

१७९९ चौथे मैसूर युद्ध का अन्त। टीपू सुलतान की मृत्यु।

१८०० मराठा राजनीतिज्ञ नाना फडणवीस की मृत्यु।

१८०२ वसीन की सन्धि। पेशवा ने महाराष्ट्र स्वातन्त्र्य का नाश किया।

१८०४ बङ्गाल स्टेट आफेंसेस रेग्यु-
लेशन पास हुआ जिससे
मारशल्ला की आज्ञा देने का
अधिकार सरकार को हुआ।

१८०६ वेलूर में बलवा।

१८१३ नया चार्टर (ईस्ट इण्डिया
कम्पनी)। कम्पनी को मजबूर
किया गया कि १ लाख रुपया
देशी विद्या तथा पाश्चात्य
विज्ञान की शिक्षा पर खर्च करे।
हिन्दुस्तानी रुई के माल पर
भारी कर इङ्गलैण्ड में लगाया
गया।

१८१७ अन्तिम मराठा युद्ध।

१८१८ बम्बई प्रान्त बनाया गया।
'समाचार दर्पण' देशी भाषा
(बङ्गाली) का पहिला पत्र,
रेग्युलेशन जिसके द्वारा सरकार
को यह अधिकार प्राप्त हुआ
कि किसी व्यक्ति को देश से
बिना मुकदमे के निकाल दे।

१८२० सिक्ख राज्य का उत्थान।

१८२४ स्वामी दयानन्द सरस्वती का
जन्म। एलफिन्स्टन की शिक्षा
सम्बन्धी प्रसिद्ध चिट्ठी।

१८२५ दादा भाई नौरोज़ी का जन्म।

१८२६ प्रथम ब्रह्मायुद्ध।

१८२८ ब्रह्मसमाज की स्थापना।

१८२६ सती प्रथा बन्द की गई।

१८३१ राजा मैसूर गद्दी से उतारे गये।

१८३३ ईस्ट इण्डिया कम्पनी को नया
चार्टर। शासन विधान में
परिवर्तन।

१८३४ कुर्ग अंग्रेजों ने लिया।

१८३५ कलकत्ता मेडीकल कालेज
स्थापित।
मुद्रकों की रजिस्ट्री का कानून
पास हुआ। इसके पहिले
गवर्नर जनरल से लाइसेन्स
लेना पड़ता था।

१८३६ योरोपियन लोग भी दीवानी
अदालत के अधिकार में किये
गये। योरोपियनों का आन्दो-
लन निष्फल।

१८३७ पहिला सार्वजनिक डाकखाना
खुला।

१८३६ महाराजा रणजीतसिंह की मृत्यु।

१८४३ सिन्ध अंग्रेजों ने लिया।

१८४५ प्रथम सिक्ख युद्ध।

१८४८ द्वितीय सिक्ख युद्ध।

१८४६ पञ्जाब अंग्रेजों के कब्ज़े में।
लगभग १२६,००० हथियार
छीने गये।

१८५१ भारत में प्रथम टेलीग्राम
लाइन।

१८५२ दक्षिणी ब्रह्म देश पर कब्ज़ा।

१८५३ पहिली रेलवे लाइन २६ मील
लम्बी बम्बई और थाना के
बीच में। अंग्रेजी शिक्षा का
प्रारम्भ।

१८५४ डाक के टिकट चलाए गये।
शिक्षा-विभाग की स्थापना।

सर चार्लस वुड का शिक्षा सम्बन्धी खलीता। व्यवस्थापक सभा की पहिली बैठक।

१८५५ ई० आई० रेलवे खोली गई।

१८५६ लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का जन्म।

१८५७-५८ स्वतंत्रता का प्रथम युद्ध अथवा ग़दर (Sepoy Mutiny) महारानी लक्ष्मीबाई झाँसी की वीरतायुक्त मृत्यु। मुग़ल बादशाह कैद करके रंगून भेजे गये। यूनीवर्सिटी स्थापित हुई।

१८५८ भारतका शासन इंगलैंडके राजा के हाथ में आया। महारानी विक्टोरिया का घोषणा-पत्र प्रयाग में पढ़ा गया। इन्डियन नेव्ही (भारतीय जल सेना) तोड़ दी गई।

१८५९ तांत्या टोपे को फांसी।

१८६१ इण्डियन कौंसिल ऐक्ट पास हुआ। ग़ैर सरकारी सदस्य लिये गये। हाईकोर्ट स्थापित। कवि श्रेष्ठ रवीन्द्रनाथ टागोरका जन्म। मोती लाल नेहरू का जन्म।

१८६५ उड़ीसा में भयङ्कर दुर्भिक्ष १० लक्ष मनुष्यों की मृत्यु।

१८६७ किताबों की रजिस्ट्री का ऐक्ट पास हुआ।

१८६८ अमृतबाजार पत्रिका का प्रकाशन। कटक में मारशल्ला की घोषणा।

१८६९ महात्मा गान्धी का जन्म।

१८७० दफा १२४ ए पीनल कोड में जोड़ी गई।

१८७२ मालेर कोटला (पञ्जाब) में मारशल्ला की घोषणा। प्राथमिक शिक्षा का आरम्भ। लार्ड मेयो की पोर्ट ब्लेयर में हत्या।

१८७५ महाराजा गायकवाड़ (बड़ौदा) गद्दी से उतारे गये। युवराज (एडवर्ड सप्तम) का भारत में भ्रमण। आर्यसमाज स्थापित।

१८७६ रेलवे कान्फ्रेंस आरम्भ। देश में दुर्भिक्ष।

१८७७ रानी विक्टोरिया ने 'महारानी' का पद ग्रहण किया। लगभग सवा पांच लाख अकाल पीड़ित मनुष्य मरे।

१८७८ अफ़गानिस्तान से युद्ध। धोंड-मनमाड रेलवे आरम्भ। देशी भाषा के बर्तमानपत्रों का ऐक्ट पास हुआ। आर्म्स ऐक्ट पास हुआ।

१८७९ फौजी कमीशन कायम हुआ।

१८८० "केसरी" और "मराठा" का लो० तिलक द्वारा जन्म। प्रथम राष्ट्रीय पाठशाला पूना में स्थापित।

१८८१ मैसूर स्टेट रेलवे खोली गई।

१८८२ देशी भाषा के पत्रों का ऐक्ट रद्द हुआ। श्री० सुरेन्द्रनाथ

बनर्जी को अदालत के अपमान करने में जेल की सज़ा। रुई के कपड़ों की आयात पर कर बन्द कर दिया गया।

१८८५ राष्ट्रीय महासभा का जन्म (बम्बई), तीसरा ब्रह्मदेश युद्ध। स्थानिक स्वराज्य ऐक्ट पास हुआ।

१८८६ ग्वालियर का क़िला सिंधिया को वापिस दिया गया। झाँसी शहर अंग्रेज़ों को मिला। शिक्षा-विभाग का नूतन प्रबंध।

१८८७ महारानी विक्टोरिया की जुबिली।

१८९१ एज आफ़ कन्सेंटबिल (स्त्री द्वारा सम्भोग की अनुमति देने का आयु सम्बन्धी कानून) पास हुआ। मनीपुर का मामला। चीफ़कमिश्नर आसामकी हत्या। ब्रिटिश फौज भगा दी गई।

१८९२ इण्डियन कौंसिल ऐक्ट पास हुआ। सदस्यों की संख्या बढ़ाई गई।

१८९३ भारतीय टकसाल बन्द हुई। सरकारी सिक्का नीति का आरम्भ। महाराज बड़ौदा ने प्राथमिक अनिवार्य शिक्षा आरम्भ की।

१८९४ दादाभाई नौरोजी मेम्बर ब्रिटिश पार्लीमेंट चुने गये। भारतीय सूती कपड़ों पर कर लगाया गया।

१८९५ प्रांतीय फौजी विधान बन्द हुआ। सरकारी खर्च सम्बन्धी शाही कमीशन नियत हुआ।

१८९६ प्लेग का आरम्भ।

१८९७ ब्रह्मदेश छोटे लाट के आधीन किया गया। भारत में भूचाल। भयङ्कर दुर्भिक्ष।

१८९८ दफा १२३ ऐ पीनल कोड और दफा १०८ ज़ाब्ता फौजदारी में बढ़ाई गई।

१८९९ लार्ड कर्ज़न वाइसराय हुए।

१९०० गोल्ड रिज़र्व फण्ड बनाया गया

१९०१ महारानी विक्टोरिया की मृत्यु। आबपाशी कमीशन नियत हुआ।

१९०२ बरार के ज़िले निजाम हैदराबाद से ब्रिटिश को मिले। लार्ड किचनर कमान्डर-इन-चीफ़ हुए।

१९०३ एडवर्ड सप्तम बादशाह हुए। दिल्ली में राज्यारोहण दरबार बहुत खर्च करके किया गया। जनता ने खर्च का विरोध किया लेकिन निष्फल रहा।

१९०४ लार्ड कर्ज़न की म्याद बढ़ी। यूनिवर्सिटी ऐक्ट पास हुआ। सहकारी संस्थाओं का आरम्भ। तिब्बत पर चढ़ाई।

१९०५ वंग विच्छेद; विदेशी माल का

बायकाट, सरवेंण्ट आफ़ इंडिया सोसाइटी श्री गोखले द्वारा स्थापित। लार्ड कर्ज़न और लार्ड किचनर में मतभेद। लार्ड कर्ज़न का इस्तीफा। लार्ड मिण्टो वाइसराय नियत हुए।

१९०६ आल इण्डिया मुस्लिम लीग स्थापित। निकल की इकन्नी चलाई गई। बड़ौदा राज्य में प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य कर दी गई।

१९०७ इण्डिया कौंसिल में दो हिंदुस्तानी नियत हुए।
राजद्रोही मीटिंग ऐक्ट पास हुआ। कांग्रेस में फूट। दक्षिणी अफ्रीका में आन्दोलन। पञ्जाब में एन्टीकौलीनाइज़ेशन अन्दोलन। ला० लाजपतराय को देश निकाला। अरविन्द घोष और अन्य देश भक्त पकड़े गये।
लोकमान्य तिलकको ६ साल की सज़ा राजद्रोह में।

१९०८ दमनकारी कानून— समाचार पत्र, ज़ाब्ता फ़ौजदारी (समिति), और भक से उड़ने वाले पदार्थों सम्बंधी—पास हुए। सप्तम एडवर्ड का घोषणा-पत्र। खुदीराम बोस द्वारा बङ्गाल के लाट पर पहिला बम्ब का गोला चलाया गया।

१९०९ मार्ले-मिण्टो सुधार। श्री० गोखले ने बड़ी व्यवस्थापक सभा में प्राथमिक अनिवार्य शिक्षा सम्बन्धी प्रस्ताव पेश किया जो अस्वीकृत हुआ।

१९१० प्रेस ऐक्ट पास हुआ। लार्ड हार्डिङ्ग वाइसराय हुए। सप्तम एडवर्ड की मृत्यु।

१९११ बंग विच्छेद रद्द हुवा। आसाम प्रान्त बनाया गया। बिहार उड़ीसा अलग नया प्रान्त हुआ दिल्ली राजधानी बनाई गई। पञ्चमजार्ज और महारानी का आगमन। निजाम हैदराबाद आसफजाह की मृत्यु।

१९१२ पब्लिक सर्बिसेज कमीशन नियत हुआ। लार्ड हार्डिंग दिल्ली में बम द्वारा घायल हुये।

१९१३ कानपुर में मसजिद का दंगा। श्री० टागोर को नोबेल पुरस्कार साहित्य के लिये मिला।

१९१४ कनाडा से लौटे हुये सिक्खों पर बज बज में सरकारी अत्याचार। योरूपीय महायुद्ध का आरम्भ। भारत की वीरता।

१९१५ हिन्दू विश्वविद्यालय का बिल पास हुआ। श्री० गोखले और श्री० फिरोज़शाह मेहता की मृत्यु। प्रिंस एसोसियेशन स्थापित, डिफेन्स आफ इण्डिया

ऐक्ट पास हुआ। समाचार पत्रों की प्रथम प्रदर्शिनी बड़ौदा में हुई।

१६१६ मैसूर में यूनिवर्सिटी होमरूल लीग स्थापित, लार्ड चेम्सफोर्ड वाइसराय, कांग्रेस-लीग स्कीम (सुधार विधान) बनाया गया।

१६१७ रुई के कपड़ों पर आयात कर बढ़ाया गया। मि० वेसेन्ट नज़र-बन्द हुईं। श्री दादाभाई नौरोजी की मृत्यु। पबलिक सर्विसेज कमीशन की रिपोर्ट प्रकाशित। इण्डैनचर्ड लेबर (कुली प्रथा) सम्बन्धी विरोधी आन्दोलन। ब्रिटिश शासन नीति की घोषणा। मि० माँटेग्यू का आगमन। दो आने का निकल का सिक्का चलाया गया। इम्पीरियल कांफ्रेंस में भारतीय मेम्बर।

१६१८ अडयार में राष्ट्रीय विश्व-विद्यालय। इन्फ़्लयूऐन्जा का फैलना। सुधारों की रिपोर्ट प्रकाशित। रौलेट कमेटी की रिपोर्ट प्रकाशित। कांग्रेस व मुसलिम लीग की ख़ास बैठकों ने सुधार पर विचार किये। आल इण्डिया माडरेट कांफ्रेंस स्थापित। बम्बई में सोने की टकसाल।

१६१६ रौलेट बिल जनता के घोर विरोध पर भी पास हुआ। सार्वदेशिक हड़तालें। सत्याग्रह का आरम्भ। महात्मा गान्धी पलवल व कोसी रेलवे स्टेशन के बीच रेल से उतारे गये। अनेक स्थानों में दंगे पंजाब में मारशल्ला। जलियान वाला बाग़ हत्याकांड। हार्नीमैन का देश निकाला। सर सङ्करन नैयर का एक्ज़िक्यूटिव कौंसिल की मेम्बरी से विरोधात्मक इस्तीफा। सर रवीन्द्रनाथ टागौर ने खिताब त्याग दिया। अफगानिस्तान से युद्ध। पंजाब के दंगे के लिये कमेटी स्थापित हुई। शाही घोषणा। राज-नैतिक क़ैदियों को माफ़ी। सत्येन्द्र प्रसन्नसिंह को लार्ड की पदवी मिली।

१६२० पंजाब के दङ्गों पर कमेटी की रिपोर्ट प्रकाशित हुई। अपरा-धियों को निर्दोष ठहराया गया। जनता को इस निर्णय से असन्तोष। ख़िलाफत आन्दो-लन का ज़ोर। असहयोग की तैयारी। ख़ास बैठक कांग्रेस कलकत्ता। असहयोग पास हुआ। ट्रेड यूनियन कांग्रेस की स्थापना। नागपुर कांग्रेस में असहयोग देश व्यापी हुआ।

१६२१ मोपलाओं का मलावार में

दङ्गा। लार्ड रीडिंग वाइसराय हुए। सुधार शासन का आरंभ। जन संख्या की गणना हुई। राष्ट्रीय कालेजों की स्थापना, श्री० शास्त्री पी० सी० बनाये गये। ब्रह्मदेश अलग गवरनर के आधीन प्रांत हुआ, तिलक स्वाराज्य फण्ड में एक करोड़ रु० जमा हुआ, देशभर में विलायती कपड़े जलाये गये, अली बन्धुओं पर मुक़दमा और सज़ा युवराज का आगमन और उनका बायकाट, बम्बई में दंगा स्वयं सेवक ग़ैरकानूनी हुए, सी. आर. दास प्रेसीडैण्ट कांग्रेस नियुक्त हुए, लाला लाजपतराय, मोतीलाल नेहरू तथा अन्य नेताओं की गिरफ़्तारी, हस्तलिखित समाचार पत्रों का प्रकाशन, लार्ड सिंह का इस्तीफ़ा, इम्पीरियल कांफ्रेंस में उपनिवेशों में भारतीओं की अवस्था पर विचार।

१९२२ जनवरी सन् १९२२ में बम्बई में राजनैतिक कांफ्रेंस और सर सङ्करन नैयर का कांफ्रेंस से उठ जाना, अहमदाबाद और सूरत म्यूनिसिपैलिटियां सस्पैण्ड हुई, बारडोली में सत्याग्रह की तैयारी, चौरी चौरा की घटना, सत्याग्रह का स्थगित किया जाना, महात्मा गांधी का उपवास, महात्मा गान्धी पर मुक़दमा और ६ साल की क़ैद का हुक्म, इण्डियन रेशियल डिस्टिङ्कशन कमेटी (रङ्गभेद कमेटी) की रिपोर्ट। सर माइकेल ओडायर का सर सङ्करन नैयर पर मुकदमा, गया कांग्रेस में कौंसिल प्रवेश का प्रश्न, देशबन्धु दास का देश व्यापी प्रभुत्व।

सत्याग्रह जाँच कमेटी और उसकी। रिपोर्ट कौंसिल पार्टी का जन्म, कांग्रेस में द्वन्द— परिवर्तन वादी (Pro-changer) और अपरिवर्तन वादी (No-changer)।

प्रेस ऐक्ट रद्द हुआ, मांटेग्यु का इस्तीफा, सिक्खों ने गुरू के बाग़ में सत्याग्रह किया, गुरुद्वारा आन्दोलन अकालियों द्वारा।

१९२३ योरोपियन अफसरों की परिस्थिति की जाँच के लिये 'ली कमीशन' नामक रायल कमीशन की नियुक्ति (जून) टैरिफ बोर्ड की स्थापना, लार्ड रीडिङ्ग ने व्यवस्थापक सभा के मत के विरुद्ध नमक टैक्स को दुगना करने का सार्टीफिकेट दिया जनतामें असन्तोष, स्वाराज्यपार्टी का ज़ोर, देशबन्धु सी० आर०

दास की लोकप्रियता, स्वामी श्रद्धानन्द ने शुद्धि का झण्डा उठाया, मुसलमान मलकाना राजपूतोंकी शुद्धि, पं० मालवीय का सङ्गठन कार्य और व्यायाम पर ज़ोर देना, बब्बर अकालियों द्वारा कुछ आदमियों का मारा जाना। महाराजा नाभा का देश निकाला, और पदच्युत होना, अकाली दल और गुरुद्वारा कमेटी का ग़ैरकानूनी करार दिया जाना, मोल ऐलिस(एक अंग्रेजी महिला) का सरहद्दी जातियों द्वारा खून।

१९२४ महात्मा गांधी के(Appendicites) रोग का आपरेशन, तदनन्तर रिहाई। ऐसेम्बली,सी० पी० और बङ्गाल कौंसिलों में स्वराज्यपार्टी के प्रयत्नों से बजट नामन्जूर हुआ। सुधार शासन की जांच के लिये मुडीमैन कमेटी की नियुक्ति, ब्रिटिश साम्राज्य प्रदर्शनी, औद्योगिक हड़तालें, कोहाट में मुसलमानों का दङ्गा और हिन्दुओं पर घोर अत्याचार। महात्मा गांधी और सी० आर० दास प्रभृति स्वराजिस्ट नेताओं के बीच जुहू (बम्बई) में कांफ्रेंस और परस्पर विरोध, आल इण्डिया कांग्रेस कमेटी में स्वराजिस्टों द्वारा विरोध तदनन्तर एकता, परन्तु कांग्रेस मेम्बर द्वारा २००० गज सूत दिये जाने की प्रतिज्ञा। बङ्गाल आर्डीनेंस तथा रेग्यूलेशन (१८१८) द्वारा गिरफ़्तारियाँ। गांधी-स्वराजिस्ट पैक्ट (कलकत्ता)। बेलगाँव कांग्रेस (गांधी सभापति) मौंट एवरेस्ट (कैलास) की चढ़ाई केवल ६०० फुट बाकी रहे, मेलोरों और अरविन इस उद्योग में मर गये।

१९२५ श्री० सी० आर० दास की मृत्यु। श्री अरविन्द घोषको राजनैतिक कार्य के लिये निमन्त्रण और उनकी अस्वीकृति, श्री सेनगुप्त स्वराजिस्ट नेता बनाये गये। मुडीमैन कमेटी रिपोर्ट प्रकाशित (मार्च) श्री० तांबे (मध्य प्रांत के स्वराजिस्ट) कौंसिल के प्रेसीडेंट बन गये। मि० पटेल ऐसेम्बली के प्रेसीडेन्ट हुये। रिस्पांसिब कोअपरेशन (प्रतियोगी सहकारिता) का बम्बई और मध्य प्रदेश में ज़ोर। जयकर, केलकर, और मुन्जे का ऐसेम्बली से इस्तीफा, भारतीय टैक्स कमीशन का कार्य समाप्त हुआ, करेन्सी कमीशन ने कार्य आरम्भ किया, दक्षिणी अफ्रीका से शिष्टमण्डल का आगमन

तथा एक शिष्ट मण्डल का भारत से जाना, ऐसेम्बली के स्वराजिस्ट मेम्बरों का विरोध सूचक उठकर चला जाना ।

१९२६ लार्ड इरविन वाइसराय हुए । प्रांत की कौंसिलों तथा ऐसेम्बली के चुनाव, स्वराजिस्ट पार्टी का ज़ोर क़ाफ़ी रहा । हिन्दू मुसलिम दंगे कलकत्ते में तथा अन्य स्थानों में । करेन्सी कमीशन की रिपोर्ट जिसमें रुपया १ शिलिंग ६ पैंसका किये जाने की सिफ़ारिश की गई, भारतीय व्यापारियों का विरोध, रायल कृषि कमीशन की नियुक्ति । हिंदू सङ्गठन की वेगमयी प्रगति, रुई की मिलों सम्बन्धी जांच के लिये टेरिफ बोर्ड कमेटी की नियुक्ति, भारतवासियों की अवस्था पर विचार के लिये दक्षिणी अफ्रीका को एक शिष्ट मण्डल (सर जार्ज पेडिसन सभापति) भारत सरकार ने भेजा । पटुआ खाली सत्याग्रह । अब्दुलरशीद द्वारा स्वामी श्रद्धानन्द की हत्या तथा अब्दुलरशीद को फांसी । कांग्रेस (गौहाटी)।

१९२७ इण्डियन सायन्स कांग्रेस (जनवरी) सर जे० सी० बोस सभापति । प्रथम अखिल भारतीय महिला परिषद (महारानी बड़ौदा अध्यक्ष) दक्षिणी अफ्रीका का समझौता और उस पर चर्चा। राजकुमारी पर अत्याचार के कारण खङ्गबहादुर युवक द्वारा हीरालाल का खून और ८ सालकी सज़ा । रुपये का दाम १८ पेन्स । पददलित जातियों की महासभा यूरोप में और भारतीय प्रतिनिधियों का उसमें सम्मिलित होना। काकोरी डकैती का मामला और अमानुषिक सजायें । स्कीन कमेटी (अर्थात् फौजी सुधार कमेटी) की रिपोर्ट । श्री सुभाषचन्द्र बोस नज़र कैद से बीमारी की हालत में छोड़े गये । श्री श्रीनिवास शास्त्री दक्षिणी अफ्रीका में भारत सरकार की ओर से एजेन्ट नियुक्त हुये । पटुआखाली सत्याग्रह में श्री० शचीन्द्रनाथ सेन की जेल यात्रा । "रंगीला रसूल" का मामला और राजपाल को सज़ा । वाइसराय द्वारा बिना तार द्वारा समाचार इत्यादि के भारत में प्रसार के लिये स्थान का उद्घाटन समारम्भ । मिस मेयो ने 'मदर इण्डिया' नामक पुस्तक, जिसमें भारत पर अपमानजनक आक्षेप किये गये हैं, प्रकाशित की । शिमला में हिन्दू-मुसलिम

अध्यक्षता में प्रतिद्वन्दी मुसलिम लीग की बैठक हुई। हकीम अजमलख़ाँ की मृत्यु।

१९२८ बम्बई में मिल मज़दूरों की विराट हड़ताल। लार्ड सिंह की मृत्यु। मिस मिलर की शुद्धि और महाराजा इन्दौर के साथ ब्याह। ऐसेम्बली ने सायमन कमीशन बायकाट पास किया, पटियाला में ३९ देशी नरेशों की सभा हुई। देशी राज्यों सम्बन्धी सर लेसली स्काट की स्कीम प्रकाशित हुई। सर एलेक्ज़ैण्डर मुडीमैन की मृत्यु। बारडोली सत्याग्रह तथा जांच कमेटी की नियुक्ति। लिलूआ में हड़ताल। सीलोन सुधार रिपोर्ट प्रकाशित हुई। नेहरू कमेटी की रिपोर्ट प्रकाशित। पबलिक सेफटी बिल कमेटी को सौंपा गया। लाहौर में रामलीला के जुलूस में बम फेंका गया। एस. आर. दास की मृत्यु, लाहौर में सायमन कमीशन के आगमन पर जुलूस की पुलिस द्वारा मारपीट, ला० लाजपत राय की चोट के कारण मृत्यु। साण्डर्स पुलिस अफसर लाहौर में मारा गया। दिल्ली में सायमन कमीशनके कारण हड़ताल। शारदा केनाल का उद्घाटन एकता कान्फ्रेंस और वाइसराय का भाषण। श्री० हरविलास शारदा द्वारा विवाह बिल का पेश होना। उड़ीसा में भयंकर बाढ़, ब्रिटिश पार्लीमेंट द्वारा भारत के लिये स्टेचुटरी कमीशन की नियुक्ति (सर जान सायमन अध्यक्ष)। लार्ड बर्किनहेड (भारत मन्त्री) का भारत के लिये अपमानयुक्त भाषण। कमीशन का बायकाट देश को सुझाया गया। खड्गपुर के कर्मचारियों की हड़ताल। राष्ट्रीय कांग्रेस मद्रास, डा० अन्सारी अध्यक्ष। कांग्रेस का ध्येय बदल कर पूर्ण स्वातन्त्र्य रक्खा गया। मि० रलियाराम की अध्यक्षता में १४वीं अखिल भारतीय क्रिश्चियन कान्फ्रेंस, इलाहाबाद। बैंकबे बम्बई की फिज़ूल ख़र्ची सम्बंधी श्री० नरीमैन पर मि० हार्वी के मुकदमे की बहस दिसम्बर २० तक—१९वां अधिवेशन, आल इण्डिया मुसलिम लीग कलकत्ता, श्री० मुहम्मद याकूब अध्यक्ष। लिबरल फेडरेशन (कलकत्ता) सर तेजबहादुर सप्रू अध्यक्ष। रिपबलिकन कांग्रेस मद्रास, अध्यक्ष पं० जवाहिरलाल नेहरू। लाहौर में सर मुहम्मद शफी की

हुआ। सम्राट पंचम जार्ज बहुत बीमार हुये और अच्छे हुये। ऐसेम्बली का दफ़्तर अलग हुआ। श्री० राजेन्द्रनाथ लहरी को गोंडा में फांसी लगी। झरिया में आल इण्डिया कांग्रेस हुई। कलकत्ते में कांग्रेस तथा अन्य कान्फ्रेंसें। सर्व दल सम्मेलन की बैठक। ब्रिटिश सरकार को कांग्रेस ने ३१ दिसम्बर सन् १९२९ तक का समय "डोमीनियन स्टेटस" देने के लिये दिया। स्वराज्य का संशोधित प्रस्ताव पास हुआ।

१९२९ मुसलिम पार्टी कान्फ्रेंस। आल इण्डिया प्रेस कान्फ्रेंस। चित्तरंजन सेवा सदन का उद्घाटन। सायमन कमीशन के मेम्बरों का देश भर में बायकाट। अमानुल्लाखां ने राजपद त्याग दिया। हिलटनयंग कमेटी की रिपोर्ट प्रकाशित हुई। पबलिक सेफटी बिल एसेम्बली में पेश हुआ। गामा पहलवान ने पिटरसन को हरा दिया। महात्मा गांधी विलायती कपड़ों की होली के सम्बंध में पकड़े गये, और उन पर १) जुर्माना हुआ। मेरठ षड्यन्त्र चलाया गया और गिरफ़्तारियां हुईं। महाशय राजपालकी हत्या। बटलर कमेटी की रिपोर्ट प्रकाशित। पबलिक सेफटी बिल आर्डीनेन्स रूप में वाइसराय ने पास किया सांडरर्स हत्या कांड के अनेक अभियुक्त पकड़े गये। मि० वाल्डविन का इस्तीफ़ा तथा मि० मेकडोनेल्ड का प्रधान मन्त्री होना। ऐसेम्बली बम केस में भगतसिंह और दत्त को काले पानी की सजा। एज आफ कन्सेन्ट कमेटी की रिपोर्ट प्रकाशित हुई। कलकत्ता की [illegible] यतीन्द्रनाथ दास की भूख-हड़ताल तथा मृत्यु। शारदा बिल पास हुआ। वर्मा में श्री० विजया पोंगी की भूख हड़ताल के कारण मृत्यु। वाइसराय ने डोमीनियन स्टेटस सम्बन्धी घोषणा निकाली। वाइसराय की स्पेशल ट्रेन के नीचे बम फटा। लाहौर में कांग्रेस का अधिवेशन, पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पास हुआ।

१९३० कांग्रेस में पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पास हुआ। श्री० मजहरुलहक़ की मृत्यु। २६ जनवरी को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जी० आइ० पी० रेलवे हड़ताल। सत्याग्रह आन्दोलन

का आरंभ। महात्मा गांधी द्वारा वाइसराय को सूचना। नमक कानून भंग किया गया। महात्मा गांधी तथा सहस्रों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की गिरफ़्तारी तथा सज़ा। शोलापुर में दंगा तथा फ़ौजी क़ानून। अनेक आर्डीनेन्स वाइसराय द्वारा घोषित किये गये। ऐसेम्बली में साइमनकमीशन की रिपोर्ट का विरोध पास हुआ। पेशावर में "मारशल ला" जारी हुआ। श्री० सुभाषचन्द्र बोस कलकत्ता के मेयर चुने गये। श्री० जयकर तथा श्री० सप्रू महात्मा गांधी से संधि के लिये जेल में मिले। कौंसिल चुनाव का कांग्रेस द्वारा देशव्यापी बायकाट। राउण्ड टेबल कान्फ्रेन्स की पहली बैठक समाप्त हुई। 'वर्ल्ड थियोसाफिकल कनवेन्शन' बनारस।

१९३१ पं० कृष्णकान्त मालवीय, श्री० पुरुषोत्तमदास टंडन, मि० शेरवानी तथा पं० जवाहरलाल नेहरू की गिरिफ़्तारी। कमला नेहरू को छे मास की सजा। मौ० मोहम्मदअली का स्वर्गवास। सुभाष बाबू की गिरिफ़्तारी। पं० मोतीलाल नेहरू का देहान्त। बनारस में हिन्दू मुस्लिम दंगा। गाँधी इरविन संधि तथा सत्याग्रहियों की जेल से मुक्ति। भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव को फाँसी। कानपुरमें भीषण हिन्दू मुस्लिम दंगा। श्री गणेशशंकर विद्यार्थी की अमानुषिक हत्या। करांची में कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन। लार्ड विलिंगडन की वायसराय पद पर नियुक्ति। महाराजा महमूदाबाद का स्वर्गवास। मैंमनसिंह रेल डकैती काण्ड। दिनेश गुप्ता को फाँसी। जर्मनी से लौटने पर श्री० एम० एन०राय की बम्बई में गिरिफ़्तारी। वासुदेव बलवन्त गोगटे द्वारा बम्बई के गवर्नर सर अरनेस्ट हाट्सनपर गोली प्रहार। कांग्रेस नेता श्री नीलकंठराव उधोजी का स्वर्गवास। महात्मा गांधी का गोलमेज कान्फ्रेन्स के लिये प्रस्थान। इलहाबाद में किसान कान्फ्रेन्स की बैठक तथा करबन्दी आन्दोलन चलाने का निर्णय। लाहौर में नेशनलिस्ट मुस्लिम कान्फ्रेन्स की बैठक (डा० अन्सारी सभापति) बंगाल में आर्डीनेन्स नं० ९ जारी हुआ। कश्मीर में हिन्दू मुस्लिम दंगा। चिटगाँव में भयंकार सशस्त्र विद्रोह तथा

अमानुषिक दमन। संयुक्तप्रान्त में आर्डीनेन्स नं० १२ घोषित हुआ।

१९३२ सत्याग्रह आन्दोलन पुनःप्रारम्भ हुआ। महात्मा गांधी, बल्लभ भाई पटेल, और बाबू राजेन्द्र प्रसाद की गिरिफ़्तारी। कांग्रेस ग़ैरक़ानूनी घोषित की गई। सहस्रों गिरिफ़्तारियाँ तथा सज़ायें। कुमारी बीनादास द्वारा बंगाल के गवर्नर सर जैक्सन पर गोली प्रहार। बंगाल में क्रिमिनल लॉ एमेण्डमेण्ट एक्ट पास हुआ। चिटगाँव आमरी रेड केस का फैसला। बंगाल में नये गवर्नर की नियुक्ति। पं० मालवीय और श्रीमती नायडू की गिरिफ़्तारी। बम्बई में हिन्दू मुस्लिम दंगा। श्री० विपिनचन्द्रपाल का स्वर्गवास। अलवर में हिन्दू मुस्लिम दंगा। लोथियन कमेटी रिपोर्ट प्रकाशित। डा० सप्रू, श्री० जयकर तथा श्री० जोशी का गोलमेज कान्फ्रेन्स की कन्सलटेटिव कमेटीसे इस्तीफा। आचार्य कृपलानी को सज़ा। भूलाभाई देसाई की गिरिफ़्तारी। देशी राज्य जाँच कमेटी की रिपोर्ट। कुमारी मनीबेनकी गिरिफ़्तारी। मीराबेन की गिरिफ़्तारी। शिवप्रसाद गुप्त तथा डा० किचलू को सज़ा। बंगाल के पं० श्याम सुन्दर चक्रवर्ती का निधन। अछूतों के लिये पृथक निर्वाचन क्षेत्र बनाये जाने के विरोध में महात्मा गांधी की आजीवन भूख हड़ताल करने की भीषण प्रतिज्ञा। भारत भर में अछूतों के लिये मन्दिर खोल दिये गये। अछूतों के संबंध में पूना में कान्फ्रेन्स तथा पैक्ट और "कम्यूनलअवार्ड" (साम्प्रदायिक निर्णय) ब्रिटिश प्रधान मंत्री द्वारा प्रकाशित।

१९३३ बाबू राजेन्द्रप्रसाद तथा श्री० आचार्य कृपलानी की गिरिफ़्तारी। डा० सप्रू तथा जयकर द्वारा गोल मेज़ कानफ्रेंस के विषय में एक विज्ञप्ति। पूना पैक्ट के विरुद्ध बंगाल में आन्दोलन। मेरठ षडयन्त्र केस का फैसला। मन्दिर प्रवेश बिल पर वायसराय की अस्वीकृति। कस्तूरी बाई गांधी की गिरिफ़्तारी। इण्डियन मेडिकल कानफ्रेन्स की स्थापना। पंजाब में एक एण्टीकम्यूनल लीग स्थापित की गई। सुभाष बाबू स्वास्थ्य लाभार्थ जेल से योरुप भेज दिये गये। कलकत्ते में कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन पर सरकारी रोक टोक।

"ह्वाइट पेपर" (नये शासन विधान) का प्रकाशन। नवानगर के जाम साहेब का निधन। अन्डमान के बन्दियों की भूख-हड़ताल। श्री युत जे० एम० सेन गुप्त का स्वर्गबास। महात्मा गांधी द्वारा साबरमती आश्रम का ब्रिटिश सरकार को दान। महात्मा जी तथा राजगोपालाचार्य की गिरिफ़्तारी तथा जेल में महात्मा जी का अनशन। कांग्रेस सभापति श्री० अणे की गिरिफ़्तारी। डा० एनी बेसेण्ट का निधन। अफ़ग़ानिस्तान के शासक नादिरशाह की राज-हत्या। श्रीयुत विट्ठल भाई पटेल का स्वर्गबास। महात्माजी द्वारा हरिजन आन्दोलन का प्रारम्भ। पंजाब षडयन्त्र केस का फैसला। रिज़र्व बैंक बिल पास हुआ।

१९३४ बिहार में भयंकर भूकम्प तथा महात्मा गांधी का जनता से सहायतार्थ अनुरोध। कश्मीर में साम्प्रदायिक दंगा। 'हिन्दू' के सम्पादक ए० रंगास्वामी आयंगर का निधन। केनानूर में हिन्दू मुस्लिम दंगा। स्टेट्स-प्रोटेक्सन बिल पास हुआ। श्रीयुत शंकरनैयर का स्वर्गबास। बंगाल के गवर्नर जान एण्डरसन पर गोली प्रहार। पूना में एक सनातनी द्वारा महात्मा गांधी पर बम्ब प्रहार। उत्तरी बिहार में भीषण बाढ़। पं० मालवीय तथा श्रीयुत अणे का कांग्रेस पार्लीयामेंटरी बोर्ड से इस्तीफ़ा तथा नेशनलिस्ट पार्टी की स्थापना। केन्द्रीय ऐसेम्बली का चुनाव तथा उसमें नेवी बिल का पास होना। पार्लीमेण्टरी ज्वाइण्ट सेलेक्ट कमेटी की भारतीय सुधार पर रिपोर्ट। सुभाष बाबू का योरुप से प्रत्यागमन तथा उनके पिता का देहान्त। खां अब्दुल ग़फ़्फार खां की गिरिफ़्तारी।

१९३५ श्रीयुत एम० बी० अभ्यंकर का स्वर्गबास। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ साइन्सेस आफ इण्डिया की स्थापना। आचार्य गिडवानी का निधन। ऐसेम्बली द्वारा इण्डो जापानी ट्रेड एग्रीमेण्ट की अस्वीकृति। 'लालकुर्ती संगठन' से सरकार ने कानूनी रोक हटा ली। हाउस आफ़ कामन्स में गवर्मेण्ट आफ़ इण्डिया बिल पास हुआ। श्रीयुत शेरवानी का स्वर्गबास। हज़ारीबाग़ में साम्प्रदायिक दंगा। फ़िरोज़ाबाद में हिन्दू मुस्लिम दंगा। इला-

हाबाद में प्रचण्ड अग्निकाण्ड। लाहौर में सिक्ख मुस्लिम दंगा। श्री० सरच्चन्द्र बोस की जेल से मुक्ति। बंगाल में भीषण बाढ़। सिकन्दराबाद में साम्प्रदायिक दंगा। इटली की एबीसीनिया पर चढ़ाई। पं० जवाहरलाल नेहरू अलमोड़ा जेल से छोड़ दिये गये। श्रीयुत जी० के० देवधर (प्रेसीडेण्ट, सर्वेण्ट आफ़ इण्डिया सोसाइटी) का स्वर्गबास। विहार के नेता श्री० दीपनारायण सिंह का निधन। पं० मालवीयजी की ७५ वीं वर्ष गाँठ। कांग्रेस की स्वर्ण जयन्ती।

१९३६ अछूतों द्वारा मन्दिर-प्रवेश सत्याग्रह। बड़ोदा के महाराज की हीरक जयन्ती। यू० पी० अनएमप्लायमेण्ट कमेटीकी रिपोर्ट का प्रकाशन। सम्राट जार्ज पञ्चम का निधन। कांग्रेस नेता श्रीयुत नवीन चन्द्र बार्डीलोइ का स्वर्गबास। सर डिन्शा बाच्छा, कांग्रेस के वृद्धतम सभापति का देहान्त। योगेशचटर्जी की लखनऊ जेल में अपूर्व भूख हड़ताल। श्रीमती कमला नेहरू का देहान्त। ओटावा एग्रीमेन्ट का केन्द्रीय ऐसेम्बली द्वाराअन्त। सुभाष बाबू की योरुप से आते ही बम्बई में गिरफ़तारी। पूना में हिन्दू मुसलिम दंगा। डा० अनसारी का स्वर्गवास। प्रो० ग्रेहम ब्राउन द्वारा हिमालय पर्वत की (२५,६६० की ऊँची) सर्व प्रथम चढ़ाई। बम्बई में हिन्दू मुस्लिम दंगा। महाराजा ग्वालियर को पूर्ण राज्याधिकार मिले। पं० जवाहरलाल नेहरू दुबारा सभापति चुने गये। सम्राट् एडवर्ड अष्टम् का राजपद त्याग तथा सम्राट् जार्ज षष्ठ का राजपद ग्रहण।

सन् १९३७ का तिथिक्रम।

जनवरी।

१—नवीन वर्ष की पदवियों का वितरण। मि० जिन्ना ने हिन्दू-मुसलिम एकता के लिए एक ज़ोरदार अपील प्रकाशित की।

२—सर अकबर हैदरी ने इंडियन सायन्स कांग्रेस (हैदराबाद) का प्रारंभ किया।

३—वर्ल्ड वाइ० एम० सी० ए० कन्वेन्शन का उद्घाटन महाराजा मैसूर ने किया।

४—इम्पीरियल इंडियन सिटीज़न-शिप एसोसियेशन ने "बाइन्डर रिपोर्ट" की, जो ज़ंज़ीबार के लौंग के व्यापार के संबंध में प्रकाशित हुई, निन्दा की।

५—पं० नहेरू ने (कांग्रेस सभापति) डा० सत्यनारायन सिनहा मेम्बर अ० भा० का० क० को कांग्रेस से अलहदा कर दिया। उन पर अवज्ञा का अभियोग लगाया गया था।

६—इंडियन सेन्ट्रल जूट कमेटी के सदस्यों की नामावली प्रकाशित हुई।

७—महाराजा बर्दवान और ग़ज़नवी की हिन्दू-मुसलिम संधि प्रकाशित हुई।

८—भारत सरकार ने बी० एन० रेलवे हड़ताल में हस्तक्षेप करने से इनकार किया।

९—मि० ए० डी० श्राफ को बम्बई चेम्बर आफ कमर्स से निकाल दिया गया।

१०—जिनेवा में लीग कौंसिल की बैठक की समाप्ति।

११—क्रिकेट कन्ट्रोल बोर्ड ने भारतीय टीम जो इंग्लैंड गई थी उसके संबंध में बोमोंट कमेटी रिपोर्ट प्रकाशित की।

१२—सर अलेकज़ेंडर कारडिऊ की मृत्यु हुई।

१३—सक्रेटरी आफ़ स्टेट ने इंडियन

नेवी के अफ़सरों के वेतन में वृद्धि मंजूर की।

१४—बम्बई में देशी राज्यों के मंत्रियों की सभा ख़तम हुई।

१५—फेडरल कोर्ट के (मनोनीत) चीफ़ जस्टिस सर मारिस ग्वायर बम्बई में उतरे।

१६—जर्मनी ने समुद्र पार के जर्मनों को, फौजों और लेबर कोर सर्विस में भरती करना आरंभ किया।

१७—श्री० श्रीनिवास शास्त्री मलाया प्रायद्वीप का भ्रमण करके कोलम्बो में आये और एक सभा में व्याख्यान दिया।

१८—सर ऐण्ड्रू काल्डकोल्ट सीलोन (लंका) के गवर्नर नियुक्त हुये।

१९—आयरलैंड व इंग्लैंड के संबंधों के विषय में डिवेलेरा और मि० मैकडानेल्ड के बीच वार्तालाप।

२०—मि० फ्रैंकलिन रुज़वेल्ट फिर से यू. एस. ए. के प्रेसीडेंट हुए।

२१—सर सुलतान अहमद, मि० सर जफरुल्ला की अनुपस्थिति में कामर्स मेम्बर बनाये गये।

२२—मि० शिरलाल मोतीलाल इंडियन मर्चेंट चेम्बर बम्बई के सभापति चुने गये।

२३—सर अतुलचटर्जी (सपत्नीक) विलायत से भारत आये और बम्बई में उतरे।

२४—बंगालके गवर्नर की अण्डमन की यात्रा के लिए भारत से प्रस्थान सर्वेण्टस आफ इण्डिया सोसाइटी ने कानपुर में एक केन्द्र स्थापित करने का विचार किया।

२५—एसेम्बली (केन्द्रीय) का बजट सेशन प्रारंभ हुआ।

२६—इलाबाद कलकत्ता तथा अन्य स्थानों के कांग्रेस आफिसों पर "स्वतंत्रता प्रतिज्ञा" के संबंध में पुलिस ने छापा मारा।

२७—इटली व जर्मनी ने स्पेन में स्वयं सेवक (लड़ाई के लिये) न भेजना स्वीकार किया।

२८—लार्ड वेडेन पावेल चीफ़ स्काउट बम्बई में उतरे।

२९—बम्बई की स्त्रियों की कौंसिल ने "संतति नियमन" का प्रस्ताव पास किया।

३०—बंगाल गवर्न्मेंट ने ४१ नज़रबंद रिहा किये।

३१—मोस्को के मुक़दमें में १३ अभियुक्तों को मौत की सज़ा।

फ़रवरी

१—जेनरल हयाशी ने जापान में पिछली गड़बड़ी के बाद नई केबिनट बनाई।

२—सर एम० दादाभाई पुनः कौंसिल आफ़ स्टेट के प्रेसीडेंट हुए।

३—केन्द्रीय असेम्बली ने इंडियन इनश्योरैंस बिल तथा बिना टिकट वाले मुसाफिरों के सम्बंधी का बिल सिलेक्ट कमेटी के सुपुर्द किया।

४—वाइसराय ने आल इण्डिया स्काउट जम्बूरी (दिल्ली) का उद्घाटन किया।

५—डा० देशमुख का बिल जिसके द्वारा बिधवाओं को जायदाद विरासत में पाने का अधिकार दिया गया केन्द्रीय असेम्बली में पास हुआ।

६—वाइसराय ने इस विषय के रेगूलेशन निकाले कि खानों के भीतर स्त्रियाँ काम करने के लिये न भेजी जावें।

७—महाराजा ट्रावनकोर ने अछूतों को मन्दिर प्रवेश के लिये आज्ञादी। पं० नेहरू ने अपनी महाराष्ट्र यात्रा आरम्भ की।

८—ब्रिटिश नरेश ने भारत में होने वाले राज्याभिषेक दरबार को मुलतवी कर दिया।

९—एसेम्बली ने इनकमटैक्स बिल पास किया।

१०—बी० एन०रेलवे स्ट्राइक बंद हुई।

११—मद्रास में "इंडियन ओवरसीज़ बैंक" श्री के० वी० रेडी द्वारा आरंभ किया गया।

१२—मि० एम० हैलेट बिहार के गवर्नर (मनोनीत) को "सर" की पदवी दीगई।

१३—निज़ाम ने अपने शासन काल की "सिलवरजुबली" मनाई।

१४—ला०हरकिशन लाल की मृत्यु।

१५—सम्राट जार्ज षष्ठ तथा सम्राज्ञी ने बाजाप्ता बकिंघम पैलेस में रहना आरंभ किया।

१६—सर मुहम्मद जफरुल्ला ने ऐसेम्बली (केन्द्रीय) में रेलवे बजट पेश किया।

१७—पंजाब के गवर्नर ने सर सिकंदर हयात खां को नये शासन विधान के अनुसार प्रथम मंत्री मंडल बनाने के लिये बुलाया।

१८—डा० टागोर ने कलकत्ता यूनिवर्सीटी में "कनवोकेशन ऐड्रेस" (पदवी दान के समय अभिभाषण) दिया।

१९—मि० वेजबुडवेन (भूतपूर्व भारत मंत्री) हाउस आफ कामन्स के मंत्री चुने गये।

२०—स्वामी रामकृष्ण परमहंस की शताब्दी देश में अनेक स्थानों में मनाई गई।

२१—लखनऊ जिला कांग्रेस कमेटी ने मंत्री पद ग्रहण का प्रस्ताव पास किया।

२२—सर हेरीहेग ने "इंडियन रोड कांग्रेस" का उद्घाटन लखनऊ में किया।

२३—यू० पी० में साम्यवादियों ने मंत्रीपद ग्रहण का विरोध किया।

२४—वाइसराय ने देशी नरेशों से फेडरेशन में सम्मिलित होने के लिये अनुरोध किया।

२५—सर भूपेन्द्रनाथ मित्र की मृत्यु।

२६—नरेन्द्र मंडल (Prince's Chamber) के अध्यक्ष महाराजा पटियाला चुने गये।

२७—वर्धा में मंत्री पद ग्रहण समस्या पर विचार करने के लिये आ० इं० कांग्रेस कमेटी की बैठक आरंभ।

२८—श्री०सी सी० विश्वास कलकत्ता हाईकोर्ट के जज नियुक्त हुये।

मार्च

१—सर ब्रजेन्द्रनाथ सील की अध्यक्षतामें कलकत्तेमें "पार्लियामेंट आफ़ रिलीजन्स" (धर्मों की बृहत् सभा) हुई।

२—बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पदवी दान उत्सव में सर एम० विश्वेश्वरया ने अभिभाषण दिया।

३—मि० सी० आर० रेडी ने कांग्रेस से त्यागपत्र दिया।

४—सर रोबर्टरीड आसामके गवर्नर ने चार्ज लिया।

५—हाउस आफ़ कामन्स ने "ब्रिटिश डिफेन्स लोन बिल" पास किया।

६—श्रीयुत श्रीनिवास शास्त्री की रिपोर्ट (मलाया में मज़दूरों की परिस्थिति पर) प्रकाशित हुई।

७—जापानी विदेश-मंत्री ने घोषित किया कि जापान ब्रिटेन से मित्रता चाहता है।

८—कलकत्ता में "धर्मों की बृहत सभा" खतम हुई।

९—कच्चे माल की प्राप्ति पर बिचार करने के लिये जेनीवा में कान्फ्रेन्स हुई।

१०—सर मौरिस हैलेट ने बिहार के गवरनरी का चार्ज लिया।

११—सर अकबर हैदरी हैदराबाद के कौंसिलके प्रेसीडेन्ट नियुक्तहुये।

१२—सर फ्रैंक नोयस ने "इन्स्टीट्यूट आफ़ शुगर टेकनालोजी" (कानपुर) का उद्घाटन किया।

१३—"क्रिकेट क्लब आफ़ इंडिया ने लार्ड टेनीसन की क्रिकेट टीम को निमंत्रण दिया।

१४—सर जेम्स ग्रिग की अनुपस्थिति में मि० जे० सी० निकसन फाइनेंस मिनिस्टर नियुक्त हुये।

१५—आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने मंत्री पद-ग्रहण करना मंजूर किया।

१६—बंगाल में मंत्रीमंडल में हिन्दू मुस्लिम सदस्यों की संख्या के सम्बन्ध में मतभेद हो गया।

१७—श्री० सुभाषचन्द्र बोस रिहा किये गये।

सर आस्टिन चेम्बरलेन की मृत्यु।

१८—केन्द्रीय एसेम्बली में कांग्रेस द्वारा पेश किया हुआ संशोधन कि "नमक कर" कम किया जावे, गिर गया।

१९—दिल्ली में "नेशनल कनवेन्शन" पं० जवाहिरलाल नेहरू के सभापतित्व में हुआ।

२०—राष्ट्रपति ने "नेशनल कनवेन्शन" में सदस्यों से देशभक्ति की शपथ ली।

२१—श्री० सरतचन्द्रबोस की अध्यक्षता में दिल्ली में अखिल भारतीय राजबन्दी सहायक कान्फ्रेन्स हुई।

२२—पं०मालवीय ने केन्द्रीय ऐसेम्बली में सदस्य बनना स्वीकार किया।

२३—दीवान बहादुर एन० गोपाल स्वामी अय्यंगर कश्मीर स्टेट के प्रधानमंत्री नियुक्त हुये।

२४—एबीसिनिया के 'एडिस अबाबा' नगर में इटैलियनों द्वारा क़त्लेआम।

२५—बी० एन० आर० लेबर यूनियन की शिकायत पर केन्द्रीय सरकार ने जांच की आज्ञा दी।

२६—हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अधिवेशन (मद्रास) में महात्मा गांधी ने पदवी दान उत्सव के अवसर पर अभिभाषण दिया।

२७—सर शाह मुहम्मद सुलेमान तथा मि० एम० आर० जयकर फिडरेल कोर्ट के जज नियुक्त हुये।

२८—गवरनरों द्वारा हस्तक्षेप न करने का आश्वासन पाये बिना कांग्रेस नेताओं ने मंत्री पद ग्रहण करना अस्वीकार किया।

२९—जापान और भारत में व्यापार संधि हुई।

३०—मि०लारेन्स रोजर लमले मद्रास के गवरनर नियुक्त हुये।

३१—६ प्रान्तोंमें "इन्टेरिम मिनिस्ट्री" (अस्थायी मंत्री मंडल) बनाये गये।

अप्रैल

१—नये शासन विधान के विरुद्ध भारत भर में हड़ताल मनाई गई।

२—जेनीवा में वर्ल्ड टेक्सटाइल कान्फ्रेन्स आरंभ हुई।

३०—सर जेम्स टेलर रिज़र्व बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त हुये।

४—महाराजा जैपुर ने गोंडियामठ मन्दिर का उद्घाटन मद्रास में किया।

५—लंदन में मि० रेम्ज़े मेकडानेल्ड ने इंटरनेशनल शुगर कान्फ्रेंस का उद्घाटन किया।

६—बाबू राजेन्द्रप्रसाद ने मुसलमानों से कांग्रेस में शामिल होने के लिये अनुरोध किया।

७—सरदार शार्दूलसिंह कवीश्वर की जागीर सरकार ने ज़ब्त कर ली।

८—मोटर इंशोरेन्स कमेटी की रिपोर्ट प्रकाशित हुई।

९—भारत की राजनैतिक परिस्थिति पर लार्ड ज़ेटलैंड (भारत मंत्री) ने पार्लीमेंट में वक्तव्य दिया।

१०—सर फ्रैंक नौयस विलायत को गये।

११—प्रिन्स निकोलस ने अपने सब स्वत्व रूमानियन ताज के सम्बंध में त्याग दिये।

१२—मद्रास में दक्षिणी देशी ईसाइयों की फिडरेशन हुई।

१३—इजिपशियन स्वत्वों की कान्फ्रेंस के सभापति नहस पाशा चुने गये।

१४—दक्षिणी अफ्रीका की यूनियन सरकार ने एशियाटिक विरोधी बिल वापिस ले लिये।

१५—वर्ल्ड टेक्सटाइल कान्फ्रेंस (जेनीवा) ने संयुक्तराष्ट्र के प्रस्ताव को कि टेक्सटाइल (बुने हुए कपड़े) की तैयारी तथा मूल्य की जाँच के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय कमीशन बनाया जावे, पास किया।

१६—महात्मा गांधी ने मंत्रीपद समस्या के निर्णय के लिये एक पंचायत (Tribunal) नियुक्त करने के लिये राय प्रकट की।

१७—'गांधी सेवा संघ' की तीसरी कान्फ्रेंस हुबली में हुई।

१८—राज्याभिषेक (लंदन) के अवसर पर सर फीरोज़ख़ां नून भारत साम्राज्य के झंडा-वाहक नियुक्त हुए।

१९—यू० पी० अहरार कान्फ्रेंस की बैठक लखनऊ में मि० मज़हर

अली अज़हर की अध्यक्षता में हुई।

२०—मि० नेविल चेम्बरलेन ने छठवीं बार हाउस आफ़ कामन्स में बजट पेश किया।

२१—इंटरनेशनल चेम्बर आफ़ कामर्स की द्विवर्षीय कांग्रेस के सदस्यों की नामावली प्रकाशित हुई।

२२—कलकत्ता जूट मिल के० हड़तालियों की सहायता के लिये श्री० राष्ट्रपति नेहरू ने प्रार्थना प्रकाशित की।

२३—बंगाल में काग़ज़ के मिलों में भी मज़दूरों द्वारा हड़ताल।

२४—सम्राट् जार्ज षष्ठ ने अपने स्वर्गीय पिता के स्मारक का विंडसर कैसेल में उद्घाटन किया।

२५—बंगाल के जूट और काग़ज़ की मिलों में हड़तालियों की संख्या बढ़कर डेढ़ लाख हो गई।

२६—मंत्री पद ग्रहण समस्या के सम्बंध में आल इण्डिया कांग्रेस कमेटी की बैठक इलाहाबाद में हुई।

२७—कांग्रेस में मुसलमानों की सहायता लेने के लिए पं० नेहरू और मि० जिन्ना के उत्तर और प्रत्युत्तर प्रकाशित हुये।

महाराजा तथा महारानी ट्रावनकोर समुद्री यात्रा के लिये रवाना हुए।

२८—श्री सनत कुमार राय चौधरी (कांग्रेस) और श्री ए. के. एम. ज़केरिया कलकत्ता के मेयर तथा डिपुटी मेयर क्रमशः निर्वाचित हुये।

२९—कांग्रेस नेताओं की मन्त्रीपद ग्रहण-अस्वीकृति का कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने समर्थन किया।

३०—डा० रवीन्द्रनाथ ने बंगाल जूट मिल हड़तालियों की प्रति सहायता के लिये जनता से अनुरोध किया। इलाहाबाद में हिन्दुस्तानी एसोसियेशन स्थापित किया गया।

मई

१—डि वेलरा ने आयरलैण्ड के लिये एक नवीन शासन विधान की योजना प्रकाशित की।

२—सभापति रूसवेल्ट ने न्यूट्रैलिटी बिल पर हस्ताक्षर किये।

३—शिमला में अखिल भारतीय 'शुगर कान्फ्रेन्स' की बैठक हुई।

४—पं० जवाहिर लाल नेहरू राजनैतिक आन्दोलन के लिए रंगून गये।

५—डा० खां साहेब तथा अन्य मुसलमान नेताओं ने कांग्रेस में मुसलमानों को शामिल होने के लिये अपील प्रकाशित की ।

६—मि० बाल्डविन ने हाउस आफ़ कामन्स में प्रधान मन्त्री की हैसियत से अन्तिम वक्तृता दी।

७—लखनऊ के मुसलमानों ने श्री एम. स. जिन्ना के नाम खुली चिट्ठी भेजी जिसमें जिन्ना के प्रति अविश्वास प्रकट किया गया ।

८—ब्रिटिश साम्राज्य के प्रधान मन्त्रियों की दावत में बोलते हुए सम्राट जार्ज षष्ठ ने पार्लीमेण्टरी गवर्मेंट की प्रशंसा की ।

९—मन्दिर सत्याग्रह के सम्बन्ध में श्रीयुत एन. सी. केलकर की पूना में गिरफ़्तारी ।

१०—"जस्टिस पार्टी" ने अपनी मद्रास की बैठक में अस्थाई मन्त्रिमंडल की निन्दा की । बंगाल में जूट हड़ताल का अंत हुआ ।

११—सी पी. 'पैरेलेल असेम्बली" ने अपनी नागपुर की बैठक में सी. पी. अस्थाई मंत्रिमंडल की निन्दा की ।

१२—सम्राट तथा सम्राज्ञी का लन्दन में राज्याभिषेक हुआ ।

१३—स्पेन की विद्रोही सेना ने ३००० सरकारी सैनिकों को मार डाला ।

१४—लंदन में इम्पीरियल कान्फ्रेन्स की बैठक समाप्त हुई ।

१५—वाईकौंट फिलिप स्नोडेन का स्वर्गबास हो गया ।

१६—नेदर लैण्डस के गवर्नर जनरल ने ट्रावनकोर के महाराजा का स्वागत किया ।

१७—लाठी राज्य के राजा ठाकुर साहेब ने अपने राज्य में हरिजनों के लिये मन्दिर प्रवेश की स्वीकृति दे दी ।

१८—हिमालय की चढ़ाई में ईस्ट सेर रेजीमेण्ट इक्सपिडीशन रामगंगा घाटी में नौमिक तक पहुंच गयी ।

१९—पेरिस में अंतरराष्ट्रीय व्यापार कांग्रेस का बाइसवाँ अधिवेशन हुआ ।

२० - महाराजा अलवर का स्वर्गवास हुआ ।

२१—शिमला में वायसराय ने बाय स्काउट कमिश्नर्स की कान्फ्रेंस का उद्घाटन किया ।

२२—ब्रिटिश सम्राट तथा सम्राज्ञी ने जलसेनाओं का निरीक्षण किया ।

२३—जान डी. राकफेलर (सीनियर) का स्वर्गवास हो गया ।

बुकारेस्ट में वर्ल्ड वायरलेस कान्फ्रेन्स की बैठक हुई।

२४—प्रधान मंत्री वाल्डविन ने 'साम्राज्य दिवस' की दावत में फेयरवेल एड्रस दिया।

२५—शिमला में वायसराय ने कैटल कान्फ्रेन्स का उद्घाटन किया।

२६—एम्पायर प्रेसयूनियन की कान्फ्रेन्स की लन्दन में बैठक हुई।

२७—मिश्र देश 'लीग आफ़ नेशन्स' का सदस्य हो गया।

२८—इंग्लैण्ड के प्रधान मंत्री श्रीयुत वाल्डविन ने पद त्याग दिया।

योरुपनिवासी हिन्दुओं ने लन्दन में एक मन्दिर बनवाने की घोषणा की।

पं० कृष्णकान्त मालवीय ने पेशावर के हिन्दू मुसलमानों को दंगा बन्द कर देने के लिये एक पत्र भेजा।

२९—बनारस के सुप्रसिद्ध तथा दानी बाबू गौरीशंकरजी का स्वर्गवास

३०—पेशावर के सिक्ख और मुसलमानों में समझौता हो गया।

३१—कानपुर के प्रसिद्ध व्यापारी सेठ कमलापति सिंहानिया का स्वर्गवास।

जून

१—बम्बई में हिन्दू-मुसलिम दंगा।

२—बलरामपुर राज्य के प्रसिद्ध विद्वान् पं० कन्हैयालाल का निधन।

३—ड्यूक आफ़ विंडसर का विवाह मिसेस सिम्पसन के साथ हुआ।

बंगलौर इण्डियन इंस्टीट्यूट आफ़ साइन्स के डाइरेक्टर श्री० सी० वी० रमन ने इस्तीफ़ा दिया।

४—सीरिया में अरबों और तुर्कों में साम्प्रदायिक दंगा।

५—सर फ़ीरोज़ख़ाँ नून हाई कमिश्नर फ़ार इण्डिया ने बरार के युवराज का स्वागत इण्डिया हाउस लन्दन में किया।

अलीगढ़ विश्वविद्यालय ने भारत में सर्वप्रथम परदावाली स्त्रियों को बी० ए० डिगरी प्रदान करने का प्रबन्ध किया।

६—दिल्ली की 'जमैतुलउलेमाहिन्द' ने कांग्रेस का साथ छोड़ देने का निश्चय किया।

७—रिज़र्व बैंक एमेण्डमेण्ट बिल केन्द्रीय असेम्बली में पेश हुआ।

८—कानपुर का 'तरुण प्रेस' ज़मानत जमा न होने के कारण सरकार ने बन्द कर दिया।

९—सम्राट की वर्षगाँठ लन्दन में मनाई गई। शचीन्द्रनाथ बख़्शी काकोरी केस के अभियुक्त ने नैनीजेल में भूख हड़ताल शुरू की।

१०—सी० पी० सरकार ने लगान में छूट देने की योजना पर विचार किया।

११— श्री राबिन चटर्जी हाँथ पाँव बाँधकर लखनऊ सूरज कुण्ड में संसार के तैराकों से अधिक समय तक तैरे।

१२ - कम्यूनिस्ट षडयंत्र केस की कलकत्ते में सुनवाई।

१३—रूस में सोवियट नेताओं की फाँसी। श्री ए० वी० वेंकटेश्वरम् लीग आफ़ नेशन्स के इण्डियन ब्यूरो के इंचार्ज होकर भारत से जिनेवा गये।

१४—इण्डो-ब्रिटिश ट्रेड (व्यापार) वार्ता हुई।

१५—बंगाल टिनेन्सी एक्ट में सुधार किये गये।

१६—इलाहाबाद बोर्ड के अंग्रेज़ी दसमें व इण्टरमीडियेट दर्जों का परीक्षाफल प्रकाशित हुये।

१७—इलाहाबाद विश्वविद्यालय के बी० ए० तथा एल० एल०बी० कक्षाओं का परीक्षाफल प्रकाशित हुआ।

१८—लखनऊ विश्वविद्यालय का परीक्षाफल प्रकाशित हुये।

१९—अमृतसर में साम्प्रदायिक दंगा शांत हुआ।

यू० पी० इन्कमटैक्स इन्क्वायरी कमेटी की रिपोर्ट प्रकाशित हुई।

२०— इण्डो-जेपानीज़ ट्रेड पैक्ट पर हस्ताक्षर हुये।

बम्बई में भयंकर वर्षा।

२१—मंत्री-पद-ग्रहण समस्या के सम्बंध में वाइसराय ने वक्तव्य प्रकाशित किया और गवरनरों से कांग्रेस को आश्वासन देने के लिए कहा।

२२—महाराजा बलरामपुर का राज्याभिषेक उत्सव मनाया गया।

२३—महाराजा ट्रावनकोर अपने साथियों समेत ईस्ट इण्डीज़ से भारत लौट आये।

२ —फिलिस्तीन कमीशन रिपोर्ट पर हस्ताक्षर हुये।

२५—पंजाब बेकारी जाँच कमेटी का निर्माण हुआ।

२६—पटना के श्रीयुत जैप्रकाशनारायण जेल से छोड़ दिये गये।

२७—भारत की रेल के सम्बन्ध में वजवड कमेटी की रिपोर्ट प्रकाशित हुई।

२८—बम्बई में श्रीयुत बी० डी०

सावरकर का शानदार स्वागत हुआ।

२९—पंजाब ऐसेम्बली में ४१ मेम्बरों ने वाकआउट (walk-out) किया।

३०—बम्बई कारपोरेशम ने सेवा समिति सम्बन्धी कार्यवाहियों को स्थगित कर देने का निर्णय प्रकट किया।

जुलाई

१—बिहार सरकार ने झरिया कान्स-पिरेसी केस के राजनैतिक अभियुक्तों को मुक्त कर दिया। सर आनन्द सरूप साहेबजी महाराज दयालबाग का स्वर्गवास।

२—इंगलैण्ड के प्रधान मंत्री ने इंगलैण्ड के लिये एक चतुर्मुखी कार्यक्रम प्रकाशित किया।

३—मद्रास कारपोरेशन ने अपने व्वायस्काउटस का सम्बन्ध बेडिन पावेल संस्था से तोड़ देने का निश्चय किया।

४—सर एस० एन० पोचखनवाला का स्वर्गबास।

५—कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बरधा में बैठक।

६—'ऐडवान्स' के सम्पादक को छे महीने की सख्त सज़ा तथा ५०० जुर्माना हुआ।

७—कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने सर्व-सम्मति से मंत्री-पद-ग्रहण नीति स्वीकृत की।

८—बिहार तथा मध्यप्रदेश के अस्थाई मंत्री मंडलों ने त्यागपत्र दिया।

९—डा० खरे ने सर्व प्रथम मध्यप्रदेश मंत्री मंडल का निर्माण किया।

१०—जंजीबार में भारतीय व्यापारियों ने "लौंगव्यापार" के योरोपिअन एकाधिकार का शांतिमय बिरोध करने का निश्चय किया।

११—अरब के 'राष्ट्ररक्षक दल' (National defense party) ने फिलिस्तीन कमीशन रिपोर्ट की निन्दा की।

१२—वैंगपिंग क्षेत्र पर जापान का चीन पर आक्रमण।

१३—इन्दौर की महारानी का स्वर्ग-बास।

१४—जंज़ीबार में लौंग की खेती करने वाले भारतवासियों को मनोवाञ्छित अधिकार प्रदान किये जाने का आश्वासन दिया गया।

१५—श्रीयुत राजगोपालाचार्य ने मद्रास में कांग्रेस मन्त्रिमंडल का निर्माण किया।

१६—भारत सरकार ने शुगर कन्वेन्शन को स्वीकार न करने का अंतिम निर्णय दे दिया ।

१७—आइरिश फ्री स्टेट की सरकार ने अपने नये विधान का समर्थन किया ।

१८—ब्रिटेन और रूस के मध्य तथा ब्रिटेन और जर्मनी के मध्य जल सन्धियाँ हुईं ।

१९—कश्मीर की राजमाता का स्वर्गबास होगया ।

२०—मद्रास सरकार ने श्री यूसुफ मेहरअली की सारी सज़ा माफ़ करदी और उनको जेल से छोड़ देने की आज्ञा निकाल दी ।

२१—पंजाब के प्रधान मंत्री ने श्री० खान अब्दुलगफ़्फार खां को पंजाब में आने की अनुज्ञा प्रकाशित की ।

२२—श्री डिवेलरा आयरलैण्ड के पुनः सभापति चुने गये ।

२३—ब्रिटिश सम्राट ने बम्बई के गवर्नर श्री लम्ले को जी० सी० आई० ई० की पदवी प्रदान की

२४—बम्बई सरकार ने महाराष्ट्र नेता श्री सेनापति बापट को छोड़ दिया ।

२५—जापान ने ३७वीं चीनी डिवीजन फ़ौज पर भयंकर आक्रमण किया.

२६—श्री सम्पूर्णानन्द, अखिल भारतीय कांग्रेस सोशिलिस्ट पार्टी के सभापति, ने पार्टी से इस्तीफ़ा दे दिया ।

२७—डा० ए० लक्ष्मण स्वामी मुदालियर मद्रास मेडिकल कालेज के प्रधान अध्यापक नियुक्त हुए ।

२८—मद्रास सरकार ने 'कोटापटन समर स्कूल केस' के क़ैदियों को छोड़ देने की आज्ञा दी ।

२९—भारत में वोकेशनल शिक्षा पर एबट वुड रिपोर्ट प्रकाशित हुई .

३०—सर सैय्यद रास मसूद का स्वर्गबास हो गया ।

३१—अण्डमान में १८७ कैदियों ने हड़ताल तथा ७० ने भूख हड़ताल प्रारम्भ की ।

अगस्त

१—राबिन चटर्जी अमृतसर में ३४ घंटे तक लगातार तैरे ।

२—भारत सरकारने सितम्बर में होने वाले लीग एसेम्बली के अधिवेशन (जिनेवा) के लिये भारतीय प्रतिनिधियों को नियोजित किया ।

३—बम्बई सरकार ने २२७ ग़ैरकानूनी संस्थाओं से रोक हटाई. ।

४—वाइसराय और गांधी जी की दिल्ली में मुलाक़ात।

५—डा० के० पी० जायसवाल (पटना) का स्वर्गबास।

६—बिहार सरकार ने अपने प्रान्तीय क़ैदियों को अण्डमान से वापिस लेने के लिये आज्ञा प्रकाशित की।

७—सोवियट रूस तथा यूनाइटेड स्टेटस अमेरिका मे एक व्यापारी संधि हुई।

८—कानपुर में ५०००० मिल मज़दूरों नें हड़ताल की।

९—उत्तरी चीन में ३००० जापानी पेकिंग में घुसे।

१०—मध्य भारतीय देशी राज्यों की कान्फ्रेन्स की बैठक झांसी में हुई।

११—कानपुर की मिल हड़ताल का अन्त हुआ।

१२—आसाम के भूतपूर्व गवर्नर सर माइकेल कीन का स्वर्ग बास।

१३—बंगाल लेजिस्लेटिव एसेम्बली ने सदस्यों का १५०) माहवारी बेतन बांध दिया।

१४—बंगाल में अण्डमन के क़ैदियों के प्रति सहानुभूति रखने वाले जुलूस पर की गई लाठी वर्षा के विरुद्ध सारे भारत में अण्डमन दिवस मनाया गया।

१५—कानपुर के मिल मज़दूरों ने भीषण हड़ताल प्रारम्भ की।

१६—कांग्रेस वर्किंग कमेटी की वर्धा में बैठक हुई।

१७—अण्डमन दिवस मनाने पर पुलिस द्वारा लाठी वर्षा करने के सम्बन्धन में कांग्रेस ने बंगाल असेम्बली में एडजर्नमेण्ट मोशन (काम रोकने का प्रस्ताव) रक्खा। पर रद्द कर दिया गया।

१८—चीनी फ़ौज़ों ने 'नन्को पास' में ५००० जापानियों को मार डाला।

१९—अमेरिका ने जापान तथा चीन को अमेरिका निवासियों को सुरक्षित रखने के लिये चेतावनी दी।

२०—कलकत्ता में प्रेसीडेन्सी जेल के क़ैदियोंने भूख हड़ताल करदी। अण्डमन में कुछ भूख हड़तालियों की भयानक दशा।

२१—सीमाप्रांत सरकार ने 'पब्लिक ट्रेंक्विलिटी एक्ट' के अनुसार पास किये हुये देश निर्वासन आज्ञाओं को वापिस ले लिया।

२२—केन्द्रीय असेम्बली की शिमला में बैठक हुई।

२३—ज़ंज़ीबार व्यवस्था के सम्बन्ध में श्री सत्यमूर्ति द्वारा रक्खा हुआ एडजर्नमेण्ट मोशन रद्द कर दिया गया।

२४—इंगलैण्ड के आदेशानुसार चीन ने शंघाई पर उदासीन नीति प्रयोग करने का वचन दिया।

२५—केन्द्रीय एसेम्बली में इन्श्योरेन्स बिल पर सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट रक्खी गई।

२६—केन्द्रीय असेम्बली में एडजर्नमेण्ट मोशन पास हुआ।

२७—बंगाल असेम्बली में अण्डमन क़ैदियों पर वाद विवाद होते समय कांग्रेस सदस्यों ने वाकआउट कर दिया।

२८—महात्मा गांधी ने देशीराज्यों से तथा उन प्रान्तों से जहां कांग्रेस का बहु मत नहीं है नशा बन्द करदेने के लिये एक वक्तव्य प्रकाशित किया।

२९—अण्डमन के कैदियों ने भूख हड़ताल तोड़ दी।

३०—चीन और रूस में शांतिस्थापन करने के लिये एक संधि हुई।

३१—चीनी हवाई जहाजों ने अमेरिका के 'प्रेसीडेण्ट हूवर' नामक जहाज़ पर बम्ब वर्षा की।

सितम्बर

१—चीन सरकार ने अमेरिका से 'प्रेसीडेण्ट हूवर' पर बम्ब वर्षा हो जाने के कारण माफ़ी मांगी।

२—केन्द्रीय असेम्बली ने सर ए० एच० ग़ज़नवी के 'कोस्टल ट्रैफिक बिल को सेलेक्ट कमेटी में देने का निश्चय किया।

३—सीमाप्रान्त मंत्रीमंडल ने अपने प्रति अविश्वास प्रस्ताव पास हो जाने के कारण इस्तीफा दे दिया।

४—केन्द्रीय असेम्बली में सरदार सन्तसिंह का 'आर्मी एक्सपेण्डीचर रिडक्शन मोशन' पास होगया।

५—डा० खां साहेब ने सीमा प्रांत में कांग्रेस मन्त्री मंडल का निर्माण किया।

६—बंगाल असेम्बलीग ने अपना बजेट पास किया।

७—चीन ने जापान के विरुद्ध अन्तरराष्ट्रीय लीग से शिकायत की।

८—वायसराय ने श्री० भूलाभाई देसाई, श्री० सत्यमूर्ति तथा अन्य कांग्रेस नेताओं से भेंट की।

९—सभापति रुज़वेल्ट ने चीनी युद्ध क्षेत्र से हट आने के लिये सब अमेरिकन्स को आज्ञा दी।

१०—'कान्फ्रेन्स आन पायरेसी' की नियन में बैठक।

११—वायसराय ने शिमला में ललित कलाओं की प्रदिर्शनी का ऊद्‌घाटन किया।

१२—इटैली ने नियम की कान्फ्रेंस में कुछ शर्तों पर भाग लेने का विचार प्रकट किया।

१३—जिनेवा में श्री० आग़ा खां के सभापतित्व में लीग की असेम्बली की १८वीं बैठक।

१४—सभापति मसारिक का देहान्त होगया।

१५—यूरोपीय बड़े राष्ट्रों ने एण्टी-पायरेसी एग्रीमेण्ट पर हस्ताक्षर किये।

१६—जापान ने उत्तरी चीन पर बड़ा आक्रमण किया।

१७—बम्बई की कांग्रेसी सरकार ने सत्याग्रह आन्दोलन में ज़ब्त की हुई जायदाद को वापिस देने के लिये आज्ञा जारी की।

१८—सर रोजर लम्ले ने बम्बई की गवर्नरी का चार्ज लिया।

१९—राजा महमूदाबाद के सभापतित्व में मुस्लिम लीग की लखनऊ में बैठक।

डा० कैलाशनाथ काठजू (मंत्री) बरेली बम्बकाण्ड के सम्बन्ध में बरेली गये।

२०—बम्बई सरकार ने अनिवार्य प्रारम्भिक शिक्षा के लिये एक प्रस्ताव पास किया।

२१—जापान के यह घोषित करने पर कि नानकिंग पर बम्ब वर्षा होगी अमेरिकन राजदूत ने वहाँ से प्रस्थान कर दिया।

२२—इटैलीने नियन संधि का संशोधन करने के सम्बन्ध में फ्रान्स व इंगलैंड के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया।

२३—जापानी हवाई जहाजों ने कैन्टन तथा नानकिंग पर बम्बवर्षा की।

२४—अण्डमान के २४ राजनैतिक क़ैदी कलकत्ता आये।

२५—मद्रास असेम्बली में शराब-बन्दी बिल लाया गया।

२६—मुसोलिनी तथा हिटलर की म्यूनिच में भेंट।

२७—मद्रास सरकार ने मादक-वस्तु-निषेध बिल पास किया।

२८—केन्द्रीय असेम्बली ने एक प्रस्ताव द्वारा वायसराय से 'शुगर कन्वेन्शन' को स्वीकार न करने के लिये आग्रह किया।

२९—लार्ड पील का देहान्त हो गया। बंगाल असेम्बली में 'बंगाल टिनैन्सी अमेण्डिग बिल' पास हुआ।

३०—पं० नेहरू ने जापानी वस्तुओं का बायकाट करने के लिये अनुरोध किया।

श्रीयुत एम० एन० राय

श्रीमती कमला देवी चट्टोपाध्याय

श्रीयुत आचार्य नरेन्द्र देव

श्रीयुत भूलाभाई देसाई

श्रीयुत एम० ए० जिन्ना

श्रीयुत शरत चन्द्र बोस

अक्तूबर

१—फेडरल कोर्ट के चीफ़ जस्टिस तथा उनके दो सहकारी जज नियुक्त हुये।

२—केन्द्रीय असेम्बली में इन्श्योरेन्स बिल की तीसरी रीडिंग समाप्त हुई।

३—भारत में महात्मा गांधी की ६९वीं बर्षगाँठ मनाई गई।

४—इंगलैण्ड तथा फ्रान्स ने इटैली को स्पेन से अपने स्वयं सेवक हटा लेने के लिये कहा।

५—प्रोफेसर रैपसन का देहान्त।

६—लीग आफ नेशन्स की १३ सदस्यों की कमेटी ने चीन पर जापनी आक्रमण के विरुद्ध रिपोर्ट प्रकाशित की।

७—सर रोजर लम्ले सर्व प्रथम बम्बई कैबिनट पर सभापति बनकर बैठे।

८—जापान और इटैली ने पूर्वी देशों के संबंध में कान्फ्रेन्स में शामिल होने से इनकार कर दिया।

९—श्री० रवीन्द्रनाथ टागोर ने चीन पर जापानी आक्रमण का घोर विरोध किया।

१०—"आल इण्डिया पोलिटिकल प्रिज़नर्स रिलीज़ कान्फ्रेंस" की गर्दीबाला में बैठक हुई।

११—जापान ने हुपई में चीन के अन्तिम गढ़ को बिजय किया।

१२—लखनऊ में अखिल भारतीय शिया राजनैनिक कान्फ्रेंस की बैठक हुई।

१३—हिन्दोस्तान और जापान के बीच एक व्यापारिक संधि स्थापित हुई।

अलीगढ़ में स्थानीय बम्बकाण्ड के सम्बन्ध में अनेक गिरिफ़्तारियाँ हुई।

१४—सरदार पटेल ने राष्ट्रीय कांग्रेस के लिये हरिपुरा में बिट्ठलनगर बनवाना प्रारम्भ किया।

१५—लखनऊ में मि० एम० ए० जिन्ना के सभापतित्व में अखिल भारतीय मुस्लिमलीग कान्फ्रेन्स की बैठक हुई।

करांची में भाई परमानन्द के सभापतित्व में सिन्ध हिन्दू कान्फ्रेन्स की बैठक हुई।

१६—पेशावर में पं० नेहरू का अपूर्व स्वागत हुआ।

१७—भारत सरकार ने "इण्डो ब्रिटिश ट्रेड" वार्ता के सम्बन्ध में गये हुये भारतीय प्रतिनिधियों को लन्दन से वापिस बुलाया।

१८—अखिल भारतीय मुस्लिम लीग ने पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पास किया।

१९—अमृतसर में मुस्लिम-सिक्ख दंगा प्रारम्भ हुआ।

२०—लार्ड रुदरफोर्ड का देहान्त।

२१—बोमू के प्रोफेसर जैकोबी का देन्हात।

२२—पार्लीमेण्ट स्थगित हुई। सम्राट ने निकट भविष्य में ही संघ-शासन चरितार्थ होने की घोषणा की।

२३—कुमारी जीन बैटन इंगलैण्ड से अस्ट्रेलिया को न्यूनतम समय में हवाई जहाज़ ले गई।

२४—मैसूर सरकार ने श्री नारीमैन को गिरिफ़्तार कर लिया।

२५—लार्ड टेनीसन अपनी क्रिकेट टीम के साथ भारत आये।

२६—कांग्रेस की मज़दूर समिति ने कांग्रेस मंत्री मंडलों के लिये ११ प्रस्तावों की एक विज्ञप्ति प्रकाशित की।

२७—जापान ने ब्रुसेल्स में होने वाले राष्ट्र सम्मेलन में भाग लेने से इनकार कर दिया।

२८—अण्डमन क़ैदियों की रिहायी के सम्बन्ध में महात्मा गांधी बंगाल मंत्री मंडल से मिले।

२९—श्री जी० पी० नेयर अटलाँटिक महासागर को हवाई जहाज़ से पार करते समय फ्रान्स में गिर पड़े।

३०—अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की कलकत्ता में बैठक हुई।

३१—ट्रावनकोर के महाराज ने ट्रावनकोर विश्वविद्यालय के स्थापित किये जाने की घोषणा की।

नवम्बर

१—सर टामस स्टुवार्ट ने बम्बई काठियावाड़ एअर सर्विस का उद्घाटन किया।

२—सर ज्योफ्रे कारबेट का देहान्त।

३—ब्रुसेल्स में फार ईस्टर्न कान-फ्रेंस की बैठक।

४—बीकानेर में स्वर्णजयंती के अवसर पर वायसराय पधारे।

५—इटैली, जर्मनी और जापान में एक संधि हुई।

६—सर टामस स्टुवार्ट ने दिल्ली एअर सर्विस का उद्घाटन किया।

७—पं० नेहरू ने कांग्रेस मंत्री मंडलों के लिये एक वक्तव्य प्रकाशित किया।

८—श्रीयुत नारीमैन ने बम्बई प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी के सभापतित्व से इस्तीफ़ा दे दिया।

६—श्रीयुत रमज़े मेकडोनल्ड का देहान्त।

१०—श्री सुभाष चन्द्र बोस कलकत्ता कारपोरेशन के ऐल्डर मैन चुने गये।

११—लार्ड तथा लेडी ब्रेबोर्न ने मारसेलीज़ से भारत के लिए जहाज़ से प्रस्थान किया।

१२—फ्रान्स के प्रसिद्ध लेखक रोजर मार्टिन डुगार्ड को साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।

१३—जापान ने नाण्टो पर अधिकार कर लिया।

१४—श्री एस. एस. बाटलीवाला पर क्रान्तिमय भाषण देने के अपराध में अभियोग चलाया गया।

१५—श्री एन. एन. सरकार ने एसेम्बली से पास किये हुए इन्शोंरेन्स बिल को कौंसिल आफ स्टेट में रक्खा।

१६—नई दिल्ली में वायसराय ने ट्रिनियल कानफ्रेन्स आफ स्काउट्स का उद्घाटन किया।

१७—मद्रास मन्त्रीमंडल ने नील की मूर्त्ति को हटा देने की आज्ञा दी।

१८—श्री सुभाष बाबू ने योरुप के लिये प्रस्थान किया।

१६—लार्ड हेलीफेक्स ने बर्लिन में श्री० हिटलर से भेंट की।

२०—भारत सरकार ने इण्टरनेशनल पैक्ट पर अनुमति दी।

२१—बंगाल के "हिन्दू-मुस्लिम युनिटी एशोसियेशन" का उद्घाटन हुआ।

२२—सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक सर जगदीश चन्द्र बोस का देहान्त।

२३—सर जान एण्डरसन बंगालके गवर्नर इंगलेंड वापिस गये।

२४—"वर्धा शिक्षा समिति" ने अपनी रिपोर्ट महात्मा गांधी को पेश की।

२४—कौंसिल आफ़ स्टेट में इन्श्योरेन्स बिल पास हुआ।

२६—लार्ड ब्रेबोर्न बंगाल के गवर्नर नियुक्त होकर भारत आये।

२७—लाहौर में किसानों पर पुलिस ने गोली वर्षा की। अहमदाबाद में नवाब छतारी के सभापतित्व में स्वयं सेवकों (स्काउट्स) की गोलमेज़ कानफ़रेन्स हुई।

२८—अंतर्राष्ट्रीय परिस्थिति पर ब्रिटिश कैबिनेट से परामर्श करने के लिये फ्रान्स के मंत्री लन्दन आये।

२६—कलकत्ता में आल इण्डिया काउ प्रोटेक्शन कान्फ्रेंस की बैठक हुई।

३०—बड़ौदा के महाराज योरुप से लौट कर बम्बई आये।

दिसम्बर

१—जापान ने स्पेन में फ्रान्स के राज्य को स्वीकार कर लिया।

२—श्री राजगोपालाचार्य ने आन्ध्र विश्वविद्यालय में पदवीदान समारंभ में दीक्षांत भाषण दिया।

३—लार्ड लोथियन की भारत में आगमन।

४—सीमाप्रान्त के अब्दुल क़यूम का स्वर्गवास।

५—बंगाल सरकार ने सभी क़ैदी स्त्रियों को छोड़ने पर विचार प्रकट किया।

६—दिल्ली में फिडरल कोर्ट का उद्‌घाटन हुआ।

७—श्री० जी० ए० नेटसन मद्रास के शेरिफ नियुक्त हुये। सर गिरजाशंकर बाजपेई ने म्यूज़ियम्स कान्फ्रेंस का उद्‌घाटन किया।

८—श्री० एम० सी० सीतलवाड बम्बई के एडवोकेट जनरल नियुक्त हुये।

९—वायसराय ने दिल्ली में फारेस्ट कान्फ्रेन्स का उद्‌घाटन किया।

१०—डा० एन० हुसेन ने शिक्षा के सम्बन्ध में अपनी सप्तवर्षीय योजना प्रकाशित की।

११—बंगाल के गवर्नर ने क्षयरोग के विरुद्ध आन्दोलन आरम्भ किया।

१२—इटली ने लीग से स्तीफा दे दिया।

१३—जापानियों ने नानकिंग पर अधिकार कर लिया।

१४—पं० मदन मोहन मालवीय ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पदवीदान समारंभ में दीक्षांत भाषण दिया।

१५—अमेरिका ने, "पैने" जहाज़ पर की गई बम्ब वर्षा का, विरोध किया। जापान ने हानि को पूरा करने का वचन दिया।

१६—मध्यप्रदेश असेम्बली ने नशा-बन्दी बिल पर विचार करना कुछ काल के लिये स्थगित कर दिया।

१७—मारशल चाँग काई शेक ने जापान का विरोध आजीवन करने के सम्बन्ध में एक वक्तव्य प्रकाशित किया।

१८—बिहार असेम्बली में टिनेन्सी बिल पास हुआ। सर जदुनाथ सरकार के सभापतित्व में हिस्टारिकल रिकार्डस कमीशन की लाहौर में बैठक हुई।

१९—आल इण्डिया इण्डस्ट्रीज़

कान्फ्रेन्स की लाहौर में बैठक का अंत हुआ।

२०—ट्रिवेंड्रम में ओरियण्टल कान्फ्रेन्स की बैठक हुई।

२१—मद्रास के शेरिफ ने क्षयरोग के विरुद्ध आन्दोलन के निमित्त सार्वजनिक सभा की।

२२—बार्सीलोना में बम्ब वर्षा तथा बहुत से सिविलियन्स की मृत्यु।

२३—फ्रैंक केलाग, सुप्रसिद्ध संधि के प्रणेता का देहान्त।

२४—जापानियों ने चीनियों पर हांगचू में चारों ओर से आक्रमण कर दिया।

२५—देवास (सीनियर) के महाराजा का स्वर्गवास।

२६—डा० बी० सी० राय के सभापतित्व में आल इण्डिया मेडिकल कानफ़रेन्स की मद्रास में बैठक।

२७—कलकत्ता में आल इण्डिया एजूकेशनल कानफ़रेन्स की बैठक।

२८—जापान ने सिवान को पूर्णतया ले लिया तथा क्याँगटंग पर आक्रमण किया।

२९—सर चिम्मनलाल सीतलबाड के सभापतित्व में नेशनल लिबरल फिडरेशन की कलकत्ता में बैठक।

३०—श्री० डा० बी० सी० राय इण्डियन मेडिकल एसोसियेशन के सभापति चुने गये।

३१—श्री० रायबहादुर सी० एस० सुब्रामनियम, चेयरमैन इण्डो-कमर्शल बैंक, का स्वर्गवास।

समय ।

आर्यमतानुसार समय के विभाग

प्राचीन आर्यमतानुसार समय अथवा काल अनादि और अनन्त है । उसका अनाद्यनंतत्व निम्न लिखित विवेचन से स्पष्ट होगा ।

मनु तथा मन्वन्तर

जगत का नियन्ता ब्रह्मदेव माना जाता है । मानवी काल गणनानुसार जब ४ अब्ज ३२ हज़ार वर्ष व्यतीत होते हैं तब ब्रह्मदेव का एक दिवस होता है । जब इस प्रकार के दिवसों के १०० वर्ष व्यतीत होते हैं तब वह ब्रह्मदेव और उसकी सृष्टि लय को प्राप्त होती है । जग की उत्पत्ति होकर ब्रह्मदेव के ५० वर्ष हो चुके हैं । इस हिसाब से यह जगत कब उत्पन्न हुआ इसका पता चल सकता है । ब्रह्मदेव के एक दिवस के अन्तर्गत १४ मन्वन्तर होते हैं उनमें से स्वयंभु, स्वारोचिष, उत्तम, तामस, रैवत व चाक्षुष समाप्त होकर वैवस्वत मन्वन्तर चालू है । इसके अनन्तर सावर्णि, दक्षसावर्णि, ब्रह्मसावर्णि, धर्मसावर्णि, रुद्रसावर्णि, देवसावर्णि और इन्द्रसावर्णि ऐसे ७ मनवन्तर होने वाले हैं ।

युग

प्रत्येक मनु ७१ महायुग तक रहता है । एक महायुग ४३,२०,००० वर्ष चलता है । अब तक २७ महायुग हुये और २८ वां चल रहा है । इस महायुग में से कृतयुग (सत्ययुग) १७,२८,००० वर्ष, त्रेतायुग १२,९६,००० वर्ष, द्वापरयुग ८,६४,००० वर्ष ऐसे तीन युग समाप्त हो चुके हैं और चतुर्थ युग अर्थात् कलियुग (४,३२,०००) वर्ष चलरहा है जिसमें ५०३१ वर्ष व्यतीत हो चुके हैं ।

युगों की उत्पत्ति

सतयुग की उत्पत्ति कार्तिक शुक्ल ९ प्रथम प्रहर, चन्द्र श्रवण नक्षत्र वृद्धि योग में हुई । इस युग में सूर्यग्रहण १६०० और चन्द्रग्रहण १०,००० हुये । मनुष्य आयुर्बल १ लाखवर्ष था; उँचाई २१ हाथ । द्रव्य रत्न और पात्र सुवर्ण था । प्राण ब्रह्मांडमय तथा तीर्थ पुष्कर ।

त्रेतायुग की उत्पत्ति वैशाख शुक्ल ३ चन्द्र रोहिणी नक्षत्र, शोभन योग द्वितीय प्रहर में हुई । इस युग में सूर्यग्रहण १८०० और चन्द्रग्रहण ११००० हुये । प्राण अस्थिमय । मनुष्य आयुर्बल १०००० वर्ष और उँचाई

१४ हाथ थी। द्रव्य सुवर्ण और पात्र चाँदी था। तीर्थ नैमिषारण्य।

द्वापरयुग की उत्पत्ति माघ कृष्ण ३० शुक्रवार, धनिष्ठा नक्षत्र, वरीयसि योग, वृष लग्न में हुई। इस युग में सूर्यग्रहण ३६००, और चन्द्रग्रहण २०,००० हुए। मनुष्य आयुर्बल १००० वर्ष, उंचाई ७ हाथ और प्राण रुधिरगत। चाँदी के सिक्कों का प्रयोग, ताम्र के पात्र का निर्माण। तीर्थ कुरुक्षेत्र।

कलियुग की उत्पत्ति भाद्रपदकृष्ण १३ रविवार, चन्द्र आश्लेषा नक्षत्र में व्यतिपात योग, अर्ध रात्रि, मिथुन लग्नोदय में हुई। मनुष्यायुर्बल १०० वर्ष, उँचाई ३॥ हाथ, प्राण अन्नमय, द्रव्य कूट और पात्र मिट्टी। अस्थि का व्यवहार, तीर्थ गङ्गा।

वर्ष।

वेद कालीन ज्योतिष शास्त्रज्ञों ने कालमान का माप निश्चित करके समय के छोटे विभाग इस प्रकार किये हैं—वर्ष, ऋतु, मास, वार।

सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की एक प्रदक्षिणा समाप्त होने में जो काल व्यतीत होता है उसे सौर वर्ष कहते हैं। इसमें ३६५ दिन, ५ घंटे ४८ मिनट ४७॥ सेकंड होते हैं परन्तु चन्द्र भी पृथ्वी के चारों ओर फिरता है। उस में २७ दिन, १२ घण्टे ४८ मिनट और ४७॥ सेकन्ड लगते हैं किन्तु एक अमावस्या से दूसरी अमावस्या तक चन्द्र को पहुंचने में जो कालक्षेप होता है उसे चन्द्र का एक मास कहते हैं और इस प्रकार के १२ मास को चान्द्रवर्ष कहते हैं। चान्द्रवर्ष में ४५३ दिन ६ घंटे ४८ मिनट ३३. ४४ सेकण्ड होते हैं।

प्राचीन काल में कुछ समय तक ५ सौर वर्षों को एक लघुयुग और ५ गुरुवर्षों को अर्थात् ६०वर्षों को युग कहने की प्रथा चलती रही। पंचवार्षिक युग के वर्षों के नाम इस प्रकार थे—सम्वत्सर, परिवत्सर, इदावत्सर, अनुवत्सर, इदवत्सर। ६० सौर मास अथवा ६२ चान्द्रमास का एक युग में अर्थात् सम्वत्सर में ३६५ दिन परिवत्सर में ३५४ दिन, इदाबत्सर में ३८४ दिन, अनुवत्सर में ३५४ दिन और इदवत्सर में ३८३ दिन समझे जाते थे। इनके प्रीत्यर्थ यज्ञ में आहुति दी जाती थी। किन्तु अब इन युगों के मानने की प्रथा नहीं है। बृहस्पति को सूर्य के चारों ओर फिरने में १२ बर्ष लगते हैं इसलिये यह वर्ष बार्हसपत्य अथवा गुरुवर्ष कहलाता है। इस प्रकार ५ गुरुवर्षों में ६० साधारण वर्ष अथवा सम्वत्सर होते हैं जिनमें प्रत्येक का एक नाम होता है जो प्रभव से आरंभ होकर क्षय तक है। सम्वत्सरों के ये नाम आज तक प्रचलित हैं।

ऋतु ।

ऋतु ६ हैं—वसन्त (चैत्र-वैशाख) ग्रीष्म (ज्येष्ठ-आषाढ़) वर्षा (श्रावण-भाद्रपद) शरत् (आश्विन-कार्तिक) हेमन्त (मार्गशीर्ष-पौष) शिशिर (माघ-फाल्गुन)।
पूर्वामनु प्रदिशं पार्थिवानामृतून प्रशासद्विदधावनुष्ठ ॥ ऋ० १-६५-३१ सूर्य, ऋतुओं का नियमन कर, पृथ्वी की पूर्वादि दिशायें एक के बाद दूसरी निर्माण करता है। तैत्तिरेय संहिता में भी उपरोक्त षड्ऋतुओं के नाम दिये हैं,किसी २ स्थान पर हेमन्त और शिशिर का एकीकरण करके केवल ५ ऋतु माने हैं "वसन्तो ग्रीष्मो वर्षाः ते देवा ऋतवः शरद्धेमतः शिशिरस्ते पितरो ·····स यत्रोदगा वर्तते देवेषु तर्हि भवति······यत्र दक्षिणा वर्तते पितृषु तर्हि भवति।(शतपथ ब्राह्मण २-१)वसन्तादि पहले तीन ऋतु देवों के माने जाते हैं और शेष पितरों के इसी कारण भीष्म पितामह ने दक्षिणायन में (अर्थात् पितृ ऋतुओं के मध्य) प्राण त्यागना उचित न समझा।

मास

चन्द्र की साम्वत्सरिक गति २७ नक्षत्रों द्वारा होती है उस में से जो नक्षत्र जिस पौर्णिमा को उदय होता है उसी के अनुसार मास का नाम रक्खा गया है। उदाहरणार्थ चित्रा नक्षत्र युक्त पौर्णिमा वाला मास चैत्र। इसी प्रकार विशाखा, ज्येष्ठा, अषाढ़ा, श्रवण नक्षत्रों युक्त भिन्न भिन्न मास के नाम हैं। कभी २ इन नक्षत्रों का उदय आगे पीछे भी होता है।

वार।

वारों के नाम वेदों में नहीं हैं। वार की जगह वासर शब्द मिलता है। अथर्वज्योतिष में इस प्रकार श्लोक है—

आदित्यः सोमो भौमश्च
तथा बुध बृहस्पती
भार्गवः शनैशचरैशचैव
एते सप्तदिनाधिपाः ॥

याज्ञवल्क्य स्मृति में भी इस प्रकार श्लोक है।

सूर्यः सोमो महीपुत्रः
सोमपुत्रो बृहस्पतिः।
शुक्रः शनैश्चरो राहुः
केतुश्चेते ग्रहाः स्मृताः ॥

इसमें नवग्रहों के नाम दिये हैं। इससे पता चलता है कि याज्ञवल्क्य ऋषि के समय में दिनों के नाम प्रचलित हो गये होंगे।

पंचाङ्ग।

जिसमें तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण ये पांच अंग हों उसे पंचाङ्ग कहना चाहिये। इसी कारण

जिस पुस्तक में वर्ष सम्बन्धी ग्रहों तथा नक्षत्र राशि इत्यादि का ज्ञान रहता है उसे पंचांग कहने का प्रचात पड़ गया है ।

तिथि ।

आमावस्या के दिन सूर्य और चन्द्र एक स्थान में रहते हैं और चन्द्र प्रति दिन हटता २ दूसरी ओर पौर्णिमा तक जाता है और फिर वापिस आते २ अमावास्या को सूर्य के साथ एक स्थान में आजाता है। इस गति के ३६० अंश होते हैं और इन ३६० अंशों में ३० तिथियां होती हैं अर्थात् १ चांद्र मास में ३६० अंश और ३० तिथियाँ होती हैं। दूसरे अर्थ से १ तिथि में चन्द्र १२ अंश सूर्य से हट जाता है। ६३.६ दिनों में १ तिथि का लोप हो जाता है अर्थात् १२ चन्द्र मासों में ५, ६ तिथियों का लोप हो जाता है। दो दिन सूर्योदय पर एक ही तिथि रहने से तिथि वृद्धि और सूर्योदय पर तिथि न रहने पर तिथि क्षय होती है।

वार ।

सूर्योदय से लेकर दूसरे सूर्योदय तक के काल को वार कहते हैं।

नक्षत्र ।

नक्षत्र मण्डल के २७ भाग किये गये हैं जिस प्रत्येक भाग में ८०० कलायें होती हैं। इस प्रत्येक भाग के भ्रमण करने में चन्द्र को जितना समय लगता है उस काल को नक्षत्र कहते हैं। ताराओं के कुछ विशिष्ट समूह को भी नक्षत्र कहते हैं। नक्षत्र २७ हैं। वे इस प्रकार हैं—अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहणी, मृग, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा, उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शततारका, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा, रेवती, इन्हीं नक्षत्रों से मिलकर १२ राशियां बनती हैं जो इस प्रकार हैं—मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धन, मकर, कुम्भ, मीन।

योग ।

चन्द्र सूर्य के भोगमान को योग (जोड़) करके उस पर से ८०० कलाओं के योग आने में जो काल व्यतीत होता है उसे योग कहते हैं।

करण ।

तिथि के आधे काल को करण कहते हैं।

—:०:—

ज्योतिष शास्त्र ।

ज्योतिष शास्त्र को इस उच्चावस्था तक पहुंचाने का श्रेय आर्यभट्ट (शक ३९८) वराहमिहिर (शक ५२१) ब्रह्मगुप्त (शक ५२०) प्रभृत प्राचीन पण्डितों को है। जयपुर, काशी, उज्जयनी, मथुरा, तक्षशिला आदि स्थानों में आकाश में ग्रह तथा नक्षत्रों

के वेध देखने के लिये वेध शालायें थीं।

ज्योतिष शास्त्र पर अनेक ग्रन्थ उपलब्ध हैं । १८ सिद्धान्त लिखे गये थे ऐसा कहते हैं जिनमें से पाराशर तन्त्र,, गर्ग संहिता, ब्रह्म-सिद्धान्त सूर्य सिद्धांत वशिष्ट सिद्धान्त, रोमकसिद्धान्त पुलस्त सिद्धान्त प्रसिद्ध हैं। इन अन्त के पांच सिद्धान्तों से वराहमिहिर ने पंचसिद्धान्तिका नामक ज्योतिष ग्रन्थ लिखा ।

—:०:—

प्रचलित सन् ।

भारत में अनेक सन् ज़ारी हैं उनका संक्षिप्त वर्णन निम्न लिखित है—

सप्तर्षि काल ।

काल की गणना की यह पद्धति काश्मीर तथा उसके निकटवर्ती प्रान्तों में चालू है। इसे "लौकिक काल" अथवा "शास्त्र काल" भी कहते हैं। ध्रुव नक्षत्र के चारों ओर १०० वर्ष में सप्तर्षि एक नक्षत्र आक्रमण करते हैं। इस प्रकार २७०० वर्ष में प्रदक्षिणा पूर्ण होती है। इसी सिद्धान्त पर यह काल गणना निर्धारित है। प्रत्येक सौ वर्ष के अनन्तर वर्षों के पहिले नाम का आरम्भ हो जाता है।

बिक्रम संम्वत ।

उत्तरी हिन्दुस्तान में (बङ्गाल को छोड़ कर) यह सम्वत् प्रचलित है। ईस्वी सन् के ५६ वर्ष पहिले इस सम्बत् का प्रारम्भ माना जाता है परन्तु उसके ६०० वर्ष पीछे तक भी इस सम्बत् का उल्लेख प्राचीन ग्रन्थों में नहीं मिलता ऐसा विद्वानों का मत है। ऐसा भी कहते हैं कि लगभग ६०० ईस्वी में उज्जैन के प्रसिद्ध राजा विक्रमादित्य ने परदेशी आक्रमण करने वालों को परास्त किया इस कारण उक्त विक्रमादित्य के नाम से यह सम्बत्सर जारी हुआ। कुछ विद्वानों का यह भी मत है कि यह सम्बत् ईस्वी सन् के ५६ वर्ष पूर्व से मालव-कुलोत्पन्न लोगों में जारी था और बिक्रमादित्य के काल में मालव जाति की उन्नति हुई इस कारण उसका नाम इस सम्बत् से सम्बद्धित कर दिया गया।

शालिवाहन शक ।

शालिवाहन नामक एक कुम्हार के पुत्रने मिट्टी की सेना तैयार करके उसमें जीव भर दिया और इस मिट्टी की सेना से शक जाति को परास्त किया। स्पष्ट अर्थ यही है कि मृत्तिकावत् निर्जीव प्रजा को उत्तेजना देकर शालिबाहन ने युद्ध करने पर तत्पर कर दिया और शक जाति के योद्धाओं को हरा कर नर्मदा के पार उत्तर की ओर भगा दिया। इसी बिजय के उपलक्ष में शालिबाहन नृप शक आरम्भ किया गया। मलवार व तिन्नेवल्ली प्रदेश छोड़ कर यह शक सारे दक्षिण भारत में

प्रचलित हैं। इसका वर्ष चांद्र व सौर है। भारत के उत्तरी प्रदेशों में से अनेक प्रदेशों में अन्य स्थानिक सम्वत्सरों के साथ शक सन् का भी उपयोग किया जाता है। नर्मदा के उत्तर में इसके महीने पौर्णिमान्त हैं और दक्षिण भाग में अमान्त हैं। इसका आरम्भ ईस्वी सन् के ७८ वें वर्ष में हुआ। कतिपय इतिहासकारों का कहना है कि ईस्वी सन् की पहिली शताब्दी में शक राजा कनिष्क के नाम से यह शक आरम्भ हुआ अर्थात् बौद्ध धर्मीय राजा के नाम का यह शक है। इस राजा ने कश्मीर और पश्चिमी भारत पर अपनी सत्ता जमाई इस कारण यह शक प्रचलित हुआ। तिब्बत, ब्रह्मदेश, जावा, सिंहल द्वीप इत्यादि प्रदेशों में शक प्रचलित था। प्राचीन लेखों में "शक नृप काल" "शकेन्द्र काल" ऐसा वर्णन है। बंगाल के पंचांगों में "शकनरपतेः अतिताब्द" वर्णन रहता है।

हिजरी सन्

यह सन् अरबस्थान का है। मुसलमानी धर्म के संस्थापक श्री मुहम्मद पैग़म्बर को धर्म सम्बन्धी सुधारणायें करने के प्रयत्नों के कारण अपने प्राण रक्षा करने के निमित्त मक्का से मदीना भागना पड़ा। वह समय हिजरी अथवा पलायन काल नाम से प्रसिद्ध हुआ। इसका प्रारम्भ ई० स० ६२२ में ता० १५ जुलाई को हुआ। शक शालिवाहन ५४४ (सम्बत् ५६६ वि०) श्रावण शुक्ल २ गुरुवार रात्रि काल अथवा मुसलमानी शुक्रवार की रात्रि को आरम्भ हुआ। बारा चांद्र मास मिलकर ३५४-५५ दिनों का हिजरी वर्ष होता है। वार का आरम्भ सूर्यास्त से होता है। यह सन् मुसलमानी शासन काल में भारत में आया।

बंगाली सन्

बंगाली सन् बंगाल में प्रचलित है। इसका आरम्भ ईसवी सन् के ५९३ वर्ष बाद हुआ। वर्ष का आरम्भ मेष संक्रांति से (चैत्र वैशाख) होता है। इस प्ररम्भिक मास को वैशाख कहते हैं।

विलायती सन् व अमली सन्

उड़िया प्रान्त के राजा इन्द्रद्युम्न की जन्म तिथि भाद्र पद शुक्ल १२ से अमली वर्ष आरम्भ होता है। वर्ष चांद्र और सौर है।

विलायती सन् बंगाल के कुछ भागों में और विशेषतः उड़ीसा प्रान्त में प्रचलित है। इसका वर्ष सौर है किन्तु मासों के नाम चांद्र हैं। वर्षारम्भ कन्या राशि की संक्रान्ति से (भाद्र पद से) होता है।

फ़सली सन्

ये दोनों सन् ईसवी सन् के पश्चात ५९२ से आरम्भ हुये हैं।

अकबर ने यह सन् आरम्भ किया। अकबर का राज्यारोहण ई० स०

१५५६ में हुआ। उसी समय से फ़सली सन् का प्रारम्भ है। वर्षारम्भ आश्विन कृष्ण १ से होता है। ईस्वी सन् से फ़सली सन् ५९२-९३ वर्ष कम है। यह सन् फसलों के हिसाब से है।

सूर सन्

यह सन् मराठों के शासन काल में प्रचलित रहा। इस सन् को शाहूर सन् भी कहते हैं। कहीं कहीं अब भी जारी है। ईस्वी सन् से ५९९-६०० वर्ष कम है। महीनों के नाम मुसलमानी हैं।

मगी सन्

यह सन् चिटगांव (पूर्वी बंगाल) की ओर प्रचलित है। बंगाली सन् से ४५ वर्ष कम है अन्यथा दोनों एक से हैं।

कोल्लम अथवा परशुराम कोल

यह सन् केरलदेश अर्थात् मलावार में जारी है। मङ्गलौर से राजकुमारी तक कोल्लम काल कहते हैं। मासों के नाम राशियों के अनुसार हैं जैसे कन्नी व चिंगभ नाम कन्या व सिंह राशियों के अपभ्रंश हैं। मलावार के उत्तर भाग में कन्या राशि में सूर्य आते ही (अर्थात् भाद्र पद में) वर्षारम्भ होता है। अन्य स्थानों में सिंह राशि में सूर्य आते ही (श्रावण) में वर्ष आरम्भ होता है। १००० वर्ष का एक चक्र इस प्रकार चौथा चक्र चालू है। ऐसा वहां के लोग कहते हैं। ईस्वी सन् से ८२४-२५ वर्ष यह सन् कम है। केरल प्रदेश परशुराम ने समुद्र से मुक्त किया इस कारण यह काल उनके नाम से जारी हुआ ऐसी बदन्ती है।

राज शक

श्री छत्रपति शिवाजी महाराज ने ज्येष्ट शुक्ल १३ आनन्द नाम सम्बतसर शके १५९६ को आरम्भ किया। यह वर्ष उसी तिथि से बदलता है। ई० सन् से यह वर्ष १६७३-७४ वर्ष कम है।

ईस्वी सन्

अंग्रेजी राजसत्ता भारत में स्थापन होने के साथ ही यह सन् भारत में जारी हुआ। सुप्रसिद्ध धर्म संस्थापक येशूख्रिस्त की जन्म तिथि से यह सन् आरम्भ हुआ। पहिली जनवरी से आरम्भ होता है। प्रत्येक मास के दिन निश्चित हैं। और यह वर्ष सौर वर्ष होने के कारण ४ वर्ष में फरवरी मास में १ दिन जोड़ दिया जाता है। किन्तु १०० वर्ष में १ दिन की अधिकता पड़ जाती है इस कारण फरवरी मास के २८ ही दिन प्रत्येक १०० वर्ष में रक्खे जाते हैं। तृतीय जार्ज के समय में एक वर्ष में से एकदम ११ दिन कम कर दिये गये और सौर वर्ष से मिलान कर लिया गया।

——:०:——

जगत के भिन्न २ स्थानों का समय।

ग्रीनविच (इंगलैण्ड) १२ बजे मध्यान्ह।

म० पू० = मध्यान्ह पूर्व म० प० = मध्यान्ह पश्चात्।

स्थान	समय	स्थान	समय
एडलेड	६–१४ म० प०	बर्लिन	०–५४ म० प०
एडिनबर्ग	११–४७ ,,	बरनी	०–३० म० प०
आकलैंण्ड(न्यूज़ीलैण्ड)	१–३६ ,,	बम्बई	४–५१ ,,
कलकत्ता	५–५३ ,,	बोस्टन (यू० एस०)	७–१६ म० पू०
केप आफ गुडहोप	१–१४ ,,	ब्रूसबेन(क्वीन्सलैण्ड)	१०–१२म०प०
कांस्टेन्टीनोपल कुस्तुन्तुनिया	१–५६ ,,	ब्रुसल्स	०–१७ ,,
		मद्रास	५–२१ ,,
क्यूबेक	७–१५ म० पू०	मेड्रिड	११–४५ म० पू०
ग्लासगो	११–४३ ,,	मालटा	०–५८ म प०
जेरुसलम	२–२१ म० प०	मेलबोन (आस्ट्रिया)	६–४० ,,
टोरोण्टो	६–४२ म० पू०	मास्को	२–३० ,,
डब्लिन	११–३५ ,,	रोम (इटली)	०–५० ,,
न्यूफाउण्डलैण्ड	८–२६ ,,	राटरडेम	०–१८ ,,
न्यूयार्क	७–४ ,,	लिसबन	११–२३ म० पू०
पेरिस	६–६ म० प०	व्हेन्कोवर	३–३८ ,,
पेकिन	७–४६ ,,	व्हायना	१–५ म० प०
पेनजेन्स	११–३७ म० पू०	सिडनी	१०–५ ,,
पर्थ (आस्ट्र०)	७–४३ म० प०	स्वेज़	२–१० ,,
पोर्ट मोरेसबी	१०–४ ,,	सैनफ्रान्सिसको पोर्ट	३–५२ म० पू०
प्रेग	८–५८ ,,	सेन्ट पिटर्सबर्ग	२–१ म० प०
फ्लारेन्स	०–४५ म० पू०	स्टाकहाल्म	१–१२ ,,
फिलाडेलफिया	६–५६ ,,	हावर्ट (टस्मानिया)	६–४६ ,,

❀ कलेण्ड सन् १९३८ ई० ❀

जनवरी

रविवार	३०	२	९	१६	२३
चन्द्रवार	३१	३	१०	१७	२४
मंगलवार	❀	४	११	१८	२५
बुधवार	❀	५	१२	१९	२६
गुरुवार	❀	६	१३	२०	२७
शुक्रवार	❀	७	१४	२१	२८
शनिवार	१	८	१५	२२	२९

फ़रवरी

रविवार	❀	६	१३	२०	२७
चन्द्रवार	❀	७	१४	२१	२८
मंगलवार	१	८	१५	२२	❀
बुधवार	२	९	१६	२३	❀
गुरुवार	३	१०	१७	२४	❀
शुक्रवार	४	११	१८	२५	❀
शनिवार	५	१२	१९	२६	❀

मार्च

रविवार	❀	६	१३	२०	२७
चन्द्रवार	❀	७	१४	२१	२८
मंगलवार	१	८	१५	२२	२९
बुधवार	२	९	१६	२३	३०
गुरुवार	३	१०	१७	२४	३१
शुक्रवार	४	११	१८	२५	❀
शनिवार	५	१२	१९	२६	❀

अप्रैल

रविवार	❀	३	१०	१७	२४
चन्द्रवार	❀	४	११	१८	२५
मंगलवार	❀	५	१२	१९	२६
बुधवार	❀	६	१३	२०	२७
गुरुवार	❀	७	१४	२१	२८
शुक्रवार	१	८	१५	२२	२९
शनिवार	२	९	१६	२३	३०

मई

रविवार	१	८	१५	२२	२९
चन्द्रवार	२	९	१६	२३	३०
मंगलवार	३	१०	१७	२४	३१
बुधवार	४	११	१८	२५	❀
गुरुवार	५	१२	१९	२६	❀
शुक्रवार	६	१३	२०	२७	❀
शनिवार	७	१४	२१	२८	❀

जून

रविवार	❀	५	१२	१९	२६
चन्द्रवार	❀	६	१३	२०	२७
मंगलवार	❀	७	१४	२१	२८
बुधवार	१	८	१५	२२	२९
गुरुवार	२	९	१६	२३	३०
शुक्रवार	३	१०	१७	२४	❀
शनिवार	४	११	१८	२५	❀

जूलाई

रविवार	३१	३	१०	१७	२४
चन्द्रवार	❀	४	११	१८	२५
मंगलवार	❀	५	१२	१९	२६
बुधवार	❀	६	१३	२०	२७
गुरुवार	❀	७	१४	२१	२८
शुक्रवार	१	८	१५	२२	२९
शनिवार	२	९	१६	२३	३०

अगस्त

रविवार	❀	७	१४	२१	२८
चन्द्रवार	१	८	१५	२२	२९
मंगलवार	२	९	१६	२३	३०
बुधवार	३	१०	१७	२४	३१
गुरुवार	४	११	१८	२५	❀
शुक्रवार	५	१२	१९	२६	❀
शनिवार	६	१३	२०	२७	❀

सितम्बर

रविवार	❀	४	११	१८	२५
चन्द्रवार	❀	५	१२	१९	२६
मंगलवार	❀	६	१३	२०	२७
बुधवार	❀	७	१४	२१	२८
गुरुवार	१	८	१५	२२	२९
शुक्रवार	२	९	१६	२३	३०
शनिवार	३	१०	१७	२४	❀

अक्टूबर

रविवार	३०	२	९	१६	२३
चन्द्रवार	३१	३	१०	१७	२४
मंगलवार	❀	४	११	१८	२५
बुधवार	❀	५	१२	१९	२६
गुरुवार	❀	६	१३	२०	२७
शुक्रवार	❀	७	१४	२१	२८
शनिवार	१	८	१५	२२	२९

नवम्बर

रविवार	❀	६	१३	२०	२७
चन्द्रवार	❀	७	१४	२१	२८
मंगलवार	१	८	१५	२२	२९
बुधवार	२	९	१६	२३	३०
गुरुवार	३	१०	१७	२४	❀
शुक्रवार	४	११	१८	२५	❀
शनिवार	५	१२	१९	२६	❀

दिसम्बर

रविवार	❀	४	११	१८	२५
चन्द्रवार	❀	५	१२	१९	२६
मंगलवार	❀	६	१३	२०	२७
बुधवार	❀	७	१४	२१	२८
गुरुवार	१	८	१५	२२	२९
शुक्रवार	२	९	१६	२३	३०
शनिवार	३	१०	१७	२४	३१

चैत्र बैशाख सम्बत् १९९५
ता० १ अप्रैल से ३० अप्रैल १९३८

वार	चैत्र बैशाख	सफ़र	अप्रैल	विशेष विवरण
शु	१	२९	१	
श	२	३०	२	
र	३	१	३	सफ़र
चं	४	२	४	
मं	५	३	५	
बु	६	४	६	
गु	७	५	७	
शु	८	६	८	रामनवमी
शु	९	०	०	
श	१०	७	९	
र	११	८	१०	
चं	१२	९	११	
मं	१३	१०	१२	
बु	१४	११	१३	
गु	१५	१२	१४	हनुमज्जन्म
शु	१	१३	१५	वैषाख
श	२	१४	१६	
र	३	१५	१७	
चं	४	१६	१८	
मं	५	१७	१९	
बु	६	१८	२०	
गु	६	१९	२१	
शु	७	२०	२२	
श	८	२१	२३	
र	९	२२	२४	
चं	१०	२३	२५	
मं	११	२४	२६	
बु	१२	२५	२७	
गु	१३	२६	२८	
शु	१४	२७	२९	
श	३०	२८	३०	

बैषाख ज्येष्ठ सम्बत् १९९५
ता० १ मई से २९ मई १९३८

वार	बैशाख ज्येष्ठ	रबीउल अव्वल	मई	विशेष विवरण
र	१	२९	१	
र	२	०	०	
चं	३	१	२	रबीउलअव्वल
मं	४	२	३	
बु	५	३	४	
गु	६	४	५	
शु	७	५	६	
श	८	६	७	
र	९	७	८	
चं	१०	८	९	
मं	११	९	१०	
बु	१२	१०	११	
गु	३	११	१२	
शु	१४	१२	१३	
श	१५	१३	१४	
र	१	१४	१५	ज्येष्ठ
चं	२	१५	१६	
मं	३	१६	१७	
बु	४	१७	१८	
गु	५	१८	१९	
शु	६	१९	२०	
श	७	२०	२१	
र	८	२१	२२	
चं	९	२२	२३	
मं	१०	२३	२४	
बु	११	२४	२५	
गु	१२	२५	२६	
शु	१३	२६	२७	
श	१४	२७	२८	
र	३०	२८	२९	वटपूजन

ज्येष्ठ आषाढ़ सम्बत् १९९५
ता० ३० मई से २७ जून १९३८

वार	ज्येष्ठ आषाढ़	रबीउल आख़िर	मई, जून	विशेष विवरण
चं	१	२९	३०	
मं	२	१	३१	रबीउलआख़िर
बु	३	२	१	जून
गु	४	३	२	•
शु	५	४	३	
शु	६	०	०	
श	७	५	४	
र	८	६	५	
चं	९	७	६	
मं	१०	८	७	गंगा दशहरा
बु	११	९	८	भीमसेनी एका०
गु	१२	१०	९	
शु	१३	११	१०	
श	१४	१२	११	
र	१५	१३	१२	
चं	१	१४	१३	आषाढ़
मं	१	१५	१४	
बु	२	१६	१५	
गु	३	१७	१६	
शु	४	१८	१७	
श	५	१९	१८	
र	६	२०	१९	
चं	७	२१	२०	
मं	८	२२	२१	
बु	९	२३	२२	
गु	१०	२४	२३	
शु	११	२५	२४	
श	१२	२६	२५	
र	१३	२७	२६	
र	१४	०	०	
चं	३०	२८	२७	

आषाढ़ श्रावण सम्बत् १९९५
ता० २८ जून से २७ जुलाई १९३८

वार	आषाढ़ श्रावण	जमादिउलअव्वल	जून जौलाई	विशेष विवरण
मं	१	२९	२८	
बु	२	३०	२९	
गु	३	१	३०	जमादिउलअव्व
शु	४	२	१	जुलाई
श	५	३	२	
र	६	४	३	
चं	७	५	४	
मं	८	६	५	
बु	९	७	६	
गु	१०	८	७	
शु	११	९	८	
श	१२	१०	९	
र.	१३	११	१०	
चं	१४	१२	११	
मं	१५	१३	१२	आषाढ़ी
बु	१	१४	१३	श्रावण
गु	२	१५	१४	
शु	३	१६	१५	
श	४	१७	१६	
र	५	१८	१७	नागपंचमी
चं	६	१९	१८	
मं	७	२०	१९	
बु	८	२१	२०	
गु	९	२२	२१	
शु	१०	२३	२२	
श	११	२४	२३	
र	१२	२५	२४	
चं	१३	२६	२५	
मं	१४	२७	२६	
बु	३०	२८	२७	

श्रावण भाद्र सम्बत् १९९५
ता० २८ जौलाई से २५ अगस्त १९३८

वार	श्रावण भाद्र	जमादिउलआख़िर	जौलाई अगस्त	विशेष विवरण
बु	१	०	०	
गु	२	२९	२८	
शु	३	१	२९	
श	४	२	३०	जमादिउल-
र	५	३	३१	आख़ीर
चं	६	४	१	अगस्त
मं	७	५	२	
बु	८	६	३	
गु	९	७	४	
शु	१०	८	५	
श	११	९	६	
र	१२	१०	७	
चं	१३	११	८	
मं	१३	१२	९	
बु	१४	१३	१०	
गु	१५	१४	११	रक्षाबन्धन
शु	१	१५	१२	भाद्र
श	२	१६	१३	
र	३	१७	१४	
चं	४	१८	१५	
मं	५	१९	१६	
बु	६	२०	१७	
गु	७	२१	१८	
शु	८	२२	१९	कृष्णजन्म
शु	९	०	०	
श	१०	२३	२०	
र	११	२४	२१	
चं	१२	२५	२२	
मं	१३	२६	२३	
बु	१४	२७	२४	
गु	३०	२८	२५	

भाद्र आश्विन सम्वत् १९९५
ता० २६ अगस्त से २३ सितम्बर १९३८

वार	भाद्र आश्विन	रज्जब	अगस्त सितम्बर	विशेष विवरण
शु	१	२९	२६	
श	२	१	२७	रज्जब
र	३	२	२८	हरतालिका
चं	४	३	२९	गनेशचतुर्थी
मं	५	४	३०	
बु	६	५	३१	
गु	७	६	१	सितम्बर
शु	८	७	२	दधीचि जयन्ती
श	९	८	३	
र	१०	९	४	
चं	११	१०	५	
मं	१२	११	६	वामन जयन्ती
बु	१३	१२	७	
गु	१४	१३	८	अनन्त चौदस
शु	१५	१४	९	
श	१	१५	१०	आश्विन
र	२	१६	११	
चं	३	१७	१२	
मं	४	१८	१३	
बु	५	१९	१४	
गु	६	२०	१५	
शु	७	२१	१६	
श	८	२२	१७	
र	९	२३	१८	
चं	१०	२४	१९	
मं	११	२५	२०	
बु	१२	२६	२१	
बु	१३	०	०	
गु	१४	२७	२२	
शु	३०	२८	२३	

आश्विन कार्तिक सम्वत् १९९५
ता० २५सितम्बर से २३अक्टूबर१९३८

वार	आश्विन कार्तिक	साबान	सितम्बर अक्टूबर	विशेष विवरण
श	१	२९	२४	
र	२	३०	२५	
चं	३	१	२६	साबान
मं	४	२	२७	
बु	५	३	२८	
गु	६	४	२९	
शु	७	५	३०	
श	८	६	१	अक्टूबर
र	९	७	२	
चं	९	८	३	दुर्गा पूजन
मं	१०	९	४	विजय दशमी
बु	११	१०	५	
गु	१२	११	६	
शु	१३	१२	७	
श	१४	१३	८	
र	१५	४	९	शरद् पूर्णिमा
चं	१	१५	१०	कार्तिक
मं	२	१६	११	
बु	३	१७	१२	
गु	४	१८	१३	
शु	५	१९	१४	
शु	६	०	०	
श	७	२०	१५	
र	८	२१	१६	
चं	९	२२	१७	
मं	१०	२३	१८	
बु	११	२४	१९	
गु	१२	२५	२०	
शु	१३	२६	२१	
श	१४	२७	२२	नरकचौ०दिवाली
र	३०	२८	२३	गोवर्धन पूजन

कार्तिक मार्गशीर्ष सम्वत् १९९५
ता० २४अक्टूबर से २१ नवम्बर १९३८

वार	कार्तिक मार्गशीर्ष	रमज़ान	अक्टूबर	विशेष विवरण
चं	१	२९	२४	
मं	२	१	२५	रमज़ान
बु	३	२	२६	
गु	४	३	२७	
शु	५	४	२८	
श	६	५	२९	
र	७	६	३०	
चं	८	७	३१	
मं	९	८	१	नवम्बर
बु	१०	९	२	
गु	११	१०	३	देवोत्थानी एका०
शु	१२	११	४	
श	१३	१२	५	
र	१४	१३	६	
चं	१५	१४	७	कार्तिकी
मं	१	१५	८	मार्गशीर्ष
बु	२	१६	९	
गु	३	१७	१०	
शु	४	१८	११	
श	५	१९	१२	
र	६	२०	१३	
चं	७	२१	१४	
मं	८	२२	१५	
बु	९	२३	१६	
बु	१०	०	०	
गु	११	२४	१७	
शु	१२	२५	१८	
श	१३	२६	१९	
र	१४	२७	२०	
चं	३०	२८	२१	

मार्गशीर्ष पौष सम्बत् १९९५
ता० २२ नवम्बर से २१ दिसम्बर १९३८

वार	मार्गशीर्ष पौष	सव्वाल	नवम्बर दिसम्बर	विशेष विवरण
मं	१	२९	२२	
बु	२	३०	२३	
गु	२	१	२४	सव्वाल
शु	३	२	२५	
श	४	३	२६	
र	५	४	२७	
चं	६	५	२८	
मं	७	६	२९	
बु	८	७	३०	
गु	९	८	१	दिसम्बर
शु	१०	९	२	
श	११	१०	३	
र	१२	११	४	
चं	१३	१२	५	
मं	१४	१३	६	
बु	१५	१४	७	
गु	१	१५	८	पौष
शु	२	१६	९	
श	३	१७	१०	
श	४	०	०	
र	५	१८	११	
चं	६	१९	१२	
मं	७	२०	१३	
बु	८	२१	१४	
गु	९	२२	१५	
शु	१०	२३	१६	
श	११	२४	१७	
र	१२	२५	१८	
चं	१३	२६	१९	
मं	१४	२७	२०	
बु	१५	२८	२१	

पौष माघ सम्वत् १९९५
ता०२२ दिसम्बर से २०जनवरी १९३९

वार	पौष माघ	जिल्काद	दिसम्बर जनवरी	विशेष विवरण
गु	१	२९	२२	
शु	२	३०	२३	
श	३	१	२४	जिल्काद
र	४	२	२५	
चं	५	३	२६	
मं	५	४	२७	
बु	६	५	२८	
गु	७	६	२९	
शु	८	७	३०	
श	९	८	३१	
र	१०	९	१	जनवरी
चं	११	१०	२	
मं	१२	११	३	
मं	१३	०	०	
बु	१४	१२	४	
गु	१५	१३	५	
शु	१	१४	६	
श	२	१५	७	
र	३	१६	८	
चं	४	१७	९	
मं	५	१८	१०	
बु	६	१९	११	
गु	७	२०	१२	
शु	८	२१	१३	
श	९	२२	१४	
र	१०	२३	१५	
चं	११	२४	१६	
मं	१२	२५	१७	
बु	१३	२६	१८	
गु	१४	२७	१९	
शु	३०	२८	२०	

माघ फाल्गुण सम्बत् १९९५
ता०२१ जनवरी से १९ फरवरी १९३९

वार	माघ फाल्गुण	जिलहेज़	जनवरी फरवरी	विशेष विवरण
श	१	२९	२१	
र	२	३०	२२	
चं	३	१	२३	जिलहेज़
मं	४	२	२४	
बु	५	३	२५	•
गु	६	४	२६	
शु	७	५	२७	
श	८	६	२८	
र	९	७	२९	
चं	१०	८	३०	
मं	११	९	३१	
बु	१२	१०	१	फरवरी
गु	१३	११	२	
शु	१४	१२	३	
श	१५	१३	४	
र	१	१४	५	फाल्गुण
चं	२	१५	६	
चं	३	०	०	
मं	४	१६	७	
बु	५	१७	८	
गु	६	१८	९	
शु	७	१९	१०	
श	८	२०	११	
र	९	२१	१२	
चं	१०	२२	१३	
मं	११	२३	१४	
बु	१२	२४	१५	
गु	१३	२५	१६	
शु	१३	२६	१७	शिवरात्रि
श	१४	२७	१८	
र	३०	२८	१९	

फाल्गुण चैत्र सम्बत् १९९५
ता० २० फरवरी से २० मार्च १९३९

वार	फाल्गुण चैत्र	मोहर्रम	फरवरी मार्च	विशेष विवरण
चं	१	२९	२०	
मं	२	१	२१	मोहर्रम
बु	३	२	२२	
गु	४	३	२३	
शु	५	४	२४	वसन्त
श	६	५	२५	
र	७	६	२६	
चं	८	७	२७	
मं	९	८	२८	
बु	१०	९	१	मार्च
गु	११	१०	२	
गु	१२	०	०	
शु	१३	११	३	
श	१४	१२	४	
र.	१५	१३	५	होलिकादीपन
चं	१	१४	६	चैत्र
मं	२	१५	७	
बु	३	१६	८	
गु	४	१७	९	
शु	५	१८	१०	
श	६	१९	११	
र	७	२०	१२	
चं	८	२१	१३	
मं	९	२२	१४	
बु	१०	२३	१५	
गु	११	२४	१६	
शु	१२	२५	१७	
श	१३	२६	१८	
र	१४	२७	१९	
चं	३०	२८	२०	

तातीलें स० १९३८-३९ ई०

सम्वत् १९९५ वि०

त्योहार	ता० ई० सन्	वार
रामनवमी	८ अप्रैल १९३८	शुक्रवार
गंगा दशहरा	७ जून	मंगलवार
नाग पंचमी	१७ जुलाई	रविवार
रक्षाबंधन	११ अगस्त	गुरुवार
कृष्णजन्म	१९ ,,	शुक्रवार
गणेश चतुर्थी	२९ अगस्त	चंद्रवार
अनंतचौदस	८ सितम्बर	गुरुवार
विजयादशमी	४ अक्तूबर	मंगलवार
धनतेरस	२१ नवम्बर	शुक्रवार
नरक चौदस दिवाली	२२ नवम्बर	शनिवार
भ्रातृद्वितीया	२५ नवम्बर	मंगलवार
चन्द्रग्रहण	७ नवम्बर	चन्द्रवार
ईदुलफितर	२४ ,,	बृहस्पतिवार
बड़ादिन	२५ दिसम्बर	रविवार
न्यूइयर्सडे	१ जनवरी १९३९	रविवार
मकर संक्रान्ति	१३ जनवरी	शुक्रवार
शिवरात्रि	१७ फरवरी	शुक्रवार
मोहर्रम	२१ ,,	मंगलवार
वसंन्त पंचमी	२४ ,,	शुक्रवार
होलिकादहन	५ मार्च	रविवार
धूलोत्सव	६ ,,	मंगलवार

❀कलेण्डर सन् १९३९ ई०❀

जनवरी					
रविवार	१	८	१५	२२	२९
चन्द्रवार	२	९	१६	२३	३०
मंगलवार	३	१०	१७	२४	३१
बुधवार	४	११	१८	२५	❀
गुरुवार	५	१२	१९	२६	❀
शुक्रवार	६	१३	२०	२७	❀
शनिवार	७	१४	२१	२८	❀

फ़रवरी					
रविवार	❀	५	१२	१९	२६
चन्द्रवार	❀	६	१३	२०	२७
मंगलवार	❀	७	१४	२१	२८
बुधवार	१	८	१५	२२	❀
गुरुवार	२	९	१६	२३	❀
शुक्रवार	३	१०	१७	२४	❀
शनिवार	४	११	१८	२५	❀

मार्च					
रविवार	❀	५	१२	१९	२६
चन्द्रवार	❀	६	१३	२०	२७
मंगलवार	❀	७	१४	२१	२८
बुधवार	१	८	१५	२२	२९
गुरुवार	२	९	१६	२३	३०
शुक्रवार	३	१०	१७	२४	३१
शनिवार	४	११	१८	२५	❀

अप्रैल					
रविवार	३०	२	९	१६	२३
चन्द्रवार	❀	३	१०	१७	२४
मंगलवार	❀	४	११	१८	२५
बुधवार	❀	५	१२	१९	२६
गुरुवार	❀	६	१३	२०	२७
शुक्रवार	❀	७	१४	२१	२८
शनिवार	१	८	१५	२२	२९

मई					
रविवार	❀	७	१४	२१	२८
चन्द्रवार	१	८	१५	२२	२९
मंगलवार	२	९	१६	२३	३०
बुधवार	३	१०	१७	२४	३१
गुरुवार	४	११	१८	२५	❀
शुक्रवार	५	१२	१९	२६	❀
शनिवार	६	१३	२०	२७	❀

जून					
रविवार	❀	४	११	१८	२५
चन्द्रवार	❀	५	१२	१९	२६
मंगलवार	❀	६	१३	२०	२७
बुधवार	❀	७	१४	२१	२८
गुरुवार	१	८	१५	२२	२९
शुक्रवार	२	९	१६	२३	३०
शनिवार	३	१०	१७	२४	❀

जूलाई					
रविवार	३०	२	९	१६	२३
चन्द्रवार	३१	३	१०	१७	२४
मंगलवार	❀	४	११	१८	२५
बुधवार	❀	५	१२	१९	२६
गुरुवार	❀	६	१३	२०	२७
शुक्रवार	❀	७	१४	२१	२८
शनिवार	१	८	१५	२२	२९

अगस्त					
रविवार	❀	६	१३	२०	२७
चन्द्रवार	❀	७	१४	२१	२८
मंगलवार	१	८	१५	२२	२९
बुधवार	२	९	१६	२३	३०
गुरुवार	३	१०	१७	२४	३१
शुक्रवार	४	११	१८	२५	❀
शनिवार	५	१२	१९	२६	❀

सितम्बर					
रविवार	❀	३	१०	१७	२४
चन्द्रवार	❀	४	११	१८	२५
मंगलवार	❀	५	१२	१९	२६
बुधवार	❀	६	१३	२०	२७
गुरुवार	❀	७	१४	२१	२८
शुक्रवार	१	८	१५	२२	२९
शनिवार	२	९	१६	२३	३०

अक्टूबर					
रविवार	१	८	१५	२२	२९
चन्द्रवार	२	९	१६	२३	३०
मंगलवार	३	१०	१७	२४	३१
बुधवार	४	११	१८	२५	❀
गुरुवार	५	१२	१९	२६	❀
शुक्रवार	६	१३	२०	२७	❀
शनिवार	७	१४	२१	२८	❀

नवम्बर					
रविवार	❀	५	१२	१९	२६
चन्द्रवार	❀	६	१३	२०	२७
मंगलवार	❀	७	१४	२१	२८
बुधवार	१	८	१५	२२	२९
गुरुवार	२	९	१६	२३	३०
शुक्रवार	३	१०	१७	२४	❀
शनिवार	४	११	१८	२५	❀

दिसम्बर					
रविवार	३१	३	१०	१७	२४
चन्द्रवार	❀	४	११	१८	२५
मंगलवार	❀	५	१२	१९	२६
बुधवार	❀	६	१३	२०	२७
गुरुवार	❀	७	१४	२१	२८
शुक्रवार	१	८	१५	२२	२९
शनिवार	२	९	१६	२३	३०

काल परिमाण।

मानुष वर्ष

१८ निमिष	=	१	काष्टा
३० काष्टा	=	१	मुहूर्त
३० मुहूर्त	=	१	अहोरात्रि
६० विपल	=	१	पल
६० पल	=	१	घड़ी
६० घड़ी	=	१	अहोरात्रि
१५ अहोरात्रि	=	१	पक्ष
२ पक्ष	=	१	मास
१२ मास	=	१	वर्ष

दैव वर्ष।

६ मास (मनुष्यों के)	=	१	दिन
६ मास ,,	=	१	रात्रि
१२ मास ,,	=	१	अहोरात्रि
३६० अहोरात्रि (दैव)	=	१	वर्ष
१२००० वर्ष (दैव)	=	१	युग
४३२०००० मानुषवर्ष	=	१	युग

दैव युग = १ चतुर्युगमानुष

कल्पमान।

४३२००० मानव वर्ष	=	कलियुग
८६४००० मानव वर्ष	=	द्वापर
१२९६०० ,,	=	त्रेता
१७२८००० ,,	=	कृतयुग
४३२०००० ,,	=	चतुर्युगमहायुग
१००० महायुग	=	१ कल्प

ब्रह्मायु परिमाण।

१ कल्प	=	१ ब्राह्मदिन
१ कल्प	=	१ ब्राह्मरात्रि
२ कल्प	=	१ ब्राह्म अहोरात्रि
३६० अहोरात्रि / ७२० कल्प	=	ब्राह्म वर्ष
१०० ब्राह्मवर्ष / ७२००० कल्प	=	ब्रह्मा की आयु

३११०४०००००००००० मानुषवर्ष = ब्रह्मायु = १०० ब्राह्मवर्ष

पाश्चात्य मान।

१ पल	=	२४	सेकण्ड
६० सेकण्ड	=	१	मिनट
६० मिनट	=	१	घण्टा
२४ घण्टा	=	१	अहोरात्रि
१ घड़ी	=	२४	मिनट

भारत के धर्म तथा सम्प्रदाय ।

भारत के धर्म तथा सम्प्रदाय।

इस अध्याय में भारतीय धर्म तथा मतों का वर्णन ऐतिहासिक रूप से दिया जा रहा है। प्रत्येक धर्म तथा मत के मुख्य २ सिद्धान्त तथा उनके प्रवर्त्तकों के नाम भी कालानुसार दिये गये हैं।

वैदिक धर्म

ऐतिहासिक दृष्टि से वैदिक धर्म ही सब से अधिक प्राचीन है। वैदिक ग्रन्थों के पठन से प्रतीत होता है कि सामाजिक उन्नति वैदिक काल में सर्वोच्च शिखर पर पहुंच गई थी। वैदिक काल में ईश्वर की एकता का पूर्ण ज्ञान था। वेदों में भिन्न २ नामों से एक ही ईश्वर की आराधना की गई है यह बात सिद्ध है। कुछ पाश्चात्य लेखकों ने वेदों को 'गड़-रियों के गीत' बताया है। यह बात केवल उन्हीं की असमर्थता तथा अज्ञान की सूचक है।

वैदिक संस्कृति क्या है यह निम्न-लिखित विवेचन से स्पष्ट होगा।

वेद।

वेद जगत का प्रथम ग्रन्थ है और सकल शास्त्रों का मूल तथा ज्ञान का अमूल्य भण्डार है। वेद काण्डरूप हैं और अन्य शास्त्र शाखा प्रशाखा रूप हैं। वेद प्रधानतयः दो प्रकार के हैं (१) कण्ठाप्त-वे श्रुतियाँ जिनको ऋषियों ने प्रत्यक्ष किया था (२) कल्प्य—वे श्रुतियाँ जो स्मृति तथा शिष्टाचार द्वारा अनुमान में आईं। कण्ठाप्त श्रुतियाँ मन्त्रभेद के अनुसार त्रिविध हैं यथा ऋक, यजुः और साम। इनका दूसरा नाम 'त्रयी' है। यही कण्ठाप्त श्रुतियाँ अन्य प्रमाण से चतुर्धा विभक्त हैं। ऋक्, यजुः, साम और अथर्व। प्रायः पद्य में प्रकाशित मन्त्रों का नाम ऋक्, गद्य में प्रकाशित मन्त्रों का नाम यजुः, और गाने योग्य मन्त्रों का नाम साम है। अथर्ववेद में उक्त तीनों प्रकार के मन्त्र मिश्रित हैं।

वेद विभाग के लिये दो सम्मतियाँ हैं। (१) वेदव्यास ने ही वेदों की त्रिधा और चतुर्धा विभक्ति की है। (२) यज्ञ क्रियाओं की सुविधा के लिये अथर्व ऋषि ने वेद विभाग किया था। यज्ञ कार्य के लिये उपयोगी सूक्त समूह को प्रथम तीन वेदों में विभक्त कर अन्यान्य सूक्तों को अलग कर दिया और अथर्ववेद के नाम से इस समूह की संज्ञा हुई।

ज्ञान नित्य वस्तु है इस कारण प्रलय के समय भी ज्ञानरूपी वेद ओ३म्-काररूप से नित्य स्थित रहते हैं।

वेद अनादि हैं और नाशविहीन भी हैं। कृष्ण यजुर्वेदीयश्वेताश्वतरोपनिषद में लिखा है कि परमात्मा ने पहिले ब्रह्मा जी को उत्पन्न करके उनको वेद प्रदान किया। उस विराट परम पुरुष की श्रवणेन्द्रियें दिशायें हैं और वाक्य वेद रूप हैं। कर्म वेद से उत्पन्न है और वेद अक्षर परमात्मा से उत्पन्न है। ऋषि गण वेद के कर्ता नहीं परन्तु द्रष्टा मात्र हैं। वेद नित्य वस्तु है केवल ऋषियों के समाधि शुद्ध अन्तःकरण में प्रकाश को प्राप्त होते हैं।

वेद का प्रतिपाद्य विषय ब्रह्मज्ञान अथवा अपूर्ण जीव की पूर्णता और ब्रह्मभाव की प्राप्ति है। जैसे प्रकृति की पूर्णता ही मुक्ति है। प्रकृति त्रैगुण्य है (१) स्थूल (२) सूक्ष्म और (३) कारण; अथवा (१) अधिभूति (२) अधिदैव और (३) अध्यात्म (क्रमशः) इन तीनों प्रकार की पूर्णता की प्राप्ति होने पर जीव ब्रह्मरूप बन सकता है। जीव के लिये आधिभौतिक शरीर है जिसकी शुद्धि कर्म के द्वारा, आधिदैविक मन है जिसकी शुद्धि उपासना के द्वारा और आध्यात्मिक बुद्धि है जिसकी शुद्धि ज्ञान के द्वारा होती है। इसीलिये वेद में ब्राह्मण (कर्म-कांड) संहिता (उपासनाकांड) और आरण्यक अथवा उपनिषद (ज्ञानकांड) विभाग हैं। वेद में ऋषि, छंद और देवताओं का उल्लेख है। उसका अर्थ इस प्रकार है। (१) ऋषि, जिन ऋषियों के चित्त में स्वतंत्र रूप से जो २ मन्त्र आविर्भूत हुए वे उन मन्त्रों के ऋषि कहलाते हैं (२) छंद, जिस पद्धति अथवा छंद रूप में यह मन्त्र कहे गये हैं वही उन मन्त्रों का छंद है (३) देवता, जिन २ मन्त्रों द्वारा जिन २ भगवच्छक्तियों की उपासना की जाती है वे उपास्य शक्तियाँ उन मन्त्रों के देवता हैं। मन्त्रों की आदिभौतिक शक्ति का स्वरूप छंद है, आधिदैविक शक्ति का स्वरूप देवता है और अध्यात्मिक शक्ति का स्वरूप ऋषि है।

महाभाष्य के अनुसार यजुर्वेद की १०१ शाखायें, सामवेद की १००० शाखायें ऋगवेद की २१ शाखायें और अथर्ववेद की ६ शाखायें हैं। किन्तु मुक्तिकोपनिषद के अनुसार—

ऋगवेद	की	२१	शाखायें
यजुर्वेद	,,	१०६	,,
सामवेद	,,	१०००	,,
अथर्ववेद	,,	५०	,,

स्कन्द पुराण के अनुसार—

ऋगवेद	२४	शाखायें
यजुर्वेद	१०१	,,
सामवेद	१०००	,,
अथर्ववेद	१२	,,

परन्तु आज कल केवल सात आठ शाखायें ही दृष्टिगोचर हैं।

ऋग्वेद ।

इसकी संहिता में १० मण्डल हैं जिनमें ८५ अनुवाद समूह हैं। इन अनुवादक समूहों में १०२८ सूक्त हैं। सूक्त के भेद इस प्रकार हैं:- महासूक्त, मध्यमसूक्त, क्षुद्रसूक्त, ऋषिसूक्त, छंदसूक्त और देवतासूक्त। ऋगवेद की कविता संख्या १०४०२ और शब्द संख्या १५३८२६ और शब्दांश की संख्या ४३२००० है। शौनिक मुनि के ग्रन्थ के अनुसार ऋगवेद संहिता के आठ भाग हैं—श्रावक, चर्चक, श्रवणीयपार क्रमपार. क्रमस्थ, क्रमजटा, क्रमशट, क्रमदण्ड। ऋगवेद की पांच शाखायें जो प्रचलित हैं इस प्रकार हैं—आश्वलायन, साङ्ख्यायन, शाकल, वास्कल और मांडुक।

इसमें ६४ अध्याय, १० मंडल, वर्ग संख्या २००६, पदक्रम, वशिष्ट के १५२५१४, दूसरे के ५८, ऋक् के १०५८० पद पारायण नाम से अभिहित हैं।

यजुर्वेद

यह दो भाग में विभक्त में—शुक्ल और कृष्ण। शुक्ल यजुर्वेद का अन्य नाम वाजसेनेय संहिता है। कृष्ण यजुर्वेद संहिता का अन्य नाम तैत्तरीय संहिता है। शुक्ल यजुर्वेद के ऋषि याज्ञवल्क्य हैं। इसमें १६०० और इसके ब्राह्मण में ७६०० मंत्र हैं। शुक्ल यजुर्वेद की १७ शाखायें इस प्रकार हैं—जाबाल, औधेय, कण्व, माध्यन्दिनै, ज्ञापीय तापायनीय, कापाल, पौंड्रवत्स, आवटिक, पामावटिक, पाराशरीय, वैधेय, वैनेय, औधेय, गालव, वैजेय, कात्यायनीय। वाजसेनेय संहिता में ४० अध्याय २६० अनुवाक तथा अनेक कांड हैं। इसमें पुरुषमेध, अश्वमेध षोडसी, चातुर्मास्य, अग्निहोत्र, वाजपेय अग्निष्टोम, दर्शपौर्णमास यज्ञों का वर्णन मिलता है। इसमें वैदिक युग की सामाजिक रीति नीति का भी वर्णन है। प्रसिद्ध "शतपथ ब्राह्मण" इसकी माध्यन्दिन शाखा के अन्तर्गत हैं। बृहदारण्यकोपनिषद् भी इसके अन्तर्गत है।

कृष्ण यजुर्वेद की ८६ शाखा हैं। परन्तु आज कल यजुर्वेद की १२ शाखायें और १४ उपशाखायें मिलती हैं, शाखाओं के नाम इस प्रकार हैं—वरचक, आहरक, कपिष्टलकठ औपमन्य, आष्टलकठ, चारायणीय, वारायणीय वातन्तिवेय, श्वेताश्वतर, मैत्रायणीय। कृष्णयजुर्वेद के ब्राह्मण का नाम तैत्तरीय ब्राह्मण और आरण्यक का नाम तैत्तरीय आरण्यक है। तैत्तरीय शाखा की उपशाखायें है— औख्य और खाण्डिकेय। इस खाण्डिकेय उपशाखा में पांच प्रशाखायें हैं—आपस्तम्बी, बौधायनी, सत्याषाढी, हिरण्यकेशी और ओथेय। ब्राह्मणात्मक कृष्ण यजुर्वेद में १८००० मन्त्र हैं, इसकी तैत्तरीय

संहिता में ७ अष्टक हैं जो प्रत्येक ७-८ अध्याय में विभाजित हैं। प्रत्येक अध्याय में अनुवाक हैं जो कुल ७०० हैं। प्रजापति, सोम आदि देवता इसके ऋषि हैं। इसमें अश्वमेध, अग्निष्टोम, ज्योतिष्टोम, राजसूय, अतिरात्र आदि यज्ञों का वर्णन है। ज्ञानकाण्ड में शाखाओं के अनुसार उपनिषद् हैं। मैत्रायणीय उपनिषद्, श्वेताश्वतर उपनिषद् और नारायणीय उपनिषद आदि मिलते हैं।

साम वेद।

सामवेद की सहस्र शाखायें थीं उन में केवल ८ अर्थात् सुरायणीय, वातन्तिवेय प्राञ्जल, ऋग्वर्णभेदा, प्राचीनयोग्य, राणायणीय मिलते हैं। सामवेद के छः प्रपाठक हैं इसका दूसरा नाम छन्द अर्चिक है। सामवेदीय उद्गातागण इसी को गाते थे। इसको सप्तसाम भी कहते हैं। सामवेद के उत्तर भाग का नाम उत्तरार्चिक या आरण्यगण है। सामवेद के ब्राह्मण भाग में आर्षेयु देवताध्याय अद्भुत ताण्डय, महाब्राह्मण हैं। इसमें दो उपनिषद् छान्दोग्य और केनोपनिषद् प्रधान हैं।

अथर्व वेद।

अथर्ववेद की नौ शाखाओं के नाम इस प्रकार पाये जाते हैं-पैप्पल, दान्त, प्रदान्त, स्नात, सौल्न ब्रह्मदावल, शौनक, देवीदर्शती और चरणविद्या हैं। आज कल शौनक शाखा उपलब्ध है। इसकी मन्त्र संख्या १२३०० है जिनमें शत्रुपीडन, आत्मरक्षा, विपद्-हारी कारण आदि कार्यों के लिये अनेक मन्त्र हैं। वर्तमान तन्त्र शास्त्र की उत्पत्ति अथर्ववेद ही से हुई है ऐसा प्रतीत होता है। इस वेद के ब्राह्मण का नाम गोपथ ब्राह्मण है। ज्ञान कांड में जाबाल कैवल्य आनन्दवल्ली आरूणीय तेजोविंदु ध्यानविन्दु आमृतविंदु ब्रह्मविन्दु नादविन्दु प्रश्न मुण्डक अथर्वशिरस गर्भ माण्डुक्य, नीलरुद्र आदि उपनिषद् मिलते हैं।

वेदांग।

वेदों के अर्थ साधारण कोष तथा विद्याभ्यास द्वारा ज्ञेय नही हैं। उनके सत्यार्थ समझने के लिये विशेष ज्ञान की आवश्यकता है। साधारण व्याकरण तथा काव्य कोष द्वारा वेदों के अर्थ लगाने से अर्थ का अनर्थ होता है यह प्रायः देखा जाता है। इस कारण परम पूज्य ऋषियों ने वेदाङ्ग निर्मित किये हैं। यह अङ्ग छः हैं। मुण्डकोपनिषद् के अनुसार वेदांग इस प्रकार हैं—

शिक्षाकल्पोव्याकरणनिरुक्तछंदोज्योतिषमिति; अर्थात् शिक्षा, कल्प,

व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष।

शिक्षा।

इस शास्त्र में वेद के पाठ करने की शैली विस्तृत रीति से वर्णित है। शब्द के साथ शाब्दिक भाव का और वाचक के साथ वाच्य का सम्बन्ध है। अतः अलौकिक शक्तिपूर्ण वेद के पद-समूह द्वारा तब ही पूर्ण लाभ हो सकता है जब वे अपनी वैज्ञानिक शक्ति युक्त यथावत ध्वनि के साथ बोले जावें। वेद की साधारण शिक्षा में केवल ह्रस्वादि तीन स्वर भेदों का वर्णन, पाठ की शैली और हस्त चालनादि वाह्य क्रिया की शैली का वर्णन किया गया है और सामवेद सम्बन्धीय संगीत शिक्षा में इन स्वर भेदों से और सात स्वरों की उत्पत्ति दिखाकर उन्हीं के सहायता से मूर्च्छना आदि असाधारण सूक्ष्म शक्ति की उत्पत्ति द्वारा शब्द विज्ञान की और विशेष अलौकिकता आविष्कृत की गई है। महामुनि नारद, पाणिनि आदि के ग्रन्थ पाये जाते हैं जो साधारण शिक्षा में अत्यन्त लाभदायक हैं परन्तु साम शिक्षा के ग्रन्थ प्रायः लोप हो गये हैं।

कल्प।

यह शास्त्र मन्त्र सम्बन्धीय क्रिया-सिद्धांत का वर्णन करने वाला है। इस वेदाङ्ग में अग्निष्टोम आदि नाना याग, उपनयन आदि नाना संस्कार, और ब्रह्मचर्य गार्हस्थ्य आदि आश्रम सम्बन्धीय नाना कर्मों की वहिरंग साधन विधि का पूर्ण रूप से वर्णन किया गया है। जितनी शाखाओं में वेद विभक्त हैं उतने ही स्वतन्त्र कल्प शास्त्र हैं। वे शास्त्र सूत्रबद्ध होने के कारण कल्पसूत्र के नाम से प्रसिद्ध हैं। आजकल क्रिया कांड में जितने कल्पशास्त्रों का व्यवहार होता है वे प्रधानतया तीन भागों में विभक्त हैं यथा—श्रौतसूत्र, धर्मसूत्र और गृह्य-सूत्र। श्रौतसूत्र में यज्ञादि की विधि बताई गई है। धर्मसूत्र में सामाजिक जीवनायापन में जितने प्रकार के नियम पालन करने होते हैं उनका वर्णन है। गृह्यसूत्र के अनुसार जात-कर्म विवाह आदि नित्यनैमित्तिक कर्म किये जाते हैं। श्रौतसूत्र की शाखाओं में से आश्वालायन, बौधायन, भारद्वाज आपस्तम्ब, हिरण्यकेशीय तथा कृत्यायन; धर्मसूत्रों की शाखाओं में से सांख्यायन, आश्वलायन, पारस्कर तथा गोभिल आदि उल्लेख योग्य हैं।

व्याकरण

यह शास्त्र शब्दानुशासन का द्वार-रूप है। संस्कृत भाषा अपने नामानुसार संस्कृत और अपने सब अंगों में पूर्ण होने से सर्वथा नियमबद्ध है इस कारण संस्कृत भाषा में व्याकरण की सर्वोपरि आवश्यकता है। इस शास्त्र

का प्रारम्भ भगवान पातंजलि ने "अथशब्दानुशासनम्" से किया है।

निरुक्त

व्याकरण शास्त्र द्वारा प्रथम शब्दार्थ का बोध होता है और तदनन्तर निरुक्त शास्त्रोक्त विज्ञान द्वारा वेद का भावार्थ समझने में सहायता प्राप्त हुआ करती है। निरुक्तशास्त्र का निघण्टु नाम से एक अन्तर्विभाग है।

छन्द

जिस प्रकार शिक्षाशास्त्र स्वर की सहायता से वैदिक कर्मकांड और उपासना कांड में सहायता करता है उसी प्रकार यह छंद शास्त्र भी छंदो-विज्ञान की सहायता से अलौकिक शक्तियों का आविष्कार करके वैदिक ज्ञान के विस्तार करने में और कर्म में सफलता प्राप्त कराने में बहुत ही उपकारी हैं। साधारण उपयोग इस शास्त्र का यह है कि वेदों का अध्ययन पठन पाठन योग्य रीति से स्वरों सहित होता है और मंत्रों के कंठस्थ करने में तथा अर्थ समझने में सुगमता होती है।

ज्योतिष

ज्योतिष शास्त्र के दो विभाग हैं—फलित और गणित। सूर्य, चन्द्र, शनि इत्यादि ग्रहों का चलना नियमित रूप से होता है और गणित द्वारा जाना जा सकता है। गणित-ज्योतिष ब्रह्मांड में अनेक ग्रहों के पर्यटन के नियमों को बताता है और फलित ज्योतिष इन ग्रहों का परिणाम मानव सृष्टि पर कैसा पड़ता है इन नियमों को अर्थात् फलों को बताता है। ज्योतिष काल के स्वरूप का प्रतिपादक है। आर्य जाति में अनेकानेक विप्लव और दुर्दैवों के कारण कई शताब्दियों से गणित ज्योतिष को सारणी का संस्कार नहीं हुआ है। इस कारण भारतवर्ष में ज्योतिषशास्त्र की योग्य उन्नति नही हैं। यह आवश्यक है कि यन्त्रालयों के निर्माण द्वारा तथा पाश्चात्य जाति के नवीन गणित की शैलियों की सहायता ली जावे।

उपवेद

उपवेद चार भागों में विभक्त हैं यथा—

आयुर्वेदो धनुर्वेदो गान्धर्व्वश्चेति तेत्रयः
स्थापत्यवेदमपरमुपवेदश्चतुर्विधिः ॥

आयुर्वेद, धनुर्वेद, गांधर्ववेद और स्थापत्य वेद ही चार उपवेद हैं।

आयुर्वेद

शरीर का स्वास्थ्य ठीक रखकर दीर्घायु बनाने के लिये यह वेद निर्माण हुआ है। इसकी उपयोगिता सर्वमान्य है।

धनुर्वेद

इसके ग्रन्थों में मनोविज्ञान, शरीर विज्ञान, मन्त्र विज्ञान, लक्ष्यसिद्धि, अस्त्र-शस्त्रविज्ञान, युद्धविज्ञान आदि अनेक विषयों का वर्णन था। इसके ग्रन्थ उपलब्ध नहीं हैं।

गांधर्ववेद

संगीत शास्त्र के आर्य ग्रन्थ छिन्न विछिन्न दशा में मिलते हैं। अर्वाचीन ग्रंथ असली गान्धर्ववेद नहीं है।

स्थापत्यवेद

इसमें नाना प्रकार के शिल्प कला, कारु-कार्य और पदार्थविद्या का वर्णन था। इसके भी ग्रंथ लुप्तप्राय हैं।

दर्शन शास्त्र

दर्शन शास्त्र सात श्रेणी में विभक्त हैं। और यह सात विभावों के अनुसार तीन वर्गों में रक्खे गये हैं। (१) न्यायदर्शन (२) वैशेषिकदर्शन (पदार्थवाद सम्बन्धीय) (३) योग दर्शन और (४) सांख्य दर्शन (सांख्य प्रवचन सम्बन्धीय) (५) कर्म मीमांसा (६) देवी मीमांसा और (७) ब्रह्ममीमांसा (वेदों के काण्डत्रय के अनुसार मीमांसा सम्बन्धीय) दर्शन कहाते हैं। इनके अतिरिक्त और किसी दार्शनिक सिद्धान्त को आर्यगण स्वीकार नहीं करते।

न्याय दर्शन।

यह महर्षि गौतमप्रणीत है। इसको आन्वीक्षिकी तथा अक्षपाद दर्शक भी कहते हैं। प्रमाण के द्वारा पदार्थों का निरूपण अथवा दूसरे के समझाने के लिये प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन इन पांच अवयवों के अवतारण का नाम न्याय है। इसके तीन भाग किये जा सकते हैं तर्क, न्याय और दर्शन। तर्कांश में तर्क, निर्णय, वाद, जल्प वितण्डा आदि विषय हैं। न्यायांश में प्रमाण आदि के विषय में चर्चा की गई है और दर्शनांश में आत्मा अनात्मा की आलोचना है। न्यायदर्शन का प्रतिपाद्य विषय दुःख-निवृत्ति है।

वैशेषिक दर्शन।

इस न्याय के प्रवर्तकमहर्षि कणादि हैं। इसमें विशेष नामक एक अतिरिक्त पदार्थ स्वीकृत होने से इसका नाम वैशेषिक दर्शन हुआ। धर्म विशेष से उत्पन्न द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय इन छः पदार्थों के साधर्म्य और वैधर्म्य ज्ञानजनित तत्व ज्ञान के द्वारा निःश्रेयस लाभ होता है। इस प्रकार से निःश्रेयस लाभ का उपाय बताना ही वैशेषिक धर्म का उद्देश्य है।

योग दर्शन।

इसके प्रवर्तक श्री भगवान पातंजलि हैं। योग दर्शन के चार पाद है समाधिपाद, साधनपाद, विभूतिपाद, और कैवल्यपाद। इस दर्शन का नाम सांख्य प्रवचन भी है। इसका कारण यह है कि भगवान पातंजलि ने महर्षि कपिल के सिद्धान्तों को ग्रहण किया है। सांख्योक्त २५ तत्व अर्थात् पुरुष, प्रकृति, महत् अहङ्कार, पञ्चतन्मात्रा एकादश इंद्रिय, और पञ्च महाभूत इस दर्शन में स्वीकृत हैं परन्तु भगवान पातंजलि ने इनके सिवाय एक और

तत्व का प्रचार किया है। वह तत्व ईश्वर है।

सांख्य दर्शन।

इसके प्रवर्तक महर्षि कपिल हैं। सांख्य के मत में जगत त्रिगुणात्मक है। इसका २१ वां तत्व पुरुष है जो असङ्ग, नित्य, शुद्ध और मुक्त स्वभाव है। संसार दुःखमय है पुरुषार्थ द्वारा वह दुःख दूर होता है। ज्ञान ही परम पुरुषार्थ है। ज्ञान ही के द्वारा मुक्ति का लाभ है यही इस शास्त्र का प्रतिपाद्य विषय है।

कर्म मीमांसा।

कर्म अथवा पूर्वमीमांसा—इस के प्रवर्तक महर्षि जैमिनि हैं। इनमें १२ अध्याय हैं—यज्ञ, अग्नि होत्र, दान, आदि विषय इसमें वर्णित हैं। कर्म ही वेद का प्रतिपाद्य होने से कर्म के सिवाय वेद का और अंश वृथा है तथा वेद में जो तत्वज्ञान दिया हुआ है उसका उद्देश्य देह से भिन्न आत्मा का अस्तित्व प्रमाणित करके जीव को अदृष्ट स्वर्ग आदि के साधनरूप याग-यज्ञ में प्रवृत्त करना है, ऐसा जैमिनी मीमांसा का सिद्धान्त है। महर्षि जैमिनी के मत में यज्ञ ही मोक्ष फल का देने वाला है। इस दर्शन में ईश्वर का नाम नहीं है। कर्म मीमांसा के दूसरे ग्रन्थ के प्रधान आचार्य महर्षि भरद्वाज हैं।

दैवी मीमांसा।

इस मीमांसा के प्रतिपादन का विषय परमात्मा की आनन्द सत्ता है। एवं आनन्द सत्ता के सत् और चित दोनों ही में व्यापक होने से सद्भाव और चिद्भाव दोनों में ही आनन्द प्राप्त होता है। इसके प्रथम पाद का नाम रस पाद और द्वितीय पाद का नाम उत्पत्ति पाद है।

ब्रह्मी मीमांसा।

वेदोक्त ज्ञान कांड की प्रतिष्ठा वेदांत दर्शन का लक्ष्य है। इसके प्रवर्तक महर्षि वेद व्यास हैं। वेद के अन्तिम (ज्ञान) कांड का प्रतिपादन होने से इसे उत्तर मीमांसा (वेदान्त) कहते हैं और ब्रह्म ही इसका मुख्य प्रतिपाद्य विषय होने से इसका नाम ब्रह्मीमीमांसा है। मुख्य उद्देश्य जीव को दुःखमय संसार से मुक्त करके आनन्दमय ब्रह्मपद में स्थापित करना है।

स्मृति।

वैदिक तत्वों का स्मरण करके पूज्यपाद महर्षियों ने सकल अधिकारियों के कल्याण के लिये जो ग्रन्थ प्रणीत किये हैं उनको स्मृति शास्त्र कहते हैं।

प्रधान स्मृतियां

मनु, अत्रि, विष्णु, हारीत, याज्ञवल्क्य, उशना, अङ्गिरा, यम, आपस्तम्ब, सवर्त्त, कात्यायन, बृहस्पति,

पराशर, व्यास, शङ्ख, लिखित, दक्ष, गौतम, शतातप और वशिष्ट।

उपस्मृतियां।

गोभिल, जमदग्नि, विश्वामित्र, प्रजापति, वृद्ध, शातातप, पैठीनसि, आश्वालायन, पितामह, बौद्धायन, भारद्वाज, छागलेय, जाबालि, च्यवन, मारीच और कश्यप। कहीं २ ऐसा मत भी देखने में आता है कि केवल (१) मनु और (२) याज्ञवल्क्य प्रधान स्मृतियां हैं और बाकी उपस्मृतियां हैं और जिन्हें ऊपर उपस्मृतियों में गिनाया है वे औपस्मृतियाँ हैं। कोई २ महाभारत को पञ्चम वेद कहते हैं और कोई २ इसके बहुत से अंशों को स्मृति भी कहते हैं एवं कोई २ आचार्य इसी प्रकार सब पुराणों के विशेष अंशों को भी स्मृति कहते हैं।

अन्य सब उपदेशों के अतिरिक्त स्मृतियों में प्रति दिन के कार्यक्रम और सामाजिक रीतियों का वर्णन है।

चार्वाक मत।

महाभारत के युद्ध के पश्चात् भारतवर्ष में अन्धकार सा छा गया। बड़े २ योद्धा, नीतिज्ञ, धर्मपरायण सज्जन विद्वान अर्थात् भारतवर्ष की संस्कृति के आधारस्तम्भ मारे गये और भारतवर्ष में अवनति आरम्भ हो गई। वैदिक धर्म का ह्रास होने लगा। वैदिक मन्त्रों के आधार पर पशुयज्ञ होने लगे और जनता में बुद्धिभेद प्रकट हो गया। मत-मतान्तरों का उत्पन्न हो जाना इन्हीं सब कारणों का फल है।

बृहस्पति नामक ब्राह्मण को व्यभिचार करने के कारण उसकी जाति ने वहिष्कृत कर दिया। अतः उसने ब्राह्मणों से बदला लेने के लिए चार्वाक को एक नूतन लोकायतिक (अर्थात् जो साधारण रीति से माना जा सके ऐसा) मत प्रचार करने के लिये तत्पर किया। चार्वाक के पिता का नाम इन्द्रकाँत और माता का नाम श्रवणी था। उसका जन्म युधिष्टिर शक ६६१ (ई० सन् पूर्व २४३६) वैशाख शुक्ल १५ को हुआ था। चार्वाक ने ब्राह्मणों की निन्दा करना आरम्भ की तथा वेदों में अनेक अनाचार लिखे हैं ऐसा भी बताना आरम्भ किया। सर्वसाधारण को उसने यह बताया कि सृष्टि का रचयिता कोई नहीं है। पृथ्वी वायु तेज और जल इन्हीं से सृष्टि उत्पन्न हुई है। चार्वाक की मृत्यु पर उसके अनुयायिओं में ४ भेद हो गये जो (१) देह (२) मन (३) प्राण और (४) इन्द्रियों को ही ईश्वर मानने लगे।

चार्वाक के बाद इस मत का एक बड़ा आचार्य क्षपणक नामक हुआ। परन्तु यह मत सर्वग्राह्य नहीं हुआ। ईस्वी सन् की आठवीं शताब्दी में भी कुछ अनुयायी इस मत के थे।

अब कोई नहीं है ऐसा मालूम होता है।

जैन धर्म।

यह धर्म वैदिक धर्म की शाखा है। इस धर्म के प्रवर्त्तक ऋषभदेव आदि नाथ, तीर्थशङ्कर थे ऐसा जैन मतावलम्बी कहते हैं। जैन मतानुसार जगत का रचयिता कोई ईश्वर नहीं है परन्तु जो मनुष्य मुक्त हुये हैं अर्थात् जो अष्टधादूषण रहित हुये हैं वही ईश्वर होते हैं।

इस धर्म का विशेष प्रचार तीर्थङ्कर महाबीर स्वामी ने किया। वे जैनाचार्य कहलाते हैं। अरिहन्त ने जैन धर्म को और भी प्रकाशित किया। यु० स० १५३३ (ई० पूर्व १५६७) में अरिहन्त निर्वाण को प्राप्त हुए।

महाबीर स्वामी ने ओ३म् का मंत्र क़ायम रक्खा। इस धर्म ने जीव और निर्जीव आदि को अनन्त माना है।

महावीर स्वामी के निर्वाण के पश्चात् तीर्थङ्करों की मूर्तियों की पूजा आरम्भ हुई। शृङ्गार में मत भेद होने से २ भेद हो गये हैं (१) दिगम्बरी और (२) श्वेताम्बरी सम्प्रदाय।

श्वेताम्बरी अपनी मूर्तियों को वस्त्रालङ्कारों से विभूषित करते हैं, दिगम्बरी नहीं करते। श्वेताम्बरी १२ स्वर्ग व ६४ इन्द्र मानते हैं। दिगम्बरी १६ स्वर्ग और १०० इन्द्र मानते हैं। श्वेताम्बरी स्त्री को मोक्ष की अधिकारिणी मानते हैं, दिगम्बरी नहीं मानते।

"अहिंसा परमो धर्मः" इसी तत्व को जैन मतावलम्बी पूर्णरूप से पालन करना चाहते हैं। जैनी पुनर्जन्म मानते हैं, जातिभेद नहीं मानते। इस धर्म के अनुयायी क़रीब १२ लाख हैं। गिरनार, अष्टापद, पावापुरी, चम्पापुरी पालीताना, आबू, सम्मेदशिखर यह सात इनके मुख्य तीर्थस्थान हैं। इस धर्म के लोग विशेष कर व्यापारी हैं। कहा जाता है कि इसी धर्म के २४ तीर्थङ्करों के कारण बिष्णु के २४ अवतार पौराणिक मताबलम्बी मानने लगे।

बौद्ध सम्प्रदाय।

कपिलवस्तु (नेपाल) के राजा शुद्धोधन के पुत्र (ज० ५५७ ई० पूर्व) गौतम ने यह सम्प्रदाय चलाया। इस समय का भी वातावरण पशुहिंसा पूर्ण था। इसी कारण इस धर्म का भी मूल मन्त्र अहिंसा है। गौतम ने योग-साधन तथा तप द्वारा बुद्धगति प्राप्त की इस कारण उनका नाम बुद्ध हुआ। उन्होंने युवा अवस्था ही में राज पाट त्याग दिया था और निर्वाण मार्ग के चिन्तन में अपने आप को लगा दिया। अपने जीवनक्रम में ही मगध, मिथिला, अयोध्या, व काशी प्रदेशों में अपने सम्प्रदाय का अच्छा प्रचार कर दिया था। बुद्धदेव ने वेदों को

नहीं माना और वर्णभेद को भी नहीं माना। इस कारण ब्राह्मणों से बड़ा ही मत भेद हुआ।

बुद्ध देव ने कोई लिखित ग्रन्थ नहीं छोड़ा। उनकी मृत्यु के बाद ४ महासभायें हुईं। (१) पहिली महासभा मगध के राजा अजातशत्रु के समय (ई० पू० पांचवीं शताब्दी) में हुई। इस सभा में महात्मा बुद्ध का उपदेश संग्रह होकर बौद्धशास्त्र बना। यह शास्त्र तीन प्रकार का था, सूत्रपिटक विनयपिटक, और आदिधर्मपिटक, जिन्हें त्रिपिटक कहते हैं। बौद्ध शास्त्र के द्वादश विभाग हैं—अन, समरोथ व्याकरण, गाथा, उदान, इतिबुत्तक, जातक, अवभूत, वेदल्ल, निदान, अवदान और उपदेश।

(२) दूसरी सभा सम्राट कालाशोक (४ थी शताब्दी ई० पू०) के समय में (३) तीसरी महासभा सम्राट अशोक के समय में हुई।

(४) चौथी सभा कश्मीर के राजा कनिष्क (ई० पू० १४३) के समय में हुई।

बौद्ध शास्त्र पहिले संस्कृत भाषा में रचे गये उसके बाद तिब्बती भाषा में उनका अनुवाद हुआ।

बौद्ध मतालम्बी ईश्वर का अस्तित्व नहीं मानते। जड़ पदार्थ ही नित्य है और इसी की शक्ति से ही सृष्टि चल रही है। नैपाल में एक सम्प्रदाय बुद्ध का अस्तित्व अनादि और अनन्त, मानते हैं। सिंहली बुद्ध नास्तिक हैं। नेपाल और चीन देश के बौद्ध ज्ञानी बुद्ध, बोधिसत्व आदि बुद्ध, और अन्य देवताओं को मानते हैं।

बुद्ध गया मुख्य तीर्थ स्थान है। इस साम्प्रदाय के भिक्षुओं ने ब्रह्म देश, चीन, जापान और लंका आदि देशों में यह सम्प्रदाय चलाया। इस मत पर भी पौराणिक रीतियों का बड़ा प्रभाव पड़ा। इसके चार पन्थ हैं—शून्यवाद, योगाचार, सौत्रांतिक, व वैभाषिक,। ई० सन् की ८ वीं शताब्दी में भारत से यह पन्थ लुप्तप्राय हो गया जिसका मुख्य कारण शङ्कराचार्य की दिग्विजय थी।

पुराण काल।

पुराणों का अर्थ इतिहास है ऐसा वैदिक ग्रन्थों से सिद्ध होता है। किन्तु अर्वाचीन काल में पौराणिक शब्द कुछ विचित्र हो गया है। पुराण का अर्थ अब विशेष ग्रन्थ ही समझा जाता है। बौद्ध काल के अन्तिम काल से पौराणिक काल का आरम्भ आधुनिक विद्वान मानने लगे हैं किन्तु ऐसा मानना भूल है। उपनिषदों में भी पुराणों का उल्लेख है। अस्तु।

महापुराण।

महापुराण १८ हैं— ब्रह्म, पद्म विष्णु, शिव, भागवत, नारद, मार्कण्डेय, अग्नि, भविष्य, ब्रह्मवैवर्त, लिंग,

वराह, स्कन्द, वामन, कूर्म, मत्स्य, गरुड़ और ब्रह्मांड।

उपपुराण।

उप पुराण भी अष्टादश हैं— सनतकुमारोक्त, आद्य, नरसिंह, कुमारोक्त, वायवीय, नन्दीशभाषित, दुर्वासस, नारदीय, शिवधर्म, नन्दीकेश्वर, उशनावकापिल, वारुण साम्ब, कालिका, माहेश्वर, दैव, पाराशर, मारीच, भास्कर।

इसके अतिरिक्त मुद्गल व कल्कि वृहद्धर्म भी पुराण हैं।

कुमारिल भट्टाचार्य का वेदोक्त कर्मकाण्ड।

वैदिक धर्म पर बौद्ध तथा जैन मतों ने बड़ा ही आक्रमण किया और ईसा की शताब्दी के क़रीब वैदिक कर्मकांड बिलकुल लोप सा हो रहा था। ऐसे समय में कुमारिल भट्ट ने वेदोक्त कर्मकण्ड की पुनः जागृति की। कुमारिलभट्ट तैलंगी ब्राह्मण थे और उनका जन्म ७४१ ई० में महानदी तटवर्ती जयमंगल ग्राम में हुआ। ऐसा कहा जाता है कि इन्होंने चम्पानगरी की राज सभा के बौद्ध पंडितों को परास्त किया और वेदोक्त कर्मकाण्ड का प्रचार किया। चूंकि उन्होंने बौद्ध गुरु के पास शिक्षा ग्रहण की थी और फिर बौद्धों को ही हराया इस कारण उन्होंने गुरुद्रोह के लिये देहांत प्रायश्चित के निमित्त चिता में प्रवेश किया। उन्होंने बौद्धमत खंडन सम्बन्धी ७ ग्रन्थ लिखे। उनके शिष्य विश्वरूप, मुरारीमिश्र, प्रभाकर, पार्थ सारथी, तथा मंडन मिश्र थे।

(१) शैवसम्प्रदाय।

यह सम्प्रदाय कब प्रचलित हुआ यह ठीक नहीं कहा जा सकता। रामायण और महाभारत ग्रन्थों में शिव जी का महात्म्य दिया हुआ है। यह सम्प्रदाय अति प्राचीन है। बौद्ध ग्रंथों में भी महादेव का उल्लेख है। संस्कृत नाटकों में शिवजी की आराधना आरम्भ में पाई जाती है।

(२) केवलाद्वैत

इस मत के प्रवर्त्तक श्री शङ्कराचार्य थे। उनका जन्म ७८९ ई० में केरल देश में हुआ। उनके पिता का नाम शिवगुरु और माता का नाम सती था।

इस सम्प्रदाय में वैदिक ज्ञानकांड पर जोर दिया गया है। श्रीमान् शंकराचार्य ने ब्रह्मसूत्र, भगवद्गीता तथा उपनिषदों के भाष्य तथा अनेक धार्मिक ग्रन्थ लिखे। श्रीमान् आचार्य जी ने बौद्धों तथा मंडन मिश्र सरीखे कर्मकाण्डी ब्राह्मणों को भी परास्त किया। साधारण मनुष्यों में धर्म के प्रचार के लिये उन्होंने मूर्तिपूजा क़ायम रक्खी और मठ भी क़ायम किये। (१) द्वारका में शारदा मठ (२) जगन्नाथपुरी में गोवर्धन मठ (३) हरिद्वार में

ज्योतिष मठ (४) मैसूर में शृंगेरी मठ (५) काशी में सुमेर मठ।

(३) रसेश्वर

इस सम्प्रदाय की स्थापना ६ ठीं शताब्दी ई० में हुई। शरीर को अमर बना कर मोक्ष हो सकता है और पारद आदि रसों के सेवन से ही शरीर अमर हो सकता है ऐसा इस सम्प्रदाय का मत है। यह सम्प्रदाय शैव है।

(४) पाशुपत मार्ग

यह सम्प्रदाय भी शैव है। इसके स्थापक नकुलीश थे जो पांचवीं शताब्दी में हुये। उन्होंने पाशुपत नामक सूत्रग्रन्थ की स्थापना की है।

(५) प्रत्यभिज्ञा

अभिनव गुप्ताचार द्वारा ईसा की छटीं शयब्दी में यह सम्प्रदाय स्थापित हुआ। सिद्धान्त यह है कि जीव शिव से भिन्न नहीं हैं और दृश्य जगत शिव का आभास है।

(६) दत्तात्रेय पंथ

श्री दत्तात्रेय का अवतार त्रेतायुग में अत्रि ऋषि की पत्नी महासती अनुसूया के उदर से हुआ। उन्हीं के उपदेशों के आधार पर ईसा की ५ वीं शताब्दी में यह पन्थ किसी योगी ने चलाया। यह पन्थ ज्ञानमार्ग को ही मुख्य मार्ग समझता है।

(७) लिङ्गायत (शैव) सम्प्रदाय।

कल्याण (दक्षिण) देश के राजा बीजल के साले का नाम बसव था जिसे राजा ने अपना मन्त्री बनाया। बसव ने यह अवसर पाकर एक नवीन मत चलाया जिसमें जात पांत का भेद न रक्खा केवल शिवलिंग की पूजा ही को प्रधान मार्ग बताया। इस पन्थ में शिवलिंग के चिन्ह शरीर पर धारण करना प्रचलित है इसलिये इसे लिंगायत कहते हैं। बीजल ने कुछ काल के बाद बसव को निकाल दिया उसने कुएँ में गिर कर आत्मघात किया। इस कुएँ वाले नगर को उलवी कहते हैं और वह लिंगायतों का तीर्थ स्थान है। कर्नाटक का दक्षिण भाग कानड़ा ज़िला, निज़ाम राज्य कोल्हापुर स्टेट, बल्लाभारी ज़िला में, तथा मैसूर स्टेट में लिंगायतों का प्राबल्य हैं। इस देश में २६ लाख लिंगायत रहते हैं। इस सम्प्रदाय की स्थापना १० वीं शताब्दी में हुई।

(८) शक्ति सम्प्रदाय।

यह सम्प्रदाय अति प्राचीन है। तंत्र शास्त्र इसका मूल ग्रन्थ है। इस मत में शक्ति की उपासना भिन्न २ नामों से की जाती है—काली, तारा, जगदम्बा, जिह्वाहिनी, जगद्धात्री इत्यादि। गुरु व शिष्य का इस पन्थ में बड़ा माहात्म्य है। मांस और मदिरा से शक्ति (देवी) की पूजा करना और पशु, पक्षी और मनुष्य तक को बलिदान देना योग्य समझा जाता है।

(६) वामाचारी सम्प्रदाय ।

इसे बाममार्ग भी कहते हैं । इसमें "मद्यंमांसञ्चमत्स्यंचमुद्रामैथुनमेवच । मकारपंचकंचैव महापातक नाशनम्" अर्थात् मदिरा, मांस, मत्स्य (मछली) मुद्रा और मैथुन ये पांचम अक्षर से शुरू होनेवाली चीजें महापातक नाशिनी हैं, यह ही इस धर्म का मूल तत्व है । सब प्रकार के व्यभिचार ग्राह्य हैं ऐसा इस पन्थ के प्रवर्तकों का कहना है । यह पन्थ शक्ति सम्प्रदाय का उग्र स्वरूप है । इस पन्थ का मुख्य तीर्थस्थान आसाम में कामाक्षी देवी का मन्दिर है जहां भग का पूजन होता है । इस मत में और भी आन्तरिक भेद हैं । चोलीपन्थी, करारीपन्थी, शीतलापन्थी, मार्गी, मातापन्थी, कूड़ापन्थी इत्यादि ।

(१०) वैष्णव सम्प्रदाय ।

वैष्णव सम्प्रदय के मुख्य ५ आचार्य हैं जिनके अनुयायी इस समय पाये जाते हैं (१) विष्णुस्वामी (२) रामानुजाचार्य (३) मध्वाचार्य(४) निम्बार्क (५) चैतन्य ।

(क विष्णु स्वामी का प्रादुर्भाव सम्भवतः ३ री शताब्दी ई० में हुआ उन्होंने विष्णु की उपासना का आदेश दिया और विष्णु की मूर्तिपूजा भी उन्होंने योग्य बतलाई । विष्णु स्वामी ने व्याससूत्र पर भाष्य और गीता पर व्याख्या लिखी । वे ब्राह्मणों को ही दीक्षा देते थे इस कारण उनके मत का प्रचार कम हुआ । उनके बाद ज्ञानदेव, नामदेव, केशव, त्रिलोचन, हीरालाल और श्रीराम प्रभृति सज्जनों ने यह सम्प्रदाय चलाया । केशव ने गोस्वामी की पदवी बंश परंपरा के लिये ग्रहण की । ई० सन् ८०९ में श्री शंकराचार्य के किसी शिष्य ने इस पन्थ के गोस्वामी विल्वमङ्गल को परास्त किया और परमात्मा साकार है इस मत का खण्डन किया । इस समय से यह गद्दी उच्छिन्न हो गई, अनेक शताब्दियों के बाद यह सम्प्रदाय फिर चला ।

(ख) (१) रामानुजाचार्य का विशिष्टाद्वैत अथवा श्रीसम्प्रदाय ।

रामानुजाचार्य ने शैव सम्प्रदाय तथा केवलाद्वैत मत को बढ़ता देख वैष्णव सम्प्रदाय को जाग्रत करने के लिये वेद और उपनिषदों के सहारे विशिष्टाद्वैत सम्प्रदाय स्थापित किया । उन्होंने न्याय दर्शन के द्वारा जीव और ब्रह्म में भेद बताकर अद्वैत वाद का खण्डन किया । ब्रह्म अद्वितीय है, परन्तु केवल नहीं, विशिष्ट है । परमात्मा एक है परन्तु जीव भिन्न हैं । भक्ति को प्रधान बताया और विष्णु के दो अवतार राम और कृष्ण की पूजा का उपदेश किया । जगन्नाथ, काशी, जैपुर में मठ स्थापित किये गये ।

अद्वैतमत के अनुसार ब्रह्म ज्ञान रूप है और जगत मायामय तथा मिथ्या है। रामानुजाचार्य ने यह प्रतिपादन किया कि ज्ञानमयता में अज्ञान नहीं रह सकता। परमात्मा पुरुष है और जीव भी पुरुष है परन्तु जीव सृष्टि उत्पन्न नहीं कर सकता परमात्मा ही कर सकता है। इसी अर्थ में वह विशिष्टाद्वैत है। जीव मुक्त होकर परमात्मा में लय होता है।

(२) रामानन्दी सम्प्रदाय—यह सम्प्रदाय उत्तरी भारत में प्रचलित है। इसके अनुयायी राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की उपासना तथा पूजा करते हैं कहा जाता है कि रामानन्द श्री रामानुजाचार्य के शिष्य थे.किंतु कोई प्रमाण नहीं है। भक्तमाल की शिष्य परम्परा इस प्रकार है—रामानुज के देवाचार्य, राघवानन्द, और उनके रामानन्द शिष्य हुये इस प्रकार रामानन्द और रामानुज के समय में बड़ा अन्तर पड़ता है। रामानन्द का मठ काशी में है और एक वेदी पर उनके पदचिन्ह भी बताये जाते हैं। इस सम्प्रदाय में गृहस्थ और त्यागी दोनों होते हैं।

(ग) मध्वाचारी सम्प्रदाय।

इस सम्प्रदाय का असली नाम ब्रह्मसम्प्रदाय है। इसे पूर्णप्रज्ञ सम्प्रदाय भी कहते हैं। मध्वाचार्य का जन्म ई० सन् १२३६ में हुआ था। उन्होंने अनन्तेश्वर मठ में वेदादि शास्त्रों का अध्ययन किया था और शङ्करमतानुसार सन्यास ग्रहण किया था उस समय उन्होंने अपना नाम आनन्दतीर्थ रक्खा था। उन्होंने गीता पर एक भाष्य लिखा है। शंकराचार्य का अद्वैत मत उन्हें पसंद न आया और श्रीरामानुजाचार्य का विशिष्टाद्वैत (त्रिधातत्व युक्त) मत भी पसन्द न आया। इस कारण उन्होंने द्विधायुक्त द्वैतमत का प्रतिपादन किया। उन्होंने विष्णु को ही जगत का नियन्ता बताया। इनका मत है कि जिस प्रकार विष्णु सृष्टि पैदा करते हैं उसी प्रकार जीव को दण्ड भी देते हैं। परमात्मा और जीव दोनों अनादि हैं। मध्वाचार्य जीवात्मा का परमात्मा में लय हो जाना स्वीकार नहीं करते। कैवल्य के समय भी जीवात्मा अलग रहता है केवल जैसे सूर्य के सन्मुख तारे दिखाई नहीं देते वैसे ही जीवात्मा का प्रकाश परमात्मा के सम्मुख अलग नहीं दीखता। शैवों का योग और वैष्णवों का सायुज्य नहीं मानते। इस पंथ में ब्राह्मण और सन्यासियों को ही दीक्षा मिल सकती है। अस्पृश्य जाति को नहीं मिल सकती।

(घ) निम्बार्क सम्प्रदाय।

इस सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक भास्कराचार्य प्रसिद्ध ज्योतिषी थे और उनका जन्म १०३६ शकाब्द में वेदर (हैदराबाद निज़ाम) में हुआ था।

उनके पिता का नाम महेश्वर भट्ट था उन्होंने अपने पिता के पास गणित महूर्त ग्रन्थ, सिद्धान्त ग्रन्थ, वेद तथा शास्त्रों का अध्ययन किया था। उनके समय में जैन मत का प्राबल्य था। भास्कराचार्य ने वैष्णव सम्प्रदाय का प्रचार किया। उन्होंने मन्दिरों में राधा-कृष्ण की मूर्तियों की पूजा करने का उपदेश किया। कहते हैं कि एक जैन अतिथि को सन्ध्या समय भोजन कराने में देर हो रही थी तो उन्होंने सूर्य भगवान को अस्त होने से कुछ समय तक रोक दिया और सूर्य भगवान एक निम्ब वृक्ष पर दिखाई देते रहे इस लिये भास्कराचार्य का नाम निम्बार्क और निम्बादित्य पड़ा। कहते हैं कि उन्होंने वेद भाष्य लिखा था, जो मथुरा पर औरंगजेब द्वारा चढ़ाई के समय नगर के साथ जल गया। निम्बार्क के दो शिष्य थे—केशव भट्ट और हरिव्यास। उनके कारण यह सम्प्रदाय दो श्रेणियों में विभक्त हो गया है (१) विरक्त (२) ग्रहस्थ। यमुना के किनारे मथुरा के पास ध्रुवक्षेत्र में निम्बार्क की गद्दी है।

(ङ) चैतन्य सम्प्रदाय।

वैष्णव सम्प्रदायों में यह सम्प्रदाय बहुत बड़ा है। इस सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक महात्मा चैतन्य थे और नित्यानंद और अद्वैत उनके सहायक थे। सम्प्रदाय के अनुयायी श्री चैतन्य को कृष्ण का अवतार मानते हैं। महात्मा चैतन्य का जन्म १४०७ शकाब्द में नवद्वीप (बंगाल) में हुआ उनके पिता का नाम जगन्नाथ मिश्र और माता का नाम शची था। चैतन्य का दूसरा नाम निमाई था और गौर वर्ण के कारण उन्हें गौरांग भी कहते हैं। उनके दो ब्याह हुये किन्तु २४ वर्ष की अवस्था में ही इन्हें वैराग्य आगया और इन्होंने सन्यास ग्रहण कर लिया। हरिकीर्तन और ईश्वरोपासना में वे इस प्रकार तन्मय रहते थे कि उन्हें बाह्य सृष्टि का कुछ भी ध्यान न रहता था नित्यानन्द और अद्वैत उनके सहायक थे परन्तु उन्हें भी इस सम्प्रदाय वाले महाप्रभु कहते हैं। इस पन्थ में प्रेम भक्ति को ही प्रस्थान दिया गया है। चैतन्य महाप्रभु ने मुसलमान तथा अन्य म्लेच्छ जाति के लोगों को भी शिष्य बनाया। भक्ति सबके लिये समान मार्ग हैं कोई ऊँच नीच नहीं हैं। हरिनाम स्मरण के अतिरिक्त कोई उपाय परित्राण का नहीं। गुरू को भी बहुत ऊँचा स्थान दिया गया है यहां तक कि भगवान अप्रसन्न होजावें किन्तु गुरू अप्रसन्न न हों क्योंकि गुरू की अप्रसन्नता से नाश हो जाता है। इस सम्प्रदाय की अनेक शाखायें हैं जो इस प्रकार हैं—

(१) स्पष्टदायक—इस शाखा वाले गुरुओं का देवत्व और एकाधिपत्य नही मानते। धर्म विषय में स्त्रियों को भी

स्वतन्त्र मानते हैं। आश्रमों में स्त्री पुरुष एक साथ ब्रह्मचर्य पूर्वक जीवन व्यतीत करते हैं।

(२) बाउल—इस सम्प्रदाय वाले शरीर को राधाकृष्ण और अन्यान्य देवों का निवास स्थान मानते हैं। इस मतानुसार पुरुष और प्रकृति (स्त्री) का प्रेम ही मोक्ष का साधन है। वामाचारियों की तरह इस पन्थ में भी व्यभिचार को स्थान है मल मूत्र भी ग्राह्य कहा गया है।

(३) न्याडा—इस पन्थ वाले नित्यानन्द के लड़के वीरप्रभ को अपना प्रवर्त्तक बतलाते हैं। इसमें और बाऊल पन्थ में विशेष भेद नहीं है।

(४) सहजी—इस मतानुसार प्रत्येक पुरुष अपने को शिक्षागुरु किंबा कृष्ण मानता है और प्रत्येक स्त्री अपने को राधा मानती है और सब स्त्री पुरुष जब चाहें तब सहज साधना (स्त्री पुरुष के शारीरिक मिलन) द्वारा मोक्ष प्राप्ति की चेष्टा कर सकते हैं।

(५) गौरांगसेवक—इस मत वाले चैतन्य स्वामी को राधाकृष्ण दोनों का सम्मिलित अवतार मानते हैं और मन्दिरों में उन्हीं की पूजा करते हैं।

(६) दरवेश—इस वैष्णव शाखा का प्रवर्त्तक चैतन्य का कोई शिष्य था ऐसा कहा जाता है किन्तु उसकी श्रद्धा इसलाम धर्म पर भी थी ऐसा मालूम होता है। इस मत की भजनावली में अल्ला, मुहम्मद, इत्यादि शब्द मिलते हैं दरवेश शब्द भी फ़ारसी है।

(७) कर्त्ता भक्त—रामशरण पाल ने पूर्णचन्द्र नामक उदासीन से दीक्षा ग्रहण की और यह मत चलाया। यह मत जातिभेद और स्पर्शदोष नहीं मानता। गुरुओं को महाशय कहते हैं। इस संप्रदाय वाले चैतन्य, पूर्णचन्द्र और रामशरण पाल को एक ही मानते हैं। बङ्गाल के साधारण जनों में से लाखों मनुष्य इस सम्प्रदाय में हैं।

(८) रामवल्लभी—कृष्णकिंकर, गुणसागर, और श्रीनाथ इन तीन मनुष्यों ने रामशरण पाल का मत न मान कर यह पन्थ चलाया। इस मतानुसार सभी जाति सभी देव और सभी धर्म एक हैं। "परम सत्य" वेदी पर ईसा मुहम्मद और नानक को नैवेद्य देते हैं और भगवद्गीता, बाइबल और कुरान का पाठ करते हैं। जाति भेद नहीं मानते हैं।

(९) इनके अतिरिक्त अनेक शाखायें हैं जैसे सतकुली, अन्तकुली, पागलनाथी, दर्पनारायणजी, विश्वासी, जगन्मोहिनी, तिलकदासी अतिबड़ी इत्यादि।

११–शुद्धाद्वैत
(पुष्टिमार्ग वल्लभाचारी)

इस मार्ग के प्रवर्त्तक श्रीमान् वल्लभाचार्य थे। इनके पिता का नाम लक्ष्मण भट्ट था। वे तैलङ्गी ब्राह्मण थे। उनके

पिता काशी में तीर्थाटन के लिये आये तब हिन्दू मुसलमानों में झगड़ा हो गया इस कारण उनके पिता चम्पारन (बिहार) चले गये। वहां वल्लभाचार्य पैदा हुये (जन्म सम्बत् १५३५) उनका पहिला नाम वद्क्रम था। वलभाचार्य ने नारायण भट्ट से वेद, शास्त्र, न्याय पुराणादि का अध्ययन किया था। उन्होंने यह प्रतिपादन किया कि ब्राह्मण में जो परमाणु हैं उनका नाश नहीं होता, केवल रूपान्तर होता है। रूपान्तर को ही तिरोभाव और आविर्भाव कहते हैं। परमात्मा साकार है और सृष्टि दो प्रकार की जीवात्मक और जड़ात्मक हैं। इन्हीं के सम्मिश्रिण से यह रूप-रूपांतर दिखाई देते हैं। इन तीनों में किसी प्रकार का भेद नहीं है। विष्णु स्वामी के "परमात्मा साकार" मत का प्रतिपादन करने से वल्लभाचार्य विष्णु स्वामी के मठाचार्य नियुक्त हुये। उन्होंने गद्दी गोकुल में रक्खी और पुष्टि मार्ग की स्थापना की। अद्वैत बाद को ग्रहण किया। उन्होंने राधाकृष्ण क्रीड़ा और प्रेम पूर्वक भक्त का उपदेश दिया और अपने सम्प्रदाय को अधिक रसिक और अधिक मनोरञ्जक बनाया कारण यही मालूम होता है कि सर्व साधारण का झुकाव मनोरञ्जन की ओर अधिक होता है। विष्णु स्वामी ने सन्यास को अभीष्ट बताया था किंतु वल्लभाचार्य ने उसे निरर्थक बताया। उनके दो पुत्र हुये। श्रीनाथ की मूर्ति उन्होंने पहिले गोवर्द्धन में प्रतिष्ठित की बाद को सन्वत् १५७६ में वे उसे मेवाड़ ले गये। वहां से काशी चले आये और वहीं उनकी सद्गति हुई।

पंथ ।

१—कबीर पन्थ ।

भारत में कबीर पन्थ छोटी कहाने वाली जातियों में प्रचलित है किन्तु इस पन्थ के प्रवर्त्तक को सभी आदर की दृष्टि से देखते हैं। कबीर किस जाति के थे यह निश्चित नहीं है किंतु वे ब्राह्मण थे ऐसा लोग अधिक मानते हैं। उन्हें जन्मकाल से ही एक नूरी जुलाहे ने पाला था और बाल्यावस्था से ही उन्हें वैराग्य आगया था। उन्होंने युक्ति और चातुर्य से रामानन्द की दीक्षा प्राप्त की थी।

कबीर के अनेक सिद्धान्त वैष्णवी हैं किन्तु अनेक बातें इसलाम मत के अनुकूल हैं। उन्होंने दोनों से अपने सिद्धान्त स्थिर किये हैं। ये मूर्ति पूजा नहीं बताते और न मास मदिरा का सेवन बताते हैं। पुनर्जन्म को उन्होंने माना है किन्तु जाति भेद नहीं मानते। परमेश्वर और अल्ला एक ही है।

कबीर ने काशी नरेश को जो उपदेश दिया था वह बीजक में संग्रहित है। यह ग्रन्थ ७०० अध्यायों में विभक्त है। शब्दावली और सुखनिधान दो ग्रन्थ पूजनीय माने जाते हैं।

महात्मा कबीर का देहान्त गोरखपुर जिले में मगहर गांव में हुआ। कहा जाता है कि उनके शव के लिये हिन्दू व मुसलमान दोनों लड़ने लगे। शव पर से कपड़ा उठाने पर केवल फूल ही मिले। काशी नरेश वीरसिंह ने आधे फूल मंगाकर मणिकर्णिका घाट पर अग्नि संस्कार किया और वहां कबीर चौरा बनवाया। मुसलमानों ने आधे फूल दफ़नाये और उसी गांव (मगहर) में बीजलखां पठान ने समाधि बनवाई। दोनों स्थान पवित्र माने जाते हैं। कबीर के मुख्य शिष्य १२ थे—धर्मदास, भागूदास, जीवनदास ज्ञानी, साहेबदास, नित्यानन्द आदि।

२—सिख सम्प्रदाय ।

गुरु नानक का जन्म १४६९ ई० में नानकुचान (पंजाब) में हुआ था। बाल्यावस्था से ही नानक की जिज्ञासा प्रवृत्ति थी और वैराग्य भी था। उनका व्याह उनकी इच्छा के विरुद्ध हुआ और दो पुत्र भी हुये किंतु शीघ्र ही उन्होंने सन्यास ग्रहण कर लिया। वे मक्का मदीने तक गये फिर उन्होंने सन्यास छोड़ दिया और सब जाति के लोगों को धर्म उपदेश करने लगे। उन्होंने बताया कि आत्म शुद्धि बिना कुछ नहीं हो सकता, आत्मा ईश्वर का अंश है। वेद के ज्ञान कांड का मनन, मूर्ति पूजा असत्य है, ईश्वर अवतार नहीं लेता, गुरु का लिखा ग्रन्थ ही वेद है जात पाँति का भेद

असत्य है इत्यादि ।

नानक के बाद अंगद, अमरदास, रामदास, तथा अर्जुनदेव ने गुरू का स्थान ग्रहण किया । अर्जुनदेव मुसलमानों द्वारा मारे गये । उनके बाद हरिगोविन्द गुरू ने सिक्खों को तलवार पकड़ना सिखाया । नवें गुरू तेगबहादुर को औरंगजेब ने मरवा दिया । गुरू गोविंदसिंह ने सिख जाति को पूर्ण सैनिक जाति बना दिया । औरंगजेब से उन्होंने खूब युद्ध किया । उनके दो पुत्रों को निर्दयी औरंगजेब ने दीवार में चुनवा दिया । इतना होने पर भी सिखों ने मुसलमानों के छक्के छुड़ा दिये । पाँच वस्तुओं का रखना प्रत्येक सिख पर वाध्य है—कड़ा, केश, कन्घा, कच्छ, और कृपाण गुरूग्रन्थ साहेब सिक्खों की पूज्य पुस्तक है ।

अमृतसर शहर अर्जुन देव का बसाया हुआ है । यह एक झील के बीच बसाया गया है ।

नानक पन्थ की अनेक शाखायें हैं जैसे कूका पन्थी, गाँजा भक्षी, सुधीग्राही, नामधारी निर्मल और रामरायी आदि ।

इस पन्थ के अनुयायी करीब ४३ लाख के हैं ।

३—मानभाव पन्थ ।

इस पन्थ के संस्थापक कृष्णभट्ट का जन्म १०४७ ई० में दक्षिण प्रांत शोम्बे ग्राम में हुआ था । वह कृष्ण वेश में रहता था और लोगों को कृष्ण का दर्शन देता था । पैटन स्थान के राजा चन्द्रसेन के मन्त्री हेमाड़पन्त ने उसके छल को जान लिया और उसे कारागार में डाल दिया । तो भी इस पन्थ के अनुयायी अभी तक महाराष्ट्र और विहार में पाये जाते हैं । इस पन्थ के पांच मठ हैं—रुद्रपुर, कारञ्ज दरियापुर, फलटन और पैठन । एक महन्त गद्दी अधिकारी होता है ।

४—इलाही मत ।

अकबर ने यह मत ई० सन् १५७५ में हिन्दू, मुसलमान, पारसी, ईसाई और यहूदी मतों के सिद्धान्तों को सम्मिलित करके क़ायम किया था । जाति बन्धन इस मत के अनुयायियों के लिए नहीं रक्खा गया किन्तु यह मत चल न सका ।

५—खीजड़ा अथवा प्रणामी पंथ ।

इस पंथ के प्रवर्त्तक देवचन्द और प्राणनाथ थे । देवचन्द का जन्म अमरकोट (सिंध) में सन् १६५८ में हुआ था । वे बड़े विद्वान थे और उन्होंने जप तप बहुत किये । प्राणनाथ से मित्रता होने पर उन्होंने पन्थ स्थापित किया । प्राणनाथ धवलपुर राज्य में उच्चपद पर थे इस कारण कुछ अनुयायी इस पन्थ के हो गए ।

वैष्णवी सिद्धान्तों के साथ कुछ सिद्धान्त इसलामी भी हैं। कृष्ण की उपासना इस पन्थ का मुख्य उपदेश है।

६—उद्धवी अथवा स्वामी नारायण सम्प्रदाय।

इस पन्थ के प्रवर्त्तक स्वामी सहजानन्द थे। वे सरयूपारी ब्राह्मण थे। उनका जन्म १७८१ ई० में हुआ था। उनके गुरु रामानन्द नामक साधु थे। प्रारम्भ में इन्होंने गडढ़ा नरेश दादा-खाचर को उपदेश दिया। यह स्वामी अपढ़ थे किंतु भाववान थे। इस पन्थ का मुख्य ग्रन्थ शिक्षा-पत्री है।

स्वामी सहजानन्द कृष्ण का अवतार माने जाते हैं। भक्ति से मोक्ष होता है यही इस पन्थ का उपदेश है। इसके अनुयायी काठियावाड़ और गुजरात ही में पाये जाते हैं।

७—राधास्वामी सम्प्रदाय।

इस मत के संस्थापक स्वामी जी के नाम से प्रसिद्ध थे। जन्म स० १८१८ ई० में आगरे में हुआ था।

इस मत के नाम का आधार निम्न लिखित पद्य पर हुआ ऐसा कहा जाता है:—

कबीर धारा अगम की,
सद्गुरु देहि लिखाय।
उलटि ताहि सुमिरन करो,
स्वामी सङ्ग मिलाय॥

धारा शब्द को उलट कर, स्वामी के साथ मिलाने से राधा स्वामी होता है ऐसा स्पष्ट है। राधास्वामी परमात्मा का नाम है गुरू का नहीं और न कृष्ण का। इस सम्प्रदाय में सृष्टि के ३ भाग माने जाते हैं (१) दयालुदेश (२) ब्रह्मांड (३) पिंड। मुक्ति प्राप्ति के भी तीन मार्ग हैं—राधा स्वामी का ध्यान राधा स्वामी का स्मरण, और आत्म-धारा शब्द का श्रवण। इस पन्थ में जाति पांति का भेद भाव नहीं रक्खा गया है। गुरू का बड़ा भारी महात्म्य इस पन्थ में है। गुरू को प्रत्येक वस्तु अर्पण करके आपस में बांट ली जाती है। गुरू का जूठन गुरू के वस्त्र और गुरू का पादार्घ्य पवित्र और ग्राह्य माने जाते हैं।

इस पन्थ वाले सतसंगी कहलाते हैं आगरे में बड़ा भारी स्थान दयाल बाग़ के नाम से बनाया गया है जहाँ पाठशालायें भी हैं और मुख्य तीर्थ स्थान है। सब प्रकार की वस्तुयें तैयार होती हैं। इस सम्प्रदाय के लोग एक दूसरे को सहायता देना अपना कर्तव्य समझते हैं।

स्वामीजी के बाद सम्प्रदाय के अनेक धर्माध्यक्ष हुए। साहिब जी महाराज ने दयाल बाग़ की बड़ी उन्नति की।

ता० २४ जून सन् १९३६ को साहब जी महाराज का देहान्त हो गया। तब से राय साहब गुरुचरण दास मेहता प्रबन्ध कारणी सभा के सभा पति हैं। धर्माध्यक्ष अभी तक कोई नियुक्त नहीं हुआ है।

८—रयदासी।

रयदास (जाति के चमार) रामानन्द के शिष्य थे। चित्तौड़ की रानी ने उनकी शिक्षा ली थी। विष्णु की पूजा और नाम स्मरण इस पंथ का प्रधान अंग है।

९—मलूकदासी।

इस पंथ वाले रामचन्द्र की उपासना करते हैं। मलूकदास रामानन्दी थे। भगवद्गीता को मानते हैं। और ग्रहस्थगुरु से दीक्षा लेते हैं। करा (मानिकपुर इलाहाबाद) में इस पंथ का प्रधान मठ है।

१०—दादू पन्थी।

अहमदाबाद के दादू ने इस पंथ को चलाया। कबीर के कमाल, कमाल के जमाल, जमाल के विमल, विमल के बुद्धन, बुद्धन के दादू क्रमानुसार शिष्य हुये। इस पन्थ के उपास्य देव श्री रामचन्द्र हैं किन्तु इस पन्थ वाले मूर्ति - पूजा नहीं करते।

११—आचारी।

यह रामानुजी सम्प्रदाय की एक शाखा है। धर्माचार्य केवल ब्राह्मण हो सकते हैं किन्तु धात्री और वैद्य भी दीक्षा ले सकते हैं। दक्षिण भारत में इसके अनुयायी हैं।

१२—मीरा पन्थ।

भगवद्भक्त मीराबाई ने इस पंथ की स्थापना की है। मीराबाई मेडता नरेश की कन्या थीं और उदयपुर राना को व्याही थीं जो शैव थे। इस कारण मीराबाई से नहीं बनी। मीरा बाई गिरधर गोपाल की उपासक थीं। राना ने उन्हें सब प्रकार समझाया, डराया, दुःख दिया, विष तक दिया पर उन्होंने साधुओं की सेवा और श्री कृष्ण की पूजा न छोड़ी।

मीरा बाई के पद, अत्यन्त मधुर चित्ताकर्षक और मार्मिक हैं।

१३—राधाबल्लभी।

मुख्य धाम बृन्दाबन है। राधाकृष्ण की ही उपासना करना ध्येय है।

१४—सखी भाव।

इस पन्थ वाले कृष्ण की उपासना करते हैं और खुद को कृष्ण की सखी समझते हैं। स्त्री वेष में भी इसी कारण रहते हैं।

१५—सत नामी।

इस पन्थ के अनुयायी ईश्वर को सत नाम कहते हैं। जगजीवन क्षत्रिय ने

नवाब आसफुद्दौला के समय में यह पंथ प्रचलित किया। यह पंथ निर्गुण ब्रह्म की उपासना करते हैं। कहते हैं कि इस पन्थ के साधु, मल और वीर्य का भी भक्षण करते हैं।

१६—ईसुर्वेदी।

सम्वत १६०६ में एक पादरी रावर्न डी० नेविली भारत में आया और बाइबिल को पञ्चम वेद ईसुवेंद बताने लगा। ऋग्वेद की प्रथम ऋचा "अग्नि भीले" का अपभ्रंस "इसुमीले" किया यह पन्थ चल न सका।

१७—विट्ठल भक्त।

पुंडरीक ने १४वीं ई० शताब्दी में इसकी स्थापना की। इस पन्थ के इष्ट देव विठोबा हैं जो विष्णु के नवम अवतार माने जाते हैं। भीमा नदी के तट पर पँढ़रपुर में विठोबा का मंदिर है। महाराष्ट्र में विठोबा की उपासना बहुत प्रचलित है।

महाराष्ट्र के प्रसिद्ध भक्तकवि तुकाराम विठोबा के बड़े ही भक्त हुए हैं। इनके अभङ्ग मार्मिक, सरल और रसिक हैं। ये जन्मानुसार वर्ण व्यवस्था को नहीं मानते।

१८—चरण दासी पन्थ।

यह पंथ चरण दास देहरा (अलवर) ने स्थापित किया। राधा कृष्ण उपास्य देव हैं। भागवत और भगवद्गीता इनके प्रमाणिक ग्रन्थ हैं। दिल्ली में प्रधान मठ है यहीं चरण दास की समाधि है।

१६—आदि बराहोपासक।

इस पंथ के लोग वराह की उपासना करते हैं और शरीर पर वराह चिह्न रखते हैं। उपासक बहुत कम हैं।

२०—समर्थ सम्प्रदाय (रामदासी)

यह सम्प्रदाय श्री समर्थ रामदास स्वामी शिवा जी के गुरू ने स्थापित किया था। रामदास स्वामी का मुख्य ग्रन्थ दासबोध है उनके उपासक महाराष्ट्र भर में पाए जाते हैं। राम चन्द्र मुख्य उपास्य देव हैं।

२१—चूहड़ पन्थ।

आगरे के एक वैश्य ने थोड़े ही दिन हुए यह पन्थ क़ायम किया था। उपास्य देव श्री कृष्ण हैं। साधन के समय स्त्री पुरुष साथ मिलकर नृत्य गायन करते हैं।

२२—अन्यान्य पन्थ।

इन पन्थों के अतिरिक्त भारत में अनेक पन्थ हैं जैसे राम प्रसादी, हरि व्यासी, वारकरी, माधवी, सधन, हरिश्चंद्री, (डोमही इस पंथ में हैं) रामदेव (मारवाड़ के खेड़ाया ग्राम निवासी) राम सनेही (जयपुर निवासी) स्थापना सम्वत् ८२४। चक्राँकित (शठकोप कजर द्वारा स्थापित) विष्णु पंथ (जम्मजी दिल्ली निवासी द्वारा स्थापित) कृष्ण राम (सम्वत १८६५ में

कृष्ण राम ब्राह्मण अहमदाबाद निवासी), कार्मोलिन, (सन १६०७ में स्थापित ईसाई मत की उपशाखा) कुबेर (कुबेर कोली द्वारा सारसा में स्थापित), बाबा लाल का पंथ (सीमा प्रान्त की ओर प्रचलित) अनंत पंथ निरंजन (राजपूताने में प्रचलित), बीजमार्गी, आपा पंथ (मल्लार पुर के मुन्नादास सुनार द्वारा स्थापित अयोध्या के माडवा नामक ग्राम में प्रधान मठ) षड्दर्शनी (मारवाड़ में प्रचलित) संतराम पलटूदासी, (अयोध्या में मुख्य मठ) खाकी, सेन पंथ आदि हैं।

२३—पारसी मत (जरथोस्ती धर्म)

महात्मा जरथोस्त का जन्म टेहरान के पास रहे (ग्राम) में १५३७ ई० सन् के पूर्व हुआ था। तीस वर्ष की अवस्था में ईरान के बादशाह के पास गए। बादशाह के धर्माचार्यों की सभा की उसमें जरथोस्त ने सबको पराजित किया। किंतु स्वार्थियों ने बादशाह को कुछ उलटा समझा दिया। इस कारण बादशाह ने उन्हें बंदीग्रह में डाल दिया। थोड़े ही दिन पीछे बादशाह बीमार हुये और जब किसी दवा से अच्छे न हुये तब जरथोस्त के शरण आये। बादशाह ने अपना सेवियन धर्म त्याग दिया और जरथोस्ती धर्म को स्वीकार किया। इसके पश्चात् अनेक देशों ने यह धर्म स्वीकार किया। इस धर्म के सिद्धान्त यह हैं—परमेश्वर अनादि, अनन्त निर्विकार है। मूर्तिपूजा व्यर्थ है। जाति पांति नहीं मानी जाती। दया, गायों की रक्षा करना, स्वच्छता से रहना, यही उपदेश दिया जाता है।

मुसलमानों ने ईरान पर आठवीं शताब्दी में आक्रमण किया उस समय कुछ ईरानी ई० सन् ७२१ में भारत में भाग आये और संजाव बन्दर पर उतरे। इस समय के पारसी उन्हीं के वंशज हैं।

२४—इसलाम मत।

भारत पर मुसलमानों के आक्रमण के साथ यह मत भारत में आया। इसलाम का प्रचार भारत में तलवार के जोर पर हुआ यह बात सिद्ध है।

इस धर्म के प्रवर्त्तक श्री मुहम्मद का जन्म ५७० ई० सन् में मक्का में हुआ था। वह कुरेश वंश की खदीजा नामक स्त्री के यहाँ नौकर थे। एक बार वे बसरा गये और वहाँ पर एक ईसाई साधु (बाहिरी) का उपदेश सुना जिससे मूर्ति पूजा के वे विरुद्ध हो गये। इसके बाद उन्होंने मूर्ति पूजा के खण्डन और ईश्वर की एकता का प्रचार किया। खुद को ईश्वर का भेजा हुआ पैग़म्बर (दूत) बताया। अरब स्थान के लोगों ने उन्हें तंग किया और वे मदीने भाग कर आये

उसी समय से हिजरी सन् चला। भारत के इतिहास में मुसलमानी काल अन्धकार का काल समझा जाता है। भारतीय संस्कृति का विनाश इसी काल में हुआ।

२५—पीराना पन्थ।

ई० सन् १४४६ में अहमदाबाद के पास गरमथा गाँव में एक फ़क़ीर इमामशाह ने इस पन्थ को चलाया। उसने अनेक हिन्दुओं को अपने पंथ में मिलाया। मत्स्य मांस और मादक वस्तु से अलग रहना बताया जाता है। इस में हिन्दू और मुसलिम सिद्धान्तों का मिश्रण है।

२६—यहूदी मत।

भारत में यहूदी मत के मानने वाले बहुत कम हैं। इस धर्म के प्रवर्त्तक मूसा का जन्म ई० सन् पूर्व १५७१ में हुआ।

२७—ईसाई मत।

भारत में ईसाई मत का प्रचार छटवीं शताब्दी में आरम्भ हुआ। ऐसा कहते हैं कि सेंट टामस (Apostle) ने भारतवर्ष में इस मत का प्रचार किया और आरम्भ में कुछ भारत वासी मलावार के समुद्र तट पर ईसाई हुये।

ईसामसीह के जन्म को १६३८ वर्ष हुये और ईसाई मतावलम्बियों का विश्वास है कि वर्जिन मेरी के गर्भ से केवल ईश्वरी प्रेरणा से ईशु उत्पन्न हुये। ईसाई मत अनुदार नहीं है। ईसाई मतावलम्बी तीन दैविक व्यक्तियों को मानते हैं—(१) पिता (२) पुत्र और (३) होली गोस्ट (पवित्र आत्मा)। ईसामसीह ईश्वर के पुत्र माने जाते हैं। ईसा ने धर्म-प्रचार एशिया माइनर के जेरूसलम आदि शहरों में किया। रोगियों को निरोग करने की उनमें अद्भुत शक्ति थी इस कारण उन्हें 'मसीह' कहते हैं। इस धर्म की अनेक शाखायें हो गई हैं—(१) रोमन केथोलिक (२) प्रोटेस्टैण्ट (३) लिबरल केथोलिक (४) प्रिस्बिटेरियन। इङ्गलैण्ड के प्रोटेस्टैण्टो ने चर्च आफ इंगलैण्ड अलग कर लिया है। प्रोटेस्टैण्ट शाखा के प्रवर्त्तक 'लूथर' थे इस मत की मुख्य पुस्तक 'बाइबिल' है जिसके दो भाग हैं—(१) ओल्ड टेस्टामेंट और (२) न्यू टेस्टामेंट।

आधुनिक मत ।

१—ब्रह्म समाज ।

ब्रह्म समाज की स्थापना १८१८ ई० में राजा राममोहन राय ने की। राजा राममोहन राय को हिन्दू धर्म की प्रचलित कुरीतियों से असन्तोष उत्पन्न हुआ और उन्होंने अनेक लेख इस विषय में लिखे। मूर्ति पूजा, ब्राह्मण, पुरोहितों, की आढ्यता, स्त्रियों में परदा, धर्म के नाम पर स्त्रियों का जलाया जाना (सती प्रथा), वेदों की विस्मृति—यह सब बातें उन्हें अच्छी न लगीं और उन्होंने इनके विरुद्ध आन्दोलन आरम्भ किया। सन् १८२८ ई० में उन्होंने एक आस्तिक संघ (Theists' Union) भी क़ायम किया जिसमें वैदिक साहित्य पढ़ा जावे और धर्म पर व्याख्यान दिये जावें। ब्रह्म समाज के उद्देश्य ये थे— नीत, धर्म, उदारता पवित्रता, आदि सद्गुणों की समाज में उन्नति तथा विभिन्न धर्म तथा मतों के मनुष्यों में पारस्परिक प्रेम बन्धनों को दृढ़ करना।

राजा राममोहन राय का जन्म मई १८७२ ई० में राधानगर (बङ्गाल) में हुआ था। उनके पिता का नाम रामकण्ठ राय था। उन्होंने महेश नामक अध्यापक द्वारा अरबी, फारसी और बङ्गला की शिक्षा प्राप्त की थी। १६ वर्ष की अवस्था में "मूर्ति पूजा निषेध" पुस्तक लिखी जिसके कारण वे जाति वहिष्कृत किये गये और पिता ने भी उन्हें घर से निकाल दिया। उन्होंने पहिले नौकरी की किन्तु बाद को धर्मोपदेश के लिये उसे त्याग दिया। ब्रह्म समाज के सिद्धान्तानुसार परमात्मा एक है जीव उससे भिन्न है मूर्ति पूजा और जाति भेद मिथ्या है, सर्वत्र समान भाव से आचरण करना चाहिये। १८२८ ई० सन् में सती प्रथा बन्द हुई वह इन्हीं के प्रयत्नों का फल है। सन् १८३१ में वे इङ्गलैण्ड गये और १८३३ में इनका वहीं देहान्त हुआ। बाबू द्वारकानाथ टागोर और बाबू प्रसन्न कुमार ने उन्हें बड़ी सहायता दी थी।

१८४८ ई० में केशवचन्द्र सेन ने यह मत स्वीकार किया और स० १८६२ में आचार्य नियत हुये। उन्हों ने १८६६ ई० में भिन्न २ जाति के अनेक स्त्री पुरुषों के विवाह कराये। यह बात महर्षि देवेन्द्रनाथ टागोर को पसंद न आई। इस कारण मत की दो शाखायें हो गईं—(१) आदि ब्रह्म समाज (२) भारतवर्षीय ब्रह्म समाज।

केशवचन्द्र ने भारत में भ्रमण कर

अनेक शाखायें क़ायम कीं। स० १८७० में वे इङ्गलैण्ड गये। अंग्रेज लोग उनके भाषणों से दंग रह गये। मिस्टर मैक्स मुलर से उनसे मुलाकात हुई और महारानी विक्टोरिया ने उन्हें भोज दिया। स० १८७८ में वे अपने को ईश्वर का प्रतिनिधि बतलाने लगे। कट्टर सुधारक होने पर भी उन्होंने अपनी १३ वर्ष की कन्या का विवाह कूच विहार के राजा से कर दिया। इन बातों से उन पर लोगों की श्रद्धा कम होगई और साधारण ब्रह्म समाज नामक तीसरी शाखा खुल गई। स० १८८४ में केशवचन्द्र सेन की मृत्यु हुई

२—प्रर्थना समाज।

बम्बई प्रांत में ब्रह्म समाजी जैसे तत्वों के मानने वाले अपने को प्रार्थना समाजी कहते हैं। उन्हें 'सुधारक' भी कहते हैं। हिंदुओं की अनिष्ट कारक प्रथाओं को नहीं मानते। विधवा विवाह, प्रौढ़ विवाह, स्त्री शिक्षा के समर्थक हैं। जाति पांति के भेद को नहीं मानते। इनकी उपशाखा स० १९१४-१५ में आर्यब्रदरहुड नाम से चली हैं। इस समाज के प्रसिद्ध संचालक श्री० महादेव गोविंदरानडे, सर रामकृष्ण भाण्डारकर और सर नारायण जी० चन्द्रावरकर थे।

३—आर्य समाज।

आर्य समाज की स्थापना ता० १ मार्च १८७५ में स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा बम्बई में हुई। उस समय से उन्होंने वेद भाष्य और सत्यार्थ प्रकाश लिखना आरम्भ किया। स० १८७५ में चांदापुर में अनेक धर्माचार्यों से वादविवाद कर वैदिक धर्म को पुष्ट किया।

महर्षि दयानंद का जन्म १८२४ ई० में टंकारा (काठियावाड़) में हुआ था। उनका नाम मूलशंकर था और उनके पिता का नाम अम्बाशंकर था। वे औदीच्य ब्राह्मण थे। बाल्यावस्था ही में मूर्ति पूजा पर अश्रद्धा हो जाने के कारण घर से चल दिये। मथुरा में और काशी में वेदाध्ययन किया। उन्होंने स्वामी पूर्णानंद से सन्यास ग्रहण किया। उस समय उनकी आयु २३ साल की थी। उसके बाद उन्होंने देशाटन किया और मथुरा में आकर उन्होंने स्वामी बृजानन्द से ७ वर्ष तक वेद पढ़ा। उनके आदेशानुसार उन्होंने वैदिक धर्म का पुनः प्रचार करने का दृढ़ निश्चय किया। ता० १७ नवम्बर १८६९ को उन्होंने काशी में ८००-९०० पंडितों को राजा जयकृष्ण काशी नरेश के सभापतित्व में बाद विबाद कर मूर्ति पूजा वेद विरुद्ध सिद्ध करदी और वैदिक धर्म को भारत में पुनः प्रतिष्ठित किया। आर्य समाज की स्थापना निम्न लिखित सिद्धान्तों पर की गई:—

[१] सर्व ज्ञान और धर्म का मूल वेद है।

[२] परमात्मा निराकार और सर्वव्यापक है।

[३] मूर्ति पूजा वेद विरुद्ध है।

[४] पुराण सर्वथैव मानने योग्य नहीं है।

[५] पुनर्जन्म सत्य है।

[६] वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म पर है, जन्म से ही नहीं।

[७] द्विजों को १६ संस्कार और नित्य कर्म करना चाहिये।

[८] यज्ञ में पशु हिंसा वेदानुकूल नहीं है।

[९] नियोग प्रथा ग्राह्य है।

[१०] जीव और ईश्वर भिन्न है।

सन् १८७८ में न्यूयार्क की थियोसोफीकल सोसाइटी के साथ पत्र व्यवहार होकर यह निश्चित हुआ कि वे भी आर्यसमाज के साथ सामाजिक व धार्मिक कार्य करें, किंतु तुरन्त ही मतभेद हो गया।

उन्होंने पंजाब, संयुक्तप्रांत और विहार में अनेक शाखायें क़ायम कीं। देशी राज्यों में भी भ्रमण किया और जोधपुर में कुछ मास रहे। जोधपुर नरेश की वेश्या ने स्वामी जी को उनके विरोधियों की सहायता से रसोइये द्वारा पिसा हुआ काँच अन्न में खिला दिया। स्वामीजी ने आबू पहाड़ पर जाकर चिकित्सा कराई परन्तु कोई लाभ न हुआ। यहां से अजमेर गये और वहीं सन् १८८३ की दीपावली के दिन उनका देहान्त हुआ।

आर्यसमाज की स्थापना से भारत की उन्नति का सूर्य क्षितिज में उदय हो गया। इस समाज ने वेद विद्या को पुनः प्रतिष्ठित कर नवीन जीवन का सञ्चार कर दिया। सब प्रकार की सामाजिक प्रगतिशील हलचलों में आर्य समाज ने अग्रसर भाग लिया है। गोरक्षा, अनाथालय, विधवाश्रम, कन्या पाठशालायें, पददलित जातियों की उन्नति, परधर्मीयों और पतितों की शुद्धि, बालविवाह का रोकना, विधवा बिबाह इत्यादि सभी बातों में आर्यसमाज के कार्याकर्त्ताओं ने ठोस कार्य किया है।

आर्यसमाज द्वारा दयानन्द एंगलो वैदिक कालेज लाहौर और गुरुकुल काँगड़ी की स्थापना हुई है जिसके द्वारा युवकों में जागृति हुई है।

आर्यसमाज का संचालन अखिल भारतवर्षीय आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा होता है। उसके नीचे प्रान्तीय आर्य-प्रतिनिधि सभायें भी हैं।

पिछले वर्षों में आर्यसमाज ने शुद्धि और सङ्गठन आन्दोलन में बड़ा काम किया। इस संस्था के क़रीब ४

लाख ६८ हज़ार अनुयायी हैं। सन् १९११ से संख्या ६३ प्रतिशत बढ़ी। पंजाब में ६५ प्रतिशत और संयुक्त प्रान्त में ५६ प्रतिशत।

४—देव समाज।

यह समाज सन १८७७ में श्रीयुत शिव नारायण अग्निहोत्री कानपुर निवासी ने क़ायम की। मनुष्य में ऐसी शक्तियाँ हैं जो उन्नति को प्राप्त होकर ब्रह्माण्ड को लाभ पहुँचा सकती हैं। इस समाज में केवल चरित्रवान और अच्छे मनुष्य लिए जाते हैं। मद्यपान और मांसाहार की मनाई है। ईश्वर को यह समाज नहीं मानता, समानता के तत्व पर यह समाज चलाया जाता है। इसके अनुयायी बहुत कम हैं। श्री अग्निहोत्री जी ने देव गुरु की उपाधि धारण की थी और समाज की स्थापना लाहौर में की।

५—थियासोफिकल सोसायटी।

थियासोफी के सिद्धान्तों का प्रकाश श्रीमती मेडम व्हेलेना पेट्रूना ब्लावेट्स्की (रूसी महिला) ने सन् १८७५ में किया। उन्होंने एक बड़ा ग्रन्थ "इसिस अनव्हेल्ड" लिखा और यह बताया कि इस ग्रन्थ को उन्होंने दैवी आदेश स्फुरण से प्रकट किया है। मेडम ब्लावेट्स्की ने अपने सिद्धान्तों का आधार हिंदू "कर्मफल" तत्व को बनाया। कर्नल आलकट एक अमरीकन सज्जन को यह सिद्धांत पसन्द आए और फिर दोनों सज्जनों ने इस थियोसोफिकल सोसाइटी की स्थापना न्यूयार्क (अमेरिका) में ता० १७ नवम्बर १८७५ को की। ऐसा कहा जाता है कि यह दोनों व्यक्ति स्थापना में केवल निमित्त मात्र हुये किंतु असली संस्थापक महर्षि देवापी अथवा लार्ड मैत्रेय हैं।

कहा जाता है कि इन महर्षियों का उल्लेख भागवत, विष्णु पुराण और कलकी पुराण में इस प्रकार है कि वे कलियुग में धर्म की स्थापना करेंगे। कर्नल आलकाट और मेडम ब्लावेट्स्की से स्वामी दयानन्द सरस्वती से पत्र व्योहार हुआ और ता० २२ मई १८७८ को थियोसोफ़िकल सोसाइटी की बैठक में स्वामी जी को आचार्य बनाना भी निश्चित हुआ किंतु स्वामी जी से अवतार और महात्माओं का मिलन इत्यादि विषयों में मतभेद हो गया। कर्नल आलकाट और मेडम ब्लावेट्स्की ने अपनी समाज का केन्द्र अडयार (मद्रास) में बनाया और स्वतन्त्रता से नूतन धर्म का प्रचार करने लगे।

मेडम ब्लावेट्स्की ने अनेक पुस्तकें लिखीं जिनमें दो अत्यन्त गम्भीर तथा ज्ञान पूर्ण हैं—"इसिस अनव्हेल्ड" और "सीक्रेट डाकट्रिन"।

कर्नल आलकाट का प्रथम लेकचर बम्बई में २३ मार्च १८६० को हुआ और सोसाइटी का भारतीय भाग ता० २७ दि० १८६० को स्थापित किया। मेडम ब्लावेट्स्की की मृत्यु पर कर्नल आलकाट सभापति हुए। ऐसा कहा जाता है कि मिसेज़ एनीवेसेण्ट को मि० डब्ल्यू. टी. स्टीड ने 'इसिस अनव्हेल्ड' पुस्तक समालोचना लिखने के लिए दी। उसको पढ़कर उन्होंने थियोसोफी में प्रवेश किया। मि० एनीवेसेण्ट सन् १६०६ में प्रेसीडेण्ट हुईं जिस वर्ष कर्नल आलकाट का देहान्त हुआ।

इस समाज के मुख्य सिद्धान्त निम्नलिखित हैं:—(१) जाति, रङ्ग धर्म, वर्ण आदि किसी प्रकार का भेद न मानकर मनुष्यों में भ्रातृ-भाव उत्पन्न करना।

(२) सब प्रकार के धर्म, आत्म-विद्या, विज्ञान की शिक्षा की उन्नति।

(३) मानवी प्रकृति के नियमों की खोज और उन पर विचार।

थियोसोफी के अनुयायियों में बड़े बड़े विद्वान हैं—जैसे मि० लेडबीटर मि० एरंडेल, मि० जीन राजा दास, बाबू भगवान दास।

थियोसोफिकल सोसाइटी के आरम्भ होने के कुछ वर्षों बाद एक "एसोटेरिक सेक्शन" (गुप्त मण्डल) बन गया जिसमें केवल विशिष्ट सदस्य ही लिए गए। इस मण्डल ने खुद को अन्य सज्जनों से अधिक ज्ञानवान तथा गुप्त रहस्यों का जानकार बताना आरम्भ किया। उसकी बैठकों में गुप्त रीति से जगद्गुरु के आने की चर्चा आरम्भ की गई। उसी प्रकार यह भी प्रगट किया जाने लगा कि मि० वेसेण्ट से और ऋषियों से जो तिब्बत में रहते हैं मुलाक़ात होती हैं इत्यादि। धीरे २ यह भी प्रगट किया जाने लगा कि मद्रास प्रांत के नारायण अय्यर के पुत्र जे० कृष्ण मूर्ति के शरीर में जगद्गुरु लार्ड मैत्रेय अवतीर्ण होने वाले हैं। इन बातों पर बड़ा वादाविवाद हुआ और थियोसोफिकल सोसायटी के प्रमुख सदस्य बा० भगवान दास ने अनेक लेख इसी सम्बन्ध में लिखे। सन् १६११ में मि० एनीवेसेण्ट कृष्णमूर्ति को इङ्गलैण्ड ले गईं। कृष्णमूर्ति के पिता ने उन पर पुत्र की वापिसी के लिए दावा किया। सन् १६१३ में यह मुक़दमा हुआ। बाल्यावस्था में ही कृष्णमूर्ति ने एक पुस्तक "ऐट दी फ़ीट आफ़ माई मास्टर" लिखी।

इस समाज का वार्षिक कन्वेशन होता है जो एक वर्ष अडयार और एक वर्ष बनारस में होता है। सारे जगत् के प्रतिनिधि यहां आते हैं।

समाज की शाखायें सारे जगत में

हैं और श्री जे. कृष्णमूर्ति जगद्गुरु भी कहाए जाने लगे। जगद्गुरु के आगमन की बाट जोहने तथा उनके अवतार लेने के लिए इस समाज के साथ २ एक दूसरी संस्था तैयार की गई थी जिसका नाम स्टार इन दी ईस्ट रक्खा गया था।

श्री० कृष्णमूर्ति की सबसे पहिली पुस्तक 'ऐट दि फीट आफ़ माई मास्टर' है, जिसका हिन्दी भाषान्तर "श्रीगुरुदेव चरणेषु" है।

होलैण्ड के एक धनवान ने बहुत सी सम्पत्ति इस संघ को दी है। वहाँ के ओमेन शहर में हर साल अधिवेशन होता है। एक अधिवेशन में २००० से अधिक उपस्थिति जगत की सब जातियों के सदस्यों की थी। अफ्रीका में ४०००० पौंड इकट्ठा किया जा रहा है और इस संघ ने एक भारत समाज भी कायम की है जो भारत के मन्दिरों का उद्धार कर रही है। अडयार (मद्रास) में इस संघ का केन्द्र है। कुछ समय से श्री० कृष्णमूर्ति ने संघ को तोड़ दिया है। उनका कहना है कि संघ क़ायम रहने से साम्प्रदायिक भाव उत्पन्न होते हैं जो धीरे धीरे संकुचित होकर अन्य सम्प्रदायों से विरोध करने लगते हैं। सत्य सब की सम्पत्ति है और उसकी खोज के लिये सम्प्रदाय की कोई आवश्यकता नहीं।

कुल देशों में लगभग १५७६ थियोसाफिकल सोसाइटी की शाखायें और ४७६३१ सदस्य हैं। इस समाज में हर धर्म के लोग प्रविष्ट हो सकते हैं और अपने २ धर्म का पालन कर सकते हैं।

अडयार में भव्य इमारतें बनाई गई हैं। मन्दिर, मसजिद, और गिरजा भी बनाये गये हैं जिससे अपने २ धर्म के अनुसार लोग पूजा कर सकें।

थियोसोफिकल सभा ने अनेक सर्वोपयोगी संस्थायें भी चलाईं—

(१) हिन्दू कालेज बनारस, जो अब हिन्दू यूनिवर्सिटी में परिवर्तित हो गया है।

(२) बालिकाओं के लिये स्कूल, बनारस।

(३) पञ्चम स्कूल, अडयार। यह स्कूल अछूतों के लिये है।

(४) मदनापल्ली नेशनल यूनीवर्सिटी।

(५) अडयार में महान् पुस्तकालय

६—सत्य शोधक समाज।

श्रीयुत ज्योतिराव फुले ने इस समाज को सन् १८६६ में पूना में स्थापित किया। परमेश्वर निराकार है। उसकी शक्ति से ही मोक्ष होते हैं। वह अवतार नहीं लेता। मूर्ति पूजा अयोग्य है। वेद पुराणादि को स्वार्थी लोगों ने रचा है अतः उन्हें

सर्वथा सत्य न मानना चाहिये उन्हें जांच कर अपनी बुद्धि अनुसार सत्यासत्य का विवेक करना चाहिये। जाति भेद व्यर्थ हैं सब समान हैं। इन्हीं सिद्धान्तों को श्री० फुले ने अपने सामने रख कर इस सभा की स्थापना की। इस समाज ने अनेक पुस्तकें प्रकाशित की हैं। इसके अनुयायी महाराष्ट्र और विहार में हैं। श्री० भास्करराव विठोजीराव जाधव ने सन् १९११ में इस समाज को पुन: जागृत किया और धीरे २ इस समाज के अनुयायी ब्राह्मणेतर पक्ष में शामिल हो गये और सन् १९२८ में महाराष्ट्र में जो ब्राह्मण-अब्राह्मण झगड़े हुये उन में इस समाज के ही लोग मुख्य थे।

७—फ्रीमैसन

इस समाज की शाखायें भारत में अनेक हैं और बहुत से धनी और विद्वान् मनुष्य इसके सदस्य हैं। १६वीं शताब्दी ईस्वी में इसकी स्थापना विलायत में हुई थी ऐसा कहा जाता है। इस समाज की बातें गुप्त रक्खी जाती हैं। इस समाज का केवल एक ही सिद्धान्त मालूम होता है, पारस्परिक सहायता। इसी कारण न कोई गूढ़ तत्व है और न कोई गुप्त बात है। जब कोई गुप्त बात नहीं तो कोई मनुष्य बताना भी चाहे तो क्या बताए। इस समाज से जगत को कोई लाभ नहीं है। अनेक भारतीय धनवान तथा विद्वान मनुष्य इसके सदस्य केवल इसीलिये हो जाते हैं कि अंग्रेजों का अनुग्रह प्राप्त करलें और उनके कृपापात्र बने रहें।

८—स्वामी रामतीर्थ का वेदांत मत

स्वामी रामतीर्थ ने कोई पन्थ नहीं चलाया किन्तु उन्होंने उपनिषदों में ग्रथित एकतावाद को पुष्ट किया। सारा ब्रह्माण्ड परमात्मा का स्वरूप है, सब चल अचल वस्तुयें एक हैं, कोई भिन्नता नहीं यही उन्होंने प्रतिपादन किया। अर्थात् वेदान्त मत का पुन: प्रचार किया।

स्वामी रामतीर्थ गोस्वामी तुलसीदासजी के वंशज थे। गुजरानवाला जिले में सन् १८७४ में स्वामीजी का जन्म हुआ। २० वर्ष की अवस्था में उन्होंने एम. ए. पास किया और फिर प्रोफेसर हुये। सन् १८९८ के बाद एक वर्ष तक वे अरण्य में रहकर आत्मोउन्नति पर एकान्त में विचार करते रहे। फिर २६ वर्ष की अवस्था में सन्यासी हो गये। हिमालय पर्वत पर उन्होंने खूब भ्रमण किया। इसके बाद अमरीका और जापान गये। और वहाँ उन्होंने वेदान्त पर अनेक व्याख्यान दिये और अनेक अनुयायी बनाये। टेहरी (गढ़वाल) के पास गढ़वाल में गंगा स्नान करते समय पैर फिसलने से उनको जल समाधि हो गई। उस समय उनकी आयु ३२-३६ साल

भारत का साम्पत्तिक जीवन।

भारत का साम्पत्तिक जीवन ।

भारत की सम्पत्ति ।

यह बात बिल्कुल निर्विवाद है कि प्राचीन काल में भारतवर्ष बड़ा ही समृद्धिशाली तथा धनवान देश था । कारण भी स्पष्ट है कि भारतवर्ष की भूमि अत्यन्त उपजाऊ है । और ऋतुयें भी मानव स्वभाव के अनुकूल हैं । थोड़े ही प्रयास में पर्याप्त उपज होती है । सब प्रकार के अनाज फल तरकारियाँ, औषधियाँ और जङ्गली पदार्थ बहुतायत से उत्पन्न होते रहे हैं । देश के निवासी चिरकाल से सभ्य और उन्नत रहे हैं सब प्रकार के खनिज पदार्थ भी उन्हें प्राप्त रहे हैं । कला कौशल तथा मानसिक परिश्रम में भी यहां के निवासी प्राचीन काल में भी अग्रसर रहे । अरब इरान, यूनान, इटली, चीन आदि देशों में भारत से पन्ना, हीरे, मोती आदि रत्न तथा उत्तमोत्तम वस्त्र भूषण आदि सुदूर देशों में भेजे जाते रहे और अनेक देशों से भारत में सम्पति खिंचती रही । सिकन्दर से लेकर आधुनिक काल तक विदेशियों के आक्रमण भारत की सम्पतिशालिता का प्रमाण हैं ।

किंतु आज यह बात भी निर्विवाद है कि भारत की दरिद्रता की पराकाष्ठा हो चुकी है और वर्तमान जगत के सभ्य देशों से तुलना करने पर भारत अत्यन्त ही दरिद्री और हीन पाया जाता है ।

जापान सरकार के आंकडे विभाग (Statistical Department) के प्रमुख पदाधिकारी ने भिन्न २ देशों की सम्पत्ति का अनुमान वैज्ञानिक रीति से किया और निम्न लिखित आंकड़े उन्हीं की गवेषणा के आधार पर दिये जाते हैं ।

विभिन्न देशों की सम्पत्ति।

(येन = सवा रुपिया)

देश	सम्पति	वार्षिक आय प्रति मनुष्य
इंगलैण्ड	४३८३१ (लाख येन)	६७७ येन
अम्रीका यू० एस०	१४२५१८	१२७२ ,,
जरमनी	२४६२७	३६८ ,,
फ्रांस	२१६०७	५४६ ,,
जापान	१२८८५	२१८ ,,
इटली	१०३५२	२६० ,,
आस्ट्रेलिया	४५२४	७७१ ,,
भारत (हमारे आंकड़े)	७६५१२० रु०	३४ रूपया

उपरोक्त आंकडों से सिद्ध है कि अन्य देशों की अपेक्षा लोक संख्या को ध्यान रखते हुए भारत बड़ा ही निर्धन देश है। वार्षिक आय प्रति मनुष्य केवल ३४ रु० है। यू० एस० अमरीका में वार्षिक आय प्रति मनुष्य बड़े ऊँचे परिमाण में है। एक दूसरे विशेषज्ञ के आंकड़ों से कतिपय देशों की प्रति मनुष्य सम्पति की मात्रा का दिग्दर्शन होगा।

सम्पत्ति प्रति मनुष्य

देश	रुपया
अम्रीका यू. एस.	५८६६
फ्रान्स	३७५०
इंगलैंड स्काट लैंड	५७००
जर्मनी	३७००
रूस	१२८८
जापान	७५०
भारत	३००

भारत के अंग्रेजी शासकों द्वारा समय २ पर यह बताने की चेष्टा की जाती है कि भारत पहले से अधिक धनवान है और होता जा रहा है। इस सम्बन्ध में यह भी प्रयत्न किया गया है कि भारत के निवासियों की वार्षिक आय भी वैसी कम नहीं है जैसी कि भारत वासी बताते हैं। सन् १८७१ में श्रीयुत दादा भाई नौरोजी ने बड़ी खोज के साथ यह पाया कि भारतवासियों की वार्षिक आय केवल २० रुपया है। यह अनुमान समय समय पर लगाये गये हैं जो नीचे दिये जाते हैं:—

भारतीय की वार्षिक आय।

सन्	अनुमानकर्ता	वार्षिकआय
१८७१	श्री. दादभाई नौरोजी	रु० २०
१८८२	मि. बेयरिंग बारबर	रु० २७
१८६१	एटकिन्सन	रु० ३५
१६००	मि. विलियम डिग्बी	रु० १७
१६००	लार्ड कर्जन	रु० ३०
१६११	मि. फिंडले शिरास	रु० ५०
१६१४	श्री. वी. एन. शर्मा	रु० ८६
१६२१	प्रो० शाह व खंबाटा	रु० ६७
१६२१	फिंडले शिरास	रु० १०७

उपरोक्त हिसाब से भारतवासियों की आय प्रति मनुष्य प्रति दिवस दो आने से अधिक नहीं है, अधिकांश लोक संख्या को पेट भर अन्न नहीं मिलता और ४ करोड़ केवल एक समय साधारण भोजन पाते हैं।

राष्ट्रीय वार्षिक आय

भारत की राष्ट्रीय वार्षिक आय का अनुमान भी जानना आवश्यक है। निम्न लिखित • आंकडे मि० फिंडले शिराज, जो प्रिंसिपल तथा अर्थ शास्त्र के प्रोफेसर गुजरात कालेज बम्बई यूनीवर्सिटी में थे तथा भारत सरकार के आँकड़े विभाग के डायरेकटर भी रह चुके हैं, के आधार पर दिये गये हैं:—

विभिन्न देशों की राष्ट्रीय आय

देश	वर्ष	आय (लाख पौंडों में)	प्रतिमनुष्य (पौंड)	जनसंख्या (लाखों में)
अंग्रेज़ी भारत	१६३१	१२७७८	५	२७,१५
ग्रेट ब्रिटेन	१६३१	३५०००	७६	४,६०
मिश्र	१६२८	३०१०	२१	१,४०
फ्रान्स	१६२८	१६६३०	४१	४,१०
जर्मनी	१६२५	२४४८०	३६	६,२६
इटली	१६२७	६७२०	२४	४,१०
जापान	१६२५	११३२०	१४	८,३४
स्विटज़रलैंड	१६२४	३२१०	८०	४०
यू. एस. अम्रीका	१६३२	१०६५६०	८६	१२,२८
सोवियट रूस	१६२५	१४६१०	१०	१४७०

वार्षिक आय व्यय (केन्द्रीय)

लाख रुपयों में

वर्ष	आय	व्यय
१९३८-३९	८५९२	८५८३
(अनुमान)		कुल

वार्षिक आय व्यय (प्रान्तीय योग)

१९३८-३९	८५·४४	८६·१७

वार्षिक इन्कम टैक्स

१९३५-३६ रु० १३,९०,२१,६६८

वार्षिक सुपर टैक्स

२९३५-३६ रु० ३,१४,५३,९०८

कुछ देशों का वार्षिक कर।

फ्रांस	१९३१—३२	पौंड	१०·९
जर्मनी	१९३२—३३	,,	७·८
इटली	१९३२—३३	,,	७·३
जापान	१९३२—३३	,,	१·७
ग्रेट ब्रिटेन	१९३२—३३	पौंड	१९·७
यू० एस० अम्रीका	१९३२	,,	१७·३
भारत	१९३१	,,	०४·२

वार्षिक कर।

ऐसे निर्धन निवासियों पर सरकारी कर का भार भी अधिक है और बढ़ता भी जा रहा है।

प्रति मनुष्य (वार्षिक)

सं०	रु०	आ०	पा०
१८७१	१	१३	०
१८९१	२	०	३
१९११	२	११	३
१९१३	२	१४	५
१९२२	६	१	८
१९२६	५	४	११
१९३२—३३	५	०	६

मि० फिंडले शिराज के अनुसार सं०१९३१—३२ में ब्रिटिश भारत में वार्षिक कर की मात्रा रु० ५·७ थी वह इस प्रकार है :—

केन्द्रीयकर	७६५३	(लाख रु०)	२·८
प्रान्तीयकर	६०४६	(लाख रु०)	२·२
स्थानीयकर	१७५८	(लाख रु०)	०·७
योग	१,५५,५७	,, रु०	५·७

भारतवर्ष में १९३१ की गणनानुसार ६७ प्रतिशत मनुष्य खेती तथा तत्सम्बन्धी साधनों में लगे हुये हैं। उद्योग (Industry) में केवल ९·७ और व्यापार में केवल ५·४ लगे हुये हैं। उद्योग और व्यापार ही ऐसे दो धंधे हैं जिनमें सम्पत्ति की उत्पादन शक्ति बहुत है। विशेषकर उद्योग से सम्पत्ति बाहर से भी आती है और बाहर जाने वाली रुकती है। खनिज पदार्थों के उत्पादन में केवल १ प्रति सहस्र मनुष्य लगे हुये हैं।

सम्पत्ति उत्पादन के साधन	साधनों में लगे हुये मनुष्य लाखों में	प्रतिशत जन संख्या
खेती तथा पशुपालन	२३,३८	६७·०
खनिज पदार्थ	५	·१
उद्योग (Industry)	३४२	९·७
वाहन (Transport)	५३	१·५
व्यापार	१८८	५·४
पुलिस आदि	१७	·५
सार्वजनिक प्रबन्ध (Public Administration)	२८	·८
शिक्षित धंधे	५९	१·७
अन्य	४६६	१३·३

भारतीयों पर ऋण ।

भारतीयों पर ग़ैर सरकारी ऋण की मात्रा भी काफ़ी है। बंगाल में ब्याज पर ऋण देने वाले महाजनों की संख्या लगभग ४५,००० बम्बई प्रान्त में लगभग २०,०००, पंजाब में लगभग ५५,५००, मध्यप्रान्त में लगभग ४३,०००, बिहार उड़ीसा में लगभग १,००,००० और संयुक्तप्रान्त में भी लगभग १ लाख से ऊपर है।

कुल ऋण का अनुमान लगभग ९ अरब रुपया है जिसका ९० प्रतिशत से ऊपर देहात के निवासियों पर है।

ब्याज की दर स्थान स्थान पर भिन्न २ है और १२ प्रति सैकड़े प्रति वर्ष से ७५ प्रति सैकड़े प्रतिवर्ष तक है।

भारत पर सरकारी ऋण ।
(Public Debt)

भारतवर्ष पर ऋण का भार बढ़ता जाता है। यदि यह ऋण उपयोगी कार्यों अर्थात् सम्पत्ति के उत्पादन में लगाया गया हो तो आपत्ति का कारण नहीं है किन्तु जब अधिकांश भार केवल अंग्रेज़ी राज्य सत्ता के स्थिर रखने तथा विस्तार करने के लिये ही लगाया गया हो तो ऐसा ऋण आपत्तिजनक ही मानना होगा। भारत का सरकारी ऋण अधिकांश में अनुपयोगी ही है। सेना पर वार्षिक ख़र्च का आधिक्य तथा सरकारी कर्मचारियों के ऊँची मात्रा में वेतन इस बढ़ते हुये ऋण को कारण हैं।

सरकारी ऋण (केन्द्रीय)

(करोड़ रुपयों में)

वर्ष	भारत में	इंगलैंड में	योग
१९३५	७२६.४२	५१३.११	१२६६.५३
१९३६	७०७.४२	५०३.३२	१२१०.७४

किसानों पर ऋण ।

भारत के किसान निर्धन होने के साथ २ ऋणी भी बड़ी मात्रा में हैं। इस ऋण के अनेक कारण हैं उनमें से मुख्य यह हैं—(१) निरक्षरता (२) कुरीतियां (३) प्रति किसान खेतों की कमी (४) सिंचाई की असुविधा (५) सरकारी उदासीनता। (६) कृषि के अतिरिक्त देहातों में धंधों का अभाव।

स० १९२८ के कृषि सम्बन्धी रायल कमीशन ने खेतों का क्षेत्रफल प्रति किसान इस प्रकार पाया।

प्रान्त	एकड़ प्रति किसान
बम्बई	१२.२
पंजाब	९.२
मध्यप्रदेश	८.५
ब्रह्मा	५.६
मद्रास	४.९
बंगाल	३.१
बिहार उड़ीसा	३.१
आसाम	३.०
संयुक्त प्रान्त	२.५

उपरोक्त आँकड़ों से यह विदित होगा कि प्रथम ४ प्रान्तों में खेतों का क्षेत्रफल प्रति किसान आर्थिक दृष्टि से पर्याप्त (Economic holding) कहा जा सकता है किन्तु बाक़ी प्रांतों में ऐसा क्षेत्रफल स्पष्टतः अपर्याप्त (Uneconomic) है।

पिछले वर्षों में वस्तुओं के दाम गिर जाने से भी किसानों के कष्ट बढ़ गये हैं। लगान की मात्रा प्रायः वही बनी रही और कहीं २ लगान में छूट दी गई पर वह पूर्ण मात्रा में उन तक न पहुंच सकी। जहां जमींदारी प्रथा है उन प्रान्तों में ज़मीदारों ने क़ानून अथवा सरकारी आज्ञा की अवहेलना भी की और लगान में छूट न दी और पूरा लगान वसूल कर लिया। अनाज का दाम गिर जाने से किसानों को अन्य प्रकार से भी हानि हुई। अपना ऋण जो उन्होंने बढ़े हुये दामों के समय लिया था चुकाने में उन्हें अत्यन्त कठिनाई हुई। उदाहरणार्थ, जूलाई स० १९१४ की कीमतों को यदि १०० माना जावे अर्थात् उन कीमतों के सूचक अंक (Index number) को १०० माना जावे तो सन् १९३३ के जून

में चावल की क़ीमत ६५, गेहूं की क़ीमत ८६, रुई की क़ीमत ८७, जूट की क़ीमत ४५ थी। इसी रीति से स० १९१३ की क़ीमतों को १०० माना जावे तो भारतवर्ष की कुल फ़सलों की क़ीमत स० १९२८-२९ में १० अरब १८ करोड़ ५१ लाख रुपये थी और १९३१-३२ में कुल फ़सलों को क़ीमत केवल ५ अरब ३६ करोड़ ८९ लाख रुपये थी। अर्थात् किसान को उतने ही माल के लिये सन १९३१-३२ में तुलनात्मक मूल्य परिमाण (Comparative level of prices) के अनुसार केवल लगभग ५० प्रतिशत अर्थात् आधे रुपये मिले। किन्तु ऋण की मात्रा तथा ब्याज की दर वही बनी रही। किसानों पर ऋण की मात्रा सन् १९३१ में निम्न-लिखित थी।

प्रान्त	कुल ऋण	ऋण प्रति किसान
पंजाब	१३५करोड़रु०	९२रु०
मद्रास	१५० ,,	५० ,,
बम्बई	८१ ,,	४९ ,,
संयुक्तप्रान्त	१२४ ,,	३६ ,,
बंगाल	१०० ,,	३१ ,,
बिहार उड़ीसा	१५५ ,,	३१ ,,
आसाम	२२ ,,	३१ ,,
मध्यप्रदेश	३६ ,,	३० ,,
	८०३	

बेकारी की मात्रा।

मनुष्य गणना के आँकड़ों से यह प्रकट होता है कि प्रति वर्ष बेकारी बढ़ती ही जाती है। किसान के लिये एक वर्ष में १५० दिन से अधिक काम नहीं होता इसके अतिरिक्त उस पर बेकार मनुष्यों का भार भी रहता है। बेकारी का अनुपात बढ़ता जाता है—

प्रतिशत

वर्ष	उद्योगी	उद्योगी पर अवलंवित
१९११	४७	५३
१९२१	४६	५४
१९३१	४४	५६

इस प्रकार उद्योग धन्धों में लगे हुये मनुष्यों की संख्या भी दिन प्रति दिन घटती जा रही है। यह संख्यायें भी बेकारी की द्योतक हैं। भारतवर्ष की कुल जन संख्या से भी सापेक्षिक अनुपात घटता जा रहा है—

वर्ष	उद्योग पर अवलंवित संख्या	कुल जन सं० का अनु०
१९०१	४५७१९९२२	१५.५
१९११	३५०१२५५८	११.१
१९२१	३३१६७०१८	१०.३
१९३१	३४२०००००	९.७

कृषि

भारतवर्ष कृषि प्रधान देश है। ७२ प्रतिशत मनुष्य इस धंधे में लगे हुये हैं। भारतवर्ष से अन्य देशों को अनेक प्रकार के अनाज, तिलहन, जूट, रुई, चाय आदि पदार्थ जाते हैं। जगत को ४० प्रतिशत चाय भारतवर्ष देता है।

गेहूं, चावल, चना और ज्वार मुख्य खाद्य पदार्थ हैं। इनका विस्तृत वर्णन आगे दिया जा रहा है।

कृषि में लगे हुए मनुष्य।

कृषि में लगे हुए मनुष्य तीन प्रकार से विभाजित किये जा सकते हैं। (१) कृषक (२) कृषक के सहायक (३) कृषि जिनका अतिरिक्त धंधा है। इनकी संख्या निम्नलिखित है।

	भारतवर्ष	ब्रिटिश भारत	देशी राज्य
कृषक	८,२२ लाख	६,४६	१,७२
सहायक	१,४७ ,,	८८	५७
अन्य	६४ ,,	४७	१७

कृषि में लगी हुई भूमि।

स्वभावतः सबसे अधिक भूमि अनाज अर्थात् खाद्य पदार्थों में लगी हुई है। ऐसी भूमि लगभग २० करोड़ एकड़ है। गन्ने में ३५ लाख, फक़त तरकारी मसाले आदि में ८४ लाख, तिलहन में १.४ करोड़, कपास में १.४ करोड़, जूट में २४ लाख एकड़ भूमि लगी हुई है। बंगाल, मद्रास, बम्बई, गुजरात, तथा मध्यप्रदेश के कुछ भागों में बहुतायत से होता है और उन प्रान्तों के निवासियों का मुख्य खाद्य पदार्थ भी है। गेहूं पंजाब युक्तप्रान्त, राजपूताना, और मालवा में अधिक होता है और मुख्य खाद्य पदार्थ भी है। ज्वार तथा बाजरा बम्बई, बरार, नागपुर प्रभृति प्रान्तों में बहुतायत से उपयोग में पाया जाता है। भिन्न २ पदार्थों में जो भूमि उपयोग में लाई जा रही है उसका ब्योरा आगे के कोष्टक में दिया गया है—

भारतवर्ष की वार्षिक उपज

सन् १९३५-३६

	१९३३–३४	१९३४–३५	१९३५–३६
चावल टन	३,०९,०७,०००	३,०२,३८,०००	२,७९,०२,०००
गेहूं ,,	९३,७०,०००	९७,२९,०००	९४,२६,०००
काफ़ी पौंड	३,४६,०१,०००	३,२७,४४,०००	❀ अप्राप्य
चाय ,,	३८,२६,७४,०००	४०,००,९५,०००	३९,६६,६०,४००
रुई ४०० पौंड गट्ठा	५१,०८,०००	४८,५७,०००	५९,६३,०००
जूट ,,	७९,८७,०००	८५,००,०००	७२,१५,०००
अलसी टन	३,७६,०००	४,२०,०००	३,८४,०००
सरसों ,,	९,४३,०००	९,००,०००	९,५४,०७०
तिल ,,	५,४७,०००	४,०६,०००	४,६१,०००
मूंगफली ,,	३३,३०,०००	१८,८४,०००	२२,२८,०००
अरण्डी ,,	१,४३,०००	१,०५,०००	१,१९,०००
नील हंडर.	७,०००	१०,०००	❀ अप्राप्य
ऊख टन	४८,९६,०००	५१,४०,०००	५९,०३,०००
रबड़ पौंड	१,२९,१५,०००	३,७१,५६,०००	४,८५,४५,०००

भिन्न २ पदार्थों में लगी हुई भूमि

(क्षेत्रफल एकड़ों में)

पदार्थ	१९२४–२५	१९३०–३१	१९३४–३५
चावल	७,९३,०६,०००	८,०६,३२,०००	७,९५,२०,०००
गेहूँ	२,४८,४८,०००	२,४७,९७,०००	२,५६,५५,०००
जौ	६९,७०,०००	६६,९३,०००	६५,८७,०००
ज्वार	२,२४,७०,०००	२,२८,०८,०००	२,१८,५२,०००
बाजरा	१,१९,६६,०००	१,३६,९८,०००	१,३१,०२,०००
रागी	३९,८०,०००	३९,७३,०००	३७,३८,०००
मक्का	५३,४८,०००	६४,५८,०००	६१,८५,०००
चना	१,६५,५२,०००	१,३६,४४,०००	१,३७,३२,०००
अन्य अनाज व दालें	२,८८,८८,१००	३,००,३३,०००	३,०२,६३,०००
योग	२०,०३,२८,०००	२०,२७,३६,०००	२०,०६,३५,०००
गन्ना इत्यादि	२६,५५,०००	२८,६९,०००	३५,२४,०००
फल, तरकारी, मसाले इत्यादि	७६,७१,०००	८२,४१,०००	८४,८५,०००
कुल जोड़ खाद्य पदार्थ	२१,०६,५४,०००	२१,३८,४६,०००	२१,२६,४४,०००
अलसी	२३,२५,०००	१९,९९,०००	२१,२८,०००
तिल	३१,७२,०००	३६,३८,०००	३३,९३,०००
सरसों	३२,८०,०००	३२,९७,०००	२८,५५,०००
अन्य तिलहन	६२,२२,०००	७५,२४,०००	६१,६७,०००
कुल जोड़ तिलहन	१,४९,९९,०००	१,६४,५८,०००	१,४५,४३;०००

भिन्न २ पदार्थों में लगी हुई भूमि

(चालू)

पदार्थ	१९२४-२५	१९३०-३१	१९३४-३५
कपास	१,५६,८७,०००	१,४२,०१,०००	१,४४,८४,०००
जूट	३६,१०,०००	३४,०२,०००	२४,७६,०००
अन्य सूत	८,०५,०००	७,१९,०००	६,२४,०००
नील	१,०४,०००	६४,०००	६०,०००
अफ़ीम	५९,०००	४३,०००	९,८००
कहवा	९१,८००	९२,०००	९६,०००
चाय	७,३८,०००	७,७५,०००	७,८३,०००
तमाखू	१०,५५,०००	११,१२,०००	१२,५७,०००
चारा	८९,४०,०००	९३,००,०००	१,०३,०८.०००
अन्य पदार्थ	१७,२५,०००	१९,०१,०००	१८,३४,०००
कुल जोड़	४,७८,१३,०००	४,८०,६७,०००	३,६४,७४,०००

ज़मींदारी ।

देश के भिन्न २ प्रान्तों में भूमि पर सरकारी कर अथवा मालगुज़ारी का निर्धारण भिन्न भिन्न रीति से किया जाता है। संयुक्तप्रान्त, बंगाल, बिहार, दिल्ली, अजमेर, मारवाड़, पंजाब तथा सीमाप्रान्त में ज़मींदारी प्रथा है अर्थात् किसान से जमींदार लगान उगाहता है और उसका एक अंश सरकार को मालगुज़ारी के रूप में देता है। मद्रास, बम्बई, बर्मा तथा कुर्ग में रैयतवारी प्रथा है अर्थात् किसान (रैयत) से सरकार प्रत्यक्ष रूप से भूमि का कर लेती है। मध्यप्रदेश और बरार, आसाम और मद्रास में दोनों प्रथायें प्रचलित हैं। अवध में तालुक़दारी प्रथा है जिसमें ज़मींदार को विशेष अधिकार प्राप्त हैं और मालगुजारी की मात्रा कम है।

वर्तमान समय में ज़मींदारी प्रथा के विरुद्ध आन्दोलन जारी है जिसका उग्ररूप संयुक्त प्रान्त में किसान आन्दोलन के अन्तर्गत पाया जाता है।

भिन्न २ प्रातों में मालगुज़ारी की मात्रा तथा मालगुज़ारी प्रति मनुष्य नीचे दिये हुये कोष्टक में दी जाती है-

सरकारी मालगुजारी।

प्रान्त तथा ज़मींदारी की क़िस्में	मालगुज़ारी प्रतिजन	मालगुज़ारी जो पूरे क्षेत्रफल पर वसूल की जाती है।
अजमेर मारवाड़ (१९३४—३५)	रु० आ० पा०	
ज़मींदारी तथा भैयाचारा		
अस्थायी बन्दोबस्त	१— ४—११	२,८५,९८३
स्थायी ,,	११— ७	१,१४,७३४
आसाम (१९३४—३५)		
रैयतवारी		६५,३४,०४२
ज़मींदारी तथा भैयाचारा	१— ६— ५	
अस्थायी बन्दोबस्त		८,६४,७६३
स्थायी ,,		३,७०,८०५

सरकारी मालगुजारी (चालू)

प्रान्त तथा ज़मींदारी की क़िस्में	मालगुज़ारी प्रतिजन	मालगुज़ारी जो पूरे क्षेत्रफल पर वसूल की जाती है।
बंगाल		
(१९३२—३३)		
ज़मींदारी स्थायी बन्दोबस्त	१०— २	२,२६,७९,७१२
,, अस्थायी बन्दोबस्त		८०,८०,१८८
बिहार और उड़ीसा		
(१९३१—३२)		
ज़मींदारी स्थायी बन्दोबस्त	७— ३	५४,७५,६६९
,, अस्थायी बन्दोबस्त		४,३९६
बम्बई		
(१९३०—३१)		
रैयतवारी		४,०५,५९,९८८
ज़मींदारी तथा भैयाचारी	२— ५— ६	
अस्थायी बन्दोबस्त		१३,६०,५६६
ब्रह्मा		
(१९३४—३५)		
रैयतवारी	३—११— ४	३,२४,३८,९७०
मध्य प्रदेश और बरार		
(१९३४—३५)		
रैयतवारी		१,०२,३९,३८३
ज़मींदारी तथा भैयाचारा	१— ८— २	
अस्थायी बन्दोबस्त		१,१९,८०,१२४
कुर्क		
(१९३२—३३)		
रैयतवारी	२— ८— ८	३,१०,१५४
देहली		
(१९३४—३५)		
ज़मींदारी अस्थायी बन्दोबस्त	१४— ९	५,४०,३७३

सरकारी मालगुज़ारी (चालू)

प्रान्त तथा ज़मींदारी की किस्में	मालगुज़ारी प्रतिजन	मालगुज़ारी जा पूरे क्षेत्रफल पर वसूल की जाती है ।
मद्रास (१९३३—३४)		
रैयतवारी	२— ०— ७	६,६३,०२,२३९
ज़मींदारी स्थायी बन्दोबस्त	११— १	७१,४०,६९८
कुछ इनामी गाँव	६— ४	...
सीमाप्रान्त (१९३४—३५)		
ज़मींदारी अस्थायी बन्दोबस्त	१— २— ०	२६,५२,११३
पंजाब (१९३४—३५)		
ज़मींदारी अस्थायी बन्दोबस्त	२— १— ८	४,६७,८५,३२९
संयुक्तप्रान्त (१९३१—३२)		
ज़मींदारी तथा भैयाचारा		
अस्थायी बन्दोबस्त	१— ८— ५	६,११,४८,६५६
स्थायी बन्दोबस्त	१— ०— २	५०,८५,०८५

भूमि की सींच

बङ्गाल, बम्बई, बिहार आदि प्रांतों में जहाँ भूमि समुद्र की सितह से बहुत ऊँची नहीं है और जहाँ पानी बहुत बरसता है वहाँ आबपाशी कोई बड़ी समस्या नहीं है । जब पानी नहीं बरसता तो कुओं और तालाबों से काम चल जाता है किन्तु राजपूताना मालवा, पश्चिमी युक्तप्रांत तथा पंजाब में नहरों के बिना काम नहीं चल सकता क्योंकि यहाँ की भूमि बरबरी और वर्षा अनिश्चित है ।

सरकारी नहरों में इस समय । १ अरब १५ करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं । कुल पर अब्वाब से आमदनी लगभग साढ़े छ प्रतिशत होती है । सन् १९०१-०२ तक ४२'३ करोड़ रुपया सरकार द्वारा नहरों के बनाने में लगाया गया था ।

पंजाब प्रांत में सब से अधिक भूमि नहरों द्वारा सींची जाती है। सन् १९२७-२८ में केवल इसी प्रांत में १०३८१००० एकड़ जमींन सींची गई। मद्रास प्रांत में ७० लाख एकड़ नहरों से सींची जाती है।

ब्रटिश इंडिया में सरकारी नहरों से जो भूमि सींची गई वह इस प्रकार है—

सन्	एकड़
१९२९-३०	३,०६,८७,३४०
१९३०-३१	३,१०,६६,३६३
१९३१-३२	२,९५,०४,०११
१९३२-३३	४,९८,८१,८८१
१९३३-३४	५,०५,०७,७६१
१९३४-३५	५,०५,३४,०००

नहरों द्वारा भूमि की सींच

प्रांत वार।

प्रान्त (१९३४-३५)	एकड़
अजमेर मारवाड़	......
आसाम	३,३६,५१०
बंगाल	३,३३,७७४
बिहार उड़ीसा	१७,३६,३७३
बम्बई	३६,२८,१६१
ब्रह्मा	६,१८,४२८
मध्यप्रदेश	८,४६,७३६
कुर्ग	२,७२६
देहली	३,६५,४६
मद्रास	३७,४१,४५८
सीमाप्रान्त	४,१७,५१४
पंजाब	९६,०२,६५३
संयुक्तप्रांत	३२,७४,६१४
योगः—	२,६०,७१,०६०

मुख्य फसलों की सिंचाई।

चावल, गेहूं, जौ, ज्वार और बाजरा मुख्य फसलें हैं जिनमें सींची जाने वाली भूमि अधिक मात्रा में लगी हुई है। चावल में एक करोड़ ८३ लाख एकड़, गेहूं में १ करोड़ १२ लाख, जौ में २६ लाख, ज्वार में १३ लाख और बाजरा में २.८ लाख एकड़ सींची जाने वाली भूमि लगी हुई है। ब्योरा अगले पृष्ठ के कोष्ठक में दिया गया है।

मुख्य फ़स्लों की सिंचाई*

(एकड़ों में)

प्रान्त	चावल	गेहूं	जौ	ज्वार	बाजरा
अजेमरमारवाड़	१४६	१७८१३	३७०७६	३३६	१३६
आसाम	६११२७२	....	...	...	...
बंगाल	१५६५२७५	१५६६४	३१०४	१०	५
बिहार उड़ीसा	३४७००२६	२५२८१०	१२६४५५	३२७५	१४६६
बम्बई	१३५४५००	१२५७६०६	२४६०३	६५४१७२	३३५६६६
ब्रह्मा	१३६६७००	३६२	...	२४०	...
मध्यप्रदेश बरार	८६३६२१	५१६८६	१४४६	४१०	...
कुर्ग	४१३२	...	...	...	...
देहली	६३	२२६११	३२४३	२४००	२,४२७
मद्रास	७६५२५४६	३३२५	...	५१६६८२	२६६८१८
सीमाप्रान्त	३८६०६	३५१०७५	५४४५३	२०७७२	६०७८
पंजाब	७०७४७६	५२१६६७३	२५२६२१	१६३३४१	३३७२५७
संयुक्तप्रान्त	४५४६७४	४०२३६८२	२११५५७२	११८४५	१५१६
जोड़ः—	१८३६७६२६	११२१२३४०	२६५२१७६	१३७४१८६	६८७७३२

*दोनों फ़सलों से मतलब है।

सींची जाने वाली भूमि का ब्योरा
(एकड़ों में)

प्रांत	नहरें		तालाब	कुएँ	अन्य साधन	कुल सिंची हुई भूमि
	सरकारी	अन्य				
अजमेर मारवाड़	...	...	३८,०७३	६७,८६१	१७३	१,३६,१०७
आसाम	३४०	३,३६,१७०	१,४१०	...	२,६५,६७४	६,३६,८६४
बंगाल	१,२६,०८२	२,०७,६६२	८,८८,१०१	३६,६८४	४,४०,८८६	१६,६६,४४८
बिहार उड़ीसा	८,३८,६२४	६,००,७३६	१६,१६,०३१	५,७४,७६१	११,६६,२८८	५१,०२,४५३
बम्बई	३८,२५,४८०	१,०२,६८१	१,४७,००६	६,५७,६८२	३,७२,४५७	५१,०५,३०६
ब्रह्मा	६,४६,४६८	२,६८,६६०	१,८१,३३७	५६,४८६	३,२६,४४५	१४,८५,६६६
मध्य प्रान्त बरार	❀	८,४६,७३६	❀	१,४८,७५०	४७,२०८	१,०५,६२३
कुर्ग	२,७२६	...	१,४०६	....	...	४,१३२
देहली	३६,५४६	...	१,३८२	२१,०२८	...	५८,६५६
मद्रास	३७,४१,४५८	२,०४,७६२	३२,४१,२१६	१४,०५,२४६	६,३०,८८०	६२,२३,५६५
उ० प० सीमाप्रांत	४,१७,५१४	३,८१,२०५	...	८२,५१६	७८,५६०	६,५६,८२८
पंजाब	६५,२८,६६२	३,७४,२६१	३५,०४६	४३,५१,४७८	१,३५,२४८	१,४४,२४,७२६
संयुक्तप्रांत	३२,३६,७६६	३८,११५	५८,८०६	५०,६१,६४८	२२,२५,३८०	१,०६,५०,७५२
जोड़	२,२४,०३,७०६	३६,६७,२५१	६२,'२,८२३	१,२५,२७,१४१	५७,२२,५३२	५,०५,३३,५५६

❀ सरकारी तथा अन्य का योग

सिंचाई के साधन।

भूमि की सिंचाई सरकारी तथा ग़ैर सरकारी नहरों, तालाबों तथा कुओं द्वारा होती है। अनेक खेतों में नहरों और तालाबों के अभाव के कारण केवल वृष्टि पर ही निर्भर रहना पड़ता है। भिन्न २ प्रांतों में जिन २ साधनों द्वारा भूमि सींची जाती है उस भूमि का व्योरा पीछे के कोष्टक में दिया गया है। पंजाब में १ करोड़ ४४ लाख एकड़ सींची जाने वाली भूमि में ६८ लाख एकड़ भूमि नहरों से सींची जाती है। और इसी प्रांत में सींची जाने वाली भूमि सब से अधिक मात्रा में है। संयुक्त प्रांत में १ करोड़ ६ लाख, मद्रास में ६२ लाख, बम्बई में ५१ लाख, बिहार उड़ीसा में ५१ लाख बंगाल में १६ लाख, और अजमेर मारवाड़ में १३ लाख एकड़ भूमि सींची जाती है।

सन् १९३१—३२ तक सरकार ने १४२.६ करोड़ रुपया सिंचाई के साधनों में खर्च किया। वार्षिक खर्च लगभग ४.५ करोड़ है और सालाना आय (खर्च काट कर) लगभग ६ करोड़ रुपया है।

रुई।

भारतवर्ष में रुई की उपज बहुतायत से होती है और यूनाइटेड स्टेटस अम्रीका के बाद यही देश है जिसमें सब से अधिक रुई उत्पन्न होती है। पिछले ३८ साल में रुई की खेती बहुत बढ़ गई है। इसके कई कारण हैं। स० १९२१ के असहयोग आन्दोलन तथा १९३१—३२ के सविनय अवज्ञा आन्दोलन के देशव्यापी हो जाने से सारे देश में राष्ट्रीयता छागई। बहुत से लोगों ने खादी पहनना आरम्भ कर दिया और उससे भी अधिक लोगों ने विदेशी कपड़े न खरीदने की क़सम खा ली।

इसके फलस्वरूप अनेक नई मिलें खुल गईं और दिन ब दिन रुई का व्यापार बढ़ता गया। कुछ वर्षों से लम्बे तागे वाली रुई की खेती अधिक की जाती है। छोटे तागे वाली रुई लोग कम बोने लगे हैं।

विभिन्न देशों में रुई की उपज।

*सहस्र क्विण्टलों में।

देश	*क्विण्टल	देश	*क्विण्टल
अफ्रीका	१००००	चीन	१५७००
मिश्र	७१००	सायप्रस	
युगाण्डा	६३०	कोरिया	७००
सुडान	१०००	भारत	२०३००
उत्तरी अमरीका	३७६०००	सीरिया	५ :
मध्य अमरीका	१२५०	सोवियट रूस	८८५०
मेक्सिको	१०५३	योरुप (रूस छोड़ कर)	८००
दक्खिनी अमरीका	८८००	बलगेरिया	१२५
अर्जेण्टाइन	१०५०	यूनान	२५०
ब्रेज़िल	६५००	इटली	२०
एशिया	३७३००	टर्की	३६८

*एक क्विण्टल = १.६६८ हंडरेडवेट

भारत में रुई की उपज।

(प्रान्तवार)

बम्बई प्रान्त में सब से अधिक मात्रा में रुई की खेती की जाती है। तदनन्तर मध्यप्रदेश रुई की उपज में अग्रसर है। स० १६३५–३६ में बम्बई प्रान्त में ५१७ लाख एकड़ भूमि, मध्य प्रदेश में ४१.६ लाख एकड़, पंजाब में ३५ लाख एकड़, मद्रास में २६ लाख एकड़, हैदराबाद (दक्षिण) में ३६ लाख एकड़ और मध्य भारत (राजपूताना मालवा प्रदेश) में १२ लाख एकड़ भूमि रुई की खेती में लगी हुई थी। किन्तु पंजाब में सबसे अधिक मात्रा में उपज हुई अर्थात् ४०० पौंड प्रति गठ्ठे के हिसाब से १५ लाख ६१ हजार गठ्ठे रुई उपजी। इससे यह प्रतीत होता है कि पंजाब की भूमि रुई के लिये भी अधिक उपजाऊ सिद्ध हुई है रुई की उपज प्रान्तवार आगे के कोष्टक में दी जा रही है।

रुई की उपज (प्रान्तवार)

प्रान्त व राज्य	१९३४—३५		१९३५—३६	
	एकड़ भूमि	४०० पौं० गट्ठा	एकड़ भूमि	४०० पौं० गट्ठा
बम्बई ❀	६२,६७,०००	११,१५,०००	४७,४४,०००	११,२२,०००
मध्यप्रदेश	४२,०१,०००	६,१७,०००	४१,६०,०००	६,४६,०००
पंजाब ❀	२८,८४,०००	१२,४२,०००	३५,४२,०००	१५,९६,०००
मद्रास ❀	२३,२०,०००	४,७७,०००	२६,४९,०००	५,४१,०००
संयुक्तप्रान्त ❀	७,१५,०००	१,९४,०००	५,९६,०००	१,९५,०००
सिन्ध ❀	७,०५,०००	२,८५,०००	८,४४,०००	३,४३,०००
ब्रह्मा	४,५७,०००	९३,०००	४,९३,०००	१,०५,०००
बंगाल ❀	७४,०००	२४,०००	७३,०००	२४,०००
बिहार	४२,०००	८,०००	३८,०००	७,०००
आसाम	३४,०००	१३,०००	३५,०००	१४,०००
अजमेरमारवाड़	३६,०००	१२,०००	३५,०००	१३,०००
सीमाप्रान्त	१५,०००	४,०००	१५,०००	३,०००
देहली	४,०००	१,०००	२,५००	१,०००
हैदराबाद	३१,०१,०००	४,४३,०००	३६,९८,०००	५,६९,०००
मध्य भारत	११,७३,०००	१,३१,०००	१२,०२,०००	१,८०,०००
बड़ोदा	८,००,०००	६९,०००	८,३७,०००	१,५६,०००
ग्वालियर	६,३३,०००	५८,०००	६,०२,०००	१,२४,०००
राजपुताना	४,९२,०००	६४,०००	४,८६,०००	७८,०००
मैसूर	७०,०००	८,०००	८७,०००	११,०००
कुल	२,४०,२३,०००	४८,५८,०००	२,५१,३८,०००	५७२८०००

❀ देशी राज्यों के सहित ।

भारत में सं० १६१४ में रुई के लिये २,५०,२३,००० एकड़ भूमि जोती गई और ५२,०६,००० गट्ठे (४०० पौंड प्रति गट्ठा) रुई की उपज हुई। स० १६३४—३५ में भूमि २,४०,२३,००० एकड़ थी और उपज ४८,५८,००० गट्ठे थी। १६३४-३५ तक पिछले १० वर्षों के रुई की उपज का औसत प्रति एकड़ भारत में ८५ पौंड, मिश्र में ३६७ पौंड और यू० स्टे० अमरीका में १६६ पौंड थी। १६३६—३७ की रुई की फ़सल का अनुमान ५४,७८,००० गट्ठे है।

कच्ची रुई की निर्यात।

भारत वर्ष से कच्ची रुई अनेक देशों को जाती है। २७.६करोड़ रुपया से ऊपर का कपड़ा इस देश में विदेशों से आता है। भारत की मिलें कुल रुई को उपयोग में नहीं लातीं। लगभग आधी रुई विदेशों को जाती है। मुख्य देश जो भारत से रुई लेते हैं वे नीचे के कोष्टक से विदित होंगे।

रुई की निर्यात गट्ठों में (४०० पौंड)
सहस्रों में (००० बढ़ा कर पढ़िये)

विदेश	१६३२-३३	१६३३-३४	१६३४-३५	१६६५-३६	१६३७-३७
	गट्ठा	गट्ठा	गट्ठा	गट्ठा	गट्ठा
ग्रेटब्रिटेन और आयरलैण्ड	१६७	३४२	२४७	४५६	६०१
ब्रिटिश साम्राज्य के अन्य भाग	७	३	६	१२	१४
जापान	१,०८५	१,०२२	२,०११	१७५६	२,४२७
इटैली	१५०	२६१	२७८	१५४	१६५
फ्रान्स	१२४	१६३	१४८	१६६	१५५
चीन	८३४	३३७	१४२	१०६	७२
बेलजियम	१२८	१४५	१५३	२२५	३११
स्पेन	५२	६१	६०	६७	२६
जरमनी	१५२	२४७	१५३	२६३	२१४
अन्य देश	६४	१५६	१४८	१८५	२८४

रुई के कपड़े का व्यापार

भारत में कपड़ा अत्यन्त प्राचीन काल से बनता आया है। यहाँ के कपड़े इतने अच्छे बनते थे कि रोमन साम्राज्य से लाखों रुपये भारत में आते थे। आधुनिक काल में भी इङ्गलैण्ड देश को इस क़दर कपड़ा छींट मलमल आदि जाता था कि इङ्गलैण्ड ने स० १७०१ से क़ानून द्वारा भारत के कपड़े की आयात बन्द करना आरम्भ की। स० १८३८ में मिल खोलने का प्रयत्न हुआ किन्तु असफल रहा। १८५३ में भारत में पहिली मिल खोली गई उस समय से भारत में मिलें बढ़ती जाती हैं।

स० १८७६--८० में ५८ मिलें थीं, वे स० १८६० में १०६ हो गईं। स० १८६६ में १७४ थीं। स्वदेशी आन्दोलन के कारण स० १६१० में २३३ हो गईं और अब बढ़ते २ उनकी संख्या इस समय ३७६ है। मजदूरों की दैनिक संख्या ४,१७,८०३ है।

आरम्भिक काल में मिलों में कपड़ा बहुत मोटा बिना जाता था। २४ कौंट से अधिक सूत उपयोग में नहीं आता था। इस कारण भारत में विदेशी महीन कपड़े की आयत बढ़ती गई। भारत में बना कपड़ा पूर्वी द्वीपों में जाता था। २० वीं शताब्दी के आरम्भ में मिल मालिकों ने देखा कि यदि हम लङ्काशायर से मुक़ाबला करना चाहते हैं तो बारीक़ सूत का कपड़ा बनावें। स० १६०० से १६१५ तक मिलों ने इस ओर काफ़ी उन्नति की और स० १६०० के मुक़ाबिले सन १६१५ में तिगुना कपड़ा बनाया। विदेशी मिलों की होड़ के कारण भारत की मिलों को बड़ी हानि हुई है यह कहना पूर्णतया सत्य नहीं है कि भारत की रुई से बारीक़ सूत नहीं निकल सकता साधारण रुई से ४० कौंट तक निकल सकता है और अब रुई की खेती की उन्नति हो गई है और लम्बे धागे वाली रुई बोई जाने लगी है जिससे अब कोई कठिनाई नहीं रही है। स० १८६४ में इंडियन टैरिफ एक्ट के द्वारा विदेशी सूत व कपड़े के मूल्य पर ५) रु० प्रतिशत आयात कर लगाया गया और देशी मिलों के सूत पर भी जो २० कौंट से ऊपर हो इतनी ही "एकसाइज ड्यूटी" लगाई गई लेकिन लंकाशायर के विरोध पर भारत सरकार ने विदेशी सूत पर कर छोड़ दिया और विदेशी कपड़ों पर कर कम करके ३॥ प्रतिशत कर दिया। साथ २ देशी मिलों के कपड़ों पर भी इसी एक्ट अर्थात्

इंडियन काटन ड्यूटीज ऐक्ट १८९६ द्वारा ३॥ प्रतिशत ड्यूटी लगादी गई स० १९१६ तक देशी मिलों को यह अनुचित बोझ सहना पड़ा। सन १९१७ में बजट में कमी के कारण भारत सरकार ने विदेशी कपड़ों पर कर बढ़ाकर ७॥ प्रतिशत कर दिया किन्तु देशी कपड़ों पर वही रहा। इससे मिलों को अवश्य लाभ हुआ सन १९२१ में खर्च की बढ़ती के कारण विदेशी कपड़े पर आयात कर २१ प्रतिशत कर दिया गया किन्तु देशी कपड़ों पर ३॥ प्रतिशत ही रहा। सन १९२२ में विदेशी रुई के सूत पर जिस पर १८९६ में कोई आयात कर नहीं था ५ प्रतिशत कर लगाया गया। इसकेबाद रुई के व्यापार में हड़-ताल, मिलबन्दी (लाकआउट) आदि अनेक कारणों से घाटा होने से सरकार ने सन १९२६ में देशी कपड़ों की ३॥ प्रतिशत की ड्यूटी बिलकुल छोड़ दी। इसमें जो कुछ लाभ की मात्रा थी वह सब विनिमय (Exchange) के परि-वर्तन से निकल गई। अर्थात १ रु० =१ शि० ६ पेन्स के बना दिया गया जिससे विदेशी व्यापारियों को लगभग १२॥ प्रतिशत केवल विनिमय से लाभ होने लगा। भारतीय मिल मालिकों ने, अन्य व्यापारियों ने तथा कौंसिल के मेम्बरों ने इसका बड़ा विरोध किया किन्तु सरकार ने कुछ न सुना। महात्मा गांधी ने जो अपनी ११मांगें ब्रिटिश सरकार के सामने सन १९३० में रक्खीं उनमें भी यह मांग थी कि विनिमय १ रु०=१ शिलिंग ४ पैंस करदिया जावे।

कपड़े की खपत बढ़ती ही जाती है इस कारण मिलों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आगे कोष्टक में मिलों की संख्या की वृद्धि दी जा रही है—

भारत की मिलों में कते हुये सूत का वज़न (पौंडों में)
(मुटाई के अनुसार)

नम्बर (कौंट)	१९३१—३२	१९३३—३४	१९३५—३६
१—१०	११,६८,९९,११४	१०,७५,६४,०३१	११,०४,५६,७७५
११—२०	४४,५१,५७,९३४	४३,९८,६६,७०६	४८,३६,१६,१४५
२१—३०	२९,४०,०५,३४२	२५,४८,२७,१३६	२८,७६,१३,१७८
३१—४०	७,१०,७३,०७५	७,५८,१०,००९	११,२०,२६,२०९
४० से ऊपर	३,४०,०१,३६३	३,७३,५८,४०५	५,८५,२८,१६४
व्यर्थ इत्यादि	५२,३६,१९२	५६,३४,६९६	६०,५६,४३०
जोड़—	९६,६३,७३,०२०	९२,१०,६०,९८३	१,०५,८२,९६,९०१

भारत में मिलों की बढ़ती।

सन्	मिलें	तकुवे	करघे	मज़दूरों का दैनिक औसत	कती हुई रुई का औसत	
					हण्डरेटवेट	गट्ठा ३९२पौ.
१८८०	५८	१४,६१,५९०	१३,५०२	४४,४[illegible]०	१०,७६,७०८	३,०७,६३१
१८८५	८७	२१,४५,६४६	१६,५३७	६७,१८६	२०,८८,६२१	५,९६,७४९
१८९०	१३७	३२,७४,१९६	५३,४१२	२३,४१२	१,०२,७२१	१०,०८,४६२
१८९५	१४८	३८,०९,९२९	३४,३३८	१,३८,६६९	४६,९५,९९९	१३,४१,७१४
१९००	१९३	४९,४५,७८३	४०,१२४	१,६१,१८९	५०,८६,७३२	१४,५३,३५२
१९०५	१९७	५१,६३,४८६	५०,१३९	१९५,२७७	६५,७७,३५४	१८,७९,२४४
१९१०	२६३	६१,९५,६७१	८२,७२५	२,३३,६२४	६७,७२,५३५	१९,३५,०१०
१९१५	२७२	६८,४८,७४४	१,०८,००९	२,६५,३४६	७३,५९,२१२	२१,०२,६३२
१९२०	२५३	६७,८३,८७६	१,१९,०१२	३,११,०७८	६८,३३,११३	१९,५२,३१८
२९२५	३३७	८५,१०,६३३	१,५४,२०२	३,६७,८७७	७७,९२,०८५	२२,२६,३१०
१९३०	३४८	९१,२४,७६८	१,७९,२५०	३,८४,[illegible]२२	९०,०७,९९९	२५,७३,७१४
१९३१	३३९	९३,११,९५३	१,८२,४२९	३,९५,४७५	९२,१६,११६	२६,३३,१७०
१९३२	३३९	९५,०६,०८३	१,८६,३४१	४,०३,२२६	१,०१,८९,४२४	२९,११,२६४
१९३३	३४४	९५,८०,६६८	१,८९,०४०	४,००,००५	९९,३०,०५३	२८,३७,१५८
१९३४	३५२	९३,१३,१७४	१,९४,३८८	३,८४,९३८	९४,६३,९६५	२७,०३,९९०
१९३५	३६५	९६,८५,७७५	१,९८,[illegible]६७	४,१४,८८४	१,०९,३१,९४९	३१,२३,४१४
१९३६	३७९	९८,५६,६५८	२,००,०६२	४,१७,८०३	१,१०,९८,९६३	३१,७१,४१०

भारत की मिलों में कते हुये सूत का वज़न (पौंडों में)

(प्रान्तवार)

	१९३२-३३	१९३३-३४	१९३४-३५	१९३५-३६
बम्बई प्रेसीडेन्सी	५५,८५,९४,७०९	४८,४७,१४,६७४	५२,३०,४४,५५२	५४,८८,०६,१५१
मद्रास	१०,४९,०९,६५३	९,८२,७४,०६९	१०,३७,६५,६६७	११,३०,७७,८३३
बंगाल	४,०८,२१,४८८	३,९९,१२,३९९	४,१०,५६,०५६	४,०९,९१,२४४
संयुक्तप्रान्त	९,३१,२९,७७५	९,३८,६५,०३४	९,९७,०१,३०५	१०,७९,४५,९२५
अजमेर मारवाड़	७७,९६,७५९	८०,९७,५३०	८६,३०,७१०	१,०३,८५,४५४
पंजाब	५०,६३,०१५	२५,७०,५६२	२६,९९,६४१	६७,३९,७०४
देहली	२,६७,९१,०४३	२,४३,५२,४३१	२,५३,१०,७२२	२,५२,०३,९४७
निर्यात के आंकड़ों में वह कोयला शामिल नहीं है जो उन स्टीमरों में ख़र्च होता है जो विदेशी व्यापार में लगे हुये हैं। ऐसे कोयले को बंकर (Bunker) कोयला कहते हैं। इसी प्रकार इन आंकड़ों में सरकारी फ़ौजी जहाज़ों में जो कोयला ख़र्च होता है वह भी शामिल नहीं है। बंकर कोयला ५,४७,४२६ टन और सरकारी जहाज़ों का कोयला २९००० टन स० १९३५ में ख़र्च हुआ।

कोयले की निर्यात।

१९१३–१४	७,२१,७२६ टन	१९३३–३४	३,७३,८९४ ,,
१९१८–१९	१,४३,६२७ ,,	१९३५–३६	१,९८,०२५ ,,
१९३१–३२	५,१५,११७ ,,		

लोहा।

भारत में प्राचीन काल से लोहे की उत्तमोत्तम वस्तुयें हथियार, बर्तन आदि बनते आये हैं। नई रीति से लोहे को निकालने तथा सामान बनाने का प्रयत्न पहिले पहिल सन् १८३० में किया गया। उस समय, दक्षिण में आरकाट के पास मशीनरी से काम किया गया।

बङ्गाल, बिहार और उड़ीसा प्रांतों में कच्चा लोहा बहुत निकलता है। गोवा और मैसूर में भी लोहा होता है।

कुटली में स० १८७५ से पक्का लोहा (Pig iron) बनाया जा रहा है किन्तु स० १६१४ ई० से ईस्पात (Steel) की ढुलाई आधुनिक रीति से सफल हुई। सन् १६१४ में लोहे की आयात विदेशों से १२ लाख ५० हज़ार टन (मूल्य पौ० १७ मिलियन) से ऊपर थी जिसमें गेलवेनाइज़्ड आयरन, टिन शीट और रेलवे का सामान भी शामिल था। उस साल पौ० ५० लाख से ऊपर की मशीनरी थी। सन् १६२४ में भारतीय लोहे के उद्योग को रक्षा मिलने से विदेशों की निर्यात में कमी होने लगी और भारत में लोहे का माल काफ़ी तैयार होने लगा। स० १६३३–३४ में कुल लोहा (सामान सहित) ५,५०,६६६ टन, स० १६३४—३५ में कुल लोहा ६,२७,३५८ टन, और स० १६३५–३६ में कुल लोहा ६७६६६१ टन और तैयार हुआ।

कच्चा लोहा (Iron Ore) स० १६३२ में १७ लाख टन, स० १६३४ में १६ लाख टन और सन १६३५ में २३ लाख टन उत्पन्न हुआ जैसा अगले पृष्ठ के कोष्ट से स्पष्ट होगा।

भारत में केवल ४ कम्पनियां ऐसी हैं जो लोहे (Pig iron) का सामान आधुनिक मशीनरी से तैयार करती हैं। (१) टाटा आयरन ऐंड स्टील कम्पनी (२) इन्डियन आयरन ऐंड स्टील कम्पनी (३) बंगाल आयरन कम्पनी (४) मैसूर आयरन ऐंड स्टील वर्क्स

टाटा आयरन ऐंड स्टील कम्पनी स० १६०७ में स्थापित की गई। इस कम्पनी के पास ज़िला रायपुर (मध्यप्रदेश) और मयूरभञ्ज राज्य में कच्चे लोहे की खानें हैं। ज़िला बालाघाट (मध्यप्रान्त) में मेंगनीज़ (कच्चा) है। मैसूर में मेगनेसाइट और क्रोमाइट, और झरिया में कोयले की खानें काफ़ी मात्रा में हैं। कारख़ाने स० १६११ में तैयार हुये। काम शुरू होने के पहले ही सरकार ने अगले १० साल के लिये २०,००० टन रेलवे के सामान देने की आज्ञा दे रखी थी और म्युनिशन बोर्ड का भी काम काफी मिला। सन, १६१८ में १०,६८,०६४ टन पिग आयरन और ७१,०६६ टन रेल (पटरी) तैयार की सन १६३३ में कम्पनी ने ७,६३,६३५ टन पिग आयरन तैयार किया। उसी साल ५,०५४,२६ टन ईस्पात का माल और ७,७२५ टन फेर मेंगनीज़ का माल तैयार किया।

इन्डियन आयरन ऐंड स्टील कम्पनी की पौंड १० लाख है। स० १६२२ में पिग आयरन व स्टील का काम ढालना शुरू किया। स० १६३३ में

कच्चे लोहे की निकासी मूल्य सहित।

प्रान्त	१९३२		१४३४		१९३५	
	वज़न	मूल्य	वज़न	मूल्य	वज़न	मूल्य
	टन	पौंड	टन	पौंड	टन	पौंड
बिहार-उड़ीसा केओंझार	१,८६,१७३	१३,९९८	३,९७,४६१	२६,८८४	२,८३,४८९	२१,३१५
मयूरगंज	८,९१,१९३	१,६०,४४८	६,४५,१०८	७५,०७६	८,७६,९३९	९६,६७२
संबलपुर सिंहभूमि	६६,६८,८४७	११,६६,३३४	८,१०,५४७	१,००,१७९	११,५५,९६५	१,३६,०४६
मध्यप्रदेश	८०३	१८१	८९८	२०३	८००	१८०
मद्रास	४,४९६	३३५		•		
मैसूर	४,३९५	१,१४८	३८,९७४	१०,९०४	२४,०१९	५,७८६
ब्रह्मदेश	६,५६०	१,९७३	२३,९३०	७,१९७	२३,०८५	६,९४३
योग	१७,६०,५०१	२,९४,७२०	१९१,६९,१८	२,२३,४४३	२३,६४,२९७	२,६६,९४२

२, ४६, ०७६ टन माल तैयार किया।

बंगाल आयरन ऐंड स्टील कम्पनी का काम १८७५ में आरम्भ हुआ था प्रारंभिक काल में काफी काम इस कम्पनी को नहीं रहा। स० १६३१ में इस कम्पनी ने कुछ काम बंद किया किन्तु १६३५ में पिग आयरन ढालना आरम्भ कर दिया। स०१६३३ में इस कम्पनी ने १२५११ टन रेलवे की पटरी और २३,२६३ टन पाइप आदि ढाले।

मैसूर आयरन ऐंड स्टील कम्पनी ने स० १६३२ में १४,६८३ टन और स० १६३३ में १४,८०५ टन माल तैयार किया।

भारतवर्ष में स० १६३२ में पिग आयरन का माल ६,१३,३१४ टन और स० १६३३ में १०,५७,८३७ टन तैयार हुआ।

लोहे की निर्यात

स० १६३५-३६ में भारत से साधारण लोहे का और ईस्पात का १,१८,५८,६०२ टन माल (मूल्य पौंड ११२०७) विदेशों को, विशेषतः जापान व इंग्लैंड को गया। उसी साल पिग आयरन ५,३८,१५३ टन (मूल्य पौंड ६,३३,८७४) विदेशों को विशेषतः चीन, जापान, इंग्लैंड, और यू० एस० अमरीका को गया।

सोना

भारत में सोना प्राचीन काल से निकलता आया है। संसार की कुल निकासी का २ प्रतिशत भारतीय निकासी है। ६६ प्रतिशत केवल एक खान से जिसका नाम कोलार है सोना निकलता है। यह खान मैसूर स्टेट में बंगलौर से ४० मील पर है और ४ मील लम्बी है। स० १६०५ में सबसे अधिक सोना निकला अर्थात ६,३१,११६ औंस सोना (मूल्य पौंड २३,७३,४५७) निकला। उसके बाद से सोने की निकासी कम होती है किन्तु महायुद्ध के बाद से मूल्य बढ़ जाने से २० लाख पौंड के मूल्य का सोना प्रतिवर्ष निकलता है।

सन १६३०-३१ तक भारतवर्ष में प्रतिवर्ष सोने की निर्यात से आयात अधिक रही है। उस साल आयात १३ करोड़ रु० की थी और निर्यात ४६ लाख रु० थी। पर स० १६२७-२८ से विनिमय की दर १ शिलिं ४ पैंस=१ रु० की जगह एक शिलिंग ६ पैंस=१ रु० होने से भारत से बराबर सोना खिचता जाता है। १६३१-३२ में निर्यात ६,०७ करोड़ रु० की थी और आयात केवल २ करोड़ रु० थी। जैसी कि अगले पृष्ठ के कोष्टक से यह बात स्पष्ट होगी

सोने की आयात निर्यात ।

	आयात	निर्यात
	रुपया	रुपया
१६२२–२३	४१,३२,२६,०००	१३,३१,०००
१६२३–२४	२०,२५,३१,०००	६,६८,०००
१६२४–२५	७८,२८,६८,०००	३६,३२,०००
१६२५–२६	३५,२२,६६,३६३	३७,५३,५६४
१६२६–२७	१६,५०,१२,००२	१०,०६,५५४
१६२७-२८	१८,१३,४४,०६२	३,४४,०३६
१६२८–२६	२१,२१,६६,६६२	२,०२,७१४
१६२६–३०	१४,२३,७७,४७७	१,०३,०८१
१६३०–३१	१३,२४,५२,४५३	४६,३४,३८८
१६३१–३२	४,७६,६५,३८४	६०,७८,२५,१५५
१६३२–३३	१,३१,८१,३६१	६६,८४,०६,३४७
१६३३–३४	१,०६,६४,२८५	५८,१५,३०,२४६
१६३४–३५	७१,६३,०००	५३,२५,६८,७०८
१६३५–३६	६४,६५,४१०	३८,३०,५५,३६५

सीसा ।

भारत वर्ष में केवल बर्मा प्रांत में एक ही खान (बाडिन खान उत्तरी-शान स्टेट) में होता है और वह भी एक ही कम्पनी बर्मा कारपोरेशन लिमिटेड के हाथ में स० १६१४ से है।

सीसे की खनिज धातु में चांदी भी निकलती है और उससे काफ़ी आमदनी होती है।

सीसे की निकासी ।

	१६३४	१६३५
सीसे की खनिक धातु (टन)	४०,६२,५११	३६,६५,१६६
सीसा (टन)	७१,८१५	७२,०६०
मूल्य (पौं०)	पौंड ८,०३,४७६	पौंड १०,३७,४७६

सीसे की निर्यात ।

१६३४—३५	टन	१२,५५,६८६	पौं०	१०,४५,८८३
१६३५—३६	टन	१३,६१,८७६	पौं०	१३,७७,१०७

पेट्रोलियम ।

पेट्रोलियम भी केवल ब्रह्मा प्रान्त में उत्पन्न होता है। आसाम और पंजाब में जो उपजता है वह बहुत कम है। बर्मा आयल कम्पनी के हाथ में व्यापार का बड़ा भाग है।

सन् १९२८ में कुल पेट्रोलियम जो उत्पन्न हुआ वह ३०,५९,४३,७११ गैलन था जिसका मूल्य ५,७८,१०,३८६ रुपया था और स० १९२९ में ३०,६१,४८,३९३ गैलन्स थी जिसका मूल्य ६,४३,२६,००९ रुपया होता है।

मिट्टी का तेल ।

सन् १९३० में मिट्टी का तेल ३१ करोड़ गैलन उत्पन्न हुआ। उस साल आसाम के डिगबोई फील्ड और पंजाब में अटक में भी काफ़ी उत्पन्न हुआ था।

भारतवर्ष में तिलादि के तेलों का जलाना बन्द होता जाता है और देहातों में भी केरोसीन तेल जलता है। यह सब तेल जो बर्मा में पैदा होता है भारत में खर्च हो जाता है और विदेशों से भी आता है। सन् १९३४-३५ तक पिछले ६ सालों के वार्षिक आयात का औसत ७ करोड़ ९५ लाख गैलन रहा।

सन् १९१०—११ में पेट्रोलियम आदि की निर्यात २५ लाख गैलन थी। सन् १९१८—१९ में २४,८४,५०० गैलन तेल बाहर गया। सन् १९२४—२५ तक पिछले ५ वर्षों के निर्यात का औसत २,०२,७३,००० गैलन था, और सन् १९३०—३१ तक के ५ वर्षों का औसत केवल २२,०१,००० रह गया। और फिर घट कर १९३३-३४ तक केवल ८४,००० गैलन औसत रह गया। इसके मुख्य कारण भारत में दिन प्रति दिन मोटरों तथा सड़कों का बढ़ना और गांवों में अधिकाधिक उपयोग होना ही कहे जा सकते हैं।

मेंगनीज़ ।

भारत में मेंगनीज़ धातु निकलने का कार्य क़रीब ३० वर्ष से आरम्भ हुआ है। मध्यप्रान्त में सबसे अधिक मात्रा में पाया जाता है। मैसूर, मद्रास प्रान्त, मध्यभारत, बम्बई और बिहार उड़ीसा में भी पाया जाता है। मेंगनीज धातु का व्यापार बड़े महत्व का है। मेंगनीज का उपयोग कांच के रंग बदलने चीनी के बरतन रंगने व चमकदार

बनाने और लोहों के कारखानों में उपयोग में लाया जाता है। सन् १८६२ में ६७४ टन निकला था, सन् १६०० में ६२,०८८ टन निकला और अब उपज बढ़ कर सन् १६२८ में ६७८४४६ टन हुई और सन् १६२६ में ६६४२७६ टन हो गई। इसमें से केवल मध्य प्रान्त से १६२८ में ५६११३४ टन और १६२६ में ६२१६६६ टन उत्पन्न हुआ।

मेगनीज की निकासी।

सन्	निकासी	मूल्य (पौंड)
१६३१	५,३७,८४४	७,२६,६५४
१६३२	२,१२,६०४	१४,०२२
१६३३	२,१८,३०७	१,२३,१७१
१६३५	६,४१,४ ३	६,५०,४३०

मेंगनीज़ की निर्यात

	टन
स० १६२६	६,६४,४८६
स० १६३२	३,०१,२५२
स० १६३५	४,५५,०००

नमक

भारतवर्ष में मुख्यतः ४ स्थानों में बिक्री के लिये नमक तैयार होता है और यह सब व्यापार भारत सरकार के निरीक्षण में है। नमक बनाने पर क़ानूनी प्रतिबन्ध है। महात्मा गांधी ने इसी कारण सन् १६३० में सत्याग्रह के कार्यक्रम में नमक बनाना रखा था।

(१) पहाड़ी नमक कोहाट (पंजाब) में (२) सांभर झील राजपूताना में (३) कच्छकी खाड़ी से (४) बम्बई तथा मद्रास के कारखानों से।

पंजाब में पहाड़ी नमक इतना अधिक है कि सैकड़ों वर्षों तक देश को नमक की कमी नहीं पड़ सकती। बम्बई और मद्रास में समुद्र तट पर सूर्य की गरमी द्वारा नमक अपने आप तैयार हो जाता है। बंगाल में हवा में गर्मी न होने के कारण नमक तैयार नहीं हो सकता है। स० १६३३ में ५१ लाख १७ हजार ६२३ रुपये का नमक विदेशों से आया। जहाज़ों के नीचे के हिस्सों में जहाज़ों को स्थिर रखने के लिये वज़न की जरूरत होती है इस लिये योरोप से और विशेषतः इंग्लैंड से खाली जहाज़ आने के कारण नमक रखकर लाते हैं। किराया नाम मात्र लिया जाता है इसलिये बिक्री का पड़ता पड़ जाता है।

नमक की तैयारी

१६३१	टन	१८,७४,०५४	रु०	१,३८,२५,५७८
१६३२	,,	१६,५६,८४३	,,	१,२१,८७,६४०
१६३३	,,	१७,६३,५६१	,,	१,१६,८५,६८३

नमक पर कर ।

मुग़लों के राज्य के समय से ही नमक पर कर लगता चला आया है। अंग्रेजी राज्य में भी सब प्रकार के नमक की तैयारी पर अतिरिक्तकर है और उसी मात्रा में आयात कर भी है। स० १८८८ से १९०३ तक अतिरिक्त कर (Excise Duty) २ रु० ८ आना प्रति मन था। स० १९०३ और १९०७ की बीच घटाकर १ रु० कर दिया गया। १९१६ में दर १ रु० ४ आना की गई और स० १९२३ में बढ़ाकर २ रु० ८ आना की गई। १ मार्च १९२४ से दर १ रु० ४ आना है किन्तु ३० सितम्बर १९३१ से उस साल के क़ानून (Finance Act) के अनुसार २५ प्रतिशत बढ़ती (Surcharge) लगादी गई है जो अभी तक जारी है। १८ मार्च १९३१ से विदेशी नमक की आयात पर एक नया अधिक कर (Additional) साढे चार आना फी मन लगा दिया गया था। यह अधिक कर सन १९३३-३४ में ढाई आना कर दिया गया और १९३६ में इसे घटाकर डेढ़ आना कर दिया गया है जो दो साल तक उसी मात्रा में कायम रहेगा।

भारत में ९२ लाख मन नमक खर्च होता है प्रति मनुष्य १२ पौंड वार्षिक तथा प्रति कुटुम्ब ३८.४ पौंड वार्षिक है।

टैक्स के कारण भारत की गरीब जनता काफी नमक नहीं खा सकती है न पशुओं को खिला सकती है तुलना के लिये अन्य देशों की प्रति मनुष्य नमक की खपत नीचे दी जाती है।

नमक की खपत ।

प्रति मनुष्य

देश	पौंड	देश	पौंड
भारतवर्ष	१२	आष्ट्रिया	१६
इंग्लैंड	४०	वेलजियम	१६.५
फ्रांस	१८	प्रशा	१४
इटली	२०	रूस	१८
पुर्तगाल	३३	स्पेन	१२
स्विटज़र लैंड	८.५	स्वेडन नारवे	९.५

भारत का वैदेशिक व्यापार ।

भारत वर्ष कृषि प्रधान देश है और यहां से विदेशों को कच्चा माल अधिकता से जाता है किन्तु देश विस्तृत होने के कारण तथा उद्योग धन्धों की प्रगति दिन प्रति दिन उन्नति के मार्ग पर होने के कारण भारत के व्यापार का सब प्रकार से जगत के लिये महत्व है जेनीवा के अन्तर्राष्ट्रीय लेबर आफिस में भारत को औद्योगिक देशों में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त है। बम्बई प्रान्त के कपड़े का व्यापार, और कलकत्ते का जूट का व्यापार काफी महत्व रखते हैं। धातु के उद्योगों में टाटा कम्पनी का जमशेदपुर का कारखाना बढ़ा चढ़ा है।

व्यापार की दृष्टि से विदेशों को निर्यात की वस्तुओं में अनाज, तिलहन, रुई, चाय, चमड़ा, लोहा, नील, काफी, ऊन मुख्य वस्तुयें हैं।

आयात की दृष्टि से रुई का कपड़ा व सूत, ऊनी कपड़ा, धातु के बरतन, मशीन व कलें, शक्कर, काग़ज़, रसायन, मोटरें व बाइसिकलें, मिट्टी का तेल, नकली रेशम मुख्य वस्तुये हैं।

निम्नलिखित आंकड़ों से भारत के व्यापार की मात्रा का कुछ दिग्दर्शन हो सकता है इन आकड़ों में यह बात याद रखना चाहिये कि जो माल विदेश से आकर बाहर चला गया वह आयात व निर्यात दोनों में शामिल नहीं है।

सन्	आयात	निर्यात
	(करोड़ रुपये)	
१९१३–१४	१८३	२४४
१९२२–२३	१३८	२१४
१९३१–३२	१२६	१५५
१९३३–३४	११५	१४७
१९३५–३६	१३७	१६०

आयात की वस्तुओं में रुई के कपड़े का पहला नम्बर है, उसके बाद धातु आदि और तीन नम्बर पर मशीनें हैं। सन् १९३५—३६ में २२ करोड़ रुपये का रुई का कपड़ा आया और धातु आदि १७ करोड़ रुपये की और मशीनें आदि १३.६ करोड़ रुपये की आईं। शक्कर १.६ करोड़ की, तेल ११ करोड़ का और मोटर वग़ैरह ६.६ करोड़ की आईं। खाने पीने का विलायती सामान ३.१२ करोड़ का आया। कुल आयात का औसत १ अरब ३४ करोड़ रुपये से ऊपर होता है।

प्राचीन काल से भारत से विदेशों को सूती तथा रेशमी कपड़ा, मसाले रत्न आदि जाते रहे हैं और उसके बदले सोना, चाँदी, जवाहिरात आदि आते रहे हैं। रोमन साम्राज्य से भी

भारत में सोना आता रहा है। साथ साथ तांबा, टीन, सीसा तथा मूंगा मोती भी विदेशों से आता रहा है।

ईस्ट इण्डिया कम्पनी के भारत में आने से भारत का दुर्दैव काल प्रारंभ होता है। इंग्लैंड को भारतीय वस्तुओं के बदले बहुत सा सोना देना पड़ता था और काफी ऊनी कपड़ा नहीं भेजा जा सकता था इसलिये इंग्लैंड में ईस्ट इण्डिया कम्पनी की कड़ी समालोचना होती थी। सूरत और ढाका के करघों से इंग्लैंड के करघे होड़ में जीत न सकते थे इसलिये दो क़ानून पास करके भारतीय सूती कपड़ा इंग्लैंड में आना बन्द कर दिया गया।

स० १७५० के पहिले इंग्लैंड से २७ मिलियन पौंड का सोना भारत में आया और केवल ९ मि० पौंड का सामान आया। स० १७६० के प्लासी की लड़ाई ने अंग्रेजों के हाथों में बंगाल दे दिया और स० १७६० से स० १८०९ तक केवल १४½ मि० पौंड सोना इंग्लैंड से भारत में आया और तिजारती माल ४८½ मि० पौंड का आया।

लंकाशायर की रुई का उद्योग बढ़ता गया और भारत का उद्योग सब प्रकार से दबाया गया। स० १८६९ ७० में भारत में कुल आयात पौंड २,१९,४६,६६० की थी जिस में पौंड १,०८,४६,६६० इंग्लैंड का सूती कपड़ा था। १० लाख पौंड की शराब वग़ैरः, ९ लाख ६ हज़ार ६६० पौंड का तांबा, ८ लाख ७३ हज़ार ३३० पौंड का लोहा और ५ लाख पौंड का नमक उस साल भारत में आया।

सुयेज़ नहर के खुलने से तथा स्टीम द्वारा मशीनों व जहाज़ों के चलने से भारत से कच्चा माल बड़ी तेजी के साथ जाने लगा और महायुद्ध १९१४ के ५० वर्ष पहिले के काल से महायुद्ध तक निर्यात की मात्रा आयात की मात्रा से बराबर अधिक बनी रही।

१८६४-६५ से १८८४ तक बराबर निर्यात २९ प्रतिशत आयात से अधिक रही। उस समय से १९१३-१४ तक निर्यात १९ प्रतिशत आयात से अधिक रही। और यही अधिकता की मात्रा महायुद्ध के बाद तक अर्थात १९१९-२० तक रही।

स० १९२०-२१ से इंग्लैंड, यू० एस० अम्रीका और जापान ने जो भारत के सबसे बड़े ग्राहक थे, माल कम लेना आरम्भ किया। आयात की मात्रा पौं० ५,८९,४२४२५ से निर्यात से बढ़ गई और सन् १९२१-२२ में आयात पौंड ३,०७,८१,११५ निर्यात से अधिक थी।

स० १९२२-२३ में व्यापार मन्द रहा।

स० १९२३–२४ में निर्यात पौंड ३३.३ मिलियन आयात से बढ़ गई कारण यह था कि कच्ची रुई के दाम उस साल बढ़ गये।

स० १९२४–२५ में निर्यात की मात्रा बढ़कर पौंड २६६.६ मिलियनहो गई। जूट और खाद्य पदार्थ की मांग ऊँची रही। साथ २ आयात भी पौंड १०.६ मिलियन पिछले साल से अधिक रही।

सन् १९२५–२६ में चाय तथा खाद्य पदार्थों के कम जाने से निर्यात में कुछ कमी हुई और स० १९२६–२७ में दाम यकायक गिरजाने से विशेषतः रुई और जूट के दाम गिर जाने से निर्यात की मात्रा गिर गई। सन् १९२५–२६ में व्यापार परिमाण (Balance of Trade) भारत के पक्ष में पौंड १०७.३ मिलियन और स० १०२६–२७ में पौंड ५२.६ मिलियन रहा।

स० १९२७–२८ तथा १९२८–२९ में व्यापार स्थिर रहा और कुछ उन्नति भी करता रहा।

स० १९२९–३० से व्यापार में मन्दी आरम्भ हुई और सत्याग्रह आन्दोलन के कारण विदेशी कपड़े का बायकाट हुआ। फवतः आयात और निर्यात की मात्रायें क्रमशः ५ और ६ प्रतिशत गिर गयीं और १९३०–३१ में क्रमशः ३२ और २९ प्रतिशत गिरीं।

स० १९३१-३२ में वैदेशिक व्यापार और नीचे गिरा। दामों में जो भयंकर कमी अक्टूबर १९२९ में आरम्भ हुई थी वह बढ़ती ही गई और सितम्बर १९३१ तक जारी रही। कच्चे माल के दाम पक्के माल के दाम की अपेक्षा बहुत गिर गये। फलतः भारत को जो कच्चा माल विदेशों को भेजा जाता है उसमें बड़ी हानि हुई।

१९३२-३३ में यही मन्दी जारी रही। सोने के दाम बढ़ जाने से, स० १९३१-३२ में पौंड ५८·७ मिलियन का, स० १९३२–३३ में पौंड ५० मिलियन का, और स० १९३३-३४ में पौंड ४३·५ मिलियन का सोना विदेशों को गया। व्यापार-परिमाण (Balance of Trade) भारत के पक्ष में इन वर्षों में रहा किन्तु वास्तव में भारत का माल विदेशों को कम गया और कमी की पूर्ति सोने के निर्यात ने की।

स० १९३४-३५ में दामों में कुछ उन्नति हुई जिसका कारण जगत की साधारण आर्थिक अवस्था का सुधार था। भारतवर्ष के भीतर भी व्यापार ने उन्नति की। सोने की निर्यात जारी रही और इस वर्ष पौंड ४० मि० का सोना विदेशों को

गया। आयात भी पौंड १२'७ मि० से बढ़ी। और निर्यात भी पौंड ३'४ मि० से बढ़ी। ओटावा की व्यापार संधि कारण बताया जाता है किन्तु इस में तथ्य नहीं है। ओटावा संधि भारत के लिये हानिकारक ही है।

स० १९३५-३६ में व्यापार में साधारण उन्नति जारी रही। जूट (कच्चा पक्का) खाद्य पदार्थ, धातु, चमड़े, पेरेफिन वैक्स, और लाख सभी अधिक मात्रा में विदेशों को भेजे गये। कच्ची रुई और चाय की निर्यात में कमी हुई। व्यापार परिमाण (Balance of Trade) भारत के पक्ष में पौंड ५० मिलियन रहा जिसमें सोने की निर्यात भी शामिल है।

स० १९३६-३७ का व्यापार।

व्यापार में उन्नति के चिन्ह इस बर्ष में स्पष्ट होगये। यह चिन्ह अन्य देशों में १९३२ से दिखाई देने लगे थे।

दामों की मात्रा में उन्नति उसी समय से प्रारम्भ हुई (ऐसी राय कुछ अर्थ-शास्त्रज्ञों की है) जब इंग्लैंड ने गोल्डस्टैंडर्ड (Gold Standard) छोड़ दिया। जापान और यू० एस० अम्रीका ने भी ऐसा ही किया और वहां भी दामों की मात्रा में उन्नति हुई स० १९३४ और १९३५ में कच्चा माल खप गया और कुछ देशों ने कच्चे माल की उपज में प्रतिबंध लगा दिया इन्हीं वर्षों में उत्तरी अम्रीका और अन्य मुख्य देशों में अवर्षण होने से भी कच्चे माल का भण्डार कम होगया। मूल्य की मात्रा में उन्नति होती गई और स० १९३६ में फ्रांस ने भी गोल्डस्टैंडर्ड छोड़ दिया जिस से मूल्य की मात्रा और बढ़ गई। इन कारणों के अतिरिक्त और भी एक बड़ा भारी कारण उन्नति का है। तमाम यूरूपियन देश और यू० एस० अम्रीका अधिकाधिक मात्रा में लड़ाई की सामिग्री तैयार करते जा रहे हैं जिस से सब प्रकार के उद्योगों को सहायता मिल रही है।

भारत पर भी इन सब कारणों का असर पड़ा है किन्तु भारत अभी अन्य देशों की सदृश औद्योगिक नहीं हुआ है और कृषि प्रधान देश होने के कारण अभी तक गिरे हुये दामों की चोट से सम्हल नहीं सका है।

स० १९३६-३७ में निर्यात की मात्रा १९६ करोड़ रुपया थी जो ३६ करोड़ पहिले साल से अधिक है। स० १९२८-२९ की मात्रा से १३४ करोड़ कम है। उस साल (१९२८-२९) के माल की मात्रा से १९३६–३७ की माल की मात्रा कम नहीं है किन्तु दामों में ४१ प्रतिशत कमी है।

स० १९३६-३७ में आयात की

मात्रा १२५ करोड़ रुपया थी, जबकि स० १६३५-३६ में वह १३४ करोड़ रुपया थी और स० १६३३-३४ में ११५ करोड़ रुपया थी। स० १६२८-२६ में आयात २४३ करोड़ रुपया थी इस प्रकार घटी ५१ प्रतिशत है। आयात के दामों में ३५ प्रतिशत की कमी हुई।

व्यापारी सामान के आयात-निर्यात के अनुसार व्यापार परिमाण (Balance of Trade) इस वर्ष ७८ करोड़ रुपये का भारत के पक्ष में रहा, जबकि १६३५-३६ में केवल ३१ करोड़ रुपये का था। सोना इस वर्ष (१६३६-३७) २८ करोड़ का विदेशों को गया। १४ करोड़ रुपये की चांदी विदेशों से इस वर्ष आई।

कुल व्यापार परिमाण स० १६३६-३७ में ६२ करोड़ रुपये का भारत के पक्ष में रहा। चाय के दाम बढ़ गये। अलसी के दाम सब से अधिक बढ़े। जूट के दाम ६० प्रतिशत घटे और चावल के दाम भी १६२८-२६ की अपेक्षा ४५ प्रतिशत कम हैं यद्यपि दो तीन वर्षमें कुछ बढ़े हैं। अप्रैल १६३६ से मार्च १६३७ में गेहूं के दाम ४२ प्रति शत बढ़े।

खेती पर कोई प्रतिबंध न होने से उपज अनियमित होती है और वृष्टि पर अवलंबित रहती है। गन्ने की खेती की भूमि में ७५ प्रतिशत बढ़ती रही।

शक्कर की निकासी ३०० प्रतिशत बढ़ी, कपड़े की तैयारी दुगनी हो गई, सीमेंट में ८० प्रतिशत, लोहे में ७० प्रतिशत, काग़ज़ में २५ प्रतिशत, जूट में ३८ प्रतिशत, बढ़ती हुई। औद्योगिक वस्तुओं के दाम कम होने के अनेक कारण हैं। उनमें से मुख्य निर्माण के अच्छे साधन तथा प्रबन्ध हैं।

भारत में विदेशी माल की आयात।

सहस्र रुपयों में] [००० बढ़ा कर पढ़िये

वस्तु	१६३४-३५	१६३५-३६	कुल आयात में प्रतिशत औसत
रुई तथा रुई के कपड़े	२७,०४,५८	२७,८६,६२	२०·७६
मशीनरी	१२,६३,६७	१३,६८,१६	१०·१८
धातुएं इत्यादि	११,३७,७४	१२,०३,३२	८·६५
तेल	६,६७,११	७,२४,५४	५·३६
गाड़ियां	६,६०,००	६,६२,१४	५·१५
पुर्ज़े औज़ार इत्यादि	४,७२,६२	५,१८,०३	३·८६

भारत में विदेशी माल की आयात (चालू)

वस्तु	१९३४-३५	१९३५—३६	कुल आयात में प्रतिशत औसत
रंग	३,०७,५१	३,३३,६७	२.४८
धातु के बर्तन इत्यादि	३,०५,३०	३,२६,७६	२.४३
कृत्रिम रेशम	३,५९,२९	३,१५,७८	२.३५
रसायन	२,९२,३९	३,११,९७	२.३२
खाद्य पदार्थ	२,८९,०६	३,११,८७	२.३२
क़ाग़ज़ तथा बोर्ड	२,७२,८२	२,९९,००	२.२३
ऊन कच्चा तथा निर्मित	३,८६,४७	२,७८,५४	२.०७
रेशम कच्चा तथा निर्मित	३,३७,०९	२,७७,६५	२.०७
शराब इत्यादि	२,३५,५६	२,४७,५६	१.८४
दवाइयां	१,९१,९०	२,११,१७	१.५७
रबड़ की वस्तुयें	२,०५,८२	२,०६,८५	१.५४
शक्कर	२,१०,८५	१,९०,७३	१.४२
नाज, दाल, आटा,	२,६६,४५	१,६२,४०	१.२१
मसाला	१,५५,४९	१,६१,७७	१.२०
कांच का सामान	१,३२,५६	१,३९,४०	१.०४
फल तरकारी	१,२९,९९	१,०३,४१	०.९९
रंगने के पदार्थ	९६,८३	१,०१,९६	०.७६
स्टेशनरी	६८,८०	७६,१०	०.५७
इमारती सामान	५९,९०	७२,७९	०.५४
खाद	६७,०६	७१,१४	०.५३
बने हुये कपड़े इत्यादि	८२,४२	७१,०८	०.५३
श्रृंगार की सामग्री	६४,०५	६६,०६	०.४९
तमाखू	६१,८२	६१,५६	०.४६

भारत में विदेश माल की आयात (चालू)

वस्तु	१६३४–३५	१६३५–३६	कुल आयात में प्रतिशत औसत
स्त्रियों की पोशाकें	६७,३६	५६,०५	०.४४
चाय के डब्बे	५२,०८	५८,१७	०.४३
नमक	५२,०८	५६,७४	०.४२
मशीन के लिये पट्टियाँ	४६,८३	५३,५१	०.४०
लकड़ी	५६,७६	५२,४२	०.४०
किताबें इत्यादि	५१,३८	५३,२१	०.४०
फ़ौजी सामान	४२,७२	४८,६१	०.३७
जवाहिरात मोती इत्यादि	५०,१०	४८,०६	०.३६
खिलौने और खेल के सामान	५०,५५	४७,५१	०.३५
चीनी मिट्टी के वर्तन इत्यादि	४४,२४	४५,६७	०.३४
साबुन	६३,२१	३४,२७	२.२६
रेलें	२८,७५	३१,०३	०.२३
छाते इत्यादि	२७,१६	२६,१८	०.२२
जूते	३४,७७	२८,७८	०.२२
चाकू छुरे आदि	२७,६८	२८,७०	०.२१
टैलो एण्ड स्टेरायन	२२,३२	२८,३६	०.२१
गोंद आदि	२६,६८	२६,१०	०.१६
चाय	१७,१३	२४,६७	०.१६
कमरा सजाने का लकड़ी का सामान	२०,१३	२३,२८	०.१७
काग़ज़ बनाने की सामग्री	२६,२८	२०,४८	०.१५

भारत में विदेशी माल की आयात (चालू)

वस्तु	१९३४-३५	१९३५-३६	कुल आयात में प्रतिशत औसत
ज़िंदा जानवर	२४,६४	२०,२६	०.१५
मछली	१६,५७	१६,३४	०.१४
घड़ियां तथा पुर्ज़े	१६,२५	१८,१५	०.१४
फ़्लैक्स की वस्तुयें	१७,५८	१७,६३	०.१३
कोयला और कोक	१२,५०	१३,२१	०.१०
जूट के सामान	८,६२	१०,८०	०.०८
सोने चाँदी के ज़ेवर	२१,२०	१०,७६	०.०८
दियासलाई	६२	१,०६	०.०१
अन्य	७,८३,२५	८,०१,०१	५.६६
कुल मूल्य	१,३२,२६,१३	१,३४,३७,६०	१००

आयात के मुख्य पदार्थ

(१९३६-३७)

रुई भी भारत में विदेशों से काफ़ी मात्रा में आती है। अधिक महीन कपड़ों के लिये लम्बे रेशे की आवश्यकता होती है इस कारण लम्बे सूत वाली रुई विदेशों से आती है।

रुई
५ करोड़ ८५ लाख रुपया

स० १९३६-३७ में इंग्लैंड से ४६ हज़ार ७२८ की, मिश्र से १ करोड़ ८५ लाख रुपये की केनया कोलोनी से ३ करोड़ ६ लाख रुपये की, टैङ्गनिका से ३४ लाख ८६ हज़ार रुपये की, सुडान (अंग्रेज़ी प्रान्त) से ४० लाख ७६ हज़ार की, यू० एस० अफ्रीका से ८ लाख २३ हज़ार रुपये की और अन्य देशों से ६ लाख ६ हज़ार रुपये की रुई भारत में आई

इस में से केवल बम्बई प्रान्त में ५ करोड़ ४० लाख रुपये की और बंगाल में २१·५ लाख रुपये की और मद्रास में २२ लाख ८४ हज़ार रुपये की खपत हुई।

रुई का माल अनेक प्रकार का भारत में विदेशों से आता है। सूत व धागा

रुई का माल
१७ करोड़ ४८ लाख रुपया

(Twist & yarn) सफ़ेद २८ लाख ३६ हज़ार रुपये का और रंगा हुआ ११ लाख ७८ हज़ार रुपये का और मरसराइज़्ड ६१ लाख ६६ हज़ार रुपये का आया। कुल सूत व धागा २ करोड़ ५४ लाख रुपया का भारत में इस साल आया जिसमें ७८.८ लाख रुपये का इंग्लैंड से, १ करोड़ ३७ लाख रुपये का जापान से, ३८ लाख २२ हज़ार रुपये का चीन से भारत में आया।

इस में से बम्बई ने एक करोड़ २५ लाख रुपये का, मद्रास ने ६८ लाख २३ हज़ार रुपये का और बंगाल ने ४८ लाख ६१ हज़ार रुपये का सूत व धागा लिया।

मोज़े बनियाइन आदि (Hosiery) माल की आयात ३२ लाख ७१ हज़ार रुपये की हुई जिसमें जापान से २८ लाख ६० हज़ार रुपया का और १ लाख २० हज़ार रुपये का इंग्लैंड से, और वाकी अन्य देशों से यह माल आया।

कपड़ा (बिना साफ़ किया) विदेशों से ३ करोड़ २७ लाख रुपये का आया और कपड़ा (सफेद) साफ़ किया हुआ ४ करोड़ ४६ करोड़ ४६ लाख रुपये का आया।

बिना साफ किया हुआ जापान से २ करोड़ ४५ लाख रुपये का और इंग्लैंड से ६१ लाख ८६ हज़ार रुपये का माल आया।

साफ किया हुआ सफेद कपड़ा इंग्लैंड से ३ करोड़ ४४ लाख रुपये का और जापान से केवल ७४ लाख ५६ हज़ार रुपये का आया।

छपा हुआ कपड़ा कुल विदेशों से ३ करोड़ का आया जिसमें इंग्लैंड से १ करोड़ ८ लाख रुपये का और जापान से १ करोड़ ६२ लाख रुपये का आया।

रंगा हुआ कपड़ा कुल २ करोड़ ६ लाख रुपये का विदेशों से आया जिसमें से इंग्लैंड से एक १ करोड़ ७० लाख रुपये का और जापान से २३ लाख २१ हज़ार रुपये का आया।

कुल बिना हुआ कपड़ा विदेशों से भारत में १३ करोड़ ३६ लाख रुपये का आया जिसमें से बंगाल में ३ करोड़ ६६ लाख रुपये की, बम्बई में ३ करोड़ ८५ लाख रुपये की खपत हुई।

कृत्रिम रेशम की खपत भारतवर्ष में बढ़ती जाती है। सन् १९३४-३५ में

कृत्रिम रेशम
३ करोड़ ८५ लाख रुपया

ऐसे रेशम का माल विदेशों से ३ करोड़

५६ लाख रुपये का आया और स० १६३६-३७ में ३ करोड़ ८५ लाख रुपये का आया जिसमें जापान से कृत्रिम रेशमी सूत ८४ लाख ३८ हज़ार रुपये का और कृत्रिम रेशमी कपड़ा २ करोड़ ३२ लाख का आया। इंग्लैंड से कृत्रिम रेशमी सूत केवल ११.८ लाख रु० का और कपड़ा केवल ३ लाख ७२ हज़ार रुपये का आया।

ऊन तथा ऊनी माल की आयात विदेशों से स० १६३५-३६ में २ करोड़ ७८ लाख रुपये की थी। स० १६३६-३७ में २ करोड़ ८७ लाख रुपये की हुई।

ऊन व ऊनी माल
२ करोड़ ८७ लाख
रुपया

स० १६३६-३७ में ऊन ५६ लाख ५२ हज़ार रुपये का विदेशों से आया जिसमें से आस्ट्रेलिया से ३४ लाख ८६ हज़ार रुपये का और इंग्लैंड से २० लाख ८४ हज़ार रुपये का आया।

ऊनी कपड़ा ८४ लाख २६ हज़ार रुपये का विदेशों से आया जिसमें इंग्लैंड से ४१ लाख ५४ हज़ार रुपये का और जापान से ३४ लाख ३६ हज़ार रुपये का और जर्मनी से ५ लाख ५६ हज़ार रुपये का कपड़ा आया।

ओढ़ने के कम्बल इटली से १६ लाख रुपये के आये और अन्य देशों से केवल ६.६ लाख रुपये के आये ऊनी मोज़े बनियाइन आदि (Hosiery) १४ लाख ४८ हज़ार रुपये के आये जिसमें जापान से ८.६ लाख रुपये के और इंग्लैंड से ५ लाख २७ हज़ार रुपये के आये।

रेशम (ककून, सूत व धागा), रेशमी कपड़ा, मोज़े बनियाइन, आदि अनेक प्रकार का रेशमी माल विदेशों से आता है।

रेशम व रेशमी माल
२ करोड़ ४१ लाख
रुपया

रेशम तथा रेशमी माल की आयात घटती जाती है। स० १६३४-३५ में ३ करोड़ ३७ लाख रुपये का, १६३५-३६ में २ करोड़ ७७ लाख रुपये का, और और स० १६३६—३७ में २ करोड़ ४१ लाख रुपये का माल विदेशों से भारत में आया।

इसमें से कच्चा रेशम व ककून ६४ लाख ५१ हज़ार रुपये के आये। इन मालों में चीन से ३४ लाख ७४ हज़ार रुपये का और जापान से २६ लाख ६७ हज़ार रुपये का, माल आया रेशमी सूत ६० लाख ६६ हज़ार रुपये का आया जिसमें जापान से ४२ लाख ६८ हज़ार रुपये का, चीन से १० लाख ५८ हज़ार रुपये का, और इटली

से ५ लाख ५५ हज़ार रुपये का आया।

रेशम के मोज़े आदि १ लाख ७ हज़ार रुपये के विदेशों से आये।

रेशम का कपड़ा विदेशों से ८० लाख ६२ हज़ार रुपये का आया जिसमें अकेले जापान से ६२ लाख २६ हज़ार रुपये का और चीन से १६ लाख ६८ हज़ार रुपये का आया।

रेशम मिश्रित माल ३३ लाख ६६ हज़ार रुपये का आया जिसमें केवल जापान से २४ लाख १७ हजार रुपये का आया।

लोहे की आयात स० १६३४-३५ में है ५ करोड़ ३३ लाख रुपये की, सन १६३५-३६ में ६ करोड़ २१ लाख रुपये की और स० १६३६-३७ में ५ करोड़ १० लाख रुपये की थी।

लोहा
५ करोड़ १० लाख
रुपया

सन १६३६-३७में ट्यूब, पाइप, आदि ७६ लाख ५४ हज़ार रुपये की, रेलवे के स्लीपर्स आदि ६ लाख ४६ हज़ार रुपये के, गेलवेनाइज़्ड लोहे के शीट १ करोड़ ६ लाख रुपये के, कीलें आदि ३२ लाख रुपये की और बीम गर्डर आदि २६ लाख ५८ हज़ार रुपये के विदेशों से आये।

अल्यूमिनियम की आयात स० १६३६-३७ में ४३ लाख ४४ हज़ार रुपये की, पीतल कांसा आदि की,

अन्य धातु
३ करोड़ ४१ लाख
रुपया

आयात ६६ लाख ५४ हज़ार रुपये की, और तांबे की आयात ८० लाख ५० हज़ार रुपये की, सीसे की आयात ५ लाख ३० हज़ार रुपये की, टीन की ५६ लाख १८ हजार रुपये की और जस्ते की ५३ लाख ३८ हज़ार रुपये की थी।

मशीनरी की आयात वार्षिक १४ करोड़ रुपये की है। स० १६३६-३७ में १४ करोड़ १३ लाख रुपये

मशीनरी
१४ करोड़ १३ लाख
रुपया

की मशीनरी आयी उसमें ६ करोड़ २६ लाख रुपये की इंगलैण्ड से, २ करोड़ २ लाख रुपये की जर्मनी से, १ करोड़ २५ लाख रुपये की यू० एस० अमरीका से भारत में आई। शकर की मशीनरी ६५ लाख रुपये की, कपड़े बुनने की मशीनरी १ करोड़ ८० लाख रुपये की, जूट के लिये मशीनरी ७३ लाख रुपये की और टाइपराइटर १६ लाख रुपये के भारत में विदेशों से आये।

मोटर गाड़ियों की आयात भारत में बड़ी तेज़ी से बढ़ रही है। नगरों और ग्रामों में मोटरकार और विशेषत. लारियां बड़ी संख्या में दिखाई देने लगी हैं।

मोटर
२ करोड़ ४२ लाख
रुपया

सवारियां ढोने में तो लारियों ने रेलवे का मुक़ाबला कर लिया है और इसके कारण रेलवे को किराया भी कम करना पड़ा है और कहीं कहीं पर रेलवे ने अपनी लारियां भी चलाई हैं।

मोटर कार्स की आयात।

सन	ग्रेटब्रिटेन और आ-यरलैंड	अम्रीका	कनाडा	फ़्रांस	इटली	अन्य देश	कुल संख्या
१६२६–२७	२,५४६	४,०३०	४,४७६	६०७	१,४१६	१२२	१३,१६७
१६२७–२८	३,६००	६,०३१	३,४००	५३८	१,३६७	१८६	१५,१२२
१६२८–२६	३,६४५	१०,१४५	४,३६६	२७७	६६७	१६७	१६,५६७
१६२६–३०	३,७५८	६,६२०	२,३१८	३६४	१,१५०	१८६	१७,३६६
१६३०–३१	२,८८५	५,०६८	३,२५०	२६१	६१७	१६०	१२,६०१
१६३१-३२	२,१७८	३,३६८	६७६	१६१	५१०	३२७	७७,२२०
१६३२–३३	३,६५८	१,२०१	२६६	८४	२२३	४३६	६,२०१
१६३३–३४	५,३४८	२,२२७	१,७१५	६२	२२१	१८६	६,७५६
१६३४–३५	६,३११	५,५६४	२,०५७	२६	२६७	२०६	१४,४३४
१६३५–३६	६,७४८	३,८५१	२,३२८	१३	२१०	४४४	१३,५६०
१६३६–३७	६,३३७	३,८७०	१२६०	—	३८२	२४७	१२,६३६

ब्रिटिश भारत में मोटर गाड़ियों की संख्या (१९३६)

प्रान्त व शहर	मोटरकार्स तथा टैक्सी	मोटर सायकिल्स आदि	लारियां बसेस आदि	कुल
बंगाल प्रेसीडेन्सी	१८,६४६	१,१३९	४,७६५	२४,५५०
कलकत्ता-हावड़ा शहर	१४,७९४	८६२	३,०९७	१८,७५३
बम्बई शहर	१०,-७०	५००	१,२३०	१२,६००
बम्बई प्रेसीडेन्सी	२५,२८२	१,७०५	१,५००	२८,४८७
मद्रास शहर	४,२९१	४५७	५४८	५,२९६
मद्रास प्रेसीडेन्सी	१२,७५२	१,८५४	६,९८१	२१,५८७
संयुक्तप्रान्त	१३,६६१	१,७३९	३,८४०	१९,२४०
पंजाब	७,८६३	१,५७३	७,१२३	१६,५५९
ब्रह्मा	११,६९१	१,१०२	६,०९५	१८,८८८
बिहार उड़ीसा	५,८५५	४८६	१,१९७	७,५३८
मध्यप्रदेश और बरार	३,६७०	६८४	१,८९५	६,२४९
सिन्ध	२,३७३	४०५	१७०	२,९४८
देहली	२,१७४	१९५	७७०	३,१३९
सीमाप्रान्त	४,७८३	१,६३७	३,५३०	९,९५०
अजमेर मारवाड़	६९५	७६	१९०	९६१
आसाम	२,४९२	२२१	१,९५०	४,६६३
कुल	१,०९,५६५	१२,४११	२९,८३६	१,६१,८१२

सन १६३४-३५ में १४,४३४ मोटर गाड़ियां, सन १६३५-३६ में १२,५६० मोटर गाड़ियां, और सन १६३६-३७ में १२,६३६ मोटर गाड़ियां भारत में विदेशों से आईं।

सन १६३४-३५ में मोटरों की आयत का मूल्य २ करोड़ ५६ लाख रुपया, सन् १६३५-३६ में २ करोड़ ५१ लाख रूपया और स० १६३६-३७ में २ करोड़ ४२ लाख रुपया था।

भिन्न २ प्रान्तों में जो मोटरें इस समय काम में लाई जा रही हैं उनका व्योरा पीछे कोष्टक में दिया गया है।

मोटर साइकिलों की आयात की संख्या सन १६३४-३५ में ७६४, सन १६३५-३६ में ७३४, और स० १६३६-३७ में ६२१ है जिससे स्पष्ट है कि भारतवासी इस सवारी को पसन्द नहीं करते।

साइकलें (साधारण) भारत में काफी संख्या में उपयोग में लाई जाती हैं। और उनकी आयात बढ़ रही हैं। स १६-३४-३५ में १,०६,२८६ स० १६३५-३६ में १२,३३,६६५, और सन १६३६-३७ में १,६५,३६० साइकलें विदेशों से आयीं और स० १६३६-३७ में साइकलों के दाम ४७ लाख ४८ हज़ार ३६२ रुपये थे और इनके अतिरिक्त सामान (रबड़ के अतिरिक्त) ६४ लाख ६३ हज़ार ५१० रुपये का आया। आयात का कुल मूल्य १ करोड़ २१ लाख ४१ हजार और ८७५ रुपया था।

साइकिलें
१ करोड़ २१ लाख
रुपया

रबड़ का सामान सन १६३४-३५ में २ करोड़ ५ लाख रुपये का, स० १६३५-३६ में २ करोड़ ६ लाख रुपयेका और स०१६३६-३७ में २ करोड़ ११ लाख रुपयेका भारत में आया। उसमें स० १६३६-३७ में न्यूमेटिक मोटर कवर (टायर) १ करोड़ ५ लाख रु० के इंग्लैंड से आए। मोटर ट्यूब १४,०३,४५१ रुपये के भारत में आये।

रबड़ का सामान
२ करोड़ ११ लाख
रुपया

मोटर साइकिलों के टायर३७,४५६ रुपये के और ट्यूब ११,६४६ रु० के भारत में आए।

साधारण साइकिलों के टायर २३ लाख १७ हज़ार रुपये के और ट्यूब ११ लाख ५२ हज़ार रुपये के विदेशों से भारत में आये।

कागज़ विदेशों से सन् १६३४-३५

में २ करोड़ ७२ लाख रुपये का, सन् १९३५-३६ में २ करोड़ ९९ लाख का, और स० १९३६–३७ में २ करोड़ ८१ लाख रुपये का आया। उसमें पैकिंग काग़ज़ ४८ लाख रुपये का ११३६–३७ में आया।

काग़ज़
२ करोड़ २१ लाख रुपया

अख़बारी काग़ज़ १९३४–३५ में ३१ लाख १० हज़ार रुपया का आया। आगे साल के आंकड़े अप्राप्य हैं।

कुल छपाई का काग़ज़ सन् १९३६-३७ में ८७ लाख रुपये का भारत में आया। सन् १९३५-३६ में ९६ लाख रुपये का आया था।

उपरोक्त छपाई के काग़ज़ (१९३६–३७) में जर्मनी से ३८ लाख रुपये का, नारवे से १७ लाख रुपये का, आस्ट्रेलिया से ३ लाख रुपये का और स्वीडन से २ लाख ७७ हज़ार रुपये का आया।

तम्बाकू की आयात सन् १९३४–३५ में ६१ लाख ८२ हज़ार रुपये की, सन् १९३५-३६ में ६१ लाख ५६ हज़ार रुपये की, सन् १९३६–३७ में ८० लाख ८२ हज़ार रूपये की थी जिसमें बिना बनी हुई ४४ लाख ७६ हज़ार रूपयों की थी और सिगार ६१,३३८ रूपये के, सिगरेट (इङ्गलैंड के) ३० लाख १५ हज़ार ५१० रूपये के, सिगरेट (अन्य देशों के) १,४४,७७१ रूपये के, पाइप और सिगरेटों की तम्बाकू २,३५,८७३ रूपये की, और अन्य तम्बाकू १,४८,५२२ रूपये की विदेशों से आयी।

तम्बाकू
८० लाख ८२ हज़ार रुपया

जवाहिरात सन् १९३६–३७ में ९७,६१,३८९ रूपये के भारत में आये जिसमें सब से अधिक मूल्य के अर्थात् ७४,८४,९३१ रूपये के बेलजियम से आये और प्रत्येक वर्ष भी ऐसा ही होता है। सन् १९३४–३५ में ३३ लाख ८२ हज़ार रूपये के और सन् १९३५-३६ में २९ लाख ६४ हज़ार रूपये के जवाहिरात बेलजियम से आये इंगलैंड, फ्रान्स और नेदरलैंड से लगभग ५ लाख रूपये के ही आये।

जवाहिरात
६७ लाख ७१ हज़ार रुपया

धातु का सामान जिसमें खेती के औज़ार, मेमारों के औज़ार, घरेलू समान, लैम्प, हैंड पम्प, तिजोरियाँ, स्टोव आदि शामिल हैं। भारत में सन् १९३४–३५ में ३ करोड़ ५ लाख

रूपये, का सन् १६३५–३६ में ३ करोड़ २६ लाख रूपये का और सन् १६३६–३७ में २ करोड़ ८६ लाख रूपये का आया।

इङ्गलैंड से ६८ लाख ६२ हज़ार रूपये का, जर्मनी से ६३ लाख ७१ हज़ार रूपये का और जापान से ३४ लाख १४ हज़ार रूपये का, यू० एस० अम्रीका से २५ लाख ७३ हज़ार रू१ये का और स्वीडन से १५ लाख ४२ हज़ार रूपये का उपरोक्त सामान १६३६–३७ में आया।

खनिज तेल भी भारत में बहुत आता है। सन् १६३६–३७ में ५ करोड़ ८२ लाख ७५ हज़ार रूपये का खनिज तेल आया जिसमें केरोसीन तेल रूस (U. S. S. R.) से १ करोड़ १७ लाख ५५ हज़ार, सुमातरा से ५३ लाख २० हज़ार का, और ईरान से १६ लाख २३ हज़ार का आया। कुल केरोसीन तेल २ करोड़ १० लाख रूपये का आया।

लुब्रीकेटिंग तेल (औंगन) १ करोड़ का आया जिसमें यू० एस० अम्रीका से ७० लाख ४० हज़ार रूपये का था।

पेट्रोलियम (ख़तरे का) ३५ लाख ४३ हज़ार रूपये का आया।

रसायन जिसमें खाद और दवायें शामिल नहीं हैं २ करोड़ ७२ लाख रूपये की सन् १६३६–३७ में विदेशों से आई।

रसायन
२ करोड़ ७२ लाख
रुपया

दवायें विदेशों से २ करोड़ ६ लाख रु० की सन १६३६-३७ में आई। और दवाओं की आयात का वार्षिक औसत भी यही है। इनमें कपूर २१ लाख २४ हजार रुपये का, कोकेन २१,१८८ रु० की, काड-लिवर आयल ८५७०४, और अफ़ीम की औषधियां १,६२,४२३ रुपये की, भारत में आईं। ६७ लाख ६५ हज़ार रुपये की पेटेण्ट दवायें जर्मनी (१८ लाख) इंग्लैंड (२६ लाख), यू० एस० अम्रीका (१२ लाख) और अन्य देशों से (६ लाख) आती हैं। कुइनाइन साल्ट २३ लाख १३ हजार रुपये का आता है।

दवायें
२ करोड़ ३६ लाख
रुपया

सन १६३६-३७ में साबुन २६ लाख ८५ हज़ार रुपये का, स्टेशनरी ७५ लाख रुपये की, चाय ५६ लाख रुपये की, छाते १६·४० लाख रुपये के, खाद ८० लाख रुपये की,

दियासलाई ४८,४७२ रुपये की, शराब १ करोड़ ६१ लाख रुपये की, ज़ेवरात व चांदी सोने का सामान १६ लाख १५ हज़ार रुपये का आया।

वैज्ञानिक शस्त्रादि ५ करोड़ १९ लाख रुपये के विदेशों से आये। लगभग यही औसत हर वर्ष रहता है। सन १९३६-३७ में बिजली के पंखे व उन का सामान ३५ लाख १५ हज़ार रूपये का, केवल बिजली के तार २२ लाख रूपये के, बिजली के लैम्प व सामान २५ लाख ४४ हज़ार रूपये का, X Ray (एक्स रे) का सामान २ लाख ६३ हज़ार रूपये का, फोटोग्राफिक (सिनेमा टाकी आदि) का सामान ८३ लाख ९२ हज़ार रूपये का विदेशों से भारत को आया।

वैज्ञानिक शस्त्र
५ करोड़ १९ लाख
रुपया

वैज्ञानिक सामान १४ लाख रूपये का और सरजिकल १३ लाख ७८ हज़ार रूपये का आया।

शकर की आयात में अब बड़ा अन्तर पड़ गया है। सन १९३४-३५ में २ करोड़ १० लाख रूपये की आयात थी वह घट कर सन् १९३५–३६ में १ करोड़ ९० लाख रुपये की हुई और स० १९३६–३७ में केवल २३ लाख ९१ हज़ार रूपये की आयात हुई।

शकर
२३ लाख ९१ हज़ार
रूपया

स० १९३७ के ९ मास (अप्रैल से दिसंबर) में शकर की आयात केवल १६ लाख ८७ हज़ार रूपये की हुई है जब कि स० १९३६ के इन्हीं मासों में आयात [illegible]० लाख रूपये की थी।

आयात की कुल मात्रा।

१९३५-३६	रू० १,३४,४२,३२,३८५
१९३६-३७	रू० १,२५,२४,०१,००६
१९३७ (अप्रेल से दिसंबर)	रू० १,२९,६९,२९,३५१

भारत के माल की निर्यात।

सहस्र रूपयों में] [००० बढ़ाकर पढ़िये

पदार्थ	१९३३–३४	१९३४–३५	१९३५–३६	कुल आयात में प्रतिशत औसत
रुई	२७,६१,४७	३५,४४,८७	३४,४७,०३	२१·४७
सूती कपड़े	२,७२,६३	२,६४,८०	२,९२,७२	१·८२
जूट	१०,९३,२७	१०,८७,११	१३,७०,७६	८·५४
जूट की वस्तुयें	२१,३७,४९	२१,४६,८३	२३,४८,९५	१४·६३
चाय	१९,८४,५०	२०,१३,१९	१९,८२,२३	१२·३५
नाज, दालें और आटा	११,७४,७९	११,८४,४०	१२,४०,८७	७·७३
बीज	१३,६६,१५	१०,५४,१०	१०,३६,०५	६·४३
धातुयें	५,४८,७०	५,९१,२७	७,७३,३५	४·८२
चमड़ा	५,८२,९८	५,४७,८८	६,६२,८९	३·५१
कच्चा चमड़ा और खालें	४,२५,३३	३,१३,०७	४,१३,१०	२·५७
ऊनी कपड़े तथा धागा	२,७२,४८	२,१९,२७	२,९२,५६	१·८२
पैराफ़िन मोम	२,२८,९१	१,९१,९३	२,२७,८७	१·४२
खली	१,६४,७२	१,९६,९९	१,८१,७०	१·१३
फल तरकारी	९९,०६	१,०७,७८	१,६४,६६	१·०३
लाख	२,४६,४४	३,२९,९६	१,५८,३६	०·९९
लकड़ी	८४,२४	१,१०,२७	१,३४,५७	०·८४
कहवा	१,०२,४५	७२,७१	१,०२,२०	०·६४
तमाखू	९३,८०	८१,९०	९२,४३	०·५८
कच्ची रबड़	३१,१८	६५,८९	८८,७१	०·५५
कोयर (Coir)	७६,९६	७९,८६	८७,७१	०·५५
अभ्रक	४४,७४	६९,०७	८३,४९	०·५२
चारा दाना इत्यादि	४६,६४	७७,३०	७३,४३	०·४६
रंगने के पदार्थ	७८,६९	७१,६१	७०,३५	०·४४
तेल	५७,२४	५५,३६	६३,६५	०·४०
सन् (कच्चा)	३६,०९	३९,०३	६०,३४	०·३८

भारत के माल की निर्यात (चालू)

सहस्र रुपयों में] [००० बढ़ाकर पढ़िये

पदार्थ	१९३३–३४	१९३४–३५	१९३५–३६	कुल आयात में प्रतिशत औसत
मसाले	७२,२०	७७,३४	५४,९८	०·३४
मछली	४४,८७	४५,५५	४५,६०	०·२८
खाद	२५,४५	३१,८४	३८,२३	०·२४
हड्डियाँ	२४,३८	३१,९६	३२,१९	०·२०
खाने का सामान	२८,१२	२७,८७	२७,१३	०·१७
दवाइयां	२३,८१	२५,९५	२५,४४	०·१६
सुअर के बाल	१७,४७	२३,४१	२२,७८	०·१४
ब्रश और झाड़ू के लिये मूंज इत्यादि	२२,०२	१९,१५	२१,९३	०·१४
कोयला और कोक	३७,३५	२९,५२	१७,३३	०·११
साल्टपीटर	१५,२६	१३,७८	१३,२०	०·०८
पोशाक	११,१४	११,३३	१२,८१	०·०८
इमारती सामान	९,८४	९,७५	१०,४५	०·०७
जिंदा जानवर	९,८६	१२,२४	९,२६	०·०६
रस्सा इत्यादि	६,५५	७,३६	६,८५	०·०४
रेशमी कपड़े और धागे	३,२९	४,६०	६,५०	०·०४
मोमबत्ती	५,३३	५,००	५,८१	०·०३
सींग इत्यादि	३,२२	२,४७	२,८२	०·०२
शकर	२,३८	२,४३	२,३९	०·०१
टैलो स्टेरायन और मोम	१,९८	१,१९	८०	....
अफ़ीम	७२,६५	९,८१	१	....
अन्य	२,४७,०५	२,६२,२७	२,४९,१०	२·१७
कुल	१,४७,२५,०७	१,५१,६६,९७	१,६०,५२,१९	१००

निर्यात के मुख्य पदार्थ

(१९३६-३७) कुल निर्यात रु० १,९६,१२,९९,७८६

निर्यात की वस्तुओं में रूई को उच्च-तम स्थान प्राप्त है। स० १९३६-३७ में विभिन्न देशों को ४४,४१,०३,५५८ रूपये की भेजी गयी, स० १९३४-३५ में ३४.९ करोड़ रुपये की और सन १९३५-३६ में ३३.७ करोड़ रूपये की भेजी गयी। इसी प्रकार रद्दी रूई भी ७६ लाख ३९ हज़ार रूपये की भेजी गयी।

रुई
४४ करोड़ ४१ लाख
रुपया

जगत के सभी देश भारत की रूई लेते हैं।

रुई की निर्यात (लाख रुपयों में)

इंग्लैंड	६,३१
पोलैंड	५०
जर्मनी	२,१९
नेदरलैंडस्	५०
बेलजियम	३,२०
फ्रांस	१,५७
स्पेन	२५
पुर्तगाल	८
इटली	१,७०
बलगेरिया	१०
ग्रीस	८
लंका	५
फ्रेंच इंडो-चीन	२७

रुई की निर्यात (लाख रुपयों में)

चीन	७२
जापान	२५,४१
यू० एस० अमरीका	८७
अन्य देश	२४
मिश्र	२२

रूई का धागा व सूत स० १९३६-३७ में विदेशों को ५८ लाख ६१ हज़ार रुपये का गया। यह माल अधिकतर एशियायी देशों में ही जाता है। इसमें सीरिया को १८ लाख रूपये का गया। शालें तथा रूमाल के निर्यात का मूल्य ४४ लाख ७८ हज़ार रूपये का सन १९३६-३७में था जिसमें २४ लाख ८६ हज़ार रूपये का माल नाइगेरिया को गया और १५ लाख ५६ हज़ार रूपये का माल इंग्लैंड को गया।

रुई का माल
२ करोड़ ७८ लाख
रुपया

रूई के कपड़े की निर्यात का मूल्य स० १९३६-३७ में २ करोड़ १२ लाख रूपया था। स० १९३४-३५ में १ करोड़ ६१ लाख रूपया और सन १९३५-३६ में १ करोड़ ८१ लाख रूपया था। यह माल अधिकतर साइप्रस, अदन, अरब, स्ट्रेटस सेटेल-मेंट, मारीशस, पोर्टुगीज़ ईस्ट अफ्रीका,

केन्या, टैङ्गनिका आदि प्रदेशों को जाता है। इनमें से लंका द्वीप ने ८८.६ लाख रूपये का, स्ट्रेटस सेटेलमेंट ने ४३.६ लाख रूपये का, और ईरान ने १८ लाख रूपये का माल लिया।

जूट (कच्चे) की निर्यात की मात्रा स० १९३४-३५ में १० करोड़ ८७ लाख रूपये की, स० १९३५-३६ में १३ करोड़ ७० लाख रूपये की, और स० १९३६–३७ में १४ करोड़ ७७ लाख रुपये की थी।

जूट (कचा)
१४ करोड़ ७७ लाख
रुपया

यह माल जगत के सभी देश लेते हैं। जर्मनी ने १.५० करोड़ रूपये का, फ्रांस ने १.५७ करोड़ रूपये का, इटली ने १.३९ करोड़ रूपये का, यू० एस० अमरीका ने १.५९ करोड़ रुपये का, वेलजियम ने ८३ लाख रूपये का, जापान ने ५५ लाख रूपये का, और ब्रेज़िल ने ४२ लाख रुपये का माल स० १९३६-३७ में लिया।

चाय की निर्यात का मूल्य प्रति वर्ष २० करोड़ रूपया है। स० १९३६-३७ में २०.०३ करोड़ की चाय विदेशों को गई जिसमें केवल इंगलैण्ड को १७ करोड़ रुपये की गयी और ईरान को ९२ लाख रूपये की, केनाडा को ७५ लाख रूपये की, और यू० एस० अमरीका को ४३ लाख रुपये की गयी।

चाय
२० करोड़ ३६ लाख
रुपया

चावल की निर्यात प्रति वर्ष ११ करोड़ की होती है। सन १९३६-३७ में निर्यात ११ करोड़ ६३ लाख रूपया थी। इसमें ४ लाख ५० हज़ार रूपये का धान और ५ करोड़ ८१ लाख रूपये का उबला चावल और ५ करोड़ ५९ लाख का सादा चावल विदेशों को भेजा गया।

चावल
११ करोड़ ६३ लाख
रुपया

लंका को ३ करोड़ ५१ लाख रूपये का, स्ट्रेटस सेटेलमेंट को १ करोड़ १९ लाख रूपये का और इंग्लैंड को ४१ लाख ८२ हज़ार रूपये का भेजा गया। प्रायः सभी देश थोड़ा बहुत चावल भारत से लेते हैं।

चमड़ा व खाल का भी व्यापार भारत का विदेशों के साथ काफी है। प्रायः सभी मुख्य देशों को कच्चा और पक्का चमड़ा जाता है।

चमड़ा
१ करोड़ ४१ लाख
रुपया

चमड़े की निर्यात की मात्रा।

मूल्य लाख रूपयों में]		भैंस	गाय	बकरी
१९३४-३५	संख्या (खालें)	३,७७,४३४	४६,६७,००८	१,९४,९४,८१०
	वज़न टन	२,८३८	१६,२७१	१३,८७३
	मूल्य रू०	११.६१	९५.५९	१.८०
१९३५-३६	संख्या (खालें)	३,७१,७२५	४४,८५,०१२	२,८३,८८,३०७
	वज़न टन	२,६९३	१६,४६२	२०,१०८
	मूल्य रू०	१०.६४	९८.१२	२.७८
१९३६-३७	संख्या (खालें)	६,५३,१५६	४२,३४,५७८	२,५१,६८,१८०
	वज़न टन	४,४८०	१९,४ ७	१७,९८५
	मूल्य रू०	२१.५७	१०९.४१	२.७८

		भेड़	अन्य
१९३४-३५	संख्या (खालें)	२०,८७,८१६	६,६८,७८९
	वज़न टन	१,१७६	११०
	मूल्य रू०	१५.७१	६.०४
१९३५-३६	संख्या (खालें)	१७,१२,३७८	६,६३,६८३
	वज़न टन	९३३	४
	मूल्य रू०	१४.३१	५.२७
१९३६-३७	संख्या (खालें)	११,५२,८८४	९,०१,८४५
	वज़न टन	६०३	२४५
	मूल्य रू०	१४.५९	८.९३

तिलहन की निर्यात की मात्रा सन १९३६-३७ में १८,४६,९२,९०९ रूपये थी। इस में लगभग ६ लाख रूपये के अन्य बीज भी शामिल हैं। अंडी ६२ लाख रूपये की, मूंगफली १२ करोड़ २८ लाख रूपये की, अलसी ४ करोड़ ३६ लाख रुपये की, सरसों ४ लाख ७८ हज़ार रूपये की, राई ५३ लाख रूपये की, और तिल २७ लाख रूपये के विदेशों को भेजे गये।

तिलहन
१८ करोड़ ४६ लाख
रुपया

तम्बाकू (बनी व ग़ैर बनी) की

तम्बाकू
९२ लाख ५१ हज़ार
रुपया

निर्यात १९३६-३७ में ९२ लाख ५१ हज़ार की थी। इसमें केवल४लाख ७५ हज़ार रू० के सिगार व सिगरट आदि थे।

ऊन
३ करोड़ ७३ लाख
रुपया

ऊन तथा ऊनी माल विदेशों को सन १९३६-३७ में ३ करोड़ ७३ लाख रू० का भेजा गया। सन १९३४--३५ में २·१९ करोड़ रू० का और स० १९३५-३६ में २·९२ करोड़ रूपये का माल भेजा गया।

कच्चा ऊन केवल इंग्लैंड को २ करोड़ रू० का और यू० एस० अफ्रीका को ६४ लाख रूपये का भेजा गया। इसी प्रकार ८५ लाख रुपये के ऊनी माल की निर्यात में से ६५ लाख रु० का इंग्लैंड को और ११ लाख रू० का यू० एस० अफ्रीका को भेजा गया।

धातु
८ करोड़ १ लाख
रुपया

धातु (कच्ची) और धातु पक्की विदेशों को प्रति वर्ष ८ करोड़ रुपये के जाते हैं। सन १९३६-३७ में ८ करोड़ १ लाख रूपये की धातु भेजी गई। इसमें पीतल, कांसा, आदि ५ लाख ७१ हज़ार रूपये का तांबा २५ लाख रूपये का, सीसा २ करोड़ ४० लाख रूपये का (केवल इङ्गलैंड को १ करोड़ ४८ लाख रूपये का गया), मैंगनीज़ और १ करोड़ ३१ लाख रुपये का और जस्ता ३९ लाख २७ हज़ार रूपये का भेजा गया।

अभ्रक
९४ लाख ५ हज़ार
रुपया

अभ्रक सन् १९३६-३७ में ९४ लाख ५ हज़ार रूपये का भेजा गया। इस के पहिले साल निर्यात ८३ लाख ४८ हज़ार की थी।

वनास्पति तेल
६९ लाख ९६ हज़ार
रुपया

वनस्पति तेल की निर्यात सन् १९३६-३७ में ६९ लाख ९६ हज़ार रूपये की थी। इसके पिछले साल ६३ लाख ६४ हज़ार रूपये की थी।

खली
२ करोड़ २६ लाख
रुपया

खली की निर्यात का मूल्य २ करोड़ २६ लाख ९३ हज़ार रुपया सन् १९३६-३७ में था।

अन्य वस्तुओं की निर्यात (१६३६-३७)

वस्तु	मूल्य पौंड		
लाख	२,३४,२१,२६८	कोयर	७०,६६,३६८
पैराफिन वैक्स	१,६५,६६,०१०	जानवरों के लिये अनाज	६५,७४,२१४
फल तरकारी	१,६६,८८,५४८	सन	६६,३२,७४२
सागौन लकड़ी	१,४५,६६,०२६	मसाला	५५,४१,३०२
काफ़ी	७,८२,६६,७७७	मछली	४४,६५,७८४
कच्ची रबड़	१,०४,०३,२०२	हड्डी	१५,८२,६४१

भारत से कुल निर्यात।

१६३४-३५	रु०	१,५१,६६,६७,०००
१६३५-३६	रु०	१,६०,५२,१६,०००
१६३६-३७	रु०	१,६६,१२,६६,७८६

भारत के बन्दरगाह

ऐतहासिक तथा राजनैतिक कारणों से वर्तमान बन्दरगाहों का निर्माण हुआ है। अभी तक राष्ट्रीय दृष्टि से अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की सुविधा के अनुसार यह जांच नहीं की गई है कि कौन कौन से स्थान बन्दरगाहों के लिये उचित होंगे। समुद्रतट की लम्बाई ३६०० मील है जिस पर मुख्य बन्दरगाह ये हैं— करांची, बेडी, ओखा, पोरबन्दर, भावनगर, मोरमुगांव, बम्बई, मंगलोर, टेलीचेरी माही, कालीकट, कोचिन, अलेप्पी, कुइलोन, तूतीकोरिन, धनुषकोडी, नागापट्टम, कारीकल, कुड्डालोर, पान्डुचेरी, मद्रास, मसुलपटम, कोकानाडा, विज़गापटम, बिम्लीपटम, गोपालपुर, बालासोर, चांदबली, कटक, पुरी, कलकत्ता, और चिटगांव।

ब्रह्मदेश के मुख्य बन्दरगाह ये हैं—अकयाब, बसीन, रंगून, मौलमीन, टेवाय, मेरगुइ।

पोर्ट ट्रस्ट।

बड़े बन्दरगाहों के प्रबन्ध के लिये अर्थात् कलकत्ता, बम्बई, रंगून, करांची, मद्रास और चिटगांव के प्रबन्ध के लिये स्थानीय पोर्ट ट्रस्ट स्थापित किये गये हैं जिनको काफ़ी आमदनी होती है और बन्दरगाहों की उन्नति तथा व्यापारिक सुविधा का सुप्रबन्ध करना उनका कर्तव्य है।

कुल पोर्ट ट्रस्टों का वार्षिक आय-व्यय ।

सन्	आय रु०	व्यय रु०
१६३१–३२	७,१६,८१,०५६	७,६३,८७,२२०
१६३२–३३	५,६३,७०,०६१	६,६१,७८,७२५
१६३३–३४	७,२८,५६८	७,३७,१३,७१७

आय व्यय १६३४–३५

नाम	आय पौंड	व्यय पौंड
कलकत्ता	२२,६६,४८६	२३,३८,४०६
बम्बई	१८,७६,०८५	१८,५०,७००
मद्रास	२,५४,५४७	२,२७,३८०
करांची	५,२२,००१	४,६६,७३२
चिटगांव	७७,८८७	—
रंगून	५,६५,१२३	५,०५,०३६

मुख्य बन्दरगाहों की आयात निर्यात ।
(१६३४–३५)

नाम	आयात पौंड	निर्यात पौंड
करांची (१६३४–३५)	१,८७,८३,०५४	१,८३,०६,६४६
बेडी (१६३३–३४)	४,४७,०००	३,३५,२५०
ओखा ,,	३,६६,६००	१,६६,७२५
भावनगर ,,	१७,२४,६२५	८,१६,१५०
मोरमुगाव	४,६६,८६०	५५,७१६
बम्बई (१६३४–३५)	५,६३,६२,४५८	८,५२,३६,७१६
तूतीकोरिन(१६३३-३४)	८,१४,५५५	१६,८७,२४३
मद्रास (१६३४–३५)	१,३४,६८,५६६	८५,७६,४०६
कलकत्ता ,,	२,६८,३३,८२६	४,३१,४६,४४३
रंगून ,,	१,५५,४४,१६१	३,२१,८२,६६३

कलकत्ता ।

कलकत्ता शहर हुगली नदी के किनारे स्थित है और भारत का सबसे बड़ा नगर है। आबादी १४,८५,५८२ है। कलकत्ता बन्दरगाह से जूट, चाय, कोयला, गेहूं, तिलहन आदि विदेशों को भेजे जाते हैं। १६१३—१४ में

कलकत्ते के कुल रेलवे व्यापार की मात्रा १,०३,८६,००० टन थी जिसमें ८६,०५,००० टन माल कलकत्ते में आया और १७,८४,००० टन माल कलकत्ते से गया। स्टीमर और नावों से ११,२६,००० टन माल कलकत्ते को देश ही से आया। स० १६३३—३४ में रेलों तथा नदियों द्वारा ७१,३६,६०० टन माल कलकत्ते में आया और १२,१२,५०० टन माल देश में गया। सन् १६३४-३५ में ६६,१६,७०० टन कलकत्ते में रेल तथा नदियों द्वारा आया और १६,१६,६०० माल देश में गया।

मुख्य वस्तुओं की आयात निर्यात
(१९३४—३५)

आयात		निर्यात	
वस्तु	पौंड	वस्तु	पौंड
रुई के कपड़े	६०,३०,६६२	जूट का सामान	१,८६,८६,७२०
धातु आदि	३१,४६,४४७	जूट कच्चा	७७,०६,८२१
तेल	३,३६,२८६	चाय	६०,४३,३८६
मशीनरी	३३,०६,५६२	कच्ची रुई	२,२५,७०५
औज़ार	१२,८५,५५३	चावल	७,८६,७२०
रसायन	८,६८,७११	दाल	२,६३,१५६
धातु के पदार्थ	७,५८,१११	चमड़ा	१५,७७,१५०
खाद्य पदार्थ	६,५४,६४३	लाख	२४,५०,१२८
काग़ज़ आदि	६,२५,८६२	खाद	१,३८,०८०
मोटर गाड़ियां	५,७२,८४०	कोयला	१३,५५,६७१
ऊन का माल	५,५५,८४४	तिलहन	६,६७,६८८
शराब	५,०४,५०४	लोहा (pig)	६,६४,६८१
चावल	२७,०५,८४३	मेंगनीज़	२,६७,६३५
		अभ्रक	४,५६,०२७
कुल आयात	२,६८,३३,८२६	कुल निर्यात	४,३१,४६,४४३

बम्बई।

बम्बई बन्दरगाह द्वारा देश से मुख्यतः रुई, कोयला, चमड़ा, अनाज तिलहन, मेंगनीज़ (कच्चा) विदेशों को भेजे जाते हैं। और विदेशों से सोना, चाँदी, रुई का कपड़ा, धातु का मामान, धातुयें, मशीनरी, केरोसीन तेल, शक्कर और लकड़ी मुख्यतः आती हैं।

कलकत्ते के सदृश बम्बई के लिये नदियां नहीं हैं जो देश में से माल लावें, किन्तु बम्बई प्राकृतिक बन्दरगाह है और वर्ष भर एकसा सुरक्षित रहता है।

हज्ज को लाखों यात्री यहीं से जाते हैं। परशियन बन्दरगाहों से काफ़ी समुद्री व्यापार इस बन्दरगाह द्वारा होता है। करांची, काठियावाड़, मलाबार तट और गोआ से समुद्री व्यापार काफ़ी होता है।

स० १९१३–१४ में १५३६ जहाज़ों द्वारा ३=,३७,१११ टन माल बम्बई में उतरा और स० १९३४—३५ में १२८२ जहाज़ों द्वारा ५६,६०,५५५ टन माल उतरा।

मुख्य वस्तुओं की आयात निर्यात
(१९३४—३५)

वस्तु	आयात	वस्तु	आयात
ईंट, चीनी का सामान आदि	टन २,११,०००	लोहा	टन ८०,०००
कोयला	,, १,७७,०००	मशनरी (रेलवे आदि की)	,, ८१,०००
रुई	गट्ठे ७,४१,०००	जलाने का तेल	गैलन ४,६८,००,०००
जलाऊ लकड़ी	टन ३४,०००	केरोसीन तेल	,, ४,६३,७६,०००
अनाज	,, ४,०६,०००	कपड़ा पेकेट व गट्ठे	३,२६,०००
धातु का सामान पैकेट	टन २२,०८०	शकर	टन ८३,०००
,,	,, २०,०००	लकड़ी	,, ७७०००
		सूत आदि गट्ठे	१,०१,०००

वस्तु	निर्यात	वस्तु	निर्यात
रुई	गट्ठे १९,२४,०००	मायरोबलन	टन ३१,०००
अनाज	टन १,६७,०००	केरोसीन तेल	गैलन ६,३३,०००
मूंगफली	,, ८०,०००	कपड़ा गट्ठे व पैकेट	३,६४,०००
चमड़ा	,, २,०००	तिलहन	टन २,५४,०००
लोहा	,, ३५,०००	शकर	,, १४,०००
मैंगनीज़ओर	,, ५४,०००	सूत	गट्ठे १,०५,०००

करांची।

करांची बहुत काल से विदेशी व्यापार का द्वार रहा है। उत्तरी पश्चिमी भारत, बिलोचिस्तान और अफगानिस्तान के व्यापारी विनिमय

का केन्द्र पहिले था ही, अब आधुनिक काल में यह बन्दरगाह बड़ा ही उन्नत अवस्था को प्राप्त कर गया है।

मुख्य निर्यात की वस्तुयें गेहूं, रुई, जौ, चावल, चना, तिलहन, ऊन, चमड़ा और हड्डी हैं और मुख्य आयात की वस्तुयें रुई व ऊन का कपड़ा, शकर, मशीनरी, लोहा, व स्टील, खनिज तैल, और कोयला हैं।

इस बन्दरगाह को तृतीय स्थान प्राप्त है। सन् १६२६ में भारत और विदेशों के बीच हवाई डाक चलना आरंभ हुई उस समय से तो इस बन्दरगाह को अधिक महत्व प्राप्त हो गया है। हवाई बन्दरगाहों में करांची प्रथम श्रेणी में है।

हवाई जहाज़ों का "नियमित आवागमन" (Services) भारत और विदेशों के बीच स्थापित हो गया है। यह तीन प्रकार का है (१) इम्पीरियल एयरवेज़ लिमिटेड (Imperial Airways Ltd.) (ब्रिटिश), (२) एयर फ्रान्स (फ्रेंच), (३) K. L. M. (के. एल. एम.) (डच)।

इम्पीरियल एयरवेज़ लिमिटेड का "नियमित आवागमन" क्रायडन और करांची के बीच सप्ताह में दो वार होता है। इण्डियन ट्रान्स-कन्टीनेन्टल एयरवेज़ के सहयोग से इम्पीरियल एयरवेज़ ने "आवागमन" कलकत्ता सिंगापुर और रंगून तक स्थापित कर दिया है।

एयर फ्रान्स (Air France) का "आवागमन" (Service) फ़्रान्स और फ्रेंच कोचिन और चीन के बीच मारसेलीज़ और सैगोन बन्दरगाहों द्वारा होता है।

के० एल० एम० (K. L. M.) हवाई जहाज़ हालैंड और जावा के बीच एमस्टर्डम और बटेविया द्वारा "आवागमन" रखते हैं।

करांची और मद्रास के बीच टाटाज़ लिमिटेड के हवाई जहाज़ और करांची व लाहौर के बीच इण्डियन नैशनल एयरवेज़ लिमिटेड के हवाई जहाज़ सप्ताह में दो वार चलते हैं।

सन् १६३४-३५ में करांची बन्दरगाह में ३७१३ समुद्री जहाज़ २५,६०,७१५ टन माल लेकर आये और उसके पहिले साल में ३११ समुद्री जहाज़ २३,७८,४०३ टन माल लेकर आये।

कराँची बन्दरगाह में
आयात निर्यात का मूल्य

सन्	आयात पौं०	निर्यात पौं०
१९३१–३२	३,२१,५४,३२०	१,४७,०३,६५४
१९३२–३३	१,९९,७५,०६२	१,३५,२४,४८७
१९३३–३४	१,६६,३४,४४२	१,५१,५५,७३०
१९३४–३५	१,८७,८३,०५४	१,८३,०९,९४६

भारत के बैंक।

योरोपियन बैङ्कों के सदृश भारत में "ज्वाइन्ट स्टाक बैङ्क" अर्थात् कम्पनियों द्वारा संचालित बैङ्क नहीं थे। बड़े और छोटे महाजन ही हर श्रेणी के मनुष्यों का काम किया करते थे। व्यापार के लिये विश्वसनीय महाजनों की हुण्डियां भी चलती थीं और वे अब भी चलती हैं किन्तु कम प्रमाण पर। कम्पनी द्वारा संचालित पहिला बैंक भारत में लगभग १०० वर्ष पहिले स्थापित हुआ। इस समय भारत में लगभग १३६ बैंक हैं जिनकी १६७४ शाखायें भारत में हैं।

भारत के कृषिकों तथा ज़मींदारों और शहरों के अधिकांश छोटे बड़े व्यापारियों का कार्य अभी तक महाजनों द्वारा ही होता है। किसानों के पास और अधिकांश ज़मींदारों के पास इतना रुपया ही नहीं बचता कि वे बैंकों में जमा कर सकें। महाजनों के पास रुपया जमा करना किसान जानते ही नहीं केवल उधार लेने का काम वे महाजन से लेते हैं। "ज्वाइन्ट स्टाक बैंक" इस आधार पर अर्थात् केवल उधार देने के आधार पर नहीं चल सकते। किसानों की ग़रीबी ही इसका कारण है। इस विवेचन से यह भी स्पष्ट है कि भारतीय बैंकों का रुपया खेती में बिलकुल नहीं लगा हुआ है। बैंकों का रुपया व्यापार ही में लगा हुआ है।

व्यापारी बैंकों के अतिरिक्त (१) ऐक्सचेन्ज बैंक और (२) कोआपरेटिव बैंक भी हैं।

ऐक्सचेन्ज बैंकों का मुख्य काम अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार है। उनके हेड आफिस (मुख्य स्थान) विदेशों में हैं। भारत और विदेशों के बीच जो व्यापार होता है उसमें हुण्डियों (Cheques) का विनियम (Exchange) कार्य इन बैंकों का मुख्य कार्य है। विदेशों से माल की बिल्टियां, भेजना तथा उनका चुकावरा आदि कार्य सब इन्ही बैंकों

द्वारा होता है।

कोआपरेटिव बैंकों का कार्य किसानों को तथा शहरों में ख़ास प्रकार के कर्मचारियों को रुपया क़र्ज़ देना तथा उन्हें रुपया बचाने की आदत सिखाना है। कोआपरेटिव सोसायटीज़ ऐक्ट १९१२ द्वारा इन बैंकों को और इनके सदस्यों को अनेक सुविधायें दी गई हैं।

इम्पीरियल बैंक आफ इंडिया।

सन् १९२० तक बंगाल, मद्रास और बम्बई में एक एक प्रेसीडेन्सी बैंक था। सन् १९२१ में तीनों का एकीकरण होकर एक मुख्य बैंक बनाया गया जिसका नाम "इम्पीरियल बैंक" रक्खा गया। तीनों बैंकों की पूंजी ३ करोड़ ७५ लाख रु० थी उसे बढ़ाकर ११ करोड़ २५ लाख रु० कर दी गई। बोर्ड आफ डायरेक्टर्स के हाथों प्रबन्ध है और एक भाग का मूल्य ५०० रुपया है। सरकारी ख़ज़ाने सब इसके हाथ में दे दिये गये हैं। कलकत्ता बम्बई और मद्रास में स्थानीय बोर्ड प्रबन्ध के लिये हैं। गवर्नर जनरल को विशेष कार्यों में आदेश देन का अधिकार है। मैंनेजिंग डायरेक्टर (Sir William Lamond) सर विलियम लैमंड हैं। कार्य का ब्योरा नीचे दिया जाता है।

आर्थिक विवरण।

(लाख रुपयों में)

सन्	पूंजी	रिज़र्व	गवरमेंट डिपाज़िट	प्राइवेट डिपाज़िट
१९३०	५,६२	५,२७	१३,९१	७०,०३
१९३१	,,	५,३७	१५,९६	६६,१५
१९३२	,,	५,४२	१९,०८	६१,४६
१९३३	,,	५,२०	५,८२	७४,२३
१९३४	,,	५,२७	७,९१	७४,८३

ऐक्सचेन्ज बैंक।

ऐक्सचेंज बैंकों का कार्य योरोपियन कम्पनियों के हाथ में है और विदेशी व्यापार ही उनका मुख्य कार्य है। उनके कार्य का संक्षिप्त ब्योरा अगले पृष्ट पर दिया गया है।

आर्थिक विवरण।

हज़ार पौंडों में] [००० बढ़ाकर पढ़िये

सन्	संख्या	पूंजी व रिज़र्व	डिपाज़िट (भारत में)	कैश बैलेन्स (भारत में)
१६३०	१८	१६,३६,१६	५,१०,८६	५७,८२
१६३१	१७	१८,५६,६४	५,०६,०४	६६,०५
१६३२	१८	१७,३८,४६	५,४७,६६	७२,००
१६३३	१८	१४,३०,८०	५,३०,८८	५०,४०
१६३४	१७	१४,१६,१८	५,३५,००	५७,६२

ज्वाइन्ट स्टाक बैंक।

सन् १६३४-३५ में १०५ बैंक थे और उनकी शाखायें लगभग ८२८ थीं। आरम्भ में भारत के बैङ्क योरोपियन लोगों के हाथों में थे और उनमें उन्हीं की पूंजी लगी हुई थी किन्तु इन २५ वर्षों के भीतर स्वदेशी आन्दोलन के कारण अनेक देशी बैंक भी खुल गये हैं। सन् १६०५ में केवल ६ देशी बैंक थे जिनमें १२ करोड़ रुपया जमा था। अब देशी बैङ्कों की संख्या २७ है जिनमें ६० करोड़ के ऊपर रुपया जमा है।

भारत के बैङ्कों के कार्य का व्योरा कुछ वर्षों का नीचे दिया जाता है—

प्रथम श्रेणी के बैंक (पूंजी ५ लाख से ऊपर)
(लाख रुपयों में)

सन्	संख्या	पूंजी व रिज़र्व	डिपाज़िट	कैश बैलेन्स
१६३०	३१	११,६०	६३,२६	७,६८
१६३१	३४	१२,०८	६२,२६	७,७१
१६३२	३४	१२,२१	७२,३४	६,७६
१६३३	३४	१२,३४	७१,६८	१०,६२
१६३४	३६	१२,६७	७६,७७	११,१४

द्वितीय श्रेणी के बैंक (पूंजी ५ लाख से कम)

(लाख रुपयों में)

सन्	संख्या	पूंजी व रिज़र्व	डिपाज़िट	कैश बैलेन्स
१९३०	५७	१४१	४३९	५२
१९३१	५४	१२८	३९२	४७
१९३२	५२	१२९	३९३	६४
१९३३	५५	१३१	४७५	७९
१९३४	६९	१४९	५११	७२

रिजर्व बैंक आफ इंडिया।

६—जी. आर. अगाशे, (ओवजर बेटरीक्लाक), पूना ।

७—एन. आर. आठवले (टाइमपीस) शुक्रवार, पूना ।

बिजली का सामान ।

१—दी माडेल इन्डस्ट्रीज (पंखे) दयालबाग, आगरा ।

२—दी इस्टर्न इलेक्ट्रिक लाइट ऐण्ड पावर कं० (पंखे), बम्बई हाउस, २४ बुसरोड, बम्बई ।

३—स्टेन्डर्ड केमिकल एन्ड फारमेस्यूटिकल कं०, २६ परेल टंक रोड, अम्बादेवी, बम्बई १२ ।

४—इनकेंडीसेन्ट लम्प कं० ६६ नागदेवी स्ट्रीट, बम्बई ३ (ड्राईबैटरीज़)।

५—एकम मेनुफेक्चरिंग कं० (फिटिंग्स), ग्रांट रोड, बम्बई ।

६—इन्डिया इलेक्ट्रिक वर्क्स (पंखे), २५ साउथ रोड इन्टली, कलकत्ता ।

७—क्लाइड इंजीनियरिंग वर्क्स (पंखे) ६१।१ वकुलबगान रोड, कलकत्ता ।

८—सिंह एन्ड क०, हरीसनरोड, कलकत्ता ।

९—दी ग्लोब इलेक्ट्रिक क० रिवर साइड स्ट्रीट (ड्राई बैटरीज़), लुधियाना ।

इनेमेल्ड चीज़ें ।

१—पंजाब इनेमेलिंग वर्क्स, अमृतसर ।

२—पायोनियर इनेमेलिंग वर्क्स, अमृतसर ।

३—चितले ब्रदर्स, बम्बई २ ।

४—दुर्लभदास मुलजी जवेरी २१ फोपलवाडी, बम्बई २ ।

५—बङ्गाल इनेमिल वर्क्स लि० २।१ मिशन रोड, कलकत्ता ।

६—सूर इनेमिल ऐण्ड स्टाम्पिग वर्क्स लिमि०, ६ मिडले रोड इंटली, कलकत्ता ।

७—न्यू कलकत्ता इनेमिल वर्क्स, १०८ प्रिंस अनवर शाह रोड, कलकत्ता ।

८—इम्पीरियल इनेमिल वर्क्स, १० चितरंजन एवेन्यू, कलकत्ता ।

९—कलर प्रिंटिंग ऐण्ड हौलो वेयर्स लिमि०, २४३ अपर सरकूलर रोड, कलकत्ता ।

१०—पायोनियर इनेमिल ऐण्ड आयरन वर्क्स, ११ क्लाइव रोड, कलकत्ता ।

खाद।

१—मुकर्जी एण्ड को०, अघोरी भवन, भागलपुर।

२—कलकत्ता बोन मिल्स को० लि०, ११।२ सुक्स लेन कलकत्ता।

३—शेटी सुधार मंडल, ४३१ सोमवार पेट, पूना सिटी।

४—कादम्बूर मिल, कादम्बूर, तिनेवेली।

कांच का सामान।

१—अमृतसर ग्लास वर्कस, ग्रांड ट्रंक रोड, अमृतसर।

२—दी जैन ग्लास फैक्टरी, फीरोजाबाद, आगरा।

३—गोमतीपुर ग्लास वर्कस, अहमदाबाद।

४—अपर इंडिया ग्लास वर्कस, अम्बाला।

५—दी यू० पी० ग्लास वर्कस लिमि०, ई० आई० रेलवे, बहजोई।

६—इंडियन ग्लास मैन्युफैक्चरिंग को०, मटुंगा, बम्बई।

७—पीर मुहम्मद ग्लास वर्कस, मटुंगा, बम्बई।

८—गंगा ग्लास वर्कस लि०, वालावाली, डि० बिजनौर।

९—दागा ग्लास फैक्टरी, बीकानेर।

१०—बीकानेर स्टेट, ग्लास, वर्कस, बीकानेर।

११—दी नेशनल ग्लास ट्राम टरमिनस मजगांव, बम्बई १०।

१२—बीनापानी ग्लास ब्लोविंग वर्कस, ११ए रामचन्द्र घोष लेन, बैदन बीडन् स्ट्रीट, कलकत्ता।

१३—कलकत्ता ग्लास वर्कस, ६। बी कुंदू लेन बेलगाछिआ, कलकत्ता।

१४—भारत ग्लास वर्कस, डमडम रोड, कलकत्ता।

१५—श्री गोविन्द देव ग्लास वर्कस, ६ इजरा स्ट्रीट, कलकत्ता।

१६—आरटिस्टिक ग्लास वर्कस ११ टागोर कासल स्ट्रीट, कलकत्ता।

१७—बिक्टोरिया ग्लास वर्कस, आशुतोष मुकर्जी रोड, गोबिंदपुरा, कलकत्ता।

१८—यूनियन ग्लास वर्कस, १४ क्लाइब स्ट्रीट, कलकत्ता।

१९—ग्रेट ईस्टर्न ग्लास वर्कस, गोबरा कलकत्ता।

२०—बंगाल ग्लास वर्कस लिमि०, चर्च रोड, डमडम।

२१—कोरोनेशन ग्लास वर्कस, फीरोजाबाद।

२२—दी हनूमान ग्लास वर्कस, ई. आई. रेलवे, फीरोज़ाबाद।

२३—पैसा फंड ग्लास वर्कस, तलेगांव।

२४—ओनामा ग्लास वर्कस, गोंडिया सी० पी०।

२५—दी कृष्ण ग्लास वर्कस, हाथरस।

२६—दी इंडियन ग्लास फैक्टरी, पो० फरुखाबाद।

२७—शिवाजी ग्लास वर्कस, हावड़ा।

२८—दी डेक्कन ग्लास वर्कस, डेक्कन हैदराबाद।

२९—जीवेल ग्लास फैक्टरी, जबलपूर।

३०—मोहनलाल ज्वाला प्रसाद ऐन्ड सन्स, कासगंज।

३१—वाधवन ग्लास वर्कस, पो० जोरावर नगर, काठियावाड़।

३२—दी इलाहाबाद ग्लास वर्कस, नैनी, यू० पी०।

३३—नैनी ग्लास वर्कस, नैनी, ई० आइ० आर०।

३४—नगीना ग्लास वर्कस, नगीना, बिजनौर।

३५—नागपुर ग्लास वर्कस लिमि०, नागपुर।

३६—माडेल फैक्टरी, नयागांव।

३७—ओगले ग्लास वर्कस, डि० सितारा, ओगले वाडी।

३८—वेस्टर्न इन्डिया ग्लास वर्कस, साथ रोड, पंचमहल।

३९—दी डायमंड ग्लास वर्कस को०, रान।

४०—गोविन्द ग्लास वर्कस, रामराजा टुलो।

४१—इम्पीरियल ग्लास वर्कस, भावल, शाहपुर।

४२—पालीवाल ग्लास वर्कस, शिकोहाबाद, ई० आई०आर०।

४३-दी पायोनियर ग्लास वर्कस, ८६।६। टांगड़ा रोड।

ग्रामोफोन।

१—माडेल इण्डस्ट्रीज़ दयालबाग, आगरा।

लालटेन व चिमनी।

१—अपर इन्डिया ग्लास वर्कस, अहमदाबाद सिटी।

२—दी बम्बई इन्केनडिसेण्ट लाइट को०, ९९ नागदेवी स्ट्रीट, बम्बई ३।

३—सी. एस. पोची एन्ड सन्स, ३४० अब्दुल रहमान स्ट्रीट, बम्बई।

४—औगले ग्लास वर्कस लिमि०, औगले वाडी।

५—नन्दराम मारुती जादव, ८०२ रविवार, पूना।

दियासलाई ।

१—दी अहमदाबाद सुलतान माचिस को०, अहमदाबाद ।
२—गुजरात इसलाम माचिस मैन्युफैक्चरिंग को०, कनकरिया रोड, अहमदाबाद ।
३—अन्धेरी माचिस फैक्टरी, अन्धेरी ।
४—दी बरेली माचिस फैक्टरी, बरेली ।
५—बारीविली माचिस को०, बारीविली ।
६—बालसार माचिस फैक्टरी, बालसार ।
७—भागीरथी माचिस फैक्टरी, जोगिन बैसाक रोड, मौरदंगा बरनागर ।
८—बेलगांव माचिस फैक्टरी, बेलगांव ।
९—दी अमृत माचिस फैक्टरी, करगी रोड, डि० विलासपुर ।
१०—स्वदेशी माचिस फैक्टरी, बलार्ड स्ट्रीट, बम्बई ।
११—बम्बई माचिस वर्कस १२। नागदेवी स्ट्रीट, बम्बई ।
१२—कुरला माचिस वर्कस, नागदेवी स्ट्रीट, बम्बई ।
१३—कम्बे माचिस वर्कस, कम्बे ।
१४—राजस्थान माचिस वर्कस, सिंडीकेट, कम्बे ।
१५—राजरतन माचिस सिंडीकेट रेलवे स्टेशन के पास, कम्बे ।
१६—कलकत्ता माचिस वर्कस, गार्डन रीच, कलकत्ता ।
१७—हिन्दुस्तान माचिस को० लि० २ लायन्स रेन्ज, कलकत्ता ।
१८—दी ईस्ट इंडिया माचिस मैन्युफैक्चरिंग को० ४६-४७ मुरारीपुकुर रोड, कलकत्ता ।
१९—न्यू सुन्दरवन माचिस फैक्टरी ४ लायन्स रेन्ज, कलकत्ता
२०—बंगदेश कार्यालय, १०७ उलट डांगा मैन रोड, कलकत्ता ।
२१—कलकत्ता माचिस फैक्टरी, रसा रोड, कलकत्ता ।
२२—हैदरी माचिस को० १५० ए, बालीघाट, मेन रोड, कलकत्ता ।
२३—एम० एन० मेहता, ६५ इजरा स्ट्रीट, कलकत्ता ।
२४—क्रोवन माचिस फैक्टरी, १२ ओल्ड टोलीगंज रोड, कलकत्ता।
२५—धरमसी एण्ड को० १६, डम डम रोड, कलकत्ता ।
२६—पायोनियर फैक्टरी, १६ डम डम रोड, कलकत्ता ।
२७—वेस्ट इण्डिया माचिस फैक्टरी, ४२।५ कनाल ईस्ट रोड, कलकत्ता ।
२८—रामपुरा माचिस वर्कस, ३३ बेलगछिया रोड, कलकत्ता ।

२९—अदमजी ट्रेडिंग को० ५५, केनिंग स्ट्रीट, कलकत्ता।
३०—करीमभाइ माचिस मैन्युफैक-रिंगको० ३१, कनाल वेस्टरोड, उल्तदंग, कलकत्ता।
३१—इण्डियन माचिस वर्कस जगननैकपुर, कोकोनाडा।
३२—उड़ीसा माचिस वर्कस, कटक।
३३—प्रसन्न माचिस फैक्टरी, ३० बेचर्रामदेवड़ी, ढाका।
३४—बरार माचिस फैक्टरी, इलीचपुर।
३५—नेशनल माचिस वर्कस, घाटकोपर।
३६—दी स्वदेशी कम्पनी, घाटकोपर।
३७—जलपैगुड़ी इण्डस्ट्रीज़ लिमि०, जलपैगुड़ी, (बंगाल)।
३८—कौलसन माचिस फेक्टरी, शाहद्रा, लाहौर।
३९—दी महालक्ष्मी माचिस फेक्टरी, शाहद्रा, लाहौर।
४०—श्रीहरि माचिस वर्कस, मद्रास।
४१—बेबी माचिस फेक्टरी, ३५ कम्बालामल कोइल स्ट्रीट, टोंडियारपेट, मद्रास।
४२—गनेश माचिस वर्कस, मद्रास।
४३—दी मद्रास स्वदेशी वर्कस, १४४, तिरुवेलियारी हाइ रोड, टोंडियारपेट, मद्रास।
४४—श्री राधा कृष्ण माचिस फेक्टरी, मद्रास।
४५—मैसूर माचिस ऐन्ड केंडिल फेक्टरी, मैसूर।
४६—इण्डियन माचिस फेक्टरी, मदुरा।
४७—दातार माचिस फेक्टरी, पेटलड।
४८—माचिस वर्कस, स्वकासे, रामानन्द।
४९—आदमजी दाऊद एण्ड को०, रंगून।
५०—दी रंगून माचिस वर्कस, २०४ मोगल स्ट्रीट, रंगून।
५१—हुलीसर लिमि० राजबारी।
५२—सेन्टाक्रुज़ माचिस वर्कस, सेन्टाक्रुज़।
५३—हुसेनी माचिस फेक्टरी, बेगमपुरा, नारायन अखाड़ा, सूरत।
५४—नेशनल माचिस वर्कस, सेविकौसी, एस. आइ. आर.।
५५—साउथ इण्डिया लुसीफर माचिस वर्कस, न्यूरोड, सेविकौसी एस. आई. आर.।
५६—थाना माचिस फेक्टरी, आगरा रोड, थाना।
५७—नारायन माचिस वर्कस, मानूरभगोम, पो० अथिनगोल, ट्रावनकोर।
५८—सुलतानिया माचिस फेक्टरी, इलूपुर, त्रिचनापल्ली।
५९—उमरेठ माचिस फेक्टरी, उमरेठ।

आलमोनियम ।

१—शंकर आलमोनियम वर्कस, बनारस ।
२—दुग्ग आलमोनियम फैक्टरी, तारदेव, बम्बई ।
३—कोहिनूर आलमोनियम फैक्टरी, बम्बई ।
४—लल्लू भाई ऐण्ड को०, १२४, कंसराचाल, बम्बई २ ।
५—बम्बई आलमोनियम फैक्टरी, फूल गेट, भेंडी, बम्बई ६ ।
६—स्टैंडर्ड आलमोनियम ऐण्ड ब्रास वर्कस, कलकत्ता ।
७—भारत आलमोनियम वर्कस, ५६।१ कैनिंग स्ट्रीट, कलकत्ता ।
८—आलमोनियम मैन्युफैकचरिंग को० लि०, १४ क्लाइव स्ट्रीट, कलकत्ता ।
९—आरुमूगम नैकर गनेश आलमोनियम फैक्टरी, मद्रास ।
१०—किपोल आलमोनियम वर्कस, पूना ।

कुकर्स ।

१—डोमेस्टिक इकोनोमी को०, ३१ एक्ज़ामीनर प्रेसबिल्डिंग, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट बम्बई ।
२—बङ्गाल केमिकल ऐण्ड फरमास्यूटिकल स्कायर, कलकत्ता ।
३—केशव ऐण्ड सन्स, ३८–२, ग्रीश मुकरजी रोड, भवानीपुर कलकत्ता ।
४—इकमिक कुकर लिमि० २६, कालेज स्ट्रीट, कलकत्ता ।
५—मन्मथ कुकर को०, ६६ हरीसन रोड, कलकत्ता ।
६—रिलीफ कुकर को० १३६, बौबाजार, कलकत्ता ।
७—सरोजनी कुकर को० हरीसन रोड, कम्पैनियन, कलकत्ता ।
८—कम्पनी कुकर वर्कस, चांदनी चौक, देहली ।
९—आनन्द कुकर ऐण्ड मैटल वर्कस, चांदनी चौक, देहली ।
१०—कमला कुकर को०, रायपूरम, मद्रास ।
११—रुकमिनी कुकर को ४, सौथमदा, चर्च स्ट्रीट, रायपूरम, मद्रास ।
१२—सैयद अहमद कुकर वर्कस, पूना सिटी ।

चरखा ।

१—नेशनल इंडस्ट्रीज को०, १० नवीन कुन्ह लेन, कालेज रोड, कलकत्ता ।

धर्मशालायें ।

धर्मशालायें।

अजमेर।

१—टीकमचंद सोनी की स्टेशन के पास।

२—रेलवालों की स्टेशन के पास।

अयोध्या।

१—हरनारायणदास की, रायगंज।

२—कन्हैयालाल की, रायगंज।

३—महन्त सुखरामदास की, नया-घाट।

४—लाला पन्नालाल, नवाबगंज (गोंड़ा) वाले की, वासुदेव घाट।

५—करमसीदास जी बम्बई वाले की, स्वर्गद्वारघाट।

अलीगढ़।

१—जानकी बाई की, दूबे का पाड़ा।

२—मलूकन्द की स्टेशन के पास।

अमृतसर।

१—सन्तराम का तालाब, स्टेशन के पास।

२—लाला हरगोविन्द दास की, स्टेशन के पास।

३—हरदयाल दुर्गादत्त की मलका की मूर्ति के पास, मारवाड़ी बाजार।

अंबाला।

१—मास्टर हरगूलाल की, अनाजमंडी, छावनी।

आगरा।

१—लाला रामकिशनदास सरावगी की, फोर्ट स्टेशन के पास।

२—रावबहादुर विश्वम्भरनाथ की, सिटी स्टेशन के पास।

३—उत्तम जैन दिगम्बर धर्मशाला, राजा की मंडी, स्टेशन के पास।

आरा।

१—बाबू हरप्रसाद जैन की, महाजन टोली में।

आजिमगंज।

१—रामबुद्धसिंह बहादुर की।

२—राय गणपतिसिंह बहादुर की।

आसनसोल।

१—आसाराम जौहरीमल रामनरायण गङ्गाविशन की, मुन्शी बाजार में।

इन्दौर।

१—सेठ हुकुमचन्द की स्टेशन के पास।

इटावा।

१—बद्रीदास की धर्मशाला, पुराना शहर।

२—स्टेशन के पास भी एक धर्मशाला है।

इश्री।

१—दिगम्बर जैन धर्मशाला।

२—श्वेताम्बर जैन धर्मशाला।

उज्जैन।

१—फतेहपुरियों की, चिप्रा नदी के किनारे।

२—खेमराज श्रीकृष्णदास की, हरिसिद्धि दरवाजा।

३—महाराज ग्वालियर की स्टेशन के पास।

४—सखाराजा की धर्मशाला।

५—व्यंकटेश भवन धर्मशाला।

६—गजाधर की धर्मशाला।

उदयपुर।

१—महन्त माधवदास जी की सूरजपोल के पास।

उन्नाव।

१—लाला सोहनलाल अग्रवाल की।

कलकत्ता।

१—फूलचन्द हकीम जैन की, ६ श्याम बाई गली, बड़ा बाजार।

२—रायबहादुर सूरजमल की, ६ मल्लिक स्ट्रीट।

३—बाबू लक्ष्मीनारायण की, ५१ बांस तल्ला।

४—राजा शिवबक्श बागला की, हावड़ा स्टेशन पर।

५—विनायक मिश्र की, २२६ हरीसन रोड।

६—श्याम देवी भूतिका की, १५० हरीसन रोड।

७—बब्बूलाल अगरवाल, १६६ हरीसन रोड।

८—रामकृष्णदास गिरधारी लाल, १६७ हरीसन रोड।

कन्नौज।

१—बाबू कुंजबिहारी लाल जी का मन्दिर शहर में।

२—शिवस्वरूप की कन्नौज स्टेशन के पास।

क्यूल।

१—ऊगरमल हजारीलाल लोहिया स्टेशन से एक फर्लाङ्ग पर।

कासगंज।

१—परमानन्दजी की।

कानपुर।

१—बैजनाथ रामनाथ सिंहानिया की, स्टेशन से आध मील पर।

२—मच्छी भवन धर्मशाला, नयागंज।

३—सेठ लक्ष्मणदास की, लाठी मुहाल।

४—तुलसीराम शिवप्रसाद की, स्टेशन के पास ।

५—पीली कोठी, चटाई मुहाल ।

६—बेनीमाधव की, मूलगंज ।

७—अनन्तराम की, फीलखाना ।

८—सेण्ट्रल धर्मशाला, सेण्ट्रल स्टेशन के पास ।

कोटा ।

१—महारानी साहिबा की, जंकशन स्टेशन के पास ।

कटवा ।

१—कालीबाड़ी धर्मशाला ।

कोलगांव ।

१—बा० गिरधारीलाल मारवाड़ी की ।

खंडवा ।

१—सेठानी पार्वती बाई की, स्टेशन के पास ।

गया ।

१—सेठ सिवप्रसाद झुनझुनू वाले की, स्टेशन पर ।

२—सेठ शिवप्रसाद झुनझुन वाले की, चांदचोरे के पास ।

३—महाबोधी सोसाइटी की, बौध गया ।

ग्वालियर ।

१—श्री कृष्ण धर्मशाला ।

गढ़मुक्तेश्वर ।

१—राय साहब नानामल जानकी-दास की दो हैं ।

गाजियाबाद ।

१—मि० जान ईगिल ब्राइट की ।

गिरीडीह ।

१—राय धनपतसिंह की ।

गुलजारी बाग ।

१—बा० किशोरीलाल चौधरी की ।

चांदपुर सिआऊ ।

१—श्रीमती वासन्ती देवी की ।

जसीडीह ।

१—जुगुलकिशोर सूरजमल रुइया की, स्टेशन के पास ।

जामनगर ।

१—मूलजी जेठा की, खंभालिया नाका ।

जोधपुर ।

१—श्री जसवन्त जाड़ेची बिलास, स्टेशन से एक फर्लाङ्ग पर ।

जूनागढ़ ।

१—जीवराज दयाल भाटिया की ।

जौनपुर ।

१—नारायणदास परमेश्वरीदास की, स्टेशन के पास ।

झांसी।

१—गोपालदास की, बड़ा बाज़ार।

२—बाबू मुन्नालाल की।

ट्रिचनापल्ली।

१—खेमराज श्रीकृष्णदास की।

डाकोर।

१—मु० शंकरस्वरूप की।

डाल्टन गंज।

१—सेठ चुन्नीलाल गनपतराय रांची वाले की, स्टेशन से पौन मील पर।

दिल्ली।

१—लाला छुन्ना मल की।

२—लाला लक्ष्मीनारायण की, फतेहपुरी बाजार।

दरभंगा

१—दरभंगा नरेश की स्टेशन के पास।

२—ऊगरमल हजारीमल की।

द्वारकापुरी।

१—आऊजी प्रेमजी की, श्री जी के मंदिर के पास, गोमती, द्वारका।

२—बलवन्त लाल रामेश्वर लाल दुदवा वाले की मन्दिर के पास।

३—हजारीमल दुदवा वाले की।

४—आचारी जी की, भेंट, द्वारका।

५—सत्यभामाजी की, भेंट, द्वारका।

धामपुर।

१—मु० भगत विहारीलाल की।

नागपुर।

१—जमुनादास जी पोद्दार की।

नासिक।

१—महाराज कपूरथला की पंचवटी पर।

नैनी।

१—बिहारीलाल कुन्जीलाल सिंघानिया की।

नीमसार।

१—सेठ शिवरामदास तथा रामनिरंजन दास की।

नैनीताल।

१—बच्छी गौड धर्मशाला; सिपाही धारा।

२—म्युनिसिपल सराय, तल्लीताल।

पटना।

१—गुरुमुखराय सरावगी की।

२—लाला अनन्तलाल अगरवाल की।

३—मारवाड़ी समाज की, चौक।

४—किशोरीलाल चौधरी की, गुलजार बाग़।

५—लाला जय तथा छोटेलाल की।

पीलीभीत।

१—लाला मूल चन्द की।

पुरी ।

१—रामचन्द गोयनका की ।

२—धनजी मलजी तथा आशाराम सीताराम की ।

३—सेठ कन्हैयालाल बागला चूरूवाले की ।

प्रयाग ।

१—बिहारीलाल कुंजीलाल सिंहानियां की ।

२—तेजपाल गोकुल दास की, मुट्ठीगंज ।

३—गोमती देवी की, मुट्ठीगंज ।

४—बाबू वंशीधर गोपालदास रस्तोगी की दारागंज ।

पामरगंज ।

१—सेठ शिवप्रसाद जी की ।

पुनपुन ।

१—सेठ शिवप्रसाद जी की ।

फैज़ाबाद ।

१—पतितदास के मंदिर के पास, मु० श्रमानी गंज में ।

२—फैजाबाद और देवकली रोड के बीच में, मुहल्ला बेनीगंज में ।

३—देवकली रोड पर देरुआ की कोठी के सामने ।

४—मुहल्ला साहब गंज के मूलचन्द चम्मनलाल की दूकान के पास ।

५—साहबगंज में पं० परमेश्वरनाथ शाहपुर के मकान के पास ।

६—मुआफ नाका में हरदयाल जी की ।

फर्रुखाबाद ।

१—लाला सुन्दरलाल कलकत्तेवाले की बढनिया टोला ।

२—दूलाराय की ।

बनारस ।

१—श्री कृष्ण धर्मशाला ।

२—राधाकृष्ण शिवदत्तराय की, ज्ञानवापी ।

३—लच्छीराम की, फाटक सुखलाल साव ।

४—लखनऊ वाले की बुलानाला ।

५—मोतीलाल मंगलचन्द की बुलानाला ।

६—चित्र गुप्त आश्रम, कचौड़ी गली ।

बम्बई ।

१—हीराबाग़, गिरगांव ।

२—माधौबाग़, गिरगांव ।

बरेली ।

१—सेठ खुन्नीलाल की ।

बीकानेर ।

१—प्रोहता मोतीराम की ।

भागलपुर ।

१—हरदेवदास जी की ।

भुवनेश्वर ।

१—हरगोविन्दराय मथुरादास डालमिया भिवानी वाले की ।

मसूरी।

१—श्री सनातन धर्म कैन्टोमेंट में।
२—आर्य समाज।
३—गढवाली धर्मशाला।
४—सिख धर्मशाला।

मदुरा।

१—स्टेशन के पास।

मैनपुरी।

१—सावित्री धर्मशाला, स्टेशन से एक मील।

मोमासा।

१—भगवानदास बागला की, स्टेशन के पास।

मुंगेर।

१—रायबहादुर बैजनाथ गोयनका की, स्टेशन के पास।

मुरादाबाद।

१—लाला सांवलदास की।
२—लाला जवाहरलाल की।

मेरठ।

१—नाइन की धर्म सभा की।
२—लाला धर्म दास की।
३—लाला किशनसहाय की।
४—लाला परमानन्द की।
५—लाला सुन्दरलाल की।
६—लाला तोताराम की।
७—मुसम्मात सुन्दर कुंअरि की।
८—पंचायती की।
९—रस्तोगी की।

मुलतानगंज।

१—सेठ बैजनाथमल मारवाड़ी की।

मानपुर।

१—प्रेमनारायणजी की।

मुगलसराय

१—बाबू रामजीदास जाटिया की।

इलाहाबाद।

१—बाबू मोतीचन्द की, मोरी।
२—बाबू रामप्रसाद चौधरी की, बक्सी कला।
३—बुधसेन मङ्गलसेन की नईबस्ती।
४—जीवनराम की अलोपीबाग।
५—लाला शिवप्रताप सिंह की अलोपीबाग।
६—लाला बच्चूलाल की, शिवकोटी महादेव।
७—लाला गुलजारीलाल की, अलोपीबाग।
८—महन्त जानकीदास की, मोरी।
९—रीवां के महाराज की, मितहाजपुर
१०—मुन्नीलाल सेठ की मुट्ठीगंज।
११—गोमती देवी की, अलोपीबाग व मुट्ठीगंज।
१२—राय राधारमन की, नई बस्ती।
१३—राय शिवप्रसाद की, चौखण्डी।
१४—बिहारीलाल कुंजीलाल सिंहानिया की।

१५—तेजलाल गोकुलदास की मुट्ठीगंज
१६—वंशीधर गंगादास रस्तोगी दारागंज ।
१७—राय शिवप्रसाद की, अलोपीबाग।
१८—रामदास की, अलोपीबाग।
१९—राणा संग्रामसिंह की, मुट्ठीगंज।
२०—रामनाथ की, मितहाजपुर।
२१—शेख मशीउद्दीन की, मुट्ठीगंज।
२२—तेजपाल गोकुलदास की, मोरीवासुदेवराय की।

मिर्जापुर

१—बीजराम भाड़ामल की।

मुजफ्फरनगर

१—रायबहादुर बलदेवलाल बसन्तलाल दुदवा वाले की सरसैयागंज।
२—लछीराम की पुराना बाजार ।
३—राय परमेश्वर नारायण महता की।

मथुरा।

१—तेजपाल गोकुलदासजी की, मारू गली।
२—राजा तिलोई की, बंगाली घाट।
३—रामगोपाल मालाणी की, प्रयाग घाट।
४—हरमुखराय दुर्लीचन्द्र हाथरस वाले की, स्वामीघाट।
५—हरदयाल विष्णुदयाल कलकत्ते वाले की, नयाबाजार।
६—महाराज आवागढ़ की पुल के पास।
७—अहमदाबाद वाले की, दामोदर भवन छाता बाजार।
८—दामोदर तपसीदास, विश्राम घाट के पास।

मद्रास।

१ - राजाराम स्वामी मुडालियर की।
२—वंशीलाल अबीरचंद की साहूकार पैठ।

मनमाड।

१—दीवान बहादुर गोविन्दास मदूरा वाले की।

रामेश्वर।

१—वन्शीलाल अमीरचन्द की, मन्दिर से थोड़ी दूर पर।
२—रायबहादुर भगवानदास बागला की, रामझरोखे की सड़क।

रायबरेली।

१—कन्हाईशाह बाकल की ।

रानीगंज।

१—बजाज की धर्मशाला।

लखनऊ।

१—छेदीलाल की, अमीनाबाद पार्क।
२—भोलानाथ की, चौक।
३—प्रभूदयाल जैन की, अहियागंज।
४—गूंगेनवाब की, बाग धर्मशाला।

लाहौर।

१—मूलचन्द की।

लुधियाना।

१—लाहौरी खत्रियों की पन्चायती कूचा लालूमल।

वर्द्धवान ।

१—बा० शशिभूषण बोस की ।

वरियारपुर ।

१—शोभाराम शिवदत्तराय की ।

विन्ध्याचल ।

१—शिवनरायण बलदेवदास सिंहानिया की ।

२—सारस्वत खत्रियों की ।

३—चुनमुन मिश्र की ।

बृन्दावन ।

१—मिर्जापुर वालों की ।

२—ताराचन्द रामनाथ पूनावाले की ।

वाडी ।

१—कंडा स्वामी मुडालियर (पोन्नेरी के राजा की) ।

वैद्यनाथ ।

१—सुखरामजी लक्ष्मीनारायण कानोडिया की ।

२—रामचन्द्र गोयनका की ।

३—हजारीमल दुदवा वाले की ।

४—हरिकिशनदास पन्नालाल मदड की ।

श्रीरामपुर ।

१—बा० चेत्र मोहनशाह जी की ।

सागर ।

१—सेठ नारायनदास गेडा की ।

२—केदारनाथ गरिया की ।

३—दुर्गाप्रसाद मोदी की ।

४—विन्द्रावन वाग धर्मशाला, गोपालगंज ।

५—जैन धर्मशाला बजाजी ।

६—जैन धर्मशाला (दिवालानाका) ।

१—सूरजमल की ।

२—स्टेशन धर्मशाला ।

३—रेस्ट हौस, बौध गया ।

सण्डीला ।

१—राजा दुर्गाप्रसाद की ।

सहारनपुर ।

१—सेठी मूलराम की ।

हाथरस ।

१—लक्ष्मीनारायण की ।

२—सेठ बिहारीलाल की ।

हरिद्वार ।

१—सदासुख गंभीरचन्द्र की ।

२—विनायक की ।

३—सूरजमल की ।

४—खुशीराम की ।

५—सिन्ध शिकारपुरी की ।

६—विलास पुर की ।

७—महाराज कपूर्थला की ।

८—पंचायती धर्मशाला ।

९—कराडीमल की ।

१०—जयरामदास भिवाली वाले की ।

११—भोलागिरि की ।

१२—बाबा काली कमली वाले की ।

भारत में अंग्रेज़ी शासन।

भारत में अंग्रेज़ी शासन।

१—चार्टर्स तथा पार्लियामेंटरी ऐक्ट्स ।

भारत में अंग्रेज़ी शासन का संक्षिप्त इतिहास आगे दिया गया है। इस जगह जितने क़ानून भारतीय शासन सम्बन्धी आरम्भ से वर्तमान काल तक, इंग्लैंड में अथवा भारत में पास हुये हैं दिये जाते हैं।

यह क़ानून कालानुसार तीन भागों में बांटे जा सकते हैं। (१) चार्टर काल (१६००—१७६५)—इस काल में ईस्ट इण्डिया कम्पनी को केवल व्यापार करने के अधिकार ब्रिटिश सरकार की ओर से दिये गये ।

(२) कम्पनी शासन काल (१७६५-१८५८)—इस काल में ईस्ट इण्डिया कम्पनी को पार्लियामेंट के ऐक्टों द्वारा भारत में शासन करने का अधिकार दिया गया।

(३) ब्रिटिश नरेश शासन काल (१८५८ से वर्तमान काल तक)

१—चार्टर काल ।
(१६००—१७६५)

इस काल में १३ महत्व-पूर्ण चार्टर (अधिकार पत्र) ईस्ट इण्डिया कम्पनी को ब्रिटिश सरकार ने दिये।

१—रानी एलिज़ाबेथ का चार्टर (१६००)—यह चार्टर चन्द अंग्रेज़ी व्यापारियों को भारत में व्यापार करने के लिये दिया गया। इसका उद्देश्य यह भी था कि भारत में डच व्यापारियों का व्यापार समाप्त हो जाय इस चार्टर की अवधि १३ साल की थी।

२—जेम्स प्रथम का चार्टर(१६०६)-इसके द्वारा पहिला चार्टर फिर जारी किया गया और सदैव के लिये कर दिया गया।

३—क्रामवेल का चार्टर (१६५७)-इस चार्टर का उद्देश्य यह था कि ईस्ट इण्डिया कम्पनी को अन्य कम्पनियों से स्वतन्त्र कर दिया जावे जैसा कि इस चार्टर द्वारा किया गया।

४—चार्ल्स द्वितीय का चार्टर १६६१—यह चार्टर इस उद्देश्य से दिया गया था कि चार्टर से क्रामवेल का नाम हट जावे और चार्लस का नाम आ जावे। उसने यह चार्टर १६६१ में दिया और यह भी अधिकार दिया कि कम्पनी सिक्के बना कर चलावे और जो कम्पनी के हद में अन्य व्यापारी जावें उन्हें सजा देवे।

५—चार्लस द्वितीय का चार्टर १६६६—इस चार्टर द्वारा (क) ईस्ट इण्डिया कम्पनी को बम्बई टापू दिया गया (ख) कम्पनी को यह अधिकार दिया गया कि अपनी नौकरी में ऐसे सरकारी पदाधिकारियों को ले सकती है जो इसके लिये तैयार हों।

६—चार्लस द्वितीय का चार्टर १६८५—इस चार्टर द्वारा कम्पनी को किसी भी एशियाई और अमरीकन जाति से युद्ध और सन्धि करने का अधिकार दिया गया और इस कार्य के लिये फ़ौजें भरती करने और उन्हें सिखाने का भी अधिकार दिया गया।

७—जेम्स द्वितीय का चार्टर १६८६—इस चार्टर द्वारा—

(क) कम्पनी के अधिकार फिर से जारी और दृढ़ किये गये और कम्पनी को एडमिरेल, वाइस एडमिरेल और अन्य समुद्री अफसर नियत करने का भी अधिकार दिया गया।

(ख) कम्पनी को अपने क़िलों में सिक्के ढालने का भी अधिकार दिया गया।

८—कम्पनी का चार्टर १६८७—यह चार्टर कम्पनी की ओर से था न कि ब्रिटिश नरेश की ओर से। इस साल जेम्स द्वितीय ने कम्पनी को अधिकार दे दिया था कि मद्रास में म्युनिसिपैलिटी अपने चार्टर द्वारा क़ायम करे।

९—विलियम का चार्टर १६९३—पिछला चार्टर दृढ़ किया गया किन्तु यह भी शर्त रक्खी गई कि अगर नये रेग्यूलेशनों को कम्पनी एक साल के भीतर न माने तो चार्टर रद्द कर दिया जावेगा।

१०—१६९८ का चार्टर—इसके अनुसार एक नई कम्पनी बनाई गई।

(क) यह कम्पनी साधारण तथा पिछले तत्वों पर ही बनाई गई। केवल कम्पनी के संचालकों का नाम "डायरेक्टर" रक्खा गया।

(ख) नई कम्पनी को ही ईस्ट-इन्डीज़ में व्यापार करने का अधिकार दिया गया।

(ग) नई कम्पनी को अधिकार

दिया गया कि क़ानून और उप-क़ानून (आर्डीनेन्सेज़) बनावे, गवर्नर नियत करे, अदालतें क़ायम करे और धर्म के पादरी नियत करे ।

११—जार्ज प्रथम का चार्टर १७२६—इस चार्टर द्वारा—

(क) बम्बई और कलकत्ता में म्यूनिसिपैलिटियां क़ायम की गईं ।

(ख) बम्बई और कलकत्ता में मेयर की अदालतें क़ायम की गईं ।

१२—जार्ज द्वितीय का चार्टर १७५३—इस चार्टर द्वारा मद्रास कारपोरेशन जो फ्रेंच लोगों के आधिपत्य में जाने के कारण टूट गया था फिर से बनाया गया ।

१३—१७५८ का चार्टर—इस चार्टर द्वारा कम्पनी को यह अधिकार मिला कि देशी नरेशों से जीते हुये क़िले प्रदेश, अथवा प्रान्त वापिस देदे या उनका उचित प्रबन्ध करे ।

२-कम्पनी शासनकाल । (१७६५ – १८५८)

इस काल के आरंभ में ईस्ट इंडिया कम्पनी का क्या स्वरूप था यह जानना आवश्यक है ।

इंगलैंड में रचना ।

कम्पनी का संचालन १६९८ के चार्टर के अनुसार किया जाता था । मालिकों का एक जनरल "कोर्ट आफ प्रोप्राइटर्स" था और संचालकों का एक "कोर्ट आफ डायरेक्टर्स" था । डायरेक्टरों की संख्या २४ थी और प्रत्येक वर्ष उनका चुनाव होता था ।

भारत में रचना ।

कम्पनी ने तीन प्रेसीडेन्ट कलकत्ता बम्बई और मद्रास में क़ायम किये थे । प्रत्येक प्रेसीडेन्सी का शासन प्रेसीडेन्ट-इन-कौंसिल द्वारा चलाया जाता था । मालिकों के कोर्ट द्वारा प्रेसीडेन्ट नियत होता था और कौंसिल के मेम्बर (जिनकी संख्या ३ थी) डायरेक्टरों के कोर्ट द्वारा नियत होते थे । कुल शासन विभागों का नियंत्रण प्रेसीडेन्ट और कौंसिल के हाथों में था और उन्हीं का अधिकार फ़ौजों पर भी था । ब्रिटिश नरेश द्वारा तीनों प्रेसीडेन्सियों में अदालतें क़ायम हुई थीं जिन्हें दीवानी और फ़ौजदारी दोनों अधिकार थे ।

इस काल में ६ ऐक्ट पार्लियामेंट ने पास किये ।

१—लार्ड नार्थ का रेगुलेटिंग ऐक्ट १७७३ ।

इस ऐक्ट ने निम्नलिखित परिवर्तन किये ।

(क) इंगलैंड में कोर्ट आफ डाय-

रेक्टर्स केवल एक साल के लिये चुना जावे।

(ख) मालिकों के वोट उनके पूंजी के अनुसार कम ज़्यादा कर दिये जावें।

(ग) भारत में सुप्रीम कोर्ट कलकत्ते में कायम की गई जिसमें एक चीफ़ जज और ३ सहायक जज रक्खे गये।

(घ) कलकत्ता में गवर्नर जनरल और ४ कौंसिलर नियत हुये जिनका अधिकार अन्य प्रेसीडेन्सियों पर भी रक्खा गया। गवर्नर जनरल नियमानुसार रिपोर्ट डायरेक्टरों को भेजे और डायरेक्टर सेक्रेटरी आफ़ स्टेट के यहां भेजे ऐसा नियम ऐक्ट में रक्खा गया।

२—पिट का इंडिया ऐक्ट १७८४।

इस ऐक्ट द्वारा पार्लियामेंट ने ६ प्रीवी कौंसिलरों को कमिश्नर नियत किया जिनके अधिकार में कुल भारतीय मामले सौंपे गये। इन कमिश्नरों के आधीन कम्पनी के कुल इन्तज़ामी, फौजी और माली प्रबन्ध बनाये गये। डायरेक्टरों का यह कर्तव्य हो गया कि इन कमिश्नरों (बोर्ड आफ कन्ट्रोल) के सामने भारत सम्बन्धी कुल काग़ज़ात पेश करें। कोर्ट आफ प्रोप्राइटर्स को अब कोई अधिकार नहीं रहा कि कोर्ट आफ डायरेक्टर्स की कार्यवाही में हस्तक्षेप करे। भारत का शासन एक गवर्नर जनरल और ३ कौंसिलरों के हाथ में रक्खा गया।

३—चार्टर ऐक्ट १७९३।

(क) इस ऐक्ट द्वारा ब्रिटिश नरेश के अधिकार में यह बात रक्खी गई कि बोर्ड आफ़ कण्ट्रोल के सदस्य नियत करे। यह सम्बन्ध नहीं रक्खा गया कि ऐसे सदस्य केवल प्रीवी कौंसिलर ही हों।

(ख) कम्पनी के व्यापारी स्वत्व २० साल के लिये दृढ़ किये गये।

४—चार्टर ऐक्ट १८१३—इस ऐक्ट के अनुसार—

(क) कम्पनी का भारत में व्यापार करने का एकाधिकार छीन लिया गया। केवल चीन के लिये ऐसे अधिकार रक्खे गये।

(ख) कम्पनी पर यह वाध्य किया गया कि एक बिशप और दो आर्कडीकन्स नियत करे।

५—चार्टर ऐक्ट १८३३।

इस ऐक्ट द्वारा कम्पनी के व्यापारी अधिकार छीन लिये गये और कम्पनी को शासक समिति बना दिया गया। चीन में व्यापारी स्वत्व

भी उससे छीन लिये गये। यह भी निश्चित किया गया कि पूरे भारत के लिये एक से कानून बनाये जावें और भारत के सुप्रीम कोर्ट को अधिकार दिया गया कि वह क़ानून और रेगुलेशन्स तैयार करे जो भारत की सब प्रजा यूरोपियन और देशी पर लागू हों।

६—चार्टर ऐक्ट १८५३।

इस ऐक्ट द्वारा पार्लियामेंट ने कम्पनी के शासनाधिकार ऐसे समय के लिये दृढ़ कर दिये जो उसे उचित मालूम हों। बंगाल बिहार और उड़ीसा की प्रेसीडेन्सी एक लेफटिनेंट गवर्नर के मातहत बनाई गई। गवर्नर जनरल का शासन किसी विशेष प्रेसीडेन्सी पर नहीं रहा। कोर्ट आफ डायरेक्टर्स की संख्या २४ से १८ कर दी गई।

३—ब्रिटिश नरेश शासन काल।
(१८५७से वर्तमान काल तक)

भारत में सन् १८५७ में विप्लव हो गया इस कारण अंग्रेजी सत्ता पुनः स्थापित होने पर पार्लियामेंट ने सन् १८५८ में एक ऐक्ट पास किया।

(१) गवरमेंट आफ इण्डिया ऐक्ट १८५८—इस ऐक्ट द्वारा कम्पनी के सब शासन अधिकार छीन लिये गये और ब्रिटिश नरेश में कुल शासन अधिकार केन्द्रीभूत हुये। सेक्रेटरी आफ स्टेट की सहायता के लिये एक कौंसिल बनाई गई जिसमें १५ सदस्य रक्खे गये, ८ नरेश द्वारा नियोजित और ७ कोर्ट आफ़ डायरेक्टर्स द्वारा चुने हुये। कवेनेण्टेड सिविल सर्विस में नौकरियाँ सब प्रजा के लिये खोल दी गईं और परीक्षा क़ायम की गई। बोर्ड आफ कन्ट्रोल तोड़ दिया गया।

(२)इंडियन कौंसिल ऐक्ट १८६१—गवर्नर जनरल की इक्ज़ीक्यूटिव कौंसिल की रचना में कुछ परिवर्तन किया गया और क़ानून बनाने वाली सभाओं की रचना में भी फेर फार किया गया।

(३) हाई क़ोर्ट ऐक्ट १८६१—इस ऐक्ट द्वारा सुप्रीम और सदर कोर्ट तोड़ दिये गये तथा बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में हाई कोर्ट स्थापित किये गये। प्रत्येक में एक चीफ जस्टिस और अधिक से अधिक १५ जज रक्खे गये।

(४) इंडिया कौंसिल ऐक्ट १८९२—इस ऐक्ट के अनुसार भारत में व्यवस्थापक सभाओं (कौंसिलों) के सदस्यों की संख्या बढ़ा दी गई और गवर्नर जनरल-इन-कौंसिल को अधिकार दिया गया कि सेक्रेटरी आफ स्टेट-

इन कौंसिल की अनुमति के आधीन इन सदस्यों की नियुक्ति के लिये नियम बनावे।

(५) इन्डियन कौंसिल ऐक्ट १६०६—सन् १६०७ में लार्ड मिन्टो वाइसराय ने एक खलीता सेक्रेटरी आफ स्टेट (लार्ड मोरले) को भेजा जिसमें उन्होंने यह सूचित किया कि उस समय की राजनैतिक अवस्था विचार करने योग्य है और जनता की ओर से बराबर मांग हो रही है कि उसे नागरिक के समान अधिकार मिलें और शासन में अधिक योग्य भाग लेने का अवसर प्राप्त हो। इस पर विचार करने के लिये एक कमेटी नियुक्त हुई। सुधारों की एक रचना भी तैयार हुई। प्रान्तीय सरकारों से भी राय ली गई और लार्ड मोरले ने फरवरी १६०६ में एक बिल पार्लियामेण्ट में पेश किया जो कुछ संशोधनों के साथ पास हुआ।

इस ऐक्ट ने दो दिशाओं में अत्यन्त महत्वपूर्ण परिवर्तन किया। अर्थात (१) भारतीय कौंसिलों के स्वरूप तथा कार्यशैली में। (२) प्रान्तीय सरकारों की कार्यकारिणी समितियों के स्वरूप में।

एडीशनल (ग़ैर सरकारी) सदस्यों की संख्या।

नाम कौंसिल	१८९२ से पहिले अधिक से अधिक ऐडीशनल मेम्बरों की संख्या।	१८९२ के पीछे अधिक से अधिक एडीशनल मेम्बरों की संख्या।	१६०६ के ऐक्ट द्वारा अधिक से अधिक मेम्बरों की संख्या
इम्पीरियल कौंसिल	१२	६१	६०
बम्बई ,,	८	२०	५०
मद्रास ,,	८	२०	५०
बंगाल ,,	८	२०	५०
यू० पी० ,,	—	१५	५०
पंजाब ,,	—	—	३०
ब्रह्मा ,,	—	—	३०

कौंसिलों की रचना और कार्यों में इस प्रकार परिवर्तन हुये।

(क) सदस्यों की संख्या में वृद्धि। एडीशनल सदस्यों की संख्या बहुत बढ़ा दी गई। (ख) सरकारी और ग़ैरसरकारी सदस्यों का औसत निश्चित कर दिया गया। (ग) सदस्य नियोजित तथा चुने हुये दोनों प्रकार के रक्खे गये।

६—गवर्मेन्ट आफ इण्डिया ऐक्ट १९१९—

इस ऐक्ट के पास किये जाने के कारण अन्यत्र दिये गये हैं। इस ऐक्ट द्वारा केन्द्रीय सरकार के लिये दो व्यवस्थापक सन्स्थायें बना दी गईं (१) कौंसिल आफ स्टेट जिसमें धनी पुरुषों तथा बड़े ज़मींदारों का का ही प्राबल्य रक्खा गया। (२) लेजिस्लेटिव एसेम्बली अर्थात् साधारण पुरुषों की सभा। प्रान्तों में एक व्यवस्थापक सभा बनाई गई और प्रान्तिक विषयों को 'रिज़र्वड' (संरक्षित) और ट्रान्सफर्ड (समर्पित) विभागों में बाँट दिया गया। समर्पित विषय "मिनिस्टरों" के हाथों में दे दिये गये। चुने हुये मेम्बरों में से ही मिनिस्टर नियोजित किये जाते रहे।

भिन्न भिन्न व्यवस्थापक सभाओं के सदस्यों की संख्या।
(गवरमेंट आफ, इण्डिया ऐक्ट १९१९)

सरकार या प्रांत	निर्वाचित	नियोजित	योग
भारत सरकार			
(१) लेजिस्लेटिव असेम्बली	१०३	४०	१४३
(२) कौंसिल आफ स्टेट	३३	२७	६०
मद्रास कौंसिल	९८	२९	१२७
बंगाल ,,	११३	२६	१३९
बम्बई ,,	८६	२५	१११
संयुक्तप्रांत ,,	१००	२३	१२३
पंजाब ,,	७१	२२	९३
बिहार उड़ीसा ,,	७६	२७	१०३
ब्रह्मा ,,	—	—	—
मध्यप्रांत बरार ,,	५४	१६	७०
आसाम ,,	३९	१४	५३

इस ऐक्ट की दफा ८४ (अ) में यह नियम रक्खा गया कि १० वर्ष के बाद पार्लियामेंट की दोनों सभाओं की अनुमति लेकर भारतमंत्री सम्राट के सामने ऐसे व्यक्तियों के नाम पेश करेगा जो "कमीशन" का कार्य करेंगे और इस बात की जांच करेंगे कि भारतवासियों को उत्तरदायी शासन की मात्रा कब और कितनी दी जावे। इसे "स्टेचुटरी" कमीशन कहते हैं।

इस धारा के अनुसार सन् १९२७ के अन्त में ब्रिटिश पार्लियामेंट द्वारा एक कमीशन जिसे "सायमन कमीशन" कहते हैं नियुक्त हुआ।

इस कमीशन की सहायता के लिये प्रान्तीय कौंसिलों के मेम्बरों द्वारा समितियाँ प्रांत में बनाई गईं और एक केन्द्रीय कमेटी भी बनाई गई जिसके सदस्य लेजिसलेटिव एसेम्बली के मेम्बरों द्वारा चुने गये। इस सेन्ट्रल कमेटी के सभापति सर शङ्करनायर बनाये गये।

नोटः—सन् १९१९ के ऐक्ट ने ब्रह्मा में कौंसिल स्थापित नहीं की। सन् १९२२ में एक नया ऐक्ट बनाया गया जिसके अनुसार ब्रह्मा भी गवर्नर के आधीन प्रांत बनाया गया और कौंसिल भी वहां स्थापित हुई। मेम्बरों की संख्या १०४ है जिसमें ७९ चुने हुये हैं।

७—गवर्नमेंट आफ इण्डिया ऐक्ट १९३५—इसी ऐक्ट के अनुसार वर्तमान शासन जारी है। इस ऐक्ट ने शासन में अनेक महत्वपूर्ण परिवर्तन किये (१) केन्द्रीय व्यवस्थापक सभा में देशी राज्यों के प्रतिनिधियों का समावेश (२) रेलवे शासन का पृथक्करण (३) प्रान्तों में स्वशासन (Provincial Autonomy) की स्थापना अर्थात् विभाजित शासन का अन्त। पार्टी पद्धति (Party system) पर शासन का आरंभ। बहुमत वाली पार्टी द्वारा मंत्री मंडल की योजना। (४) फिडरल कोर्ट की स्थापना (५) सिंध तथा उड़ीसा का नये प्रान्त बनाया जाना (६) बर्मा का पृथक्करण (७) बम्बई, मद्रास, बंगाल, युक्तप्रान्त, बिहार और आसाम प्रान्तों में दो व्यवस्थापक सभायें तथा अन्य प्रान्तों में एक की स्थापना। (८) व्यवस्थापक सभाओं में सदस्यों की संख्या की वृद्धि (९) भारत में ब्रिटिश सत्ता तथा स्वार्थों की रक्षा (Safeguards)

इस ऐक्ट का स्वरूप पूर्ण रूप से इस ग्रन्थ के भारतीय शासन विभाग में दिया गया है।

भारत में अंग्रेज़ी शासन

२—इतिहास—आरम्भ से १८५७ तक

वर्तमान अंग्रेजी शासन के जन्म और विकास का इतिहास अत्यन्त महत्वपूर्ण है और प्रत्येक मनुष्य को, जो वर्तमान राजनैतिक परिस्थिति को सूक्ष्म रीति से निरीक्षण करना चाहता है, जानना आवश्यक है । भारत में अंग्रेजों के आने का मूल उद्देश्य अथवा कारण शासन न था किन्तु केवल व्यापार । २४ अक्टूबर सन् १५९९ ई० में (अकबर के शासन काल में) इंग्लैंड में लन्दन के व्यापारियों ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी इस उद्देश्य से बनाई कि पूर्वी देशों से अधिक सुगमता से व्यापार कर सकें और उन्हें इंग्लैण्ड के राज्य की ओर से अधिकार पत्र (Charter) भी प्राप्त हुआ । इस कम्पनी का निमन्त्रण एक शासक (Governor) और उसके साथ दो कार्यकारिणी समतियों (१) कोर्ट आफ प्रोप्राय-टर्स (मालिकों की समिति) और (२) कोर्ट आफ डायरेक्टर्स (संचालकों की समिति) के हाथ में दिया गया । भारत में कम्पनी की फैक्टरियों और अन्य कार्य का प्रबन्ध तीन स्थानों से किया जाता था, मद्रास, बम्बई और कलकत्ता । प्रत्येक स्थान में एक गवर्नर और कम्पनी के उच्चाधिकारियों का एक मण्डल नियुक्त किया गया जो स्वतन्त्र रूप से प्रबन्ध करता था किन्तु इस कारण परस्पर द्वेष भाव उत्पन्न होने से कार्य में बड़ी गड़बड़ी होती थी ।

एक दूसरी अंग्रेजी कम्पनी ने भी दुकानें क़ायम कीं लेकिन सन् १७०८ के चार्टर से दोनों सम्मिलित हो गईं ।

औरङ्गज़ेब के शासन काल के पश्चात् भारत में केन्द्रीय शासन का अन्त हुआ और देश भर में अनेक शासक प्रान्त २ में उत्पन्न हो गये । मुसलमान और मराठों के द्वन्द युद्ध में अनेक शाखायें फूटीं । फ्रांसीसी व्यापारी और अंग्रेज़ व्यापारियों की उपस्थित ने स्थिति में अनेक ग्रन्थियां डाल दीं । परस्पर द्वेष भाव और प्रति-योगिता के कारण इन्होंने मराठों, निज़ाम, दिल्ली के मुगल बादशाहों, बङ्गाल के नवाबों के गृह युद्ध में स्वार्थ साधन के उद्देश्य को आगे रख कर

पक्ष लेने की उलट फेर युक्त चाल चलना आरम्भ किया जिससे गृह युद्ध ने दधिकाधों का स्वरूप धारण कर लिया।

ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने व्यापार के साथ साथ लड़ाई का काम भी आरंभ कर दिया और 'मिल' इतिहासकार के अनुसार अंग्रेजों ने बिना किसी कारण के तञ्जोर के नरेश प्रतापसिंह के विरुद्ध शाहाजी की जो स्वयं राज्य चाहता था सहायता की, उद्देश्य इतना ही था कि देहीकोटा मिल जावे। किन्तु लड़ाई में अंग्रेज़ बुरी तरह हारे। इस पर वे दुबारा लड़ने पर तैयार हुये। अन्ततः सुलह होगई और अंग्रेजों ने शाहाजी का साथ छोड़ दिया और प्रतापसिंह से जिस क़िले को वे चाहते थे पाया और साथ साथ रियासत भी जिसकी आमदनी ६००० पैगोडा थी पाई।

बङ्गाल में सिराजुद्दौला के राज्यारोहण से अंग्रेजों के स्वार्थ साधन में बाधा पड़ने लगी थी। लड़ाई का कारण पैदा होते देर न लगी। एक ज़मींदार ने मालगुज़ारी न दी इस पर नवाब की तरफ से उस पर अत्याचार हुये। वह भाग कर कलकत्ता चला गया। नवाब ने उसे अंग्रेजों से मांगा। उन्होंने इनकार कर दिया इस पर १८ जून १७५६ को सिराजुद्दौला ने कलकत्ते पर चढ़ाई करके फोर्ट विलियम ले लिया। हालवेल और बहुत से अंग्रेजी सैनिक पकड़े गये। मिल इतिहासकार का कहना है कि अंग्रेज लोग स्वयं कैदियों को उसी स्थान में रखते थे जिसमें वे रक्खे गये और उन्हीं ने नवाब के मनुष्यों को वह जगह बताई। ऐसा कहा जाता है कि १४६ आदमी एक कोठरी में बन्द कर दिये गये जिसमें केवल २३ आदमी जीवित रहे बाकी मर गये। इसी को "ब्लैक होल" दुर्घटना कहते हैं। यह वैसी ही दुर्घटना मालूम होती है जैसी सन् १९२१ में हुई जब मोपलाओं के दंगे में रेलगाड़ी के डिब्बे में अनेक क़ैदी भर दिये गये और उनमें से थोड़े छोड़ कर सब दम घुटने से मर गये। उपरोक्त दुर्घटना के कारण अंग्रेजों में बड़ा क्षोभ उत्पन्न हुआ और क्लाइव और वाटसन दक्षिण से भेजे गये। उन्होंने नवाब से फोर्ट विलियम वापिस ले लिया और कुछ धन भी लिया।

इसी समय फ्रान्स और इंगलैण्ड में लड़ाई आरम्भ होने से क्लाइव ने चन्द्रनगर पर धावा कर दिया। इस पर नवाब सिरजुद्दौला ने फ्रान्स की सहायता करनी चाही। क्लाइव ने यह देखकर नवाब के सेनापति मीरजाफर को यह लालच दिखाकर कि जीतने

पर तुम्हें नवाब बना देंगे अपनी तरफ फोड़ लिया। यह फोड़ी फाड़ी बंगाल के प्रसिद्ध सेठ ओमीचन्द्र के जरिये हुई थी। ३० लाख रुपया देना उसे कहा गया किन्तु उसका यह कहना था कि नवाब के खजाने से जो कुछ मिले उसमें से ५ रु० फी सैकड़ा मुझे मिले। यह बात क्लाइव के साथियों को पसन्द न थी परन्तु 'मिल' इतिहासकार कहता है कि क्लाइव ने दो संधियां बनाईं जिनमें एक में ओमीचन्द को कमीशन देने का इक़रार था और दूसरे में नहीं। एडमिरल वाटसन चूंकि इस जाल के ख़िलाफ़ था इसलिये क्लाइव ने उसके जाली दस्तख़त बना दिये। इस तैयारी के बाद नवाब से कड़े शब्दों में सब हानियों की पूर्ति मांगी गई। नवाब के इनकार करने पर क्लाइव ने धावा कर दिया। प्लासी का युद्ध हुआ जिसमें मीरजाफर ने धोखा दिया और सिराजुद्दौल हार गया। मीरजाफर बंगाल का नवाब बना दिया गया और कम्पनी को २३ लाख पौंड (३·४५ करोड़ रुपये) का धन मिला जिस में से क्लाइव को खुद २ लाख पौंड (३० लाख रुपया) का धन मिला।

मि० ब्रुक ऐडम्स अपनी पुस्तक "ला आफ सिविलीज़ेशन ऐन्ड डिके" में लिखते हैं कि "प्लासी की लड़ाई के बाद ही बंगाल की लूट का माल इंग्लैंड में पहुंचना शुरू हुआ और सब सिद्ध हस्तों का इस बात पर एक मत है कि इंग्लैंड में इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन (औद्योगिक क्रांति) १७६० में शुरू हुई।...........कदाचित जगत के आरंभ से किसी भी व्यवसाय में किसी भी देश को ऐसा लाभ नहीं हुआ जैसा इंग्लैण्ड को भारत की लूट से हुआ" स० १७५८ में क्लाइव गवरनर बनाया गया।

ईस्ट इण्डिया कम्पनी की लालच बढ़ती गयी जिसे मीरजाफर पूरा न कर सका। इसलिये उसे हटा कर उसका दामाद मीर क़ासिम नवाब बनाया गया कम्पनी के नौकर निजी व्यापार करते थे और नाजायज़ फायदा उठाते थे। मीर क़ासिम ने अपनी प्रजा और अंग्रेजों के लिये (जिन्हें पहिले टैक्स माफ थे) दोनों को समान करने के लिये कस्टम टैक्स माफ़ कर दिये। अंग्रेज व्यापारियों को यह बुरा लगा उन्होंने मीरकासिम को १७६३ में हटा दिया और मीरजाफ़र को फिर नवाब बना दिया। मीर जाफ़र सन् १७६५ में मरा और उसका पुत्र नजीमुद्दौला नवाब बनाया गया। कम्पनी के नौकरों ने नये नवाब से २० लाख रुपये की इनामें ले लीं

भारत में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के शासक।

नाम गवर्नर जनरल्स, फोर्ट विलियम, बंगाल	नियुक्ति
वारेन हेस्टिंग्स	२० अक्टूबर १७७४
सर जान मैकफरसन	८ फरवरी १७८५
अर्ल कर्नवालिस	१२ सितम्बर १७८६
सर जान शोर	२८ अक्टूबर १७९३
सर एलफ्रेड क्लार्क (स्थानापन्न)	१७ मार्च १७९८
अर्ल आफ मार्निंगटन (मारक्विस वेलज़ली)	१८ मई १७९८
मारक्विस कार्नवालिस (दूसरी बार)	३० जुलाई १८०५
कैप्टेन एल० ए० पी० ऐन्डर्सन, तथा सर जार्ज बारलो	१० अक्टूबर १८०५
लार्ड मिन्टो	३१ जुलाई १८०७
अर्ल आफ मोयरा (मारक्विस आफ हेसटिंग्स)	४ अक्टूबर १८१३
जान ऐडम (स्थानापन्न)	१३ जनवरी १८२३
लार्ड ऐमहर्स्ट	१ अगस्त १८२३
विलियम बटरवर्थ बेली (स्थानापन्न)	१३ मार्च १८२८
लार्ड बेनटिंक	४ जुलाई १८२८

नोट--ता० १४ नवम्बर १८३४ से लार्ड बेनटिंक गवर्नर जरनल, इण्डिया हुये।

नाम गवर्नर जनरल्स, इण्डिया।	नियुक्ति
लार्ड बेनटिंक	१४ नवम्बर १८३४
सर चार्ल्स मेटकाफ	२० मार्च १८३५
लार्ड आकलैंड	४ मार्च १८३६
लार्ड एलिनबरा	२८ फरवरी १८४२
विलियम विलबरफोर्स (स्थानापन्न)	१५ जून १८४४
सर हेनरी हार्डिंज (वाइकौंट)	२३ जुलाई १८४४
अर्ल आफ डलहौज़ी	१३ जनवरी १८४८
वाईकौंट कैनिंग	२९ फरवरी १८५६

नोट—१ मई १८५४ में बंगाल में लेफ्टिनेंट गवर्नर नियत हुआ उसी रोज़ से बङ्गाल का प्रेसीडेन्सी का अधिकारी गवर्नर जनरल नहीं रहा। ता० १ अप्रेल १९१२ को बंगाल में गवर्नर मुकर्रर हुआ और लेफ्टिनेन्ट गवर्नर की जगह तोड़ दी गई।

और कुल इंतिज़ाम कम्पनी के हाथों में देने के लिये मजबूर किया। इसके एवज़ में नवाब को ४५ लाख रुपया पेन्शन लगा दी गई।

इसी बीच में शाह आलम द्वितीय से अंग्रेजों ने बंगाल बिहार और उड़ीसा की दीवानी प्राप्त करली और उसे ३६ लाख रुपया की पेन्शन लगा दी। इस दीवानी की प्राप्ति से कंपनी को इन तीन प्रान्तों में शासनाधिकार पूर्ण रीति से प्राप्त हो गये। इस अधिकार का सबसे बड़ा उपयोग कम्पनी ने यह किया कि रेशम के कपड़े बुनने वालों को कपड़े बुनने की मनाई कर दी और इस मनाई को ऐसी सख़्ती से बरता गया कि थोड़े ही साल में बुनने का काम बिलकुल बन्द हो गया और इंग्लैण्ड से बुना हुआ कपड़ा उलटा भारत को आने लगा।

सन् १७७३ में लार्ड क्लाइव पर हाउस आफ कामन्स में रुपया खाने का अभियोग लगाया गया। वह बरी कर दिया गया परन्तु दुख के कारण उसने १७७४ में आत्मघात कर लिया।

स० १७७३ में रेगुलेटिंग एक्ट पास हुआ।

इस ऐक्ट के अनुसार सन् १७७४ में वारन हेस्टिंग्ज़ गवर्नर जनरल बनाया गया और वह सन् १७८५ तक रहा। कम्पनी की आर्थिक अवस्था अत्यन्त ख़राब थी। हेसटिंग्ज़ ने सब प्रकार से कम्पनी को धनी बनाने का प्रयत्न किया। इलाहाबाद और कोटा उसने नवाब अवध को ५० लाख रुपये में बेच दिये, दिल्ली के बादशाह की २६ लाख रुपये वाली पेन्शन बंद कर दी, अवध की बेगमों को लूट लिया। अवध के नवाब सिराजुद्दौला को हेसटिंग्ज़ ने ४ लाख पौंड पर अपनी अंग्रेज़ी फौज़ किराये पर दे दी और रुहेलों पर नवाब की फ़ौजों से मिलकर हमला कर दिया। सारा रुहेलखंड बरबाद कर दिया गया। अंग्रेज लोग निष्कारण हैदरअली (मैसूर) से भी लड़े परन्तु हार गये।

सन् १७८५ में वारेन हेसटिंग्ज़ के इंग्लैण्ड लौटने पर उस पर हाउस आफ कामन्स में उपरोक्त अत्याचारों के लिये मुक़दमा चलाया गया जो ७ वर्ष चला परन्तु अन्त में हेसटिंग्ज़ बरी कर दिया गया।

मि० मेकफ़रसन १७८५–८६ (कौंसिल के सीनियर मेम्बर) ने वारन हेसटिंग्ज़ के जाने पर २० महीने तक गवर्नर जनरल का काम किया।

लार्ड कार्नवालिस (१७८३–९३) ने, जो इसके बाद गवर्नर जनरल हुये, बंगाल में इस्तमरारी बन्दोबस्त

(Permanent Settlement) किया ।

सर जान शोर (१७९३–९८) गवर्नर जनरल ने किसी से हस्तक्षेप न करने की नीति चलाई । सरएलफ्रेड क्लार्क ने उसके जाने पर तीन महीने काम किया ।

मारक्विस आफ़ वेलेज़ली सन् १७९८ में गवर्नर जनरल हुये । उनका मुख्य उद्देश्य यह था कि अंग्रेज़ी शक्ति को भारत में सर्वोच्च शक्ति बना दें । उन्होंने देशी राज्यों के साथ संधियां और उप-संधियां करने की नीति चलाई इस नीति से धीरे २ उन्होंने क़रीब २ सब देशी नरेशों की रक्षा का प्रबन्ध अपने हाथों में ले लिया अर्थात् उनसे यह बात मन्जूर कराली कि उनकी रक्षा के लिये फ़ौज़ें अंग्रेज़ रक्खेंगे और वे ही उनकी तरफ़ से लड़ेंगे । देशी नरेश इसके लिये अंग्रेजों को सालाना ख़र्चा देंगे । यह नीति देशी राज्यों के लिये कितनी घातक सिद्ध हुई यह बात बताने की आवश्यकता नहीं ।

इस समय मराठों की शक्ति बड़ी बलवान थी । वेलेज़ली ने उसे तोड़ना चाहा और बराबर दो तीन साल तक प्रयत्न करते रहे कि श्रीमन्त पेशवे उनसे उपरोक्त प्रकार की संधि करलें परन्तु नानाफणनवीस प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ इस चाल में न आये । सन् १८०० में नाना फणनवीस की मृत्यु पर मराठे सरदारों में घरेलू युद्ध आरम्भ हुआ और यह मौक़ा देखकर वेलेज़ली ने श्रीमन्त पेशवे से सन्धि (बसीन) करली इस सन्धि के अनुसार श्रीमन्त पेशवे ने, कुल सैनिक प्रबन्ध अंग्रेज़ों के हाथ में देदिया । इस संधि के कारण द्वितीय मराठा युद्ध छिड़ गया । अंत में सिंधिया ने यमुना नदी के उत्तर का भाग अंग्रेजों को छोड़ दिया और शाह आलम दिल्ली के बादशाह को भी उन्हीं को दे दिया । वेलेज़ली ने बादशाह को इस युद्ध का फल भी नहीं दिया वरन् उसके कुल रहे सहे अधिकार भी नष्ट कर दिये । अंग्रेज़ों को भी इस युद्ध से बड़ी हानि पहुंची ।

वेलेज़ली वापिस बुला लिये गये और लार्ड कार्नवालिस दुबारा भेजे गये कि किसी तरह शांति स्थापित करें । वे पहुंचने के बाद ही गाज़ीपुर में मर गये ।

सर जार्ज बारलो ने कुछ रोज़ गवर्नर जनरल का कार्य किया । इनके शासन काल में १० जुलाई १८०६ को वेलोर में सिपाहियों ने ग़दर कर दिया ।

अर्ल मिंटो ने अंग्रेज़ी शासन को दृढ़ किया । जावा व मारीशस पर

BLOCKS & DESIGNS
for
Book Illustrations, Newspapers,
Magazines, Catalogues,
Charts and Commercial work
of every description.
CINEMA SLIDES
CALENDARS AND
LABELS.
QUALITY SERVICE IN
PROCESS ENGRAVING
XMAS, NEW YEAR,
ID, HOLI
AND
GREETING CARDS.
NAME PLATES for Furniture.
ADVERTISING NOVELTIES.
REMEMBER!
MAXWELL Co
66, La-Touche Road Lucknow.
FINE ART PRINTERS

भी हमला किया। उन्होंने महाराजा रणजीतसिंह "शेर पंजाब" से संधि की। इस समय भारत में सब से पहिला सत्याग्रह हुआ। बनारस में हाउस टैक्स लगाये जाने पर जनता ने घर छोड़ दिये और शहर के बाहर जा बसी। १५ दिन तक हड़ताल रही। सरकार को टैक्स बंद करना पड़ा।

लार्ड मोयरा मारकुइस आफ़ हेस्टिंग्स, (१८१३-२३) के शासन काल में श्रीमन्त पेशवे का कुल राज्य ले लिया गया। सिंधिया से नई सन्धि की गई और होलकर से भी उनके राज्य का कुछ भाग लिया गया। तीसरे मराठा युद्ध का यह सब फल था। इन्हीं गवर्नर जनरल के शासन काल में पुलिस टैक्स के कारण बलवा हुआ और नमक टैक्स के कारण अनेक स्थानों में दंगे हुये। नमक का मूल्य १४ आने मन से ६ रु० मन हो गया था।

लार्ड ऐम्हर्स्ट (१८२३–२८) के समय में ब्रह्म देश के अराकाना तथा अन्य प्रान्त अंग्रेज़ों को प्रथम बर्मा युद्ध के अन्त में मिले। गुजरात व कच्छ में अंग्रेज़ी राज्य के विरुद्ध दंगे हुये।

लार्ड बेनटिंक (१८२८–३४) के समय में चार्टर ऐक्ट १८३३ का पास हुआ जिसमें अन्य बातों के साथ यह तत्व भी रक्खा गया कि भारत का कोई निवासी केवल धर्म या निवास स्थान या रंग के कारण ही कम्पनी की किसी नौकरी या पद से वंचित न रक्खा जावेगा। बेनटिंक ने कुछ सुधार किये परन्तु देश की दरिद्रता के कारणों में वृद्धि होने के कारण देश दिन प्रति दिन दुर्बल ही होता गया।

सर चार्लस् मेटकाफ (१८३५-३६) के समय में समाचार पत्रों को आज़ादी दी गई।

लार्ड आकलैंड (१८३६–४२) ने अफ़ग़ानिस्तान में अपने एक पिट्ठू शाह शुजा को राजा बनाना चाहा और लड़ाई की परन्तु बुरी तरह हारे। इस पर वे वापिस बुलाये गये।

लार्ड एलेनबरा (१८४२–४४) ने अफ़ग़ानिस्तान को हराया। सिंध प्रान्त पर निष्कारण अधिकार कर लिया।

लार्ड हार्डिंज (१८४४–४८) ने सिक्खों से लड़ाई छेड़ दी और लाहौर प्रान्त पर अधिकार कर लिया।

लार्ड डलहौज़ी (१८४८–५६) ने नई नीति जिसे ज़ब्ती या हड़प नीति (Policy of the Lapse) कहते हैं जारी की। इस

नीति से सब देशी राज्यों के वारिस अंग्रेज़ बन बैठे। जिस देशी नरेश की मृत्यु हुई और उसने पुत्र न छोड़ा तो उसकी वारिस ईस्ट इंडिया कम्पनी बन गई। गोद लिये हुये लड़के नाजायज़ माने गये क्योंकि कम्पनी के धर्म में गोद लेने की प्रथा नहीं थी। इस न्याय (अथवा अन्याय) से सतारा, नागपूर, झांसी और अवध के राज्य हड़प कर लिये गये।

सन् १८५३ में कम्पनी का चार्टर बदल दिया गया। कोई मियाद इसमें नहीं रक्खी गई सिर्फ यह लिख दिया गया कि यह चार्टर तब तक जारी रहे जब तक पार्लियामेंट इसे बदल न दे। तब तक ब्रिटिश नरेश के लिये कम्पनी शासन करे।

वाइकौंट कैनिंग (१८५६–१८६२) के समय में भारत में विप्लव हुआ। इसे अंग्रेज़ी में "सिपाइ म्युटिनी" कहते हैं परन्तु वास्तव में अंग्रेज़ी शासन के विरुद्ध स्वतंत्रता का प्रथम संगठित युद्ध था जो अनेक कारणों से निष्फल हुआ। इस युद्ध में महारानी लक्ष्मीबाई (झांसी), नाना साहेब पेशवे, दिल्ली के शाहज़ादे तथा अनेक व्यक्ति सम्मिलित थे। अंग्रेज़ी सेना के देशी सिपाहियों का उभरना एक सामयिक बात थी। कारण पहिले से ही मौजूद थे। केयी और मेलेसन ने अपने इतिहास में कारणों को भली प्रकार दिया है।

इस साल के युद्ध के बाद देश में शांति स्थापित हुई और सन् १८५८ में भारत का शासन गवरमेंट आफ इण्डिया ऐक्ट के अनुसार ब्रिटिश नरेश के हाथों में ले लिया गया।

वाइसराय और गवर्नर जनरल आफ इण्डिया।

नाम	नियुक्ति
१ वाइकौंट कैनिंग	१ नवम्बर १८५८
२ अर्ल आफ एलगिन ऐन्ड किनकारडिन	१२ मार्च १८६२
३ सर रोबर्ट नेपियर	२१ नवम्बर १८६३
४ सर विलियम टी० डेनीसन	२ दिसम्बर १८६३
५ सर जान लारेन्स	१२ जनवरी १८६४
६ अर्ल आफ मेयो	१२ जनवरी १८६९
७ सर जान स्ट्रेची	९ फरवरी १८७२
८ लार्ड नेपियर आफ मर्चिसटाउन	२३ फरवरी १८७२
९ लार्ड नार्थब्रुक	३ मई १८७२
१० लार्ड लिटन	१२ अप्रेल १८७६
११ मारक्विस आफ रिपन	८ जून १८८०
१२ अर्ल आफ डफ़रिन	१३ दिसम्बर १८८४
१३ मारक्विस आफ लैन्सडाऊन	१० दिसम्बर १८८८
१४ अर्ल आफ एलगिन ऐन्ड किनकारडिन	२७ जनवरी १८९४
१५ लार्ड कर्ज़न	६ जनवरी १८९९
१६ लार्ड एम्पटिल	३० अप्रेल १९०४
१७ लार्ड कर्ज़न	१३ दिसम्बर १९०४
१८ अर्ल आफ मिंटो	१८ नवम्बर १९०५
१९ बैरन हार्डिज आफ पैन्सहर्स्ट	२३ नवम्बर १९१०
२० लार्ड चेम्सफोर्ड	५ अप्रैल १९१६
२१ लार्ड रीडिंग	३ अप्रैल १९२१
२२ लार्ड अर्विन	४ अप्रेल १९२६
२३ लार्ड विलिंगडन	४ अप्रेल १९३१
२४ मारक्विस आफ लिनलिथगो	४ अप्रेल १९३६

सेक्रेटरी आफ़ स्टेट फ़ार इण्डिया।

(भारत मन्त्री)

नाम	नियुक्ति
१ लार्ड स्टेनले	२ सितम्बर ८५८
२ सर चार्ल्स वुड	१८ जून १८५६
३ अर्ल डिग्रे और रिपन	१६ फरवरी १८६६
४ वाईकौंट क्रेनबोर्न	६ जुलाई १८६६
५ सर स्टैफर्ड नार्थकोट	८ मार्च १८६७
६ ड्यूक आफ आरगाइल	६ दिसम्बर १८६८
७ मारक्विस आफ सैलिसबरी	२१ फरवरी १८७४
८ वाईकौंट क्रेनब्रुक	२ अप्रेल १८७८
९ मारक्विस आफ हारटिंगटन	२८ अप्रैल १८८०
१० अर्ल आफ किम्बरले	१६ दिसम्बर १८८२
११ लार्ड रैंडलफ चर्चहिल	२४ जून १८८५
१२ अर्ल आफ किम्बरले	६ फरवरी १८८६
१३ वाइकौंट क्रास	३ अगस्त १८८६
१४ अर्ल आफ किम्बरले	१८ अगस्त १८९२
१५ सर हेनरी फ्लावर	१० मार्च १८९४
१६ लार्ड जार्ज हैमिलटन	४ जुलाई १८९५
१७ वाइकौंट मोरले	११ दिसम्बर १९०५
१८ अर्ल आफ क्रू	७ नवम्बर १९१०
१९ वाइकौंट मोरले	७ मार्च १९११
२० अर्ल आफ क्रू	२५ मई १९११
२१ आस्टिन चेम्बरलेन	२६ मई १९१५
२२ ई. एस. मान्टेगू	२० जुलाई १९१७
२३ वाइकौंट पील	२१ मार्च १९२२
२४ लार्ड आलिवियर	२३ जुलाई १९२४
२५ अर्ल आफ बर्किनहेर	७ नवम्बर १९२४
२६ वाइकौंट पील	१८ अक्टूबर १९२८
२७ डबलू वेजवुडबेन	जून १९२९
२८ सर सेमुअल होर	१९३१
२९ लार्ड ज़ेटलैंड	१९३५

भारत में अंग्रेज़ी शासन।

३—इतिहास—ब्रिटिश नरेश के आधीन।

१८५८ से वर्तमान काल तक।

१ दिसम्बर १८५८ को इलाहाबाद में एक बड़ा दरबार किया गया और शाही फ़रमान द्वारा घोषित किया गया कि रानी विक्टोरिया ने भारत का शासन अपने हाथ में ले लिया है। घोषणा में यह बताया गया कि सब की सम्पत्ति सुरक्षित रक्खी जावेगी और योरोपियन और भारतीयों को समानाधिकार प्राप्त होंगे। उस समय भारतवासियों में से अनेकों को यह प्रतीत हुआ था कि उनके दुःखों का अन्त आ गया परन्तु थोड़े ही वर्षों के पश्चात् यह स्पष्ट होने लगा कि पुरानी शासन पद्धत्ति में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। कोर्ट आफ डायरेक्टर्स के बदले सेक्रेटरी आफ स्टेट का निरंकुश शासन प्रारम्भ हुआ। भारतीय प्रजा निःशस्त्र कर दी गई। और भारत का शासन नौकरशाही की स्वेच्छा पर निर्भर कर दिया गया।

लार्ड कैनिंग सन् १८६२ में चले गये और उनकी जगह पर लार्ड ऐलगिन ने केवल थोड़े महीने कार्य किया।

सर जान लारेन्स (१८६२-६९) ने सुलह करने की नीति चलाई। इन के शासन काल में दो बड़े ज़बरदस्त दुर्भिक्ष पड़े। उड़ीसा (१८६६) और बुन्देलखण्ड (१८६८-६९) दोनों प्रान्त तबाह हो गये।

लार्ड मेयो (१८६९-७२) ने एग्रीकलचरल डिपार्टमेंट (खेती विभाग) क़ायम किया। इस विभाग की उपयोगिता भारतवासियों के लिये आज तक कुछ नहीं हुई है यद्यपि लाखों रुपया हर साल इस विभाग के कर्मचारियों को बड़ी २ तनख्वाहें देने में ख़र्च किये जाते हैं। लार्ड मेयो ने प्रान्तीय जमा ख़र्च के हिसाब रखने का सिलसिला चलाया। इनके शासन काल में बाबा रामसिंह ने खालसा (सिंह) लोगों को अंग्रेजों के विरुद्ध खड़ा किया परन्तु सरकार

द्वारा उनका दमन किया गया। सरकारी नौकरों ने अनेकों अत्याचार किये उनमें से एक उदाहरण यह है कि जलंधर के डिपुटी कमिश्नर मि० कोवन ने ४६ सिक्खों को निर्दयता पूर्वक तोप से उड़ा दिया।

लार्ड नार्थब्रुक (१८७२-७६) ने भारतीयों के साथ कुछ सहृदयता प्रदर्शित की किन्तु अंग्रेजी नौकरशाही ने उनका विरोध किया। इन्हीं के शासन काल में प्रिंस एडवर्ड (युवराज) भारत में भ्रमण करने आये। उनके लिये देश भर में स्वागत के लिये नौकर शाही द्वारा प्रबन्ध किया गया। बाबू कृष्टोदास पाल ने युवराज के नाम एक खुली चिट्ठी प्रकाशित की और स्वागत करते हुये यह बताया कि नौकर शाही उन्हें भारत की असली परिस्थिति नहीं बता रही है। सारी सजावट केवल बनावट है। भारतीय दिन प्रति दिन निर्धन हो रहे हैं और इस निर्धनता का कारण दुःशासन है। अफ़ग़ानिस्तान में अंग्रेज़ी कमीशन भेजने से इनकार करने के कारण लार्ड नार्थब्रुक ने इस्तीफा दे दिया (१८७६)।

लार्ड लिटन (१८७६-८०) के शासन काल में बड़ी फ़िजूल ख़र्ची की गई। दक्षिण भारत में ज़बरदस्त अकाल होने पर भी लाखों रुपया दिल्ली दरबार (१८७७) में उड़ाया गया। इसके साथ २ काबुल पर निष्कारण हमला किया गया जिसमें सर लुइ केवेगनेरी और उनके साथियों का बध हुआ और द्वितीय अफ़ग़ान युद्ध छिड़ गया। रूसी हौआ बता कर फ़ौज ख़ूब बढ़ा ली गई, और सीमाप्रान्त में बड़ी भारी फौज एकत्र की गई जो मौका पड़ने पर हार गई। देशी भाषाओं के समाचार पत्रों पर दमन आरम्भ किया गया, लंकाशायर को प्रसन्न करने के लिये रुई के माल पर आयात कर बन्द कर दिया गया और शस्त्रों का क़ानून (Arms Act) बनाया गया।

लार्ड रिपन (१८ ०-८४) ने देशी भाषा के समाचार पत्रों सम्बन्धी प्रेस ऐक्ट रद्द कर दिया और म्यूनिसपल और ज़िला बोर्ड स्थापित कराये। भारतीय और अंग्रेजी दोनों के मुक़दमे भारतीय मजिस्ट्रेटों के सामने ही हों ऐसा एक बिल 'इलवर्ट बिल' इम्पीरियल लेजिसलेटिव कौंसिल में पेश किया गया जिस पर अंग्रेजों ने घोर आन्दोलन किया और यहाँ तक असंतुष्ट हुये कि वाइसराय को पकड़ कर और जहाज़ में रखकर इंग्लैण्ड भेज देने के लिये कुछ अंग्रेज़ों ने सलाह भी करली। इस कारण बिल पास न हो सका। अंग्रेज़ खुद को

भारतियों के समान नीचा कैसे बना ले सकते थे।

लार्ड डफ़रिन (१८८४-९२) ने ब्रह्म देश के साथ लड़ाई छेड़ दी और रूस से लड़ने के लिये तैयारियाँ कीं। इन्हीं वाइसराय के समय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस स्थापित की गई (१८८५)। लार्ड डफ़रिन ने कांग्रेस के स्थापित होने में बड़ी कठिनाइयां डालीं और मि० ह्यूम से जो पत्र व्यवहार किया वह पढ़ने योग्य है। अंग्रेज़ी शासन के विरुद्ध संगठित रूप से इन्हीं वाइसराय के शासन काल में पहिले पहिल आवाज़ उठाई गई।

लार्ड लैन्सडाऊन (१८९२-९४) ने भी लार्ड डफ़रिन की नीति चलाई अंग्रेज़ी राज्य की सीमा सब प्रकार बढ़ाने का प्रयत्न किया गया। पश्चिमोत्तर सीमा का बहुत सा प्रदेश अमीर अफ़गानिस्तान की इच्छा के विरुद्ध दबा लिया। मनीपुर के राजा पर भी अत्याचार किया गया। काश्मीर के महाराज को भी गद्दी से उतार दिया गया। 'अमृत बाज़ार पत्रिका' में इस सम्बन्ध में बड़ी कड़ी आलोचनायें निकलीं यहां तक कि लार्ड लैन्सडाऊन के हाथ के लिखे हुये पत्र की एक नकल भी प्रकाशित कर दी गई जिसमें उक्त वाइसराय का सरासर अन्याय दिखाई देता था। इसी कारण "आफिस सीक्रेट एक्ट" पास किया गया। इस ऐक्ट के अनुसार सरकारी गुप्त चिट्ठी पत्री प्रकाशित करना जुर्म क़रार दिया गया।

लार्ड एलगिन (१८९४-९९) के आने पर सरकारी जमा ख़र्च में सवा दो करोड़ की घटी मालूम पड़ी जिसके कारण अनेक वस्तुओं पर आयात कर लगाया गया परन्तु रुई के माल पर नहीं लगाया गया। रुपया की दर कम होते २ इस समय १ शिलिंग १ पेनी हो गई (१८९५)। सीमा-प्रान्त पर अनेक झगड़े हुये। स० १८९५ में चितराल में जो ब्रिटिश ऐजेंट था वह घेर लिया गया। मुश्किल से छुड़ाया जा सका। १८९७ में बज़ीर स्वातों और मुहम्मदी लोगों ने मक्के पर हमला कर दिया और अफ़्रीदियों नें ख़ैबर पास रोक लिया। इस झगड़े में क़रीब १०००० अफ़सर और सिपाही मारे गये भारत पर इन सब लड़ाइयों का ख़र्चा लद गया और १८८६-८७ में दुर्भिक्ष के कारण भारत, अत्यन्त दुःखी हो गया। इसी समय में बम्बई प्रान्त में बड़े ज़ोर शोर से प्लेग आरम्भ हुआ। सरकारी कर्मचारियों ने जनता से बड़ा बुरा व्यवहार किया। पूना में

इसी कारण मि० रैंड का खून भी हुआ। भारत के दुःख धीरे २ अंग्रेज़ी शासन में बढ़ते ही गये। लेकिन शासकों ने इस ओर ध्यान ही न दिया।

लार्ड कर्ज़न (१८९९-१९०५) ने आकर खुल्लम खुल्ला भारतियों के विचारों तथा इच्छाओं की अवहेलना आरम्भ कर दी। स्थानीय स्वराज्य की जड़ काट दी। भारतियों को झूठा और नीच कहने लगे। नौकर शाही के अधिकार बढ़ा दिये। यूनीवर्सिटियों पर अफसरी अधिकार जमाया गया। प्रान्तीय नौकरियों के लिये परीक्षायें जो ली जाती थीं वे बन्द कर दी गईं। इसके अतिरिक्त हिन्दू मुसलमानों में भेद डालने के लिये और बंगालियों का जोर तोड़ने के लिये बंगाल प्रान्त के दो टुकड़े कर दिये गये। इस नीति से सारे देश में असन्तोष छा गया और स्वदेशी तथा बायकाट आन्दोलन बड़ी तीव्रता से चलने लगे। अदालतों का बायकाट भी किया गया और पंचायत बोर्ड भी स्थापित हुये। १६ अक्टूबर १९०५ को देश में हड़ताल हुई और विदेशी वस्तु का बायकाट और स्वदेशी के ग्रहण की शपथ लाखों मनुष्यों ने ली।

लार्ड किचनर से फ़ौजी मुहकमें पर भारत सरकार की देख रेख सम्बन्धी झगड़े के कारण स० १९०५ में लार्ड कर्ज़न ने स्तीफ़ा दे दिया।

लार्ड मिन्टो (१९०५-१०) के आने से भारत में दमन नीति का स्वरूप उग्र हो गया। प्रजा के नेताओं की धड़पकड़ आरम्भ हुई अनेक बिना कारण पकड़े गये। लाला लाजपतराय निर्वासित किये गये। श्री० अरविन्द घोष तथा विपिन चन्द्रपाल गिरफ़्तार हुये। लो० तिलक को कड़ी सजा दी गई। नये २ ऐक्ट पास किये गये जिनके द्वारा जनता के अधिकार कुचले गये, उदाहरणार्थ, "इक्सप्लोसिव ऐक्ट", राज्यद्रोही सभाओं के मनाई सम्बन्धी क़ानून 'क्रिमिनल ला एमेंडमेंट ऐक्ट' इत्यादि।

इस शासन काल में यदि कोई अच्छा कार्य कहा जा सकता है तो वह यह था कि कौंसिलों का स्वरूप कुछ विस्तृत कर दिया गया। उन्हें "मोरले मिंटो" सुधार कहते हैं।

लार्ड हार्डिंग (१९१०-१६) के समय में कोई विशेष कार्य नहीं हुआ। सन् १९११ में सम्राट पंचमजार्ज भारत में आये और बंग-भंग रद्द कर दिया गया। सन् १९१३ में दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के साथ अनुचित व्यवहार होने के कारण आन्दोलन आरम्भ हुआ। सन् १९१४ में जर्मन

युद्ध शुरू हुआ और भारत से सब प्रकार की सहायता, धन और मनुष्य लिये गये।

लार्ड चेम्स फोर्ड (१९१६-२१) के समय में क़ानून द्वारा दमन की मात्रा बहुत बढ़ गई। डिफेन्स आफ इण्डिया ऐक्ट पास करके राजनैतिक आन्दोलन को दबाने का कार्य किया गया। मिसेज़ बेसेन्ट जार्ज एरंडेल एच. वाडिया नज़र क़ैद किये गये। होमरूल आन्दोलन ने जोर पकड़ा और कांग्रेस के दोनों पक्ष नरम व गरम लखनऊ में (१९१६) एक हो गये। भारत ने स्वराज्य की मांग एक स्वर से की। इम्पीरियल लेजिसलेटिव कौंसिल के १९ सदस्यों ने राष्ट्रीय मांग का मसौदा विलायत भेजा।

२० अगस्त १९१७ को ब्रिटिश पर्लियामेंट में मि० मान्टेग्यू भारत मन्त्री ने घोषणा की।

"सम्राट के सरकार की यह नीति है और इस नीति से भारत सरकार पूर्णतया सहमत है कि राज्य-प्रबन्ध के प्रत्येक विभाग में भारतीयों की संख्या बढ़ाई जाय और क्रमशः स्वशासन की संस्थाओं की बढ़ती हो जिससे कि ब्रिटिश साम्राज्य का अंश रहते हुये भारत में उत्तरदायी शासन पद्धति का दिनों दिन विकास हो। सम्राट की सरकार ने यह निश्चय कर लिया है कि यथासम्भव शीघ्र ही इस ओर यथार्थ कार्य किया जायगा और क्रमशः पद्धति निर्णय करने के लिये यह अत्यावश्यक है कि पहले आंग्ल देश के अधिकारियों और भारत के कर्मचारियों में पूर्णतया बहस हो ले। अतः सम्राट की सम्मति से सरकार ने यह निश्चय किया है कि वाइसराय का निमन्त्रण स्वीकार कर मैं भारत जाऊँ और वाइसराय और भारत सरकार से इस सम्बन्ध में बहस करूँ और वाइसराय के साथ साथ प्रान्तीय सरकारों की राय भी लूँ और प्रतिनिधिक संस्थाओं आदि के विचारों को भी सुनूँ।

"यह कहना ज़रूरी है कि इस नीति के अनुसार उन्नति धीरे २ मंजिल दर मंजिल ही हो सकती है। ब्रिटिश सरकार और भारत सरकार जिनके ऊपर भारतवासियों के कल्याण और उत्कर्ष की जिम्मेदारी है वे ही उन्नतिक्रम के समय और सीमा का निर्णय करेंगे। यह निर्णय इस बात पर निर्भर होगा कि कहां तक उन लोगों की सहायता मिलती है जिनको कि सेवा के नये अवकाश मिलेंगे और उनके उत्तरदायित्व के भाव पर कहाँ तक भरोसा किया जा सकता है।

"हमारे प्रस्तावों पर जनता की ओर से बहस और आलोचना होने का पर्याप्त अवसर दिया जायगा और ये प्रस्ताव उपयुक्त समय पर पार्लियामेंट के सम्मुख उपस्थित किये जायँगे।"

इसके पश्चात मि० मांटेगू भारत में आये और अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मिले। राष्ट्रीय महासभा और मुस्लिम लीग ने एक संयुक्त योजना पेश की जिसे "कांग्रेस लीग स्कीम" कहते हैं मिस्टर मांटेगू ने जो रिपोर्ट पेश की उसे मांटेगुचेम्सफोर्ड रिपोर्ट आफ रिफार्मेस कहते हैं। तीन कमेटियों ने भी इन सुधारों के सम्बन्ध में काम किया था जिनकी जांच पार्लियामेंट की दोनों सभाओं की एक ज्वाइंट कमेटी ने की। इन सब कमेटियों की सामग्री के आधार पर १६१६ में "गवरन्मेंट आफ इण्डिया ऐक्ट" पास किया गया।

जब कि शासन सुधार सम्बन्धी जांच जारी थी सरकार ने एक दमनकारी ऐक्ट पास किया जिसे "काला ऐक्ट" और "रौलेट ऐक्ट" भी कहते हैं। इसका परिणाम बड़ा भयङ्कर हुआ। सारे भारतवर्ष में आग सी लग गई। असन्तोष की सीमा न रही। जबरदस्त आन्दोलन खड़ा हो गया। पञ्जाब में सरकार ने आन्दोलन को अत्याचारों द्वारा दबाया। जलियानवाला बाग में निर्दोषी तथा निशस्त्र जनता पर जनरल डायर ने गोलियाँ चलाईं बाद को "मारशल ला" भी जारी कर दिया गया। अमृतसर में इज्जतदार मनुष्यों को पेट के बल रिंगाया गया और कोड़े लगवाये गये। स्त्रियों और बच्चों पर भारी अत्याचार किया गया। ला० हरकिशनलाल, डा० किचलू प्रभृति सज्जनों को कड़ी सजायें दी गईं। महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आन्दोलन को भारतीय जनता ने स्वीकार कर लिया और देश भर में असहयोग की हवा फैल गई। इधर सरकार ने टर्की के विरुद्ध अपनी नीति प्रकट रूप से करती जिसकी वजह से भारतीय मुसलमान भी सरकार के विरुद्ध हो गये और खिलाफत कमेटी की स्थापना हुई। मुसलमानों ने भी असहयोग आन्दोलन में अग्रसर भाग लिया। अफगानिस्तान में अमीर हबीबुल्लाह खां को किसी ने मार डाला थोड़ी गड़बड़ी के बाद अमीर अमानुल्लाह खां राज्यारूढ़ हुये और उन्होंने भारत की पश्चिमोत्तर सीमा पर आक्रमण कर दिया। फलतः अंग्रेज़ों को अमीर अफगानिस्तान को पूर्ण स्वतंत्र मानना पड़ा।

लार्ड रीडिंग (१६२१-२६) ने शुरू में यह प्रकट किया कि वे भारत से मिलकर कार्य चलावेंगे । ये वाइसराय अन्त में बड़े कूट नीतिज्ञ सिद्ध हुये । इन्होंने महात्मा गान्धी से मुलाकात की और कुछ दिनों तक असहयोग में किसी प्रकार की बाधा न डाली । किन्तु थोड़े ही दिनों के बाद दमन नीति का बड़ी कड़ाई के साथ उपयोग किया । असहयोग आन्दोलन को तोड़ने के लिये उन्होंने अनेक भारतियों को लालच दिखाकर अपनी ओर कर लिया । स्वार्थी लोगों ने जिलों में अमन सभायें खोलीं । नरमदल वालों ने भारतियों का साथ असहयोग में नहीं दिया और सरकार में मिले रहे । यू० पी० व बंगाल में क्रिमिनल ला एमेंडमैंट ऐक्ट द्वारा सैकड़ों मनुष्य गिरफ़्तार किये गये । कांग्रेस के वालिंटियर ग़ैर क़ानूनी बना दिये गये । पण्डित मोतीलाल नेहरू, श्री० सी० आर० दास तथा अन्य प्रमुख नेता जेल भेज दिये गये । आन्दोलन असह्य होने के कारण सरकार ने महात्मा गांधी पर भी राज्य-द्रोह का मामला चला दिया और सज़ा दे दी । सरकार ने रेगुलेशन १८१८ का उपयोग बंगाल में किया और बिना मुकद्दमों के सहस्रों युवकों को नज़र कैद कर दिया ।

लार्ड रीडिंग के प्रारंभिक शासन काल में एक बड़ी भारी घटना मलावार प्रान्त में हो गई । मलावार के मुसलमान निवासी जो मोपला कहलाते हैं हिन्दू संगठन तथा शुद्धि कार्य के कारण भड़क उठे और दंगा फिसाद करना उन लोगों ने आरम्भ कर दिया । हिन्दुओं पर अनेक प्रकार के अत्याचार किये गये । हिन्दुओं के बच्चों और स्त्रियों को भ्रष्ट किया गया और जबरदस्ती मुसलमान बनाया गया सरकार ने भी मोपलाओं को अनेक रीति से दबाया । एक दुर्घटना इस प्रकार हुई जो 'ब्लैक' होल घटना के बराबरी की कही जा सकती है । सौ से अधिक मोपला कैदी एक वेगन में जिस की लम्बाई १८ फुट और चौड़ाई ६ फुट थी भर दिये गये । उन्हें पानी नहीं दिया गया । हवा भी उन्हें नहीं मिली । ७० से अधिक दम घुटने से मर गये । रास्ते में प्यास के मारे उन्होंने एक दूसरे को काट खाया । यह दुर्घटना (१६२१) में हुई ।

इसी सन् में युवराज प्रिन्स आफ वेल्स भारत में आये परन्तु भारत भर में उनका वायकाट किया । इसी प्रकार भारतवर्ष की जनता ने असहयोग के कारण कौंसिलों और अदालतों का वायकाट किया था ।

लार्ड इरविन (१९२६–३१) ने आकर भारतीयों से अपील की कि वे सरकार से मिलकर काम करें। परन्तु जब सायमन कमीशन अक्टूबर सन १९२७ में नियत हुआ उसमें एक भी भारतीय नहीं रक्खा गया। देशी राज्यों के अंग्रेजी सत्ता से सम्बन्धों की जांच के लिये एक कमेटी भी नियत हुई जिसे बटलर कमेटी कहते हैं। सायमन कमीशन का बायकाट सारी जनता ने स्वीकार कर लिया और इस बायकाट में सब प्रकार के राजनैतिक दल सम्मिलित हुये। सर्वदल सम्मेलन ने एक कमेटी नियत की जिसने भारतीय शासन का एक मसौदा तैयार किया जिसे नेहरू कमेटी रिपोर्ट कहते हैं।

१९२८ की कांग्रेस ने नेहरू रिपोट को मन्जूर करते हुये यह प्रस्ताव पास किया कि अगर ३१ दिसम्बर १९२९ तक सरकार ने नेहरू रिपोर्ट में दिया हुआ डोमीनियन स्टेटस भारत को न दिया तो कांग्रेस अपना ध्येय पूर्ण स्वाधीनता बना लेगी सन् १९२९ में बराबर इसी शासन की प्राप्ति के लिये आन्दोलन होता रहा। लार्ड इरविन ने राजनैतिक आन्दोलन दबाने के लिये दो बड़े मुकद्दमे चलाये (१) लाहौर षडयन्त्र। (२) मेरठ षडयन्त्र। इनके अतिरिक्त भी सैकड़ों मनुष्यों पर राजनैतिक मुकदमे चलाये गये और वे जेल भेजे गये। राजनैतिक वातावरण अधिक गरम हो जाने के कारण लार्ड इरविन विलायत गये और उन्होंने दिसम्बर १९२९ में एक घोषणा निकाली कि ब्रिटिश सरकार का लक्ष भारत को औपनिवेशिक स्वराज्य देने का है किन्तु उन्होंने कोई अवधि नहीं बताई कि कब दिया जायगा। भारत के नेताओं ने सन्तोष प्रदर्शित करते हुये ४ शर्तें पेश कीं जिनके मन्जूर होने पर भारतीय नेता गोलमेज कांफ्रेंस में शरीक होंगे। शर्तें मन्जूर नहीं हुईं। फिर महात्मा गान्धी और पं० मोतीलाल नेहरू २२ दिसम्बर १९२९ को वाइसराय से दिल्ली में मिले। उसी रोज सुबह को किसी ने वाइसराय की ट्रेन के नीचे बिजली के तार के जरिये बम चला दिया। दोपहर को मुलाकात में वाइसराय ने सन्तोष जनक उत्तर नहीं दिया। विवश होकर महात्मा गांधी ने कांग्रेस में पूर्ण स्वाधीनता का प्रस्ताव पेश कर दिया जो मन्जूर हुआ और कांग्रेस का अब ध्येय पूर्ण स्वाधीनता है। कांग्रेस वरकिंग कमेटी के नियमानुसार २६ जनवरी १९३० को "स्वतन्त्रता दिवस" मनाया गया और एक वक्तव्य आम सभाओं में

पढ़ा गया। महात्मा गान्धी ने सरकार के सामने ११ मागें पेश कीं। इसके पहले २५ जनवरी को वाइसराय ने भी एक वक्तव्य प्रकाशित किया था। जिसमें कहा गया था कि राउण्ड टेबिल कांफ्रेंस जाड़े के पहले की जावेगी तथा जब तक पार्लियामेंट सायमन कमीशन की रिपोर्ट पर विचार न कर लेगी तब तक यह नहीं कहा जा सकता कि ब्रिटिश सरकार की क्या नीति होगी। १५ फरवरी सन् १९३० ई० को वर्किंग कमेटी ने देशव्यापी सत्याग्रह आन्दोलन आरम्भ करने का निश्चय किया। ता० १२ मार्च १९३० को महात्मा गान्धी अपने ७९ साथियों के साथ नमक क़ानून तोड़ने के निमित्त डंडी की ओर रवाना हुये और देश भर में सत्याग्रह आरम्भ हो गया और सहस्त्रों घर, नारी, तथा बालक बालिकायें देश प्रेम की बलबेदी पर चढ़ गये। जेलें भरी जाने लगीं। जून में सायमन रिपोर्ट प्रकाशित हुई। १२ नवम्बर १९३० ई० से प्रथम राउण्ड टेबिल कांग्रेस आरम्भ हुई जिसमें सरकार द्वारा नियोजित सदस्य सम्मिलित हुये। सत्याग्रह आन्दोलन ज़ोर पकड़ता गया। डा० सप्रू तथा श्री जयकर ने कांग्रेस तथा सरकार के बीच संधि कराने का प्रयत्न किया किन्तु निष्फल रहे। सरकार द्वारा अनेक "आर्डीनेंन्स" भी बनाये गये। २५ जनवरी १९३१ को वाइसराय ने वर्किंग कमेटी के सदस्यों को जेल से रिहा कर दिया। अनेक कठनाइयों के बाद महात्मा गान्धी व लार्ड यरविन में परामर्श होकर कांग्रेस व सरकार के बीच संधि हुई। जिसे "गांधी-इरविन" संधि कहते हैं।

लार्ड विलिंगडन (१९३१–१९३६) ने आकर आरम्भ में लार्ड इरविन की शांतिनीति का अवलंबन किया और महात्मा गांधी कांग्रेस के प्रतिनिधि होकर द्वितीय राउण्ड टेबिल कान्फ्रेंस में लंदन गये। उनके साथ पं० मदन मोहन मालवीय तथा श्रीमती सरोजिनी नायडू भी गईं किंतु भारतीय दृष्टि से कोई फल नहीं हुआ। सरकार द्वारा नियोजित सदस्यों में मतभेद रहा और हिंदू-मुसलिम समस्या सुलझ न सकी। इसका निर्णय मि० रेमज़े मेकडानेल्ड के हाथ में दे दिया गया। यह निर्णय "साम्प्रदायिक निर्णय" (Communal award) कहलाता है। लार्ड विलिंगडन की नीति से असंतोष बढ़ता ही गया और महात्मा गांधी के लौटने तक भारत में स्थिति बहुत बिगड़ गई और १९३२ के आरम्भ में भारत भर में सत्याग्रह आन्दोलन तीव्रता से

चलने लगा और ब्रिटिश सरकार को बड़ी भयंकर परिस्थिति का सामना करना पड़ा। व्यवस्थापक सभाओं का कांग्रेस द्वारा बायकाट होने से सरकार के पृष्ठपोषक उनमें भरे गये और सरकार की दमन नीति में उन्होंने पूरा साथ दिया। इसबार सरकार की ओर से "लाठी चार्ज" मारपीट आदि का उपयोग पूरी तौर पर किया गया किंतु भारतवासी नहीं दबे। लार्ड विलिंगडन को नीति बदलनी पड़ी और धीरे २ दमन करना पड़ा। फलतः स० १९३४ साल के मध्य में सत्याग्रह आन्दोलन स्थगित कर दिया गया सरकार ने कांग्रेस संस्था तथा उसकी कार्य कारिणी को गैर कानूनी घोषित कर दिया था किंतु भारतीयों ने जान पर खेल कर भी वार्षिक अधिवेशन करांची (१९३१), दिल्ली (१९३२), और कलकत्ता (१९३३) में किये थे। सत्याग्रह के स्थगित होने के बाद केन्द्रीय लेजिस-लेटिव एसेम्बली के चुनाव के संबंध में रांची तथा पटना में राष्ट्रीय नेताओं की कान्फ्रेंसें होकर वह निश्चित किया गया कि कांग्रेस चुनाव में भाग लें और ऐसा ही हुआ। चुनाव में कांग्रेस यशस्वी रही और कांग्रेसी सदस्य पर्याप्त संख्या में चुने गये। महात्मा गांधी कुछ काल के लिये कांग्रेस से अलग हो गये। पं० जवाहरलाल ने भारत भर में साम्यवाद मतों का प्रचार किया। स० १९३५ में गवरन्मेन्ट आफ इंडिया ऐक्ट पास हुआ और कांग्रेस ने नये शासन विधान के अनुसार प्रान्तीय व्यवस्थापक सभाओं के निर्वाचन में भाग लेने का निश्चय किया।

लार्ड लिनलिथगो (१९३६) अप्रैल में वाइसराव व गवर्नर जनरल होकर आये। कांग्रेस ने (१९३७) बम्बई, मद्रास, बिहार; उड़ीसा, संयुक्तप्रांन्त और मध्यप्रान्त में बहुत बड़े बहुमत से विजय पायी। वार्ड लिनलिथ गो की नीति कुछ स्पष्ट नहीं है और जैसी आशा की जाती थी कि लार्ड विलिंगडन की नीति में परिवर्तन होगा वह पूरी नहीं हुई। "मंत्री पद ग्रहण समस्या पर भी उनके आने के पहिले से भारत में बड़ी उत्तेजना थी किंतु वाइसराय ने बहुत काल तक मौन रहना ही उचित समझा। इस कारण भारत में बड़ा असंतोष रहा और जहां कांग्रेस के सदस्य बहुमत में थे उन प्रान्तों में थी अल्प संख्यक पार्टी के मंत्री बनाये गये। अन्त में जब कांग्रेस ने यह अंतिम रीति से निश्चित कर दिया कि जब तक प्रान्तीय गवरनर इस बात का आश्वासन न देंगे कि

मंत्रियों के अधिकारों में हस्तक्षेप न करेंगे तब तक कांग्रेस मंत्रीमंडल न बनायेगी। दिल्ली में कांग्रेस द्वारा "नैशनल कन्वेशन" बुलाया गया जिसमें व्यवस्थापक सभाओं के कांग्रेसी सदस्यों ने देशभक्ति की शपथ थी। जून १९३७ में अन्ततः लार्ड लिनलिथगो ने घोषणा द्वारा परिस्थिति साफ की और गवरनरों ने भी उक्त आश्वासन दे दिया। फलतः कांग्रेसी बहुमत वाले प्रान्तों में मंत्री मंडल कांग्रेस द्वारा बनाये गये।

वर्तमान भारतीय शासन।

वर्तमान भारतीय शासन।

गवर्मेंट आफ इंडिया ऐक्ट १९३५

गवर्मेंट आफ इन्डिया ऐक्ट में १५ भाग हैं जिनके अन्तर्गत अनेक अध्याय तथा धारायें हैं। इनके अतिरिक्त 'शेड्यूल'' भी हैं। भाग तथा अध्यायों के विषय नीचे दिये जाते हैं।

भाग १—प्रारम्भिक विषय।

भाग २—फिडरेशन आफ इन्डिया (भारतीय संघ शासन)

भाग ३—गवरनरों के प्रान्त।

भाग ४—चीफ कमिश्नरों के प्रान्त।

भाग ५—व्यवस्था अधिकार।

भाग ६—फेडरेशन, प्रान्त, तथा देशी राज्यों के बीच प्रबंध-संबंध।

भाग ७—अर्थ, सम्पत्ति, मुआहिदे तथा मुकद्मे।

भाग ८—फिडरल रेलवे शासन।

भाग ९—न्याय विभाग।

भाग १०-भारत में सम्राट द्वारा नियुक्त पदाधिकारी।

भाग-११ सेक्रेटरी आफ स्टेट, उसके सलाहकार, तथा उसका प्रबंध विभाग।

भाग १२-विविध विषय।

भाग १३-परिवर्तन काल के नियम।

भाग १४-ब्रह्मादेश।

भाग १५-आरम्भ तथा कानूनों का अंत।

शिड्यूल।

इनके अतिरिक्त ऐक्ट में १६ शिड्यूल हैं जिनके विषय इस प्रकार है (१) फिडरल लेजिस्लेचर का स्वरूप (२) ऐसी धारायें जिनके संशोधन से देशी राज्यों का संघ प्रवेश अप्रभावित रहे। (३) गवर्नर जनरल तथा गवरनरों के लिये धारायें। (४) शपथ इत्यादि का स्वरूप। (५) प्रान्तीय व्यवस्थापक सभाओं का स्वरूप। (६) मताधिकार सम्बन्धी नियम। (७) प्रान्तीय तथा केन्द्रीय कानूनों के विषय। (८) फिडरल रेलवे अधिकारी-वर्ग। (९) वह धारायें जो संशोधनों सहित संघ शासन स्थापित होने तक जारी रहेगी। (१०) ब्रह्मा में गवर्नर सम्बन्धी धारायें। (११) ब्रह्मा का वह क्षेत्रवर्ग जिसके लिये विशेष नियम लागू हैं। (१२) ब्रह्मा की व्यवस्थापक सभाओं का स्वरूप। (१३) ब्रह्मा के मताधिकार सम्बन्धी धारायें। (१४) शपथ इत्यादि के स्वरूप। (१५) ब्रह्मा रेलवे बोर्ड। (१६) रद्द की हुई धारायें तथा क़ानून।

गवर्मेंट आफ़ इण्डिया ऐक्ट १६३५।

गवर्मेन्ट आफ इंडिया ऐक्ट में दिया हुआ शासन विधान संक्षिप्त रूप में यहां दिया जा रहा है। मुख्य विषय कोई भी नहीं छोड़े गये हैं।

फिडरेशन की स्थापना।

गवर्मेन्ट आफ इंडिया ऐक्ट १६३५ ने भारत में "संघ शासन" स्थापित किया है। उसके अनुसार प्रान्तों में शासन जारी हो चुका है। केन्द्रीय शासन में संघ शासन स्थापित होना बाकी है।

संघ शासन (Federation) ब्रिटिश सम्राट की घोषणा द्वारा स्थापित होगा (१) जब पार्लीमेन्ट की दोनों सभायें सम्राट की सेवा में इसके निमित्त प्रार्थना (address) पेश करेंगी और (२) देशी राज्यों के कम से कम आधे निवासियों के शासकों ने जिन्हें "फिडरल अपर चेम्बर" में कम से कम आधे सदस्य पाने का अधिकार प्राप्त हो, संघ शासन में सम्मिलित होने के लिये इच्छाकप्र ट की हो।

फिडरेशन में शामिल होने के लिये देशी नरेश को एक प्रवेश-पत्र (Instrument of Accession) पर हस्ताक्षर कर के देना पड़ेगा और सम्राट की अनुमति प्राप्त करनी पड़ेगी उपरोक्त पत्र में दो बातें होंगी (१) शासक यह घोषित करेगा कि संघ शासन के निमित्त भारत सम्राट, गवर्नर जनरल, फिडरेल लेजिस्लेचर (व्यवस्थापक मंडल), फिडरेल कोर्ट, तथा अन्य फिडरेल अधिकारयुक्त शक्ति उस शासक के राज्य में ऐसे अधिकार का उपयोग करेंगे जो गवर्मेन्ट आफ़ इंडिया ऐक्ट द्वारा उन्हें दिये गये हैं। (२) शासक पर इस विषय का उत्तर-दायित्व होगा कि सम्मेलन पत्र के आधीन गवर्मेंट आफ इंडिया ऐक्ट के सब नियम उसके राज्य में उचित रूप से माने जावेंगे।

नोटः—१. संघ शासन में प्रान्तों को अवश्य ही सम्मिलित होना पड़ेगा किंतु देशी राज्यों के लिये संघ शासन में शामिल होना अनिवार्य नहीं है। किंतु जब तक कौंसिल आफ स्टेट में जो देशी राज्यों के लिये सदस्य संख्या (अर्थात १०४) निश्चित है उसमें से आधी सदस्य संख्या (अर्थात ५२) प्राप्त करने योग्य देशी राज्य शामिल नहीं होते संघ शासन स्थापित नहीं हो सकता।

देशी राज्यों की जन संख्या ब्रिटिश

भारत की जन संख्या की $\frac{1}{4}$ है किंतु फिडरेल एसेम्बली में उन्हें $\frac{1}{3}$ जगहें (३७५ में १२५) दी गई हैं और कौंसिल आफ स्टेट में २५० में १०४ दी गई हैं। दोनों सभाओं की संयुक्त बैठक में देशी नरेशों की सदस्य संख्या ३६ प्रतिशत होती है।

२. देशी राज्यों के आन्तरिक शासन में फिडरेल शासन को कोई अधिकार न होगा। फिडरेल विषय निश्चित हैं और होते रहेंगे।

फिडरेशन आफ इन्डिया।

संघ शासन में निम्नलिखित प्रदेश सम्मिलित होंगे —

(१) प्रान्त (Governors' Provinces)।

(२) देशी राज्य (Indian States) जो संघ में सम्मिलित होगये हों अथवा आगे हों।

(३) छोटे प्रान्त (Chief Commissioners' Provinces)

फिडरल शासन प्रबन्ध।

फिडरल शासन का प्रबन्ध गवर्नर जनरल आफ इण्डिया द्वारा सम्राट की ओर से किया जावेगा। यह शासन गवर्नर जनरल स्वयं अथवा अधिकारियों द्वारा चलाया करेगा।

आदेश पत्र।
(Instrument of Instructions)

सेक्रेटरी आफ़ स्टेट द्वारा सम्राट की ओर से गवरनर जनरल को एक "आदेश पत्र" मिला करेगा जिसके अनुसार वह प्रबन्ध करेगा। किंतु किसी ऐसेम्बली अथवा अदालत में ऐसी आपत्ति न की जा सकेगी कि गवर्नर जनरल ने कोई कार्य इस आदेश-पत्र के विरुद्ध किया।

फिडरल शाशन प्रबंध की सीमा निम्न लिखित होगी —

(१) ऐसे सब विषय जिनके निमित्त संघ व्यवस्थापक मंडल (Federal Legislature) कानून बना सकता है।

(२) सम्राट की ओर से भारत में जल, थल और हवाई सेनाओं का कायम करना और भारतीय खर्च से जो सेनायें रखी गई हों उनका प्रबन्ध।

(३) विशिष्ट जातियों के प्रदेशों (Tribal areas) पर ब्रिटिश शम्राट के अधिकारों और स्वत्वों का उपयोग करना।

फिडरेल शासन प्रबन्ध विभाग को प्रान्तों में ऐसे विषयों के सम्बन्ध में कोई अधिकार न होगा जिनके संबन्ध में प्रान्तीय व्यवस्थापक मंडल (Provincial Legislature) कानून बना सकता है। इसी प्रकार देशी

राज्यों के सम्बन्ध में भी उन्हीं विषयों पर अधिकार होगा जिनके सम्बन्ध में संघ व्यवस्थापक मंडल बना सकता है। ऐसे अधिकार "प्रवेश पत्र" के (Instrument of Accession) आधीन होंगे।

सुरक्षित विषय।
(Reserved Subjects)

गवरनर जनरल के कुछ सुरक्षित विषय हैं (१) रक्षा (Defence) (२) धर्म (Ecclesiastical affairs) (३) बाह्य देशीय विषय (Extenal affairs) फिडरेशन तथा सम्राट के अन्य प्रदेशों के संबन्धों को छोड़ कर उक्त विषयों पर सुरक्षित अधिकार होगा। (४) विशिष्ट जाति प्रदेश (Tribal areas)

इन विषयों के प्रबन्ध में गवरनर जनरल "स्वेच्छा" (Discretion) का उपयोग करेगा।

अपनी सहायता के लिये गवरनर जनरल अधिक से अधिक ३ सलाहकार नियुक्त कर सकता है जिनके वेतन तथा नियुक्ति की शर्तें श्रीमान सम्राट परिषद् सहित निश्चित करेंगे। यह सलाहकार केवल गवरनर जनरल को ही उत्तरदायी होंगे।

गवरनर जनरल के विशेष कर्तव्य

(१) भारत अथवा भारत के किसी भाग में शांति भंग के भयंकर कारणों की रोक।

(२) अल्पमत जातियों के उचित स्वत्वों की रक्षा

(३) ऐक्ट के अनुसार वर्तमान अथवा भूतपूर्व सरकारी कर्मचारियों के अथवा उनके अवलम्बियों के अधिकारों को दिलाना और उनके उचित हितों की रक्षा करना।

(४) फिडरल शासन की आर्थिक स्थिरता तथा आर्थिक पत की रक्षा।

(५) जिन विषयों के सम्बन्ध में विशिष्ट वर्तन का उपयोग कानून द्वारा आवश्यक हो उनके लिये प्रबंध सीमा का सुरक्षित करना।

(६) भारत में आने वाले अंग्रेजी तथा बर्मा देशों के माल के सम्बन्ध में विशिष्ट अथवा दंडात्मक वर्तन करने को रोकना।

(७) देशी राज्यों के अधिकारों की रक्षा तथा देशी नरेशों के स्वत्व तथा मान की रक्षा।

(८) उन कार्यों को सुचारु रूप से चलाने का प्रबन्ध करना जिनके सम्बन्ध में गवरनर जनरल "स्वेच्छा" (Discretion) अथवा "व्यक्तिमत" का उपयोग कर सकते हैं।

कानून बनाने के अधिकार।
(गवरनर जनरल के)

गवर्मेन्ट आफ इण्डिया ऐक्ट १९३५ ने गवरनर जनरल को

कानून बनाने के विस्तृत अधिकार भी दिये हैं। मन्त्रियों की सलाह को वह रद्द कर सकता है, जितना रुपया चाहे वह अपने कार्यों के लिये ले सकता है और व्यवस्थापक मंडल (Legislature) जिस कानून को न चाहे उसे भी पास कर सकता है। ऐसे बिल को वह गवरनर जनरल का ऐक्ट (Governor General's Act) बना देवे अथवा व्यवस्थापक मंडल के पास संदेश (Message) द्वारा बिल का मसविदा (Draft Bill) बना कर भेज देवे। यदि शासन विधान के चलने में उसे कठिनाई प्रतीत हो तो वह फिडरल शासन के कुछ अधिकार (फिडरल कोर्ट को छोड़ कर) अपने हाथों में ले सकता है। इस प्रकार की अद्भुत आवश्यकता (Emergency) की सूचना सेक्रेटरी आफ स्टेट को दी जावेगी किन्तु इसकी अवधि ६ मास से अधिक न होगी। पार्लीमेंट चाहे तो प्रत्येक वर्ष इस प्रकार की अवधि बढ़ाती रहेगी किन्तु केवल तीन साल तक ही ऐसी अवधि पार्लीमेंट द्वारा बढ़ाई जा सकती है।

(१) यदि किसी समय जब कि फिडरल व्यवस्थापक मंडल (Federal Legislature) की बैठक न हो रही हो और गवरनर जनरल को यह प्रतीत हो कि ऐसे कारण उपस्थित हैं जब त्वरित क्रिया की आवश्यकता है तो वह उन कारणों के उपयुक्त "आर्डीनेन्सेज़" घोषित कर सकता है।

ऐसे "आर्डीनेन्सेज़" की वही शक्ति होगी जो फिडरल व्यवस्थापक मंडल द्वारा पास किये हुये और गवरनर जनरल की स्वीकृति प्राप्त किये हुये ऐक्ट की होगी। गवर्नर जनरल को ऐसे आर्डीनेंस फिडरेल व्यवस्थापक मंडल के सामने रखने पड़ेंगे और यदि उनकी स्वीकृत न हुई अथवा सम्राट ने वापिस ले लिये अथवा व्यवस्थापक मंडल के पुनः बैठने के बाद ६ सप्ताह बीत गये तो ऐसे आर्डीनेन्सों का अन्त हो जावेगा।

(२) जिन विषयों में गवर्नर जनरल को "स्वेच्छा" (Discretion) और "व्यक्ति-मत" (Individual Judgement) के उपयोग का अधिकार है और उपरोक्त परिस्थिति का सामना हो तो गवरनर जनरल "आर्डीनेन्स" घोषित कर सकता है।

ऐसे आर्डीनेन्सों की अवधि ६ मास की होगी और दूसरे आर्डीनेन्सों को जारी कर के ऐसी अवधि ६ मास के लिये और बढ़ाई जा सकती है।

शासन विधान में रुकावट

यदि किसी समय गवरनर जनरल

को यह विश्वास हो जावे कि ऐसी परिस्थिति आ गई है कि ऐक्ट के अनुसार संघ शासन का जारी रहना असम्भव हो गया है तो वह घोषणा द्वारा फिडरल सरकार के कुल अधिकार अपने हाथों में ले लेगा। किंतु उसे फिडरेल कोर्ट के कोई अधिकार अपने हाथों में लेने का अधिकार न होगा। ऐसी घोषणा की सूचना सेक्रेटरी आफ स्टेट को भेज दी जावेगी और उसका कर्तव्य होगा कि पार्लीमेंट की दोनों सभाओं के सामने रक्खे।

मंत्री मंडल।

गवरनर जनरल की सहायता तथा सलाह के लिये एक मंत्री मंडल (Council of Ministers) होगा जिसकी सदस्य संख्या अधिक से अधिक १० होगी। अपनी "स्वेच्छा (Discretion) से वह इस मंडल का किसी समय सभापतित्व कर सकेगा।

उन विषयों में जिनके संबंध में गवरनर जनरल को "स्वेच्छा" और "व्यक्तिमत" उपयोग करने का अधिकार है उसे मंत्री मंडल से परामर्श करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे विषयों के निर्णय संबन्धी औचित्य पर कोई आपत्ति न की जा सकेगी।

गवरनर जनरल अपने "स्वेच्छा" अधिकार से मंत्रियों को चुनेगा और उनसे राजभक्ति की शपथ लेकर फिडरेल लेजिसलेचर में मेम्बरों के सदृश काम करने देगा। यदि ६ मास के भीतर कोई मंत्री किसी व्यवस्थापक सभा का चुना हुआ सदस्य न हो सकेगा तो उसे मंत्री पद त्याग देना पड़ेगा।

नोट—इस प्रकार संघ शासन प्रबन्ध के ३ भाग हैं (१) गवरनर जनरल ३ सलाहकारों सहित "सुरक्षित" (Reserved) विषयों पर अधिकार रखेगा (२) गवरनर जनरल (१० मंत्रियों सहित) अनेक विषयों पर अधिकार रखेगा (३) गवरनर जनरल स्वयं अपनी "स्वेच्छा" (Discretion) तथा "व्यक्ति-मत" के अनुसार अनेक विषयों पर अधिकार रखेगा।

अर्थ सलाहकार।
(Financial Advisor)

गवर्नर जनरल को अधिकार होगा कि वह आर्थिक विषयों में सलाह लेने के लिये एक "अर्थ सलाहकार" नियुक्त करेगा। इस सलाहकार का यह कर्तव्य होगा कि फिडरल गवर्मेंट की आर्थिकपत तथा स्थिरता के संबंध में गवरनर जनरल के विशेष उत्तरदायित्व में सहायता करेगा और फिडरल गवर्नमेन्ट जिस विषय में सलाह मांगे उसे देगा।

एडवोकेट जनरल।

गवरनर जनरल, एडवोकेट जनरल को नियुक्त करेगा जिसका यह काम होगा कि फिडरल सरकार को ऐसे कानूनी मामलों में सलाह दे जो उसके लिये निश्चित किये गये हों या उसके पास सलाह के लिये भेजे जायें। ऐडवोकेट जनरल को ब्रिटिश भारत तथा फिडरेटेड (संघ में सम्मिलित) देशी राज्यों की अदालतों में फिडरल विषयों के संबंध में उपस्थित होने तथा पैरवी करने का अधिकार रहेगा।

फिडरल व्यवस्थापक मंडल।

संघ शासन के व्यवस्थापक मंडल का स्वरूप इस प्रकार है—

(१) ब्रिटिश नरेश (प्रतिनिधि-गवरनर जनरल)।

(२) दो व्यवस्थापक सभायें

(क) कौंसिल आफ स्टेट

(ख) हाउस आफ ऐसेम्बली (अथवा फिडरल ऐसेम्बली)

(क) कौंसिल आफ स्टेट में (१) १५६ सदस्य ब्रिटिश भारत के तथा (२) अधिक से अधिक १०४ प्रतिनिधि देशी राज्यों के होंगे। कुल संख्या २६० से अधिक न होगी।

(ख) फिडरल ऐसेम्बली में (१) २५० सदस्य ब्रिटिश भारत के और (२) अधिक से अधिक १२५ सदस्य देशी राज्यों के होंगे। कुल सदस्य ३७५ से अधिक न होंगे।

नोट—कौंसिल आफ स्टेट में ब्रिटिश भारत के १५६ सदस्यों में ६ सदस्य गवरनर जनरल अपनी 'स्वेच्छा' (Discretion) से चुनेगा।

कौंसिल आफ स्टेट स्थायी सभा होगी और प्रत्येक ३ वर्षों की अवधि के बाद $\frac{1}{3}$ सदस्य बदलते रहेंगे।

फिडरल एसेम्बली का जीवन कॉल पहिली बैठक से ५ वर्ष का होगा। किंतु गवरनर जनरल को उसे बीच में ही अंत करने, मुलतवी करने तथा बुलाने का अधिकार है।

फिडरल व्यवस्थापक मंडल की रचना।

कौंसिल आफ स्टेट की रचना।

कौंसिल आफ स्टेट कुल सदस्य २६०

ब्रिटिश भारत
१५६ सदस्य (कुल)
साधारण ७५
शिड्यूल जातियां ६
मुसलिम ४६
सिख ४
स्त्रियां ६
योरोपियन ७
भारतीय ईसाई २
ऐंग्लो इण्डियन १
नियोजित ६

देशी राज्य
१०४ सदस्य
(कोष्टक देखिये)

फिडरेल एसेम्बली की रचना।

फिडरेल एसेम्बली, कुल सदस्य ३७५

ब्रिटिश भारत
२५० सदस्य (कुल)
साधारण ८६
शिड्यूल जाति १६
मुसलमान ८२
सिख ६
ऐंग्लो इण्डियन ४
स्त्रियां ६
योरोपियन ८
भारतीय ईसाई ८
व्यापार उद्योग ११
ज़मीदार ७
श्रमजीवी १०

देशी राज्य
१२५ सदस्य
(कोष्टक देखिये)

प्रेसीडेन्ट तथा स्पीकर

कौंसिल आफ स्टेट के सदस्य एक अध्यक्ष तथा एक उपाध्यक्ष चुनेंगे जो प्रेसीडेन्ट तथा डिपटी प्रेसीडेन्ट कहलायेंगे।

फिडरेल एसेम्बली के सदस्य एक सभापति और एक उपसभापति चुनेंगे जो स्पीकर (Speaker) तथा डिपटी स्पीकर कहलायेंगे।

व्यवस्थापक मंडल द्वारा निश्चित वेतन तथा भत्ते उन्हें मिलेंगे।

सदस्यों की सधारण योग्यता।

फिडरल व्यवस्थापिका सभाओं के सदस्यों की साधारण योग्यतायें निम्न लिखित हैं—

(१) ब्रिटिश प्रजा हो अथवा

(२) फिडरेटेड देशी नरेश अथवा उसकी प्रजा

(३) कौंसिल आफ स्टेट की सदस्यता के लिये ३० वर्ष की आयु होना चाहिये और एसेम्बली की सदस्यता के लिये २५ वर्ष की आयु होनी चाहिये।

(४) विशेष सदस्यता के लिए (जैसे व्यापार, उद्योग, मजदूर आदि) विशिष्ट योग्यता होनी चाहिये।

नोटः—विस्तृत योग्यताओं के विवरण के लिये गवर्नमेन्ट आफ इंडिया ऐक्ट के शिडूल देखिये।

निर्वाचन विधि।

कौंसिल आफ स्टेट—सिख, मुसलिम, तथा साधारण सदस्यताओं के लिये विशिष्ट जातियों के निर्वाचन क्षेत्र बना दिये गये हैं और मतदाता (Voters) प्रत्यक्ष रीति से सदस्यों को चुनेंगे।

ऐंग्लोइंडियन, योरोपियन तथा ईसाई जातियों के सदस्य अप्रत्यक्ष रीति से अपने अपने निर्वाचन समूहों (Electoral Colleges) द्वारा चुने जावेंगे। इन निर्वाचन समूहों में उपरोक्त जातियों के प्रान्तीय कौंसिलों तथा एसेम्बलियों के सदस्य ही वोटर होंगे।

देशी राज्यों के प्रतिनिधि अपने अपने देशी नरेशों द्वारा नियोजित होंगे।

फिडरल एसेम्बली—सदस्यों का चुनाव अप्रत्यक्ष विधि से होगा।

फिडरल एसेम्बली के सिख, मुसलिम और साधारण (General) सदस्यों का चुनाव प्रान्तीय एसेम्बली के उन्ही विशिष्ट जातियों के सदस्यों द्वारा होगा। निर्वाचन की पद्धति (Proportional Representation by Single transperable Vote) परिवर्तन योग्यमत द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व होगी)।

योरोपियन, ऐंग्लोइंडियन, ईसाई तथा स्त्रियों की सुरक्षित सदस्यताओं का चुनाव उन जातियों की प्रान्तीय एसेम्बली के सदस्यों द्वारा होगा। वे अपने अपने वोट विशिष्ट निर्वाचन समूहों द्वारा देंगे।

व्यापार, उद्योग, जमीदार, मजदूर-वर्ग, आदि की सदस्यताओं का चुनाव चेम्बर आफ कामर्स, एसोसियेटेड चेम्बर्स आफ कामर्स, आदि संस्थाओं द्वारा होगा।

देशी राज्यों के सदस्यों की संख्या उनकी जन संख्या के अनुपात से होगी।

नियोजित सदस्य।

फिडरल एसेम्बली में कोई भी सदस्य सरकार द्वारा नियोजित न होगा।

कौंसिल आफ स्टेट में केवल ६ सदस्य गवरनर जनरल द्वारा नियोजित होंगे।

सदस्यों का वेतन तथा भत्ता।

दोनों व्यवस्थापक सभाओं के सदस्य वेतन तथा भत्ता जो निश्चित किये जावें पायेंगे।

विचार स्वातंत्र्य।

सदस्यों को अपने विचार प्रकट करने की पूरी स्वतंत्रता है और सभाओं में दिये हुये वक्तव्यों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकेगा।

भाषा।

फिडरल व्यवस्थापक मंडल में कुल कार्यवाही अंग्रेजी भाषा में होगी। किंतु दोनों सभाओं के नियमों में तथा दोनों सभाओं की संयुक्त बैठक के नियमों में अंग्रेजी न जानने वाले अथवा काफी अंग्रेजी न जानने वाले सज्जनों को दूसरी भाषा का उपयोग करने की सुविधा रखी जावेगी।

कार्य विधि।

दोनों सभायें अपनी कार्य को चलाने के लिये नियम बनावेंगी।

कानून बनाने के अधिकार।

दोनों सभाओं को कानून बनाने का अधिकार होगा। किंतु कोई कानून—

(१) जिसके द्वारा नया टैक्स लगाया जावे या बढ़ाया जावे।

(२) जिसके द्वारा रुपया कर्ज लिया जावे, जमानत दी जावे अथवा आर्थिक भार लिया जावे आदि।

(३) जिसके द्वारा फिडरल आमदनी पर खर्च का भार डाला जावे अथवा बढ़ाया जावे आदि।

बिना गवरनर जनरल की सिफारिश के पेश न हो सकेगा। उक्त प्रकार का बिल केवल फिडरेल

एसेम्बली ही में आरम्भ हो सकेगा। कौंसिल आफ स्टेट में आरम्भ न हो सकेगा।

प्रत्येक कानून का दोनों सभाओं में नियमानुसार पास होना अनिवार्य है। यदि ऐसा न हो, तो गवरनर जनरल संयुक्त बैठक बुलाकर उस कानून को पेश करायेगा और ऐसी बैठक में बहुमत का नियमानुसार निर्णय अंतिम होगा। सभाओं द्वारा कानून (Bill) पास होने के बाद प्रत्येक बिल गवरनर जनरल की स्वीकृति के लिये पेश होगा। ऐसी दशा में गवरनर जनरल अपनी "स्वेच्छा" द्वारा उस पर स्वीकृति देगा अथवा स्वीकृति रोक देगा अथवा ब्रिटिश नरेश की इच्छा प्रदर्शन के लिये रख छोड़ेगा।

गवरनर जनरल अपनी स्वेच्छा (Discretion) द्वारा दोनों सभाओं के पास किसी बिल को पुनः विचार के लिये संदेश सहित भेज सकता है और संशोधन भी सूचित कर सकता है।

जब तक गवरनर जनरल अथवा ब्रिटिश नरेश की स्वीकृति न प्राप्त हो कोई "बिल" लागू कानून (Act) न समझा जावेगा। ब्रिटिश नरेश को यह अधिकार है कि गवरनर जनरल द्वारा स्वीकृत बिल को १२ मास के भीतर रद कर देवे।

वार्षिक अनुमान (Budget)

आय व्यय का वार्षिक अनुमान प्रति वर्ष दोनों व्यवस्थापक सभाओं के सामने स्वीकृति के लिये पेश किया जाया करेगा।

प्रान्तीय शासन।

प्रान्त दो प्रकार के हैं: –

(१) गवर्नरी प्रान्त—मद्रास, बंगाल, बम्बई, संयुक्तप्रान्त, पंजाब, बिहार, मध्यप्रान्त, उड़ीसा व सिन्ध।

(२) चीफ कमिश्नरी प्रान्त—ब्रिटिश बिलोचिस्तान, दिल्ली, अजमेर मारवाड, कुर्ग, अंडमान तथा नीकोबार द्वीप, पंथ पिपलोदा।

नोटः—अदन द्वीप भारत का भाग नहीं रहा।

गवरनरी प्रान्त।

दो नये प्रान्त बनाये गये हैं (१) उड़ीसा जो बिहार से अलग किया गया है और उड़िया भाषा बोलने वाले मद्रास तथा मध्यप्रान्त (C.P.) के प्रदेश जोड़ दिये गये हैं। (२) सिंध का भाग बम्बई प्रान्त से पृथक करके प्रान्त बना दिया गया है।

नोटः—बरार वास्तव में निज़ाम (हैदराबाद) का है किन्तु केवल शासन प्रबन्ध के लिये सी० पी०

(मध्य प्रान्त) के अन्तर्गत है। बरार से चुने हुये सदस्यों को निज़ाम के प्रति राजभक्ति की शपथ लेना पड़ती है अन्यथा वे सब प्रकार से ब्रिटिश प्रजा हैं।

यदि किसी समय शासन प्रबन्ध का आपसी करारनामा टूट जावे तो ब्रिटिश नरेश को उस हद तक गवर्मेंट आफ इण्डिया ऐक्ट १९३५ के अनुसार संयुक्तप्रान्त के शासन में फेर फार करने का अधिकार है।

प्रान्तीय प्रबन्ध शक्ति।

प्रान्त का प्रबन्ध ब्रिटिश नरेश की ओर से गवरनर स्वयं अथवा अपने आधीन अधिकारियों द्वारा चलायेगा।

प्रान्तीय प्रबंध की रचना।

शासन प्रबन्ध के लिये गवर्नर का मंत्रीमण्डल होगा जिसके सदस्य (मन्त्री) वह अपनी स्वेच्छा (Discretion) से नियुक्त करेगा अथवा हटायेगा।

गवरनर को "व्यक्तमत" (Induidual Judgement) द्वारा भी प्रबन्ध करने का अधिकार है। इस प्रकार गवरनर तीन रीति से शासन प्रबन्ध चलायेगा—

(१) गवरनर मंत्रीमंडल सहित

(२) गवरनर "स्वेच्छा" युक्त (acting in his disrcetion)

(३) गवरनर "व्यक्तिमत" युक्त (acting in his individual Judgement)

नोटः—"व्यक्तिमत" तथा 'स्वेच्छा' में वास्तविक तथा व्यवहारिक भेद दिखाई नहीं देता किन्तु गवर्मेंट आफ इण्डिया ऐक्ट १९३५ में "व्यक्तिमत" तथा "स्वेच्छा" द्वारा किये जाने वाले कार्यों का विवरण अलग अलग है। इस कारण गवरनर के अधिकार भी इन्हीं दो भेदों के कारण दो प्रकार के हैं।

"व्यक्तिमत" तथा "स्वेच्छा" द्वारा किये हुये कार्यों के औचित्य के संबंध में कोई प्रश्न अथवा आपत्ति नहीं की जा सकती।

यह आवश्यक नहीं है कि नियुक्ति के समय मन्त्री प्रान्तीय सभा का सदस्य हो किन्तु यह अनिवार्य है कि ६ मास के भीतर ही वह किसी स्थान से सदस्य चुन जावे नहीं तो उसे त्याग पत्र देना पड़ेगा।

आदेश पत्र (Instrument of Instructions)

सेक्रेटरी आफ स्टेट द्वारा सम्राट की ओर से गवरनर को एक आदेश पत्र मिला करेगा जिसके अनुसार वह प्रबन्ध करेगा किन्तु किसी असेम्बली अथवा अदालत में ऐसी आपत्ति न की जा सकेगी कि गवरनर ने

कोई कार्य इस "आदेशपत्र" के विरुद्ध किया।

मन्त्रियों की नियुक्ति के सम्बन्ध में उक्त प्रान्तीय आदेश पत्रों में यह दिया हुआ है कि गवरनर को चाहिये कि मन्त्रियों की नियुक्ति ऐसे व्यक्ति की सलाह से करे जो उसकी राय में व्यवस्थापक सभा में स्थायी बहुमत रख सकता हो और ऐसे मन्त्रियों को नियुक्त करे जो सामूहिकरूप से व्यवस्थापक सभा के विश्वास पात्र हों। जहाँ तक सम्भव हो ऐसे मन्त्रि-मण्डल में अल्पमत जातियों के भी कुछ मन्त्री हों। किन्तु इन सब नियुक्तियों में गवरनर इस आवश्यकता का सदैव ध्यान रखे कि मन्त्रियों में "संयुक्त उत्तरदायित्व की भावना" (Sense of joint responsibility) दृढ़ होती रहे।

गवरनर के विशेषाधिकार तथा कर्त्तव्य।

गवरनर के अनेक विशेषाधिकार हैं तथा अनेक विशेष कर्तव्य हैं जो विस्तृत रूप से गवर्मेंट आफ इण्डिया एक्ट में दिये हुये हैं। यहाँ संक्षिप्तरूप से ब्योरा दिया जाता है—

(१) प्रान्त अथवा किसी उसके भाग में शांति भंग होने की भयंकर संभावना को रोकना।

(२) अल्पमत वाली जातियों के स्वत्वों की रक्षा।

(३) ऐक्ट के अनुसार वर्तमान अथवा भूतपूर्व सरकरी कर्मचारियों के अथवा उनके अवलम्बियों के अधिकारों को दिलाना और उनके उचित हितों की रक्षा करना।

(४) जिन विषयों के संबंध में विशिष्ट वर्तन का उपयोग कानून द्वारा आवश्यक हो उनके लिये प्रबंध सीमा का सुरक्षित करना (भाग ५ अध्याय ३)।

(५) विशिष्ट प्रदेशों में (Partially Excluded Areas) में सुशासन और शांति का कायम करना।

(६) देशी राज्यों के अधिकारों की और उनके नरेशों की प्रतिष्ठा की रक्षा।

(७) भाग ६ (गवर्मेंट आफ इंडिया ऐक्ट) के अन्तर्गत गवरनर को गवरनर जनरल द्वारा आदेश और आज्ञायें मिलें उनका पालन कराना।

(८) यदि किसी समय गवरनर को प्रतीत हो कि, कुछ मनुष्य हिंसा के जुर्म कर रहे हैं या ऐसे जुर्म करने का विचार या तैयारी कर रहे हैं अथवा कानून द्वारा स्थापित शासन को उखाड़ना चाहते है तो गवरनर

विशेषाधिकारों द्वारा उक्त कार्यवाही का मुकाबला करेगा।

(९) गवरनर अपनी "स्वेच्छा" (Discretion) से ऐसे नियम बनायेगा जिससे (Terrorism) के संबंध के काग़ज अथवा इत्तला पुलिस विभाग के केवल ऐसे ही कर्मचारियों को बताये जावेंगे जिन्हें कमिश्नर पुलिस और इन्सपेक्टर जनरल निश्चित करे या अन्य ऐसे पबलिक अफसरों को बताये जावें जिन्हें गवरनर स्वयं नियत करे।

(१०) गवरनर को विशेष परिस्थति में "आर्डीनेन्स" जारी करने का अधिकार होगा।

(११) यदि किसी समय ऐक्ट के अनुसार प्रबंध चलना कठिन हो जाये तो गवरनर (१) शासन प्रबंध (घोषणा द्वारा) अपने हाथ में ले लेगा और (२) प्रान्तीय अधिकारों का स्वयं उपयोग करेगा (धारा ९३)।

नोट—इसके लिए गवरनर जनरल की अनुमति आवश्यक है।

(१२) गवरनर कुछ विशिष्ट परिस्थिति में स्वयं "ऐक्ट" (Act) पास कर सकेगा (धारा ९०)।

ऐडवोकेट जनरल।

गवरनर का कर्तव्य होगा कि वह किसी ऐसे मनुष्य को जो हाईकोर्ट का जज नियुक्त हो सकता है ऐडवोकेट जनरल नियुक्त करे।

मेम्बरों की विशेष सुविधायें।

प्रान्तीय तथा केन्द्रीय सभाओं के मेम्बरों को एसेम्बली के भीतर विचार प्रकट करने की पूर्ण स्वतंत्रता है और उन पर इस कारण कोई मुकद्दमा नहीं चल सकेगा किंतु (१) हाईकोर्ट या फिडरल कोर्ट के किसी जज के कार्यों की आलोचना न की जा सकेगी और (२) यदि गवरनर अथवा गवरनर जनरल अपने विशेषाधिकार से कोई बिल पेश कराता है और उस पर वादविवाद की मनाई करता है तो कोई बहस न हो सकेगी।

सदस्य-संख्या का वितरण।

प्रान्तीय तथा केन्द्रीय व्यवस्थापक सभाओं में सदस्य-संख्या का वितरण विशेष हितों के तथा विशेष जातियों के बीच किया गया है। ब्रिटिश गवर्नमेंन्ट द्वारा दिये हुये "साम्प्रदायिक निर्णय" (Commulal Award dated august 4, 1932) के अनुसार मुसलमान, सिख, देशी ईसाई, ऐंग्लो इन्डियन और योरोपियन जातियों को सदस्यतायें बांटी गयी हैं। "पूना ऐक्ट" जो दलित जातियों (हरिजनों) के नेताओं तथा शेष हिन्दू जातियों के नेताओं के बीच ता० २४ सितम्बर १९३२ को

हुआ, उसके द्वारा हरिजनों को साधारण सदस्यताओं में से कुछ सदस्यतायें सुरक्षित कर दी गईं।

"पूना पैक्ट" का मुख्य अंश।

हरिजन सदस्यों का चुनाव संयुक्त निर्वाचन रीति से होगा किंतु कार्य-प्रणाली विशेष होगी। अंतिम चुनाव के पहिले हरिजनों द्वारा चार हरिजन उम्मीदवार भी चुने जावेंगे और बाद को चुनाव के समय इसी संख्या में से हरिजन वोटर तथा अन्य वोटर (हिन्दू आदि) संयुक्त रीति से हरिजन सदस्य को चुनेंगे।

प्रान्तीय व्यवस्थापक मंडल।

प्रान्तों में व्यवस्थापक मण्डल होंगे जिनकी रचना निम्नलिखित होगी—

(क) बम्बई, मद्रास, बङ्गाल, संयुक्तप्रान्त, बिहार और आसाम में

(१) ब्रिटिश नरेश (गवरनर प्रतिनिधि)

(२) लेजिस्लेटिव एसेम्बली (साधारण सभा)।

(३) लेजिस्लेटिव कौंसिल (धनिकों की सभा)।

(ख) अन्य प्रान्तों में—

(१) ब्रिटिश नरेश (गवरनर प्रतिनिधि)।

(२) लेजिस्लेटिव एसेम्बली।

प्रान्तों की लेजिस्लेटिव एसेम्बली और कौंसिलों की रचना तथा सदस्य संख्या अन्यत्र दी गई है।

व्यवस्थापक मण्डल की अवधि।

लेजिस्लेटिव एसेम्बली की अवधि ५ साल की होगी।

लेजिस्लेटिव कौंसिल स्थायी होगी केवल प्रति तृतीय वर्ष में $\frac{1}{3}$ सदस्य बदलते रहेंगे।

वेतन और भत्ता।

एसेम्बली और कौंसिल के सदस्यों को वेतन तथा भत्ता दिया जा सकेगा।

प्रेसीडेंट तथा स्पीकर।

लेजिस्लेटिव एसेम्बली में अध्यक्ष स्थान के लिये सदस्यों द्वारा चुने हुये स्पीकर तथा डिप्टी स्पीकर होंगे और उन्हें निश्चित वेतन मिलेगा।

इसी प्रकार कौंसिल में अध्यक्ष स्थान के लिये सदस्यों द्वारा चुने हुये प्रेसीडेन्ट तथा डिप्टी प्रेसी-डेन्ट होंगे और उन्हें निश्चित वेतन दिया जायगा।

क़ानून बनाने का अधिकार।

धन सम्बन्धी बिल केवल लेजि-स्लेटिव एसेम्बली से ही आरम्भ हो सकेंगे और उनके लिये गवरनर की सिफारिश आवश्यक है।

अन्य प्रकार के "बिल" दोनों सभाओं में आरम्भ किये जा सकेंगे।

बिल के पास होने के लिये दोनों सभाओं की अनुमति होना चाहिये ।

यदि एक सभा का पास किया हुआ बिल दूसरी सभा न पास करे अथवा कुछ संशोधन कर दे तो गवरनर दोनों सभाओं की संयुक्त बैठक बुलायेगा और बहुमत से पास हुआ बिल पास समझा जायेगा ।

गवरनर की स्वीकृति।

दोनों सभाओं द्वारा पास किया हुआ बिल गवरनर के सामने स्वीकृति (assent) के लिये पेश किया जावेगा ।

गवरनर अपनी "स्वेच्छा" द्वारा उक्त बिल को (१) स्वीकृत करेगा अथवा स्वीकृति न देगा। (२) गवरनर जनरल के विचार के लिये रख लेगा ।

गवरनर जनरल अपनी "स्वेच्छा" से ब्रिटिश नरेश के नाम पर स्वीकृति देगा अथवा स्वीकृति रोक लेगा अथवा पुनः विचार के लिये दोनों सभाओं के पास संदेश सहित वापस कर देगा ।

प्रान्तीय एसेम्बलियों में विभिन्न सदस्यों की संख्या ।

प्रान्त	कुल संख्या	साधारण	साधारण, (दलितों के लिये सुरक्षित)	पिछड़ी हुई जातियाँ	सिक्ख	मुसलिम	एंग्लो इंडियन	योरोपियन	देशी ईसाई	व्यापार, उद्योग, खनिज और प्लेंटिंग	बड़ी जातियाँ	यूनीवर्सिटी	मज़दूर वर्ग	स्त्रियों की सदस्यतायें: साधारण	सिक्ख	मुसलिम	एंग्लोइंडि०	देशी ईसाई
मद्रास	२१५	१४६	३०	१	...	२८	२	३	८	६	६	१	६	६	...	१	...	१
बम्बई	१७५	११४	१५	१	...	२९	२	३	३	७	२	१	७	५	...	१	१	...
बङ्गाल	२५०	७८	३०	...	...	११७	३	११	२	१९	५	२	८	२	...	२	...	...
संयुक्तप्रान्त	२२८	१४०	२०	...	...	६४	१	२	२	३	६	१	३	४	१	२	...	...
पंजाब	१७५	४२	८	...	३१	८४	१	१	२	१	५	१	३	१	...	२	...	...
बिहार	१५२	८६	१५	७	...	३९	१	२	१	४	४	१	३	३	...	१	...	...
मध्यप्रान्त और बरार	११२	८४	२०	१	...	१४	१	१	...	२	३	१	२	३	...	...	...	...
आसाम	१०८	४७	७	९	...	३४	...	१	१	११	...	...	४	१	...	...	...	...
सीमाप्रान्त	५०	९	...	...	३	३६	...	...	...	...	२	...	...	...	...	...	...	...
उड़ीसा	६०	४४	६	५	...	४	...	...	१	१	२	...	१	२	...	...	...	...
सिंध	६०	१८	...	...	...	३३	...	२	...	२	२	...	१	१	...	१	...	...

निर्वाचकों के प्रकार ।

निर्वाचकों के १८ प्रकार हैं—

१—साधारण (General) मुख्यतः हिन्दू समाज ।

२—साधारण सदस्यतायें हरिजनों के लिये सुरक्षित । (यह सदस्यतायें उपरोक्त १-के अंतर्गत हैं) ।

३—मुसलमान ।

४—योरोपियन ।

५—एंग्लो-इंडियन ।

६—देशी ईसाई ।

७—सिक्ख (पंजाब) ।

८—स्त्रियां साधारण (General) ।

९— ,, (सिक्ख) ।

१०— ,, (मुसलमान) ।

११— ,, (एंग्लो इन्डियन) ।

१२— ,, (देशी ईसाई) ।

१३— ,, व्यापार और उद्योग (मुख्यत: ब्रिटिश) ।

१४— देशी व्यापार तथा उद्योग (Indian Commerce and Industry) ।

१५— ज़मींदार वर्ग ।

१६— मजदूर वर्ग (Labour) ।

१७—विश्वविद्यालय (Universities) ।

१८—पिछड़ी हुई जातियां तथा प्रदेश ।

चीफ कमिश्नरों के प्रांत ।

चीफ कमिश्नरों के प्रान्त निम्नलिखित हैं—

(१) ब्रिटिश बिलोचिस्तान ।

(२) दिल्ली ।

(३) अजमेर मारवाड़ ।

(४) कुर्ग ।

(५) अंडमान और निकोबार द्वीप ।

(६) पंथ पिपोलोदा ।

इन प्रान्तों का शासन गवरनर जनरल चीफ कमिश्नरों द्वारा चलायेगा । फिडरल शासन का अधिकार इन सब प्रान्तों पर पूर्ण है केवल ब्रिटिश बिलोचिस्तान में फिडरल सभाओं द्वारा पास किया हुआ कानून (Act) जब तक गवरनर जनरल घोषणा द्वारा लागू न करेगा लागू न हो सकेगा ।

कुर्ग में वर्तमान व्यवस्थापक मंडल तथा आर्थिक संबंध क़ायम रहेंगे जब तक वे बदले न जावें ।

गवरनर जनरल को अंडमान तथा निकोबार द्वीपों के लिये रेगूलेशन बनाने का अधिकार है ।

ब्रिटिश प्रजा, व्यापार तथा कम्पनियों की रक्षा ।

यूनाइटेड किंगडम की ब्रिटिश प्रजा पर प्रान्तीय अथवा फिडरल क़ानून

का ऐसा भाग लागू न होगा जिसके द्वारा—

(१) ब्रिटिश भारत में उसके आने पर कोई रुकावट रखी गई हो अथवा—

(२) जन्मस्थान, जाति, नसल, धर्म, भाषा, निवासस्थान (स्थायी अथवा अस्थायी) के कारणों द्वारा कोई अयोग्यता, भार, रुकावट अथवा शर्त उनके भ्रमण, निवास अथवा सम्पत्ति की प्राप्ति, अधिकार या विनिमय, सार्वजनिक नौकरी में नियुक्ति अथवा पेशा, व्यापार, धन्धा अथवा उद्योग में लगाई गई हो।

कोई प्रान्तीय अथवा फिडरल क़ानून ऐसा पास नहीं किया जा सकेगा जिसके द्वारा किसी ब्रिटिश प्रजा पर, जो यूनाइटेड किंगडम या बर्मा का स्थायी निवासी (Domiciled) हो भेदयुक्त कर लगाया जावे। यदि किसी मनुष्य के स्थायी निवास भारत में हो अथवा कोई कम्पनी भारत में ही बनी (incorporated) हो तो उसे टैक्स (कर) कम देना पड़े तो उपरोक्त कानून भेदयुक्त माना जावेगा। जो ब्रिटेन में बनी हुई कम्पनियाँ भारत में काम कर रही हैं उन्हें प्रान्तीय अथवा फिडरल आमदनी से सहायता (Subsidy, bounty or grant) पाने का वही अधिकार होगा जो उन मनुष्यों को प्राप्त होगा जिनका स्थायी निवासस्थान (Domicile) भारत में है अथवा उन कम्पनियों को होगा जो भारत में ही बनी हैं।

फिडरल अथवा प्रान्तीय कानून द्वारा यूनाइटेड किंगडम में रजिस्ट्री-शुदा जल अथवा हवाई जहाज़ों के लिये कोई भेदयुक्त क़ानून भारत में रजिस्ट्रीशुदा जहाज़ों को लाभ पहुंचाते हुये कानून न बन सकेगा।

फिडरल रेलवे शासन।

रेलवे का निर्माण तथा प्रबन्ध "फिडरेल रेलवे अथारिटी" (Federal Railway authority) द्वारा फिडरेल सरकार चलावेगी।

गवरनर जनरल अपनी "स्वेच्छा" (Discretion) से उक्त "फिडरल रेलवे अथारिटी" के $\frac{3}{7}$ (इससे कम नहीं) सदस्य चुनेगा और बाक़ी के सदस्य फिडरल सरकार द्वारा नियुक्त होंगे।

गवरनर जनरल अपनी "स्वेच्छा" द्वारा उक्त सदस्यों में से एक अध्यक्ष नियुक्त करेगा।

इस फिडरल रेलवे शासन को फिडरल रेलवे संबंधी सब प्रकार के

कार्य करने का अधिकार होगा। कृषि, उद्योग, व्यापार, तथा साधारण जनता के हितों को ध्यान में रखते हुये रेलवे अथारिटी के सब कार्य व्यापारी तत्व पर चलाये जावेंगे। ऐसे सब कार्यों में तथा नीति के संबंध में अथारिटी को फिडरल गवरमेन्ट की आज्ञायें माननी होंगी किंतु यदि कोई झगड़ा पड़े तो गवरनर जनरल की राय (जो वह "स्वेच्छा" द्वारा देगा) अंतिम होगी।

फिडरल रेलवे शासन के सदस्य निम्नलिखित मनुष्य न हो सकेंगे (१) जिसे व्यापार, उद्योग, कृषि, अर्थविभाग, प्रबंध का अनुभव न हो (२) जो १२ मास के भीतर फिडरल या प्रान्तीय ऐसेम्बलियों के सदस्य रह चुके हों (३) जो सरकारी नौकर हों या (४) रेलवे अफसर हों।

रेलवे शासन के प्रबंध के लिये गवरनर जनरल की "स्वेच्छा" द्वारा एक "चीफ रेलवे कमिश्नर (Chief Railway Commissioner) नियुक्त होगा जिसकी सहायता के लिये एक अर्थ कमिश्नर (Financial Commissioner) और अनेक सहायक कमिश्नर होंगे। इन कमिश्नरों को रेलवे प्रबन्ध का ज्ञान होना आवश्यक है। रेलवे शासक की बैठकों में चीफ़ रेलवे कमिश्नर और अर्थ कमिश्नर बैठ सकेंगे। फिडरल शासन के साथ रेलवे शासन के सम्बन्ध इस ध्येय से बनाये गये हैं कि देश के काम के लिये व्यापारी सिद्धान्तों पर रेलवे का काम चलाया जावे।

रेलवे पंचायत।

गवरनर जनरल अपनी "स्वेच्छा" से ऐसे ८ सज्जनों की एक नामावली बनायेगा जिन्हें रेलवे शासन का अनुभव हो। किसी झगड़े के निपटारे के लिये गवरनर जनरल अपनी "स्वेच्छा" से उसी नामावली में से १ सज्जन अध्यक्ष और दो पंच नियत कर देगा। इस पंचायत को कागजात व गवाही पेश कराने, मुआवज़ा दिलाने, अन्य आज्ञायें निकालने आदि के अधिकार होंगे।

रेलवे रेट कमेटी।

गवरनर जनरल रेलवे शासन को सलाह देने के लिये रेलवे रेट कमेटी भी नियुक्त करेगा।

फिडरल कोर्ट।

फिडरेशन के काम के लिए एक "फिडरल कोर्ट" होगा जिसमें एक चीफ जस्टिस आफ इण्डिया और

इतने जज होंगे जितने सम्राट आवश्यक समझें। फिलहाल ६ जज होंगे। इनकी संख्या व्यवस्थापक मंडल द्वारा प्रार्थना पर बढ़ाई जा सकेगी।

स्थान।

फिडरल कोर्ट का स्थान दिल्ली अथवा ऐसा स्थान जो चीफ जस्टिस गवरनर जनरल की अनुमति से समय समय पर नियत होगा।

फिडरल कोर्ट के अधिकार।

(१) फिडरल कोर्ट में "प्रारंभिक रीति" से भी मुकद्में होंगे (Original jurisdiction)

(२) ब्रिटिश इंडिया के किसी हाईकोर्ट के फैसले से जिसमें उक्त हाइकोर्ट यह सार्टिफिकेट दे कि गवर्मेंट आफ़ इंडिया ऐक्ट की किसी धारा अथवा उसके अनुसार किसी "आर्डर-इन-कौंसिल" के अर्थ (Interpretation) के संबंध में वाद विवाद है, अपील के अधिकार होंगे।

(३) किसी फिडरेल स्टेट के हाइकोर्ट के फैसले से अपील के अधिकार होंगे।

(४) फिडरल कोर्ट को गवरनर जनरल द्वारा भेजे हुए प्रश्नों पर राय देने का अधिकार होगा।

(५) फिडरल कोर्ट तथा प्रिवी-कौंसिल के फैसले भारत की सब अदालतों को मान्य होंगे।

प्रिवी कौंसिल की अपील।

फिडरल कोर्ट के आरंभिक फैसले की तथा किसी "आर्डर इन कौंसिल" की अपील प्रिवी कौंसिल की जुडीशल कमेटी को होगी।

ब्रिटिश भारत में हाईकोर्ट।

ब्रिटिश भारत में निम्नलिखित हाईकोर्ट होंगे। कलकत्ता, मद्रास, बम्बई, इलाहाबाद, लाहौर, पटना, चीफकोर्ट अवध, जुडीशल कमिश्नर्स कोर्ट, सी० पी० बरार, सीमाप्रान्त तथा सिंध।

ब्रिटिश सम्राट (कौंसिल सहित) को अधिकार होगा कि अन्य किसी अदालत को हाईकोर्ट घोषित करदें।

हाईकोर्ट के जज सम्राट द्वारा नियत होंगे और ज़िला जजों को प्रान्तीय गवरनर अपनी "व्यक्तिमत" से नियुक्त करेगा सब-जज आदि पबलिक सर्विस कमीशन के तथा हाईकोर्ट के परामर्श से गवरनर नियुक्त करेगा।

रक्षा तथा फौजी विभाग।

संघ शासन की स्थापना पर, रक्षा-सम्बन्धी नीति तथा व्यय का

उत्तरदायित्व केवल गवर्नर जनरल की "स्वेच्छा" (Discretion) में रहेगा और सेक्रेटरी आफ स्टेट का साधारण निरीक्षण रहेगा। "कमांडर इन चीफ" सरकारी मण्डल का सदस्य न रहेगा कि सब सेना का सेना नायक रह कर गवर्नर जनरल को युद्ध के संचालन, नीति तथा तैयारी के प्रश्नों पर परामर्श देगा। गवर्नर जनरल को अधिकार होगा कि रक्षा विभाग के संचालन के लिये एक सलाहकार नियुक्त करे जो उसकी ओर से व्यवस्थापक सभाओं में बोलेगा किंतु उसे वोट का अधिकार न होगा।

रक्षा का व्यय संघ शासन के आधीन न रहेगा किन्तु गवर्नर जनरल के हाथों में (एक अर्थ सलाहकार सहित) रहेगा। किन्तु ऐसे, अर्थात् रक्षा सम्बन्धी, अनुमान (Budget) के निश्चय करने में फिडरेल मन्त्रियों से सलाह लेनी पड़ेगी।

कमांडर-इन-चीफ के कर्तव्यों के सम्बन्ध में गवर्नर जनरल को उसकी राय लेनी होगी और यदि कमांडर-इन-चीफ चाहे तो सेक्रेटरी आफ स्टेट को ऐसी राय की सूचना देनी होगी।

नये शासन विधान द्वारा रक्षा विभाग का सब सम्बन्ध व्यवस्थापक सभाओं (Legislature) से तथा सरकारी अन्य सरकारी विभागों से तोड़ दिया जावेगा।

जल, थल, और हवाई सेनाओं में क़ानून द्वारा प्रविष्ट कर्मचारियों को "कमीशन" देने का अधिकार ब्रिटिश नरेश अथवा उसके द्वारा नियत किये हुये व्यक्ति को होगा।

सिविल सर्विसेज़।
(Civil Services)

ब्रिटिश नरेश की इच्छा पर साधारण विभागों (Civil Services) के कर्मचारी अपने पद पर नियुक्ति रहेंगे।

जब तक पार्लीमेंट अन्यथा न कहे सिविल सर्विसेज़ (Civil Services) जिन्हें इण्डियन सिविल सर्विस, इंडियन मेडीकल सर्विस (सिविल), इण्डियन पोलिस सर्विस कहते हैं सेक्रेटरी आफ स्टेट द्वारा नियुक्त होंगे।

सेक्रेटरी आफ स्टेट को अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति का भी अधिकार है।

[उच्चपदाधिकारियों के लिये विशेष सुविधायें दी गई हैं। सेक्रेटरी आफ स्टेट उनके वेतन, भत्ते, छुट्टी के नियम, पेन्शन, तरक्की के नियम निश्चित कर सकेगा चाहे ऐसे

पदाधिकारी मन्त्रियों के नीचे ही काम करेंगे। इण्डियन सिविल सर्विस (I.C.S.) के कर्मचारियों के लिये विशिष्ट पद भी सुरक्षित रक्खे गयेहैं।]

सेक्रेटरी आफ स्टेट को ईसाई पादरियों के विभाग की नियुक्ति का भी अधिकार है।

हाई कमिश्नर।

यूनाइटेड किंगडम में एक हाई-कमिश्नर भारत की ओर से रहेगा। गवर्नर जनरल की सूचना के अनुसार व्यापारी मुआहिदे करने, भारत सरकार के लिये सामान ख़रीदने आदि का काम करेगा। उसकी नियुक्ति ५ साल के लिये होगी और ३००० पौंड वार्षिक वेतन उसे मिलेगा।

पेन्शन।

इंग्लैड में भारतीय कर्मचारियों की पेनशनों की अदायगी का भार भारतीय आमदनी पर है और गवर्नर जनरल को अधिकार है कि आवश्यकतानुसार भारतीय आमदनी की ज़मानत पर कर्ज़ लेकर भी पेनशनें अदा करे।

पबलिक सर्विसेज़ कमीशन।
(Public Services Commission)

फिडरेशन (शासनसंघ) केन्द्रीय के लिये एक पबलिक सर्विस कमीशन अर्थात् सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति के लिये समिति नियुक्त होगी और इस प्रकार की समिति प्रत्येक प्रान्त के लिये भी होगी।

दो अथवा अधिक प्रान्त मिलकर एक कमीशन नियुक्त कर सकते हैं अथवा यह भी निश्चित कर सकते हैं कि एक ही कमीशन सब प्रान्तों के लिये काम करे।

इन पबलिक सर्विसेज़ कमीशनों का कर्तव्य होगा कि सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति के लिये उचित परीक्षाओं का प्रबन्ध करें।

सेक्रेटरी आफ स्टेट।

इस ऐक्ट के पूर्वस्थित "कौंसिल आफ इंडिया" तोड़ दी जावेगी। सेक्रेटरी आफ स्टेट को अधिकार होगा कि भारतीय प्रश्नों पर परामर्श के लिये एक समिति जिसमें ३ से ६ तक सदस्य होंगे नियुक्त करे। इनसे सलाह लेना अथवा व्यक्तिगत रूप से सलाह लेना अथवा सामूहिक रूप से सलाह लेना यह बात सेक्रेटरी की इच्छा पर निर्भर है। वह चाहे तो परामर्श न भी ले अथवा उनकी सलाह को न भी माने। सलाहकार वे ही नियुक्त किये जा सकते हैं जिन्होंने भारत में १० वर्ष ब्रिटिश-

नरेश की नौकरी की हो और ऐसी नौकरी छोड़े २ वर्ष से अधिक काल भी न बीत गया हो। ऐसे सलाह-कारों को ७३५० पौंड वार्षिक वेतन मिलेगा और यदि सलाहकार भारत का "डोमीसाइल्ड" (निवासी) हो गया हो तो ६०० पौंड अधिक मिलेगा।

कौंसिल आफ स्टेट की रचना।

ब्रिटिश भारत के सदस्यों की बांट।

१ प्रान्त	२ कुल	३ साधारण	४ दलित जातियों के सदस्य	५ सिक्ख	६ मुसलमान	७ स्त्री
मद्रास	२०	१४	१	...	४	१
बम्बई	१६	१०	१	....	४	१
बंगाल	२०	८	१	....	१०	१
संयुक्तप्रान्त	२०	११	१	....	७	१
पंजाब	१६	३	...	४	८	१
बिहार	१६	१०	१	....	४	१
म. प्रा. और बरार	८	६	१	....	१	....
आसाम	५	३	...	...	२	...
उ. प. सीमाप्रान्त	५	१	...	....	४	...
उड़ीसा	५	४	...	....	१	....
सिन्ध	५	२	....	....	३	...
ब्रिटिश बिलोचिस्तान	१	....	....	....	१	....
देहली	१	१	...	....	...	....
अजमेर मारवाड़	१	१	...	....	....	...
कुर्ग	१	१	....	...	...	....
एंग्लो इण्डियन	....	....	...	...	....	....
यूरोपियन	७	...	....	....	...	...
भारतीय ईसाई	२	....	...	....	....	....
जोड़	१५०	७५	६	४	४६	६

तिसाला चुनाव के लिये सदस्यों की बांट।

१ प्रान्त	हर तीसरे साल चुने जाने वाले सदस्यों की तादात की बाँट।					हर छठे साल चुने जाने वाले सदस्यों के तादात की बाँट					हर नवें साल चुने जाने वाले सदस्यों की तादात की बाँट				
	२ साधारण सदस्य	३ दलित जातियों के सदस्य	४ सिक्ख सदस्य	५ मुसलमान सदस्य	६ स्त्री सदस्य	७ साधारण सदस्य	८ दलित जातियों के सदस्य	९ सिक्ख सदस्य	१० मुसलमान सदस्य	११ स्त्री सदस्य	१२ साधारण सदस्य	१३ दलित जातियों के सदस्य	१४ सिक्ख सदस्य	१५ मुसलमान सदस्य	१६ स्त्री सदस्य
मद्रास	....	....	....	....	....	७	....	...	२	१	७	१	....	२	....
बम्बई	५	....	....	२	१	...	....	....	....	....	५	१	....	२	....
बंगाल	४	१	....	५	....	...	....	....	....	....	४	....	....	५	१
संयुक्तप्रान्त	५	१	....	३	१	६	...	....	४	....	....	....	....	....	....
पंजाब	२	....	२	४	....	१	....	२	४	१	....	....	....	....	....
बिहार	....	...	....	....	...	५	१	...	२	....	५	....	....	२	१
मध्यप्रांत और बरार	....	....	....	....	....	६	१	....	१	....	....	....	....	....	....
आसाम	....	...	....	....	...	३	...	....	२	...	....	....	....	....	....
उ. प. सीमाप्रांत	....	...	....	....	....	...	....	....	...	...	१	....	....	४	....
उड़ीसा	४	...	....	१	....	...	....	...	...	....	....	....	....	....	....
सिंध	२	...	....	३	....	...	....	....	....	...	....	....	....	....	....
ब्रिटिशबलूचिस्तान	....	...	....	....	....	...	....	....	....	....	....	....	....	१	....
देहली	....	....	....	....	....	....	....	....	...	....	१	....	....	....	....
अजमेर मारवाड़	....	...	....	....	....	..	....	....	...	...	१	....	....	....	....
कुर्ग	....	....	....	....	....	....	...	....	....	....	१	....	....	....	....
जोड़	२२	२	२	१८	२	२८	२	२	१५	२	२५	२	....	१६	२

फिडरल एसेम्बली की रचना।

१ प्रांत	२ कुल सदस्य	३ कुल साधारण सदस्य	४ दलित जातियों की सुरक्षित संख्या	५ सिक्ख	६ मुसलमान	७ एंग्लो इंडियन	८ यूरोपियन	९ भारतीय ईसाई	१० व्यापार और उद्योग	११ ज़मींदार	१२ श्रमजीवी	१३ स्त्री
मद्रास	३७	१९	४	...	८	१	१	२	१	१	१	२
बम्बई	३०	१३	२	....	६	१	१	१	३	१	२	२
बंगाल	३७	१०	३	...	१७	१	१	१	३	१	२	१
संयुक्तप्रांत	३७	१९	३	...	१२	१	१	१	....	१	१	१
पंजाब	३०	६	१	६	१४	....	१	१	....	१	...	१
बिहार	३०	१६	२	....	९	...	१	१	...	१	१	१
मध्यप्रांत और बरार	१५	९	२	....	३	....	....	....	....	१	१	१
आसाम	१०	४	१	...	३	....	१	१	....	....	१	....
उ० प० सीमाप्रांत	५	१	....	...	४	....	....	....	....	....	....	....
उड़ीसा	५	४	१	...	१	....	....	...	...	...	...	....
सिन्ध	५	१	...	...	३	...	१	....	....	....	...	...
ब्रिटिश बलूचिस्तान	१	...	....	...	१	....	....	...	....	....	...	...
देहली	२	१	....	....	१	....	...	....	...	....	...	...
अजमेर मारवाड़	१	१	....	...	....	....	...	....	...	....	....	....
कुर्ग	१	१	....	....	....	...	...	....	....	....	....	....
ग़ैर प्रांतीय सदस्य	४	....	...	....	....	....	...	...	३	....	१	...
जोड़	२५०	१५०	१९	६	८२	४	८	८	११	७	१०	९

कौन्सिल आफ स्टेट तथा फिडरल एसेम्बली में देशी राज्यों के सदस्यों की संख्या।

कौंसिल आफ स्टेट १०४ सदस्य (देशी राज्यों के) — फिडरल एसेम्बली १२५ सदस्य (देशी राज्यों के)

१	२	३	४	५
देशी राज्य तथा उनके समूह	कौंसिल आफ स्टेट में संख्या	देशी राज्य तथा उनके समूह	फिडरल एसेम्बली में संख्या	जन संख्या
		पहला विभाग		
हैदराबाद	५	हैदराबाद	१६	१,४४,३६,१४८
		दूसरा विभाग		
मैसूर	३	मैसूर	७	६५,५७,३०२
		तीसरा विभाग		
कश्मीर	३	कश्मीर	४	३६,४६,२४३
		चौथा विभाग		
ग्वालियर	३	ग्वालियर	४	३५,२३,०७०
		पांचवाँ विभाग		
बड़ौदा	३	बड़ौदा	३	२४,४३,००७
		छठा विभाग		
कलात	२	कलात	१	३,४२,१०१
		सातवाँ विभाग		
सिकिम	१	सिकिम	...	१,०६,८०८
		आठवाँ विभाग		
१. रामपुर	१	१ रामपुर	१	४,६५,२२५
२. बनारस	१	२ बनारस	१	३,६१,२७२
		नवाँ विभाग		
१. ट्रावनकोर	२	१ ट्रावनकोर	५	५०,९५,९७३
२. कोचीन	२	२ कोचीन	१	१२,०५,०१६

रियासती सदस्यों की संख्या (चालू)

देशी राज्य तथा उनके समूह	कौंसिल आफ स्टेट में संख्या	देशी राज्य तथा उनके समूह	फिडरल एसेम्बली में संख्या	जन संख्या
३. पदुकोताई		३. पदुकोताई		४,००,६६४
बंगनापैली	१	बंगनापैली	१	३६,२१८
सन्दूर		सन्दूर		१३,५८३
		दसवाँ विभाग		
१. उदैपुर	२	१. उदैपुर	२	१५,६६,६१०
२. जैपुर	२	२. जैपुर	३	२६,३१,७७५
३. जोधपुर	२	३. जोधपुर	२	२१,२५,६८२
४. बीकानेर	२	४. बीकानेर	१	६,३६,२१८
५. अलवर	१	५. अलवर	१	७,४६,७५१
६. कोटा	१	६. कोटा	१	६,८५,८०४
७. भरतपुर	१	७. भरतपुर	१	४,८६,६५४
८. टोंक	१	८. टोंक	१	३,१७,३६०
६. धौलपुर	१	६. धौलपुर	१	२,५४,६८६
१०. करौली	१	१०. करौली		१,४०,५२५
११. बूंदी	१	११. बूंदी	१	२,१६,७२२
१२. सिरोही	१	१२. सिरोही		२,१६,५२८
१३. डूँगरपुर	१	१३. डूँगरपुर	१	२,२७,५४४
१४. बंसवारा	१	१४. बंसवारा		२,६०,६७०
१५. परतापगढ़	१	१५. परतापगढ़	१	७६,५३६
झालवर		झालवर		१,०७,५६०
इञ्जिनियरिंग	७	२,०७४	७	२,०४९
एग्रीकल्चरल (कृषि)	६	८०८	६	८८२
कामर्शल (व्यापार)	६	२,६०५	६	२,८९१
टेकनालाजिकल	....	....	२	६९
जंगल (फारेस्ट)	१	४२	२	६४
विटेरीनरी	४	३७९	४	४१९
कुल	७०	१९,९९३	७५	२०,६४५

भारत के विचित्र प्रकार के स्कूल।

	१९३५		१९३६	
	संस्था	विद्यार्थी	संस्था	विद्यार्थी
स्कूल				
नारमल और ट्रेनिंग	५७८	२६,६७२	५७१	२७,१३२
ला	२	१९६	२	२०२
मेडिकल	३०	७,०२२	३१	७,००३
इंजिनियरिंग	१०	१,७२८	१०	१,६८७
टेकनिकल और इण्डस्ट्रियल	४८९	२७,७०५	५१२	२८,८०९
कामर्शल	२२०	८,६९२	३१२	११,७८१
एग्रीकलचरल	१५	६६०	१४	५३१
फारेस्ट	१	४४	१	४
आर्ट	१५	२,११०	१५	२,१४४
कुल	१,३६०	७४,७९९	१,४७०	७९,३२६
स्कूल और कालेजों का योग	१,४२०	९४,६९२	१,५४५	९९,९८१

भारत के विद्यार्थी तथा विद्यालय

प्रान्त	कुल विद्यार्थी		कुल संस्थायें	
	१९३५	१९३६	१९३५	१९३६
मद्रास	३०,९४,२०३	३१,७३,९८०	५१,५६४	५१,३०१
बम्बई	१४,२२,१४६	१४,७६,४०३	१६,९२७	१७,३१४
बंगाल	३०,७५,२७१	३१,४६,२९१	७१,६६०	६९,४२३
संयुक्तप्रान्त	१५,९४,९४०	१६,२०,२६८	२४,८३०	२४,५७२
पंजाब	१२,६८,४७४	१२,७४,४३२	१८,०१९	१८,२२६
ब्रह्मा	६७,३०,१०६	७,४३,७८५	२५,५७४	२५,८०४
बिहारऔर उड़ीसा	११,८४,९६८	१२,१४,८८७	३१,४९५	३०,७६२
मध्यप्रांतऔर बरार	५,०१,१९७	४,९९,१००	५,९४१	५,९५०
आसाम	४,०३,८९०	४,२४,०२१	७,६४३	८,१३०
सीमाप्रान्त	९५,२६३	९७,१९५	१,१२८	१,१३०
ब्रिटिश भारत	१,३५,०६,९६९	१,३८,१६,१४९	२,५६,२९३	२,५४,२११

स्त्रियों के लिये विद्यालय (१९३५)

राजमान्य	विद्यालय	विद्यार्थी
आर्ट कालेज	२७	४६७१
प्रोफेशनल कालेज	६	८४१
हाई स्कूल	२७६	११६७३०
मिडिल स्कूल	६२५	२०४३५८
प्राइमरी स्कूल	३३७८५	२४०६५८४
विशेष	४१०	२१०४८
	३५५९२	२७५७२३२
अन्य	४०६६	१३३०१४
	३६६०१	२८६०२४६

शिक्षा पर खर्च ।

सन् १९११ ई० में श्री० गोखले ने अनुमान किया था कि जबकि यू० एस० ए० में १६ शि०, इङ्गलैंड वेल्स में १० शि०, स्काटलैंड में ६ शि०, आस्ट्रेलिया में ११ शि० ३ पेन्स और जर्मनी में ६ शि० १० पेन्स प्रारंभिक शिक्षा पर प्रति मनुष्य वार्षिक खर्च किया जाता है भारत सरकार केवल १ पेन्स से भी कम खर्च सालाना करती है ।

सन् १९३४–३५ में प्रांतीय और केन्द्रीय सरकारों ने १२ करोड़ १ लाख ६० हजार ५०३ रु० कुल शिक्षा पर खर्च किया जो केवल ५.७ प्रतिशतसरकारी आमदनी के होता है । यदि म्युनिसिपेलिटी और डिस्ट्रिक्ट बोर्डों का खर्च भी जोड़ा जावे तो १५ करोड़ ७४ लाख रुपया होता है । अर्थात् ६ आना प्रति मनुष्य शिक्षा खर्च पड़ता है ।

यूनाइटेड किंगडम (इङ्गलैंड) में प्रति मनुष्य १६ रु० फ्रान्स में १० रु० और यू० एस० ए० में लगभग ५५ रु० वार्षिक प्रति मनुष्य खर्च किया जाता है । यही कारण है कि अशिक्षितों की संख्या भारत में अत्यधिक है । प्रारंभिक स्कूलों में यू० एस० ए० में कुल जन संख्या के २० प्रति शत, इङ्गलैंड और वेल्स में १७ प्रतिशत, जापान में १३ प्रतिशत और भारत में केवल ४ प्रतिशत मनुष्य हैं ।

भारत में केवल ६.२ प्रतिशत मनुष्य साक्षर हैं । अंग्रेजी शिक्षित मर्दों में २ प्रतिशत और स्त्रियों में ·३ प्रतिशत हैं ।

शिक्षा पर व्यय (प्रान्तवार)

प्रान्त	कुल व्यय (रुपयों में)			व्यय का प्रतिशत औसत			
	१९३५	१९३६	बढ़ती	सरकारी रुपया	स्थानीय रुपया	फीसका रुपया	अन्यसाधन
मद्रास	४,४०,९४,०४४	५,५१,५१,९५७	१०,५७,९१३	४६.४	१४.३	१७.७	२१.६
बम्बई	४,१०,८६,३५४	४,२१,६५,९०८	१०,७९,५५४	४२.१	१८.८	२४.६	१४.५
बंगाल	४,३२,३९,३०३	४,४४,२६,०५४	११,८६,७५१	३१.४	७.९	४४.६	१६.०
संयुक्त प्रान्त	३,८०,४१,८३८	३,८९,४९,१६९	९,०७,३३१	५३.१	१३.१	२०.२	१३.३
पंजाब	३,१२,०६,०३२	३,२२,०९,०४४	१०,०३,०१२	५०.७	१३.८	२५.४	१०.१
ब्रह्मा	१,५०,७०,२१३	१,६१,३३,२१९	१०,५६,००६	३३.८	२९.६	२१.५	१५.१
बिहार उड़ीसा	१,७१,०३,९२९	१,८२,०८,४१०	११,०४,४८१	३२.४	२९.५	२३.४	१४.७
मध्य प्रान्त और बरार	१,०६,०१,६१७	१,०९,१५,६०८	३,१३,९९१	४३.४	२८.३	१९.१	९.२
आसाम	५०,५०,८६०	५३,९५,१६१	३,४४,३०१	५६.३	१३.४	१९.३	११.०
सीमाप्रान्त	२९,४५,७९१	३०,८८,२९४	१,४२,५०३	६८.४	९.८	११.५	१०.३
ब्रिटिशभारत	२६,५२,११,४२०	२७,३२,७९,००९	८०,६७,५८९	४३.३	१६.१	२५.२	१४.४

भारत के प्रसिद्ध व्यक्ति ।

कौन क्या है ?

कौन क्या है ?

अरविन्द घोष—जन्म कलकत्ते में १५ अगस्त १८७२; शि० सेंटपाल स्कूल दार्जिलिंग और इंगलैंड में; सिविलसर्विस परीक्षा में शामिल हुये; पठन पाठन की परीक्षा में पास हुये पर घुड़सवारी में फेल हो गये (१८९०); किंग्ज कालेज कैम्ब्रिज में भरती हुये और ग्रेजुयेट हुये (१८९२); बड़ौदा राज्य में उच्च पदाधिकारी १२ वर्ष तक रहे; नेशनल कालेज कलकत्ता के प्रिन्सिपल १९०६; संपादक 'वन्देमारम्'; राष्ट्रीय आन्दोलन में मुख्य भाग लिया १९०७; विद्रोह करने और षडयन्त्र रचने के अपराध में गिरफ्तार हुये १९०८, किन्तु निर्दोष सिद्ध हुये और छोड़ दिये गये; आज कल वे पांडिचेरी में रह कर योगी का जीवन व्यतीत कर रहे हैं; पुस्तकें—सुपरमैन, ईशोपनिषद, आइडियल आफ कर्मयोगिन, योग एन्ड इटस ओरिजिन, ब्रेन आफ इण्डिया, योग साधना, लव एन्ड डेथ, आदि २; पता—पांडिचेरी।

अणे, माधवराव श्रीहरि—प्रमुख राजनैतिक नेता बरार; शिक्षा बी. ए. एल-एल. बी; तिलक के साथी कार्यकर्ता; होमरूल आन्दोलन में प्रमुख भाग लिया; अध्यक्ष मराठी साहित्य सम्मेलन (१९२८); मराठी के उत्तम वक्ता तथा लेखक; असहयोग आंदोलनों में सदैव प्रमुख भाग लिया; सदस्य केन्द्रीय असेम्बली; सदस्य नेहरू कमेटी; स्थानापन्न सभापति कांग्रेस (१९३३); कांग्रेस कार्यकारिणी समिति से इस्तीफ़ा (१९३४) श्रीयुत पं० मालवीय के साथ कांग्रेस नेशलिस्ट पार्टी संचालित की; पता—यवतमाल, बरार।

अध्यापक रामरत्न—प्रसिद्ध हिन्दी लेखक; ज० १९४०; सर्व-सम्मानित हिन्दी साहित्य सेवी; आपकी लिखी हुई अनेक पुस्तकें स्कूलों में पढ़ाई जाती हैं; पुस्तकें—अलंकार प्रबोध, रचना प्रबोध, चिन्ह विचार, काव्य प्रवेश, बाल शिक्षा इत्यादि; हिन्दी साहित्य सम्मे-

लन के प्रचार तथा परीक्षा मंत्रित्व का कार्य ५ वर्ष तक किया; राष्ट्रीय आन्दोलनों में सदैव भाग लेते हैं; पता—रत्नाश्रम, आगरा ।

अन्सारी, फरीदुलहक— जन्म १६००; बार ऐटला (लंदन); सायमन कमीशन बायकाट के समय विशेष कार्य किया; अ० भा० कांग्रेस कमेटी के सदस्य (१६२२-३४); सविनय अवज्ञा आन्दोलन में दोबार जेल यात्रा (१६३०-३२) अखिल भारतीय कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी में प्रवेश (१६३४); पता—दरियागंज, दिल्ली ।

अपसन, एस० जी०—जर्नलिस्ट; जन्म २५ दिसम्बर १८८२ क्वेटा; सम्पादक "इंडियन पिकचर मैगजीन", १६१४; "सोसाइटी इलस्ट्रेटेड" १६१५–१६; असिस्टेंट एडीटर "इम्पायर", "कमर्शल" १६१६–१६; सम्पादक "लुकर आन" १६१७–२१, 'इण्डियन बिजिनेस' १६१७-२१, "ईस्ट ऐन्ड वेस्ट" १६२०, "इंडिपेंडेंट" १६२२, मुसलमान हुये १६२१; सम्पादक "मुसलिम" औटलुक लाहौर; पता—लाहौर ।

अब्दुर्रहीम, सर दि आन० बार० एट० ला०—शि० एम० ए० कलकत्ता; पब्लिक सर्विस कमीशन के सदस्य (१६१३–१५); स्थानापन्न चीफ जस्टिस मद्रास (१६१६); बंगाल इक्जीक्यूटिव कौंसिल के सदस्य (१६२०–२२); के० सी० एस० आई० १६२४; मेम्बर बंगाल कौंसिल (१६२५–२६); मिनिस्टर १६३१; लेजिस्लेटिव एसेम्बली (केन्द्रीय) के सभापति १६३५ से; पता—शिमला, दिल्ली ।

अब्दुल अज़ीज़, सैयद— बार ऐट ला; ज० १८८५; संस्थापक अंजुमन इस्लामिया उर्दू पब्लिक लाइब्रेरी तथा पटना क्लब; सभापति अंजुमन इस्लामिया तथा मुस्लिम यतीमखाना; अनेक कान्फ्रेन्सों के सभापति; पिछली कौंसिल में अहरार पार्टी के लीडर; भूतपूर्व शिक्षा मंत्री बिहार (१६३४); पता—दिलकुशा, पटना ।

अब्दुल गफ्फारखाँ, खान— सीमाप्रान्त के गांधी—जन्म १८६१; शिक्षा इंट्रेंस तक; लालकुर्तीवाले (खुदाई खिदमतगार) के संस्थापक नेता; एण्टी रौलट आन्दोलन के संचालक; असहयोग आन्दोलन में ३ साल की सख़्त सजा; अफगान जिरगा के संगठन कर्त्ता (१६२६); हजारी बाग जेल में राजबन्दी (१६३२–३४); पंजाब तथा सीमा-

प्रांत से अपने भाई डा० खां साहब सहित निर्वासित (१९३४); बम्बई कांग्रेस अधिवेशन के सम्बन्ध में भाषण देने पर दो साल की सजा (१९३५); पता—पेशावर ।

अब्दुल कयूम खां, सर—के. सी आई. ई.; ज० १८६८; केन्द्रीय एसेम्बली के सदस्य (१९२३—३१); सीमा प्रान्त के मंत्री (१९३२); गोलमेज़ कान्फ्रेन्स के सदस्य (१९३०—३२), अस्थाई मंत्रिमंडल के प्रधान मन्त्री १९३७—३८; पता—पेशावर ।

अबुल कलाम आज़ाद—ज. १८८८ मक्का में; शिक्षा, अलअज़हर विश्वविद्यालय कैरो में, धर्मशास्त्र अध्ययन, तत्पश्चात् भारत आगमन; कलकत्ते में उर्दू साप्ताहिक "अलहिलाल" संचालित किया, इस पत्र पर सरकारी प्रतिबन्ध लग जाने से "अलबलाग़" नामी दूसरा साप्ताहिक निकाला जिससे अली भाइयों के साथ नज़रबन्द किये गये; १९२१—२२ के असहयोग एवं खिलाफत आन्दोलनों में विशेष भाग लिया; सविनय अवज्ञा आन्दोलन में कई बार जेल यात्रा; १९२३ में देहली के कांग्रेस विशेषाधिवेशन के सभापति; पुनः १९३० में स्थानापन्न कांग्रेस सभापति; सदस्य अ. भा. कांग्रेस कमेटी; सुयोग्य लेखक वक्ता एवं राजनीतिज्ञ, मुख्य रचना कुरान की टीका (३ जिल्दें); पता—बालीगंज, कलकत्ता ।

अनूप शर्मा—एम. ए. एल टी. ; ज. १९५७ विक्र; हेडमास्टर खैराबाद; वीर-रस-प्रधान कविता लिखते हैं; पुस्तकें सुनालकाव्य, सिद्धार्थ चरित्र;पता—खैराबाद ।

अभिराम शर्मा—ज० श्रावण

शुक्ल द्वितीया संवत् १९६०; जन्म स्थान अपानिवादा पोस्ट बिल्हौर जिला कानपुर; शि० अंग्रेजी; हिन्दी के प्रतिष्ठित कवि, आपकी सर्वोत्तम कृतियाँ छायावादी एवं राष्ट्रीय हैं । अभिराम पुस्तक माला के व्यवस्थापक, अनेक पुस्तकें प्रकाशित कीं; पुस्तकें—मुक्त-संगीत (जब्त थी, रोक हटा ली गई), अंचल, अम्बर, और विजयाविलास; पता—अभिराम निवास, बादशाही नाका कानपुर ।

अभेदानन्द, डा० स्वामी—रामकृष्ण मिशन के अधिष्ठाता

ज. १८६६; शिक्षा० पी. एच. डी.; सभापति रामकृष्ण वेदान्त सुसाइटी, कलकत्ता; श्रीरामकृष्ण परमहंस के शिष्य और स्वामी विवेकानन्द के गुरुभाई; ट्रस्टी बेलूर मठ तथा रामकृष्ण मिशन; लन्दन में १८९६ में वेदान्त पर अनेक भाषण; न्यूयार्क वेदान्त सुसाइटी का संगठन १८९७ में; इंगलैंड, कनाडा और अमेरिका की अनेक संस्थाओं में भाषण; अनेक संस्थाओं व रामकृष्ण आश्रमों के सभापति; ग्रन्थः—"रिइन्कारनेशन", "स्पिरिचुअल, अन्फोल्डमेण्ट," "फिलोसोफी आफ वर्क", "हाउ टु बी ए योगी", "डिवाइन हेरीटेज आफ मैन" इत्यादि; पता—रामकृष्ण वेदांत सुसाइटी, कलकत्ता।

अम्बेडकर, डा० भीमराव रामजी—हरिजनों के नेता, ज. १८९३; गायकवाड स्कालर होकर कोलम्बिया विश्वविद्यालय में अर्थ शास्त्र एवं सोशियालोजी पढ़ने गये और एम. ए, पी. एच. डी की डिग्री प्राप्त की; अर्थशास्त्र के प्रोफेसर सिडेनहेम कालेज बम्बई १९०७; जर्मनी में तथा लन्दन विश्वविद्यालय में अध्ययन किया और कामर्स तथा अर्थशास्त्र में डी. एस सी. डिग्री ली; १९२६ के करेन्सी रायल कमीशन के समक्ष बयान दिये; बहिष्कृत हितकारिणी सभा के जन्मदाता; सम्पादक "बहिष्कृत भारत,"; दलित जातियों में जागृति पैदा करने के लिये अनन्य उपाय किये और अनेकों सभाओं के सभापति हुये; गोलमेज़ कान्फ्रेन्स के सदस्य (१९३०—३२); सदस्य, ज्वाइण्ट पार्लियामेण्टरी कमेटी (१९३२); "पूना पैक्ट" के मुख्य सदस्य; ग्रन्थ, "दि प्राबलम आफ दि रूपी", "इवोल्यूशन आफ प्राविन्शियल फायनेन्स इन ब्रिटिश इण्डिया", "कास्ट्स इन इण्डिया" इत्यादि; पता—राजगृह, हिन्दू कालोनी, दादर, बम्बई १४।

अमर सिंह—प्रसिद्ध क्रिकेटियर; ज. १९१०; इंगलैंड को जाने वाली अ. भा क्रिकेट टीम के सदस्य; अनेक पुरस्कारों के प्राप्त कर्ता; पता—जामनगर।

अमरनाथ झा, प्रो०—ज० २१ फरवरी १८९७ ई०; शि० एम० ए०; प्रयाग म्युनिसिपल बोर्ड के भूतपूर्व सीनियर वाइस चेयरमैन; प्रयाग सार्वजनिक पुस्तकालय के अवैतनिक मंत्री; यू० पी० ओलेम्पिक एसोसियेशन के सभापति; सभापति हिन्दी विभाग आलइन्डिया ओरियण्टल कान्फ्रेन्स (१९२९); चेयरमैन इण्टर यूनीवर्सिटी बोर्ड (१९३६-३७); सदस्य, लीग आफ नेशन्स एडवायज़री

कमेटी (१९३४); उपसभापति लंदन पोयट्री सुसायटी; सभापति यू० पी० शाखा इंगलिश एसोसियेशन; पुस्तकें—शेक्सपीरियन कमेडी, लिटरेरी स्टडीज़, एन्थालोजी आफ माडर्न वर्स(अंग्रेज़ी); पद्म पराग, संस्कृत टीका दशकुमार चरित; पता—प्रयाग।

अमरनाथ—प्रसिद्ध क्रिकेटियर ज० १९०६; क्रिकेट के प्रसिद्ध खिलाड़ी; अ० भा० क्रिकेट टीम के (जो १९३६ में विलायत गई थी) सदस्य; अनेक संस्थाओं में यश प्राप्त किया; पता—नार्दर्न इण्डिया क्रिकेट एसोसियेशन, लाहौर।

अमृत कौर, राजकुमारी—शिक्षा इंग्लैण्ड में; स्त्री जाति की उन्नति के लिये अनेक संस्थाओं में काम किया; जे० पी० (१९३३; फ्रेंचाइज कमेटी (१९३३) के समक्ष बयान दिये; मेम्बर जलन्धर म्यूनिसिपेलिटी; लेडी अरविन कालेज आफ होम सायन्स देहली की कार्यकारिणी एवं गवर्निंग बाडी की सदस्या; टेनिस खेलने की प्रतियोगता में लब्धप्रतिष्ठ; पता—मैनर विली, शिमला वेस्ट।

अयोध्यानाथ शर्मा—ज० ८ दिसम्बर १९९७ ई०; शि० एम० ए० संयोजक हिन्दी बोर्ड आफ स्टीडीज़ (आगरा वि. वि); सदस्य फैकल्टी आफ़ आर्टस; अनेक हिन्दी प्रचारक समितियों के सदस्य; शब्द-सागर में सहायक सम्पादक; पुस्तकें—उज्ज्वल तारे, गद्य मुक्तावली, गद्य मुक्ताहार, प्रभावती साहित्य कुसुम, बालव्याकरण इत्यादि; पता—आर्य-नगर, पो० नवाबगंज, कानपुर।

अयोध्या सिंह उपाध्याय—ज० १८६५ ई०; अध्यापक, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय; सर्वोच्च कोटि के हिन्दी कवि; पुस्तकें—ठेठ हिन्दी का ठाट अधखिला फूल, प्रिय प्रवास आदि अनेक पुस्तकें लिखी हैं; पता—बनारस।

अली शौकत, मौ०—शि० एम. ए. ओ कालेज अलीगढ़, बी., ए.; सरकारी अफीम बिभाग में नियुक्त; राष्ट्रीय कार्य के कारण पदत्याग किया; अलीगढ़ कालेज के लिये धन एकत्र किया; महायुद्ध के समय डिफेन्स आफ इंडिया ऐक्ट द्वारा नजरकैद; खिलाफत और असहयोग आंदोलनों के प्रमुख नेता १९१९-२१; दो वर्ष की कड़ी कैद, अध्यक्ष, आल इंडिया मुसलिम कांफ्रेंस १९२८; मुसलमानों के प्रमुख नेता; वर्तमान नीति कांग्रेस का विरोध,

मेम्बर, केन्द्रीय एसेम्बली; पता—दिल्ली ।

अवस्थी, रमाशंकर—ज० मई १८९७ ई०; कांग्रेस के कार्यकर्ता; उच्चकोटि के निर्भीक सम्पादक; 'अभ्युदय' तथा 'प्रताप' के भूतपूर्व सहायक सम्पादक; 'वर्तमान' दैनिक के संस्थापक एवं संचालक; पुस्तकें 'रूस की राज्य क्रांति', 'बोलशेविक, जादूगर' 'सत्याग्रह गाइड' आदि; पता—'वर्तमान', कानपुर ।

अवध बिहारी मालवीय, 'अवधेश'—ज० सम्वत १९४२; हिन्दी के अच्छे कवि; पुस्तकें—राष्ट्रीय अष्टक, अवधेश पचासा, हिन्दूसंगठन, कृष्णाष्टक, शिवाष्टक, अवधेश कुसुमाञ्जलि; पता—गणेशनगर, नागपुर ।

अशरफ, डा० कुवंर मोहम्मद—शि० एम० ए०, एल एल० बी०, पी एच० डी० (लन्दन); अलीगढ़ वि० वि० के भूतपूर्व इतिहास प्रोफेसर; असहयोग (१९२१) में कालेज छोड़कर अन्दोलन में प्रमुख भागलिया; बाद में नेशनल मुस्लिम विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य करने लगे; अ० भा० कांग्रेस कमेटी के आर्थिक एवं राजनैतिक बिभाग के मंत्री; पता—स्वराज्य भवन, प्रयाग ।

अहमद, सैयद अशरफुद्दीन खान बहादुर नवाबजादा; सी. आई. ई.; जन्म ६ जनवरी १८६९, मेम्बर लेजिसलेटिव कौंसिल और वाइस प्रेसीडेन्ट बिहार उड़ीसा हज कमेटी; शि० कलकत्ता, मद्रास, डफरन कालेज इत्यादि; ए. डी. सी. अन्तिम राजा अवध के १८७४; मैनेजर हुगली इमाम बाड़ा १८७९; लाइफ ट्रस्टी अलीगढ़ यूनिवर्सिटी और फेलो कलकत्ता यूनिवर्सिटी; पुस्तकें—तुहफये सखुन, नौरतन, यादगार दर्दाना; तशाकत मोहसिनिया; पता– नवाब कोठीबाढ, (ई. आई. आर.) पटना ।

अहमद हसन, सर—नवाब अमीन जंग बहादुर, एम. ए, बी. ऐल. सी. ऐस आई. १९११, नवाब १९१७, के. सी. आई ई. १९२०; मिनिस्टर इनवेटिंग निजाम; सिक्रटरी निजाम सरकार; जन्म ११ अगस्त १८६३; हाई कोर्ट वकील १९९०; डिप्टी कलेक्टर और मैजिस्ट्रेट १८९०-९२; असिस्टैन्ट सेक्रटरी निजाम १८९३; पता—हैदराबाद ।

आगरकर, सिद्धनाथ माधव, सी० पी० के प्रसिद्ध हिन्दी पत्रकार; शि. बी. ए.; ज० १९४८ विक्र; 'कर्मबीर' (जबलपुर) के सहायक

सम्पादक; खंडवा से साप्ताहिक पत्र "मध्यभारत" निकाला(१९२२-२३); नागपुर के अर्धसप्ताहिक "प्रणवीर" के सहकारी सम्पादक; सन १९२३ में श्री० माखनलाल चतुर्वेदी के साथ "कर्मवीर" निकाला; सन १९३१ से खंडवा से हिन्दी "स्वराज्य" बड़ी सफलता पूर्वक सम्पादन कर रहे हैं; मंत्री महाकोशल प्रांतीय कांग्रेस कमेटी (१९२६); मेम्बर आल इन्डिया कांग्रेस कमेटी (१९२६-३१); उपसभापति मध्य भारत प्रान्त परिषद; प्रधान नेता निमाड जंगल सत्याग्रह (१९३८); जेल यात्रा (१९३०); पता—'स्वराज्य', खंडवा।

आग़ाख़ां हिज़ हाईनेस सर— ज. १८७५; प्रिवी कौन्सिलर १९३४; पूर्वी अफ्रीका, मध्य ऐशिया, भारत वर्ष के इस्माइली मुसलमानों के महन्त; योरुपीय महायुद्ध में सेवाओं के उपलक्ष में देशी नरेशों की प्रथम श्रेणी में घोषित किये गये; ११ तोपों की सलामी दी गई; अन्तर्राष्ट्रीय लीग असेम्बली के सभापति; आधुनिक घुड़दौड में विशेष रुचि, योरुप व भारत में अनेक घोड़ों के मालिक; रौंडटेबल कांफ्रेंस में मुसलमानों के नेता; पता—आगा हाल, बम्बई।

आचार्य, प्रसन्न कुमार— ज० १८९० आई. ई.एस., एम. ए.; पी एच डी. लीडेन (Leyden), डी. लिट (लन्दन), पुरातत्व विज्ञान, भाषा विज्ञान, स्थापत्य कला (Architecture) विज्ञान में विश्वविख्यात आचार्यों से शिक्षा प्राप्त की; ऋषिकुल कालेज हरद्वार के प्रिंसपल रहे; गवर्मेन्ट आफ इण्डिया स्टेट्स स्कालर (१९१४—१८) तक रहें; मद्रास के गवर्नर लार्ड पेंटलैण्ड द्वारा 'आर्कीटेक्चुरल टेक्स्ट' के संपादन में सहायक १९१९; प्रोफेसर पटना कालेज १९१९—२०; इलाहाबाद विश्व-विद्यालय के 'ओरियंटल डिपार्टमेंट' के हेड; ग्रन्थ—भारतीय स्थापत्य कला पर ५ पुस्तकें, टेक्स्ट आफ मानसार; पता—जार्ज टाउन, इलाहाबाद।

आबिदअली जाफरभाई— ज० १९००; २ आने रोज़ के कुली से जीवनारम्भ; १९१७ में सरकारी नौकरी; १९२१ के असहयोग आन्दोलन में पदत्याग; १९२१—२४ तक आवैतनिक मंत्री सी. पी. कांग्रेस कमेटी और ख़िलाफ़त कमेटी; अ. भा. कांग्रेस कमेटी के सदस्य; १९२३ में २२½ माह की सज़ा; १९२५ में बम्बई में अ. भा. शिया कांन्फ्रेन्स की स्वागत समिति के जनरल सेक्रेटरी; सिंगापूर, ईरान आदि स्थानों से

व्यापार किया; इंडियन मर्चेंट्स चेम्बर और इण्डियन एसोसियेशन, सिंगापुर के अवैतनिक मंत्री; १९२९ में कांग्रेस मुसलिम पार्टी को संगठित किया और उसके अवैतनिक जनरल सेक्रेटरी; १९२९ से बम्बई प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी के मंत्री; १९३०—३३ तक चार बार जेल यात्रा; १९३१ के शराबबंदी आन्दोलन में गोली लगने से एक टांग बिलकुल टूट गई; बिहार भूकम्प घटनास्थल पर प्रशंसनीय सेवा कार्य; १९३४ में बम्बई कांग्रेस अधिवेशन की स्वागत समिति के मन्त्री; कौंसिल प्रवेश से असहमत होकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से पदत्याग स० १९३५; पता—डायरेक्टर, स्टैण्डर्ड जनरल्स लिमि०, बम्बई ।

आयंगर, सी. दुरायस्वामी— ज० १८७३; शिक्षा बी. एल.; लेजिस्लेटिव एसेम्बली (केन्द्रीय) के भूतपूर्व सदस्य; सभापति ज़िला कांग्रेसकमेटी तालुक़ बोर्ड और म्यूनिसिपल कौंसिल चित्तूर; सभापति आन्ध्र प्रांतीय कान्फ्रेन्स १९२८; ग्रन्थ-श्री वेंकटेश, लेसन्स फ्राम श्री भगवद्गीता, हिन्दूइज़्म इन दि लाइट आफ विशिष्ठाद्वैतम्, गान्धी अनवेल्ड, एसोटरिक स्टडी आफ रामायण; पता—चित्तूर ।

आरकोट, प्रिन्स आफ, सर गुलाम मुहम्मद अली खान बहादुर—प्राचीन नवाब कार्नाटक के वन्शज; जन्म १८८२; शि० न्यूइंगटन कोर्ट आफ वार्डस इन्स्टीट्यूशन मद्रास; मेम्बर मद्रास लेजिस्लेटिव कौंसिल १९०४-०६ व १९१६-१७; मेम्बर इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल १९१०—१३; प्रेसीडेन्ट आल इण्डिया मुसलिम लीग १९७०; पता—अमीर महल, रोयापेट्टा, मद्रास ।

आरोग्य स्वामी मुडालियर— आनरेबल दीवान बहादुर रायपुरम नल्लवीरम; बी. ए., बी. सी. ई; राव बहादुर (१९१५); दीवान बहादुर (१९२५); मिनिस्टर पब्लिक हैल्थ और एकसाइज मद्रास में रहे; ज० १८ अप्रैल १८७०; शि० मद्रास क्रिश्चयन कालेज आफ इंजीनियरिंग मद्रास; सरकारी नौकरी (१८९६ से १९२५); पता—मयलापुर ।

आलम, डा० शेख, महमूद— बार ऐट ला; मेम्बर पंजाब लेजिस्लेटिव एसेम्बली ज० १८९२; शि० आक्सफोर्ड और ट्रिनिटी; असहयोग में वकालत स्थगित की पुनः आरम्भ की १९२३; पंजाब कौंसिल में नेशनेलिस्ट पार्टी के नेता; प्रमुख काँग्रेस कार्यकर्त्ता; प्रेसीडेण्ट यूथ लीग झांसी और बंगाल और राजनैतिक कांफ्रेंस

सागर नमक क़ानून तोड़ने के कारण जेल, पता—लाहौर।

आसफ़ अली—बार-ऐट-ला,

अडवोकेट लाहौर हाईकोर्ट; ज० ११ मई १८८८; शि० दिल्ली, लिंकन्स इनलंदन; प्रेसीडेण्ट दिल्लीप्रान्तीय कांग्रेस १९२३; म्यु० कमिश्नर दिल्ली; डिफेन्स आफ इंडिया ऐक्ट के अनुसार मुक़दमा चला लेकिन छूट गए १९१८; असहयोग में वकालत स्थगित कर दी १९२०; क्रिमिनल ला एमेण्डमेण्ट ऐक्ट के अनुसार १॥ साल की सजा; मिश्र देश, इंगलैण्ड, फ्रांस, स्विटजरलैंड, इटली, जर्मनी, टर्की आदि देश में भ्रमण किया; एसेम्बली बम केस में भगतसिंह और दत्त की तरफ से पैरवी की; मेम्बर केन्द्रीय लेजिसलेटिव एसेम्बली १९३५ से; पता—कूचा चेलान दिल्ली।

आसफअली, श्रीमती अरुणा-प्रसिद्ध लेखिका, ज० १९०९; अनेक भाषाओं में शिक्षित; नेशनल कौंसिल आफ विमेन की सदस्या; देहली विमेन्स लीग की सिक्रेटरी १९२९; स्त्रियों की उन्नति के लिये अनेक सेवायें की; सविनय असहयोग आन्दोलन में ६ मास की सजा १९३०, १९३२; सुयोग्य वक्ता; पता—देहली।

इक़बाल बहादुर वर्मा—ज० १९४२ विक्र०; हिन्दी के प्रसिद्ध कवि एवं अनुवादक; पुस्तकें :—सत्याग्रह का महत्व, शकुंतला का उर्दू पद्यानुवाद, शेख सादी के करीमा का हिन्दी पद्यानुवाद; पता—हथग्राम, जि० फतेहपुर।

इन्द्र विद्यावाचस्पति, प्रो०—ज० १८८९ ई०; प्रधान, जि० कांग्रेस कमेटी दिल्ली (१९३५-३६), सूबा कांग्रेस कमेटी दिल्ली (१९३७), स्वागत कारिणी सभा, आल इण्डिया कन्वेशन दिल्ली (१९३७) तथा दलितोद्धार सभा दिल्ली; जेलयात्रा कई बार; 'सद्धर्म प्रचारक', 'सत्यवादी' 'विजय', 'वीर अर्जुन', आदि का सम्पादन किया; व्यवस्थाक गुरुकुल विद्यालय कांगड़ी; पुस्तकें—कारण, अपराधी कौन (उपन्यास), स्वर्ण देश का उद्धार (नाटक), नैपोलियन बोनापर्ट, प्रिन्स बिस्मार्क, गैरी-

बाल्डी, जवाहर लाल (जीवनी); पता—दिल्ली।

. इमाम, सर सैयद हसन— बैरिस्टर; ज० ३० अगस्त १८७१ ई०; शि० पटना और इंगलैण्ड; बैरिस्टर मिडिल टेम्पिल १८९२; जज कलकत्ता हाईकोर्ट (१९१२-१६); प्रेसीडेंट स्पेशल सेशन राष्ट्रीय कांग्रेस १९-१८; प्रेसीडेण्ट आल इण्डिया होमरूल लीग; डेलीगेट लन्दन कांफ्रेंस टर्किश पीस ट्रीटी १९२१; भारतीय प्रतिनिधि लीग आफ नेशन्स १९२३; पता—हसरत मंजिल, पटना।

इसमाइल, मिरजा मुहम्मद दीवान मैसूर; ज० १८८३; शि० महाराजा मैसूर के सहपाठी (पैलेस स्कूल,) बी. ए. १९०५; मैसूर सर्विस (पुलिस, एकाउन्ट, और सर्वे मुहकमें) १९०५; असिस्टंट सेक्रटरी महाराजा (१९०८) हुजूर सेक्रटरी (१९२४); प्राइवेट सेक्रटरी महाराजा (१९२२); अमीनुल मुल्क की पदवी (१९२०); पता—समर पैलेस, मैसूर।

ईश्वरीप्रसाद, डा०—ज० १८-९२ ई०; शि० एम. ए. एल एल. बी.; हिन्दी व अंग्रेज़ी के प्रकाण्ड विद्वान, सुप्रसिद्ध इतिहासकार; सदस्य कार्यकारिणी समिति, फैकल्टी आफ आर्ट्स और बोर्ड आफ स्टीज़ आगरा वि० वि० (१९२७ से); सदस्य कार्यकारिणी समिति, एकाडिमिक कौंसिल और फैकल्टी आफ आर्ट्स प्रयाग वि० वि० (१९३५-३८); सदस्य कार्यकारिणी समिति हिन्दुस्तान एकाडेमी (१९३०-३३); सदस्य बोर्ड आफ़ ट्रस्टीज़ आगरा कालेज; ग्रामसुधार में विशेष रुचि; पुस्तकें—हिस्ट्री आफ मेडीवल इण्डिया, हिस्ट्री आफ मुस्लिम रूल इन इण्डिया, न्यू हिस्ट्री आफ इण्डिया, इत्यादि अनेक इतिहास पर पुस्तकें; पता—प्रयाग वि० वि०, प्रयाग।

उदय शंकर—नृत्यकला में प्रवीण; लन्दन में मैडेम पैवलोवा ने इनको नाचने के लिये अपना जोड़ चुना; लन्दन में जार्ज पंजुम के सामने नाचे, किया, नार्वे, स्वेडन, डेनमार्क के बादशाहों ने भी इनका स्वागत किया; सारा संसार भ्रमण किया और पुरस्कार पाये; पेरिस में एक कम्पनी खोली और काफी धन कमाया; भारत में भी काफी सम्मान प्राप्त किया; पता—कलकत्ता।

उदयशंकर भट्ट—हिन्दी के उत्कृष्ट लेखक, ज० श्रावण शुक्ला नाग पंचमी; सं० १९५४ वि० जन्म-

स्थान आगरा संयुक्त प्रान्त; डी० ए० बी० कालेज, लाहौर में हिन्दी व संस्कृत के भूतपूर्व प्रोफेसर; रहस्यवाद में निराशा एवं वेदना प्रधान अनुभूतिवादी इस कारण वियोगान्त नाटक लिखने में रुचि; पुस्तकें-विक्रमादित्य, दाहर, अम्बर, सागर विजय, मत्स्यगन्धा, विश्वामित्र (नाटक), तक्षशिला, रामा, मानसी, (काव्य), कृष्णचन्द्रिका, गुमान मिश्र का शकुन्तला (सम्पादित ग्रन्थ) आदि; पता—लाहौर।

उपाध्याय, हरिभाऊ—ज० चैत्र कृष्ण ९ सं० १९४९; स्थान भौंरासा (ग्वालियर); शि० हिन्दू कालेज बनारस; महात्मा गांधी के अनुयायी, सम्पादक, "औदुम्बर" काशी (१९१२-१५) उपसम्पादक "सरस्वती" १९१३-१८, "हिन्दी नवजीवन" १९२१-२५ "त्यागभूमि" अजमेर; अनुवादित पुस्तकें—काबूर, रागिणी, सम्राट अशोक, इत्यादि; मुजफ्फरपुर के सम्मेलन के सभापति चुने गये पर स्वीकार नहीं किया; हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्थायी समिति के सदस्य; अध्यक्ष राजस्थान अछूत सहायक मण्डली; संचालक गांधी सेवा संघ (राजस्थान शाखा) सस्ता साहित्य मंडल के संस्थापकों में; खादी प्रचार अस्पृश्यता निवारण तथा राजस्थान की सेवा का कार्य करते हैं; पता—त्यागभूमि कार्यालय, अजमेर।

उपेन्द्रनाथ "अश्क"—प्रसिद्ध उर्दू तथा हिन्दी लेखक; जन्म, १४ दिसम्बर १९१० (जालंधर); शि० बी. ए; एलएल. बी; १९२७ में उर्दू लेख लिखना प्रारम्भ किया; स्व० लाला लाजपतराय के "बन्देमातरम" तथा "वीरभारत" पत्रों में उप—सम्पादक; उर्दू में "नौरत्न" (१९३०) और "औरत की फितरत" (१९३३) नामक कहानियों के संग्रह प्रकाशित किये; सं० १९३६ में पत्नी के देहान्त होने पर हिन्दी लिखना प्रारम्भ किया; रेडियो में इनके दो नाटक ब्राडकास्ट हुये; हिन्दी नाटक "जय पराजय" (१९३७) में लिखा जो पंजाब यूनिवर्सिटी और राजपूताना बोर्ड में पाठ्य पुस्तकों में रक्खा गया; पता—लाहौर।

उमेश मिश्र, डा०—ज० १८९९; शि० संस्कृत में द्वितीय डाक्टर आफ लेटर्स (इलाहाबाद यूनिवर्सिटी); पुस्तकें—Conception of Matter according to Nyaya Vaisheshik, Vidyapati Thakur, Kapil and his Philosophy; तथा अन्य; प्रोफेसर

इंडियन फिलासफी; इलाहाबाद यूनिवर्सिटी; पूर्व निवासस्थान दरभंगा; पता—इलाहाबाद।

एण्डूज़, सी० एफ़०—ज० १८७१; प्रोफेसर, शान्तिनिकेतन विश्वविद्यालय, बंगाल; दीनहिन परायण होने से दीन बन्धु के नाम से प्रसिद्ध हैं; शिक्षा, बरमिंघम और केम्ब्रिज; फेलो और लेक्चरर पेम्ब्रोक कालेज १८९९; वाइस प्रिंसपल वेसकट हाउस केंब्रिज १९००-०४; प्रोफेसर, सेण्ट स्टीफेन्स कालेज, देहली; फेलो पंजाब युनीवर्सिटी १९१४; दक्षिण अफ्रिका में महात्मा गांधी के सत्याग्रह आन्दोलन में सहायता की; ग्रन्थः—"दि रिनेसांस इन इण्डिया", "क्राइस्ट एंड लेबर", "दि इण्डियन प्राबलेम", "इंडियन्स इन साउथ अफ्रीका", "ड्रिंक एण्ड ड्रग ईविल" पताः—शांति निकेतन, बोलपुर, बंगाल।

एरंडेल, डा० जार्ज सिडनी—ज० १८७८; शिक्षा (जर्मनी इंग्लैण्ड, जर्मनी और फ्रांस) डी० लिट०, एम० ए०, एल एल० बी०; फेलो, रायल हिस्टारिकल सोसाइटी; सभापति थियोसाफिकल सोसाइटी; बचपन ही से थियोसोफी से प्रेम रहा; १८९५ में सोसाइटी में सम्मिलित हुये; सेण्ट्रल हिन्दू कालेज, बनारस में हिस्ट्री के प्रोफेसर १९०३; इलाहाबाद विश्वविद्यालय के फेलो; नेशनल विश्वविद्यालय मद्रास के भूतपूर्व प्रिंसपल; होल्कर स्टेट के भूतपूर्व शिक्षा मन्त्री; भारत लिबरल के थोलिक चर्च के भूतपूर्व रिजनरी बिशप; स्काउट्स एसोसियेशन तथा सेवा समिति के पदाधिकारी रहे; होमरूल आन्दोलन में श्रीमती एनी बेसेंट के साथ कार्य किया और ओटाकामण्ड में नज़रबन्द किये गये; मद्रास लेबर यूनियन के भूतपूर्व अवैतनिक सभापति; विश्वव्यापी थियोसाफिकल आन्दोलन के प्रमुख रहे; भूतपूर्व सम्पादक 'न्यू इण्डिया', मद्रास; थियोसाफिकल; सुसाइटी के सभापति हुये १९३४; ग्रन्थः—'निर्वाण', 'माउण्ट एवरेस्ट', 'यू', 'गाड्स इन दि बिकमिंग' इत्यादि, पताः—अडयार, मद्रास।

कनिका राजा-राजेन्द्र नारायण भंज—ज० १८८१ ई०; मेम्बर बंगाल ले० कौं० (१९०९-०); बिहार उड़ीसा ले० कौं० (१९१२-१६), व इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल (१९१६-२०); उप-सभापति बंगाल और बिहार लैण्ड होल्डर्स एसोसियेशन; मेम्बर, बंगाल फिशरी बोर्ड, रायल एशियाटिक सुसाइटी, तथा

गवर्निंग बोर्ड रेविनशा कालेज कटक; फेलो, पटना युनिवर्सिटी; पता--कटक

कमलापति त्रिपाठी शास्त्री—सम्पादक "आज" दैनिक; जन्म—भाद्रपद शुक्ला ५, संवत् १९६२ वि०; शि० शास्त्री, काशी विद्यापीठ; काँग्रेस कार्यकर्त्ता; असहयोग आन्दोलन में जेलयात्रा १९२९, १९३०, तथा १९३२; काँग्रेसी मेम्बर यू० पी० एसेम्बली (१९३७); पुस्तकें—मौर्य कालीन, भारत का इतिहास. कांग्रेस के इतिहास में काशी का स्थान, पता—"आज" आफिस, बनारस।

कर्वे, प्रो० धोंडू केशव,--बी. ए., संस्थापक इंडियन, वीमेन्स युनिवर्सिटी; जन्म मई १८८५, स्त्रियों की उन्ननि के लिये उच्चकोटि के कार्यकर्त्ता, पूना के पास विधवाश्रम स्थापित किया (१८९६); नेशनल सोशल कान्फ्रेन्स के अध्यक्ष (१९१५), पता--पूना।

करमरकर, विनायक राव पांडोबा—ज० १८९२; शि० बंबई स्कूल आफ आर्ट १९१०-१३; कलकत्ते में शिल्पकारी का काम किया (१९१६–२०); उच्च शिक्षा के लिये इंगलैंड आर्टफौंड्री में मजदूर बनकर काम सीखा; हिन्दुस्तानी होने से कालेजों में जगह न मिली; अच्छा कार्य होने से रायल ऐकेडेमी में एकदम तीसरे वर्ष के वर्ग में लिये गये; सं० १९२२ में इटली में रोम, फ्लारेंस नेपल्स, पांपाई, आदि नगरों में मूर्ति-निर्माण कला सीखी; स० १९२४ से उत्तरोत्तर उन्नति हुई; पूना के शिवाजी स्मारक के लिये शिवाजी की अश्वारूढ मूर्ति १४ फुट ऊँची निर्माण की; पता—४ वार्डन रोड बंबई।

करन्दीकर, जे. एस.-जन्म १८ फरवरी १८७५; लोकमान्य तिलक के सहयोगी कार्यकर्ता; ज्योतिष शास्त्र के प्रख्यात पंडित; शि० बी० ए० एल०-एल. बी. उपाधि-तत्व भूषण; अध्यक्ष प्रथम बृहन्महाराष्ट्र परिषद झांसी १९२६; मराठी साहित्य सम्मेलन ग्वालियर में प्रमुख भाग लिया; वर्तमान सम्पादक 'केसरी' पूना; पुस्तकें कौटिल्य अर्थशस्त्र, आदि। पता--केसरी आफिस, पूना।

करीम भाई इब्राहीम, सर—मर्चेंट तथा मिल मालिक ज० १८६७, मुख्य सदस्य, खोजा मुस्लिम समाज; ट्रस्टी बम्बई पोर्ट १६ वर्ष; सदस्य म्यू० कारपोरेशन २० साल; डायरेक्टर बोर्ड बैंक आफ इंडिया; पता--बेलविडियर, बम्बई।

करीम भाई, सर फज़ल भाई— मिल ओनर तथा मर्चेंट बम्बई, ज० १८७२, सदस्य, वेट्स ऐण्ड मेज़र कमेटी; सदस्य बम्बई प्राविंशियल कौंसिल तथा इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल; शेरीफ बम्बई १९२६, डेलीगेट इण्टर नेशनल फाइनेनशियल कान्फ्रेन्स ब्रसेलस (१९२०) पता—बम्बई।

करुणा शंकर शुक्ल 'करुणेश'— कवि तथा लेखक, जन्म, कार्तिक शुक्ल; सं० १९६४, पुस्तक—"हिलोर", पता—चौक कानपुर।

कवीशर, शार्दूल सिंह— ज० १८८६, अमृतसर, शिक्षा—बी० ए०; सिक्खों में काँग्रेस प्रचार कार्य तथा असहयोग आन्दोलन में विशेष भाग; बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के फेलो (१९२७); दिल्ली से "सिखरिव्यू" और लाहौर से 'न्यू हेराल्ड' पत्र प्रकाशित किये; प्रान्तीय काँग्रेस कान्फ्रेन्स के सभापति हुए (१९२५); कॉग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य (१९२५ व १९२६); स्थानापन्न काँग्रेस सभापति (१९३२) पीपुल इंशोरेन्श कम्पनी के संचालक (१९-२६ से); पुस्तकें—Non-voilent Non-Co-operation, Studies in Sikh Religion, इत्यादि, पता:—चेम्बर लेन रोड, लाहौर।

कस्तूर भाई लालभाई, सेठ— मिल ओनर, ज० १८९४ ई०; अवैतनिक मन्त्री अहमदाबाद फेमीन रिलीफ कमेटी १९१८-१९; उप सभापति अहमदाबाद मिल ओनर्स एसोसियेशन १९२३-२४; सदस्य केन्द्रीय असेम्बली १९२३-२६; प्रतिनिधि इंटरनेशनल लेबर कान्फ्रेंस जिनेवा १९२९, पता—अहमदाबाद।

काजी, सैयद हिफाजत अली— ज० १८९२; बी. ए. एल. एल. बी.; सभापति म्यु० कमेटी खंडवा १९२०; भूतपूर्व मिनिस्टर स्वायत्त शासन सी० पी० सरकार, पता—खंडवा।

काटजू, डा० कैलाशनाथ— शिक्षा० एम. ए. एल. एल. डी.; प्रसिद्ध एडवोकेट; काँग्रेस के प्रमुख कार्यकर्ता; काँग्रेसी एम. एल. ए., यू. पी. (१९३७); भूतपूर्व चेयरमैन. इलाहाबाद म्यू० बोर्ड; मिनिस्टर यू० पी० सरकार १९३७, पता—लखनऊ।

कानजी द्वारकादास— ज० १८९१; सदस्य, बम्बई लेजिस्लेटिव कौंसिल १९२१; अवैतनिक ट्रेज़रर, आलइंडिया होमरूल लीग, बम्बई ब्रांच; जनरल सेक्रेटरी होमरूल लीग; पता—रिज रोड बम्बई।

कामत, बी० एस०—ज० १८७१; शि० बी. ए; सदस्य, बम्बई लेजिस्लेटिव कौंसिल १९१३–२० व केन्द्रीय असेम्बली १९२१-२३; सदस्य रायल कमीशन एग्रीकलचर १९२७; पता—पूना।

कामता प्रसाद गुरु—हिन्दी लेखक; जन्म० पौष कृष्ण ६, सं० १९६२ वि०; प्रान्तीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन (कटनी १९३५) के अन्तर्गत कवि सम्मेलन के सभापति; भारत धर्म महामंडल काशी से "व्याकरण रत्न" की उपाधि प्राप्त पुस्तकें—"हिन्दी व्याकरण" (मध्य प्रदेश की सरकार से सुवर्णपदक प्राप्त), मध्य हिन्दी रचना, अन्त्याक्षरी, पार्वती, यशोदा, हिन्दुस्तानी शिष्टाचार (उपन्यास), सुदर्शन (नाटक); पता—जबलपुर सी० पी०।

कालिदास कपूर—प्रसिद्ध हिन्दी लेखक, जन्म–११ अगस्त ११९२, शि० एम. ए. एल. टी; हेडमास्टर कालीचरण हाई स्कूल लखनऊ (१९२१ से), लेखक--भारतवर्ष का प्रासंगिक इतिहास, भारतीय इतिहास की कहानियाँ, हिन्दी सार संग्रह, आधुनिक पद्यावली, साहित्य समीक्षा, शिक्षा समीक्षा, Towards a Better Order; यू० पी०सेकंडरी एजूकेशन एसोसियेशन के सभापति (१९२५-२६) व प्रधान मंत्री (१९३१-३५); 'Education' के सम्पादक (१९३२-३४); और १९३८ से; बोर्ड आफ हाई स्कूल और इण्टरमीडियेट एजूकेशन में प्रान्तीय हेडमास्टरों की ओर से प्रतिनिधि (१९३५-३७); उक्त बोर्ड की हिन्दी कमेटी के सभापति (१९३१-३७); जापान यात्रा (१९३६); यू० पी० एस ई० ए० कोआपरेटिव बेनिफिट सोसाइटी के सभापति १९३३ से; पता—लखनऊ।

काले, वामन गोविन्द—ज० १८७६; लाइफ मेम्बर दक्षिण एजूकेशन सोसाईटी पूना १९०७; फेलो बम्बई यूनीवर्सिटी १९२२ तक; प्रोफेसर हिस्ट्री तथा इकोनोमिक्स फरग्यूसन कालेज; सदस्य इंडियन फिस्केल कमशीन और टैरिफ बोर्ड १९२२; मन्त्री डो० ई० सोसाइटी १९२५-२८; पुस्तकें—अनेक पुस्तकों के लेखक; पता—फरगूसन कालेज, पूना।

कालेलकर, दत्तात्रय बाल कृष्ण, उर्फ काका कालेलकर—ज० १८८५, शिक्षा बी. ए. 'राष्ट्रमत' (साप्ताहिक) के सम्पादन में संयोजक; राष्ट्रीय शिक्षा की उन्नति में विशेष रुचि; गणेश विद्यालय बेलगाँव,

गंगानाथ विद्यालय बड़ौदा, ऋषिकुल हरद्वार, सिन्धु ब्रह्मचर्याश्रम हैदराबाद आदि संस्थाओं की उन्नति में प्रमुख भाग; शान्तिनिकेतन के शिक्षक १९२५; हिमालय पर लगभग २००० मील पैदल यात्रा की; ब्रह्मदेश तथा लंका का भ्रमण; गुजरात विद्यापीठ की स्थापना में सहायक और उसके वाइस चान्सलर एवं प्रिंसपल (१९२७-३४); गांधी जी की अनुपस्थिति में 'नवजीवन' का सम्पादन किया; अनेक बार जेल गये; नागरी लिपि सुधार समिति के सभापति; वर्धा शिक्षा आयोजन के प्रमुख पुरस्कर्ता; पताः—मगन वाड़ी वर्धा।

कावस जी जहांगीर, सर, (जूनियर)—जं० १८७९; शि० सेंट जेवियर कालेज बम्बई और सेंटजान्स कालेज केम्ब्रिज; अनेक वर्षों तक मेंबर बंबई कारपोरेशन १९०२-०७; मेंबर लेजिसलेटिव कौंसिल १९२१; मेयर, बम्बई; प्रमुख नेता लिबरल दल; पता—रेडीमनी हाउस, मलार हिल बम्बई।

कासिम बाजार, महाराजा सर मनीन्द्र चन्द्र नन्दी, के. सी. आई. ई.—वाइस प्रेसीडेण्ट बंगाल लेंडहोल्डरस एसोशियेशन और ब्रिटिश इंडियन एसोसियेशन; व कुछ समय तक कौंसिल आफ स्टेट के; प्राचीन विद्या में आधिक रुचि रखते हैं; लेखक—हिस्ट्री आफ इण्डियन शिपिंग एण्ड मेरीटायम, ग्रेट वैष्णव ग्रन्थाज, दी इंडियन मेडिकल प्लांट, इत्यादि, पता—कासिम बाजार बंगाल।

किचलू, डा० सैफुद्दीन—बार-एट-ला; वकालत आरम्भ १९१३ (रावलपिंडी); विवाह १९१५; सत्याग्रह में प्रमुख भाग लिया १९१९; मारशल ला में कैद और देश निकाला (दिसम्बर १९१९); सेक्रेटरी मुस्लिम लीग १९२८; नमक क़ानून भंग में जेलयात्रा १९३०; पंजाब में कांग्रेस के प्रमुख कार्यकर्त्ता पता—अमृतसर।

किदवई, शेख रफी अहमद—

रेवेन्यू मिनिस्टिर यू० पी० सरकार जन्म १८९४ ई०; शिक्षा० अलीगढ़ कालेज; असहयोग में शिक्षा त्याग १९२०; ह्विप कॉंग्रेस पार्टी लेजिस्लेटिव एसेम्बली १९२३; सेक्रे-

टरी सर्वदल सम्मेलन १९२८; प्रेसीडेण्ट यू० पी० पार्लीमेंटरी बोर्ड १९३६-३७; पता--मसौली, बाराबंकी।

किफ़ायत उल्ला, मुफ्ती—सभापति जमैयतउल उलेमा हिन्द देहली; भारत में मुसलमानों के धार्मिक मुखिया; राष्ट्रीय आन्दोलन में प्रमुख भाग लिया, तथा जेल यात्रा पता—देहली।

किबे, माधवराव विनायक—ज०१८७७ ई०; शि० एम. ए.; सरदार रावबहादुर, (१९१२) दीवान ख़ास बहादुर (१९२०); वजीरुद्दौरा (१९३३); भूतपूर्व प्राइम मिनिस्टर होल्कर स्टेट; भूतपूर्व मिनिस्टर देवास स्टेट; लेखक तथा प्रसिद्ध साहित्य सेवी; पताः—सरस्वती निकेतन, इंदौर।

कुंजरू, पंडित हृदयनाथ—सभापति, सर्वेण्ट्स आफ इण्डिया सोसाइटी (१९३५ से); उक्त सोसाइटी में प्रवेश (१९०५); काँग्रेस कार्यकर्ता १९१८ तक; लिबरल दल के प्रमुख नेता; आल इण्डिया लिबरल फिडरेशन के सभापति अनेक वर्षों तक; मेम्बर यू० पी० सेवा समिति के प्रमुख कार्यकर्त्ता; मेम्बर, यू० पी० लेजिस्लेटिव कौंसिल अनेक वर्षों तक; मेम्बर कौंसिल आफ स्टेट, पता—इलाहाबाद।

कुर्तकोटी, डा०—शंकराचार्य; शि० एम. ए.; पी. एच. डी. (जर्मनी); ज० २० मई १८७९; हिज़ होलीनेस श्री विद्याशंकर भारती स्वामी जगद्गुरू शंकराचार्य कर्वीर पीठ; सन्यास तथा पीठा रोहण २ जून १९१७; मिस नैन्सीमिलर (शर्मिष्ठा देवी महारानी इंदौर) की शुद्धि की १९२८; भंडारकर ओरियंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना में प्रमुख भाग; सभापति हिन्दू महासभा, लाहौर १९३६; अछूतोद्धार के समर्थक; पता—पंचवटी नासिक।

कुलकर्णी, दत्तात्रय अनन्त—आयुर्वेद संशोधक; जन्म० १४ अगस्त १९००; शि० एम० एस-सी०, आयुर्वेदाचार्य; प्रोफेसर आयुर्वेद कालेज, हिन्दू यूनिवर्सिटी बनारस, पुस्तकें---पदार्थ विनिश्चय, आधुनिक परमाणु वाद, रसरत्न समुच्चय, आदि, पता—हिं० यूनि० बनारस।

केलकर, नरसिंह चिंतामणि—लो० तिलक के सहकारी; ज० २४ अगस्त १८७२ (मिरज); सम्पादक "मराठा" तथा 'केसरी'. सन् १८९६ से; मेम्बर पूना म्युनिसि-

पेलिटी (१५ वर्ष तक); प्रेसी-डेण्ट कोसमोस ऐण्ड कोआपरेटिव क्रेडिट सोसाइटीज़; प्रेसीडेंट महाराष्ट्र कांग्रेस कमेटी १६२२; रिस्पांसिव पार्टी के संस्थापकों में; अनेक अंग्रेजी और मराठी पुस्तकें--, लोकमान्य तिलक की जीवनी तथा उनके पत्र (२ भाग) तथा अनेक पौराणिक नाटकों के लेखक, प्रेसीडेण्ट हिन्दू महासभा (१६१८); टैरिफ बिल के पास होने के विरोध में लेजि-सलेटिव असेम्बली से इस्तीफा दिया १६३०; पता—पूना ।

केन, करनसिंह—पार्लीमेंटरी

सेक्रेटरी यू० पी० गवर्मेंट (१६३७), जन्म—१३ अप्रैल १६०६; शि० बी० ए० तथा आइ० सी० आर ओ० (ग्लासगो); हरिजन सेवक संघ में लगभग ४½ वर्ष कार्य तथा इसी कार्य के लिये भारत भ्रमण; आग्रा जनरल शिड्यूल जाति की ओर से कांग्रेसी मेम्बर लेजिसलेटिव ऐसेम्बली पता—लखनऊ ।

केला, भगवानदास—प्रोफेसर गुरुकुल प्रेम महाविद्यालय, शि० बी. ए. तक; (१६१५); अर्थशास्त्र तथा इतिहास के पंडित; लेखक-भारतीय, शासन, भारतीय निर्माण, भारतीय अर्थशास्त्र, देश भक्त दामोदर इत्यादि; भूतपूर्व सम्पादक; 'प्रेम'; प्रकाशक भारतीय ग्रंथमाला; पता—वृन्दावन ।

केसकर, श्री० विश्वनाथ महाराज—ज० १८८०, शिक्षा, बी. ए.; पूना में शिक्षक; आराधना तथा एकान्तवास आत्म चिन्तन में विशेष रुचि; हैदराबाद दक्खिन में एक स्कूल खोला (१६१३); बनारस में वेदान्त का ज्ञान प्राप्त किया, फ्रांस, स्विटजर लैण्ड, जर्मनी आस्ट्रिया, इंग्लैण्ड और अन्य देशों में भ्रमण; योरुप और अमेरिका में अनेक वेदान्त सभायें स्थापित कीं और शिष्य बनाये; पता—पंचाग्नि ।

कोटला नरेश, राजा कुशल पालसिंह—शि० एम. ए. एल-एल बी. एल-एल, डी.; सदस्य केन्द्रीय असेम्बली; ज० १८७२ ई; सदस्य,

यू. पी. ले० कौंसिल, तथा इम्पीरियल लेजिसलेटिव कौंसिल अनेक वर्षों तक; रिप्रेजेंटेटिव लैंडेड एरिस्टोक्रेसी आगरा प्राविन्स (१६१३); सदस्य मैनेजिंग कमेटी आगरा कालेज, पता—कोटला कोर्ट, जि० आगरा।

कोल्हापुर, सर श्रीराजाराम छत्रपती महाराजा—जन्म ३० जुलाई १८६७; शिवाजी महाराज के वंशज; वि० (१६१८) श्रीमती ताराबाई साहिब नातनी गायकवाड़; शि० हेंडन स्कूल व युइंग क्रिश्चियन कालेज; रिक्रीएशनस, घुड़दौड़, टेनिस शिकार; १६२७ में लैफटिनेन्ट कर्नल की उपाधि मिली; अब्राह्मण आन्दोलन के समर्थक, पता—कोल्हापुर।

कोलंगोड, दी आन. राजा बसुदेव राजा बलियानम्मीदी—सी. आई. ई. (१६१५) एफ. एम. यू० (१६२१); जमींदार तथा मेम्बर कौंसिल आफ स्टेट; ज० अक्टूबर १६७३; दो बार मेम्बर मद्रास लेजिसलेटिव कौंसिल; पता—कोलगोड मलबार डिस्ट्रिक्ट।

कृपलानी, जे. बी., आचार्य—एम. ए., प्रोफेसर, बनारस वि. वि., तथा काशी विद्यापीठ; असहयोग में नौकरी त्याग दी (१६२१); आचार्य गुजरात विद्यापीठ (१६२२-२७); यू० पी० चरखा संघ के प्रमुख कार्यकर्त्ता; जेलयात्रा कई बार; जनरल सेक्रेटरी काँग्रेस; पता—'स्वराज्य भवन' इलाहाबाद।

कृष्णमूर्ति, जे—आर्डर आफ दी स्टार के अधिष्ठाता; अनेक थियासोफिस्ट इन्हें जगद्गुरु (वर्ल्ड टीचर) मानते हैं; ज० मदनपल्ले (मद्रास) ११ मई १८६५; शि० लन्दन तथा पेरिस; मिसेज़ बेसेन्ट तथा एरंडेल के साथ बाल्यपन से रहे; १२ वर्ष की आयु में "एट दी फूट आफ दीमास्टर" पुस्तक लिखी; उत्कृष्ट वक्ता तथा विद्वान, भ्रमण, यूरोप तथा अमेरिका, पता—अद्यार (मद्रास), ईरडी ओमेन (हालेण्ड)।

कृष्णाकान्त मालवीय—शि० बी. ए (इलाहाबाद); मेम्बर आल इंडिया काँग्रेस कमेटी १६२२-२३; मेंबर आल इण्डिया हिन्दू सभा; सेक्रेटरी यू. पी. इण्डिपेण्डण्ट काँग्रेस पार्टी(१६२६); मेम्बर लेजिसलेटिव एसेम्बली अनेक वर्षों से; टैरिफ बिल के विरोध में एसेम्बली से त्याग पत्र १६३०; लेखक—संसार संकट, वैवाहिक अत्याचार, मोरक्को, चीन, यूनान आदि का राजनैतिक इतिहास; भूत-

पूर्व संपादक 'मर्यादा', मुख्य संपादक "दैनिक अभ्युदय" तथा साप्ताहिक 'अभ्युदय' प्रयाग; पता—अभ्युदय कार्यालय प्रयाग।

कृष्णदत्त गुप्त वैद्य, पंडित—

आयुर्वेद-भिषगरत्न, ज० १८८० ई०; संस्कृत धार्मिक एवं साहित्यिक ग्रंथों के पंडित आयुर्वेद की अमूल्य सेवा तथा खोज; अनेक रौप्य, स्वर्णपदक एवं प्रशंसापत्र पाये हैं; कुष्ट रोग की चिकित्सा में अपूर्वज्ञान; नि० भा० आ० सम्मेलन से पंडित की उपाधि मिली; शिलालेख पढ़ने का विशेष ज्ञान है; पता—कटनी।

कृष्णमाचार्यर, सर वी. टी.— ज० १८८१ ई०; बी. ए. बी-एल; मिनिस्टर बड़ौदा स्टेट; चीफ रेवेन्यू आफिसर कोचीन स्टेट, १९०२-११; सौथबरो कमेटीके साथ स्पेशल ड्यूटी १९१९-२२; सेक्रेटरी मद्रास गवरमेण्ट; प्रतिनिधि गोलमेज कान्फ्रेंस तथा जे. पी. सी.; सदस्य रिजर्व बैंक कमेटी, प्रतिनिधि, असेम्बली लीग आफ नेशन्स १९३४ ३६; पता—बड़ौदा।

खड़कसिंह, सरदार— शि. बी. ए. एल-एल. बी.; सिख लीडर ज० स्यालकोट प्रेसीडेन्ट सिख एजूकेशनल कांफ्रेंस, प्रेसीडेन्ट शिरोमणि सिख गुरु द्वारा कमेटी १९२१; असहयोग में जेलयात्रा; पता—अमृतसर।

खरे, डा० नारायण भास्कर- कांग्रेसी प्रधान मंत्री सी. पी.; ज० १८८४ ई०, प्रसिद्ध कांग्रेसी डाक्टर; सदस्य, स्वागत समिति नागपुर कांग्रेस, १९२०; सी. पी लेजिस्लेटिव कौंसिल १९२३-२७; राष्ट्रीय आन्दोलनों में अनेक बार जेल; भूतपूर्व सदस्य केन्द्रीय असेम्बली; पता—इंदिरा महल, नागपुर।

खलकसिंह, श्री० राजासाहब- खनियाधाना नरेश; गवालियर रेजीडेंसी जन्म अगहन सुदी ७ सं० १९४६; हिंदी के प्रसिद्ध लेखक; अनेक मासिक पत्रिकाओं में आपके लेख प्रकाशित होते हैं; राष्ट्रीय भावों के प्रेमी; विद्वज्जनों की सहायता प्रेम तथा उत्साह पूर्वक करते हैं; पुस्तक—सत्य कथा संग्रह; पता—खनियाधाना।

खलीकुज्जमा खां, चौधरी—ज० २५ दिसम्बर १८८६; शि० बी० ए.; एल एल. बी. (अलीगढ़); असहयोग में वकालत छोड़ी १९२०; मेंबर प्रान्तीय लेजिस्लेटिब असेम्बली १९२१; क्रिमिनल ला एमेंडमेंट ऐक्ट में सजा १ साल; चेयरमैन म्यू० बोर्ड लखनऊ १९२३-२६; व १९३६ से यू० पी० लेजिसलेटिव एसेम्बली में मुसलिम लीग दल के नेता; पता— लखनऊ।

ख्वाजा, अबदुल मजीद—बार - एट - ला; प्रिंसपल नेशनल मुसलिम यूनीवर्सिटी शि०; अलीगढ़ व लन्दन; हैदराबाद (दक्खिन) में चीफ जज; असहयोग में वकालत छोड़ी (१९२१) मेम्बर आल इंडिया कांग्रेस तथा खिलाफत कमेटी अनेक वर्षों तक; जेलयात्रा असहयोग में; पता—नेशनल मुसलिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़।

खाडीलकर, कृष्णाजी प्रभाकर—जन्मस्थान सांगली शि.; बी. ए.; असिस्टेंट तथा मुख्य संपादक "केसरी" १९२१ तक (करीब २५ वर्ष तक); संस्थापक व सम्पादक 'लोकमान्य' दैनिक १९२१; संस्थापक तथा सम्पादक 'नवाकाल' दैनिकबम्बई; मराठी के प्रसिद्ध नाटकलेखक; पुस्तकें—कांचन गडची मोहना, कीचक वध, भाऊबंदकी, सत्वपरीक्षा, मानापमान इत्यादि, पता—सम्पादक दैनिक 'नवाकाल' बम्बई।

खां साहब, डा०—प्रधान मंत्री, सीमाप्रांत गवर्मेंट: 'फ्रान्टियर गांधी' के भाई; अपने भाई के साथ खुदाई खिदमतगारों का संगठन किया; एण्टी रौलेट ऐक्ट विरोधी तथा असहयोग आन्दोलनों में प्रमुख भाग लिया; १९३४ में पंजाब तथा सीमाप्रान्त से वहिष्कृत किये गये; कई बार जेल गये; पता:—पेशावर।

खुशालचंद खुरशंद—ज० १८८८ ई०; सम्पादक एवं संस्थापक 'मिलाप' (हिन्दी और उर्दू); सेक्रेटरी आर्य पारदेशिक सभा; उपसभापति पंजाब नेशलिस्ट पार्टी लाहौर; पुस्तकें 'अमृत पान' इत्यादि १२ पुस्तकें लिखीं, पता—दैनिक मिलाप, लाहौर।

खेर, आत्माराम गोबिंद—ज० १८९४ ई०; शि. बी. ए. एल-एल. बी.; चेयरमैन म्यु० बोर्ड, झांसी (१९२३-३१); असहयोग में कई बार जेल गये; सदस्य अ. भा. कांग्रेस कमेटी कई बार: स्वताध्यक्ष, द्वितीय बृहन्महाराष्ट्र परिषद १९२५; कांग्रेसी एम. एल. ए. और पार्लियामेण्टरी सेक्रेटरी यू० पी० सरकार, पता—झांसी।

खेर, बाल गंगाधर--कांग्रेसी प्रधान मंत्री, बम्बई गवर्मेंट; शि०बी.ए. एलएल. बी. सालीसिटर; दक्षिण फेलो विलसन कालेज; बम्बई प्रांत के प्रसिद्ध कांग्रेसी नेता; प्रधान मंत्री बम्बई सरकार (१९३७) पता--बम्बई।

गंगाप्रसाद सिंह अखौरी—विशारद; ज० कार्तिक सं० १९५८; भूत-पूर्व सहायक सम्पादक "विश्व दूत" (कलकत्ता), सम्पादक 'भारत जीवन' काशी; सभासद नागरी प्रचारिणी सभा काशी; लेखक—हिन्दी के मुसलमान कवि, देवदास, अभागिनी, माधुरी, मित्र, दाम्पत्य जीवन, गीता प्रदीप आदि पता—काशी।

पं० गंगाप्रसाद अग्निहोत्री--हिन्दी के प्रसिद्ध लेखक पुस्तकें:—निबंधमालादर्श, प्रणयी माधव, मेघदूत; इत्यादि; पता—लखनऊ।

ग़जनवी, ए. के. अबूअहमद खां—जमींदार, ज० १८७९; १२ वर्ष की उम्र से शिक्षा के लिये आक्सफर्ड, जेनीवा और म्यूनिच के विश्व-विद्यालयों में रहे; कई वर्षों तक मेम्बर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, मेमनसिंह, मेंबर बङ्गाल लेजि० कौंसिल, मेम्बर इम्पीरियल लेजि० कौंसिल; मिनिस्टर बङ्गाल सरकार, १९२४; पुनः मिनिस्टर १९२७; राजनैतिक कारणों से हेजाज पैलेस्टाइन और सीरिया गये १९१३; लंडन में नेशनल इंडियन क्रिकेट क्लब कायम किया १८८९; बङ्गाल की मर्दुम शुमारी की रिपोर्ट में इनके अनुसंधान शामिल किये गये; (१९-००); पता—नार्थ हाउस, मेमनसिंह।

गजाधरप्रसाद, 'साहित्यरत्न'-

ज० १ जुलाई १८९८ ई०; शिक्षा, वर्नाक्यूलर फायनल, अँग्रेजी इंटरेंस तक, उर्दू का अच्छा अभ्यास; संयुक्त मंत्री अ० भा० रविदास महासभा; उपाध्यक्ष यू० पी० डिप्रेस्ड क्लासेस लीग; हरिजन उत्थान समिति, कलकत्ता; प्रधान मंत्री बेलियाघट्टा (कलकत्ता) आर्यसमाज; मंत्री, घट्टा रविदास सभा; प्रधान, कलकत्ता हरिजन सभा; बनारस जि० डि० क्ला० लीग; सदस्य अ० भा० डि० क्ला० लीग की वर्किंग कमेटी; पता—सरौली, पोस्ट रामगढ़, जि० बनारस।

गर्दे, लक्ष्मण नारायण—ज० सं० १९४६, वि०; हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध लेखक; भूतपूर्व सम्पादक "भारत मित्र"; पुस्तकें, सरल गीता, एशिया का जागरण, कृष्ण चरित्र, महाराष्ट्र रहस्य, आत्मोद्धार, गांधी सिद्धांत; सम्पादक श्रीकृष्ण सन्देश; पता—बनारस।

गांगेय नरोत्तम शास्त्री—

ज० १९-००, भूतपूर्व प्रोफेसर बनारस विश्व विद्यालय तथा काशी विद्यापीठ; काशी के धुरन्धर साहित्यिकों एवं सामाजिक सुधारकों में आपकी गणना रही; सत्याग्रह आन्दोलन में अध्यापन कार्य छोड़कर आचार्य कृपलानी के साथ कार्य किया; भारत धर्म महामंडल, वर्णाश्रम स्वराज्य संघ, सनातन धर्म महा सम्मेलन, बजरंग परिषद, टीकामणी संस्कृत कालेज संस्थाओं के सदस्य; इनके पूर्वज काश्मीर निवासी थे; शिशु अवस्था में एक बार गंगा जी में डूब कर मीलों बह जाने के बाद भी जीवित थे इसलिये गांगेय नाम पड़ा; ग्रन्थ—श्री हनुमज्जन्म वर्णन, वामनविजय नाटक, नूतननिकुंज, करुण निर्झरिणी, गांगेय गीत गुच्छ, आदि—; पता—२८०नं० चितरंजन एवेन्यू कलकत्ता।

गांधी, श्रीमती कस्तूरबाई,—महात्मा गांधी की धर्म पत्नी; महात्मा जी के साथ सदैव काम किया; दक्षिण अफ्रीका गईं; असहयोग आन्दोलनों में प्रमुख भाग तथा अनेक बार जेल यात्रा; सत्याग्रहाश्रम में स्त्री विभाग की अध्यक्षा; पताः—सत्याग्रहाश्रम, वर्धा।

गांधी, मोहनदास करमचन्द, महात्मा,—असहयोग आन्दोलन के जन्मदाता; जन्म २ अक्टोबर १८६९; पिता पोरबन्दर राज्य के २५ वर्षों तक दीवान रहे; बचपन में गांधी जी को स्कूल की अन्तिम शिक्षा राजकोट और भावानगर में दिलाई गई और बाद में वे आगे की शिक्षा के लिये इंगलैण्ड भेजे गये; वैरिस्टर होकर उन्होंने वकालत बम्बई और काठियावाड़ में की; एक खास मुकदमे के सम्बन्ध में उन्हें दक्षिणी अफ्रीका जाना पड़ा; वहां आंदोलन शुरू किया; और सत्याग्रह (Passive Resistance) सिद्धांतों का प्रचार किया;

यूरोप के महायुद्ध (१९१४) के प्रारम्भ होने के समय से दो वर्ष बाद तक गन्धी जी ब्रिटिश राज्य के बड़े भक्त बने रहे; गांधीजी ने खेड़ा प्रान्त के किसानों का सत्याग्रह चलाया और पटना प्रदेश में निलहा साहिबों के अत्याचारों के विरुद्ध आन्दोलन चलाया और दोनों में सफलता प्राप्त की।

सन् १९१९ के रौलट ऐक्ट ने भारत में आग लगा दी महात्मा जी सत्य और अहिंसा पर विश्वास करते हैं। जलियान वाला बाग में जेनरल डायर द्वारा किये हुये भयंकर अत्याचार तथा मुसलमानों के साथ खिलाफत सम्बन्धी अन्याय ने महात्मा जी का विश्वास अंग्रेजी राज्य से उठा दिया। उन्होंने इस कारण सं० १९२० में सत्याग्रह आन्दोलन प्रारंभ किया; साबरमती आश्रम स्थापित किया और 'यङ्ग इण्डिया' व 'नवजीवन' पत्र चलाये। सं०१९३२ में दुबारा सत्याग्रह आन्दोलन चलाया जो सं० १९३४ तक चला। जगत विख्यात संधि सं०१९३१ वाइसराय इरविन से की; गोलमेज़ कांफ्रेन्स में भारत के एकाएकी प्रतिनिधि होकर गये; १९३४ में हरिजन आन्दोलन चलाया; १९३५ में कांग्रेस से इस्तीफा दिया; महात्मा गान्धी राष्ट्र के कर्णधार हैं पता -- वर्धा।

गिडनी, लेफ्टिनेंट कर्नल हेनरी अलबर्ट, जान—मेम्बर ले० असेम्बली; जन्म १८६३; शिक्षा कलकत्ता, लण्डन, केम्ब्रिज, आक्सफर्ड; इण्डियन मेडिकल सरविस में सम्मिलित हुये १८८८; चीन की चढ़ाई में सेवा की १९०१; नार्थ वेस्टर्न फ्रंटियर में घायल हुए १९१४-१५ सदस्य बम्बई कारपोरेशन १९१८-२१; सभापति एंग्लो इंडियनों में और भारत में बस जाने वाले यूरोपियन की सभा के; सदस्य जातिगत भेद निर्णायक कमेटी; एंग्लो इंडियनों का डेपुटेशन बनाया, १९२५; असिस्टेण्ट कमिश्नर लेबर कमीशन १९२९; सदस्य गोल मेज, कांफ्रेंस १९३०-३२; प्रतिनिधि जे० पी० सी०; स्थानापन्न सभापति केन्द्रीय एसेम्बेली १९३५; पता—८७ ए० पार्क स्ट्रीट, कलकत्ता।

गिरधर शर्मा नवरत्न,—प्रसिद्ध विद्वान तथा वक्ता; जन्म जेष्ठ शुक्ल ८ संवत १९३८ वि०; बंगाली, गुजराती, मराठी, उर्दू, फारसी, प्राकृत, पाली, अंग्रेजी आदि अनेक भाषाओं के अच्छे ज्ञाता और संस्कृत के उद्भट विद्वान; उपाधियां–साहित्य

शिरोमणि, काव्यालंकार, प्राच्यविद्या महार्णव आदि; ग्रंथ—स्वदेशाष्टकम्, योगी, जापान विजय, अमरसूक्त सुधाकर (संस्कृत), गीतांजलि, बाग़बान, फलसंचय, चित्रांगदा आदि आदि, पता—झालरापाटन सिटी।

गिल्डर, डा. एम. डी. डी.— एम. डी. एफ. आर. सी. पी.; मेम्बर ले० कौं० (बम्बई) दस वर्ष तक; सदस्य बम्बई यूनिवर्सिटी सीनेट अनेक वर्ष; महात्मा गांधी के मुख्य चिकित्सक; कांग्रेसी एम. एल. ए. (बम्बई); मंत्री स्वास्थ्यविभाग बम्बई सरकार, पता—बम्बई।

गुप्त, देशबन्धु— जर्नेलिस्ट तथा कांग्रेस कार्यकर्ता, ज० १९०१, शि० आर्य स्कूल अम्बाला; सेंट स्टीफन्स कालेज दिल्ली; असहयोग में शिक्षा त्याग; तिलक स्कूल आफ पालिटिक्स में विद्याध्ययन १९२१-२२ दिल्ली प्रांतीय कांग्रेस कमेटी के मंत्री १९२१; जेलयात्रा १९२१–२२; संस्थापक तथा सम्पादक "तेज" दैनिक पत्र; लेखों के कारण १५३ अ० पीनलकोड में सजा; प्रांतीय हिन्दू सभा दिल्ली के संस्थापकों में; स्वामी श्रद्धानन्द के कृपा पात्र; सदस्य, अ० भा० हिन्दू सभा की कार्यकारिणी समिति व आ० ई० कांग्रेस कमेटी, व आ० इं० स्वामी श्रद्धानन्द मेमोरियल ट्रस्ट; सोल डाइरेक्टर 'तेज' दैनिक; पता—"तेज" कार्यालय दिल्ली।

गुप्त, बाबू शिवप्रसाद— बनारस के प्रसिद्ध दानवीर तथा देश भक्त; शि० बी. ए. राजनैतिक आंदोलन में प्रवेश (१९०४–०५); जगत का भ्रमण; इसी भ्रमण में सिंगापुर की जेल में ३ मास रहना पड़ा; काशी विद्यापीठ (राष्ट्रीयसंस्था) के मुख्य संस्थापक तथा सहायक; विद्यापीठ के लिये इतनी सम्पति अर्पण की है जिसकी वार्षिक उत्पत्ति लगभग ६०००० रुपया है; ज्ञानमण्डल के संस्थापक तथा संचालक १९१८); संस्थापक, दैनिक पत्र कृष्ण जन्माष्टमी १९७१ (असहयोग आंदोलन का आरंभ दिवस); भारतमाता के मंदिर की नींव चैत्र शुक्ल १ सं० १९८४ को २४ लक्ष गायत्रीजप तथा दशांग हवन इत्यादि की समाप्ति पर रक्खी; इस मंदिर में ३० फुट लम्बे और ३० फुट चौड़े संगमरमर पत्थर पर भारत का चित्र (उभरा हुआ) जिसमें बृहत्त भारत के कुछ कुछ भाग भी सम्मलित हैं बनाया गया है; हिन्दी भाषा के कट्टर भक्त, तथा भारत माता के सच्चे सेवक;

असहयोग में पूर्ण भाग लिया, प्रेसीडेंट प्रांतीय कांग्रेस कमेटी (१९२७-२८); लेखक पृथिवी प्रदक्षिणा, पता—बनारस ।

गुप्त, मैथिलीशरण—हिन्दी भाषा के सुप्रसिद्ध कवि; बाल्यकाल से ही अनेक मासिक पत्रों में कवितायें प्रकाशित होती हैं; अनेक पुस्तकों के लेखक "भारत-भारती" "जयद्रथ-वध" 'साकेत' "चन्द्रहास" "तिलोत्तमा" "पलासी का युद्ध" इत्यादि, पता—चिरगांव, झांसी ।

गुलाबराय, बाबू—शि. एम. ए., एल एल. बी.; हिन्दी के प्रसिद्ध लेखक; स्वाभाविक रुचि तर्क तथा दर्शन शास्त्र में है; महाराजा छतरपुर के प्रायवेट सेक्रेटरी रहे; आवागढ़ रियासत में दानाध्यक्ष रहे; प्रोफेसर आगरा कालेज तथा बोर्डन जैन होस्टेल; हास्य-रस पर भी रचनायें की हैं; पुस्तकें—शांतिधर्म, मैत्री धर्म, कर्त्तव्य शास्त्र, नवरस, तर्क-शास्त्र, पाश्चात्य दर्शन, ठलुआ-क्लब, इत्यादि;पता—जैन होस्टेल, आगरा ।

गोकुलचंद नारंग सर—ज० १८७८; शिक्षा एम. ए., पी एच. डी. लाहौर, कलकत्ता, इंगलैंड, जर्मनी के विश्व विद्यालयों में अनेक वर्षों तक शिक्षा प्राप्त की, तथा प्रोफेसर रहे; पंजाब सरकार के भूतपूर्व मिनिस्टर; अनेक ग्रंथ लिखे; पता—लाहौर ।

गोखले, श्रीमती अवन्तिका बाई,—श्री० बावनगोखले मिकेनिकल इंजीनियर की धर्म-पत्नी; महात्मा गांधी के साथ चम्पारन में काम किया; योरुप यात्रा (१९१३); श्री जी. के. देवधर के साथ सामाजिक कार्य किया; बम्बई म्यूनिस्पिल कारपोरेशन की सदस्या; १९१५ से कांग्रेस की सदस्या; होमरूल लीग असहयोग एवं सविनय अवज्ञा और एण्टी रौलेट आन्दोलनों में प्रमुख भाग लिया; हिन्दू महिला समाज की संस्थापिका; ग्रन्थ; गांधी का जीवन, और अनेक यात्राओं पर (मराठी में), पता—गिरगांव बम्बई ।

गोखले, दामोदर विश्वनाथ—शि. बी ए., एल एल. बी ; सहकारी संपादक 'केसरी' (पूना); शिक्षक ए. ई. एस. हाई स्कूल बम्बई अनेक वर्ष; संपादक 'मराठा' १२ वर्ष तक, प्रधान मंत्री, सार्वजनिक सभा, होम रूल लीग, सदस्य, अ० भा० कांग्रेस दस वर्ष तक; डायरेक्टर कासमास सेण्ट्रल कोआपरेटिव बैंक; असहयोग आन्दोलन में प्रमुख भाग; जेलयात्रा कई बार; पता—शनवार पेठ, पूना ।

गोंडाल, महाराजा श्री भगवन्तसिंह जी—ज० १८६५; शि० राजकुमार कालेज राजकोट और एडिनबरा; बालिकाओं की प्रारम्भिक शिक्षा अपने राज्य में अनिवार्य करने वाले सबसे प्रथम देशी नरेश; मनोरंजन--विदेश भ्रमण, यूरोप अफ्रीका, आस्ट्रेलिया और जापान; प्रकाशन—जरनल आफ विजिट टू इङ्गलैंड, हिस्ट्री आफ आर्यन मेडीकल साइन्स; पता—हुजूर बङ्गला, गोंडाल।

गोपालदास, दरबार,—प्रतिष्ठित नरेश काठियावाड़ एजेंसी; १९२० से कांग्रेस में कार्य आरंभ किया; लार्ड रीडिंग के दरबार में अफसरों के रोकने पर भी खद्दर पहनकर गये; फलस्वरूप सरकार ने गद्दी से उतार दिया; असहयोग आन्दोलन में प्रमुख कार्य किया; खेड़ा सत्याग्रह में कार्य किया; कई बार सकुटुम्ब जेल यात्रा की; हरीपुरा कांग्रेस (१९३८) की स्वागत समिति के प्रधान; आजकल बोरसद के किसानों के बीच कार्य कर रहे हैं; पता—अहमदाबाद।

गोपालराम—सम्पादक 'जासूस' गहमर; ज० पौष वद्य ५ सं० १९२३, हिन्दी के सुप्रसिद्ध लेखक; लेखनी ओजस्वी तथा रोचक; करीब ६०पुस्तकें जासूसी विषय की लिखीं, 'जासूस' मासिक पत्र के संस्थापक तथा संपादक आरम्भ से; आरम्भिक जीवन में पुलिस में नौकरी; "हिन्दुस्तान" के सहायक सम्पादक १८९७; 'भारत मित्र' के स्थानापन्न संपादक १८९१; श्री 'वेङ्कटेश्वर' के सम्पादक १९०१; कलकत्ते के साहित्य परिषद् से 'साहित्य सरस्वती' और 'विद्याविनोद' उपाधि प्राप्त, पता—गहमर (गाज़ीपुर)।

गोपालशरण सिंह ठाकुर—

हिन्दी भाषा के उच्चकोटिके कवि; जन्म पौष शुक्ल प्रतिपदा सं० १९-४८; प्रयाग के गूँगों और बहरों के स्कूल के संस्थापक; प्रथम सभापति श्री रघुराज साहित्य परिषद् रीवां; कवि समाज प्रयाग के सभापति; सन् १९२७ में हिन्दी साहित्य सम्मेलन के साथ होने वाले कवि सम्मेलन की सभापति; मध्य भारत हिन्दी साहित्य समिति इन्दौर के सभापति १९२९; बहु भाषा कवि सम्मेलन (ओरियंटल कान्फ्रेंस मैसूर)

के सभापति (१९३५); रीवाँ राज्य के मन्त्री मण्डल के सदस्य (१९३२-३४); पुस्तकें—माधवी (१९२९); कादम्बिनी (गीति काव्य) (१९३७), "मानवी" नारीजीवन सम्बन्धी काव्य (१९३८); पता; नई गढ़ी, रीवाँ। मध्य भारत।

गोविन्दानन्द, स्वामी—जन्म १८८८; हैदराबाद (सिंध) में, शि० बम्बई विश्वविद्यालय से एम. ए. पास करने के बाद मुजफ़्फरपुर, नागपुर और बांकीपुर के कालेजों में प्रोफेसर रहे; यूरोप के महायुद्ध के प्रारम्भ में जापान जाने के लिये जहाज से रवाने हुए, कोमा गाटामारू जहाज वाले मामले में पकड़े गये (१९१४); बिना मुकदमा चलाये ही जेल में कैद रहे १९१८ तक; असहयोग आन्दोलन में सजा पाई; छूटने के बाद सिन्धी दैनिक पत्र 'केसरी' प्रकाशित किया; सभापति राज-नैतिक पीड़ित कान्फ्रेंस कानपुर, १९२६; लीडर लेफ्टविंग; पार्टी; संपादक, "वायस आफ इण्डिया"; स्वागतोपाध्याक्ष करांची कांग्रेस (१९३१); पता—करांची।

गोविन्ददास, सेठ—जबलपुर के प्रतिष्ठित नेता व रईस; १९२१ में काँग्रेस का काम करना आरम्भ किया; इनके बाबा ने रियासत छीन ली; 'लोकमत' पत्र के संस्थापक; असहयोग में काम किया; स्वराजिस्ट पार्टी की ओर से कौंसिल आफ स्टेट में गये (१९२४-३०); असहयोग में कई बार जेलयात्रा; कांग्रेस पार्लियामेंटरी बोर्ड की ओर से केन्द्रीय व्यवस्थापक सभा में मेम्बर (१९२५); पता—जबलपुर सी० पी०।

गौड़, सर हरीसिंह—बैरिस्टर; जन्म १८७२; शि० एम. ए. एलएल. बी. (क्रेम्ब्रिज), एलएल. डी. (डबलिन) डी. सी. एल (आक्सफोर्ड); चेयरमैन नागपुर म्युनिसि० (१९१८-२२); प्रथम वाइस चांसलर दिल्ली यूनि०; अनेक कानूनी पुस्तकों के लेखक; 'हिन्दू कोड' 'ला आफ ट्रांसफर' आदि आदि पता—नागपुर।

गौतम, मोहन लाल—प्रमुख साम्यवादी कॉंग्रेस कर्यकर्त्ता; असहयोग आन्दोलनों में अनेक बार जेल; काँग्रेसी एम. एल ए., यू. पी. प्रबन्धक एवं सम्पादक 'संघर्ष' (लखनऊ); पताः—लखनऊ एवं इलाहाबाद।

गंगानाथ झा, डा०-महा महोपाध्याय, एल-एल. डी, डी. लिट.; ज० १९३५ वि०; वाइस चान्सलर

प्रयाग विश्वविद्यालय लगभग ९ वर्ष तक; संस्कृत में अनेक ग्रन्थ रचे; भाषा में भी न्याय दर्शन तथा वैशेषिक दर्शन इत्यादि ग्रन्थ लिखे; पताः—इलाहाबाद।

घोष, हेमेन्द्रप्रसाद—सम्पादक 'बसुमती', ज० १८७६; शि० कलकत्ता वि० वि; सदस्य 'बन्देमातम्' सम्पादकीय संघ १६०७; मेंबर मैसोपोटेमिया प्रेस डेपूटेशन १६१७; बँगला भाषा की लगभग १ दर्जन पुस्तकों के लेखक; पता—१०६।२, शाम बाजार ट्रीट कलकत्ता।

घोष, तुषार कान्ति—ज० १८६६ ई०; बी. ए,; सम्पादक, 'अमृतबाजार' पत्रिका; अदालत का अपमान करने से जेल यात्रा की; पता—आनन्द चटर्जी लेन, कलकत्ता।

चटर्जी, सर अतुलचन्द्र—जी. सी. आई. ई., के सी. आई. ई, के. सी. एस. ई.; शि. आई. सी. एस.; सदस्य, इंडिया कौंसिल व परमानेंट ओपियम बोर्ड, तथा सदस्य इम्पीरियल इकोनोमिक कमेटी (१६२५-३१); सदस्य वाइसराय की इकजीक्यूटिव कौंसिल (१६२१-२४); डेलीगेट, आई. एल. कान्फ्रेंस (अफ्रीका), व लीग श्राफ नेशन्स १६२५; उपसभापति इकोनोमिक कन्सलटेटिव कमेटी आफ लीग आफ नेशन्स; डेलीगेट ओटावा कान्फ्रेन्स; हाई कमिश्नर इंडिया १६२५-३१; पता—लंदन।

चटर्जी, रामानन्द—ज० १८६५, शि. एम. ए.; सर्व प्रथम श्रेणी में प्रथम पास हुये, प्रोफेसर आफ इंगलिश, सिटी कालेज कलकत्ता १८८७-१८६५; प्रिंसपल, कायस्थ, पाठशाला इलाहाबाद १८६५-१६०६; फेलो, अलाहाबाद विश्वविद्यालय; सदस्य, यू.पी. सेकंडरी शिक्षा रिफार्मस कमेटी; साधारण ब्रह्म समाज के सभापति; श्री० टागोर के परम मित्र; भूतपूर्व प्रेसीडंट, हिंदू महासभा, 'कम्यूनल एवार्ड' का बड़ा तीव्र विरोध किया १६३२; सम्पादक, 'मार्डन रिव्यू' और 'प्रवासी', ग्रन्थः—"राजाराम मोहनराय ऐण्ड माडर्न इण्डिया," "टुवर्ड्स होमरूल" "चटर्जीज़ पिक्चर एलबम" (१८ जिल्दें), पता:—"माडर्न रिव्यू" आफिस, कलकत्ता।

चटर्जी, लेडी ग्लेडीज मेरी, ओ. बी. ई.—जन्म, उज्जेन, में शिक्षा, लन्दन में एम. ए. (फिलासोफी) डी. एस सी. (इकानोमिकस); विवाह सर अतुलचन्द्र चटर्जी के साथ, १६२४; लन्दन के बोर्ड आफ ट्रेड में अन्वेषणमंत्री;

मध्य प्रान्त के स्कूलों की मुख्य इन्सपेक्टरेस; लन्दन की मिनिस्ट्री आफ म्यूनिशन्स के स्वास्थ्य विभाग की मुख्य सुपरिंटेडेन्ट; स्त्रियों और बच्चों को मजदूरी के सम्बन्ध में इंडियन गवर्नमेंट की सलाहकार (१९२०-१९२२); पता:—१३१, एशेगार्डेन्स, लन्दन,

चट्टोपाध्याय, कमला देवी—ज० १९०३ ई०; शिक्षा, विलायत में; बम्बई प्रान्त की समाजवादी प्रमुख कार्यकर्त्री; समाज विज्ञान में विशेष अध्ययन; प्रथम भारतीय कुलीन घराने की अभिनेत्री (सिनेमा ऐक्ट्रेस); प्रान्तीय कौंसिल के निर्वाचन में भाग लेने वाली प्रथम स्त्री; राष्ट्रीय आन्दोलन में प्रमुख भाग लिया तथा जेल गईं; संस्थापक-सदस्य अ. भा. सोशलिस्ट पार्टी; पताः—धारेश्वर गार्डन, मंगलौर।

चटोपाध्याय, हरीन्द्र—ज० १८९८ ई०; शिक्षा, हैदराबाद तथा विलायत में; १७ साल की आयु में अनेक गद्य एवं पद्य पुस्तकें प्रकाशित की; सुप्रसिद्ध नाटककार चित्रकार, एवं संगीतज्ञ; नाट्यकला में विशेष अध्ययन निमित्त संसार भ्रमण किया; लगभग ४० पुस्तकें केवल अंग्रेज़ी कविता में लिखीं; 'अबू हुसेन' सर्वोत्तम है; पता—पोएट्स कार्नर, कलकत्ता।

चतुर्वेदी, श्रीनारायण,—हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध लेखक तथा विद्वान; जन्म० जनवरी १८९५ शि. एम. ए. (इतिहास-इलाहाबाद यूनि०); एम. ए. (शिक्षा विज्ञान-लंडन यूनि०); एल. टी. (इलाहाबाद); लीग आफ नेशन्स जिनेवा की शिक्षा विशेषज्ञ समिति के सदस्य (१९२६-३०); भारतीय प्रतिनिधि वर्ल्ड फेडरेशन आफ एजुकेशनल एसोसियेशन्स, टोरेन्टो; संसार भ्रमण १९२७-२८; प्रथम प्रिंसिपल कान्यकुब्ज इन्टर कालेज लखनऊ; व्यवस्थापक शिक्षा विभाग संयुक्त प्रान्तीय कृषि और औद्योगिक प्रदर्शिनी लखनऊ (१९३६-३७); मंत्री, शिक्षा सुधार कमेटी यू० पी. सरकार (१९३८); साम्प्रत, एजूकेशन इक्सपेनशन आफीसर यू० पी०; पता—लखनऊ।

चतुरसेन शास्त्री—हिन्दी के प्रसिद्ध उपन्यास लेखक; ज० १९४५ वि०, सुभाग्य वैद्य; वैद्यक पर अनेक ग्रन्थ लिखे हैं; वर्तमान काल के प्राय: सर्वोत्कृष्ट गद्य लेखक; अनेक पुस्तकें लिखी हैं; पता—दिल्ली।

चमनलाल, दीवान,—एडवोकेट हाईकोर्ट लाहौर और मेंबर केन्द्रीय लेजिसलेटिव एसेम्बली; ज० १८९२; शिक्षा रावलपिंडी, लन्दन तथा पेरिस

में; वैरिस्टरी १९१०; जेनरल एडीटर, "कोटेरी", कला और साहित्य विषयक त्रैमासिक पत्र लन्दन; सहायक सम्पादक, वाम्बे क्रानिकल १९२०; ट्रेड यूनियन काँग्रेस संस्थापकों में १९२०; 'नेशनल' पत्र को जन्म दिया १९२३; अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर कांफ्रेंस में प्रतिनिधि १९२५; ब्रिटिश ट्रेड यूनियन कांग्रेस के प्रतिनिधि १९२६; सभापति, ट्रेड यूनियन कांग्रेस १९२७; टैरिफ बिल के विरोध में लेजिसलेटिव एसेम्बली से त्याग पत्र १९३०; पता—लाहौर।

चिन्तामणि, सी. वाई.—सुप्रसिद्ध संपादक 'लीडर' इलाहाबाद; जन्म, विजयानगरम १८८०; सम्पादक विज़गस्पेक्टेटर १८९८; इंडियन हेरल्ड १८९९-१९००; मद्रास स्टेंडर्ड १९०१; इण्डियन पीपुल (१९०३-०५); मन्त्री प्रथम इण्डियन इण्डस्ट्रियल कांफ्रेंस १९१५; नर्मदल के इङ्गलैण्ड जाने वाले डेपूटेशन के मेम्बर १९१९; सभापति अखिल भारतीय लिबरल कांफ्रेंस १९२०; सदस्य यू० पी० ले० कौंसिल अनेक वर्षों तक; मिनिस्टर, यू० पी० सरकार १९२३-२४; पता—साउथ रोड इलाहाबाद।

चेटी, आर. के. सम्मुखम—दीवान कोचीन स्टेट; ज० १८९२; शि० क्रिश्चियन कालेज, मद्रास; सदस्य मद्रास ले० कौंसिल १९२०; डिवलपमेण्ट मिनिस्टरी के कौंसिल सेक्रेटरी १९२२; बंबई, बंगाल व संयुक्त प्रान्त में नशा खोरी रोकने के जो उपाय किये गये हैं उनके जानने और उन पर रिपोर्ट लिखने के लिये मद्रास गवरमेण्ट से नियुक्त किये गये १९२२-१९२३; भारत के नेशनल कन्वेन्शन के डेपुटेशन के साथ इङ्गलैंड गये; आस्ट्रेलिया में भारतीय प्रतिनिधि हो कर गये; प्रेसीडेंट, केन्द्रीय एसेम्बली १९३३; पता—'हावर्डन', रेसकोर्स, कोयम्बटूर।

चोइथराम प्रतावराय, डा०—जन्म १८८९; डाक्टर हैदराबाद जेल १९११; नौकरी त्याग कर ब्रह्मचर्य आश्रम में शामिल हुए १९१२; मन्त्री तिलक नेशनल होमरूल लीग १९१६; सत्याग्रह आन्दोलन में शामिल हुए १९२१; सम्पादक 'हिन्दू' हैदराबाद (सिंध) १९२२; राजविद्रोह में १८ मास की सजा हुई १९२२; सभापति; सिंध प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी अनेक बार; हिन्दू संगठन में शामिल हुए १९२५; कांग्रेस के प्रमुख कार्यकर्ता, पता—हैदराबाद (सिन्ध)।

चौधरी, तुलसीराम---खद्दर प्रचार के कट्टर प्रेमी; ज० १९४६; राली ब्रदर्स के यहां कर्मचारी १९१४; स्वतन्त्र व्यापार १९१४-१९१९; असहयोग आन्दोलन के समय राजनीति में प्रवेश १९१०; प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी के मेंबर १९२२; राजनैतिक कार्य में जेलयात्रा १९२२; खद्दर का कार्य आरम्भ १९२३; संस्थापक गान्धी खद्दर कार्यालय १९२६ (दिसम्बर); पता—उझयानी।

चौधरी, नवाब बहादुर सैयद नवाब अली—ज० १८६३; १७ वर्ष तक बंगाल और इम्पीरियल लेजिसलेटिव कौंसिलों के मेम्बर; मिनिस्टर बंगाल सरकार १९२१; आल इण्डिया मुसलिम फेडरेशन के संस्थापकों में; बंगाल इकज़ीक्यूटिव कौंसिल के मेम्बर रहे; पता--जिला मैमनसिंह।

चौधरानी, मिसेज़ सरलादेवी--ज० १८७३; विवाह स्व० पं० रामभजदत्त चौधरी (पंजाब) से १९०५; शि० कलकत्ता में; १७ वर्ष की अवस्था में बी. ए. हुईं; पद्मावती सुवर्ण पदक कलकत्ता वि० वि० से सर्व प्रथम प्राप्त किया; तिलक स्वराज्य फण्ड में अपने सारे आभूषण दिये १९२२; अध्यक्षा हिन्दू समाज सुधार कांफ्रेंस १९२५; पता--कलकत्ता।

चौधरी, लालचन्द—लेफ्टिनेंट, रायबहादुर, ज० १८८२; रोहतक जिला बोर्ड के वाइस चेयरमैन १९१४-१९२३; कौंसिल आफ स्टेट के मेंबर १९२२; मिनिस्टर पंजाब गवर्नमेंट (त्यागपत्र दिया १९२४); भरतपुर राज्य की कौंसिल के सभापति सन् १९२७ तक; पता—रोहतक, पंजाब।

चन्द्रभानु गुप्त,—कांग्रेसी कार्यकर्ता, जन्म० ३ जुलाई १९०४; शि. एम. ए. एल एल. बी. (१९२५); आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य (१९२९-३८); काकोरी (१९२७) तथा मेरठ (१९२६) षडयंत्र केसों के अभियुक्तों के वकील; लखनऊ यूनिवर्सिटी के कोर्ट तथा कौंसिल के सदस्य (१९३७-१९३८); असहयोग आन्दोलन में ७ बार जेल गये; कांग्रेस के ९ वें अधिवेशन (लखनऊ) के कोष कमेटी के प्रधान; संयुक्त प्रान्त में समाजवादी दल के प्रथम प्रधान मंत्री (१९३४-३६); यू० पी० एसेम्बली में कांग्रेसी सदस्य (१९३७ से); पता—लखनऊ।

चन्द्रभाल ओझा—ज० ४ जुलाई १९०४; शि, एम. ए. (संस्कृत

एवं हिन्दी); मंत्री, हिन्द छात्र सभा गोरखपुर; हेडमास्टर ब्राह्मण स्कूल गोरखपुर; हिन्दी के अच्छे लेखक; पुस्तकें—'सुबोध,' 'बालव्याकरण'; और 'रचना प्रवेश'; पताः—जगन्नाथपुर, गोरखपुर।

चन्द्रभूषण त्रिपाठी, 'प्रमोद'—हिन्दी कवि, जन्म कार्तिक शुक्ला १ १६५६; पुस्तकें—'आभा'; और मानस तरंगिणी (प्रकाशित हो रही है); शृंगार एवं शान्त रस प्रधान कवितायें लिखते हैं, पता—मझिगवां, रायबरेली।

चन्द्रमनोहर मिश्र, 'मनोहर'-अच्छे हिंदी लेखक, जन्म संवत १६४६; साहित्य सेवा विशेषकर हिन्दी के प्राचीन काव्य और कवियों पर खोज पूर्ण और आलोचनात्मक लेख; समालोचक,-सुधा, सरस्वती, ज्योति, इन्दु आदि पत्रिकाओं में १६२५ से; 'गल्पमाला' के पदक निर्णायक कई वर्ष तक; कन्नौज का इतिहास लिख रहे हैं; पता—सरायमीरा, कन्नौज।

चन्द्रमौलि सुकुल,-उत्कृष्ट हिंदी लेखक; जन्म मार्च शुक्ल सं० १६३६ वि०; श्री कान्यकुब्ज सभा काशी के सभापति; वाइस प्रिंसिपल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज बनारस; भूतपूर्व सम्पादक "कान्यकुब्ज"; पुस्तकें—रचना विचार, मनोविज्ञान, शरीर और शरीर रचना, नाट्यकथामृत; आदि; पता—काशी।

जगदीशप्रसाद, कुंअर सर—सी. एस आई., सी. आई ई., ओ. बी. ई. शि० आक्सफोर्ड से बी. ए. करके आई. सी. एस. पास किया (१६०२); यू० पी० सरकार में रिफार्मस कमिश्नर; उद्योग और शिक्षा विभाग के सेक्रेटरी, चीफ़ सेक्रेटरी रहे; और होम मेम्बर १६३५ तक; वाइसराय की कौंसिल के सदस्य; पता—दिल्ली।

जगन्नाथप्रसाद शुक्ल,—आयुर्वेद पंचानन; जन्म भाद्रपद शुक्ल ८, सम्बत १६३६ वि०; सफल वैद्य; अनेक समाचार पत्रों का सम्पादन प्रयाग समाचार, श्री वेंकटेश्वर (समाचार, हिन्दी केसरी, सुधानिधि); निखिल भारत वर्षीय वैद्य सम्मेलन के प्रधान मंत्री अनेक वर्षों तक; प्रधान मंत्री अ० भा० हिंदी साहित्य सम्मेलन; सं० १६२० से कांग्रेस कार्य आरंभ किया; प्रान्तीय और आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य समय-समय पर रहे; राष्ट्र कार्य में जेलयात्रा (१६२६); मेम्बर, यू० पी० गवर्मेंट बोर्ड आफ इन्डियन मेडीसिन तथा पटना

आयुर्वेदिक कालेज; पुस्तकें—भारतवर्ष का इतिहास, आयुर्वेद विधान; आहार शास्त्र, परिभाषा प्रबोध, पथ्यापथ्य निरूपण, शंकर चरित्र, बाघाम्बरी चरित्र, आदि; पता—दारागंज प्रयाग।

जगन्नाथप्रसाद 'मिलिंद'—ज० संबत् १९६४ (मुरार ग्वालियर); तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ एवं काशी विद्यापीठ में शिक्षा पाई; हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत के अतिरिक्त मराठी, बंगला, गुजराती इत्यादि भाषाओं का भी काफी ज्ञान रखते हैं; शांतिनिकेतन में अध्यापन कार्य किया है; पुस्तकें 'पंखुरियां', 'प्रताप-प्रतिज्ञा', 'आंखों में', छायावादी कवियों में प्रसिद्ध हैं; पता—बनारस।

जटाशंकर शुक्ल,—प्रमुख किसान सेवक; जन्म कुवार बदी ९ सं० १९-६३; यू० पी० प्रांतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य (अनेकबार); धर्मार्थ औषधि वितरण का कार्य; यू० पी० एसेम्बली में कांग्रेसी मेम्बर (१९३७); असहयोग में ५ बार जेल; असहयोग में कत्ल का मिथ्या अभियोग किया गया(१९३१) किंतु छूट गये; प्रेसीडेंट ज़िला किसान संघ; पता—सुरौली, डा० रसूलाबाद, जिला उन्नाव।

जयरामदास दौलतराम—कांग्रेसी नेता तथा पत्रकार; ज० १८७२ हैदराबाद (सिंध); शिक्षा बी. ए. एलएल. बी.; करांची में वकालत शुरू की; होमरूल लीग में १९१६ में काम; १९२७ से अ. भा. कांग्रेस कमेटी के सदस्य; सम्पादक; 'भारतवासी' १९१९; असहयोग में काम किया; सम्पादक 'हिन्दू' 'वंदेमातरम्' १९२१; हिन्दू महा सभा के जनरल सेक्रेटरी १९२५-२७; 'हिन्दुस्तान टाइम्स' के सम्पादक १९२५-२६; बम्बई, लेजिसलेटिव कौंसिल के सदस्य १९२६; सविनय अवज्ञा आन्दोलन में कई बार जेल गये; आल इंडिया विदेशी वस्त्र बायकाट कमेटी के सेक्रेटरी; करांची में पुलिस द्वारा गोली चलने में जखमी हुये (१६ अप्रैल १९३०); मेम्बर कांग्रेस वर्किंग कमेटी; पता—हैदराबाद सिंध।

जयकर, मुकुन्दराव-बैरिस्टर; मेम्बर लेजि० असेम्बली; अनेक

संस्थाओं के सदस्य; आर्य शिक्षा समिति बम्बई के सहयोगी संस्थापक १८९७; सभापति नासिक कांफ्रेंस; सभापति पूना जिला कांफ्रेंस १९१८; बम्बई होमरूल लीग की मैनेजिंग कमेटी के मेम्बर १९१८; असहयोग में वकालत छोड़ी १९२०; किन्तु फिर शुरू की १९२२; सभापति सिंध हिन्दू कांफ्रेंस १९२५; प्रति सहयोगी दल संस्थापकों में से; सदस्य, बम्बई प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी १९२५—१९२९; डिपुटी लीडर असेम्बली नेशलिस्ट पार्टी १९२७-३०; प्रतिनिधि गोलमेज़ कांफ्रेंस १९३०-३२; सदस्य फिडरल स्ट्रक्चर सब कमेटी; डा० सप्रू के साथ गांधी-इरविन के घटक; संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान; जज फिडरल कोर्ट दिल्ली १९३८; पता—दिल्ली

ज़ाकिर हुसेन, डा०—प्रिंसपल जामिया मिल्लिया इस्लामियां, दिल्ली; ज० १८९९ ई०; शि० एम. ए., पी. एच. डी, जर्मनी में; भू. पू. लेक्चरर इकनामिक्स अलीगढ़ यूनिवर्सिटी; असहयोग (१९१९) में भाग लिया और राष्ट्रीय मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना में सहमोग दिया; जर्मन यात्रा १९२३; वर्धा प्राथमिक शिक्षा संगठन कमेटी के सभापति १९३७; पुस्तकें—दि एग्रेरियन सेटिलमेण्ट्स आफ इंडिया (जर्मन भाषा में), इकनामिक्स; आइडियल एंड मेथड; पता—दिल्ली।

जाधव, भास्करराव विठोजी राव—मेम्बर बम्बई कौंसिल; शि० विलसन कालेज एलफिस्टन कालेज और गवर्नमेंट स्कूल; कोल्हापुर राज्य में नौकरी करके रेवेन्यू मेंबर के पद पर से रिटायर हुये; मराठा शिक्षा कांफ्रेंस शुरू की १९००; और सत्यशोधक आन्दोलन को पुनर्जीवित किया (१९११); प्रान्त के अब्राह्मण आन्दोलन में आरंभ से शामिल रहे; मिनिस्टिर शिक्षा विभाग बंबई १९२४-२६; लेजि० कौंसिल अब्राह्मण पार्टी के लीडर; एम-एल. ए. (केन्द्रीय) १९३०; प्रतिनिधि गोलमेज़ कांफ्रेंस; डिपुटी लीडर केन्द्रीय एसेम्बली डिमाक्रेटिक पार्टी १९३४; पता—आराम, डोंगरी, बम्बई।

जाफर, खान बहादुर सर इब्राहीम हारून—ज० १८८१; शि० डेकन कालेज पूना; सभापति अंजुमने इसलामिया पूना; बंबई प्रांतीय मुसलिम लीग संगठित की १९०८; सभापति आल इण्डिया मुसलिम कांफ्रेंस लखनऊ १९१९; मेंबर कैंटूनमेंट सुधार कमेटी मेंबर;

बम्बई लेजिसलेटिव कौंसिल १९१६-१९; मेंबर इंपीरियल कौंसिल १९१९-२०; सभापति आल इण्डिया मुसलिम शिक्षा कांफ्रेंस १९२०; मुसलिम युनिवर्सिटी कोर्ट के मेंबर १९२२-२६; मेंबर हज्ज इनक्वायरी क० १९२७-२८; कौंसिल आफ स्टेट के मेम्बर अनेक बार पता--ईस्ट स्ट्रीट; पूना।

जिन्ना, मोहम्मदअली—मेम्बर लेजिसलेटिव असेंबली तथा मुसलिम समाज के नेता; ज० १८७६ करांची में; शि० करांची व इंगलैंड; एडवोकेट बम्बई हाई कोर्ट १९०६; प्राइवेट सेक्रेटरी दादा भाई नोरोजी १९०६; मेंबर इंपीरियल कौंसिल १९१०; रौलेट ऐक्ट के विरोध में मेंबरी से इस्तीफा १९१९; प्रेसीडेन्ट मुसलिम लीग (स्पेशल सेशन) १९२०; मेंबर सुधार जांच कमेटी १९२३–२५; मेंबर सेंढर्स्ट कमेटी १९२६–२७; असेंबली में इंडिपेंडेण्ट दल के नेता प्रतिनिधि गोलमेज़ कान्फ्रेन्स; सभापति मुस्लिम लीग १९३४ से आजतक; पता—मलावार हिल; बम्बई।

ज़ियाउद्दीन अहमद, डा०—वाइस चांसलर, मुसलिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़; जन्म १८७८; शि० अलाहाबाद व केम्ब्रिज (इंगलैंड); मेम्बर कलकत्ता यूनिवर्सिटी कमीशन (१९१७); मेम्बर, सेंडहर्स्ट कमेटी; मुसलिम कान्फ्रेन्सों आदि के सभापति; पता—अलीगढ़।

जी० पी० श्री वास्तव—प्रसिद्ध उपन्यास लेखक, जन्म अप्रेल १८९१; शिक्षा, बी. ए., एल-एल. बी; हिन्दी भाषा के उत्कृष्ट लेखक, लगभग ४० पुस्तकें लिखीं; मौलिक रचनायें — लम्बीदाढ़ी, मीठीहंसी, नोक-झोंक आदि; आधार पर रचित रचनाएं–मारमार हकीम, आँखों में धूल आदि; सं० १९१४ में "इन्द्रभूषण" नामक स्वर्ण पदक और स० १९२२ में गल्पमाला रजत पदक प्राप्त किया; अनेक साहित्य सम्मेलनों के सभापति; पता—गंगा आश्रम, गोंडा (अवध)।

जैप्रकाश नारायण,--प्रसिद्ध कांग्रेस समाजवादी नेता; शि., एम. ए. भारत और अमेरीका के विश्व-विद्यालयों में; १९३० से १९३३ तक राष्ट्रीय आन्दोलन में अनेक बार जेल गये; मंत्री, अ० भा० कांग्रेस साम्यवादी दल १९३७–३८; कांग्रेस द्वारा मंत्री-पद ग्रहण के घोर विरोधी; भू. पू. मंत्री राष्ट्रीय कांग्रेस; पुस्तकें—why sicialism? आदि; पता—पटना।

जैन, श्रीमती लेखावती—प्रसिद्ध लेखिका तथा राष्ट्रसेवक; जन्म १९०७; उपाधि जैन 'कोकिला'; उत्तम व्याख्यान देती हैं तथा उर्दू, हिन्दी और अंग्रेज़ी की अच्छी लेखिका हैं; पंजाब लेजिस्लेटिव कौंसिल की भूतपूर्व सदस्या; पता—अम्बाला।

जोगेन्द्रसिंह, सरदार—भू० पू० कृषि विभागके मंत्री, पंजाव सरकार; शकर कमेटी व टैक्सकमी सांडर्स्ट कमेटी के मेम्बर; दो साल के लिये होम मेम्बर पटियाला स्टेट; ताल्लुकदार आगरा; संपादक 'इस्ट ऐंड वेस्ट' ग्रंथ—नूरजहान, कमला; पता—लाहौर।

जोशी, नारायण मल्हार—मज़दूरों के नेता; मेम्बर लेजि० असेंबली; जन्म १८७६; शि० पूना; ८ साल तक शिक्षक; सदस्य सर्वेंट आफ इंडिया में प्रवेश १९०९; १९११ से सेक्रेटरी समाज सेवा संघ बम्बई; १९१९ से सेक्रेटरी राष्ट्रीय लिबरल सभा; भारतीय समाचार पत्र प्रतिनिधि होकर मेसोपुटामियाँ १९१७ और वाशिंग्टन १९२० गये; भारतीय प्रतिनिधि अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर परिषद् जिनेवा १९१२, १९२५, १९२९; कैसर-इ-हिंद रौप्य पदक १९१९; मेम्बर बम्बई म्युनिसिपल कारपोरेशन १९१९-२३; सी. आई. ई. पदवी लेने से इनकार १९२१; लेजि० असेंबली में श्रमजीवियों के प्रतिनिधि स्वरूप सरकार के नियोजित मेम्बर १९२१ व १९२४-१९२७; प्रतिनिधि गोलमेज़ कान्फ्रेंस; पता—सर्वेंट्स आफ इंडिया सोसायटी, सैंडा रोड बम्बई।

जोसेफ, पोथन—जर्नलिस्ट; ज० १८९२; दोयम संपादक "बांबेक्रानिकल" १९२० व १९२४-२६; दोयम् संपादक 'कैपिटल' १९२०-२४; संपादक "वोइस आफ इंडिया"; एडीटर "इंडियन डेली टेलीग्राफ" १९२६; मेम्बर बम्बई कारपोरेशन तथा प्रेसीडेन्ट साउथ इंडियन एसोशियन बम्बई; संपादक 'इंडियन डेलीमेल' १९३१ पता—नई दिल्ली।

ताम्बे, श्रीपाद बलवन्त—ज० १८७५; शिक्षा बी. ए. एलएल. बी.; सदस्य सी. पी. कौंसिल १९१७-२०; सी. पी. कांग्रेस स्वराज्य पार्टी के नेता १९२२; सभापति सी. पी. कौंसिल १९२३; भू. पू. होम मेम्बर व स्थानापन्न गवर्नर सी. पी.; सदस्य इंडियन फ्रेंचाइज़ कमेटी १९३२; पता-नागपुर।

तामस्कर, गोपालदामोदर—प्रसिद्ध हिन्दी लेखक, ज० कार्तिक शुद्ध ९ संवत् १९७९; विविध विषयों पर लेख लिखे; पुस्तकें—ग्रन्थ A

Regional Geography of India, A Text-book of Physical Geography, शिक्षा मीमांसा; योरुप के राजनैतिक आदर्शों का विकास, कौटिल्य अर्थ शास्त्र मीमांसा राजा दिलीप (नाटक), मराठों का उत्थान और पतन, आदि, पता—गोल बाजार, जबलपुर सी० पी० ।

तिर्वा, मेजर राजा दुर्गा नारायण सिंह—प्रसिद्ध ताल्लुकेदार तथा प्रमुख नेता नेशनलिस्ट एग्रीकलचरिस्ट पार्टी यू. पी; ज० ४ जून १८९६; शि० मेयो कालेज अजमेर; किंग्स कमीशन १९१८; केप्टेन १९२४; मेजर १९३४; योरुप यात्रा १९२८; ताल्लुकेदार व जमीदारों की कांफ्रेंस के सभापति (लखनऊ) १९२२; यू० पी० सोशल कांफ्रेंस के सभापति (बनारस) १९२३; सभापति अछूत कांफ्रेंस कानपुर (१९२४); प्रेसीडेण्ड, प्रान्तीय हिन्दू सभा, प्रान्तीय क्षत्रिय सभा तथा आल इंडिया शुद्धि सभा; वाइस प्रेसीडेण्ड आल इंडिया हिन्दू महासभा, क्षत्रिय महासभा और जमींदार एसोसिएशन; चेयरमैन डि० बोर्ड फरुखाबाद १९२३-२७; डिलिमिटेशन कमेटी के मेम्बर रहे; मेम्बर मैनेजिंग कमेटी उदयप्रताप कालेज बनारस, बलवन्त राजपूत कालेज आगरा, क्षत्रिय हाई स्कूल जौनपुर, हरदोई और पडरौना; संस्थापक-प्रधान आदित्य कुमारी क्षत्रिय हाईस्कूल मेम्बर; लेजिस्लेटिव एसेम्बली (१९३७); मिनिस्टर अस्थायी मंत्रि मंडल यू. पी. सरकार (१९३७) विचार, उदार तथा प्रगतिशील; हिन्दी सहित्य में विशेष रुचि; पता—तिरवा।

टण्डन पुरुषोत्तमदास बाबू—सभापति सर्वेंट्स आफ पीपुल सुसाइटी; १९२१ के असहयोग आन्दोलन में वकालत छोड़ दी; भू. पू. सभापति यू० पी प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी; सेक्रेटरी पंजाब नेशनल बैंक, अलाहाबाद म्युनिसिपलटी के भूतपूर्व चेयरमैन; यू० पी० असेम्बली के स्पीकार १९३७; पता—लखनऊ, अलाहाबाद ।

टागोर, अवनीन्द्नाथ—आर्टिस्ट ज० १८६१; शि० संस्कृत कालेज कलकत्ता व इंग्लैंड; उमर खयाम; रवींद्रनाथ टागोर की क्रिसंट-मून सिस्टर निवेदिता की मिथस ऐंड लीजंडस आफ इंडिया के विषयों की रंगीन तसवीरें बनाई; करीब दो सो रंगीन तसवीरें तैयार की व बहुत से मेडल व पारतोषिक प्राप्त किये; मेम्बर आर्टस् एड् व्हायजरी कमेटी टू बंगाल गवर्नमेंट; संस्थापक

व मेम्बर एलाइड् आर्टिस्टस् असोसिएशन; पता—द्वारका नाथ टागोर लेन कलकत्ता।

टागोर, रवीन्द्र नाथ—ज० १८६१; बोलपुर (बंगाल) में प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय "विश्व भारती" शांति निकेतन की स्थापना १९००-१; तब से यह शाला ही उनके जीवन का मुख्य कार्य हुआ है; इंग्लैंड प्रवास १९१२; अपनी बंगाली पुस्तकों में से कुछ पुस्तकों का अंग्रेजी में अनुवाद किया जिसमें गीतांजली जगत प्रसिद्ध है नोबल प्राइज फार लिटरेचर १९१३-२८ गद्य और लगभग ३० काव्य की पुस्तकों के लेखक; पुस्तकें (अंग्रेजी) गीतांजली, गार्डनर, साधना, क्रीसेन्ट-मून पोस्ट आफिस (नाटक) गोरा इत्यादि पता—शांतिनिकेतन बोलपुर, बंगाल।

ठक्कर, अमृतलाल बी.—प्रसिद्ध देश सेवक,—ज० १८६९ भावनगर; शि० इंजिनियर १८९०; इंजिनियर कार्य १८९०-१९१४; स० १९१४ में इस्तीफ़ा देकर श्री० गोखले की सर्वेंट आफ इंडिया सोसाइटी में प्रवेश; भीलों में विद्या प्रचार कार्य आरंभ किया और "भील सेवा मंडल" की स्थापना की; आल इंडिया हरिजन सेवक संघ के जनरल सेक्रेटरी (स० १९३२ से); महात्मा गांधी के हरिजन आंदोलन के दौरे में सेक्रेटरी (१९३३-३४), पता—हरिजन सेवक संघ, किंग्सवे, दिल्ली।

तिवान, नवाब सर उमर हयातखांन—जमींदार व मेम्बर कौंसिल आफ स्टेट; ज० १८७४; शि० एटकिन्सन् कालेज, लाहोर; हेड अटेची टू अमीर आफ अफगानिस्तान, १९०७, मेम्बर इंपीरियल लेजिलेटिव कौंसिल, हेरल्ड दिल्ली दरबार १९११; सरहद्दी युद्ध में भाग लिया और सात मर्तबे सरकारी खलीतों में प्रशंस युद्ध उल्लेख हुआ, तीसरे कावुल युद्ध में भाग लिया, १९१९, मेम्बर ईशर कमेटी १९२०, प्रेसीडेंट हार्स ब्रीडिंग एंड शो सोसायटी आफ इंडिया, भ्रमण—अफ्रिका यूरप एशिया, तिब्बत, पता—काहा, जिला शाहपुर, पंजाब।

दत्त, अखिल चन्द्र—ज० १८६९, एम. एल. ए. (केन्द्रीय), चार बार बंगाल व्यवस्थापक सभा के सदस्य. बंगाल प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी के भूतपूर्व सभापति; बंगाल कांग्रेस नेशलिस्ट पार्टी के सभापति तथा एसेम्बली में डिपुटी लीडर, पता:—दत्तकुटीर, कोमिल्ला, बंगाल।

दया शंकर दुबे, प्रो०—प्रसिद्ध हिंदी लेखक, जन्म २८ जुलाई १८९६ ई०; शिक्षा, एम. ए. एल. एल. बी.; रिसर्च स्कालर (१९१९–२०); प्रोफ़ेसर यूइंग क्रिश्चियन कालेज इलाहाबाद (१९२०–२२) प्रो० लखनऊ यूनि० (१९२२–२६) प्रो० अलाहाबाद यूनि० (१९२६ से); परीक्षा मन्त्री, हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग, सभापति भारत वर्षीय हिंदी अर्थ शास्त्र परिशद; सम्पादक, धर्म-ग्रन्थावली; पुस्तकें— भारत में कृषि सुधार, विदेशी विनिमय, सम्पत्ति का उपभोग, धन की उत्पत्ति, अर्थशास्त्र शब्दावली, निर्वाचन पद्धति, बृटिश साम्राज्य शासन, इत्यादि; पता—इलाहाबाद।

दाऊ दयाल खन्ना—कांग्रेस कार्यकर्ता, जन्म नवम्बर १९११; असहयोग में कालेज छोड़ दिया; मन्त्री मुरादाबाद कांग्रेस कमेटी (१९२९–३७); असहयोग अन्दोलन में दो बार जेल की सज़ा

(१९३०) व (१९३२); मेम्बर म्यू० बोर्ड मुरादाबाद; यू० पी० प्रान्तीय पोस्टमैन कान्फ़रेन्स के सभापति (एटा दिसम्बर १९३७); यू० पी० लेजिसलेटिव एसेम्बली के मेम्बर (१९३७); पता—मुरादाबाद यू० पी०।

दादा भाई, सर माणिक जी बैराम जी—सभापति कौंसिल आफ़ स्टेट जन्म १८६९; वकालत शुरू की १८८७, एडवोकेट बम्बई हाई कोर्ट १८८७; मध्य प्रान्त में गवर्नमेंट एडवोकेट १८९१; सभापति अखिल भारतीय इन्डस्ट्रियल कान्फ्रेंस कलकत्ता १८११; मेम्बर इम्पीरियल लेजिसलेटिव कौंसिल १९०८–१२, और १९१४–१७; कौंसिल आफ़ स्टेट के मेम्बर चुने गए १९२१; मेम्बर फिस्कल कमीशन १९२१; मेम्बर करेंसी कमीशन १९२५–१९२६; सदस्य गोल मेज़ कान्फ्रेन्स १९३१; मालिक अनेक मेंगनीस की खानों के जो मध्य प्रान्त, बरार और विहार उड़ीसा में हैं और कितने ही जिनिंग और कपास ओटने की फैक्टरियों के जो भारत के सभी प्रान्तों में हैं; पता—नागपुर।

दावर, सोहराब आर.—शि० बम्बई और लन्दन और मेनचेस्टर; बैरिस्टर ऐट ला; दावर्स कालेज आफ़

कामर्स बम्बई के संस्थापक एवं प्रिंसपल; प्रथम भारतीय जो मार्क फ्रीमेंस के ग्राण्ड सीनियर ओवरसियर हुए,। ग्रन्थः—"इण्डियन मरकेंटाईल ला", "बिज़नस आर्गनाइज़ेशन", "हायर एकाउटिंग", 'कम्पनी ला'; इत्यादि, बम्बई शेयर होल्डर्स एसोसिएशन के सभापति ; पता—एसप्लानेड, बम्बई।

दास, पं० नीलकण्ठ संपादक "नवभारत" (मासिक); भू० पू० संपादक 'सेना'; बच्चों के सत्यवाडी में नये ढङ्ग पर खुले मैदान में शिक्षा देने वाला एक स्थानीय प्राईवेट स्कूल स्थापन किया जो आज कल 'सत्यवाडी विहार' कहलाता है; पुरी के अकाल में कार्य किया १९१९, पोस्ट ग्रेजुएट शिक्षा के प्रोफेसर कलकत्ता वि० वि० में नियुक्त हुये १९२०; असहयोग किया १९२१ में; सभापति उत्कल प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी १९२२; ४ मास सजा हुई और २०० रु० जुर्माना हुआ १९२३; एसेम्बली में चुने गये १९२४-१९२७; पुस्तकें-प्रणयिनी, कोनार्क, मायादेवी, खारावेला, दसनायक, आर्यजीवन इत्यादि; पता—पो० आ० साखी गोपाल, (उड़ीसा)।

दास, रजनी कान्त—जेनेवा के राष्ट्रसंघ के अन्तर्राष्ट्रीय श्रमजीवी कार्यालय के विशेष सदस्य १९२५ से; ज० १८८१, देनर (ढाका) में शि० कलकत्ता वि० वि० और ओहियो मिस्सोरी, शिकागो और विस कोंसिन विश्व विद्यालयों में; लेकचरर नार्थ वेस्टन वि० वि० और डिपाल वि० वि० शिकागो १९१६-२०; व्याख्याना न्यूयार्क वि० वि० १९२०-२१; प्रोफेसर विश्वभारती, बङ्गाल १९२४-२५; पैसिफिक महासागर के किनारे के देशों में भारतीय श्रमजीवियों की मजदूरी की दशा की जांच करने के लिए गवर्नमेंट के विशेष एजेंट १९२१-२२; भारत, यूरोप और अमरीका में बहुत दूर २ तक भ्रमण किया है; पुस्तकें—'लेवर मूवमेंट इन इंडिया', 'फैक्टरी लेवर इन इंडिया', 'फैक्टरी लेजिस्लेशन इन इंडिया' पता—C/O एक्स प्रेस कम्पनी १ रयूडू मोंट ब्लेंक; जेनेवा; स्विटजरलेंड।

दास, विश्वनाथ—उड़ीसा प्रान्त के प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता; असहयोग आन्दोलन में काफी भाग लिया ; उड़ीसा लेजिस्लेटिव एसेम्बली के कांग्रेसी सदस्य (१९३७) तथा प्रधान मंत्री उड़ीसा प्रान्तीय संस्कार ; पता—कटक।

दुनीचंद—बैरिस्टर और म्यूनिसपिल कमिश्नर लाहोर; ज०

१८६०; शि० गवर्नमेंट कालेज; लाहौर और ग्रेज़ इन लन्दन; पंजाब मार्शलला के समय देश निर्वासन; १६१६; बाद में जन्म भर कैद की सज़ा हुई किन्तु दिसम्बर १६१६ में छोड़ दिये गये; असहयोग में वकालत छोड़ दी; लारेंस की प्रतिमा के सत्याग्रह के सम्बन्ध में ८ मास कैद की सज़ा हुई १६३१; पंजाब प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी अनेक बार; पुस्तकें—Social work and Politics; पता—लाहौर।

दुनी चंद, लाला—मेम्बर लेजि० एसेम्बली; जन्म १८७३; मैनेजर अम्बाला एंग्लो संस्कृत हाई स्कूल १६०६-१६२१; मेंबर मैनेजिंग कमेटी डी० ए० वी० कालेज लाहौर; सभापति अखिल भारतीय शुद्धि सम्मेलन; क्रिमिन ला एक्ट के अनुसार गिरफ़्तार हुये और ६ महीने की कैद की सजा हुई; पंजाब प्रान्तीय काम्फ्रेन्स के सभापति; लेजिस्लेटिव एसेम्बली के स्वराजिस्ट मेम्बर; पता—कृपानिवास अम्बाला।

दुबे, दयाशंकर—प्रोफेसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय; जन्म २८ जुलाई १८६६; शि० एम. ए. एल. एल. बी.; परीक्षा मंत्री हिन्दी साहित्य संमेलन प्रयाग (१० सितम्बर १६२८-२६); मंत्री भारतवर्षीय हिन्दी अर्थ शास्त्र परिषद; उपसभापति विश्वविद्यालय ग्राम सेवा संघ; सदस्य हिन्दी साहित्य गोष्ठी, प्रयाग; पुस्तकें—भारत में कृषि सुधार, विदेशी विनिमय, भारत के उद्योग धंधे, निर्वाचन नियम, ब्रिटिश साम्राज्य का शासन; स० १६१६-२० में इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में रिसर्च स्कालर; लखनऊ यूनि० में प्रोफेसर चार वर्ष तक; पता—इलाहाबाद यूनिवर्सिटी; इलाहाबाद।

दुलारे लाल भार्गव—संपादक 'सुधा'; ज० १६५८ विक्र०; भू. पू. संपादक माधुरी; संस्थापक गंगा पुस्तक माला तथा गंगा फाइन आर्ट प्रेस; अपनी पुस्तक माला से सैकड़ों पुस्तकें प्रकाशित की हैं; आप बिहारी के ढंग पर लगभग ५०० दोहे लिख चुके हैं; ब्रजभाषा के उत्कृष्ट कवि; दुलारे दोहावली, देव-पुरस्कार के सर्व-प्रथम विजेता; आपकी हिन्दी सेवा चिरस्मरणीय रहेगी; पुस्तकें—दुलारे दोहावली इत्यादि; पता—कविकुटीर लाटूश रोड, लखनऊ।

देव, शंकर राव दत्तात्रय—शिक्षा, बी. ए.; महाराष्ट्र प्राविन्शल कांग्रेस के भू० पू० सभापति; महात्मा गांधी के साथ चम्पारन (बिहार) में किसानों के लिये कार्य किया;

असहयोग आन्दोलन में विशेष भाग लिया; मुलशी पेठा सत्याग्रह का नेतृत्व किया; असहयोग आन्दोलन में कई बार जेल गये; मराठी के अच्छे वक्ता; सम्पादक 'स्वराज्य'; स्वागताध्यक्ष राष्ट्रीय कांग्रेस फैज़पुर १९३६; पता—प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी पूना।

देवीदयाल शुक्ल, 'प्रणयेश'- हिन्दी कवि, जन्म० २६ जून स० १९०४; पुस्तकें-निशीथिनी, कालिंदी, और विजया विहार; मंत्री साहित्य मंडल कानपुर १९२६; कांकरोली नरेश द्वारा "काव्यालंकार" की पदवी प्रदान हुई; पता—नारियल बाजार, कानपुर।

देशपांडे, गंगाधर बालकृष्ण- लो० तिलक के सहयोगी; ज० १८७०; शि० बी. ए. एल. एल. बी; कर्नाटक प्रांत के प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता; सभापति राष्ट्रीय कांग्रेस १९३२, मई से अगस्त तक; कट्टर असहयोगी तथा खादी भक्त व प्रचारक; सदस्य आल इंडिया कांग्रेस कमेटी; मेम्बर होमरूल डेप्यूटेशन १९१७; जेलयात्रा १९२१-२२; पता—बेलगांव।

देशमुख, रामराव माधवराव- मध्य प्रांत की कांग्रेस सरकार के कृषि विभाग के मिनिस्टर; जन्म १८९२; शिक्षा कैम्ब्रिज में अर्थशास्त्र और कानून; मिडिल टेम्पल से बैरिस्टरी १९१६; सी० पी० कौंसिल के मेम्बर १९२१; स्वराजिस्ट होकर पुनः चुने गये १९२४; पार्टी में मत भेद होने के कारण कौंसिल छोड़ दी १९२५; एसेम्बली में स्वतंत्र रूप से चुने गये १९२६; सी० पी० कौंसिल में प्रतिसहयोगी होकर चुने गये १९२७; सभापति बरार नेशलिस्ट पार्टी १९३२; बरार के प्रतिनिधि होकर इंग्लैंड गये १९३३; सभापति महाराष्ट्र कान्फ्रेन्स; पता—अमरावती, (बरार)।

देसाई, चन्दूलाल मनीलाल- ज० १८८२; शिक्षा एल. डी एस. सुप्रसिद्ध डेन्टिस्ट; होमरूल लीग में लोकमान्य तिलक के साथ कार्य किया; वकालत छोड़कर बम्बई से भड़ोंच आये; रौलेट आन्दोलन में विशेष भाग लिया १९१९; असहयोग आन्दोलन में कार्य किया; नागपुर झंडा सत्याग्रह का (१९२३) में नेतृत्व किया; १९२६ में सेवाश्रम स्थापित किया; १९२७ में भड़ोंच फलड रिलीफ के लिये संगठन कार्य किया; बारडोली सत्याग्रह में प्रमुख भाग लिया (१९२८); असहयोग में सम्मिलित हुये; कई बार जेल गये; अ० भा० कांग्रेस कमेटी के सदस्य कई

साल तक; गुजरात व्यायाम मंडल के संस्थापक; पता—सेवाश्रम, भड़ोंच।

देसाई, भूलाभाई—लीडर पार्टी सेन्ट्रल एसेम्बली; जन्म १८७७; शिक्षा एम. ए. एल एल. बी.; कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य; गुजरात कालेज अहमदाबाद में दो साल (१९१७-१९१९) प्रोफ़ेसर रहे ; होम रूल लीग में विशेष भाग लिया; बम्बई सरकार के एडवोकेट जनरल रहे १९२६; बारडोली के किसानों की ओर से ब्रूमफील्ड कमेटी के समक्ष कार्य किया १९२५; गांधी इरविन समझौते के बाद पुनः बारडौली इन्क्वायरी कमेटी के सामने पेश हुए १९३१; सविनय अवज्ञा आन्दोलन काल में "स्वदेशी सभा" संगठित की १९३० ; सविनय अवज्ञा आन्दोलन में एक साल की सज़ा तथा १०.००० रु० जुर्माना; अनेक बार योरुप भ्रमण किया; कांग्रेस पार्लियामेण्टरी बोर्ड की स्थापना में विशेष प्रयत्न किया और उसके सेक्रेटरी तथा सभापति रहे (१९३४); पता—वार्डेन रोड, बम्बई।

देसाई, महादेव हीरालाल—बी. ए.: प्राइवेट सेक्रेटरी महात्मा गांधी; 'यंग इन्डिया' तथा 'नव जीवन' के सम्पादक; 'इंडिपेंडेंट' इलाहाबाद का सम्पादन किया और; जेल यात्रा १९२१-२२; पत्र की ज़मानत ज़ब्त होने के बाद 'इंडिपेंडेंट;' की हस्तलिखित प्रतियाँ प्रकाशित कीं; महात्मा गांधी की सत्य के प्रयोग पुस्तक के अनुवादक; पता—वर्धा।

देसाई, श्रीमती सत्यबाला—वैज्ञानिक संगीतज्ञा; ज० १८९२; ८ वर्ष की उम्र में धार्मिक गीतों के अंश गाने लगीं थीं; सामवेद और संस्कृत की अष्टपदी के गान भी १२ वर्ष की उम्र में स्वरों के साथ गाने में प्रवीण हो गई थीं; संसार का भ्रमण किया और यूरोपियन, चीनी और जापानी आदि कितने ही जनसमूहों के सामने पदर्शन के साथ संगीत पर अनेक व्याख्यान दिए; हिंदी, संस्कृत, फ़ारसी, गुजराती और बंगाली और अन्य कितनी ही भाषाओं में वे गा सकती हैं; चित्रकला में अत्यन्त प्रवीण हैं; न्यूयार्क (अमरीका) फिलेथियन सोहायटी की फेलो हैं; पता—बम्बई।

देहलवी, अली मुहम्मद खाँ—भू. पू. सभापति बम्बई लेजिस्लेटिव कौंसिल, संपादक 'अलहक़' १९१०—१९०३ ; सभापति प्रेसीडेन्सी मुस्लिम शिक्षा कान्फ्रेन्स पूना;

जन्म १५ अक्टूबर १८७४; शि० बम्बई और लन्दन; गुजरात और सिंध में वकालत की; बम्बई में स्माल काजेज कोर्ट के जज; मिनिस्टर एग्रीकलचर १९२४—२७; प्रकाशन—"हिस्ट्री एण्ड ओरोजिन आफ पोलो" 'मेडीकेन्सी इन इण्डिया' पता—सेक्रेटरियट, बम्बई ।

द्वारिका प्रसाद मिश्र—सुयोग्य हिंदी लेखक तथा देश हितैषी; शि. बी. ए., एल एल. बी.;

राष्ट्रीय आन्दोलनों में अनेक बार जेल गये ; जन्मदाता तथा संपादक 'लोकमत' ; ज० १९५८ विक्र ; सी. पी. में कांग्रेसी एम. एल. ए तथा मिनिस्टर पता—नागपुर जबलपुर ।

द्विवेदी, आचार्य महावीर प्रसाद—जन्मदाता तथा संपादक 'सरस्वती' अनेक वर्षों तक; तथा हिंदी के सर्व सम्मानित विद्वान; ज० १९२१ विक्र. ; अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, फारसी, मराठी, बंगला, गुजराती आदि भाषाओं में आपका अधिकार है ; साहित्य रचना के साथ साथ आपने अनेक कवियों एवं लेखकों को प्रोत्साहन देकर उन्नत किया; पुस्तकें 'काव्य मंजूषा' तथा अनेक गद्य पद्यानुवाद तथा मौलिक ग्रन्थ; पता—दौलतपुर, रायबरेली ।

धर्मेन्द्र नाथ शास्त्री, तर्क शिरोमणि,—जन्म ४ नवम्बर १८९७; स० १९२३-२४ में गुरुकुल वृन्दावन के आचार्य पद पर कार्य किया; आर्य समाज में जात पांत तोड़ने का विशेष प्रयत्न किया ; आर्य सार्वदेशिक सभा की कार्य कारिणी समिति के सदस्य; प्रोफेसर मेरठ गवर्नमेंट कालेज ; इनकी धर्म पत्नी श्रीमती उर्मिला शास्त्री ने असहयोग में प्रमुख भाग लिया; फलतः प्रान्तीय सरकार का इन पर रोष हुआ; 'जन्म भूमि'' पत्र का प्रकाशन ; पुस्तकें—दिव्य दर्शन, सदाचार सन्ध्या ; पथ प्रदीप, आदि; पता—मेरठ ।

धीरेन्द्र वर्मा, प्रो ;—प्रधान हिंदी विभाग इलाहाबाद यूनिवर्सिटी; जन्म १७ मई १८९७ ई०; शि० एम. ए. (१९२१); डी. लिट पेरिस (१९३५) ; हिंदी के प्रकांड विद्वान ; हिंदुस्तानी एकेडेमी के सदस्य ; हिन्दी साहित्य सम्मेलन की अनेक

समितियों के सदस्य ; नागरी प्रचारणी सभा काशी के कार्य कारिणी के सदस्य ; पुस्तकें—अष्ट छाप, हिंदी राष्ट्र या सूबा हिन्दुस्तान, हिन्दी भाषा का इतिहास हिन्दी भाषा और लिपि;' ला लाँग ब्रज (फ्रेन्च भाषा में १९३५) आदि, पता—इलाहाबाद।

धुलेकर, रघुनाथ विनायक—राष्ट्रीय कार्यकर्त्ता तथा लेखक; ज० ६ जनवरी १८९१ ई०; शि० बी. ए. आनर्स (कलकत्ता), एम.ए.एल.एल. बी. (इलाहाबाद), एडवोकेट; संस्थापक महाराष्ट्र समिति तथा विद्यालय झांसी; १९१६ ; संयुक्त मंत्री यू. पी. प्रान्तीय राजनैतिक कान्फ्रेन्स झांसी १९१६ ; संस्थापक-प्रधान महाराष्ट्र गणेश मन्दिर ट्रस्ट १९१७ से; सभापति जी. आई. पी. रेलवे यूनियन १९१८; असहयोग में वकालत छोड़ी १९२१; मंत्री प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी १९२१-२२; संपादक अर्ध साप्ताहिक 'उत्साह' १९२१, दैनिक हिन्दी 'मातृभूमि' १९२२-२३; साप्ताहिक अंग्रेज़ी 'फ्री इंडिया' १९२२-२३; जेलयात्रा १९२५; असहयोग आन्दोलन में पुनः जेलयात्रा व जुर्माना २०० रु० १९३०-३१; संस्थापक-प्रधान सर्वेंट्स आफ दि नेशन सुसाइटी (राष्ट्र सेवा मंडल) और बुन्देलखण्ड आयुर्वेदिक कालेज १९३४; कांग्रेसी एम. एल. ए. यू. पी. १९३७; गवर्नमेंट व्हिप १९३७ से; पता—झांसी।

ध्यान चंद,—जगत में हाकी के सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ी; शि० कालेज तक; 'झांसी हीरोज़' हाकी टीम को लेकर जर्मनी, न्यूज़ी लैंड इंग्लैंड, अफ्रीका आदि देशों में भ्रमण; ओलिम्पिक गेम्स (योरोप) में १९२८ और १९३२ में खेले; जगत के सब देशों को हराया; "स्टिक के जादूगर" नाम प्राप्त किया है; इनके छोटे भाई रूपसिंह भी जगत विख्यात खिलाड़ी हैं; इस समय फौज में नौकर हैं; पता—आर्मी स्पोर्टस कन्ट्रोल बोर्ड, कसौली।

नटराजन, कामाक्षी—ज एडीटर 'दी इण्डियन सोशल रिफार्मर' व "इण्डियन डेली मेल" बम्बई; जन्म १८६८; हेडमास्टर आर्यन हाई स्कूल ट्रिपली केन मद्रास दोयम एडीटर दी "हिन्दू" मद्रास; फेलो बम्बई यूनिवर्सिटी व मेंबर सिंडीकेट (१९१६); प्रेसीडेंट मद्रास प्रान्तिक सामाजिक परिषद करनूल १९१७; प्रेसीडेन्ट बम्बई प्रान्तिक सामाजिक परिषद बीजापुर १९१८; प्रेसीडेन्ट मैसूर परिषद १९२१; प्रेसी-

डेन्ट आल इण्डिया सामाजिक परिषद १७२७; ग्रन्थ—दक्षिण सेंसस् रिपोर्ट १९११; पता—टाटा का बंगला, खार रोड, बांद्रा, बम्बई।

नटेसन, जी. ए.—एडीटर 'इण्डियन रिव्यू' ज० १८७३; ग्रेजुएट १८९७; फेलो मद्रास यूनिवर्सिटी व मेंबर मद्रास कारपोरेशन; माडरेट परिषद में १९१९ में सम्मिलित हुये. सेक्रेटरी मद्रास लिबरल लीग; जाइन्ट सेक्रेटरी नेशनल लिबरल फेडरेशन आफ इंडिया १९२२; एम्पायर पार्लीमेंटरी डेलीगेशन के सम्बन्ध में कनाडा गये १९२८; सदस्य इंडियन टेरिफ बोर्ड; पुस्तकें —What India wants ? Autonomy within the Empire; पता-मंगल विलास, मायलापुर मद्रास।

नरदेव शास्त्री, वेदतीर्थ,—ज० २१ अक्टूबर स० १८८०; धार्मिक, शिक्षासम्बन्धी, साहित्यिक, राजनैतिक सभी कार्यक्षेत्रों में काम करते हैं; आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य १० वर्ष तक; असहयोग में ३ बार जेल की सज़ा; महाविद्यालय ज्वालापुर के मुख्याधिष्ठाता अनेक वर्षों तक, पुस्तकें—आर्य समाज का इतिहास, ऋग्वेदालोचन, गीताविमर्श शुद्धबोध चरित, पत्र पुष्प, कारावास की राम कहानी, आदि पता—महा विद्यालय ज्वालापुर (हरिद्वार)

नरेन्द्र देव, आचार्य—आचार्य काशी विद्यापीठ; ज० कार्तिक सं० १९४६ विक्र०; एम. ए., एल एल. बी.; पाली; प्राकृत; बौद्ध साहित्य के प्रकाण्ड पंडित; फ़ैज़ाबाद होमरूल लीग के सेक्रेटरी १९१६; १९२० के असहयोग में वकालत त्याग और विद्यापीठ के आचार्य; भू० पू० संपादक 'विद्यापीठ' (त्रैमासिक); अ. भा. कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी कान्फ्रेन्स के सभापति १९३४; कांग्रेसी एम. एल. ए. (यू. पी.) १९३७; संपादक 'संघर्ष' कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के नेता; पता—नज़रबाग़, लखनऊ।

नारीमैन, के० एफ़०—वकील बम्बई हाई कोर्ट; सदस्य बम्बई लेजिस्लेटिव कौंसिल अनेकबार; भू० पू० मेम्बर बम्बई कारपोरेशन; नेता बम्बई प्रान्त युवक परिषद; बम्बई प्रान्त के कांग्रेसी नेता; सभापति अ० भा० यूथ लीग कलकत्ता १९२९; सभापति बम्बई प्रांतीय कांग्रेस कमेटी अनेक बार; पुस्तकें—What Next ?, Whither Congress ?; पता—कांग्रेस दफ़्तर, बम्बई।

नायडू, मिसेज़ सरोजनी---प्रेसीडेन्ट इंडियन नेशनल कांग्रेस १९२५; ज० १८७९; डाक्टर एम. जी. नायडू के साथ १८९८ में शादी; दो पुत्र दो कन्यायें; शि० हैदराबाद किंग्ज कालेज; लंडन गर्टन कालेज केम्ब्रिज; अंग्रेज़ी कविताओं के ग्रन्थ लिखे जिनका भाषान्तर करीब २ सब भाषाओं में हो चुका है; जाइन्ट कमेटी आन रिफार्मस के सामने गवाही दी १९१९; अन्तर्राष्ट्रीय स्त्री मताधिकार परिषद् जिनेवा के सामने भाषण किया १९१९; हिन्दुस्थान की प्रतिनिधि की हैसियत से दक्षिण अफ्रीका गईं; मेंबर बम्बई म्युनिसिपल कारपोरेशन; प्रेसीडेन्ट बम्बई प्रान्तिक कांग्रेस कमेटी; मेम्बर आल इंडिया कांग्रेस कमेटी १९२२; श्री अब्बास तैयब जी के पश्चात् आपने नमक कानून तोड़ने के लिये धरसना पर कोई वालंटियरों के साथ धावा किया और पकड़ी गईं १९३०. पता—ताजमहल होटेल, बम्बई ।

निर्मल, ज्योति प्रसाद—हिन्दी के अच्छे लेखक; ज० १९५२ विक्र; भू. पू. सम्पादक 'मनोरमा' और भारतेंदु; सम्पादक 'भारत; पुस्तकें—'स्त्रीकवि-कौमुदी'; नव युग काव्य विमर्ष; पता—प्रयाग ।

निहाल सिंह, सेंट—जर्नलिस्ट जन्म, पंजाब में, प्रवास व देश निरीक्षण की इच्छा से कालेज छोड़ दिया; मकान गुप्त रीति से छोड़ कर हिन्दुस्तान भर भ्रमण किया, और लेख लिखकर ही द्रव्य संपादन करते हैं; जापान व अमेरिका भ्रमण में कुछ दिन 'बोहीमियन मेगेजीन' के संपादक रहे; १९१० में इंगलैंड गये अमेरिकन महिला से, जो खुद जर्नलिस्ट है, "माडर्न रिव्यू" के विशेष लेखक पता—ग्रैंडहोटेल, सीलोन ।

नून, सर फीरोज खां---ज० १८९३, शिक्षा; बार ऐट ला, (लाहौर, आक्सफोर्ड और लन्दन में पाई); लाहौर हाई कोर्ट के ऐडवोकेट; १९२१ से पंजाब प्रान्तीय व्यवस्थापिका सभा के सदस्य; पंजाब स्वायत्त शासन के मंत्री १९२७; और शिक्षा मंत्री १९३०; आजकल लन्दन में हाई कमिश्नर फार इण्डिया; पता:—लन्दन ।

नेगी, जगमोहन सिंह,—जन्म० ५ जूलाई १९०५; शिक्षा० बी. ए. (१९२७); एल एल. बी. (१९३१); गढ़वाल में सर्वप्रथम कांग्रेस कार्य प्रारंभ किया (१९३०); मेम्बर, प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी (१९३१); असहयोग में जेल;

१ साल और ५०० रू० जुर्माना की सज़ा; चेयरमैन डि० बोर्ड गढ़वाल

(१९३१-३५); खानदानी पदवी "थोकदार"; संयोजक गढ़वाल शिक्षा कान्फ्रेन्स (९३४); स० १९३७ में कांग्रेस की ओर से मेम्बर ले० एसेम्बली; पता—ग्राम खादी, जि० गढ़वाल।

नेहरू, जवाहर लाल—बार-एट-ला; प्रेसीडेन्ट रिपब्लिकन् कांग्रेस १९२७; जनरल सेक्रेटरी इंडियन नेशनल कांग्रेस १९२८; ज० १८८९; शि० हेरो स्कूल व ट्रिनटी कालेज, कैंब्रिज; बार-एट-ला आफ दी इनर टेंपल; एडवोकेट इलाहाबाद हाई कोर्ट; सेक्रेटरी होमरूल लीग इलाहाबाद १९१८; मेंबर, आल इंडिया कांग्रेस कमेटी १९१८ से; डायरेक्टर 'इंडिपेन्डेंट'; कट्टर असहयोगी; १९२१ व फिर १९२२ में कैद; दलित राष्ट्रों की कांग्रेस में हिन्दुस्तान के प्रतिनिधि; संस्थापक इंडिपेन्डेन्स लीग १९२८; प्रेसीडेन्ट, लाहौर कांग्रेस (१९२९), लखनऊ कांग्रेस (१९३६), फैजपुर कांग्रेस (१९३६); अनेकबार जेल यात्रा; भारतवर्ष की ओर से योरुप इत्यादि में आन्दोलन कर रहे हैं; पता—इलाहाबाद।

नेहरू, श्रीमती उमा—जन्म० मार्च १८८४; शि० हाई स्कूल केम्ब्रिज, इंगलिश, फ्रेन्च, हिंदी, उर्दू तथा अंग्रेज़ी संगीत की ज्ञाता; कांग्रेस में अनेक वर्षों से कार्य; जेलयात्रा (१९३२) असहयोग में; चेयरमैन एडूकेशन कमेटी इलाहाबाद म्यु०; प्रेसीडेंट आल इन्डिया विमेंस एसोसियेशन; मेम्बर आल

इंडिया कांग्रेस कमेटी, तथा प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी; यू० पी० एसेम्बली में कांग्रेस सदस्या; पुस्तकें—बिपता, मदर इंडिया; सम्पादक—Children's Weekly, दिल्ली; पता—इलाहाबाद।

नेहरू, श्रीमती रामेश्वरी—ज० १८९६; यौरुप, रूस मिश्र, ब्रह्मा आदि लगभग सभी विदेशों में भ्रमण

किया है; 'स्त्री दर्पण' का सम्पादन बहुत काल तक किया है; आल इण्डिया वीमेन्स कान्फ्रेन्स की सोशल सेक्रेटरी; कन्सेन्ट कमेटी की सदस्या; वीमेन्स इण्डियन एसोसियेशन की लन्दन कमेटी की सभानेत्री; विदेशों में भारत की दशा पर अनेक भाषण दिये; हरिजन सेवा में विशेष रुचि; पता:—लाहौर।

पट्टाभी सीतारामैय्या, डा०—शि० बी. ए., एम. बी. सी. एम.; अ. भा. कांग्रेस कमेटी के सदस्य १९१६ से; संस्थापक तथा संपादक 'जन्मभूमि' १९१९ से १९३०; १९३० से १९३३ तक तीन बार राष्ट्रीय आन्दोलनों में जेल यात्रा; सदस्य, कांग्रेस वर्किंग कमेटी १९१९-३१, १९३४-३६; कोआपरेटिव मूवमेंट में विशेष भाग लिया; संस्थापक आँध्र बैंक, भारत लक्ष्मी इंशोरेन्स कं०, आंध्र इन्शोरेन्स कं० और हिन्दुस्तान म्युचुअल इन्शोरेन्स कं०; पुस्तकें; नेशनल एडुकेशन, इंडियन नेशनालिज़्म, इंडियन नेशनल कांग्रेस का इतिहास (अंग्रेज़ी) पता—मछलीपट्टम्।

पटेल, बल्लभ भाई० जे०—ज० १८७६ शिक्षा; बार-ऐट-ला १९१३; मंत्री प्रथम गुजरात प्राविन्शल कान्फ्रेन्स १९१६; महात्मा गांधी खेड़ा करबन्दी आन्दोलन का नेतृत्व किया १९१७; रौलेट एक्ट का विरोध; अहमदाबाद कांग्रेस की स्वागत समिति के सभापति १९२२; गुजरात विद्यापीठ के लिये १० लाख रु० एकत्रित किया; झंडा सत्याग्रह नागपुर के नेता; बारडोली सत्याग्रह के संचालक १९२२-२३; कई बार जेल गये; करांची कांग्रेस के सभापति १९३१; सदस्य आल इण्डिया कांग्रेस पार्लियामेण्टरी कमेटी; मेम्बर, कांग्रेस वर्किंग कमेटी; पता—वर्धा, अहमदाबाद।

पंडित नानकचंद—ज० १८८६; शिक्षा, एम० ए०, बार ऐट ला (लाहौर और आक्सफोर्ड); एडवोकेट लाहौर; पंजाब प्रान्तीय व्यवस्थापिका सभा के सदस्य १९२३ से; तीसरी गोलमेज़ कान्फ्रेन्स के प्रतिनिधि; ज्वाइंट सिलेक्ट कमेटी के समक्ष बयान दिये; पंजाब विश्व-विद्यालय के फेलो; अनेक शिक्षा सम्बन्धी संस्थाओं को स्थापित किया; पता—लाहौर।

पंडित, रणजीत सीताराम—ज० १८९८; शिक्षा बी० ए० एल० एल० बी० एडवोकेट, अलाहाबाद हाईकोर्ट; बम्बई, इंग्लैण्ड और

जर्मनी में शिक्षा पाई; विवाह, श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित १६२ ; शिक्षा काल में आपने अनेक बड़े बड़े पुरस्कार पाये भारत और विलायत दोनो जगह; लार्ड सिनहा तथा र बी० एल० मित्र के साथ कलकत्ता हाईकोर्ट में वकालत आरम्भ की; डिफेन्स आफ इण्डिया ऐक्ट के अनुसार राजकोट में एक साल नज़र बन्द; युद्ध काल में बंगाल लाइटहार्स फौज में काम किया १६१८; पेशावर गोली कांड की जांच कमेटी के सेक्रेटरी; राजतरंगिणी का संस्कृत से अंग्रेजी अनुवाद; यू० पी० कांग्रेस कमेटी के सेक्रेटरी; मेम्बर प्रान्तीय लेजिस्लेटिव असेम्बली १६३७; पता—प्रान्तीय कांग्रेस आफिस, लखनऊ।

पंत, गोविंद वल्लभ—प्रधान मंत्री यू० पी० सरकार; शि० बी० ए० एल-एल० बी०; जनरल सेक्रेटरी कांग्रेस पार्लियामेण्टरी बोर्ड (१६३६-३७); असेम्बली कांग्रेस पार्टी के डिप्टी लीडर; पुरानी यू० पी० कौंसिल में स्वराज्यपार्टी के लीडर (१६२३-२६); असहयोग आन्दोलन में जेलयात्रा (१६३०-३२); केन्द्रीय एसेम्बली के मेम्बर १६३४-३६; अच्छे वक्ता और तार्किक। पता—लखनऊ व नैनीताल।

पनिक्कर, केवलम माधव—शिक्षा० आक्सफोर्ड; मेम्बर अकेडेमिक कौंसिल; प्रोफेसर मुसलिम यूनीवर्सिटी अलीगढ़ १६१६-२२; वैदेशिक मंत्री पटियाला रियासत; सहकारी सम्पादक 'स्वराज्य' मद्रास; १६२२-२४; सम्पादक 'हिन्दुतान टाइम्स' १६२४-२५; डिप्टी डायरेक्टर, प्रिंसेस स्पेशल आरगेनाइजेशन १६३०; सेक्रेटरी, चान्सलर प्रिंसेज़चेम्बर १६३१-३३; प्रिंसेस डेलीगेशन के सेक्रेटरी होकर सभी गोलमेज़ कान्फ्रेन्सों में गये; ग्रन्थ—'इंडियन नेशनेलिज़्म, इट्स हिस्ट्री ऐण्ड प्रिंसपल्स' 'इन्डियन स्टेट्स'; पता—पटियाला।

परमानन्द, दादा—जन्मस्थान जिला हमीरपुर; स० १६१५ में क्रांतिकारी षड्यंत्र के सिलसिले में पकड़े गये; सजा, जन्म कैद; कांग्रेसी मंत्री मंडल (यू० पी०) द्वारा रिहा किये गये (१६३७); छूटने के बाद राष्ट्रीय आन्दोलन में प्रवृत्त हैं; दिल्ली में प्रवेश पर सरकारी प्रतिबंध लगाये जानेपर उसे नहीं माना फलतः जेलयात्रा; पता—हमीरपुर।

परमानन्द, भाई—प्रसिद्ध हिंदू नेता; शिक्ष० एम० ए०; आर्य समाज की ओर से दक्षिण अफ्रीका गये; तीन साल वहां नज़रबन्द रहे;

अमेरिका की ब्रिटिश कोलोनीज़ देखने के लिये गये; गदर पार्टी केस में पकड़े गये और फांसी का हुक्म (१९१५) किंतु फिर आजन्म देश निकाला की सजा हुई; १९२० तक अन्डमन्स में रहे, २ महीने की भूख हड़ताल की और छोड़ दिये गये; पंजाब विद्यापीठ के चान्सलर अ. भा. हिन्दू महासभा (अजमेर) के सभापति (१९३३); ज्वाइन्ट पार्लियामेन्टरी कमेटी के समक्ष हिन्दुओं के ओर से बयान देने के लिये विलायत गये; मेम्बर केन्द्रीय एसेम्बली; पता—देहली, शिमला।

परांजपे, रघुनाथ पुरुषोत्तम—ज० १८७६; शि० हिन्दुस्तान, केम्ब्रिज, पेरिस, गोटिंगहम; सब यूनिवर्सिटी परीक्षाओं में प्रथम, केम्ब्रिज में सीनियर रङ्गलर १८९९; प्रिन्सिपल फरग्यूशन कालेज पूना १९०२–२०; वाइस चान्सलर इंडियन वीमेन्स यूनिवर्सिटी १९१६–२०; मेम्बर बम्बई लेजि० कौंसिल १९१३–२०; मिनिस्टर आफ एज्यूकेशन बम्बई, १९२१–२३; मेम्बर, रिफार्म्स इन्काइरी कमेटी १९२४; आक्जिलियरी व टेरीटोरियल फोर्सेस कमेटी १९२४; मेंबर टेक्सेसन् कमेटी १९२४–२५; प्रेसीडेन्ट लिबरल फेडरेशन १९२४; बम्बई कौंसिल के लिये युनिवर्सिटी के तरफ से प्रतिनिधि चुने गये १९२६; मिनिस्टर नियत हुये १९२७; इण्डिया आफिस में नियत १९२७–३२; वाइस चान्सलर लखनऊ, विश्व-विद्यालय; पता:—लखनऊ, पूना।

पराड़कर, बाबूराव विष्णु—शिक्षा, बी. ए.; सुप्रसिद्ध सम्पादक तथा लेखक; ज्ञानमंडल काशी की स्थापना तथा संचालन में काफी सहायता दी; काशी की अनेक सामाजिक और साहित्यक संस्थाओं के प्रतिष्ठित सदस्य; सामाजिक सुधारों के पोषक; देशभक्त तथा साहित्य सेवी, पता—'आज' आफिस, बनारस।

पाटिल, एस. के.—ज० १९००, शिक्षा, बम्बई और लन्दन में; सम्पादन कला की शिक्षा लन्दन में पाई; राष्ट्रीय आंदोलन में जेल; 'बाम्बे क्रानिकल', में उप संपादक; जनरल सेक्रेटरी बम्बई प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी १९३० से अ. भा. कांग्रेस कमेटी के सेक्रेटरी १९३४; पता—गिरगाँव रोड, बम्बई।

पालीवाल, श्री कृष्णदत्त—ज० १८९९; शिक्षा, एम. ए. एल-एल. बी., साहित्यरत्न; असहयोग में ला कालेज छोड़ दिया १९२०;

सम्पादक 'प्रताप' और 'प्रभा'; कानपुर कांग्रेस कमेटी और मज़दूर सभा के सभापति १९२२-२३; कानपुर स्वराज्य पार्टी के सभापति १९२३; यू. पी. कौंसिल के सदस्य १९२३; १९२२ से अ. भा. कांग्रेस कमेटी के सदस्य; राष्ट्रीय कांग्रेस के पब्लिसिटी आफिसर और स्वागत समिति के मन्त्री (कानपुर) १९२५; यू पी. कांग्रेस कमेटी और स्वराज्य पार्टी के सेक्रेटरी, एम. एल. ए. (केन्द्रीय) १९३४; सम्पादक 'सैनिक' आगरा, पता—आगरा।

पुण्तांबेकर, श्रीकृष्णव्यंकटेश- ज० १८ जरवरी १८९०; शि० एम. ए. बारएट-ला; प्रिंसिपल इतिहास और अर्थशास्त्र सार्वजनिक कालेज सूरत १९२०-२१; प्रिंसिपल नैशनल कालेज बम्बई (१९२१-२५; महात्मा गांधी से १०००) खादी लेख के लिये पुरस्कार पाया; लेखक—इंट्रोडकशन टु सिविक्स ऐण्ड पोलिटिक्स; इंट्रोडकशन टु इण्डियन सिटिजनशिप ऐण्ड सिवलीज़ेशन (दो जिल्द); प्रोफेसर इतिहास और राजनीति हिंदू यूनिवर्सिटी, बनारस।

पुरुषोत्तम दास ठाकुरदास, सर- मेम्बर इण्डियन लेजिसलेटिव एसेम्बली; कपास के व्यापारी; ज० १८७९; शि० एल्फिस्टन कालेज; प्रेसीडेण्ट ईस्ट इण्डियन काटन एसोसियेशन; मेम्बर इंचकेप कमेटी गवर्नर, इम्पीरियल बैङ्क आफ इण्डिया (सेंट्रल बोर्ड); मेम्बर रायल कमीशन आन इण्डिया करेन्सी ऐंड फायनेंस १९२६; डायरेक्टर रिज़र्व बैङ्क; पता—मलाबार केसल, बम्बई।

पुरोहित, प्रताप नारायण-

ताज़ीमी सरदार; हिन्दी के अच्छे कवि; जन्म० १ जनवरी १९०३; शि० बी. ए. तक; जयपुर दरबार में ऊँची कुर्सी दी जाती है; अनेक कवि सम्मेलनों में सम्मानित किये गये; फोटो तथा सिनेमेटोग्राफी में निपुण; योरुप के अनेक देश इटली, जर्मनी, फ्रांस और इंग्लैंड आदि देशों में भ्रमण; पुस्तकें—नल नरेश, काव्य कानन, मन के मोती; गुणियों के गायन, नव निकुञ्ज, आदि; पता—सिवार हाउस, गनगोरी बाज़ार सवाई बाज़ार, राजपूताना।

पोद्दार, कन्हैयालाल—सुप्रसिद्ध विद्वान; आपकी हिन्दी-साहित्य-सेवा महत्वपूर्ण है; पुस्तकें—भर्तृहरि शतक, गंगालहरी, अलंकार प्रकाश, काव्य-कल्पद्रुम आदि पता—रामगढ़।

पोद्दार, दत्तूवामन—ज० १८९०; शिक्षा बी. ए.; शिक्षण प्रकाशक मंडली पूना के आजीवन सदस्य १९१४; प्रोफेसर सर परशुराम भाऊ कालेज १९२६-३२; भारत इतिहास संशोधक मण्डल के सेक्रेटरी; विचार मण्डल के संस्थापक; महाराष्ट्र शारदा मण्डल के सभापति; इण्डियन वीमेन्स यूनिव० की सीनेट के सदस्य १९१२-२७; बंबई यूनिवर्सिटी की फैकल्टी आफ आर्टस् के कोआपरेटिव मेंबर; तिलक नेशनल युनिसिटी की सीनेट के सदस्य; इण्डियन हिस्टारिकल रिकार्डस कमीशन के करेस्पांडिग मेंबर; भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इंस्टीट्यूट के सदस्य; हिंदी अंग्रेजी और मराठी में अनेक ग्रन्थ एवं निबन्ध लिखे; पता—पोद्दार हाउस पूना।

पोद्दार, हनूमानप्रसाद—सुप्रसिद्ध संपादक 'कल्याण' (मासिक); ज० १९४९ विक्र; लेख बड़े विद्वतापूर्ण एवं धार्मिक; "कल्याण" का यशस्वी सम्पादन तथा संचालन आप ही के अथक परिश्रम का फल है; पता—गोरखपुर।

प्रकाशम, टी.—एडीटर "स्वराज्य" १९२१ से; असहयोग (१९२१) में वकालत छोड़ी; प्रेसीडेन्ट आंध्र प्रान्तिक कांग्रेस कमेटी; कांग्रेस आज्ञानुसार त्यागपत्र व नमक कानून भंग में जेल यात्रा (१९३०); मंत्री मद्रास सरकार; पता—मद्रास।

प्रतापसिंह, कविराज—प्राणाचार्य, रसायनाचार्य; जन्म २ जून १८९२; शि० मद्रास १९१३, कलकत्ता १९१३-१८; प्रिंसिपल, बाबाकाली कमली वाले का आयुर्वैदिक महाविद्यालय १९२१ तक; तथा ललितहरी संस्कृत आयुर्वैदिक कालेज, पीलीभीत १९२१-२५; सुपरिंटेंडेंट, आयु० फार्मेसी बनारस वि. वि. मैंबर बोर्ड आफ इंडियन मेडीसिन (१९२६ से); बोर्ड आफ एडवाइज़री कमेटी, पटना गवर्मेन्ट आयुर्वैदिक कालेज; सभापति अ० भा० आयुर्वैदिक सम्मेलन; १९३४; प्र० मन्त्री अ० भा० आ० महामंडल १९३६; पुस्तकें, आ० महामंडल जयन्ती ग्रन्थ, खनिज विज्ञान, स्वास्थ्य सूत्रावली, संक्षिप्त विष विज्ञान; प्रसूति परिचर्या, जच्चा, प्रताप कंठाभरण; तथा आयुर्वैदिक यूनि० बिल के रचयिता, पता—बनारस।

फ़जलभाई करीमभाई, सर— ज० १८७२; ओ. बी. ई. (१६२०); व्यापारी तथा मिल मालिक; २१ साल से म्यूनिसपल कारपोरेटर; इंडियन मर्चेण्टस चेम्बर ऐण्ड ब्यूरो के चेयरमैन १६१४-१६; बम्बई मिल ओनर्स एसोसियेशन के चेयरमैन १६०७-०८; आल इण्डिया मुसलिम लीग के उप-सभापति, बम्बई के शेरिफ; इम्पीरियल; लेजिस्लेटिव कौंसिल के सदस्य १६१३-१६; बम्बई प्रेसीडेन्सी वार रिलीफ फण्ड के अवैतिक सेक्रेटरी; वेट्स ऐण्ड मेज़र्स कमेटी के सदस्य; इंटर नेशनल फायनेन्शल कांफ्रेंस (ब्रसेल्स) के भारतीय डेलीगेट होकर गये १६१०; पता—पोद्दार रोड, कम्बाला हिल. बम्बई।

फैज़ी रहमान—प्रसिद्ध चित्रकार; जन्म १८८०; वि० जंजीरा की बेगम साहबा की बहन से; शि० स्कूल आफ रायल एकेडमी आफ आर्ट्स, लन्दन; रायल एकडेमी की वार्षिक प्रदर्शनियों में प्रदर्शक; पैरिस, लन्दन और अमरीका के मुख्य मुख्य चित्रकला प्रदर्शनों में अपनी कला दिखाई; सन् १६२४ में नेशनल गैलरी आफ ब्रिटिश आर्ट में आप के बनाये हुये दो रङ्गीन चित्र स्थायी संग्रह के लिये गये; गायकवाड़ बड़ोदा के यहां आर्ट ऐडवाइज़र अनेक वर्षों तक; पता—ऐकने रिफायत मलावार रोड, बम्बई।

बजाज, जमनालाल—जन्म· जयपुर राज्य १८८६; चेयरमैन स्वा० समिति नागपुर कांग्रेस (१६२०); अखिल भारतीय मारवाड़ी अग्रवाल महासभा के संचालक; खिलाफत और कांग्रेस के कार्यों में बहुत सा द्रव्य दान दिया; आल इण्डिया कांग्रेस के खद्दर विभाग के मुख्य संचालक; १६२१ से साबरमती सत्याग्रह आश्रम के ट्रस्टे; नमक कानून भङ्ग में जेलयात्रा १६३०; खंजाची राष्ट्रीय महासभा; पता—वरधा (सी. पी.)।

बड़थ्वाल, पीताम्बर दत्त— हिन्दी भाषा के विद्वान तथा लेखक; ज० १६४८ वि०; अनेक वर्षों से अवैतनिक निरीक्षक हिंदी हस्तलिखित पुस्तकों के खोज विभाग (नागरी प्रचारिणी सभा काशी) १६३०—३४; काशी विश्वविद्यालय में हिन्दी के अध्यापक (१६३०—३४); १६३४ से प्रोफेसर हिन्दी, लखनऊ विश्वविद्यालय; पुस्तकें—गोस्वामी तुलसीदास, रूपक रहस्य (बाबू श्यामसुन्दर दास के सहकारी लेखक), संक्षिप्त रामचंद्रिका, जोगेसुरी बानी (का संपादन किया); पता—विश्वविद्यालय, लखनऊ।

बलदेव प्रसाद मिश्र—प्रसिद्ध हिन्दी लेखक; जन्म ११ सितम्बर १९९८ (राजनांदगांव सी. पी.); शि० एम ए एल-एल. बी; अवैतनिक अध्यक्ष हिन्दी विभाग नागपुर यूनि०; परीक्षक नागपुर, पटना, कलकत्ता, यूनिवर्सिटी; सदस्य अनेकानेक कमेटियां; डाक्टरेट के लिये "तुलसी दर्शन" नमक निबन्ध लिखा है जो हिन्दी साहित्य सम्मेलन की ओर से छप रहा है; पुस्तकें—'शंकर दिग्विजय' (एम. ए. के पाठ्य क्रम में स्वीकृत); असत्य, वासना वैभव, जीव विज्ञान (साहित्य सम्मेलन की ओर से पाठ्यग्रंथ है), मादक प्याला, आदि; दीवान रायगढ़ स्टेट; पता—रायगढ़ सी० पी०

बापना, सर सिराय मल,—वज़ीरुद्दौला रायबहादुर; ज० १८८२; सी. आई. ई.; शि० बी. ए. बी. एस सी.; एल एल. बी.; प्रधान मंत्री इन्दौर रियासत; डिस्ट्रिक्ट और सेशन जज इन्दौर १९०७; ला ट्यूटर तथा सेक्रटरी महाराजा तुकोजी राव; होम मिनिस्टर १९१५; पटियाला रियासत में मिनिस्टर १९२१ से १९२३ तक रहे; इन्दौर में पुनः गृह सचिव १९२३; १९२६ से प्रधान मंत्री एवं प्रेसीडेण्ट आफ दि कैबिनेट; १९३१ में गोल मेज़ कान्फ्रेन्स में डेलीगेट होकर गये; १९३५ में अंतरीष्ट्रीय लीग एसेम्बली के डेलीगेट; पता—इन्दौर।

बालकृष्ण शर्मा, 'नवीन'—ज० सम्बत १९५४ (शाजापुर ग्वालियर राज्य); विद्यार्थी जीवन से ही राजनैतिक क्षेत्र में आने की उत्कंठा थी; स्वर्गीय श्री गणेश शंकर की विशेष सहायता एवं सहानुभूति प्राप्त की; असहयोग आन्दोलन में बी. ए. फाइनल से पढ़ना छोड़ कर 'प्रताप' एवं 'प्रभा' का सम्पादन करने लगे; हिन्दी के प्रकाण्ड विद्वान; खड़ी बोली के कवियों में विशेष स्थान; 'विस्मृता उर्मिला' महाकाव्य उल्लेखनीय है; सभापति कानपुर नगर कांग्रेस कमेटी तथा यू० पी० प्रान्तीय कांग्रेस की कार्य समिति के सदस्य ; पता—कानपुर।

बिड़ला, घनश्याम दास—ज० १८९१; भारत के प्रसिद्ध व्यापारी तथा दानवीर; बिड़ला ब्रदर्स लि० के मैनेजिंग डायरेक्टर; लेजिस्लेटिव असेम्बली के सदस्य १९३०; इम्पीरियल प्रिफरेन्स के विरोध में मेम्बरी से पदत्याग; इण्डियन चेम्बर आफ कामर्स कलकत्ता के सभापति १९३५; फिडरेशन आफ इण्डियन चेम्बर्स आफ कामर्स के सभापति १९२९; इण्डियन फिस्कल

कमीशन के सदस्य; अन्तर्राष्ट्रीय लेबर कांफ्रेंस जिनेवा में भारतीय डेलीगेट होकर गये १९२७; दूसरी गोलमेज कांफ्रेंस के डेलीगेट १९३०; अ. भा. हरिजन सेवक संघ के सभापति; अनेक संस्थाओं को सहायतार्थ दान दिया; पता — कलकत्ता ।

बिस्मिल श्री. जी—हिंदी, उर्दू के प्रख्यात कवि; ज० १९६५ विक्र; पुराना नाम सुखदेव प्रसाद सिंह है; पत्र पत्रिकाओं में कवितायें प्रकाशित होती है; पता —प्रयाग ।

बीरबल सिंह—अध्यापक तथा रजिस्ट्रार काशी विद्यापीठ; ज०१८९९ (जनवरी); शि० बी. ए. (इलाहाबाद); एम. ए. (हिन्दू यूनिवर्सिटी); कांग्रेस कार्य १९-२१ से; १९३० के सत्याग्रह आन्दोलन में ४ मास की जेल; स० १९३२ में १५ मास की जेलयात्रा; चेयरमैन डिस्ट्रिक्ट बोर्ड जौनपुर १९३८; कांग्रेसी मेंबर यू. पी. लेजिसलेटिव एसेम्बली (१९३७); पता—काशी विद्यापीठ, बनारस ।

बेनीप्रसाद, प्रोफेसर डा०— ज० १९ फरवरी १८९४; शिक्षा, कानपुर, इलाहाबाद, और लन्दन; एम. ए ; इलाहाबाद; रिसर्च स्कालर इंडियन हिस्टरी इलाहाबाद यूनीवर्सिटी; लंदन; यूनीवर्सिटी की पी. एच. डी., और डी. एस. सी. की उपाधियां प्राप्त; इंडियन हिस्टरी के लेक्चरर (१९१८–२४), और रीडर राजनीति तथा समाज विज्ञान इलाबाद यूनिवर्सिटी (१९२५ से); हिन्दी भाषा के उत्कृष्ट लेखक; अनेक समाचार पत्रों में लेख प्रकाशित होते है (सत्येन्द्र और सत्यशोधक उपनाम से); पुस्तकें; हिस्ट्री आफ जहांगीर, थियरी आफ गवरमेंट इन एनशियेंट इंडिया, स्टेट इन एनशियेन्ट इंडिया, प्राबलेम आफ दी इंडियन कान्सटीच्यूशन; पता—इलाहाबाद ।

बोस, सुभाषचन्द्र— प्रेसीडेंट राष्ट्रीय महासभा (हरीपुरा) १९३८, ज०१८९७; शि० कलकत्ता व केम्ब्रिज; इण्डियन सि० सरविस में नियुक्ति; १९२१ में त्यागपत्र और असहयोग आन्दोलन में शामिल हुये; मैनेजर 'फारवर्ड' कलकत्ता १९२२–२४; मेम्बर कलकत्ता कारपोरेशन १९२४; चीफ

एक्जीक्यूटिव आफ़िसर कलकत्ता कारपोरेशन १९२४; बङ्गाल रेगुलेशन सन् १८१८ के अनुसार गिरफ्तार, बङ्गाल कौंसिल के मेम्बर चुने गये १९२६, रिहाई १९२७; बंगाल प्रां० क० के अध्यक्ष; लाहौर कांग्रेस की आज्ञानुसार कौंसिल मेम्बरी से त्याग पत्र; १२४ ए धारानुसार जेल यात्रा १९३६; बङ्गाल युवक संघ के प्रमुख कार्य कर्ता; नजर कैद बहुत समय तक; बीमारी के कारण योरुप में रहें: पता—कलकत्ता।

ब्रजरत्न दास,—प्रसिद्ध हिंदी लेखक; जन्म० भाद्रपद कृष्ण ८ सं० १९४७; स्वर्गीय भारतेन्दु बा० हरिश्चन्द्र इनके मातामह थे; नागरी प्रचारणी सभा काशी की प्रबंध समिति के सदस्य स० १९१२ से, तथा प्रधान मंत्री एवं अर्थमंत्री अनेक वर्षों तक; हरिश्चन्द्र हाई स्कूल में कई वर्ष अवैतनिक अध्यापक और बोर्ड आफ़ ट्रस्टीज़ के सदस्य हैं; पुस्तकें सम्पादित—प्रेमसागर, खुसरो की हिंदी कविता, रहिमनविलास, मुद्राराक्षस, जरासंध बध महाकाव्य, भूषण ग्रन्थावली, भाषा भूषण, भारतेन्दु ग्रन्थावली, तुलसी ग्रन्थावली आदि; अनूदित—संस्कृतसे, काव्यादर्श, फारसी से, हुमांयूनामा, मआसिरुल उमर, मौलिक—यशवंतसिंह तथा स्वातंत्र्य युद्ध, हुमायूं, हिंदी साहित्य का इतिहास; पता—बूजानाला, काशी।

ब्रेलवी, सैय्यद अब्दुल्ला,—ज० १८९१; शिक्षा, एम. ए. एल. एल बी.; १९१०-११ में "बाम्बे क्रानिकल" दैनिक पत्र के संपादक मंडल के सदस्य; आ. भा. कांग्रेस कमेटी के सदस्य; सविनय अवज्ञा आन्दोलन में कई बार जेल यात्रा; सम्पादक "बाम्बे क्रानिकल"; "सोशल सर्विस" (त्रैमासिम) के सम्पादकीय मंडल में; पताः—"बाम्बे क्रानिकल," बम्बई।

भगवती चरण वर्मा— ज० सम्बत् १९७०; शफीपुर (उन्नाव) शि० बी. ए. एल एल. बी.; छाया वादी कवियों में श्रेष्ठ; पुस्तकें 'मधुकण' 'प्रेम संगीत' (पद्य) एवं 'पतन', 'चित्र लेखा', 'तीन वर्ष' (गद्य) आदि; पता—प्रयाग।

भगवान दास, डा०—शि० एम. ए. (कलकत्ता) ज० १८६९; बी. ए. १८८५ और १८८७; गवर्नमेंट नौकरी में तहसीलदार १८९०; पदत्याग सेन्ट्रल हिन्दू कालेज बनारस की सेवा के लिये १८९९; उक्त कालेज के बोर्ड आफ ट्रस्टीज के सेक्रेटरी १८९९-१९१४; प्रिंसिपल

काशी विद्यापीठ १९२१; प्रान्तीय राजनैतिक कांफ्रेन्स के सभापति १९२०; एकादश अ० भा० हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति १९२१; हिंदू युनिवर्सिटी से Hon. D. L. की उपाधि १९२८; अनेक पुस्तकें और पत्रिकाओं के लेखक; भारतीय तत्वज्ञान तथा दर्शनशास्त्र के विद्वान लेखक; पता—सेवा श्रम, सिगरा बनारस।

कांग्रेस की स्वागत समिति के जनरल सेक्रेटरी १९२५, इण्डिपेण्डेन्स लीग का संगठन किया, नागपुर झंडा सत्याग्रह के नेता, नील स्टेच्यू सत्याग्रह और सायमन कमीशन बायकाट मद्रास के नेता, सभापति हिन्दुस्तानी सेवादल, स्वयंसेवकों को तय्यार किया, बंगाल वालिंटियर कान्फ्रेन्स के सभापति, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य १९२९; स्पीकार, मद्रास लेजिस्लेटिव एसेम्बली, पता—मद्रास।

सावरकर, विनायक दामोदर—ज० १८८३, बार ऐट ला, 'बिहार' पत्र चलाया, अभिनव भारत सुसाइटी चलाई; शिवाजी वज़ीफ़ा इनाम मिलने से लन्दन पढ़ने गये; और वहां "फ्री इण्डिया सुसाइटी" स्थापित की; १९१० में गिरिफ्तार किये गये; भारत लाये जाते वक्त जहाज से कूद पड़े; और फ्रान्सीसी बन्दरगाह मारसेलीज़ में फिर गिरिफ़तार कर लिये गये; फलस्वरूप इंग्लैण्ड और फ्रान्स में झगड़ा हो जाने से मामला संसार के सब से बड़े कोर्ट (हाइएस्ट वर्ल्ड ट्रिब्यून) तक पहुंचाया गया, ४० साल की सज़ा; १९११-२४ तक अण्डमन्स में रहे, १९२४ में छोड़ दिये गये पर रत्नागिरि में नज़रबन्द कर दिये गये, हिन्दू संगठन तथा अछूतोद्धार का काम कर रहे हैं, सभापति अ. भा. हिन्दू महासभा १९३७, ग्रन्थ-जाजेफ मैज़िनी (ज़ब्त), वार आफ इण्डिपेण्डेन्स १८५७ (ज़ब्त), सिक्खों का इतिहास (ज़ब्त), हिन्दूपादपादशाई, इत्यादि अनेक नाटक, उपन्यास एवं काव्यग्रन्थ लिखे; पता—दिल्ली।

सांवलिया बिहारीलाल वर्मा—बिहार प्रान्त के प्रसिद्ध साहित्यिक, जन्म० १८ जून १८९६; शि० एम. ए., बी. एल.; अखिल भारत-वर्षीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के १९२१ से स्थायी समिति के सदस्य; हिन्दी विश्वविद्यालय तथा परीक्षा समिति के सदस्य; प्रोफेसर, अर्थ शास्त्र पटना कालेज (१९२१–२३); तत्पश्चात वकालत की; स० १९३० के राष्ट्रीय आन्दोलन में प्रवेश; छपरा कोआपरेटिव बैंक व सीतामढी कोआपरेटिव बैंक के मंत्री रह चुके; बिहार प्रान्तीय कोआपरेटिव बैंक के डायरेक्टर; पुस्तकें—योरोपीय महायुद्ध का इतिहास, पता—छपरा, बिहार।

सिकन्दर हयात खां, सरदार सर,—शिक्षा अलीगढ़ तथा विलायत में पाई, योरुपीय महायुद्ध

में रणस्थल पर एक फौज का नेतृत्व किया; एम. एल. सी. पंजाब १९२६, चेयरमैन प्रान्तीय सायमन कमेटी, रेवेन्यू तथा फायनेंस मेम्बर रह चुके डिपुटी गवर्नर आफ रिज़र्व बैंक आफ इण्डिया; भूतपूर्व गवर्नर पंजाब; आज कल पंजाब के प्रधान मन्त्री; मुस्लिम लीग के प्रमुख कार्यकर्ता; पता—लाहौर।

सिंह, अनुग्रह नारायण—मन्त्री विहार सरकार १९३७; विहार में कांग्रेस के प्रमुख कार्यकर्ता, शि०एम. ए.बी. एल. (पटना); असहयोग आन्दोलन में वकालत त्याग,गया कांग्रेस में सेक्रेटरी स्वागत कमेटी; मेंबर कौंसिल आफ स्टेट १०२३-२७, पता—पटना।

सिंह, नरबदा प्रसाद—जन्म सं०१८४६; शि० हायर डिप्लोमा मेयो कालेज अजमेर (१९१९), असहयोग में प्रवेश १९२१, रीवां राज्य में रेविन्यू कमिश्नर, त्यागपत्र (१९२१); पता—इलाहाबाद।

सिनहा, सच्चिदानन्द—ज० १८७१, बार ऐटला, कलकत्ता पटना तथा अलहाबाद हाई कोर्ट के एडवोकेट; संस्थापक तथा संपादक "हिन्दुस्तान रिव्यू"; इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल तथा लेजिस्लेटिव असेम्बली के सदस्य; राधिका इंस्टीट्यूट तथा सच्चिदानन्द सिनहा लायब्रेरी पटना की स्थापना की; "इण्डियन नेशन" के मैनेजिंग डायरेक्टर १९३१; १९३३ में आपको इंगलैण्ड से भारतीय सुधारों पर विचार करने के लिये एक विशेष निमन्त्रण मिला; वायस चान्सलर पटना विश्वविद्यालय, प्रथम भारतीय फायनेन्स मेम्बर; बिहार उड़ीसा; गवर्नमेन्ट की इक्ज़ीक्यूटिव के सदस्य १९२१-२६ तथा प्रान्तीय कौंसिल के सभापति १९२१; पता—पटना।

सियाराम शरण गुप्त—ज० सम्वत् १९५२ में चिरगांव में सुप्रसिद्ध एवं सुशिक्षित वैश्य कुल में पैदा हुये; श्रीयुत मैथलीशरण के कनिष्ठ भ्राता; अनेक उपन्यास, कहानी, नाटक एवं कवितायें लिखी हैं; पुस्तकें—'गोद', 'पुण्य पर्व', 'कृष्णकुमारी', आदि पता—चिरगांव

सिंहानियां, पद्मपत—डायरेक्टर जुग्गीलाल कमलापत मिल्स, यू० पी० के सब से बड़े मिल मालिक, सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया की एडवायजरी कमेटी के

सदस्य, आल इण्डिया फिडरेशन आफ इण्डियन चेम्बर्स आफ कामर्स के भूतपूर्व सभापति, पता—कमला टावर, कानपुर।

सुधाकर, प्रो०—हिन्दी के प्रसिद्ध लेखक; जन्म, जुलाई १८८८, शि० एम. ए.; हिन्दी साहित्य सम्मेलन की प्रगति में विशेष दिलचस्पी रखते हैं; "मनोविज्ञान" पुस्तक पर मंगलाप्रसाद पारितोषिक प्राप्त हुआ; अन्य पुस्तकें जीवनामृत, आनन्दामृत, पुरुषार्थामृत, इत्यादि; मन्त्री, अन्तर्राष्ट्रीय आर्यन लीग, दिल्ली; पता—हनुमानरोड, दिल्ली।

सुन्दरलाल गुप्त—जन्म १३ मार्च १६०६; कांग्रेस कार्य सं० १६२६ से प्रारंभ किया; ४ बार जेल यात्रा,

ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रेसीडेंट अनेक बार; हिमालय में भ्रमण, २००० फुट उंचाई तक गये; अच्छे खिलाड़ी अनेक पदक तथा पुरस्कार प्राप्त किये; प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी के मेम्बर तथा यू० पी० एसेम्बली में कांग्रेसी मेम्बर (१६३७); पता—पलटन बाजार, सुलतानपुर।

सुन्दर लाल, पण्डित—कर्मवीर; भूतपूर्व सम्पादक "कर्मयोगी" 'भविष्य'; प्रसिद्ध राष्ट्रीय कार्यकर्ता, सभी राष्ट्रीय आन्दोलनों में प्रमुख भाग लिया, कई बार जेल गये, ग्रंथ—भारत में अंग्रेजी जाति का इतिहास; पता—इलाहाबाद।

सुभद्रा कुमारी चौहान,—सुप्रतिष्ठित विख्यात कवियित्री; ज० १६६१, वाल्यकाल से ही प्रतिभापूर्ण कविता लिख रहीं हैं, "मुकुल" और "विखरे मोती" पर दो बार सेकसेरिया पारतोषिक हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा दिया गया है; सं० १६१६ से राष्ट्र कार्य कर कर रहीं हैं, झंडासत्याग्रह नागपुर (१६२३) में दो बार गिरफ़्तार, सी० पी० एसेम्बली में कांग्रेसी मेम्बर (१६३८); पता, ३०३ राइट टाउन, जबलपुर।

सुमित्रानंदन पंत—हिंदी के सुप्रसिद्ध छायावादी कवि; ज० सं० १६०० ई; अविवाहित; हिंदी, संस्कृत, अंग्रेज़ी और बंगला के पण्डित; आप नवयुग काव्य के प्रवर्त्तक माने जाते हैं; कविता के

अतिरिक्त उपन्यास और नाटक भी लिखते हैं; पुस्तकें—'उच्छ्वास' और 'पल्लव' आदि, आदिस्थान कौसानी ज़िला अलमोड़ा संपादक रूपाभ; पता—कालाकांकर रियासत।

सूर्यकांत त्रिपाठी, निराला-ज० सम्वत १९५३ में मेदनीपुर (बंगाल) में हुआ। आपका असली घर उन्नाव के गढ़कोला-नामक गांव में था। बंगला मातृभाषा बन गई थी और प्रारम्भ में बंगला ही में कविता लिखते थे; अंगरेज़ी, संस्कृत, बंगला, हिन्दी के बड़े धुरंधर विद्वान् हैं। रामकृष्ण मिशन के 'समन्वय' एवं 'मतवाला' का संपादन किया है पुस्तकें—'अनामिका,' 'परिमल,' 'गीतिका,' 'तुलसीदास'; वर्तमान हिंदी काव्य जगत में युगप्रवर्तक कहलाते हैं; अतुकांत कविता का प्रचार सर्वप्रथम इन्होंने किया; पता—लखनऊ।

सूर्यदेवी दीक्षित 'ऊषा'—ज० अक्टूबर १९०१; शि० विदुषी; हिन्दी में कविता अच्छी लिखती हैं, विशाल भारत, माधुरी, सुकवि, प्रताप, बीणा; वर्तमान आदि पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होती हैं; पुस्तकें—निर्झरिणी इत्यादि; पं० उमाशंकर दीक्षित एम, ए. एल. टी. (शिक्षा विभाग) कानपुर की धर्मपत्नी; पता—डिप्टी का पड़ाव, कानपुर।

सेठ दामोदर स्वरूप—यू. पी. के प्रसिद्ध कांग्रेस कार्यकर्ता मैनपुरी क्रांतिकारी षड्यंत्र केस में गिरफ़्तार तथा रिहाई; मेम्बर, यू० पी० प्रांतीय तथा आल इंडिया कांग्रेस कमेटी अनेक बार; राष्ट्रीय आन्दोलन में जेल अनेक बार; सेक्रेटरी प्रांतीय कांग्रेस कमेटी (यू० पी०) १९३६—३७; पता—बरेली।

सैयद रज़ा अली, सर—ज० १८८२, शिक्षा बी. ए. एल एल. बी; मुरादाबाद में वकालत शुरू की, यू. पी. एम, एल. सी. १९१२, १९१६-२१, सदस्य कौंसिल आफ स्टेट १९२१-२६; मुस्लिम डेलीगेशन टु वायसराय १९२२ के नेता, सभापति अ० भा० मुस्लिमलीग १९२४, डेलीगेट टु लीग एसेम्बली, दक्षिण अफ्रीका के लिये भारतीय सरकारी एजेण्ट; पता—दिल्ली शिमला।

हक़, ए. फ़जलुल—प्रजा पार्टी के नेता बंगाल; बार. ऐट. ला; गोलमेज़ कांफ्रेंस के डेलीगेट (१९३०-३२) सी. आर. दास के समय में आप कांग्रेस कार्यकर्ता थे और मुस्लिम लीग से भी

सम्बन्धित थे, पर अब मुस्लिम लीग के प्रधान कार्य कर्ता हैं; बंगाल सरकार एसेम्बली के प्रधान मंत्री (प्राइम मिनिस्टर) १९३७ से ; पता—कलकत्ता ।

हर्डीकर, डाक्टर नारायण सुबराव—ज० १८८९, शि० राष्ट्रीय मेडिकल कालेज कलकत्ता, अमरीका का मिचिगोन वि० वि० न्यूयार्क के 'यंग इंडिया' के प्रबन्धक सम्पादक, कुछ समय तक कर्णाटक प्रांतीय कांग्रेस कमेटी के प्रधान मंत्री, हिन्दुस्तानी सेवा दल के मंत्री, सम्पादक 'वालिंटियर' कर्णाटक के स्वयंसेवकों का नागपुर झण्डा सत्याग्रह में संचालन किया और जेल गये; चीन की सेवा दल भेजने का प्रस्ताव किया जिसे गवर्नमेंट ने स्वीकार नहीं किया; पता—हुबली ।

हरदयाल, लाला—प्रसिद्ध देश भक्त, शि० एम. ए. पंजाब; विदेशों में भारत की स्वतन्त्रता के लिये कार्य कर रहे । अंग्रेजी के प्रकाण्ड विद्वान तथा लेखक ।

हरिवंशराय, 'बच्चन'—हिन्दी के अच्छे कवि, जन्म, २७ नवंबर १९०७; शि० एम० ए०; पुस्तकें—मधुशाला, मधुवाला, खैयाम की मधुशाला, आदि; पता–प्रयाग ।

हरी, श्रीयुत—जन्म० १९१४; पं० जवाहरलाल नेहरू के गृह में बाल्य-काल से पोषण, सत्याग्रह अन्दोलन में काफी भाग लिया; अछूत जाति के हलका इलाहाबाद से कांग्रेसी मेम्बर लेजिसलेटिव एसेम्बली यू० पी०; पता—आनंद भवन, इलाहाबाद ।

हसन ज़ाहिर, डा० सैयद—जन्म १९०१; शि० बी० ए० (आक्सफोर्ड), पीयच डी; सर वजीर हसन के सुपुत्र; यू० पी० असेम्बली में यूनिवर्सिटी के हलके से कांग्रेसी मेम्बर (१९३७); लखनऊ यूनिवर्सिटी में केमिस्ट्री के रीडर; पालियामेण्टरीसेक्रेटरी शिक्षा-विभाग यू० पी० गवर्मेंट (अगस्त १९३७ से मार्च १९३८ तक); विचार समाज वादी; पता—सर वजीर हसन रोड लखनऊ ।

हाफिज़ मुहम्मद इब्राहीम—मिनिस्टर, यू० पी० गवर्मेंट; शि०

बी० ए०, एलएल० बी; मेम्बर पुरानी यू० पी० लेजिलेटिव कौंसिल के अनेक वर्षों तक रहे और स्वाराजिस्ट पार्टी का साथ देते रहे; सं० १९३७ में मुसलिम लीग के टिकट पर यू० पी० एसेम्बली की मेम्बरी के लिये खड़े और चुने गये; चुनाव के बाद कांग्रेसी दल के साथ रहे और मिनिस्टर बनाये गये; मुसलिम लीग की ओर से आपत्ति किये जाने पर मेम्बरी से त्यागपत्र दिया और दुबारा कांग्रेस टिकट पर खड़े होकर सफल हुये; पता—बिजनौर व लखनऊ।

'हितैषी' जगदम्बा प्रसाद--हिंदी के अच्छे कवि; जन्म १९४५ विक्र०; आपने राष्ट्रीय आन्दोलनों में सदैव अग्रसरभाग लिया हैं; ३ बार जेल गये हैं आपकी रचनायें हिंदी में एक ऊँचा स्थान रखती हैं; पुस्तकें—कल्लोलिनी, खय्याम का हिंदी पद्यानुवाद इत्यादि; पता—पुर्वा, उन्नाव

हिमांशु राय---बम्बई टाकीज़ के विधाता, १२ साल अंतराष्ट्रीय फिल्म उद्योग में सिखते रहे, जर्मनी और अमेरिका की कई फिल्म कम्पनियों की सहायता करते रहे, एलायन्स सीनीमेंटोग्रैफिक योरुपीनी पेरिस में आपको बहुत ऊँचा वैतनिक पद मिल रहा था पर राष्ट्रीय फिल्म कम्पनी बनाने के लिये आपने अस्वीकृति देदी, पता—रेडमिनी बिल्डिंग चर्चगेट स्ट्रीट, बंबई फोर्ट,

हुकुमचन्द, सर सरूप चन्द जी---कपास और अफीमके व्योपारी, इन्दौर मालवा मिल्स स्थापित किया १९०९, हुकुमचन्द मिल्स १९१४, राजकुमार मिल्स १९२२, अनेक मन्दिर और धर्मशालायें बनवाईं, योरोपीय महायुद्ध में गवर्मेंट को १ करोड़ ३५ लाख का क़र्ज़ दिया, इन्दौर लेजिस्लेटिव कमेटी के सदस्य; पता—इन्दौर।

हुसेन अहमद, मौलाना 'शेखुल हदीस'-.-प्रसिद्ध विद्वान एवं राष्ट्रीय नेता; मिश्र, स्याम अरब में शिक्षा पाई और दी; अनेक भाषाओं के ज्ञाता एवं अनेक देशों का भ्रमण किये हुये हैं; देवबन्ध में आजकल हदीस को तालीम दे रहे हैं; राष्ट्रीय आन्दोलनों में अनेक बार जेल गये; उम्र लगभग ४५ वर्ष, साहित्य एवं राजनीति पर अनेक पुस्तकें लिखी हैं; पता—देवबन्ध, दारूउलूम,।

हैदरी सर अकबर—ज० १८६९, भारतीय अर्थ विभाग में नौकर हुये १८८८; यू. पी. में असिस्टेंट ए०

जी० १८६०, बम्बई में १८६७, मद्रास में १६००, ईक्ज़ामिनर गवर्मेंट प्रेस एकाउण्ट सं० १६०१, काण्ट्रोलर इण्डियन ट्रेज़रीज़ १६०३ सी० पी०; ए० जी. हैदराबाद स्टेट १६०४, अर्थ सचिव १६०७, डायरेक्टर जनरल आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज़ १६१६ फायनेन्स एण्ड रेल के मेम्बर हैदराबाद इक्जीक्यूटिव कौंसिल १६२१, सभापति एन० एस. रेलवे बोर्ड और माइनिंक बोर्ड १६२५, सभापति अ० भा० मुस्लिम शिक्षा कांफ्रेन्स १६७०, स्टेट पुरातत्व विभाग के संगठनकर्ता गोलमेज़ कान्फ्रेन्स के सदस्य, पता—हैदराबाद दखिन।

'हृदयेश', हृदय नारायण त्रिपाठी—ब्रजभाषा तथा खड़ीबोली के उत्कृष्ट कवि; ज. १६६० विक्र; अध्यापक है; आजकल के छायावादी कवियों में आपका ऊँचा स्थान है; पुस्तकें—कसक इत्यादि; पता—कानपुर।

श्री कमलापति त्रिपाठी एम. एल. ए.
उप-सम्पादक "आज" काशी

श्री व्यङ्कटेशनारायण तिवारी
पार्लीमेंटरी सेक्रेटरी यू० पी० सरकार,

डा० विधानचन्द्र राय

श्रीयुत सम्पूर्णानन्द
शिक्षा-मंत्री यू० पी० सरकार

राजनैतिक संस्थायें।

कांग्रेस।

इंडियन नेशनल कांग्रेस अथवा हिन्दी राष्ट्रीय महासभा उस बड़ी सभा का नाम है जिसमें भारत-निवासियों के चुने हुए डेलीगेट या प्रतिनिधि प्रत्येक वर्ष एक स्थान पर एकत्र होकर भारतवर्षसम्बन्धी राजनैतिक प्रश्नों पर विचार करते हैं और वाद-विवाद करके स्वराज्य-प्राप्ति के लिए उपाय सोचते हैं।

कांग्रेस की रचना।

पूरे भारतवर्ष के लिये एक मुख्य कमेटी है जिसको भारतीय कांग्रेस कमेटी (All India Congress Committee) कहते हैं। प्रत्येक वर्ष जो कांग्रेस का सभापति चुना जाता है वही इस कमेटी का भी सभापति एक साल के लिए होता है। इस कमेटी के अधिकतर मेम्बर प्रांतीय कांग्रेस कमेटियों के मेम्बरों द्वारा चुने जाते हैं और पुराने सभापतियों व कांग्रेस के कुछ मुख्य कर्मचारियों को मेम्बर बने रहने का मान जन्म भर के लिए स्वयं ही प्राप्त हो जाता है। आल इण्डिया कमेटी अपना कार्य चलाने के लिए एक छोटी कमेटी बनाती है जिसे Working Committee कहते हैं। प्रत्येक प्रान्त में एक एक प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी ProvincialCongressCommittee) होती है जिसके मेम्बर जिलों के कांग्रेस प्रतिनिधि होते हैं। प्रत्येक जिले में जिला कांग्रेस कमेटी (DistrictCongressCommittee) होती है जिसके सदस्य नगर कांग्रेस कमेटी (TownCongress Committee) तथा मंडल कांग्रेस कमेटी (Circle Congress Committee) द्वारा चुने हुए सज्जन होते हैं। Circle के अन्तर्गत ग्राम कांग्रेस कमेटी होती है जिसका सदस्य प्रत्येक मनुष्य, जो कांग्रेस का ध्येय मानता हो, हो सकता है। इन सब कमेटियों में सभापति, मन्त्री, खजांची इत्यादि पदाधिकारी चुने हुए होते हैं। जो एक साल तक काम करते हैं। प्रत्येक वर्ष कांग्रेस की बैठक एक मुख्य स्थान पर होती है। भारतीय कांग्रेस कमेटी व प्रांतीय कांग्रेस कमेटियाँ ही कांग्रेस की बैठक होने के पहिले सभापति चुन लिया करती हैं। इसके पश्चात् सभापति अपना आसन ग्रहण करता है। भारतनिवासी को यदि कोई सबसे ऊँचा सम्मान प्रजा की ओर से मिल सकता है तो वह कांग्रेस का सभापति चुना जाना है।

राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन

संख्या	स्थान	सन्	सभापति
१	बम्बई	१८८५	श्री उमेशचन्द्र बनर्जी
२	कलकत्ता	१८८६	श्री दादाभाई नौरोजी
३	मद्रास	१८८७	श्री बद्रुद्दीन तय्यबजी
४	इलाहाबाद	१८८८	सर फ़ीरोजशाह मेहता
५	बम्बई	१८८९	सर विलियम बेडरबर्न
६	कलकत्ता	१८९०	सर फ़ीरोजशाह मेहता
७	नागपुर	१८९१	श्री आनन्द चारलू
८	इलाहाबाद	१८९२	श्री वोनेशचन्द्र बनर्जी
९	लाहौर	१८९३	श्री दादाभाई नौरोजी
१०	मद्रास	१८९४	श्री ऐलफ्रेड वेब
११	पूना	१८९५	श्री सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
१२	कलकत्ता	१८९६	मु० रहीमतुल्ला सयानी
१३	अमरावती	१८९७	श्री सी० शंकर नय्यर
१४	मद्रास	१८९८	श्री आनन्द मोहन बोस
१५	लखनऊ	१८९९	श्री रमेशचन्द्र दत्त
१६	लाहौर	१९००	श्री एन० जी० चन्द वरकर
१७	कलकत्ता	१९०१	श्री दिनशा इदलजी वाच्छा
१८	अहमदाबाद	१९०२	श्री सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
१९	मद्रास	१९०३	श्रीलालमोहन घोष
२०	बम्बई	१९०४	सर हेनरी काटन
२१	बनारस	१९०५	श्रीगोपालकृष्ण गोखले
२२	कलकत्ता	१९०६	श्री दादा भाई नौरोजी
२३	सूरत (स्थगित)	१९०७	डा० रासबिहारी घोष
	मद्रास	१९०८	डा० रासबिहारी घोष
२४	लाहौर	१९०९	पं० मदनमोहन मालवीय
२५	इलाहाबाद	१९१०	सर विलियम बेडरबर्न
२६	कलकत्ता	१९११	पं० बिशननारायण दर

२७	बांकीपुर (पटना)	१६१२	श्री आर० एन० मुधोलकर
२८	करांची	१६१३	नवाब सैय्यदमुहम्मद
२६	मद्रास	१६१४	श्री भूपेन्द्रनाथ बसु
३०	बम्बई	१६१५	सर सत्येन्द्र प्रसन्नसिंह
३१	लखनऊ	१६१६	बा० अम्बिक चरन मजूमदार
३२	कलकत्ता	१६१७	श्रीमती एनी बेसेण्ट
वि. अधि. बम्बई		१६१८	श्रीहसन इमाम
३३	दिल्ली	१६१८	पं० मदनमोहन मालवीय
३४	अमृतसर	१६१६	पं० मोतीलाल नेहरू
३५	नागपुर	१६२०	श्री विजयराघवाचार्यर
वि. अधि. कलकत्ता		१६२०	श्री लाला लाजपतराय
३६	अहमदाबाद	१६२१	श्री सी० आर० दास (जेल में)
			श्री हकीम अजमलखां
३७	गया	१६२२	श्री सी० आर० दास
वि.अधि. दिल्ली		१६२३	श्री अबुलकलाम आज़ाद
३८	कोकोनाडा	१६२३	मौ० मुहम्मदअली
३६	बेलगाँव	१६२४	महात्मा गांधी
४०	कानपुर	१६२५	श्रीमती सरोजिनी नायडू
४१	गोहाटी	१६२६	श्री श्रीनिवास आयंगर
४२	मद्रास	१६२७	डा० एम्० ए० अन्सारी
४३	कलकत्ता	१६२८	पं० मोतीलाल नेहरू
४४	लाहौर	१६२६	पं० जवाहरलाल नेहरू
४५	करांची	१६३१	श्री वल्लभभाई पटेल
४६	दिल्ली	१६३२	श्री रनछोड़लाल अमृतलाल
४७	कलकत्ता	१६३३	श्रीमती नेलीसेन गुप्ता
४८	बम्बई	१६३४	श्री राजेन्द्रप्रसाद
४६	लखनऊ	१६३५	पं० जवाहरलाल नेहरू
५०	फैजपुर	१६३६	पं० जवाहरलाल नेहरू
५१	हरीपुरा	१६३८	श्री सुभाषचन्द्र बोस

५१ वीं इंडियन नैशनल कांग्रेस हरिपुरा (गुजरात)

१९, २०, २१ फरवरी १९३८

प्रेसीडेंट—सुभाषचन्द्र बोस।

इस कांग्रेस के स्वागताध्यक्ष श्री गोपालदास दरबार थे। उन्होंने अपने भाषण में कांग्रेस-आन्दोलन की सफलता वर्णन करते हुये प्रतिनिधियों और उपस्थित सज्जनों का स्वागत किया।

श्रीसुभाषचन्द्र बोस ने विद्वत्तापूर्ण तथा सारगर्भित भाषण में देश की वर्तमान परिस्थिति का वर्णन किया। उन्होंने मुख्यतः वैदेशिक परिस्थिति तथा आगे आनेवाले संघ-शासन के संबंध में अपने विचार प्रकट किये। गवर्नमेंट आफ इंडिया ऐक्ट द्वारा दिये हुये संघ-शासन को भारत किसी भी अवस्था में स्वीकार करने पर तैयार नहीं है और सब प्रकार से उसका विरोध करने पर उद्यत है।

मुख्य प्रस्तावः—(१) शोक-प्रस्ताव—श्रीमती स्वरूपरानी नेहरू, सर जगदीशचन्द्र बोस, श्रीसरतचन्द्र चटर्जी, श्रीमनीलाल कोठारी, श्रीमती पार्वती देवी, श्री जोगेन्द्रनाथ बरुआ, श्रीहरेन्द्र नाथ मुंशी, श्रीबुची सुन्दर राव, श्रीआर्यदत्त जोगदान, श्रीआदिनारायण चेटियर, श्री जैशंकर प्रसाद, श्रीरामदास गौड़, श्रीक्षीरोदचन्द्र देव, श्री गुलज़ार सिंह, पंडित नारायणराव खरे, श्रीहिमांशु बोस, श्रीमती शरमादा त्यागी, और श्री हेरंबचन्द्र मैत्र की मृत्यु पर।

(२) श्रीमती गुइडालो, आसाम के नागप्रदेश की वीराङ्गना जिसने सन् १९३२ में आजादी का झंडा आसाम के जंगलों में ऊँचा किया, और जो अभी तक जेल में है उसकी रिहाई की मांग।

(३) ब्रिटिश गायना के भारतीयों को वहां जाकर १०० वर्ष हुये। इस शुभ अवसर के समारंभ पर उन्हें बधाई तथा उनकी उन्नति के लिए शुभकामना।

(४) जंजीबार, केन्या, उगंडा टैंगानीका, मारीशस, फीजी तथा अन्य पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के स्थानों में भारतीयों के अधिकारों पर रोजाना होनेवाले आक्रमणों पर दुःखजनक चिन्ता का प्रदर्शन। उपनिवेशों और आधीन प्रदेशों में बृटिश साम्राज्य द्वारा चलाई हुई नई आर्थिक नीति—शोषण नीति—की निन्दा।

(५) जंजीबार में लौंग के भारतीय व्यापारियों द्वारा कांग्रेस की आज्ञा मानने पर बधाई।

भारतीयों के व्यापारसंबंधी अधिकारों के संतोषजनक निबटारा न किये जाने पर रोष।

(६) भेदमूलक कानून द्वारा भारतीयों के अधिकारों पर लंकाद्वीप (सीलोन) में आक्रमण पर असंतोष तथा सीलोन की सरकार से इस प्रकार के कानून न बनाने का अनुरोध।

(७) चीन पर जापान द्वारा होने वाले अमानुषिक आक्रमण का विरोध तथा चीनियों के साथ सहानुभूति।

(८) बृटिश साम्राज्य द्वारा रायल कमीशन की नियुक्ति तथा उसकी सिफारिश पर पैलेस्टाइन का बटवारा किये जाने का विरोध।

(९) भारत की वैदेशिक नीति तथा युद्ध का भय। कांग्रेस का स्पष्ट निर्णय है कि भारत पड़ोसी देशों से मित्रता रखना चाहता है और उनकी स्वतंत्रता की रक्षा का इच्छुक है। साथ-साथ अपनी शक्ति अन्तर्राष्ट्रीय पारस्परिक सहयोग और सदिच्छा पर निर्भर है।

(१०) कमिश्नरी प्रान्त और पृथक् किये हुये प्रदेश बृटिश बिलोचिस्तान और कुर्ग तथा अन्य प्रदेश जो प्रान्तीय स्वशासन से पृथक् किये गये हैं उनके संबंध में असन्तोष।

(११) बृटिश गवर्नमेंट द्वारा अजमेर मारवाड़ से ११५ गाँवों का अलग करना और उन्हें जोधपुर और उदयपुर में शामिल करने की नीति की निन्दा।

(१४) कांग्रेस-संघ शासनभाव के विरुद्ध नहीं है किंतु संघ के सब घटकों के प्रबंध में पूर्ण राजनैतिक समानता होना चाहिये विशेपतः देशी राज्य संबंधी कांग्रेस, प्रान्तीय और ज़िला कांग्रेस कमेटियों तथा प्रान्तीय सरकारों व मंत्री-मंडलों से अनुरोध करती है कि संघशासन को अस्तित्व में आने से रोकें। (१३) केन्या में भारतीयों पर अचल सम्पत्ति रखने व खरीदने पर जो प्रतिबंध हैं उनकी निन्दा (१४) मिदनापुर जिले में ११० कांग्रेस-कमेटियों पर सरकार द्वारा प्रतिबंध जारी है उसकी निन्दा।

(१५) राष्ट्रीय शिक्षा का प्रचार।

(१६) अल्पसंख्यक जातियों, और विशेपतः मुसलिमों में साम्राज्य-विरोधी भावों के प्रसार पर तथा उन सबके राजनैतिक एकीकरण पर हर्ष करती है (१७) देशी राज्यों-संबंधी कांग्रेस नीति (१८) यू० पी० और बिहार के मंत्री-मंडलों के त्यागपत्रों पर विचार और कांग्रेस नीति का स्पष्टीकरण (१९) किसानों को अलग संस्था बनाने की स्वीकृति और कांग्रेस सिद्धांतों से बिलग नीति का विरोध (२०) कांग्रेस-विधान में परिवर्तन के लिये एक कमेटी की नियुक्ति।

राष्ट्रीय कांग्रेस के पदाधिकारी

(१९३८-३९)

सभापति

श्री सुभाषचन्द्र बोस, कलकत्ता.

भूतपूर्व सभापति

१. पं० मदनमोहन मालवीय, बनारस.

२. श्री सी० विजय राघवाचार्य्य, सलेम.

३. महात्मा गांधी, वर्धा.

४. श्री एस० श्रीनिवास आयङ्गर, मद्रास.

कार्य-समिति (Working Committee)

१. मौ० अबुलकलाम आज़ाद, कलकत्ता.

२. श्री सरोजिनी नायडू, बम्बई.

३. श्री जवाहरलाल नेहरू, इलाहाबाद.

४. श्री वल्लभभाई पटेल, बम्बई.

५. श्री राजेन्द्रप्रसाद, पटना.

६. श्री जमनालाल बजाज, (कोषाध्यक्ष)

७. श्री अब्दुलग़फ्फ़ार खाँ.

८. श्री जयरामदास दौलतराम

९. श्री भूलाभाई जे० देसाई

१०. डा० पट्टाभी सीतारमैय्या

११. श्री सरतचन्द्र बोस

१२. श्री हरिकृष्ण मेहताब

१३. श्री जे० बी० कृपलानी (प्रधान मन्त्री)

आल इंडिया कांग्रेस कमेटी

अजमेर—४ सदस्य

१. श्री हरिभाऊ उपाध्याय, अजमेर.

२. श्री सैयद रजमी, अजमेर.

३. श्री मिश्रीलालजी गंगवाल, इन्दौर.

४. श्री जयनारायण व्यास, ब्यावर.

आंध्र—२९ सदस्य

१. डा० पट्टाभी सीतारमैय्या, मछलीपट्टम्.

२. श्री कोंडा वेंकटपैय्या एम०एल० ए०, गंटूर.

३. श्री टंगटूर प्रकाशम पंटुलू, एम० एल० ए०, मद्रास.

४. श्री मल्लीपुडी पल्लमराजू, कोकानाडा.

५. श्री ए० कालेश्वर राव, मद्रास.
६. श्री दुग्गीरला बलरामकृष्णैया, अंगलूर.
७. श्री पिडीकिर्टी रमाकोटिया, बेजवाड़ा.
८. श्री अलूरी सत्यनारायण, पश्चिमी गोदावरी.
९. श्री अल्लमगद कामेश्वरराव, गंटूर.
१०. श्री चम्पारला कृष्णब्रह्मम, गंटूर.
११. श्री बेजवाडा गोपालरेडी, मद्रास.
१२. डा० के० एल० नरसिंह राव, राजमहेन्द्री.
१३. श्री एन० बी० एल० नरसिंह राव, गंटूर.
१४. श्री डी० नारायण राजू एम० एल० ए०, ऐलोर.
१५. श्री पेरामिल्ली, नरसापुरम्.
१६. श्री रामीनेनी, ब्रह्मनकोडूरू.
१७. श्री मगनती बपीनीडू, मद्रास.
१८. श्री डी० रामकृष्ण परमहंस, विज़िनग्रम.
१९. श्री मन्दायका रंगाय्या नायडू, कोकानाडा.
२०. श्री एन० जी० रंगा एम० एल० ए०, गंटूर.
२१. श्री टी० विश्वनाथम्, मद्रास.
२२. श्री एम०बी०वी०सत्यनारायण डिमिली, विजिगापट्टम्.
२३. श्री काला वेंकटाराव, एम०एल० ए०, अमलापुरम्.
२४. श्री गोगिनेनी वेंकटपैया, गंटूर.
२५. श्री के० सखेश्वर शास्त्री, चाई-काकोल.
२६. श्री एच० सीतारामरेडी, एम० एल० ए०, बलैरी.
२७. श्री पूचाला सुन्दरैय्या, ऐलोर.
२८. श्री स्वामी नारायनदा, करनूल.
२९. श्रीएम० अनन्तसयानम, चित्तूर.

आसाम—५ सदस्य

१. श्री विष्णुनाम मेधी, गोहाटी.
२. श्री एफ़० ए० अहमद बार-एट-ला, एम० एल०ए०, गोहाटा.
३. श्री कुलाधर चलीहा, एम०एल० ए०, जोरहाट.
४. श्री राजेन्द्रनाथ बरुआ, गोलाघाट (आसाम).
५. श्री लीलाधर बरुआ, गोहाटी.

बिहार—२७ सदस्य

१. श्री श्रीकृष्ण सिन्हा, पटना.
२. श्री अनुग्रहनारायण सिन्हा, पटना.
३. श्री डा० सैयद महमूद, पटना.
४. श्री बिपिनबिहारी वर्मा, चम्पारन.
५. श्री मथुराप्रसाद, पटना.
६. श्रीशाहमुहम्मदओज़ेम्मुनेमीपटना.
७. श्री प्रोफ़ेसर अब्दुलबारी, पटना.
८. श्री सत्यनारायण सिन्हा, दरभंगा.
९. श्री प्रजापती मिश्रा, चम्पारन.
१०. श्री विंधेश्वरीप्रसाद, मुज़फ़्फ़रपुर.

११. श्री अतुलचन्द्र घोष, पुरुलिया.
१२. श्री महामायाप्रसाद, छपरा.
१३. श्री रामविनोदसिंह, डिघवारा.
१४. श्री स्वामी सहजानन्द, पटना.
१५. श्री गंगाशरण सिन्हा, पटना.
१६. श्री शार्ङ्गधर सिन्हा, पटना.
१७. श्री शिवनन्दनप्रसाद, भागलपुर.
१८. श्री सिंघेश्वरप्रसाद, पटना.
१९. श्री हरगोविन्द मिश्रा, आरा.
२०. श्री एम० रफ़ीउद्दीन रिज़वी, मुंगेर.
२१. श्री बूधनराय वर्मा, आरा.
२२. श्री प्रभूनाथसिंह, छपरा.
२३. श्री मुकुटधारीसिंह, पटना.
२४. श्री दुर्गाप्रसाद, पुरनिया.
२५. श्री बैजनाथप्रसाद, पुरनिया.
२६. श्री कैलाशपति सिन्हा, पटना.
२७. श्री श्रीनारायणदास, दरभंगा.
२८. श्री अवधेश्वरप्रसाद, मुज़फ़्फ़रपुर.
२९. श्री लक्ष्मीनारायण, दरभंगा.
३०. श्री रामनिरीक्षणसिंह, दरभंगा.
३१. श्री ठाकुर रामनन्दनसिंह, मुज़फ़्फ़रपुर.
३२. श्री मथुराप्रसादसिंह, मुज़फ़्फ़रपुर.
३३. श्री डा० रामप्रकाशशर्मा, दरभंगा.
३४. श्री इस्माइल बेहशी, चम्पारन.
३५. श्री एम० नूर, पुरनिया.
३६. मौलवी मंज़ूर अहसन एज़ाज़ी, मुज़फ़्फ़रपुर.
३७. श्री कालिकाप्रसाद सिन्हा, मुंगेर.

बम्बई—४ सदस्य

१. श्री भूलाभाई जे० देसाई, बम्बई.
२. श्री एस० के० पटेल, बम्बई.
३. श्री एस० ए० ब्रेलवी, बम्बई.
४. श्री एम० आर० मसानी, बम्बई.

बर्मा—४ सदस्य

१. श्री बी० के० दादा चानजी, रंगून.
२. श्री रामेशनाथ गौतम, रंगून.
३. श्री सोनीराम पोद्दार, रंगून.
४. श्री जनार्दन पी० शुक्ला, रंगून.

देहली—४ सदस्य

१. श्री कृष्णन नैयर, देहली.
२. श्रीमती सत्यवती देवी, देहली.
३. श्री बी० नरसिंह. देहली.
४. श्री बहालसिंह, देहली.

गुजरात—१२ सदस्य

१. श्री मुरारजी आर० देसाई, बम्बई.
२. श्री कन्हैयालाल नानूभाई देसाई, सूरत.
३. श्री चन्दूलाल मनीलाल देसाई, सेवाश्रम, बरोच.
४. श्री ज्योत्स्नाबेन शुक्ला, सूरत.
५. श्री भक्तीलक्ष्मी देसाई, केरा.
६. श्री गोपालदास अम्बेदास देसाई, नडियाड.
७. श्री कल्याणजी विट्ठलभाई सूरत.
८. श्री ईश्वरलाल छोटूभाई देसाई, सूरत
९. श्री लक्ष्मीदास मंगलदास श्रीकान्त, दोहाद.
१०. श्री खाण्डू भाई कसनजी देसाई, अहमदाबाद.

११. श्री हरीप्रसाद पीताम्बरदास, अहमदाबाद.

१२. श्री बेनीलाल छगनलाल बुच, विरमगम.

करनाटक—२० सदस्य

१. श्री के० चेंगलराय रेडी, बैंगलोर.
२. श्री जी०बी० देशपांडे, बेलगाम.
३. श्री एस० आर० हल्दीपुरकर एम० एल० सा०, करवार.
४. श्री एस०के०कगटीकर, बेलगाम.
५. श्री एन० जी० जोशी एम० एल० ए०, बेलगाम.
६. श्री एस०बी०हयरमथ, धारवाड़.
७. श्री के० एस० पटिल एम० एल० ए०, बेलगाम.
८. श्री बे० एन० दतर, बेलगाम.
९. श्री वाई० पार्थनारायण, धारवाड.
१०. श्री एस०एस० सक्री, बागलकोट.
११. श्री कमलादेवी, मैंगलोर.
१२. श्री सी० एम० पूनाचया, कुर्ग.
१३. श्री के० फे० पटिल, धारवाड.
१४. श्री टी० एम० हेगडी, सिरसी.
१५. श्री बी० चन्द्रशेखार्य्या, शिमोगा
१६. श्रीयू०श्रीनिवासमल्लियामगलोर.
१७. श्री टी०राजगोपालअयंगर, मैसूर.
१८. श्री बी० बी० पाटिल, हुबली.
१९. श्री भोजाराव बोलर, मैंगलोर.
२०. श्री टी० सुब्रमंहनैय्यम, मद्रास

केरला—१० सदस्य

१. श्री ई० एम० संकरन नम्बूदीरीपद, कालाकट.
२. श्री पी०कृष्ण पिल्ले, कालीकट.
३. श्री एच०मंजूनाथ राव, कालीकट.
४. मुहम्मद अब्दुर्रहमान, कालीकट.
५. श्री टी०जे० ज्यार्ज, त्रिचूर.
६. श्री ए० बी०कुट्टीमलू, कालीकट.
७. श्री आर० राघव मेनन एम० एल० ए०, पालघाट.
८. श्री सी० के० गोविन्दम् नैय्यर एम० एल० ए०, क्वीलन्दी.
९. श्री जी० रामचन्द्रण, त्रिवन्द्रम्.
१०. श्री के० रमन मेनन, मद्रास.

महाकोशल—१७ सदस्य

१. श्री छेदीलाल एम० एल० ए०, बिलासपुर.
२. श्री डी० के० मेहता, नागपुर.
३. श्री रवीशङ्कर शुक्ला, नागपुर.
४. श्री डी० पी० मिश्रा, नागपुर.
५. श्री गोविन्ददास एम० एल० ए०, जबलपुर.
६. श्री शिवदास दागा एम० एल० ए०, रायपुर.
७. श्री माखनलालचतुर्वेदी खँडवा.
८. श्री बी० बी० सूबेदार एम० एल० ए०, सागर.
९. श्री दीपचन्द गोठी एम० एल० ए०, बेतूल.
१०. श्रीनरसिंहदासअग्रवाल, जबलपुर

११. श्री कुञ्जबिहारीलाल अग्नि-होत्री, बिलासपुर.
१२. श्री निरंजनसिंह बी० ए०, करेली.
१३. श्री अवधेश प्रतापसिंह, रीवां.
१४. श्री मोहनलाल बकलीवाल, द्रुग.
१५. श्री बामन बलीराय लाखे, रायपुर.
१६. श्री अर्जुनसिंह एम० एल० ए०, होशंगाबाद.
१७. डा० पी० जी० सप्रे, सागर.

सहाराष्ट्र—१८

१. श्री शङ्करराव ठकर, धुलिया.
२. श्री के० बी० देशमुख एम० एल० ए०, नगर.
३. श्री शंकरराव देव, पूना ५
४. श्री जी० एच० देशपाण्डे, नासिक सिटी.
५. श्री पंढारीनाथ वमन थानेकर, सतारा.
६. श्री पी० बी० कर्मालकर, रतनागिरी.
७. स्वामी आनन्द, थाना.
८. श्री बामनराव कुलकरनी, शोलापुर.
९. श्री टी० आर० योगिरिकर, पूना.
१०. श्री गोकुलभाई भट्ट, बाबई.
११. डा० क़ाज़ी अब्दुल हमीद, खानदेश.
१२. श्री ए० एस० पटवर्धन, अहमदनगर.
१३. श्री दीपचन्द बोरा, सतारा.
१४. श्री बालगंगाधर खेर, बम्बई.
१५. श्री बी० एल० कवाडी, शोलापुर.
१६. श्री लक्ष्मणशास्त्री जोशी, सतारा.
१७. श्री शंकरशेट कवाड़े, खानदेश.
१८. श्री एन० बी० गाडारील एम० एल० ए०, पूना.

नागपुर—४

१. डा० नारायण भास्कर खरे, नागपुर.
२. श्री जमनालाल बजाज, वर्धा.
३. श्री पूनमचन्द शम्भूराम रँका, नागपुर.
४. श्री चतुर्भुज विट्ठलदास जसानी, गोंडिया.

सीमाप्रांत—४

१. ख़ाँ अब्दुलग़फ़्फ़ारखाँ, पेशावर.
२. अरबाब अब्दुररहमान ख़ाँ, पेशावर.
३. हकीम अब्दुस्सलम, पेशावर.
४. खाँ अलीगुल ख़ाँ, पेशावर.

पंजाब—२६

१. डा० सत्यपाल, लाहौर.
२. श्री राजाराम, लाहौर.
३. श्री दुनीचन्द अम्बालवी एम० एल० ए०, लाहौर
४. श्री श्यामलाल एम० एल० ए० लाहौर.

५. डा० गोपीचन्द भार्गव, लाहौर.
६. श्री केदारनाथ सहगल, लाहौर.
७. श्री नन्दलाल, जरानवाला.
८. श्री काबुलसिंह, जलन्धर.
९. श्री मुनमराय एम० ए०, फीरोजपुर.
१०. मियां इफ्तिखारउद्दीन एम० एल० ए०, लाहौर.
११. श्री नेकीराम शर्मा, हिसार.
१२. श्री श्रीराम शर्मा एम० एल० ए०, रोहतक.
१३. श्री अब्दुलग़नी, लुधियाना.
१४. हकीम अहमद हसन, अमृतसर.
१५. श्री मोहम्मदद्दीन, लाहौर.
१६. मुन्शी अहमद्दीन, लाहौर.
१७. श्री मुबारक सागर, मेरठ.
१८. श्री सोहनसिंह जोश, अमृतसर,
१९. श्री भगतसिंह विलगा, लाहौर.
२०. श्री मोटासिंह, जलन्धर.
२१. श्री तारासिंह, अमृतसर.
२२. श्री भगतसिंह चनाना, लायलपुर.
२३. श्री प्रतापसिंह एम० एल० ए०, अमृतसर.
२४. श्री तेजासिंह, शेख़पुरा.
२५. स्वामी बालस्वरूप, लाहौर.
२६. श्री भागसिंह, गुरुदासपुर.

सिन्ध—४

१. श्री जयरामदास दौलतराम, हैदराबाद.
२. डा० चौथराम पी० गिडवानी, करांची
३. श्री हरीदासलाल जी, करांची.
४. श्री मचानन्द फेरूमल, सिन्ध.

तामिलनाड्—२८

१. श्री सी० राजगोपालचारी, मद्रास.
२. श्री एस० रामनाथम्, मद्रास.
३. श्री एम० भक्तवत्सलम्, मद्रास.
४. श्री एल० नेट्सन्, रामनद.
५. श्री ए० एम० पी० सुब्बारोया. नेगापट्टम्.
६. श्री एस० सत्यमूर्त्ति, मद्रास.
७. श्री के० कामराज नादर एम० एल० ए०, विरूधूनगर.
८. श्री एन० एम० आर० सुब्रामन एम० एल० ए०, मदूरा.
९. श्री टी० एस० अविन शलिङ्गम, कोयम्बटूर.
१०. श्री आर० वी० स्वामीनथन, रामनद.
११. श्री के० वी० वेंकटाचाला, रेड्डियर, नमकल.
१२. श्री पी० राममूर्ति, मद्रास.
१३. श्री टी० एन० रामचन्द्रम्, निगापट्टम.
१४. श्री एन० सुब्रामुनिया ऐय्यर, कोयम्बटूर.
१५. डा० पी० सुबरैयन एम० एल० ए०, मद्रास.
१६. डा० टी० एस० राजन एम० एल० ए०, मैलापुर.

१७. श्री के० सन्तानम् एम० एल० ए०, मद्रास.
१८. श्री सी०एन०मुथुरङ्गा चिंगलीपुर.
१९. श्री पी० रमास्वामी, दक्षिणी अर्काट.
२०. श्री के०एस०मुथुस्वामी,रामनद.
२१. श्री एस० ओ० एस० पी० ओडेयप्पा, रामनद.
२२. श्री ए०वेदरतनाम पिल्ले,तँजोर.
२३. श्री पी० एस०कुमारस्वामी राजा एम० एल० ए०, रामनद.
२४. श्री रुक्मिणी लक्ष्मी पथी, मद्रास.
२५. श्री एम० ए० ईश्वरम्, इरोडी.
२६. श्री पी० जीवनन्दम, मद्रास.
२७. श्रीएन० सोमासुन्दरम्, वैलोर.
२८. श्री शफ़ी मुहम्मद, मद्रास.

संयुक्तप्रांत—५९

१. श्री बालकृष्ण शर्मा, कानपुर.
२. श्री रघुवरदयाल मिश्रा, बुलन्दशहर.
३. डा० जे०ए०अहमद,इलाहाबाद.
४. श्री जगन्नाथसिंह, बलिया.
५. श्री सरजूप्रसाद, मेरठ.
६. श्री कृष्णचन्द्र पंगोरिया झाँसी.
७. श्री जी० बी० पन्त, लखनऊ.
८. श्री नन्दकुमार देव, अलीगढ़.
९. श्री बृजमोहनलालशास्त्रीबरेली.
१०. श्री ज्वालाप्रसाद जिज्ञासु अलीगढ़.
११. श्री विष्णुशरण दुबलीश, मेरठ.
१२. श्रीमती उमा नेहरू, एम० एल० ए०, लखनऊ.
१३. श्री मलखानसिंह एम० एल० ए०, अलीगढ़.
१४. श्री चन्द्रभानु गुप्त एम० एल० ए०, लखनऊ.
१५. श्री विजयपालसिंह, मेरठ.
१६. श्री जुगलकिशोरद्विवेदी,फ़तेहपुर.
१७. श्री रघुपतिसिंह, इटावा.
१८. श्री गनपतसहाय, सुलतानपुर.
१९. श्री प्रकाशचन्द्र अग्रवाल, फ़र्रुखाबाद.
२०. श्री रामगोपाल गुप्ता,हमीरपुर.
२१. श्री केदारनाथ भार्गव, मथुरा.
२२. श्री ब्रह्मदत्त शुक्ला,शाहजहाँपुर.
२३. श्री विशम्भरदयाल त्रिपाठी, उन्नाव.
२४. श्री श्रीकृष्णदत्त पालीवाल, आगरा.
२५. मौलवीइद्रिसखाँ लोदी, बदायूँ.
२६. मौलवी अब्दुललतीफ़ बिजनौर.
२७. श्री एम० हिफ़ैजुर रहमान, मुरादाबाद.
२८. श्री रफ़ीअहमदकिदवई,लखनऊ.
२९. श्री एम० हुसैन अहमद, सहारनपुर.
३०. श्री गंगासहाय चौबे, कानपुर.
३१. डा० के० एम० अशरफ़, इलाहाबाद.

३२. डा० मुरारीलाल, कानपुर.
३३. श्रीरामनरेश सिंह एम० एल० ए०, जौनपुर.
३४. श्री एम० एन० राय, बम्बई.
३५. प्रो० शिब्बनलाल एम० एल० ए०, गोरखपुर.
३६. श्री बिन्ध्यबासिनीप्रसाद, गोरखपुर.
३७. श्री गोविन्दसहाय, बिजनौर.
३८. श्री गोपालनारायण सक्सेना, सीतापुर.
३९. श्री बेनीकृष्ण
४०. श्री पुरुषोत्तमदासटंडन, लखनऊ.
४१. श्री सरदार नर्मदाप्रसाद सिंह, इलाहाबाद.
४२. श्री यूसुफ़ इमाम, मिर्ज़ापुर.
४३. प्रो० रामसरन एम० एल० ए०, बनारस.
४४. श्री सम्पूर्णानन्द एम० एल० ए० लखनऊ.
४५. श्री अचलसिंह एम० एल० ए०, आगरा.
४६. श्री कालीचरनटंडन, फ़र्रुख़ाबाद.
४७. श्री दामोदरस्वरूप सेठ, बरेली.
४८. श्री मंजरअली सोख़्ता, उन्नाव.
४९. श्री कमलाप्रसाद शुक्ला, गोंडा.
५०. श्री मोहनलाल सक्सेना एम० एल० ए०, लखनऊ.
५१. श्री हरिहरनाथ शास्त्री एम० एल० ए०, कानपुर.
५२. श्री नरेन्द्रदेव एम० एल० ए०, लखनऊ.
५३. श्री दीनदयाल शास्त्री सहारनपुर.
५४. श्री रघुनाथप्रसाद राय, आजमगढ़.
५५. श्री श्रीकृष्णशङ्कर श्रीवास्तव, गोरखपुर.
५६. श्री बिमलप्रसाद जैन, मेरठ.
५७. श्री जे० बी० कृपलानी, इलाहाबाद.
५८. श्री लालबहादुर शास्त्री एम० एल० ए०, इलाहाबाद.
५९. श्री रघुकुलतिलक, बनारस.

अटकल—१६

१. श्री हरीकृष्ण मेहताब, कटक.
२. श्री भागीरथी महापत्र, कटक.
३. श्री नित्यानंद कानूनगो, कटक.
४. श्री ब्रनकृश्न पधायारी, कटक.
५. श्री नन्दकिशोर दास, बेलासोर.
६. श्री राधाकृष्ण बिश्वास राय, कोरायत.
७. श्री लिंगाराज मिश्रा, कटक.
८. श्री गोदावरीश मिश्रा, पुरी.
९. श्री नीलकंठ दास, पुरी.
१०. श्री प्राणनाथ पट्टनेक
११. श्री निरंजन पट्टनेक, गंजम.
१२. श्री लक्ष्मी नारायण मिश्र, सम्बलपुर.
१३. श्री विश्वनाथदास, कटक.

१४. श्री दिवाकर पट्टनेक, गंजम.
१५. श्री के० वीरराजू, गंजम.
१६. श्री मालती चौधरी, कटक.

विदर्भ—४

१. श्री बृजलाल ब्यानी, अकोला.
२. श्री के० बी० सहस्रबुधे, अकोला.
३. श्री एम. एस. अणे एम० एल० ए०, यवतमहल.
४. डा० नारायण जुगलाजी, यवतमहल.

कांग्रेस के प्रान्तीय पदाधिकारी

अजमेर

दफ़्तर—कचहरी रोड, अजमेर
सभापति—श्री हरिभाऊ उपाध्याय
मन्त्री—१. प्रो० गोकुल लाल
२. श्रीकृष्ण गोपाल गर्ग
३. श्रीबालकृष्ण गर्ग

आंध्र

दफ़्तर—मछलीपट्टम्
सभापति—श्री बी० पट्टाभी सीतारमैय्या
प्रधान मन्त्री—श्रीगोटी पाटी ब्रह्मैय्या

आसाम

दफ़्तर—गोहाटी
सभापति—श्री विष्णुराय मेधी
प्रधान मन्त्री—श्री सिद्धिनाथ समीर एम्० एल० ए०
कोषाध्यक्ष—डा० हरीकृष्णदास

विहार

दफ़्तर—पटना
सभापति—श्री राजेन्द्रप्रसाद
प्रधान मन्त्री—श्री विपिनबिहारी वर्मा

बम्बई

दफ़्तर—बम्बई
सभापति—श्री भूलाभाई जे० देसाई
प्रधान मन्त्री—१. श्री एस० के० पाटिल
२. श्री जी० एन० देसाई
कोषाध्यक्ष—श्री भावनजी ए० खीमजी

बरमा

दफ़्तर—रंगून
सभापति—श्री बी० के० दादा चानजी
मन्त्री—श्री के० नटरंजन
कोषाध्यक्ष—श्री मोहनलाल कालीदास

देहली

दफ़्तर—चाँदनी चौक, देहली
सभापति—श्रीमती दुर्गा बोहरा
प्रधान मन्त्री—श्री सी० कृष्णन नैयर

गुजरात

दफ़्तर—अहमदाबाद
सभापति—श्री वल्लभभाई पटेल
मन्त्री—१. श्री भोगीलाल धीरज राय लाला
२ श्री जीवनलाल हरीप्रसाद दीवान

करनाटक

दफ्तर—धारवाड़
सभापति—श्री जी० बी० देशपांडे
प्रधान मन्त्री—श्री जी०बी० हर्लीकेरी
कोषाध्यक्ष—श्री आर० एस० हुक्केरीकर धारवाड़

केरल

दफ़्तर—कालीकट
सभापति—श्री मुहम्मद अब्दुलरहमान
मन्त्री—श्री ई० एम० शङ्करम् नम्बूदीरीपद
कोषाध्यक्ष—श्री पी० नारायन नैयर

महाकोशल

दफ़्तर—जबलपुर
सभापति—श्री छेदीलाल
प्रधान मन्त्री—१. पं० बद्रीनाथ दुबे
२. पं० अम्बिकाचरन शुक्ला
कोषाध्यक्ष—श्री जमनालाल चौपड़ा

महाराष्ट्र

दफ़्तर—पेठ पूना २
सभापति—श्री केशवराव मारुतराव जेधे एम० एल० ए०
मन्त्री—१. श्री जी० ए० देशपांडे
२. श्री टी० आर० दोगिरीकर
कोषाध्यक्ष—डा० बी० सी० लागू

नागपुर

दफ़्तर—नागपुर
सभापति—श्री जमनालाल बजाज
मन्त्री—१. श्री ई० एस० पटवर्धन
२. श्री एन० एम० घाटवाई
कोषाध्यक्ष—श्री भिकूलालजी लक्ष्मीचंद चन्दक एम० एल० ए०

सीमाप्रांत

दफ़्तर—पेशावर
सभापति—ख़ान गुलाम मुहम्मद
प्रधानमन्त्री—ख़ानअली गुलख़ान
कोषाध्यक्ष—ख़ान अरबाब अब्दुलरहमान एम० एल० ए०

पंजाब

दफ़्तर—लाहौर
सभापति—डा० सत्यपाल
प्रधानमन्त्री—श्री राजाराम
अर्थमन्त्री—श्री पिण्डीदास

तामिल नाडू

दफ़्तर—मद्रास
सभापति—श्री सी० एन० मुथूरंगा मुदालियर
मन्त्री—१. श्री सी० पी० सुबिया एम० एल० ए०, मद्रास
२. श्री के० एस० मुथुस्वामी
कोषाध्यक्ष—श्री पी० एस० अविनाशलिंगम् चेत्यर

संयुक्तप्रांत

दफ़्तर—लखनऊ
सभापति—श्री मोहनलाल सक्सेना
प्रधानमन्त्री—श्री आर०एस० पंडित एम० एल० ए०

कोषाध्यक्ष—सरदार नर्बदाप्रसादसिंह

उत्कल

दफ़्तर—कटक

सभापति—श्री हरीकृष्ण मेहताब

मन्त्री—श्री लोकनाथ मिश्र

कोषाध्यक्ष—श्री अचलबिहारी आचार्य

विदर्भ

दफ्तर—बरार

सभापति—श्री बृजलाल ब्यानी

मन्त्री—डा० एस० एल० काशीकर

कोषाध्यक्ष—राजस्थान प्रिंटिंग ऐण्ड लिथो वर्क्स लिमिटेड, अकोला

नेशनल लिबरल फिडरेशन।

सन् १९०७ के पहिले से ही कांग्रेस में दो दल (गरम और नरम) बन गये थे। गरम दल में वे लोग थे जो राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रबलता से चलाना चाहते थे और स्वदेशी व बायकाट शस्त्रों का पूर्णरीति से उपयोग करना चाहते थे। इस दल के नेता लो० बाल गंगाधर तिलक, श्री० अरविन्द घोष, श्री० विपिन चन्द्रपाल प्रभृति सज्जन थे। नरम दल में वे थे जो धीमी चाल चलना चाहते थे और सरकार से मुठभेड़ करने पर तत्पर न थे और न किसी प्रकार सरकारी रोष का मुकाबला करने पर हा तैयार थे। सन् १९०७ की सूरत कांग्रेस में यह दल स्पष्ट रीति से पृथक् २ दिखाई देने लगे और कांग्रेस में गड़बड़ी मच जाने के कारण कांग्रेस की बैठक न हुई। बाद की कांग्रेस नरम दलवालों के हाथों में ही रही। सन् १९१६ में आपसी समझौता होने पर लखनऊ की कांग्रेस में गरम दल के नेता सम्मिलित हुए। किन्तु यह एका बहुत दिन न चला। सन् १९१७में मिस्टर मांटेगू (भारत-मंत्री) ने घोषणा की कि ब्रिटिश सरकार का उद्देश्य भारत को स्वराज्य देने का है किन्तु उसकी मात्रा तथा समय ब्रिटिश पार्लमेंट निश्चित करेगी। सन् १९१८ में मांटेगू-चेम्सफोर्ड-रिपोर्ट प्रकाशित हुई। इसी समय नरम और गरमदलों में अधिक अन्तर पड़ गया। प्रश्न यह आगे आया कि सुधारों का किस प्रकार स्वागत करना चाहिए। गरम दल चाहता था कि रिपोर्ट बिलकुल अमान्य कर दी जावे। नरम दल इसके लिए तैयार न था।

अगस्त १९१८ में कांग्रेस का

विशेष अधिवेशन बम्बई में हुआ। जिसमें मांटेगू-चेम्सफोर्ड-रिपोर्ट पर विचार किया गया किन्तु उसमें नरम दल के लोग न आये। उन्होंने अपनी एक अलग कान्फ्रेंस कायम की जिसका नाम "आल इण्डिया माडरेट कान्फ्रेंस" रक्खा। यह बैठक श्रीयुत सुरेन्द्रनाथ बनर्जी के सभापतित्व में बम्बई में हुई। इस कान्फ्रेंस में यह निश्चय कर लिया गया कि कांग्रेस से अलग रहकर ही नरम दल अपना कार्य करेगा। दिसम्बर में फिर कान्फ्रेंस हुई और इसका नाम "आल इंडिया लिबरल फिडरेशन" हुआ। बाद को नाम "नेशनल लिबरल फिडरेशन" हो गया।

१९१८ (दिसम्बर) की कान्फ्रेंस में यह खास रीति से प्रगट किया गया कि सुधार-रिपोर्ट से देश का लाभ है और भारतवासियों को राजनैतिक क्षेत्र में तथा प्रबन्धक्षेत्र में अनेक सुविधाएँ दी गई हैं और यह लिबरल दल उसे स्वीकार करने पर तैयार है।

इसके बाद सन् १९२० में कांग्रेस ने असहयोग - आन्दोलन आरम्भ किया। लिबरल दल इसमें शामिल नहीं हुआ। सन् १९२१ व १९२२ के अधिवेशनों में असहयोग, सविनय आज्ञाभंग करना (Civil Disobedience), बायकाट आदि का निषेध किया गया।

इस दल का उद्योग केवल वैध (Constitutional) आन्दोलन द्वारा ही राजनैतिक स्वत्वों को माँगना है। (Direct Action) प्रत्यक्ष कार्य के यह दल विरुद्ध है। कौंसिलों में प्रवेश करके कार्य करना इस दल का मुख्य कार्यक्रम है। सन् १९२८ में सायमन-कमीशन के बायकाट में लिबरल दल ने कांग्रेस का साथ दिया। नेहरू-कमेटी की रिपोर्ट की तय्यारी में भी लिबरल दल के नेताओं ने साथ दिया।

कांग्रेस द्वारा स्वाधीनता का प्रस्ताव पास होने से लिबरल दल राष्ट्रीय राजनीति से और भी अधिक दूर हो गया। सरकार द्वारा नियोजित लिबरल दल के प्रतिनिधि सब राउंडटेबल कान्फ्रेन्सों में शामिल हुए और १९३० से १९३३ तक के असहयोग-आन्दोलनों की निन्दा न्यूनाधिक प्रत्येक लिबरल नेता ने की।

गवर्नमेंट आफ इंडिया ऐक्ट १९३५ की निन्दा लिबरल दल ने अपने वार्षिक अधिवेशनों तथा सभास्थलों पर की है किन्तु पूर्ववत् यह नीति प्रकट की है कि नये विधान का बायकाट न किया जावे। इस नये विधान के अनुसार सन् १९३७ के प्रान्तीय एसेम्बलियों के चुनाव के पहिले ऐसा प्रयत्न किया गया था

कि लिबरल दल तथा कांग्रेस संयुक्त रूप से चुनाव लड़े किन्तु वह प्रयत्न निष्फल रहा और इस चुनाव में लिबरल दल बिलकुल सफल नहीं रहा।

चुनाव के बाद लिबरल दल ने कांग्रेस पर जोर दिया कि जब कांग्रेसी सदस्यों का बहुमत है तो मंत्री-पद ग्रहण करना चाहिये।

सर पी. सी. एस. शिवस्वामी अय्यर, मि० सी. वाई. चिन्तामणि, डा० सर तेजबहादुर सप्रू, श्री० श्रीनिवास शास्त्री, सर चिमनलाल सीतलवाद, पं० हृदयनाथ कुंजरू, प्रभृति सज्जन इस संस्था के आधार-स्तम्भ हैं।

सन् १९२८ में साइमन-कमीशन के बायकाट में लिबरल दल ने कांग्रेस का साथ दिया और उसने सब प्रकार से कमीशन का बायकाट किया। नेहरू-कमेटी की तैयारी तथा सर्वदल-सम्मेलन की कार्यवाही में भी नरम दल के नेताओं ने भाग लिया।

मुसलिम-लीग।

मुसलिम-लीग की स्थापना सन् १९०६ में हुई। इसके पहिले मुसलमानों ने राजनीति में बहुत कम भाग लिया। सर सैयद अहमद की नीति थी कि मुसलमानों को राजनीति में न पड़ना चाहिये, इसलिये उन्होंने शिक्षा की ओर ही ध्यान दिया। कुछ मुसलमान कांग्रेस में आते रहे किन्तु मुसलमान-समाज शामिल नहीं हुआ।

सन् १९०६ के करीब जब कौंसिल-सुधार का प्रश्न छिड़ा उस समय मुसलमानों ने अपने स्वत्वों की रक्षा का विचार किया और हिज़ हाइनेस दी आगा खां के नेतृत्व में वाइसराय के पास एक मुसलमान शिष्ट मंडल गया और अपनी माँग लिखकर पेश की। उसी समय मुसलमानों ने यह भी सोचा कि राजनैतिक प्रश्नों को, जो विशेषतः मुसलमानों से सम्बन्ध रखते हैं, सोचने तथा उन पर विचार करने के लिए यह आवश्यक है कि कांग्रेस से भिन्न एक संस्था कायम की जावे। इन्हीं कारणों से मुसलिम-लीग की स्थापना हुई।

सन् १९१२ व सन् १९१३ में परिस्थिति में अन्तर पड़ने से मुसलमानों के विचारों में परिवर्तन हो गया। पहिले कार्यकारिणी सभा की बैठक में और पीछे वार्षिक

अधिवेशन में मुसलिम-लीग के ध्येयों में "भारत के लिए स्वराज्य शासन की प्राप्ति" का ध्येय भी जोड़ दिया गया।

सन् १९१८ में मांटेगू-चेम्सफोर्ड-रिपोर्ट प्रकाशित हुई। उसके पहिले मुसलिम-लीग ने कांग्रेस के साथ स्वराज्य की एक योजना बनाई, जिसे "कांग्रेस-लीग-स्कीम" कहते हैं, जो मि० मांटेगू के सामने पेश की गई थी।

सन् १९१९ की अमृतसर कांग्रेस के समय मुसलिम-लीग की राजनीति और कांग्रेस की नीति में कुछ भेद नहीं रहा।

सन् १९१६ में कांग्रेस और लीग के बीच एक 'पैक्ट' हो गया था जिसके द्वारा मुसलमानों की प्रतिनिधि संख्या कौंसिलों में निश्चित कर दी गई थी। यही पारस्परिक निश्चय मुसलमानों के लिए गवर्नमेंट आफ इंडिया ऐक्ट [१९१९] में स्वीकृत कर लिया गया था।

खिलाफत कमेटी सन् १९२० में स्थापित होने से मुसलिम-लीग का अस्तित्व मिट सा गया और ६-७ वर्ष तक अधिवेशनोंके अतिरिक्त कोई विशेष कार्य इस संस्था द्वारा नहीं हुआ।

सन् १९२७ में सायमन-कमीशन नियत हुआ और साथ २ सर्वदल सम्मेलन की योजना भी देशकी ओर से हुई। मुसलिम-लीग में दो भाग हो गये। सर मुहम्मद शफी ने लीग को अपने कब्जे में करना चाहा और कोशिश की कि सायमन - कमीशन का बायकाट न हो।

दिल्ली में सन् १९२८ में सर्वदल मुसलिम-सम्मेलन का अधिवेशन सर आगा खां के सभापतित्व में हुआ। एसेम्बली में ३३ प्रतिशत मेंबर मुसलमान होना चाहिये, ऐसी माँग का समर्थन किया गया।

सन् १९३० व १९३१ की राउंड-टेबल कान्फ्रेंसों में मुसलिम-लीग शामिल हुई और ब्रिटिश सरकार की भेदनीति के कारण हिन्दू व मुसलिम-समाजों का संयुक्त निर्वाचन मुसलिम-लीग तथा अन्य मुसलमान मेंबरों ने पसन्द न किया। फलतः मि० रेमजे मेकडानेल्ड प्रधान मन्त्री ने "साम्प्रदायिक निर्णय" (Communal award) दे दिया और मुसलमानों के लिए पृथक् निर्वाचन तथा सुरक्षित सदस्य संख्या एसेम्बलियों में दे दी। सन् १९३४ में यह प्रयत्न किया गया था कि अ ल पार्टी मुसलिम कान्फ्रेंस और मुसलिम-लीग मिलकर काम करें किन्तु वह निष्फल रहा।

सन् १९३६ के आरम्भ में जो वार्षिक अधिवेशन हुआ उसमें मि० जिन्ना ने मुसलमानों को संगठित होने तथा राजनीति में सक्रिय भाग लेने के लिए कहा। एक केन्द्रीय पार्लीमेंटरी बोर्ड बनाया गया और उसके अधीन प्रान्तीय बोर्ड भी बनाये गये।

सन् १९३७ के प्रान्तीय एसेम्बली के चुनाव में मुसलिम-लीग ने अपने उम्मीद्वार खड़े किये। बंगाल में उसके आधे उम्मीदवार सफल हुए। यू० पी० एसेम्बली में ३५ उम्मीद्वारों में से २९ सफल हुए। मद्रास में ११ उम्मीद्वार एसेम्बली के लिए खड़े किये गये जिसमें १० सफल हुए। बम्बई में ३० मुसलिम सीटों में २० मुसलिम-लीग को मिलीं। आसाम में ३४ सीटों में से ९ लीग को मिलीं। मि० जिन्ना ने यह घोषित किया कि लीग के मेंबरान अन्य पार्टियों से सहयोग करेंगे किन्तु कांग्रेस और लीग का सहयोग न हो सका। मुसलिम-लीग ने मि० जिन्ना द्वारा यह दावा आरम्भ किया कि कुल भारतीय मुसलमानों की लीग ही एकमात्र प्रतिनिधि संस्था है और कांग्रेस पूरे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती। वह एक पार्टी है। यह दृष्टिकोण एकता का पोषक नहीं हो सकता है, ऐसा स्पष्ट हो गया। पंजाब और बंगाल में मुसलिम लीग ने कांग्रेस के अतिरिक्त अन्य सदस्य समूहों से मिलकर मंत्रिमण्डल बनाये हैं।

हिन्दू महासभा

अप्रैल १९१५ में यह सभा आल इण्डिया हिन्दू सभा के नाम से प्रारम्भ की गई। उद्देश्य यह था कि विभिन्न हिन्दू जातियों में एकता कायम की जावे। इस सभा में प्रगतिशील हिन्दू लोग ही शामिल हुये। अछूतोद्धार, विधवा-विवाह, शुद्धि और सङ्गठन के कार्य इस सभा के सदस्यों ने बड़ी रुचि के साथ किये हैं। आरम्भ से ही इस सभा में राजनैतिक वातावरण रहा और कुछ दिनों से इस सभा ने हिन्दुओं के राजनैतिक स्वत्वों की रक्षा की ओर अपना विशेष ध्यान देना आरम्भ किया है। सन् १९२३ में आल इंडिया हिन्दू सभा का नाम बदलकर हिन्दू महासभा हो गया। सन् १९२६ के कौंसिल और एसेम्बली के चुनाव में हिन्दू महासभा ने अपने उम्मेद्वार भी खड़े कर दिये थे। कुछ वर्षों से हिन्दू महासभा के सभापति राजनैतिक नेता होते हैं। देश और विदेशों में २००० शाखा सभायें हैं।

हिन्दू महासभा ने सदैव साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व का विरोध किया है। सायमन-कमीशन के बायकाट में भी हिन्दू सभा अग्रसर रही है। राउंड टेबल कान्फ्रेन्स तथा "कम्यूनल अवार्ड" के संबंध में भी महासभा ने अपनी दृष्टि राष्ट्रीय रखी है। मुसलिम लीग के साम्प्रदायिक कार्यों का विरोध करती है। महासभा ने अपना ध्येय बदलकर निम्नलिखित कर लिया है—

हिन्दू जाति, हिन्दू संस्कृति और हिन्दू सभ्यता तथा हिन्दूराष्ट्र के गौरव और उत्थान की रक्षा, स्थिरत्व तथा उन्नति तथा हिन्दुस्थान के लिये सब उचित उपायों द्वारा पूर्ण स्वराज्य अर्थात् अपरिमित राजनैतिक स्वातंत्र्य हिन्दू सभा के ध्येय हैं।

हिन्दू महासभा ने अपने अधिवेशनों द्वारा भारत के अंग्रेजों द्वारा निःशस्त्रीकरण का बड़े ज़ोरदार प्रस्तावों से निषेध किया है। सन् १९३५—३६ के एक प्रस्ताव द्वारा "सेन्ट्रल हिन्दू मिलिटरी एजूकेशन सोसाइटी" तथा "भोंसला मिलिटरी स्कूल" नासिक की स्थापना पर डा० मुंजे को बधाई दी थी। गवर्नमेंट आफ़ इंडिया ऐक्ट को भी अपर्याप्त और असंतोषजनक कानून मानकर उसका विरोध किया था।

सन् १९३६ में होनेवाले अधिवेशन के सभापति जगद्गुरु शंकराचार्य डा० कुर्तकोटी थे। उनके सभापतित्व में अनेक प्रस्ताव अछूतोद्धार, हरिजनों के लिये मंदिर-प्रवेश, गोरक्षा तथा अन्य प्रस्ताव राजनीतिविषयक पास हुए।

मजदूर-आन्दोलन

प्रारंभिक काल।

श्री० नारायण मेघाजी लोखण्डे ने पहिला मज़दूर-संघ बम्बई में सन् १८६० में खोला। उन्होंने एक समाचारपत्र "दीनबन्धु" भी आरंभ किया। अनेक वर्षों तक मजदूर-संघों की संख्या न बढ़ी। इसके अनेक कारण थे—मुख्य मजदूरों की अपढ़ता तथा सुशिक्षित वर्ग का इस कार्य की ओर दुर्लक्ष्य।

सन् १६१० में दूसरा "यूनियन" मजदूर-संघ खुला और धीरे धीरे प्रगति होने लगी। सन् १६१८ में मि० वी. पी. वाडिया ने मद्रास बाकिंगहम और कर्नाटक मिलों के मजदूरों का सङ्गठन किया। सन् १६१६ में ४ 'यूनियन' और २०००० मेम्बर हो गए। अब इस समय प्रत्येक औद्योगिक केन्द्र में सब प्रकार के संघ मौजूद हैं और सदस्य लाखों की संख्या में हैं।

सन् १८८१ में पहिला फैक्टरी ऐक्ट पास किया और सन् १८६१ में सशोधित हुआ। किन्तु इस ऐक्ट से कोई लाभ न हुआ। मिल-मालिक मजदूरों से ज्यादा घण्टे काम लेते रहे। उनके साथ निर्दयता का व्यवहार करते रहे और अन्य प्रकार की असुविधायें भी उनके लिए बनी रहीं। सन् १६०७ में ब्रिटिश सरकार द्वारा फैक्टरी लेबर कमीशन नियत हुआ जिसकी रिपोर्ट सन् १६०८ में प्रकाशित हुई। फलतः १६११ के फैक्टरी ऐक्ट ने दैनिक घण्टों को निश्चित कर दिया। सन् १६१६ में 'लीग आफ नेशन्स' (राष्ट्रसंघ) योरुप में बना। भारत को भी सदस्य के नाते मजदूरों के प्रश्नों पर विचार करना पड़ा। भारत के प्रतिनिधि "अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर कान्फ्रेंस" वाशिंगटन में सम्मिलित हुए और भारत-सरकार पर भी मजदूरों के लिए उचित कानून बनाना बाध्य हुआ।

संगठित रूप का जन्म

मजदूर-आन्दोलन का संगठित रूप सन् १६१८ से आरंभ होता है। साल भर के अन्दर देश भर में विभिन्न व्यवसायों में मजदूर-संघों की स्थापना हो गई।

दिसम्बर १६१६ में बम्बई के फैक्टरियों के मजदूरों की एक कान्फ्रेंस हुई जिसमें ७१ फैक्टरियों के सदस्य उपस्थित थे। उन्होंने एक "मेमोरैंडम" बनाया जिसमें 'दैनिक घंटों' में कमी तथा मजदूरी

में बढ़ती की माँगें रक्खी गईं। मिल-मालिकों ने इस ओर कुछ ध्यान न दिया जिसके कारण अनेक हड़तालें हुईं। सन् १९१९ से हड़तालों का युग आरंभ होता है। कोई वर्ष उसके बाद ऐसा नहीं है जिसमें मिलों के या रेलवे के मजदूरों की हड़तालें न हुई हों। इसी साल में जी. आई. पी. रेलवे के झांसी वर्कशाप में हड़ताल हुई जिसमें करीब १०००० मजदूर २८ दिन तक काम पर नहीं गये। श्री० र. वि. धुलेकर मजदूरों का पक्ष लेकर बम्बई गये और मजदूरों की मजदूरी में बढ़ती करवाई। छुट्टी व पासों में भी सुविधा हो गई।

ट्रेड यूनियन कांग्रेस

सन् १९२० में मजदूर-आन्दोलन जोर पकड़ गया और उसने राष्ट्रीय स्वरूप भी धारण कर लिया। ३१ अक्टूबर १९२० को बम्बई में प्रथम "आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस" ला० लाजपतराय की अध्यक्षता में हुई। दूसरी ट्रेड यूनियन कांग्रेस" नवम्बर १९२१ में झरिया में हुई। इस कांग्रेस में १०००० प्रतिनिधि १०० संघों से आये थे। तीसरी कांग्रेस लाहौर में श्री० सी. आर. दास की अध्यक्षता में हुई। सन् १९२७ की कांग्रेस कानपुर में हुई जिसके अध्यक्ष दीवान चिमनलाल थे। सन् १९२८ की ट्रेड यूनियन कांग्रेस झरिया (बङ्गाल) में हुई।

भारतदेश सन् १९२२ में अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर कान्फ्रेंस का स्वतन्त्र रूप से सदस्य बनाया गया और ८ महत्त्व-शाली औद्योगिक राष्ट्रों में उसका स्थान है। इस प्रकार इस कान्फ्रेंस के सब प्रस्ताव भारत पर लागू हैं।

फैक्टरी कानून

सन् १९११ के फैक्टरी ऐक्ट के मुख्य अंश यह हैं (१) फैक्टरी की परिभाषा में वे भी औद्योगिक फैक्टरियां रक्खी गईं जो केवल फसल पर चलाई जाती हैं। (२) बच्चों और स्त्रियों के दैनिक घंटों में कमी करके घंटे निश्चित कर दिए गए और उन्हें रात में सिवाय (वीविंग और प्रेसिंग फैक्टरियों के) सबमें काम करने की मनाई कर दी गई। (३) मजदूरों का स्वास्थ्य, फैक्टरियों की जांच आदि के लिए भी नियम बनाये गए। (४) प्रौढ़ मजदूरों के दैनिक घंटे (बुनाई की फैक्टरियों में) अधिक से अधिक १२ कर दिये गये।

वाशिंगटन कान्फ्रेंस के प्रस्तावों के कारण सन् १९२२ में यह ऐक्ट फिर बदला गया जिसमें यह बातें रक्खी गईं। (१) एक सप्ताह ६०

घण्टे का रक्खा गया। (२) मजदूर बच्चों की उम्र ९ से १२ तक कर दी गई। १२ वर्ष की उम्र से नीचे कोई बच्चा काम न कर सकेगा। (३) स्त्रियाँ रात को काम न कर सकेंगी। (४) छोटी छोटी फैक्टरियों में भी ऐक्ट लागू किया गया। यह ऐक्ट सन् १९२३, १९२६ और १९३१ में फिर संशोधित हुआ।

सन् १९२३ में एक ऐक्ट पास किया गया जिसके द्वारा मजदूरों को दुर्घटना से चोटें लगने पर फैक्टरी के मालिक ने मुआवजा देना अनिवार्य कर दिया।

ट्रेड यूनियन कानून

मार्च सन् १९२१ में मि० एन. एम. जोशी एम. एल. ए. ने एसेम्बली में प्रस्ताव पेश किया कि एक कानून बनाया जावे जिससे "ट्रेड यूनियनों" की रजिस्ट्री हो सके और उनकी रक्षा भी हो। भारत-सरकार ने सितम्बर १९२१ में इस विषय पर सब प्रान्तीय सरकारों से राय माँगी। एक बिल बनाया गया जो पुनः राय के लिए भेजा जाकर ३१ अगस्त १९२५ को एसेम्बली में पेश हुआ। लेजिस्लेटिव एसेम्बली ने उसे ८ फरवरी १९२६ को और कौंसिल आफ स्टेट ने उसे २५ फरवरी १९२६ को पास किया। इसके अनुसार संघ बनाना, उसके उद्देश्यपूर्ति के लिए आपस में कोई इकरार करना कानूनी समझा जावेगा। इसी प्रकार ट्रेड यूनियन या उसके सदस्यों के खिलाफ कोई दीवानी या फौजदारी मुकदमा न चलाया जावेगा इस कारण कि "ट्रेड डिस्प्यूट" (व्यापारी झगड़े) के सुलझाने के लिए कोई ऐसा काम किया गया है जिससे मजदूरों ने मालिकों के साथ अपना इकरार तोड़ दिया है या कुल मिलकर काम करने पर तैयार नहीं हैं।

सन् १९२३ से जो हड़ताल अहमदाबाद के मिल-मजदूरों ने की वह १ अप्रैल सन् १९२३ से ४ जून १९२३ तक चली। ४३,११३ मनुष्यों ने काम छोड़ दिया था।

सन् १९२४ में बम्बई में रुई की मिलों में हड़ताल हुई। झगड़ा 'बोनस' बन्द कर देने पर हुआ। १७ जनवरी से हड़ताल शुरू हुई और २५ मार्च तक चली। सरकार ने सर नोरमैन मैकलियड चीफ जस्टिस बम्बई हाईकोर्ट की अध्यक्षता में एक कमेटी नियत की। कमेटी ने मजदूरों के विरुद्ध फैसला दिया।

सन् १९२४ में १३३ झगड़े मिल-मालिकों और मजदूरों में भारत में हुए। ३,१२,४६२ मजदूरों ने काम

छोड़ा । ८७,३०,६१८ दिन काम बन्द रहा । सन् १९२५ में हड़तालें व झगड़े बढ़ गए । झगड़े १३४, मजदूरों की संख्या जिन्होंने काम छोड़ा २,७०,४२३ और काम १,२५,७८,१२९ दिन बन्द रहा। सन् १९२६ व १९२७ में भी यही हाल रहा।

मजदूर-आन्दोलन में राजनीति

सन् १९२७ से मजदूर-आन्दोलन में राजनीति का प्रवेश होता है। कानपुर के ट्रेड यूनियन कांग्रेस के अधिवेशन में क्रांतिकारी मजदूर नेता श्री डांगे आदि आये थे । मजदूरों को कोई स्थायी लाभ राजनीति से विलग रहने से नहीं हो सकता, ऐसा निश्चित हुआ । सायमन-कमीशन का बायकाट भी पास हुआ।

सन् १९२८ में अनेक हड़तालें हुईं । खड़कपुर की हड़ताल कई मास चली । लिलुआ ई. आई. आर. वर्कशाप की भी हड़ताल काफी बड़ी थी । बम्बई में जो हड़ताल मिलों के मजदूरों की हुई वह वर्षारम्भ से चलते चलते छः मास तक चली । इस हड़ताल में श्री० डांगे, श्री० निम्बकर, मि० झाबवाला, मि० ब्रैडले, आदि समाजवादी कार्यकर्ताओं ने कार्य किया । यह हड़ताल इतनी बड़ी थी कि पीड़ितों के लिए बहुत सा रुपया भारत में एकत्र हुआ और कुछ रुपया रूस के मजदूरों ने भी भेजा।

बम्बई की इस हड़ताल में १,४७,६४४ मजदूरों ने काम छोड़ दिया था । इस हड़ताल का मुख्य कारण यह था कि मिल-मालिकों ने पैसा बचाने का नया तरीका यह निकाला कि प्रत्येक बुननेवाले मजदूर को दो करघों की जगह तीन करघों पर काम करने का नियम बनाया और इसी प्रकार सूत कातनेवाले मजदूर को १ फ्रेम की जगह दो फ्रेम पर काम करने पर बाध्य किया। इस नई पद्धति को 'Rationalization' कहते हैं । सन् १९२७ में छोटी २ अनेक हड़तालें इन नये नियमों के विरोध में हुईं किन्तु कोई फल नहीं हुआ । अन्ततः किसान-मजदूर-पार्टी की बम्बई ब्रांच ने १६ अप्रैल १९२८ और २६ अप्रैल १९२८ के बीच सब मिलों के मजदूरों की हड़तालें करा दीं । एक ज्वाइंट स्ट्राइक कमेटी सब मजदूरों की बनाई गई और १७ माँगें रक्खी गईं । कई महीनों के बाद सरकार ने एक जांच-कमेटी सर चार्ल्स फासेट की अध्यक्षता में बनाई और ६ अक्टूबर से हड़ताल बन्द होना आरम्भ हो गई । हड़ताल से मिल-मजदूरों को बहुत थोड़ा लाभ हुआ क्योंकि सरकार मजदूर-आन्दोलन को पसन्द नहीं करती ।

टाटा आयरन और स्टील वर्क्स (जमशेदपुर) में भी बड़ी भारी हड़ताल हुई जो अप्रैल १९२८ से आरम्भ होकर सितम्बर १९२८ में खतम हुई। श्री० सुभाषचन्द्र घोष तथा मि० सी. एफ. एण्डरूज ने मजदूरों के लिये बड़ा काम किया।

सौथ इंडियन रेलवे और ईस्ट इंडियन रेलवे की हड़तालें भी काफी बड़ी थीं लेकिन सफल नहीं हुईं।

दो नये कानून

सरकार ने बढ़ते हुए मजदूर-आन्दोलन को दबाने के लिये दो नये कानून बनाने का प्रयत्न किया। जनता ने बड़ा विरोध किया किन्तु उसका कोई परिणाम नहीं हुआ। (१) ट्रेड डिस्प्यूट ऐक्ट जिसके द्वारा स्ट्राइक और लाकऔट के लिये नियम बनाये गये। (२) पबलिक सेफ्टी बिल (जो पास नहीं हुआ) द्वारा यह प्रयत्न था कि मजदूर-आन्दोलन को चलानेवालों को अर्थात् नेताओं और कार्यकर्ताओं को देश से निकाल दिया जावे। सरकार का यह कहना था कि रूस तथा विदेशों से मनुष्य आकर मजदूरों को भड़काते हैं।

इस बढ़ते हुए आन्दोलन को दबाने के लिये २० मार्च १९२९ को मजदूर - नेताओं की गिरफ्तारियां की गईं और कम्यूनिस्ट होने और ब्रिटिश-शासन का अन्त करने के अभियोग लगाकर षड्यंत्र केस चलाया गया। यह मेरठ षड्यंत्र के नाम से प्रसिद्ध है। अनेकों को लम्बी २ सजायें दी गईं।

इस षडयन्त्र के मुकदमे चलने से भी आन्दोलन में कुछ कमी नहीं हुई वरन् मजदूर दल बढ़ता ही गया।

इस दल के साम्यवादी नेताओं ने 'बम्बई गिरणी कामगार यूनियन' को, जिसके ५४००० सदस्य थे तथा जी० आई० पी० वर्क्स यूनियन को जिसके ४१०००सदस्य थे ट्रेड यूनियन कांग्रेस से सम्बन्धित कर दिया। नवम्बर १९२९ में जो ट्रेड यूनियन कांग्रेस नागपुर में हुई (अध्यक्ष पं० जवाहरलाल नेहरू) उसमें नरम दल के नेताओं का प्रभुत्व बिलकुल उठ गया। दीवान चमनलाल, श्री० जोशी प्रभृति नेता उठ कर चले गए। इस दल ने कार्य-समिति पर भी कब्जा कर लिया और अन्तर्राष्ट्रीय कम्यूनिस्ट संस्थाओं से संबंध जोड़ने और इंडियन लेबर संबंधी रायल कमीशन व इन्टरनेशनल लेबरकान्फ्रेन्स व शासन-विधान संबंधी होनेवाली राउंडटेबल कान्फ्रेन्सों का बायकाट भी पास कराया।

नरमदलवादियों ने मि० एन० एम० जोशी के नेतृत्व में एक नयी

संस्था 'इंडियन ट्रेड्स यूनियन फिडरेशन' कायम की। सन् १९३० के आरम्भ में जी. आई. पी. रेलवे की बड़ी भीषण हड़ताल आरम्भ हुई। मि० रुईकर (अध्यक्ष जी. आई. पी. रेलवेमेन्स यूनियन) द्वारा नोटिस दिये जाने पर ४ फरवरी १९३० को हड़ताल सारी लाइन भर में आरम्भ हुई। ऐसी बड़ी हड़ताल कभी पहले नहीं हुई थी। हड़ताल पूरी सफल नहीं हुई।

सन् १९३० में मजदूर-नेताओं में मतभेद हो गया। एक समूह का कहना था कि राष्ट्रीय आन्दोलन यद्यपि समाजवादी तत्वों पर नहीं बढ़ रहा है तो भी उसमें मजदूरों को भाग लेना चाहिए और अपना कार्यक्रम आगे बढ़ाना चाहिए। दूसरे समूह का कहना था कि राष्ट्रीय आन्दोलन का विरोध करना चाहिये। गिरणी कामगार यूनियन बम्बई के दो टुकड़े हो गए। प्रथम समूह को श्री० एम० एन० राय के नेतृत्व के कारण "रायग्रुप" कहते हैं। फलतः सन् १९३१ में जब श्री० सुभाषचन्द्र बोस के सभापतित्व में ट्रेड यूनियन कांग्रेस हुई तो दूसरे समूह ने गड़बड़ मचाई। का० देशपांडे तथा का० रणदिवे ने अलग होकर आल इंडिया रेड (Red) ट्रेड यूनियन कांग्रेस कायम की। सन् १९३१ व १९३२ में मजदूर-आन्दोलन कोई उन्नति न कर सका।

यहाँ यह बतलाना आवश्यक है कि सन् १९२९ में जो मजदूर सम्बन्धी कमीशन (Royal Commission on Indian Labour) नियुक्त हुआ था। उसकी रिपोर्ट १९३१ में प्रकाशित हुई। यह रिपोर्ट बड़ी महत्वपूर्ण है और इसमें सैकड़ों सिफारिशें हैं। प्रान्तीय और केन्द्रीय सरकारें प्रत्येक वर्ष उक्त सिफारिशों पर क्या कार्यवाही की गई ऐसा ब्योरा प्रकाशित करती हैं। उनके अनुसार सन् १९३२ और १९३४ में अनेक कानून भी पास किये गये हैं।

उपरोक्त प्रकार की फूट पड़ने के कारण मजदूर-नेताओं को चिन्ता उत्पन्न हुई और ता० १० मई १९३१ को बम्बई की आल इंडिया रेलवेमेन्स फिडरेशन की संरक्षता में एक "एकता समिति" नियुक्त हुई। इस कमेटी ने एक हो जाने की सिफारिश की और अप्रैल १९३३ में 'इंडियन ट्रेड्स यूनियन फिडरेशन' और 'नेशनल फिडरेशन आफ लेबर' एक हो गये और नया नाम "नेशनल ट्रेड्स यूनियन फिडरेशन" धारण किया।

सन् १९३३ में बम्बई मिलों ने मजदूरों की मजदूरी में कटौती की। अनेक मिलों ने मजदूरों को निकालना शुरू कर दिया। विदेशों के प्रतियोगिता को और घटते हुए दामों को मिल-मालिकों ने अन्य रीति से मुकाबला न करके यही रास्ता सोचा। ऐसे समय में "स्ट्राइक" का भी हथियार काम नहीं देता था क्योंकि मिलों में स्वयं ही माल जमा हो रहा था। बम्बई प्रान्त के गवर्नर ने एक जाँच-कमेटी कायम की जिसकी रिपोर्ट २१ जून १९३४ को प्रकाशित हुई। किन्तु मजदूरों की हालत बहुत ही खराब होती जाती थी, इसलिए सन् १९३३ के दिसम्बर में जो आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस हुई, उसमें आम हड़ताल का प्रस्ताव पास हुआ। २३ अप्रैल १९३४ को बम्बई में आम हड़ताल का प्रारंभ हुआ जो कई महीने तक बराबर चलती रही।

सन् १९३४ में ट्रेड यूनियन कांग्रेस के दोनों भाग भी एक हो गये।

सन् १९३५ में नेशनल ट्रेड यूनियन फ़िडरेशन के ६२ यूनियन व ८३००० सदस्य थे और आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के ९८ यूनियन और ४६००० सदस्य थे।

१७ अप्रैल १९३८ को नागपुर में उपरोक्त दोनों फ़िडरेशन की संयुक्त बैठक हुई जिसमें दोनों फिडरेशन एक हो गये। दोनों का झंडा एक ही लाल रंग का होगा, किन्तु हथौड़ा व हँसिया उस पर न होंगे। इसके अतिरिक्त पदाधिकारी भी संयुक्त राय से नियुक्त किये गये। सभापति—डा० एस० सी० बनर्जी; उपसभापति श्री आफ़ताबअली, श्री० जमनादास मेहता, श्री० मुकुन्दीलाल सरकार; मंत्री—मि० बी० के० मुकर्जी (एम० एल० ए०, यू० पी०)।

किसान-आंदोलन

भारत कृषि-प्रधान देश है। और ७५ प्रतिशत मनुष्यों से ऊपर कृषि-उद्योग में लगे हुए हैं। नौकरशाही वर्ग में वाइसराय से लेकर चौकीदार तक, जमींदारों में राजे-महाराजाओं से लेकर दो एकड़ के माफीदार तक, और महाजनों में करोड़पति से लेकर ग्राम के छोटे बनिये तक सभी केवल एक किसान-वर्ग की पीठ पर लदे हुए हैं। क्या आश्चर्य है कि सब सम्पत्ति का उत्पादक होता हुआ वही सबसे निर्धन है? आश्चर्य तो यह है

कि उसी पर सबसे अत्याचार भी है।

ऐसी परिस्थिति में यदि जागृत होने पर किसानवर्ग भयंकर रूप धारण कर प्रतिहिंसा पर उद्यत हो जावे तो कोई आश्चर्य न होना चाहिए।

किसान-आन्दोलन का आरंभ सन् १६१८ में होता है जबकि महायुद्ध के बाद महात्मा गांधी ने बिहार के नील वाले अंग्रेज़ जमींदारों के अत्याचारों के विरोध में किसान आन्दोलन संगठित किया और गुजरात के खेड़ा प्रान्त के किसानों को संगठित करके सत्याग्रह चलाया। दोनों में किसान सफल रहे। बाद को सन् १६२० के असहयोग आन्दोलन में महात्माजी ने तथा सरदार बल्लभभाई पटेल ने बारडोली प्रदेश के किसानों को संगठित किया और यू० पी० में अवध प्रदेश में इसी असहयोग-आन्दोलन के सिलसिले में रामचन्द्र बाबा ने लाखों किसानों को उभारा। बाबा राघवदास ने गोरखपुर जिले के किसानों को संगठित किया। सारांश यह कि असहयोग-आन्दोलन से सारे भारतवर्ष में राजनैतिक जागृति के साथ-साथ किसान भी न्यूनाधिक मात्रा में जागृत हुए किन्तु किसान-संगठन का वर्तमान स्वरूप उस समय नहीं था।

यहाँ यह भी कह देना अनावश्यक न होगा कि रूस की समाजवादी क्रांति भी भारत के किसान-आन्दोलन (मज़दूर-आन्दोलन के साथ-साथ) का कारण है। महायुद्ध के बाद ही भारत में समाजवादी विचार क्रमशः प्रवेश करने लगे और साम्राज्यविरोधी वातावरण फैलने लगा। स्वर्गीय देशबंधु सी० आर० दास का ध्यान भी ग्रामीण जनता की दरिद्रता की ओर आकर्षित हुआ था और उन्होंने एक ग्राम-संगठन की आयोजना भी तैयार की थी, किन्तु उनके असामयिक स्वर्गवास से आयोजना प्रकाशित न हुई।

सन् १६२५–२६ से किसानों की आर्थिक अवस्था दिन-प्रतिदिन बहुत ही गिरती गई। उधर मज़दूरों की अवस्था भी मिल-मालिकों के सब प्रकार के मज़दूरी कटौती के उपायों के कारण बिगड़ती गई। असंतोष बढ़ता ही गया; मज़दूरों की हड़तालें बढ़ती गईं। सन् १६२८ में किसान-मज़दूर-पार्टी कायम हुई और अनेक स्थानों पर श्री जवाहरलाल नेहरू, डा० एस० सी० बनर्जी, मि० झाबवाला आदि सज्जनों के सभापतित्व में कान्फ्रेन्सें हुईं। सन् १६३०--३१ के असहयोग-आन्दोलन के बाद संयुक्त-प्रान्त के किसानों की दुर्दशा सीमा तक पहुँच गई। किसान

लगान देने में बिलकुल असमर्थ हो गया। जमींदारों के लगान वसूली संबंधी अत्याचार भी बढ़ते ही गये। महात्मा गांधी राउंड टेबल कान्फ्रेन्स में सम्मिलित होने के लिये लंदन गये थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें किसानों की दशा पत्रों और तार द्वारा सूचित की। अलाहाबाद जिला कांग्रेस कमेटी ने अन्ततः प्रस्ताव द्वारा प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी से लगानबन्दी आन्दोलन की आज्ञा मांगी। ब्रिटिश सरकार ने तो यह चाल चली कि गांधी-इरविन-समझौता करने के बाद अपनी नीति बदल दी। मुख में समझौता किन्तु हृदय में दमन व बदले के तत्व रक्खे। महात्माजी को आश्वासन देकर लंदन बुला लिया। इधर जमींदारों और अपने कर्मचारियों द्वारा किसानों को कुचलवाना शुरू किया कारण कि वे ही बड़ी संख्या में असहयोग में शामिल हुए थे। जब सरकार ने भारत में अपनी तैयारी कर ली तो महात्माजी को भी लंदन में बेरुखी का उत्तर दिया और महात्माजी के लौटते लौटते भारत में अनेक नेताओं को गिरिफ्तार कर लिया।

किन्तु सरकार को दबकर किसानों को लगान में छूट देनी ही पड़ी। कर्जों की किस्तबंदी, छूट, तथा व्याज सम्बन्धी कानून बनाने ही पड़े। सन् १९३३ से १९३६ तक राष्ट्रीय कांग्रेस ने प्रतिवर्ष अपने कार्यों में ग्राम-सुधार का कार्य मुख्य बनाना शुरू किया और सन् १९३६ से तो कांग्रेस के अधिवेशन ग्रामों में ही होने लगे हैं। ग्राम-उद्योग-संघ का काम ग्रामों में ही होने लगा।

सन् १९३७ में किसान-आन्दोलन को बहुत काफी ज़ोर मिल गया। ग्राम ग्राम में प्रान्तीय एसेम्बलियों के कांग्रेसी उम्मीदवारों ने किसानों को जागृत किया। उन्हें उनकी दुर्दशा तथा गरीबी बताई, साथ-साथ कांग्रेस मैनीफेस्टो में दिये हुए मौलिक अधिकार उन्हें समझाये। किसान तो पहिले ही से ऊब उठे थे उन्हें कांग्रेस का इतना बड़ा सहारा मिलना अमृत का काम कर गया। ७ बड़े प्रान्तों में कांग्रेसी उम्मेदवारों का बहुसंख्या में सफल होना किसान-आन्दोलन के लिये अत्यंत लाभदायक हुआ।

कांग्रेस ने जब तक मंत्रिपद नहीं लिया उस बीच जो मंत्रिमंडल बने उन्होंने किसानों को अपनी तरफ खींचने के लिये बड़े बड़े वादे किये। जमनादास मेहता—मंत्री बंबई सरकार—ने किसानों के उद्धार के लिये एक बड़ी आयोजना प्रकाशित की।

किन्तु महाराष्ट्र और गुजरात के दुर्भिक्ष में उन्होंने कुछ न किया और उनके वादे थोथे थे, यही सिद्ध हुआ।

किसानों की सबसे बड़ी दो माँगें हैं—(१) क़र्ज़-निवारण। (२) किसान-मज़दूरों के लिये जीवन-निर्वाह का प्रबंध।

बढ़ते हुए आन्दोलन को देखकर बंगाल के ग़ैर-कांग्रेसी मंत्रिमंडल ने टिनेन्सी बिल पेश किया किन्तु किसान नेताओं को आन्दोलन करने से रोका और उन्हें जेल भेज दिया।

आल इंडिया किसान कमेटी ने प्रान्तीय कमेटियों को गश्ती चिट्ठी द्वारा आदेश दिया कि अपनी अपनी माँगें कांग्रेसी सरकारों के सामने रखें।

लगभग सभी प्रान्तों में आज्ञाओं द्वारा किसानों के कर्ज की अदायगी स्थगित कर दी गई। देश में अनेक प्रान्तों में अदायगी स्थगित करने के लिये किसान-संघ द्वारा "किसान दिवस" मनाये गये।

कांग्रेसी प्रान्तों में तो आज्ञाओं द्वारा बेगार तथा अत्याचार बन्द किये गये किन्तु इन अत्याचारों के बन्द होने का श्रेय अधिकतर किसानों को ही है।

बिहार में मंत्रिमंडल ने जमींदारों को उनकी धमकी के कारण कि वे सत्याग्रह करेंगे और विशेषकर इस कारण कि झगड़े से कानून बनने में कई साल लग जायँगे जमींदारों से राजीनामा कर लिया। किसान-सभाओं ने स्वामी सहजानंद के नेतृत्व में इसका विरोध किया।

प्रो० एन० जी० रंगा (अध्यक्ष), स्वामी सहजानंद सरस्वती (जनरल-सेक्रेटरी) और श्री० इंदुलाल याज्ञिक (ज्वाइंट सेक्रेटरी आल इंडिया किसान कमेटी) ने किसान-आन्दोलन को बहुत आगे बढ़ा दिया। स्वामी सहजानंद के यह कहने पर, कि यदि जमींदार जुल्म करेंगे तो किसान को अपना 'डंडा' काम में लाने का अधिकार है, कांग्रेस-क्षेत्र में बड़ी हलचल मच गई। उन्हें बिहार की कांग्रेस कमेटी से हटाये जाने का प्रयत्न किया गया। श्री० जयप्रकाश नरायन ने किसान-सभा का पक्ष लिया किन्तु सरदार वल्लभभाई पटेल भी किसान-सभा द्वारा किसान-आन्दोलन के विरोधी हैं और उनका मत है कि राजनैतिक प्रश्नों पर विचार करने के लिये कांग्रेस ही एकाकी संस्था होना चाहिये। यही मत उनका कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के संबंध में भी है। ऐसे विचार उन्होंने हरिपुरा-कांग्रेस (१९३८) के अवसर पर प्रकट किये थे।

राजनैतिक क्षेत्र में इस समय भयंकर तेजी के साथ विचारधारा (Ideology) बदल रही है और कांग्रेस के भीतर इन दो "विचार-समूहों" का संघर्ष हो रहा है।

धार्मिक, साहित्यिक तथा सामाजिक संस्थाएँ

अखिल भारतीय ग्राम-उद्योग-संघ, वर्धा

यह संघ सन् १९३५ में कांग्रेस की संरक्षता में राष्ट्रीय महासभा के ता० २७ अक्टूबर १९३४ (बम्बई) के प्रस्तावानुसार स्थापित हुआ। इसके संचालन के लिये दो समितियां हैं—(१) बोर्ड आफ़ ट्रस्टीज़ और (२) बोर्ड आफ़ मैनेजमेंट।

बोर्ड आफ ट्रस्टीज़

श्रीकृष्णदास जाजू, जे० सी० कुमारप्पा, जमनालाल बजाज, डा० खान साहब, डा० गोपीचंद, वैकुण्ठराय एल० मेहता।

बोर्ड आफ़ मैनेजमेंट

श्रीकृष्णदास जाजू, श्रीमती गोसिबेन एम० एस० कैप्टेन, शूरजी वल्लभदास, डा० प्रफुल्लचन्द्र घोष, लक्ष्मीदास पुरुषोत्तमदास अशर, शंकरलाल बैंकर, वैकुण्ठराय एल० मेहता, जे० सी० कुमारप्पा सेक्रेटरी।

संघ की ओर से वर्धा में शिक्षकों को तैयार करने के लिये स्कूल खोला गया है। ग्रामों में छोटे छोटे उद्योगधंधों का प्रचार करना इस संघ का मुख्य उद्देश्य है। संघ ने लखनऊ कांग्रेस और फैजपुर कांग्रेस के अवसरों पर खादी और उद्योग सम्बन्धी वस्तुओं का प्रदर्शन किया। प्रत्येक वस्तु कैसे बनाई जाती है यह बताने का प्रयत्न किया।

मधुमक्खियों का पालना, काग़ज़ बनाना, सोयाबीन (फली) का बोना, गुड़ बनाना, चावल का साफ़ करना आदि विषयों पर पुस्तकें तथा लेख प्रकाशित किये गये हैं।

सन् १९३६ की रिपोर्ट के अनुसार इस संघ के ३६७ साधारण मेम्बर, ११ वैतनिक कार्यकर्ता, ४४ एजेन्ट, २२ प्रमाणित दुकानें और ५ सम्बन्धित संस्थायें थीं। आय १८४४१ रु० और ख़र्च १९५७२ रु० अर्थात् ११३१ रु० की घटी रही।

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

सन् १९१८ में महात्मा गांधी ने इस कार्य को साहित्य-सम्मेलन द्वारा आरंभ कराया। मद्रास प्रान्त में हिन्दी भाषा का प्रचार करना इस सभा का मुख्य कार्य रहा है। प्रचार, परीक्षा, प्रकाशन, पुस्तक बिक्री कार्य, पुस्तकालय, पत्रिका तथा प्रेस इसके साधन हैं।

सन् १९३५-३६ की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष के आरंभ में २४ प्रचारक थे। इस वर्ष आंध्र, केरल, व तामिल प्रान्तों का प्रचार-भार उन उन प्रान्तीय सभाओं को सौंप दिया गया।

फ़रवरी १९३६ तक प्रचारक विद्यलाय आन्ध्र प्रान्तीय हिन्दी महाविद्यालय कमेटी के संचालन में बेजवाड़ा में ही रहा। ११ प्रचारक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। कुल ७८०७ विद्यार्थी भिन्न भिन्न परीक्षाओं में ३२३ केन्द्रों द्वारा बैठे।

प्रकाशन-विभाग ने दो पुस्तकें "हज़रत मुहम्मद" (पं० सुन्दरलाल द्वारा लिखित) और "हिन्दी-हिन्दुस्तानी गाइड" (पंडित रामचन्द्र शास्त्री द्वारा लिखित) छपाई। इस वर्ष ४२ पुस्तकों का नया संस्करण निकाला गया और १,३२,००० प्रतियां छपाई गयीं। उत्तर भारत के प्रकाशकों की लगभग ३०००० पुस्तकें बिकीं।

पुस्तकालय में इस समय २८०० पुस्तकें हैं। मुख्य पत्रिका "हिन्दी-प्रचारक" है। मद्रास यूनिवर्सिटी ने १९३७ से हिन्दी में विद्वान् परीक्षा भी रखी है। आन्ध्र यूनिवर्सिटी में भी उसकी तैयारी हो रही है। मैसूर यूनिवर्सिटी ने पाठ्यक्रम समिति बनाने का निश्चय किया है। अन्नमलय यूनिवर्सिटी ने बी० ए० और बी० एस० सी० में विद्यार्थियों की संख्या काफी होने पर हिन्दी पढ़ाने का निश्चय किया है। अलीगढ़ में आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बोर्ड ने डा० एस० राधाकृष्णन के प्रस्ताव पर यह निश्चय है कि तमाम यूनिवर्सिटियों में हिन्दी को ऐच्छिक भाषा का स्थान मिलना चाहिए।

मद्रास प्रान्त के १२ ज़िला बोर्डों ने अपने अनेक स्कूलों में हिन्दी की शिक्षा का प्रबन्ध किया।

इस वर्ष सभा के भवन १ लाख रुपया लगाकर निर्माण किये जा रहे हैं। सभा के प्रधान भवन का उद्घाटन पं० जवाहरलाल द्वारा ७ अक्टोबर १९३६ में किया गया।

अध्यक्ष—महात्मा गांधी,

प्रधान मंत्री—पं० हरिहर शर्मा; कोषाध्यक्ष—श्री० रामनाथ गोयनका बी० ए०, श्री० के० संजीव कामथ, डायरेक्टर।

डेक्कन सभा, पूना

स्वर्गीय जस्टिस रानडे ने इस संस्था की स्थापना सार्वजनिक राजकीय हितरक्षा के उद्देश्य से १८९६ में पूना में की। पता—सदाशिव पेठ पूना सिटी।

भारत-इतिहास-संशोधक मंडल, पूना

संस्था का उद्देश्य प्राचीन प्रख्यात ग्रन्थकारों के अप्रकाशित ग्रन्थों की व ऐतिहासिक कागजपत्रों की खोज करना व उनका प्रकाशन करना है। प्रेसीडेंट—एन० सी० केलकर। सेक्रेटरी—प्रो० डी० वी० पोतदार। पता—शनवार पेठ, पूना।

इंडियन सायन्स कांग्रेस, कलकत्ता

यह संस्था वैज्ञानिक शोध की उन्नति के लिये १९१४ में स्थापित हुई। हर साल भिन्न भिन्न स्थानों में इसका अधिवेशन होता है। पता—एशियाटिक सोसाइटी आफ बेंगाल, पार्क स्ट्रीट कलकत्ता।

कामगार हितवर्धक सभा, बम्बई

स्थापना १९०९। उद्देश्य—(१) मजदूर व उनके मालिकों के बीच झगड़ों का समझौते से निपटारा करना। (२) मजदूरों को शिक्षा देकर उनकी बुरी आदतें दूर करना। (३) उनको उनके संकटकाल में आर्थिक, कानूनी या वैद्यकीय मदद देना और हर तरह से उनके हितों की रक्षा करना।

यूरोपियन एसोसियेशन, कलकत्ता

स्थापना १८८३। उद्देश्य—हिन्दी राजकीय जीवन में यूरोपियन वर्ग्स कायम रखना। इसकी भारत में कुल २० शाखायें हैं और एक त्रैमासिक पत्रिका भी निकलती है। प्रेसीडेण्ट, मि० जेलांगफर्ड जेम्स; जनरल सेक्रेटरी, कर्नल जे. डी. क्राफर्ड; मुख्य आफिस १७ स्टीफन कोर्ट, पार्क स्ट्रीट, कलकत्ता।

इंडियन केमिकल सोसाइटी, कलकत्ता

१९२४ में सर पी. सी. राय की अध्यक्षता में स्थापित हुई। सेक्रटरी-प्रो. जे. एन. मुकर्जी, ९२ अपर सरक्यूलर रोड, कलकत्ता।

इंडियन सोसाइटी आफ़ ओरियंटल आर्ट, कलकत्ता

बङ्गाल के प्रसिद्ध व्यक्तियों ने १९०७ ई० में इस सभा की स्थापना की। प्रत्येक वर्ष प्रदर्शिनी होती है।

प्रेसीडेण्ट—सर राजेन्द्रनाथ मुकर्जी, सेक्रेटरीज—मेसर्स काटन व जी. एन. टागोर। पता—६ ए. कारपोरेशन स्ट्रीट हिन्दुस्तान बिल्डिंग, कलकत्ता।

आर्ट सोसाइटी, बम्बई

१८८८ में चित्र व अन्य कला के कामों की प्रदर्शिनियों से कलाओं को उत्तेजना देने के उद्देश्य से स्थापित हुई। प्रेसीडेन्ट—सर कावस जी जहांगीर। सेक्रेटरी—वी० वी० ओक।

एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता

पौर्वात्य हस्तलिखित ग्रन्थों का संग्रह अच्छी संख्या में करना उद्देश्य है। सेक्रेटरी, जी. एच. टिपर ५७ पार्क स्ट्रीट, कलकत्ता।

सोशल सर्विस लीग, बम्बई

स्थापना १९११। उद्देश्य—सामाजिक जनसेवा। संस्था की 'सोशल सर्विस' क्वार्टर्ली नामक एक त्रैमासिक पत्रिका है और संस्था अन्य लोकोपयोगी काम करती है।

वेस्टर्न इंडिया नेशनल लिबरल असोसियेशन, बम्बई

स्थापना १९१९। उद्देश्य—जनसाधारण के नैतिक, आर्थिक व राजकीय सुखवृद्ध्यर्थ अखंडित प्रयत्न के उद्देश्य से यह संस्था आल इंडिया माडरेट पार्टी कान्फ्रेन्स के प्रस्तावानुसार स्थापित की गई थी। प्रेसीडेंट—सर चिमनलाल सीतलवाद। पता—१०७ इस्प्लेनेड रोड, फोर्ट, बम्बई।

ऐङ्गलो इंडियन लीग, कलकत्ता

ऐङ्गलो इण्डियनों के हितरक्षणार्थ यह सभा स्थापित हुई। अध्यक्ष—डा० एच० डबलू० वी० मोरीनो एम० एल० सी०, सेक्रेटरी—मि० ए० मेकडोनाल्ड बी० ए०, बी० एल०। आफिस—२ वेलस्ली स्क्वेअर कलकत्ता।

बनारस मेथिमेटिकल सोसाइटी

गणित विषय का अध्ययन व ऐतिहासिक जांच करने के लिये ता० २९ अगस्त १९१८ में स्थापित हुई। सोसाइटी का एक जर्नल व लायब्रेरी है और उसमें करीब ६० मेंबर हैं। डा० गोरखप्रसाद प्रेसीडेंट।

हिन्दू वनिता आश्रम तथा आल इंडिया हिन्दू सम्बन्ध सहायक समिति, सहारनपुर

स्थापना—२२ जून १९२२ को पं० हरिदेव शर्मा कथावाचक द्वारा। सदस्यों की संख्या ६० है।

ज्ञानमण्डल, काशी

स्थापना—सन् १९१९ में श्री० शिवप्रसाद गुप्त ने की और वही इसके सञ्चालक हैं। प्रधान व्यवस्थापक श्री० श्रीप्रकाश हैं। इस मण्डल से

अनेक उत्तम २ पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। हिन्दी भाषा की उन्नति ही इसका ध्येय है। 'आज' दैनिक पत्र यहीं से प्रकाशित होता है।

महारानी लक्ष्मीबाई स्मारक सभा, झांसी

इस सभा का उद्देश्य महारानी लक्ष्मीबाई के लिये एक उत्तम स्मारक तैयार करना है। यह संस्था रजिस्टर्ड है। प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय गणेशशंकर विद्यार्थी अमर शहीद के बाद स्थायी अध्यक्ष नहीं चुने गये हैं। उपसभापति श्री० ए० जी० खेर एम० एल० ए० काम कर रहे हैं। और मंत्री श्री० र० वि० धुलेकर एम० एल० ए० हैं। पता—झांसी।

इंडियन मेथेमेटिकल सोसाइटी, पूना

स्थापना १६०७। हिन्दुस्तान में गणित विषय के अध्ययन की प्रगति के उद्देश्य से स्थापना। संस्था की लायब्रेरी फरग्यूसन कालेज पूना में है जहां से उसके अखिल भारतीय २२५ मेंबरों को किताबें व पत्रिकायें भेजी जाती हैं। संस्थाकी त्रैमासिक पत्रिका मद्रास से प्रकाशित होती है। प्रेसीडेन्ट-मि० आर० पी० परांजपे वा० चांसलर लखनऊ यूनिवर्सिटी। सेक्रेटरी—डा० वैद्यनाथ स्वामी मद्रास यूनिवर्सिटी।

पेसिंजर्स एंड ट्राफिक रिलीफ़ असोसियेशन, बम्बई

स्थापना १९१५। संस्थापक जीवराज जी० नेन्सी। उद्देश्य—भारतीय रेलवे और जहाज व अन्य कम्पनियों के प्रवासियों के कष्टों की खोज करके दूर करने के लिये सभाओं, अर्जियों, प्रचार वगैरा द्वारा प्रयत्न करना व इस उद्देश्यपूर्ति के लिये शाखाओं की स्थापना व धन सञ्चय करना। प्रेसीडेंट—बेहराम एन० करांजया जे० पी०। सेक्रेटरी—खानबहादुर पी० ई० घामट। पता—ऐलबर्ट बिल्डिंग, हार्नबी रोड, बम्बई।

नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी बम्बई

स्थापना १९१३। उद्देश्य—प्राणि-शास्त्र की सर्वशाखाओं के अध्ययन को उत्तेजना देना। संस्था का एक प्राणिसंग्रहालय है जिसमें हिन्दुस्तान भर के सब तरह के प्राणी हैं। इसके करीब १७०० मेंबर हैं। संस्था की तरफ़ से एक त्रैमासिक पत्रिका प्रकाशित होती है। प्रेसीडेन्ट—सर लेस्ली विल्सन। सेक्रेटरी—आर. ए. स्पेन्सर। पता, ६ अपोलो स्ट्रीट बम्बई।

खादी प्रतिष्ठान, सोदेपुर बंगाल

यह खादी-प्रचार की सबसे बड़ी

संस्था बंगाल में है । साबरमती आश्रम के ढङ्ग पर यहाँ कार्यकर्ता सिखाये जाते हैं । इस प्रतिष्ठान के मुख्य कार्यकर्ता श्री० सतीशचन्द्र दास गुप्त हैं । डा० पी० सी० राय की भी बहुत कुछ सहायता है । रंगसाजी भी सिखाई जाती है । बंगाल में इस संस्था की अनेक शाखायें हैं और खादी बेचनेवाले भण्डार भी काफी हैं । लगभग १०००० रु० की खादी प्रत्येक मास में तैयार होती है । यह प्रतिष्ठान पुस्तकें भी प्रकाशित करता है और प्रचार का भी कार्य करता है । इसके कार्यकर्ता १६० हैं ।

भांडारकर ओरियंटल रिसर्च इन्स्टीस्यूट, पूना

स्वर्गीय सर रामकृष्ण भांडारकर के नाम से १९१७ में स्थापित हुई । संस्था के उद्देश्य पौर्वात्य प्राचीन साहित्य के मौलिक ग्रन्थों का व अन्य ग्रन्थों के शुद्ध संस्करण को प्रकाशित करना, पौर्वात्य साहित्य की खोज करने के मार्ग छात्रों को सिखाना, साहित्य का ज्ञान हर तरह से संगृहीत करना व ग्रन्थों का संग्रहालय स्थापित करना है । इस संस्था को डाक्टर सर आर० जी० भांडारकर की बहुमूल्य लायब्रेरी और डेक्कन कालेज के हस्तलिखित प्रतियों का संग्रह प्राप्त हुआ है और इसकी सांपत्तिक स्थिति भी अच्छी है । संस्था से एक पत्रिका प्रकाशित होती है ।

सन् १९२७ से संस्कृत, पाली, अर्धमागधी और प्राचीन सभ्यता विषयों में एम० ए० की शिक्षा दी जाती है । सेक्रेटरी—डा० वी० एस० सुकथानकर एम०ए०,पी० एच०डी० ।

सर गंगाराम ट्रस्ट सोसाइटी, लाहौर

स्वर्गीय सर गंगाराम ने १ दिसंबर १९१४ को यह ट्रस्ट कायम किया । इस ट्रस्ट द्वारा निम्न-लिखित संस्थायें चलाई जाती हैं और सन् १९३६ में जो उन संस्थाओं को सहायता दी गई वह यहाँ दी जाती है—

	रु०
विधवाविवाह सहायक सभा	३००००
सर गंगाराम फ्री हास्पिटल	३५४५२
हिन्दू स्टूडेन्ट्स केरियर सोसाइटी	११८१८
बिज़िनेस ब्यूरो व लाइब्रेरी	५०००
हिन्दू अपाहिज आश्रम	७०००
इन्डस्ट्रियल वर्कशाप स्कालरशिप्स	१८५४
दीन हिन्दू फंड	८०००
सर गंगाराम हिन्दू गर्ल्स स्कूल	४५६२२

विधवाविवाह सहायक सभा—इस सभा के प्रयत्नों द्वारा १९३६ में ३६६२ विधवाविवाह हुए और सभा ने स्वयं १४६४ कराये। इस सभा की शाखायें देश भर में ६१७ हैं। इस सभा ने इस वर्ष २४५८०-६-४ खर्च किया। दो पत्रिकायें "विधवा-बन्धु" (हिन्दी) और "विधवा-सहायक" उर्दू प्रकाशित की जाती हैं।

हिन्दू अबला-आश्रम तथा अनाथ शिशुगृह, कलकत्ता

इस आश्रम की स्थापना (१९२४) का श्रेय स्वर्गीय बा० फूलचंद चौधरी, श्री० पद्मराजजैन, तथा श्री बालकृष्ण मोहता को है। सन् १९२६ से श्री प्रभूदयाल हिमतसिंका एम० एल० ए० प्रधान तथा श्री० पद्मराज जैन मन्त्री हैं। प्रत्येक वर्ष सैकड़ों अनाथ अबलाओं को आश्रय दिया जाता है और इसी प्रकार नवजात बच्चों को तथा अन्य अनाथ बच्चों की रक्षा की जाती है। स्त्रियों के लिये शादी का भी प्रबंध किया जाता है यदि वे चाहें। सन् १९३४ में ४१६, सन् १९३५ में ५१७, और सन् १९३६ में ४८४ स्त्रियां प्रविष्ट हुईं और १९३४ में १५६, सन् १९३५ में २३७, और सन् १९३६ में २१० शिशु प्रविष्ट हुए। बच्चे गोद भी दिये जाते हैं, तथा बड़े होने पर अनाथालयों को भेज दिये जाते हैं। बालिकाओं और स्त्रियों के लिये पढ़ने का प्रबंध है। अबलाश्रम में सन् १९३६ में २६६५१ रु० खर्च हुआ और शिशुगृह में ६६४५ रु० खर्च हुआ।

जामैमिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली

यह संस्था उर्दू भाषा की राष्ट्रीय विद्यापीठ है। अरबी व फारसी विद्या की उच्च शिक्षा देना इसका उद्देश्य है। अनेक परीक्षायें प्रति वर्ष ली जाती हैं। इस संस्था के पास एक अत्युत्तम वाचनालय, छापाखाना तथा उर्दू पुस्तकों का भंडार भी है। जामैमिल्लिया ने एक 'उर्दू एकाडमी' भी कायम की है जिसमें विज्ञान, इतिहास इत्यादि इत्यादि के विश्वस्त ग्रन्थ लिखने का प्रबंध किया गया है। इस एकाडमी के अधिष्ठाता डा० सैयद आबिदहुसेन एम० ए०, पी० एच० डी० हैं।

जामैमिल्लिया के अध्यापक तथा विद्यार्थी सब राष्ट्रीय विचारों के हैं और कांग्रेस भक्त हैं। प्रिंसिपल डा० ज़ाकिरहुसेन हैं जिन्होंने शिक्षा संबंधी "वर्धा स्कीम" तैयार की है।

क्षय रोगियों के लिये शुश्रूषा-गृह भुवाली, यू० पी०

यह रजिस्टर्ड संस्था स्वर्गीय मि०

वी० एम० मलबारी व मि० दयाराम गिडुमल ने १९०९ में स्थापित की। धरमपुर में यह सेनिटोरियम देवदार के जङ्गल में विस्तृत स्थान में है। १९११ में उसका नाम 'दी किंग एडवर्ड दी सेवन्थ सेनिटोरियम' रक्खा गया। इस संस्था की एक स्वतन्त्र गौशाला दूध के लिये है और इसके लिये लेडी हार्डिङ्ग वाटर वर्क्स नामक पानी का भांडार है। यहां ७५ रोगियों के लिये प्रबन्ध है और दो डाक्टर भी इलाज के लिये संस्था की तरफ से नियत हैं। यू० पी० गवर्नमेंट द्वारा सहायता मिलती है। पता—भुवाली, यू० पी०।

थियोसोफिकल एजुकेशनल ट्रस्ट, अडियार

स्थापना १९१३। उद्देश्य—भारतीय विद्यार्थियों को मानसिक, शारीरिक, धार्मिक व बौद्धिक शिक्षा देना। ट्रस्ट की साधारण शिक्षानीति श्रीमती बेसेन्ट की "प्रिन्सिपल्स आफ एजुकेशन" नामक किताब में है। संस्था की मुख्य शालायें व पाठशालायें निम्नलिखित हैं—

(१) थियोसोफिकल स्कूल व कालेज, अडियार. (२) थियोसोफिकल स्कूल, मदनापल्ली. (३) यथियोसोफिकल स्कूल, बनारस. (४) महिला थियोसोफिकल पाठशाला, बनारस। सेक्रेटरी—मि० यदुनन्दनप्रसाद। मुख्य स्थान—अडियार।

सेवासदन सोसाइटी, पूना

स्वर्गीय श्रीमती रमाबाई रानडे, मि० गो. कृ. देवधर प्रभृति सज्जनों ने १९०९ में पूना में स्थापित की। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य स्त्रियों को स्वावलम्बी बनाना और शैक्षणिक व वैद्यकीय क्षेत्रों में सेवा करने की शिक्षा देना है। इस संस्था की शाखायें सतारा, बारामती, बम्बई, सोलापुर, अहमदनगर, अलीबाग, व नासिक आदि स्थानों पर हैं और लगभग १२०० स्त्रियां व बालिकायें इन सब शाखाओं में मिलकर सङ्गीत, रोग-चिकित्सा, दाइयों का काम, तथा अन्य विषयों की शिक्षा पाती हैं। बाई मोतीबाई वाडिया के नाम से एक ट्रेनिङ्ग कालेज है जिसमें ८५ महिलायें शिक्षक बनने की शिक्षा पाती हैं। इस संस्था ने अपना ध्यान इस समय विशेषतः सूतिका-परिचर्या, शिशु व बालसङ्गोपन व अन्य नर्सिङ्ग कार्य की ओर भी दिया है। प्रेसीडेन्ट—श्रीमती राणी साहिब सांगली और मंत्री जी० बी० गरुड हैं। पता—पूना।

बम्बई ह्यूमेनिटेरियन लीग (जीव-दया-संघ)

स्थापना १९१९। उद्देश्य—आरोग्य उपयोगिता तथा भूत दया की दृष्टि से पशु-हत्या-निषेध लोगों को बतलाना और हर तरह की निर्दयता से पशुओं को बचाने की कोशिश करना। अंग्रेजी मासिक इण्डियन ह्यूमेनिटेरियन और गुजराती मासिक "जीवदया" संस्था की ओर से प्रकाशित होती हैं। सेक्रेटरी श्री० झावबाला।

डेक्कन एजुकेशन सोसाइटी, पूना

यह संस्था महाराष्ट्र में शिक्षा-प्रचार के उद्देश्य से स्थापित हुई। इसके संस्थापकों में लोकमान्य तिलक, श्रीयुत आगरकर प्रभृति स्वार्थत्यागी नेता थे। प्रारम्भ में न्यू इङ्गलिश स्कूल नामक पाठशाला खोली गई। संस्था द्वारा कायम किये हुए फरग्युसन कालेज पूना व विलिंगडन कालेज सांगली नामक दो कालेज व अनेक पाठशालायें हैं जिनमें कई हजार छात्र शिक्षा पाते हैं और संस्था की निज की कई कीमती इमारतें व छात्रालय हैं। देश की शिक्षा-संस्थाओं में इस संस्था का प्रधान स्थान है।

विमेंस इण्डियन एसोसियेशन, मयलापुर, मद्रास

इस संस्था की स्थापना १९१७ में अडियार में हुई। संस्था के निम्नलिखित उद्देश्य हैं—(१) बालविवाह की प्रथा की रोक। (२) महिलाओं के लिये कौंसिलों व म्युनिसिपैलिटियों में मताधिकार प्राप्त करना। मतदान का व मेंबर होने का हक सम्पादन करना। (३) महिलाओं को यह ज्ञान करा देना कि भारत के भविष्य का उत्तरदायित्व उनके हाथ में है क्योंकि माताओं व पत्नियों के नाते से भारत के भावी शासकों का चरित्र बनाने का कार्य उनका ही है। (४) अनाथ व रोगी दुःखितों की शुश्रूषा करने की शिक्षा महिलाओं को देना। इस संस्था की ४८ शाखाएँ हैं। उसमें ४००० हजार से ऊपर मेंबर हैं। संस्था में सेवासदन की तरह सङ्गीत, सीना, पिरोना, आरोग्य, धर्म व साहित्य की शिक्षा दी जाती है। संस्था से एक 'स्त्रीधर्म' नाम की मासिक पत्रिका भी प्रकाशित होती है।

इस सभा की सदस्या डा० श्रीमती एम० मुथुलक्ष्मी रेडी (प्रेसीडेंट), श्रीमती रुक्मिणी लक्ष्मीपती तथा अन्य महिलायें उच्चपद पर हैं।

यंगमेन्स क्रिश्चियन एसोसियेशन कलकत्ता।

इस संस्था की स्थापना १८४४ में सर जार्ज विलियम्स के द्वारा हुई। इस समय इस संस्था की लगभग दो सौ पचास शाखायें सारे जगत् में फैली हुई हैं। हिन्दुस्तान में इसकी ६० से ऊपर शाखायें हैं और सर्व-धर्म व पथ के कई हजार मेंबर हैं। संस्था का उद्देश्य युवकों की धार्मिक, सामाजिक, मानसिक व शारीरिक उन्नति करना है। संस्था की तरफ से एक मासिक पत्रिका "यंग मेन आफ इंडिया" निकलती है। संरक्षक-लार्ड लिनलिथगो, प्रेसीडेंट - डा० फास-वेस्ट काट, सेक्रेटरी—बी० एल० रलियाराम।

यंगविमेन्स क्रिश्चियन एसोसियेशन आफ़ इंडिया, कलकत्ता

स्थापना १८७५, उद्देश्य–यूरोपियन एङ्गलो इंडियन व भारतीय युवतियों व कन्याओं की आध्यात्मिक, बौद्धिक, शारीरिक व सामाजिक उन्नति करना। शाखायें १५४। संस्था के २३ निवास-गृह हैं। संस्था का कार्य वाई० एम० सी० ए० के ही धरती पर होता है। कन्याओं के लिये शारीरिक व्यायाम, खेल, क्लब, व्याख्यान, व्यापारिक शिक्षा, बाइबिल शिक्षा व सामाजिक सभा आदि का प्रबंध किया जाता है। पता—१३४ कोरपोरेशन स्ट्रीट कलकत्ता।

इंडियन इकोनोमिक सोसाइटी, बम्बई

स्थापना १९१५। उद्देश्य--अर्थ-शास्त्र का अध्ययन शास्त्रीय दृष्टि से करना और भारत के उद्योगधन्धों का निश्चित ज्ञान एकत्र करना। एक त्रैमासिक पत्रिका "दी जर्नल आफ दी इंडियन एकोनोमिक सोसाइटी" संस्था से प्रकाशित होती है. आफिस—सर्वेंट आफ इंडिया सोसाइटीज होम, गिरगांव, बम्बई।

पारसी राजकीय सभा, बम्बई

स्थापना १९८१। उद्देश्य-राजकीय विषयों की पारसी समाज को शिक्षा देना और पारसियों में राजनैतिक कार्य की रुचि उत्पन्न करके भार-तोन्नति में अन्य समाजों की सहा-यता करने के लिये उनको तैयार करना। अध्यक्ष-एम०आर०बोमनजी, सेक्रेटरी—मि० बी० एफ० भारुचा, पता- लिप्टन कम्पनी के सामने-अपोलो स्ट्रीट, फोर्ट बम्बई।

सर्वेण्ट्स आफ इंडिया सोसाइटी, पूना

यह संस्था स्व० देशभक्त गोपाल-कृष्ण गोखले ने १९०५ में स्थापित

की थी। इस संस्था का उद्देश्य ऐसे देशसेवकों को तैयार करना है जो देश-सेवा को धर्म समझकर उसके लिये अपना पूरा आयुष्य देवें। यह संस्था सर्व वैध उपायों द्वारा भारतवासियों के हितवृद्धि के प्रयत्न करने का उद्देश्य अपने सामने रखती है। संस्था का मुख्य आफिस पूना में है और बम्बई, मद्रास, इलाहाबाद, नागपुर, में शाखायें हैं। उप-शाखायें कालीकट। मंगलोर, लखनऊ, लाहौर व कटक में हैं। सेवक को प्रवेश के अनन्तर तीन वर्ष तक पूना में और दो साल तक और जगह पर कुल पांच साल तक अस्थायी रूप से रहना पड़ता है। हर मेंबर को प्रतिज्ञा करनी पड़ती है कि देश ही का स्थान उसके हृदय में सदा प्रथम रहेगा और वह जात-पांत विचार छोड़कर सब भारतवासियों की सेवा भ्रातृ-भाव से करेगा। स्वर्गीय गोखले के बाद आनरेबुल मि० सी० एस० श्री निवास शास्त्री प्रेसीडेंट हुए और तदनन्तर मि० गो० कृ० देवधर प्रेसी-डेन्ट हुए। उनकी मृत्यु पर अब श्री० हृदयनाथ कुंजरू प्रेसीडेन्ट हैं। सहकारी समितियों का आन्दोलन, दुर्भिक्ष-पीड़ितों की सहायता, मजदूर-संगठन व अन्य सामाजिक कार्यों में संस्था के मेंबर प्रमुख भाग लेते हैं। सोसाइटी के तीस मेंबर हैं और उसके नियंत्रण में 'हितवाद,' 'ज्ञानप्रकाश', व 'सर्वेंट आफ इंडिया', समाचार-पत्र प्रकाशित होते हैं।

अखिल भारतीय चरखा-संघ, अहमदाबाद

यह संस्था सितम्बर सन् १९२५ में पटना में आल इंडिया कांग्रेस-कमेटी की बैठक के अवसर पर महात्मा गांधी द्वारा कायम हुई। मुख्य उद्देश्य यह था कि खादी-प्रचार के कार्य में राजनैतिक कार्यों से बाधा न पड़े। कांग्रेस-कमेटी ने अपना कुल धन, जो खादी-कार्य में लगा हुआ था, इस संस्था को प्रस्ताव द्वारा दे दिया। पाँच वर्ष के लिये एक कार्यकारिणी कमेटी भी बना दी गई और उसके लिये नियम भी बना दिये गये।

प्रान्तों में एजेन्ट और सेक्रेटरी नियत हैं जो संस्था का कार्य चलाते हैं।

इस समय इस संस्था के ४९२३ खादी बनानेवाले ग्राम और २५६ बेचने वाले भंडार हैं। सन् १९३६ में संस्था की ओर से ४४२००६३१ वर्ग-गज़ खादी तैयार की गई और २४३१४२२ रु० की बेची गई।

इस संस्था का यह भी कार्य है कि खादी-प्रचार के लिये रुई धुनकना, कातना, बुनना, रँगना, सूत

जांचना, और यन्त्र बनाना विद्यार्थियों को सिखावे।

इसके अतिरिक्त संघ की ओर से प्रमाणित खादी तैयार करने के केन्द्र १६४३ हैं। जिन्होंने सन् १६३६ में १७५३०६६ वर्गगज़ खादी बनाई, और १०,१६,३१६ रु० की बेची। प्रेसीडेन्ट—महात्मागांधी। सेक्रेटरी—शंकरलाल बैंकर, खजांची—सेठ जमनालाल बजाज।

सर्वेन्ट्स आफ दी पीपुल्स सोसाइटी, लाहौर

सन् १६२१ में स्वनामधन्य लाला लाजपतराय जी ने इस समिति की नींव डाली। उद्देश्य—राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक और शिक्षासम्बन्धी क्षेत्रों में मातृभूमि की सेवा के लिये होनहार और शिक्षित नवयुवकों को तैयार करना। प्रत्येक व्यक्ति को, जो सोसाइटी में शामिल होता है, यह प्रतिज्ञा करनी पड़ती है कि वह कम से कम बीस साल तक सोसाइटी की सेवा करेगा, उसके उद्देश्यों को सफल बनाने की पूरी कोशिश करेगा, और कोई कार्य ऐसा नहीं करेगा जो सोसाइटी के उद्देश्यों के प्रतिकूल हो। सोसाइटी के मेम्बर वे ही लोग बनाये जा सकते हैं जो ग्रेजुएट हों या उतनी योग्यता रखते हों। सोसाइटी का सारा प्रबन्ध कार्यकारिणी कमेटी करेगी जिसमें सिर्फ सोसाइटी के मेम्बर होंगे और जिसके मेंबरों का चुनाव हर साल सोसाइटी के मेम्बरों, द्वारा हुआ करेगा। लालाजी संस्था के नियमों द्वारा प्रथम सभापति थे। बाद में हर तीसरे साल सभापति का चुनाव हुआ करेगा, ऐसा नियम है। सभापति मेंबरों में से ही चुना जायगा। सोसाइटी के सहायकोंमें से "एसोशिएट" भी बनाये जाते हैं।

अपने मेम्बरों के गुजारे मात्र के लिये सोसाइटी कुछ वृत्ति देती है जो ५० रुपये मासिक से आरंभ होकर ११० रुपये मासिक तक है। बच्चों के लिये तथा घरभाड़ा अलग मिलता है। इस सम १४ आजीवन सदस्य हैं।

आजीवन सदस्य

(१) लाला फिरोजचन्द (२) लाला अचिन्तराम (३) लाला जगन्नाथ (४) देवराज सेठी (५) मोहनलाल (६) बलदेव चौबे (७) अलगूराय शास्त्री (८) हरिहरनाथ शास्त्री (६) हनुमानप्रसाद माथुर (१०) लिङ्गराज मिश्र (११) लालबहादुर शास्त्री (१२) बलवन्त राय मेहता (१३) अमरनाथ विद्यालङ्कार (१४) लाला छबीलदास।

सभा की कार्यकारिणी समिति—श्रीपुरुषोत्तम दास टंडन (प्रेसीडेन्ट), श्री फीरोजचन्द, श्री अचिन्तराम, श्री मोहनलाल, श्री छबीलदास, श्री जगन्नाथ (सेक्रेटरी)

हरिजन-उद्धार का कार्य सोसाइटी की तरफ से पंजाब और संयुक्त प्रान्त में हो रहा है। अछूतोद्धार के कार्य पर हर साल ४० हजार रुपया खर्च किया जा रहा है।

सोसाइटी के प्रयत्नों से पंजाब और संयुक्त प्रान्त में सहयोग-समितियों (कोआपरेटिव सोसाइटीज) का कार्य खूब जोर पकड़ रहा है।

सोसाइटी के आधीन दोनों प्रान्तों में अछूतों की शिक्षा के लिये १०० से अधिक पाठशालायें खुल चुकी हैं। मेरठ में कुमार-आश्रम और लाहौर में श्रद्धानन्द-आश्रम सोसाइटी द्वारा सञ्चालित हो रहे हैं। इन आश्रमों में आक्षरिक ज्ञान के अलावा बच्चों को रहन-सहन का ढङ्ग सिखाया जाता है और उन्हें समाज-सेवा के लिये तैयार किया जाता है।

सोसाइटी द्वारा किये हुए आन्दोलन से पंजाब-सरकार ने एक विज्ञप्ति निकालकर बेगार को गैर कानूनी करार दे दिया है। सोसाइटी की ओर से 'बन्देमातरम्' (उर्दू) और 'पीपुल' (अंग्रेजी) यह दो पत्र प्रकाशित होते हैं। जिन्होंने अल्प काल में ही बहुत प्रतिष्ठा प्राप्त कर ली है।

सोसाइटी के सदस्यों ने बिहार-भूकम्प के समय, तथा यू० पी० किसान-आन्दोलन तथा बाढ़, क़हत आदि के समय बड़ी तत्परता से काम किया है। लाहौर में स्वास्थ्य, शिशुपालन व व्यायाम वगैरह की शिक्षा का प्रबन्ध भी सोसाइटी की ओर से हुआ है। बाढ़-पीड़ितों की सहायता व मजदूर-सङ्गठन का कार्य भी सोसाइटी करती है। सोसाइटी के मेम्बरों को कांग्रेस के कार्य में भाग लेने की पूर्ण आजादी है और कई मेम्बर राजनैतिक जीवन के खास अङ्ग हैं। सन् १९३०–३२ के आन्दोलन में सोसाइटी के अनेक मेम्बर जेल गये। स्वर्गीय लाला लाजपतराय असेम्बली के मेम्बर थे और पं० लिंगराज मिश्र बिहार उड़ीसा कौंसिल के मेम्बर थे। इस समय श्री पुरुषोत्तमदास टंडन (प्रेसीडेंट) यू० पी० एसेम्बली के "स्पीकर" हैं और अलगूराय शास्त्री, लालबहादुर शास्त्री, तथा राजाराम शास्त्री उक्त एसेम्बली के मेम्बर हैं और हरिहरनाथ शास्त्री यू० पी० कौंसिल के नियोजित सदस्य हैं।

संस्था का धन लगभग ढाई लाख रुपया है। इसके अतिरिक्त लालाजी स्मारक-फण्ड भी जमा हुआ है।

वार्षिक खर्च लगभग २८००० है।

हिन्दू अबलाश्रम, कलकत्ता

श्री० फूलचन्द चौधरी, श्री० पद्म-राज जैन, श्री० बालकृष्ण मेहता तथा अन्य सज्जनों ने मिलकर यह आश्रम विधवाओं तथा अनाथ स्त्रियों की रक्षा के लिये सन् १९२४ में खोला। सन् १९२८ में ऐसी १९ कुमारी बालिकायें आईं जिन्हें उनके सम्बंधियों ने ही भ्रष्ट कर दिया था और वे गर्भवती हो गईं। ७२ बच्चों में से ३२ अपनी माताओं के साथ गये और १८ मर गये। शेष का प्रबन्ध कर दिया गया। ३१ मई १९२८ को ४४ बालिकायें थीं। वार्षिक व्यय १३०९०) है। स्थायी मासिक आमदनी २५०) है।

सर्वेंट्स आफ़ दि नेशन सोसाइटी, झांसी (राष्ट्रसेवा-मंडल)

यह संस्था सन् १९३२ में श्रीयुत र० वि० धुलेकर द्वारा राष्ट्रसेवा के लिये स्थापित की गई। इसी प्रकार की अन्य सभाओं के सदृश आजीवन सदस्यों के लिये मासिक पुरस्कार आदि के लिये नियम हैं। जो सज्जन संस्था के उद्देश्यों से सहानुभूति रखते हैं और धन द्वारा तथा परिश्रम द्वारा सहायता करते हैं उन्हें "एसोशियेट" कहते हैं।

इस संस्था के पास लगभग ६० हजार रुपये की अचल सम्पत्ति है। संस्था ने सन् १९३४ में बुन्देलखंड, आयुर्वेदिक कालेज, झांसी में स्थापित किया। दो सार्वजनिक औषधालयों द्वारा जनता की सेवा की जा रही है।

संस्था का कार्यसंचालन कार्य-समिति द्वारा होता है जिसके प्रधान र० वि० धुलेकर हैं और मंत्री श्री० कुंजविहारीलाल शिवनी बी. ए. एलएल. बी. हैं। संरक्षक—श्रीयुत पुरुषोत्तमदास टंडन हैं। पता—झांसी।

आल इंडिया विमेन्स (महिला) कान्फ्रेन्स

इस कान्फ्रेन्स की स्थापना सन् १९२६ में श्रीमती मारगरेट ई० कजिन्स (सेक्रेटरी विमेन्स इंडियन एसोसियेशन, अडियार मद्रास) के प्रयत्नों से हुई। उन्होंने पत्रों द्वारा सब स्त्री-समाज से अपील की कि प्रान्तों में महिला-समाज कायम करें और अपने विचार शिक्षा संबंधी प्रकट करें। सन् १९२६ में अनेक प्रान्तों में कान्फ्रेन्सें हुईं और प्रथम अखिल भारतवर्षीय महिला कान्फ्रेन्स ता० ५ जनवरी १९२७ में पूना में हुई। अध्यक्षस्थान श्रीमती महारानी गायकवाड़ ने ग्रहण किया। सन्

१६२८ में कान्फ्रेन्स श्रीमती बेगम माता भूपाल की अध्यक्षता में दिल्ली में हुई। इस कान्फ्रेन्स में लेडी इर्विन भी सम्मिलित हुईं। प्रस्तावों द्वारा श्री हरबिलास शारदा के 'विवाह नियमन बिल' का समर्थन तथा केन्द्रीय एसेम्बली में स्त्रियों के लिये काफी सदस्यतायें मिलने की मांग की गई। स्त्री-शिक्षा के लिये एक फंड भी कायम किया गया। कान्फ्रेन्सें बराबर हर साल होती हैं। सन् १६३१ में डा० श्रीमती मुथुलक्ष्मी रेडी की अध्यक्षता में जो कान्फ्रेन्स लाहौरमें हुई उसमें शिक्षा व अछूतोद्धार के प्रश्नों के अतिरिक्त राजनीति का प्रवेश भी कान्फ्रेन्स में हुआ और उसके बाद प्रतिवर्ष यह कान्फ्रेन्स अधिक उत्तरोत्तर राजनैतिक स्वरूप धारण करती जाती है। नये शासन-विधान तथा दिन-प्रतिदिन सामने आनेवाले प्रश्नोंपर कान्फ्रेन्स में विचार होता है। इस कान्फ्रेन्स ने ज्वाइन्ट पार्लामेंटरी कमेटी के सामने अपना आवेदनपत्र भेजा और ३ प्रतिनिधियों ने लंदन जाकर गवाही भी दी।

अखिल भारतीय हरिजन-सेवक-संघ

महात्माजी ने इस संघ की स्थापना की। इसका संचालन एक केन्द्रीय बोर्ड द्वारा हुआ जिसमें प्रेसीडेंट, मन्त्रीगण, खजांची तथा सब प्रान्तीय बोर्डों के प्रेसीडेंट और १५ तक अधिक सदस्य होते हैं। प्रेसीडेंट हर तीन वर्ष चुना जाता है। कुल सम्पत्ति ट्रस्टियों के हाथ में रहती है। सन् १६३५ में २४ प्रान्तीय बोर्ड थे जिनमें लगभग १७६ जिला और १५४ ताल्लुका कमेटियाँ काम करने लगी थीं।

इस संघ के काम अनेक हैं। उद्योगगृह, रात्रि-पाठशाला, हरजन-पाठशाला आदि खोले जाते हैं। हरिजनों के लिये कुएँ बनवाना तथा पब्लिक कुओं से हरिजनों को पानी लेने का अधिकार दिलाना, मंदिरों में प्रवेश मिलना, सर्वसाधारण जनता में अछूतपना के भावों को नष्ट करना, हरिजन विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियाँ दिलाना आदि आदि इस संघ के कार्य हैं। श्री० ए० वी० ठक्कर प्रधान मन्त्री संघ के हैं।

संघ ने दिल्ली में एक "हरजन बस्ती" भी बसाई है और म्यूनिसिपैलिटियों में यह प्रयत्न किया जा रहा है कि हरिजनों के लिये साफ़-सुथरे मकानात बनवाये जावें और उनकी वर्तमान आबादियों को उन्नत किया जावे।

महात्माजी ने हरिजन कार्य के लिये ७ नवम्बर १६३३ से अगस्त

१६३४ तक सारे भारतवर्ष में दौरा किया था और इस कार्य के लिये धन एकत्र किया था। पता—वर्धा।

नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

काशी-नागरीप्रचारिणी सभा की स्थापना १६ जुलाई १८६३ ई० को हुई थी। इन ३७ वर्षों में इस सभा ने हिन्दी की निस्सीम सेवा की है।

संयुक्तप्रदेश की अदालतों में फारसी अक्षरों का पूर्ण प्रचार था। देवनागरी अक्षरों का नाममात्र को भी कहीं प्रवेश न था। इससे साधारण प्रजा को तो कष्ट होता ही था, साथ ही साथ प्रारम्भिक शिक्षा के प्रचार में भी बड़ी बाधा पड़ती थी। इन विचारों से प्रेरित होकर सभा ने अदालतों में नागरी अक्षरों के प्रचार का विशेष उद्योग आरम्भ किया। इस उद्योग का परिणाम यह हुआ कि सन् १८६८ में संयुक्तप्रदेश की गवर्नमेंट ने यह आज्ञा निकाल दी कि जो सज्जन चाहें वे अदालतों में आवेदन पत्रादि नागरी अक्षरों में दे सकते हैं और अदालतों से जो समन आदि निकलें वे नागरी और उर्दू दोनों ही लिपियों में निकलें।

सन् १८६६ में संयुक्तप्रदेश की गवर्नमेंट ने सभा का हस्तलिखित हिन्दी पुस्तकों की खोज के लिये ४००) की वार्षिक सहायता देना स्वीकार किया। गवर्नमेंट अपनी यह सहायता बढ़ाती रही और अब सन् १६२१ से वह सभा को इसके लिये २०००) की सहायता प्रतिवर्ष देती है। इन वर्षों में सैकड़ों नये कवियों तथा कई सहस्र ग्रन्थों का पता लगा है और अनेक ग्रन्थों के सन्-सम्बत् आदि का ठीक २ निश्चय किया गया है। सन् १६३५–३६ में ३११ हस्त-लिखित ग्रन्थों का विवरण लिया गया। इनमें से २२६ इटावा ज़िले में लिये गये।

पंजाब की गवर्नमेंट ने भी अपने प्रान्त में प्राचीन हस्तलिखित हिन्दी पुस्तकों की खोज के लिये सन् १६२१ से १६२३ तक तीन वर्ष ५००) की वार्षिक सहायता दी थी, पर अब वह बन्द हो गई है।

प्राचीन पुस्तकों की खोज के साथ ही साथ सभा ने चुनी चुनी पुस्तकों को प्रकाशित करना भी आरंभ कर दिया। ये पुस्तकें नागरीप्रचारिणी ग्रन्थमाला के नाम से प्रकाशित हुई हैं।

इस काम में भी संयुक्तप्रदेश की गवर्नमेंट ने कई वर्षों तक कभी २००) और कभी १००) की वार्षिक सहायता दी थी। श्रीमान् अलवर नरेश ने तुलसी-ग्रन्थावली प्रकाशित करने के लिये ५०००) की सहायता दी थी।

हिन्दी में वैज्ञानिक शब्दों का बड़ा अभाव था और विज्ञान-संबंधी लेख या ग्रन्थ लिखने में बड़ी कठिनता पड़ती थी। अतः सन् १८९८ में सभा ने यह निश्चय किया कि भूगोल, ज्योतिष, अर्थशास्त्र, रसायनशास्त्र, गणितशास्त्र, पदार्थ विज्ञान तथा दर्शनशास्त्र के अंग्रेजी शब्दों का एक कोश उनके पर्यायवाची हिन्दी शब्दों के साथ तैयार किया जाय। सात वर्षों के निरन्तर उद्योग के अनन्तर सन् १९०८ में यह कोश छपकर प्रकाशित हुआ। इसमें अंग्रेजी के १०३३० और हिन्दी के १६२६६ शब्द हैं।

सन् १९०८ में इस सभा ने हिंदी में एक सर्वाङ्गपूर्ण बृहत् कोश के निर्माण करने का काम अपने हाथ में लिया और सन् १९२८ में यह कोश तैयार हुआ। सभा ने यह भी निश्चय किया है कि इस कोश का एक संक्षिप्त संस्करण प्रकाशित किया जाय। बाबू श्यामसुन्दरदास ने इस कोष की तैयारी में बड़ा परिश्रम किया है।

सन् १९१४ से सभा ने मनोरंजन पुस्तकमाला नाम की एक पुस्तकावली छापना आरंभ किया।

जोधपुर के प्रसिद्ध इतिहासवेत्ता स्वर्गवासी मुन्शी देवीप्रसादजी ने सन् १८९८ में इस सभा को बम्बई (अब इम्पीरियल) बंक के ७ हिस्से इसलिये दिये थे कि इनकी आय से सभा हिन्दी में इतिहास-सम्बन्धी पुस्तकें प्रकाशित करे। इसमें अब तक अनेक पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं।

शाहपुरा के श्रीमान् महाराज कुमार उम्मेदसिंहजी से उनकी स्वर्गीया धर्मपत्नी श्रीमती महाराज कुँवरानी श्री सूर्यकुमारी देवी की स्मृति में हिन्दी की उन्नति के लिये ४ वर्ष तक प्रतिवर्ष २ हजार रु० सभा को मिलते रहे। इस सहायता से सभा ने "सूर्यकुमारी पुस्तकमाला" प्रकाशित की। जयपुर राज्य के बारहट बाला-बख्शजी ने राजपूतों और चारणों के रचे हुए ऐतिहासिक ग्रन्थ और कविता की पुस्तकें प्रकाशित करने के लिये सभा को ७०००) दिये थे। इस सहायता से बारहट बालाबख्श राज-पूत चारणपुस्तकमाला प्रकाशित होती है जिसमें बांकीदास की ग्रन्थावली और बीसलदेव रासो ये दो ग्रन्थ निकले हैं।

सन् १९०७ में सभा ने यह निश्चय किया कि हिन्दी का एक सर्वाङ्ग-सुन्दर व्याकरण बनना चाहिये यह काम पंडित कामताप्रसाद गुरू को सौंपा गया। जिन्होंने आठ वर्ष के निरन्तर परिश्रम के अनन्तर एक व्याकरण तैयार किया। हिन्दी के

प्रसिद्ध विद्वानों की एक समिति के निर्देश के अनुसार यह व्याकरण संशोधित होकर छप गया। इसके कई संक्षिप्त संस्करण भी तैयार हुए हैं और भिन्न २ स्थानों में पाठ्यक्रम के अन्तर्गत आ गये हैं।

सभा ने अपने जीवन के चौथे वर्ष में 'नागरीप्रचारिणी पत्रिका' नाम की एक त्रैमासिक पत्रिका निकालना आरंभ किया था। ११ वर्ष तक यह त्रैमासिक रूप में निकली। १२वें वर्ष से इसका रूप मासिक हो गया। सम्वत् १९७७ से इसे पुनः त्रैमासिक रूप दिया गया और अब इसमें प्राचीन शोध संबंधी लेख ही दिये जाते हैं। हिन्दी में यह अपने ढंग की बिलकुल नई और अद्वितीय पत्रिका है।

सभा ने अपने जीवन के दूसरे वर्ष से हिन्दी की सुन्दर हस्तलिपि के लिये पुरस्कार देना आरंभ किया था। पहले पहल यह पुरस्कार संयुक्त-प्रदेश के वर्नाक्यूलर स्कूलों के विद्यार्थियों को दिया जाता था, पर सन् १९१९ से प्रति वर्ष ४४) के पुरस्कार संयुक्तप्रदेश के समस्त स्कूलों के विद्यार्थियों में बाँटे जाते हैं।

इसके अतिरिक्त अनेक पुरस्कार ग्रन्थकारों को सभा से दिये जाते हैं जिनके साथ एक एक पदक भी दिया जाता है। उल्लेखनीय ये हैं—

मेहता जोतसिंह पुरस्कार—इतिहास विषयक सर्वोत्तम ग्रन्थ के लिए प्रति तीसरे वर्ष दिया जाता है।

छन्नूलाल पुरस्कार—विज्ञान विषयक सर्वोत्तम ग्रंथ के लिये।

रत्नाकर पुरस्कार—व्रज भाषा की सर्वोत्तम कविता के लिए।

बटुकप्रसाद पुरस्कार—सर्वोत्तम शिक्षाप्रद मौलिक उपन्यास या नाटक के लिए। इसके साथ सुधाकर रौप्य पदक दिया जाता है।

द्विवेदी स्वर्णपदक—"काव्य में रहस्यवाद" नामक ग्रन्थ के लिए। यह पदक पं० रामचन्द्र शुक्ल को दिया गया। अब से सर्वोत्तम ग्रन्थ के रचयिता को प्रति वर्ष दिया जाता है।

आर्यभाषा पुस्तकालय जिसमें हिन्दी की लगभग १३९३० छपी पुस्तकें, अंग्रेजी की करीब २१६४ पुस्तकें तथा १२० पत्र-पत्रिकायें आती हैं। ११ गुजराती, ३ मराठी, १ बङ्गला और १ गुरुमुखी भी आती है। हिन्दी का इतना बड़ा पुस्तकालय भारतवर्ष में दूसरा नहीं है। पंडित महावीरप्रसाद द्विवेदी का भी संग्रह अब इसी पुस्तकालय में सम्मिलित है जिससे इसका महत्त्व और भी बढ़

गया है। इस संग्रह में कई सहस्र अच्छे अच्छे ग्रन्थ हैं। पुस्तकालय को १०००) प्रान्तीय गवर्नमेंट से तथा बनारस के म्यूनिसिपल बोर्ड से भी ३६०) वार्षिक प्राप्त होता है। सन् १६३५—३८ में व्यय २७३५ रु० हुआ।

सभाभवन निज का है। सन् १६०४ में यह भवन बनकर तैयार हुआ था।

इस सभा को "सरस्वती" पत्रिका तथा "हिन्दी साहित्य-सम्मेलन" को जन्म देने का गौरव प्राप्त है, और इसने हिन्दी के उत्थान, प्रसार तथा प्रचार में अमूल्य सहायता की है।

भारत-कला-भवन—१००० चित्र राजपूत, मुगल तथा कांगड़ा शैली के हैं। प्राचीन मूर्तियों की संख्या लगभग १०० से अधिक है। प्राचीन सिक्कों की संख्या ३०० के लगभग है। बहुमूल्य साहित्यिक, और ऐतिहासिक ग्रन्थ, सोने और चांदी की बनी हुई मूल्यवान् मीने की वस्तुओं, हाथीदांत की तथा पीतल और अन्य धातुओं की बनी हुई वस्तुओं और ऊनी, रेशमी तथा सूत के प्राचीन वस्त्रों आदि का दर्शनीय संग्रह है।

सभा की ४४वीं रिपोर्ट (सं० १६६३ वि०) के अनुसार आय १७७१५) और व्यय १६७६१) है।

संस्था ने हिन्दी भाषा की बड़ी भारी सेवा की है, इसमें सन्देह नहीं।

संस्था के प्रधान कार्यकर्ता निम्नलिखित हैं—

सभापति—बाबू श्यामसुन्दरदास

उपसभापति—पंडित रामनारायण मिश्र, ठा० शिवकुमारसिंह, प्रधान मंत्री—कृष्णदेवप्रसाद गौड़, साहित्य मंत्री पं० विद्याभूषण मिश्र।

दुर्गावती आश्रम, जबलपुर

मध्यप्रांत में सन् १६२६ से दुर्भिक्ष जारी होने के कारण सूबे के कार्यकर्ताओं ने दुर्भिक्ष-पीड़ित किसानों की सहायता के लिए यह संस्था स्थापित की। मुख्य संस्थापक श्रीयुत सेठ गोविन्ददास हैं। इसका उद्देश्य यह नहीं है कि मुफ़्त रुपया या नाज बांटा जावे किन्तु किसानों मज़दूरों को कोई लाभदायक कार्य दिया जावे।

अखिल भारतवर्षीय वैद्य सम्मेलन

सरकार से आयुर्वेद को हरतरह दबाये जाने पर वैद्य-समुदाय ने उपरोक्त सम्मेलन की स्थापना २७ वर्ष पहिले की।

२६वें आयुर्वेद-सम्मेलन के सभापति वैद्यशास्त्री प्राणाचार्य नारायणशङ्कर देवशंकरजी थे जिनका

स्वर्गवास १६३७ में हुआ। प्रधान मन्त्री श्रीकविराज रसायना-चार्य प्रतापसिंहजी हैं। सम्मेलन केअधिवेशन प्रतिवर्ष विभिन्न स्थान में होते हैं।

गीता धर्म मण्डल, पूना।

इस मंडल की स्थापना ता० २३ जूलाई १६२४ को हुई। मंडल का उद्देश्य यह है कि श्रुति, स्मृति विशेषतः ईशोपनिषद् महाभारत भगवद्गीता के आधार पर प्रचार शिक्षण, और ग्रन्थ प्रकाशन द्वारा कर्म योगात्मक गीता धर्म का प्रसार किया जावे।

रचना।

मण्डल के सहायक निम्न प्रकार के हैं:—

(१) आश्रयदाता—जो ५०० रुपया या अधिक एकदम देवें।

(२) सभासद जो एकदम १०० रु० या अधिक देवें।

(३) चंदा देनेवाले—जो मण्डल को प्रति वर्ष ५ रु० देते हों।

(४) हितचिंतक—जो कुछ भी सहायता दें।

इस मण्डल द्वारा गीताजयन्ती उत्सव प्रति वर्ष मार्गशीर्ष शुद्ध ११ को मनाए जाने का प्रयत्न किया जाता है और भारतवर्ष में गीता-जयन्ती मनाई जावे, ऐसा आन्दोलन किया जा रहा है। अनेक स्थानों में गीताजयन्ती मनाई जाने लगी।

गीता-रहस्य-विषयक निबन्ध के लिए प्रतिवर्ष इनाम देने के लिए रुपया जमा कर लिया गया है और जो व्यक्ति इस विषय पर सर्वोत्तम निबन्ध लिखे उसे दिया जाता है।

मण्डल के मुख्य कार्यकर्ता निम्न लिखित हैं—

१—नृसिंह चिन्तामणि केलकर अध्यक्ष

२—वे० शा० स० सदाशिव शास्त्री भिडे प्रचारक।

३—ग० वि० केतकर—खजांची व मन्त्री।

अखिल भारतवर्षीय अछूतोद्धार सभा, कानपूर

इस सभा की स्थापना पं० मदन-मोहन मालवीय, स्व० ला० लाजपतराय तथा श्री० घनश्यामदास बिड़ला के प्रयत्नों से कुछ वर्ष पहिले स्थापित हुई।

अछूत कहानेवाली जातियों को निम्नलिखित सुविधाएँ दिलाने का प्रयत्न करना इस सभा का उद्देश्य है:—

(१) अछूत प्रथा का मिटाना।

(२) अन्य हिन्दू जातियों के समान अछूतों को सामाजिक

अधिकारों को प्राप्त करना जैसे पबलिक कुओं से अछूतों को पानी लेने देना, सार्वजनिक कार्यों में समान रूप से भाग लेने देना, सार्वजनिक पाठशालाओं में शिक्षा लेने देना, मन्दिरों में देवदर्शन लेने देना आदि।

इस सभा की शाखाएँ भारतवर्ष भर में हैं। सभा का कार्य सन् १९२४ से १९२७ तक अधिक जोर से चला क्योंकि उस काल में हिन्दू-मुसलिम अनबन बहुत बढ़ गई थी और दोनों ओर से अपने अपने धर्म की उन्नति करने के प्रयत्न किए जा रहे थे।

ला० लाजपतराय के तिलक स्कूल आफ पोलीटिक्स के कुछ कार्यकर्ता इस कार्य में लगे हुए हैं। सभा की ओर से संयुक्तप्रांत, बिहार, पंजाब में अनेक शाखाएँ हैं। अछूतोद्धार सभा के प्रधान मन्त्री का कार्य श्रीयुत लाला रामप्रसाद (भूतपूर्व सम्पादक बन्देमातरम्) कुछ वर्षों तक करते रहे।

महाराष्ट्र-साहित्य सभा, इन्दौर।

स्थापना—सितम्बर सन् १९१५। उद्देश्य—मराठी साहित्य की उन्नति। सभापति—श्रीयुतरावबहादुर सरदार माधवराय विनायक किबे। मन्त्री—वि० हा० आपटे। पता—इन्दौर

श्रीगोवर्धन संस्था, बांई बम्बई

इस संस्था को श्री० बालकृष्ण मार्तंड चौंडे महाराज ने गोहत्या रोकने तथा गौओं की वृद्धि करने, उत्तम दूध का प्रयत्न करने, चरागाहों का प्रबन्ध करने आदि उद्देश्योंके लिए सं० १९९२ में स्थापितकी "गोरक्षण" पत्र प्रकाशित किया जाता है।

४०००० रु० खर्च करके ५०० एकड़ चराभूमि इस संस्था ने खरीदी है। लगभग ४० शाखायें खोली जा चुकी हैं।

हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग

हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन की स्थापना सम्वत् १९६७ वि०(१९१०ई०) में काशी स्थान में हुई। प्रथम अधिवेशन के सभापति महामना पं० मदनमोहन मालवीय थे। चतुर्थ सम्मेलन के सभापति स्वर्गीय स्वामी श्रद्धानंद थे। इस सम्मेलन में हिन्दी की परीक्षा संबंधी नियमावली बनाई गई। नागरी वर्णमाला पर विचार करने के लिये भी एक उप-समिति बनाई गई। अगले वर्ष से सम्मेलन के साथ हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी भी की जाने लगी। इसी सम्मेलन (लखनऊ) में परीक्षोत्तीर्ण विद्यार्थियों को सर्वप्रथम उपाधियाँ वितरण की गईं। आठवें सम्मेलन (इंदौर) के सभापति

महात्मा गांधी थे। उस वर्ष मद्रास प्रान्त में हिन्दी प्रचार का कार्य प्रारंभ किया गया। १६वां सम्मेलन गोरखपुर में श्रद्धेय अमर शहीद गणेशशंकर विद्यार्थी के सभापतित्व में हुआ था।

मंगलाप्रसाद-पारितोषिक

कलकत्ते के प्रसिद्ध साहित्यप्रेमी सेठ गोकुलचंद ने ४००००) रुपये के प्रामीसरी नोट प्रदान किये जिसके ब्याज से १२००) रुपये हर साल उत्तम पुस्तक के लेखक को दिया जाया करे। उनके भ्राता स्वर्गीय मंगलाप्रसाद के नाम से यह पारितोषिक प्रतिवर्ष दिया जाता है।

सम्मेलन परीक्षायें

भारत के कोने कोने से विद्यार्थी सम्मेलन की परीक्षाओं में प्रतिवर्ष बैठते हैं।

हिन्दी-विद्यापीठ

सम्मेलन की ओर से एक हिन्दी-विद्यापीठ भी स्थापित किया गया है।

पुस्तकप्रकाशन

सम्मेलन का एक साहित्य-विभाग है जिसमें पुस्तकों के प्रकाशन का कार्य होता है।

सम्मेलन अपनी एक पत्रिका भी प्रकाशित करता है।

हिन्दी-प्रचार

सम्मेलन का मुख्य कार्य हिन्दी का प्रचार कार्य है। मद्रास, आन्ध्र, तामिल, कर्नाटक, मैसूर, सिंध, पंजाब, आसाम तथा बंगाल प्रदेशों में यह प्रचार किया जाता है। पता—प्रयाग।

सेन्ट्रल हिन्दू मिलिटरी एजूकेशन सोसाइटी नासिक

यह सोसाइटी भारतीय हिन्दू-समाज के नवयुवकों को फौजी शिक्षा देने के लिये डा० बी० एस० मुंजे ने अथक परिश्रम करके स्थापित की है। उनके प्रयत्नों से श्रीमान् मोतीलाल मानिक चंद उर्फ प्रताप सेठ ने १ लाख रुपया का दान दिया जो स्थायीकोश के रूप में रख दिया गया है और उस पर ४०००) रु० वार्षिक ब्याज मिलता है। अभी तक २½ लाख रुपया जमा हुआ है। १७० एकड़ भूमि नासिक के पास ली गई है और उसमें अनेक इमारतें तैयार की गई हैं।

भोंसला मिलिटरी स्कूल

सोसाइटी की ओर से जो फौजी विद्यालय खुला है उसका नाम भोंसला मिलिटरी स्कूल रखा गया है। ६० विद्यार्थियों के रहने का प्रबंध किया गया है। १५ जून १६३७ से विद्यालय खुला और २० जून १६३८ से अभ्यास प्रारंभ हुआ है।

भूमि का नाम "रामभूमि" रखा गया है और उसके गिर्द (१) हिन्दूकुश, (२) कन्याकुमारी, (३) फारस की खाड़ी, (४) ब्रह्मा-जापान, (५) अफ़ग़ानिस्तान (६) अदन-अरब (७) नैपाल (८) जगन्नाथपुरी नामक ८ द्वार हैं।

इमारतों के नाम रानी झांसी, रानी दुर्गावती, प्रताप आदित्य, बाजी चिमाजी आदि महान् स्त्री-पुरुषों के स्मारक रूप रखे जावेंगे। प्रेसीडेंट—प्रताप सेठ और प्रधान मन्त्री डा० बी० एस० मुंजे। पता—नासिक।

श्रीरामकृष्ण मिशन, बेलूर

श्रीरामकृष्णदेव परमहंस के स्वर्गवास (१८८६) के बाद ही स्वामी विवेकानंद की अध्यक्षता में संन्यासियों का एक संघ निर्माण किया गया जिसके उद्देश्य यह थे—(१) संन्यासियों का ऐसा मंडल स्थापित करना जो त्याग और व्यावहारिक अध्यात्म का जीवन व्यतीत करें और जिनमें से कार्यकर्त्ता तथा शिक्षक तैयार किये जावें जो वेदान्त तथा धार्मिक विचारों का प्रसार करें। (२) साधारण शिष्यवर्ग के सहयोग से प्रचारकार्य, और सेवाकार्य इस धरती पर किया जावे कि सर्व स्त्री, पुरुष और बालकों को बिना किसी रंग, धर्म अथवा जाति के भेदभाव के परमात्मा का ही स्वरूप माना जावे।

यूरोप से वापिस आकर स्वामी विवेकानंद ने सन् १८९७ में "रामकृष्ण मिशन एसोसियेशन" नामक संघ आरंभ किया था जिसके द्वारा प्रचारकार्य तथा सेवाकार्य किया जाता था। उन्होंने सन् १८९९ में बेलूर स्थान पर एक मठ स्थापित किया और सन् १९०१ में "ट्रस्ट" रजिस्टर्ड करा दिया। इसके बाद उपरोक्त 'रामकृष्ण मिशन संघ' का काम इस मठ ने करना आरंभ किया। किन्तु काम बहुत बढ़ जाने से यही उचित समझा गया कि अलग ही एक संस्था होनी चाहिये और सन् १९०९ में "रामकृष्ण मिशन" नामक संस्था सन् १८६० के ऐक्ट के अनुसार रजिस्टर्ड हुआ।

मठ की शाखायें अलग खोली गईं और रामकृष्ण मिशन की भी शाखायें भिन्न भिन्न स्थानों में खोली गईं।

'रामकृष्ण मिशन' भारतवर्ष में सबसे बड़ी परोपकारी संस्था है और उसमें कार्यवाहक केवल त्याग और सेवा के ही आधार पर कार्य करते हैं।

वेदान्त के प्रचार के लिये योरोप और अफ्रीका को इस मिशन और

डा० मुंजे

भाई परमानन्द

श्री० के. एफ. नरीमैन

श्री० सी. एफ. ऐन्ड्रूज़

और मठ से प्रचारक भेजे जाते हैं। मठ और मिशन का कोश अलग अलग है।

सन् १९३५ में २६ मिशन केन्द्र, १६ संयुक्त मठ और मिशन केन्द्र और २५ मठ केन्द्र भारत और ब्रह्मदेश में थे। इनके अतिरिक्त ४ केन्द्र लंका में, १ स्ट्रेट सेटलमेंट में, १ इंगलैंड में, १ जर्मनी में, १ दक्षिण अमरीका में, १२ यूनाइटेड स्टेट्स अमरीका में थे। इस संस्था का कार्य निम्न-लिखित आँकड़ों से स्पष्ट होगा—

भारत, लंका व स्टेट सेटलमेंट

९ अस्पताल ७०३९ रोगी
४४ दवाखाने १०,५०,३३२ रोगी
२८ आश्रम बाहरी सेवा करनेवाले
२४ आश्रम ६४४ विद्यार्थी
३ स्कूल निवासस्थानयुक्त २८६ लड़के।

७ हाई स्कूल १८८१ विद्यार्थी
३ औद्योगिक स्कूल ११० विद्यार्थी
६ मिडिल इं० स्कूल ७९१ ,,
४८ अपर व लो० प्रा० स्कूल ४८४९ विद्यार्थी
१५ रात्रिपाठशाला ५२९ विद्यार्थी
४ अनाथालय ८४ विद्यार्थी

बिहार-भूकम्प (१५ जनवरी १९३४) के अवसर पर रामकृष्ण मिशन ने कई सहस्र झोपड़े बनाये। २५३ कुएँ साफ किये और बहुत से बनाये। ३१८१ मन अन्न, १३४११ नये और १०३३४ पुराने कपड़े, १७१३ ऊन और ७७०६ रुई के कम्बल, ५०३१ बर्तन, ९३८ बालटियां तथा और बहुत सा उपयोगी सामान पीड़ितों को बाँटा।

पीड़ितों की सेवा और सहायता इस मिशन का कार्य है और यह कार्य पूर्णरूपेण निस्स्वार्थ बुद्धि से किया जाता है। यही इस संस्था की उपयोगिता के लिये कहना पर्याप्त है। पता—बेलूर।

यू० पी० किराना सेवासमिति, कानपुर

यह संस्था सन् १९२० में स्थापित हुई। लाला काशीराम इसके आजीवन अध्यक्ष हैं। उद्देश्य दीन-हीनजनों की सेवा करना है। समिति की ओर से एक बृहत् दवाखाना चलाया जाता है। स्वयंसेवकों द्वारा मेलों आदि अवसरों पर यात्रियों को सहायता दी जाती है। बिहार-भूकम्प में इस सेवासमिति ने प्रशंसनीय सेवाकार्य किया। कानपुर में लड़के तथा स्त्रियाँ गुंडों द्वारा भगाई जाती हैं, उनकी रोकथाम का प्रयत्न सफलता-पूर्वक किया। यह सेवासमिति ग़रीब विद्यार्थियों को उचित सहायता देती है। अंधे, लूले-लँगड़े, कोढ़ी, विधवायें तथा अनाथों

को अन्न-वस्त्र दान में दिये जाते हैं। जाड़ों में दीनों को कम्बल बांटे जाते हैं।

किराना बाज़ार में व्यापारियों से बिक्री पर आध आना रुपया प्रति-मन पर कटौती काटकर सेवासमिति को दी जाती है जिससे उपरोक्त कार्य किये जाते हैं। मन्त्री—कृष्णलाल गुप्त बी. ए. एल-एल. बी.।

क्षेत्र बाबा काली कमलीवाला, ऋषिकेश

वैकुण्ठनिवासी श्री १०८ बाबा काली कमलीवाले जब सं० १६४१ में उत्तराखण्ड की यात्रा को पधारे उस समय श्रीबद्रीनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री के रास्ते का यह हाल था कि बहुत खर्च करनेवाले यात्री को भी ठहरने के लिये जगह और भोजन के लिये अन्न नहीं मिलता था। साधारण यात्रियों की अवस्था तो अत्यन्त ही दुःखजनक थी। इस कारण इस यात्रा का फल बहुत कम लोग उठा सकते थे।

इस कष्ट की निवृत्ति के लिए वैकुण्ठनिवासी बाबा काली कमली वाले महाराज ऋषिकेश में बैठकर धर्मात्मा पुरुषों को इस मार्ग में जगह जगह धर्मशाला, सदावर्त, आदि खुलवाने का उपदेश किया करते ताकि यात्री और अभ्यागतों को आराम मिले और धर्मात्मा पुरुषों का धन भी शुभ कार्य में खर्च हो। जिस समय संवत् १६५३ में बाबा काली कमलीवाले महाराज का वैकुण्ठवास हुआ, उस समय आपके सामने यात्रा लाइन में ६ सदावर्त थे। कोश भी मामूली ही था और क्षेत्र का काम भी एक छोटे से रूप में था।

उनके बाद बाबा रामनाथजी ने, जो कि वैकुण्ठवासी बाबाजी के सामने भी क्षेत्र का कार्य-सम्पादन करते रहते थे, कार्यभार सम्भाला और ईश्वर की कृपा, बाबा जी की आत्मिक शक्ति के बल तथा सज्जन श्रीमानों की सहायता से आपने क्षेत्र के कार्य और कोश को विशाल रूप से बढ़ाते हुए क्षेत्र को एक स्थायी, लोकप्रिय, दातव्य संस्था के रूप में परिणत कर दिया।

आपने यात्रा लाइन में दुकान-दारों को पेशगी रुपया देकर दुकानें खुलवाईं और अपने पुरुषार्थ से ६८ सदावर्त और खुलवाये। आज बाबा जी के क्षेत्र के आधीन कुल ५७ सदावर्त, १२ औषधालय, ६५ धर्म-शाला, ४२ प्याऊ, ५ गौशाला, ३ पाठशाला, तथा एक आयुर्वेदिक कालेज, एक आयुर्वेदिक औषध-निर्माणशाला और सेवासमिति

है । सहस्रों यात्रियों को, साधु-संन्यासियों को, अबलाओं को, अनाथों को, रोगियों को अन्न, वस्त्र, उपयोगी सामग्री, तथा औषधि दी जाती है । संवत् १९८२ फाल्गुन बदी ३ को बाबा रामनाथ जी का भी स्वर्गवास हो गया । तब से बाबा मनीराम जी धर्मात्मा सज्जन श्रीमानों की सहायता और बाबाजी की तथा महात्माओं की कृपा से क्षेत्र का प्रबंध यथोचित करते चले आ रहे हैं ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, अमृतसर

यह संस्था ता० १५ नवम्बर १९२० ई० को स्थापित हुई । इस संस्था का उद्देश्य यह है कि सिख-पंथ के गुरुद्वाराओं का उचित प्रबंध सिखों द्वारा ही हो । आरम्भिक काल में सिखों के गुरुद्वाराओं का प्रबंध स्थानिक संगतों (सदस्यों के समूहों) के हाथों में रहता था जो अपना २ ग्रन्थी (पुजारी) नियत कर लेते थे । कभी २ समय पाकर यह ग्रन्थी स्वार्थवश, अपने आपको मालिक समझ लेते थे और दुष्कर्मों में लिप्त हो जाते थे । उस समय सिखों की संगतें ऐसे लोगों को हटा देती थीं । किन्तु अंग्रेजी राज्य में इन ग्रन्थियों को महन्तों जैसा मान कानून द्वारा मिलने लगा और ग्रन्थी ही (जो ग्रन्थ साहब के एक प्रकार के पुजारी थे) गुरुद्वारा के मालिक माने जाने लगे । संगतों की भी दृष्टि इन गुरुद्वारों की ओर कम हुई । फलतः गुरुद्वाराओं का प्रबंध बिगड़ गया और ग्रन्थी लोग आमदनी को नाच-रंग में उड़ाने लगे । जायदादें बरबाद की जाने लगीं । सन् १९१८ के करीब सिखों में गुरुद्वाराओं के सुधार की चर्चा चलने लगी । और अमृतसर के सुवर्णमन्दिर में नाचरंग बन्द किये जाने का प्रयत्न किया जाने लगा किन्तु सिखों की कुछ चल न सकी । गुरु गोविन्दसिंह ने सिखों को सशस्त्र सिपाही बना दिया था । ऐसे सशस्त्र योद्धाओं का नाम "अकाली" पड़ गया था । इन्हीं अकालियों ने गुरुद्वारा-सुधार-आन्दोलन आरम्भ किया । उन्हें यह देखकर अत्यन्त दुःख हुआ कि सुवर्ण गुरुद्वारा अमृत-सर के महन्त ने जनरल डायर को, जिसने जलियानवाला बाग में भीषण हत्याकांड किया था, 'खिलअत' दी । सन् १९२० में नानकाना साहब में एक ऐसा महन्त बना दिया गया जो सिखधर्म छोड़ चुका था । 'बावेदी बेर' नामक मुकदमा भी चला किन्तु सिख हार गये । सरकार ने सिखों को इस कार्य में कोई सहायता

न दी। इन्हीं बातों से सिखों ने निश्चय कर लिया कि बिना सरकारी सहायता के वे स्वयं अपनी शक्ति से गुरुद्वारों का सुप्रबंध कर लेंगे। इन कारणों से 'शिरोमणि गुरुद्वारा-कमेटी' की स्थापना हुई। इस कमेटी ने गुरुद्वारा-सुधार-आन्दोलन बड़े जोरशोर से चलाया। 'गुरु का बाग सत्याग्रह' इसी कमेटी ने चलाया और सरकार को हरा दिया। उस स्थान पर सहस्रों अकालियों को भारी से भारी चोटें सरकारी पुलिस व फौज द्वारा दी गईं। सहस्रों अकाली जेल भेज दिये गये, अनेक नेताओं को कड़ी सजायें दी गईं किन्तु सिख पीछे न हटे। जैतो-सत्याग्रह भी अकालियों द्वारा किया गया और वहाँ भी अकालियों की विजय रही। सन् १९२५ में सरकार ने मजबूर होकर एक ऐक्ट पास किया जिसके द्वारा सब गुरुद्वारा सिखों के हाथ में दे दिये गये और महन्तों की शक्ति तोड़ दी गई।

इस संस्था की निम्नलिखित शाखायें हैं—

१—छूततोड़ सभा। २—शहीद सिख मिशनरी कालेज। ३—कानून-विभाग (शि० मु० प्र० क०) लाहौर। और ४—प्रत्येक सिख गुरुद्वारा के लिये एक प्रबंधक कमेटी।

प्रबन्धक कमेटी के कोष के चार भाग हैं। १—प्रचार। २—गुरुद्वारा-सेवक-सहायता। ३ गुरुद्वारा बोर्ड। ४—जनरल ट्रस्ट कोष।

श्रीभारतधर्म महामंडल, काशी

प्रयाग में महाकुम्भ के अवसर पर श्रीस्वामी केशवानन्द, श्रीस्वामी बालानन्द आदि महापुरुषों ने इस प्रकार के मंडल स्थापित किये जाने का कार्य आरंभ किया। इसी के बाद ही मथुरा में 'निगमागममण्डली' खोली गई और शास्त्र-प्रकाशन का कार्य प्रारम्भ किया गया। सन् १९०१ में सनातनधर्म महापरिषद् दक्षिणधर्म मण्डली, पूर्व भारतधर्म महामण्डल उत्तर भारत, तथा अन्य सभाओं के सम्मेलन से इस अखिल भारतवर्षीय धर्म महामण्डल का जन्म हुआ। सन् १९०२ में इस संस्था की रजिस्ट्री हुई।

वर्णाश्रमधर्मावलम्बी हिन्दू जाति में संघशक्ति उत्पन्न करके उसके सब प्रकार के कल्याण करने के अभिप्राय से इस भारतधर्म महामण्डल का सूत्रपात हुआ। सनातनधर्म के अनुयायियों की यह मुख्य सभा है।

सबसे पहले इस संस्था ने यह प्रयत्न किया कि विभिन्न सम्प्रदायों द्वारा यह सभा सबकी प्रतिनिधि सभा मानी जावे। इसके अतिरिक्त

अनेक ग्रन्थ भी प्रकाशित किये गये। हिन्दू राजन्य वर्ग से और सरकार से सहानुभूति भी प्राप्त की गई।

इस सभा के संरक्षक दो प्रकार के हैं—(१) स्वाधीन हिन्दू नरपति (२) साम्प्रदायिक धर्माचार्यगण।

व्यवस्थापक सभा

धर्म के विवादास्पद विषयों के निर्णय करने के लिए और उचित धर्म व्यवस्था देने के लिये विद्वान् ब्राह्मणगण व्यवस्थापक बनाये जाते हैं। इन विद्वानों की सभा को व्यवस्थापक सभा कहते हैं।

सहायक

सहायक ५ श्रेणियों में विभक्त हैं—(१) विद्यासम्बन्धी सहायता देनेवाले (२) धर्मकार्य करनेवाले (३) धन देनेवाले (४) विद्यादान करनेवाले (५) धर्म प्रचार करनेवाले साधु, संन्यासी आदि।

साधारण सभ्य

साधारण सभ्य हिन्दूमात्र हो सकते हैं।

प्रधान कार्यालय

काशी में प्रधान कार्यालय है। ट्रस्टों की शर्तों में ऐसा लिखा है कि यदि प्रधान कार्यालय यहाँ से हटाया जावे तो ट्रस्टों की स्थावर अस्थावर सम्पत्ति उसे न मिलेगी।

ट्रस्ट सम्पत्ति।

(१) महामण्डल ट्रस्ट (२) महामाया ट्रस्ट दो अलग अलग ट्रस्ट इस सभा की सहायता के संचालन के लिए हैं। दोनों ट्रस्टों की सम्पत्ति का मूल्य आठ लाख रुपये से अधिक है। प्रधान कार्यालय ट्रस्ट के ही भवन में है। इस भवन में (१) गायत्री-मन्दिर (२) सरस्वती-मन्दिर (३) महामण्डल-भवन हैं।

प्रकाशन-विभाग

(१) इस सभा का एक शास्त्र-अनुसन्धान-विभाग है।

(२) पाठशालाओं, स्कूलों तथा कालेजों के लिए धार्मिक पुस्तकें तैयार करनेवाला विभाग।

(३) हिन्दीभाषा-प्रचार-विभाग। हिन्दी की अनेक पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं।

(४) महामण्डल डायरेक्टरी विभाग। इसका प्रकाशन आरम्भ हो गया है।

अन्य विभाग

(१) हिन्दी सामाजिक संगठन।

(२) मानदान विभाग।

(३) रक्षा-विभाग।

(४) स्त्रीशिक्षा-विभाग—आर्यमहिला-हितकारिणी महा-

परिषद् नामक एक स्वतंत्र रजिस्टर्ड संस्था स्थापित कर दी गई है। 'आर्य महिला' पत्रिका भी प्रकाशित होती है।

(५) संगीत उत्साह प्रदान विभाग।

(६) वाराणसी विद्यापरिषद्। अनेक परीक्षायें की जाती हैं और उपाधियां दी जाती हैं।

दान-भण्डार

(८) उपदेशक महाविद्यालय।

(९) धर्मालय संस्कार-विभाग। तीर्थ स्थानों तथा मन्दिरों का जीर्णोद्धार इसी विभाग द्वारा होता है।

(१०) सार्वजनिक धार्मिक सेवा।

(११) प्रान्त - मण्डल और शाखा सभा।

(१२) धर्म-प्रचार-विभाग।

(१३) समाजहितकारी कोष।

वर्णाश्रमसंघ

भारतधर्म महामण्डल के अन्तर्गत प्राचीन वर्णाश्रम की रक्षा करने के लिये वर्णाश्रम की स्थापना की गई है।

अखिल भारतवर्षीय संस्कृत तथा आध्यात्मिक विश्व-विद्यालय

इसी मण्डल ने उपरोक्त संस्था "All India Sanskait and Spiritnol Univeresity' भी स्थापित की है।

भारतधर्म महामण्डल के संरक्षक सभी देशी नरेश हैं और जनरल प्रेसीडेंट महाराज दरभंगा और जनरल सेक्रेटरी विद्यारत्न पं० रामेश्वरदत्त पांडे हैं।

विमेन्स इंडियन एसोशियेसन।

यह संस्था ८ मई सन् १९१७ को श्रीमती जिनाराजा दास के प्रयत्नों से भारत की महिला-समाज की उन्नति के लिये अडियार, मद्रास में स्थापित हुई।

इस संस्था की शाखाएँ भारत के अनेक स्थानों में हैं तथा लंदन में भी एक शाखा है। लंदन की अनेक सामाजिक संस्थाओं से इसका संबंध है। मिसेज हामिद अली, मिसेज़ कुबलुन्निसां हुसेन और बेगम कमालुद्दीन टर्की में १२ वीं इन्टरनेशिनल एलायंस आफ वीमेन में इस्तम्बोल स्थान पर १८ से २५ अप्रैल १९३५ तक सम्मिलित हुई।

स्त्रियों के मताधिकार सम्बन्धी काफी कार्य इस संस्था ने किया है। इस सभा की सदस्या डा० श्रीमती एस० मुथुलक्ष्मी रेडी (प्रेसीडेंट), श्रीमती रुक्मिणी

लक्ष्मीपती तथा अन्य महिलायें उच्च पदों पर हैं।

कानपुर-संगीत-समाज

कानपुर-संगीत-समाज का ८ जनवरी १९२७ को सूत्रपात हुआ था। जिस समय संगीत-समाज स्थापित किया गया था उस समय कानपुर में सङ्गीत की ओर लोगों की कुछ भी रुचि न थी। समाज ने सङ्गीत के अधिवेशन प्रारम्भ किये जिनमें गुणीजनों के गायन-वादन की आयोजना की गई। धीरे धीरे जनता में सङ्गीत की ओर रुचि बढ़ने लगी। नवम्बर १९२८ में समाज ने एक सङ्गीत-विद्यालय भी खोल दिया जो दिन प्रतिदिन उन्नति कर रहा है। इस समय विद्यालय की तीन शाखायें हैं। एक मारवाड़ी विद्यालय में, एक खत्री हाई स्कूल में और एक बालिका-विद्यालय में। इनमें से बालिका-विद्यालय में केवल बालिकाओं को ही संगीत की शिक्षा दी जाती है।

सन् १९२९ में समाज ने द्वितीय युक्तप्रान्तीय सङ्गीत परिषद् को आमन्त्रित किया जो कानपुर एडवर्ड मेमोरियल हाल में बड़े धूमधाम से हुई। उसके पश्चात् समाज प्रत्येक वर्ष एक सङ्गीत-परिषद् की आयोजना करता रहा है। समाज प्रत्येक मास में एक साधारण अधिवेशन और वर्ष में एक बार बालक-बालिकाओं का संगीत में प्रतियोगिता की आयोजना करता है। सन् १९३५ से समाज अपना एक वार्षिक मुखपत्र भी निकाल रहा है। गत वर्ष सदस्यों की संख्या १११ थी। इस वर्ष सदस्यों की संख्या ९३ है।

प्रेसीडेंट—रायसाहब गोपीनाथ मेहरोत्रा।

मन्त्रीप्रोफेसरजयदेवसिंह, सहकारी मन्त्री—शंकर श्रीपाद बोडस।

यू० पी० डिप्रेस्डिस क्लासेस लीग।

सन् १९११ में, बरेली शहर में, सर्वप्रथम प्रांतीय 'सर्वदलित सभा' की स्थापना हुई। सन् १९२६ तक इसने सामाजिक सुधार और जाति-संगठन का कार्य किया। उसी साल इसका नाम 'यू० पी० डिप्रेस्डक्लासेज एसोसिएशन' हो गया था। सन् १९३३ से यू० पी० डिप्रेस्ड क्लासेस लीग के नाम से सुप्रसिद्ध है। प्रांतीय वार्षिक अधिवेशनों के अतिरिक्त तीन अखिल भारतवर्षीय सम्मेलन भी हो चुके हैं। इसका एक मात्र उद्देश्य दलित जातियों की सर्वोन्मुखी उन्नति करने का है।

शिक्षाप्रसाद राजनैतिक समाधिकारों की प्राप्ति तथा मानसिक, आत्मिक, सामाजिक शक्ति का संपादन इसकी उन्नति मार्ग के साधन हैं। इसके वर्तमान सभापति सुप्रसिद्ध देशहित बरेली-निवासी डा० धर्मप्रकाशजी तथा मन्त्री बा० लालताप्रसादजी सोनक्कर हैं। इसके कार्मसंचालन के लिए २६ सदस्यों की एक कार्यकारिणी समिति भी है।

सन् १९३७ के सम्मेलन।

१९ वां हिंदू-महासभा अधिवेशन,

अहमदाबाद

ता० ३० दिसम्बर १९३७

सभापति—स्वतन्त्रवीर विनायक दामोदर सावरकर।

यह अधिवेशन विशेष उत्साह के साथ हुआ क्योंकि महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध देशभक्त तथा त्यागी श्री० विनायक दामोदर सावरकर इसके सभापति थे। अपने भाषण में उन्होंने हिन्दू-राष्ट्रीयता तथा हिन्दू-संस्कृति की रक्षा पर अधिक ज़ोर दिया और साथ-साथ मुसलिम संस्थाओं तथा नेताओं की नीति का खंडन किया।

मुख्य प्रस्ताव—(१) कोल्हापुर, बड़ोदा, ट्रावन्कोर, कशमीर तथा लाठी नरेशों को बधाई दी गई कि उन्होंने अछूतों के लिये राज्यमंदिर खोल दिये हैं। अन्य हिन्दू सज्जनों ने ऐसा किया है, उन्हें भी बधाई दी गई। अन्य देशी नरेशों से ऐसा ही करने के लिये प्रार्थना की गई। (२) श्रीबल स्वामीजी को पूना में साधु-संगठन निमित्त संत कान्फ्रेंस करने पर बधाई। (३) लाहोर में खुलनेवाले मज़बे को रुकवाने के प्रयत्नों पर हिंदुओं को बधाई तथा वाइसराय को धन्यवाद। (४) [क] फिडरेशन असंतोषजनक होने पर भी जो कुछ शक्ति उसमें हो हिंदुओं को हिंदुस्थान को एक राष्ट्र बनाने में उपयोग करना चाहिये और गवर्नमेंट से अनुरोध करती है कि तुरन्त उसे चलावे [ख] साम्प्रदायिक निर्णय का हिन्दू-सभा सैद्धांतिक रूप में विरोध करती हुई ब्रिटिश सरकार को बताती है कि देशी राज्यों में उसका प्रसार हिन्दूसभा न मानेगी। (५) निजाम (हैदराबाद) तथा भूपाल द्वारा हिन्दुओं पर किये गये अत्याचारों का निषेध। एक शिष्ट-मंडल भी इसके लिये बनाया गया। (६) देशी राज्यों से प्रार्थना कि

अपनी प्रजा को प्रजातन्त्र शासन के अधिकार देवें। (७) हिन्दी ही राष्ट्रभाषा है और देवनागरी राष्ट्र-लिपि है। वर्धा-आयोजना में उर्दू का शामिल किये जाने का विरोध। (८) प्रांतीय और केन्द्रीय सरकारों से गोहत्या बन्द करने की माँग। (९) अस्थायी मन्त्रि-मंडलों को बधाई कि विरोध होते हुए भी उन्होंने पद-ग्रहण किया।

आल इंडिया क्रिश्चियन कान्फ्रेन्स, कलकत्ता

अध्यक्ष—कुँवरानी लेडी महाराजसिंह
२७ दिसम्बर १९३७

मि० एस० सी० मुकर्जी, स्वागताध्यक्ष ने कहा कि साम्प्रदायिक निर्णय गवर्नमेंट आफ इंडिया ऐक्ट १९३५ का सबसे काला धब्बा है। कांग्रेस प्रोग्राम और विशेषकर गरीब किसानों की उन्नति और नशा का बन्द होना अत्यंत प्रशंसनीय है।

श्रीमती महाराजसिंह ने भी कांग्रेस मंत्रिमंडल की प्रशंसा की और कहा कि ईसाई समाज सेवा करेगा और कोई विशेषाधिकार नहीं चाहता।

आल इंडिया विमेन्स (महिला) कान्फ्रेन्स, नागपुर

ता० २८ से ३१ दिसम्बर १९३७

अध्यक्ष—श्रीमती राजकुमारी अमृतकौर।

श्रीमती राजकुमारी अमृतकौर ने अध्यक्ष-स्थान से कहा कि असली भारत देहातों में रहता है इस कारण यदि स्त्रियों में जागृति फैलाना है तो देहातों में कार्य बढ़ाना चाहिए। खादी और स्वदेशी वस्तुएँ लेना चाहिये।

डा० खरे, प्रधान मंत्री, का भी व्याख्यान हुआ। मुख्य प्रस्ताव—(१) निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा। (२) श्रीमती हामिदअली का संशोधन पास हुआ कि यह कान्फ्रेन्स पूर्ववत् पार्टी-राजनीति से अलग रहे किन्तु राष्ट्रीय उन्नति के सब प्रयत्नों में साथ रहे।

स्काउट राउंड टेबल कान्फ्रेन्स, इलाहाबाद

ता० २९ नवम्बर, १९३७
सभापति—नवाब सर मुहम्मद अहमद सैयदखां (छतारी)

मुख्य प्रस्ताव—(१) नया नाम "स्काउट एसोसियेशन आफ इंडिया" रखा जावे। (२) स्काउट शपथ बदल दी गई—"मैं अपने आत्म-सम्मान को साक्षी देकर वचन देता हूँ कि मैं (क) ईश्वर, राज्य और देश के प्रति अपना कर्तव्य पालन करूँगा, (ख) हर समय

दूसरों की सहायता करूँगा और (ग) स्काउट नियमों का पालन करूँगा।

नोट—प्रान्तीय अथवा देशी राज्यों की शाखाएँ "क्राउन" या "महाराजा" जैसा वे निश्चित करें इस शब्द का उपयोग कर सकती है।

उपस्थिति—श्री० मालवीय, श्री० कुंजरू, एस० पी० ऐन्डरूज़, डा० डिसिलवा, मि० कामथ आदि।

वर्धा-शिक्षा-कान्फ्रेंस

अध्यक्ष—महात्मा गांधी

ता० २२—२३ अक्टूबर १९३७

राष्ट्रीय शिक्षा का देशव्यापी प्रसार करने की योजना पर विचार करने के निमित्त महात्मा गांधी ने उपरोक्त कान्फ्रेंस बुलाई। कान्फ्रेंस के विचार से यह समस्या बहुत बड़ी होने के कारण, सर्वप्रथम केवल प्राथमिक शिक्षा पर ही विचार किया गया। निमंत्रण केवल कांग्रेसी प्रान्तों के शिक्षा-मंत्रियों को तथा राष्ट्रीय शिक्षा-क्षेत्र में काम करनेवालों के ही पास भेजे गये थे। विचार के बाद निम्नलिखित तत्त्व निश्चित किये गये।

(१) इस कान्फ्रेन्स की राय में मुफ्त व जबरिया शिक्षा ७ वर्ष तक भारतव्यापी होनी चाहिये।

(२) यह कान्फ्रेन्स महात्मा गांधी की राय को पुष्ट करती है कि शिक्षा किसी खास काम को जो हाथ द्वारा किया जावे और सार्थक हो, केन्द्र बनाकर दी जाये। ऐसे केन्द्रीय कार्य द्वारा ही बालक की बुद्धि तथा योग्यता का विकास कराया जावे।

(३) इस कान्फ्रेन्स की राय है कि यह शिक्षा-पद्धति आहिस्ता २ शिक्षकों के वेतन का भार उठा सके।

(४) शिक्षा का माध्यम मातृ-भाषा हो।

कान्फ्रेन्स ने एक छोटी कमेटी डा० जाकिरहुसैन की अध्यक्षता में बनाई और उसे आदेश दिया कि एक मास में आयोजना पेश करे।

नोट—इस कमेटी ने आयोजना तथा पाठ्यक्रम बना दिये हैं और कांग्रेसी सरकारें उनकी भरती पर अपनी शिक्षानीति परिवर्तन कर रही हैं।

कमेटी के सदस्य—(१) डा० जाकिरहुसैन (चेयरमैन) (२) श्री० आर्यनायकम् (मन्त्री) (३) ख्वाजा गुलाम सैफुद्दीन (४) श्री० विनोबा (५) श्री० काका कालेलकर (६) श्री० कृष्णदास जाजू (७) जे०सी०कुमारप्पा (८) श्री० आशा-देवी (९) श्री० किशोरीलाल मशरुवाला (१०) प्रा० के० टी० शाह।

अखिल भारतीय शिक्षा कान्फ्रेंस, कलकत्ता

अध्यक्ष—श्री० सी० आर० रेडी

२७—३० दिसम्बर १९३७

श्री० सी० आर० रेडी वाइस चांसलर आंध्र यूनिवर्सिटी की अध्यक्षता में यह कान्फ्रेंस हुई।

मुख्य प्रस्ताव—(१) शिक्षा की सब श्रेणियों में मातृभाषा ही माध्यम हो। (२) बेसिक इंग्लिश अधिक मात्रा में चलाई जावे। (३) बालक-बालिकाओं के योग्य फिल्में तैयार कराना। (४) पिछड़ी हुई जातियों के लिये शिक्षा का अधिक प्रबंध होना चाहिए।

आल इंडिया मुसलिम विद्यार्थी कान्फ्रेन्स, कलकत्ता

अध्यक्ष—प्रो० हुमायूँ कबीर

२७–२८ दिसम्बर १९३७

मुख्य प्रस्ताव—(१) मुसलिम विद्यार्थी तथा सर्वसाधारण विद्यार्थी-समाज के लिए यह बात हानिकारक है कि साम्प्रदायिक तत्वों पर अलग संगठन किया जावे। लाभ तभी हो सकता है, जब विद्यार्थी समाज जिसमें हिन्दू, मुसलिम और अन्य सभी जातियों के विद्यार्थी हों। (२) परीक्षाओं का सुधार (३) अलीगढ़ यूनिवर्सिटी से प्रार्थना कि अपना चिह्न (Monogram) बदल दे जिसमें ब्रिटिश राज्य का प्रभुत्व अंकित है। (४) कलकत्ता यूनिवर्सिटी से प्रार्थना कि वह भी अपना चिह्न बदल दे क्योंकि वह जनता के एक भाग को मान्य नहीं है। (५) प्रान्तीय सरकारों से प्रार्थना कि चूँकि "ब्लैक होल कांड" सर्वथैव मिथ्या है इसलिये सब पढ़ाई जानेवाली किताबों में से उसे निकलवा दें।

आल इंडिया मुसलिम विद्यार्थी फिडरेशन, कलकत्ता

अध्यक्ष—मि० एम. ए. जिन्ना।

ता० २७–२८ दिसम्बर १९३७

सैयद अब्दुल अज़ीज़, भूतपूर्व मिनिस्टर बिहार, ने कान्फ्रेन्स का उद्घाटन करते हुए कहा कि मुसलमान विद्यार्थियों के लिए अलग संगठन की उपयोगिता पर उन्हें शक है।

मि० जिन्ना अध्यक्ष ने अपने भाषण में कहा कि हिन्दू और मुसलिम जातियों के बीच सहयोग असंभव है।

एक प्रस्ताव कि बालक-बालिकायें सब कक्षाओं में साथ पढ़ें (Co-education) पास नहीं हुआ। अन्य प्रस्तावों द्वारा इस्लामी शिक्षा पर जोर दिया गया

नेशनल लिबरल फिडरेशन, कलकत्ता

अध्यक्ष—सर चिमनलाल सीतलवाद

ता० २६-३१ दिसम्बर १६३७

सर चिमनलाल सीतलवाद ने कांग्रेस द्वारा मन्त्रिपद ग्रहण करने की नीति पर कांग्रेस की कार्यसमिति के प्रस्ताव के संबंध में कहा कि "उक्त प्रस्ताव, लखनऊ अधिवेशन में लिबरल फिडरेशन द्वारा पास किये हुए प्रस्ताव का कांग्रेसी भाषा में उलथा है" ऐक्ट में चाहे जो दोष हों किन्तु शक्ति के उपयोग का वह अच्छा साधन है। कांग्रेस ने अब लिबरल नीति को मान लिया है कि ऐक्ट द्वारा जनता को लाभ पहुँचाया जावे। कांग्रेस प्रेसीडेंट ने एक नवीन किन्तु ग़लत सिद्धांत बताया है कि कांग्रेस मन्त्रिमंडल वोटरों के उत्तरदायी नहीं हैं किन्तु कांग्रेस के हमारी सभा में सहस्रों सदस्य नहीं हैं किन्तु हमें संतोष है कि सहस्रों मस्तिष्क रखनेवाले मनुष्य हमारे सिद्धान्तों को मानते हैं और पसंद करते हैं।

मुख्य प्रस्ताव—(१) संघशासन असंतोषजनक है किन्तु उसके द्वारा जितनी शक्ति मिले उसका उपयोग करना चाहिए। (२) देशी राज्यों में सुधार की आवश्यकता और देशी राज्यों के निवासियों के साथ सहानुभूति। (३) फौज का देशी बनाना। (४) वर्धा-शिक्षा-आयोजना पर विचार।

आल इंडिया लाइब्रेरी कान्फ्रेन्स, दिल्ली

२२-२४ दिसम्बर १६३७

अध्यक्ष—डा० वलीमुहम्मद

उपरोक्त कान्फ्रेन्स का तृतीय अधिवेशन दिल्ली में डा०वलीमुहम्मद, लखनऊ यूनिवर्सिटी के फिजिक्स डिपार्टमेंट के मुख्य और यूनिवर्सिटी के लाइब्रेरियन, की अध्यक्षता में हुई। सर गिरिजाशंकर वाजपेयी, सेक्रेटरी गवर्नमेंट आफ इंडिया, ने उद्घाटन किया।

डा० वलीमुहम्मद ने अपने भाषण में वाचनालयों की महत्ता का वर्णन किया और प्रान्तीय और केन्द्रीय सरकारों से वाचनालय-आन्दोलन के लिये काफी सहायता देने के लिये अपील की। मुख्य प्रस्ताव—(१) कालेज वाचनालयों का वैज्ञानिक रीति से प्रबंध। (२) फिडरेशन पबलिक सर्विस कमीशन और प्रां० पब्लिक सर्विस कमीशनों से सिफारिश की जाती है कि लाइब्रेरियनों को नियुक्त करना जो लाइब्रेरियों के काम में शिक्षित हों। (३) प्रान्तीय सरकारों से प्रार्थना कि कापीराइट

वाचनालय पब्लिक के लिये कायम करें जिनमें उस प्रान्त में प्रकाशित होनेवाली पुस्तकें, पत्र-पत्रिकायें, हस्तपत्रक आदि सभी रखी जावें। (४) ग्राम-सुधार-आयोजना में प्रान्तीय सरकारों को वाचनालय स्थापित करने का विशेष प्रयत्न करना चाहिये।

आल इंडिया मुसलिम लीग, लखनऊ

अध्यक्ष—मुहम्मदअली जिन्ना

ता० १५ से १८ अक्तूबर १९३७

मुसलिम लीग का २५ वां अधिवेशन लखनऊ में हुआ। मि० फजलुलहक, मि० ख्वाजा नसरुल्ला, सर सिकंदरहयातखाँ, नवाब छतारी, मि० अब्दुलमतीं चौधरी, बेगम शाह नवाज़, राजा गज़नफरअली, मौ० शौकतअली प्रभृति सज्जन उपस्थित थे।

राजा महमूदाबाद ने स्वागत करते हुए शिकायत की कि "बहुमत रखनेवाला समाज (हिन्दू-समाज) मुसलिम-समाज का अस्तित्व भी मानने पर तैयार नहीं है। एक भी मुसलमान ऐसा नहीं है जो स्वतंत्रता नहीं चाहता, किन्तु मुसलमान देश की आज़ादी चाहता है और साथ साथ अपने समाज की आज़ादी भी चाहता है। मुसलमानों के राजनैतिक स्वत्व सुरक्षित होने चाहिए।

मि० जिन्ना ने अपने अध्यक्ष-स्थान से कहा—जो पूर्ण स्वराज्य अपने मुँह से कहते हैं वे १९३५ का गवर्नमेंट आफ इंडिया ऐक्ट हाथों में लिये हैं। क्या गांधी-इरविन-संधि पूर्ण स्वराज्य के सुसंगत थी? वर्तमान कांग्रेसी नेता और विशेषकर, इस १० वर्ष के बीच के, मुसलमानों को अलग कर रहे हैं; क्योंकि उनकी नीति हिन्दू है। बन्देमातरम् राष्ट्रीय गान है, कांग्रेसी झंडा राष्ट्रीय झंडा है, हिन्दी राष्ट्रीय भाषा है—यह सब चीज़ें मुसलमानों पर लादी जा रही हैं। कांग्रेस साफ बात नहीं करती है।

ब्रिटिश सरकार का भी उत्तरदायित्व कम नहीं है कि वाइसराय और गवर्नरों ने उन अधिकारों से काम नहीं लिया जो अल्पमतवालों की रक्षा के लिये बनाये गये हैं। पैलेस्टाइन में वर्तमान ब्रिटिश नीति ब्रिटिशसाम्राज्य की जड़ खोद रही है। मुख्य प्रस्ताव—(१) वज़ीरस्तान में ब्रिटिश-नीति का विरोध, (२) कांग्रेस द्वारा मन्त्रिमंडल बनाये जाने का विरोध और तत्संबंधी ब्रिटिश-नीति का विरोध। (३) पैलेस्टाइन-रायल-कमीशन की सिफारिशों का विरोध। (४) उर्दू

भाषा ही राष्ट्रीय भाषा है और उसी को राष्ट्रीय भाषा बनाने का प्रयत्न होना चाहिए।

आल इंडिया शिया पोलीटिकल कान्फ्रेन्स, लखनऊ

अध्यक्ष—सर वज़ीरहसन

ता० ११-१२ अक्टूबर १६३७

सर वज़ीरहसन ने कहा, कि मुसलमानों की उतनी ही दुर्दशा है, यदि अधिक नहीं तो, जितनी हिन्दुओं की है। अल्पमतवादियों की कोई असली समस्या नहीं है। यह समस्या ब्रिटिश साम्राज्य की खड़ी की हुई है। कांग्रेस ही एक संस्था है जो सबकी है। कांग्रेस को त्रिमुखी युद्ध करना पड़ रहा है, (१) ब्रिटिश साम्राज्य (२) हिन्दू-सम्प्रदायवादी और (३) मुसलिम सम्प्रदायवादी। मुसलिम लीग भारतीय मुसलमानों की प्रतिनिधि नहीं है। मुख्य प्रस्ताव—(१) साम्प्रदायिक चुनाव पद्धति हटा दी जावे और मुसलिम अल्पमतवालों के लिये सदस्यतायें सुरक्षित कर दी जावें। (२) कन्स्टीट्यूऍट एसेम्बली प्रस्ताव का समर्थन (३) रायल-कमीशन की सिफारिश, कि पैलेस्टाइन का बटवारा किया जावे, का विरोध।

आल इंडिया शिया (मुसलिम) कान्फ्रेन्स, कानपुर

अध्यक्ष—राजा साहब महमूदाबाद

ता० २६ दिसम्बर १६३७

इस कान्फ्रेन्स में शिया मुसलिम समाज के प्रतिगामी लोगों ने भाग लिया। कान्फ्रेन्स ने एक प्रस्ताव द्वारा मुसलमानों से अपील की कि वे केवल मुसलमान व्यापारियों से माल खरीदें और मुसलमानों को चाहिए कि उद्योग-धंधों के कारखाने खोलें। दूसरे प्रस्ताव द्वारा पैलेस्टाइनसंबंधी ब्रिटिश नीति की आलोचना की गई।

आल इंडिया नेशनल कन्वेंशन, दिल्ली

१६-२० मार्च १६३७

अध्यक्ष—जवाहरलाल नेहरू

राष्ट्रीय महासभा (फैजपुर) के प्रस्ताव के अनुसार एसेम्बलियों के चुनाव के बाद दिल्ली में राष्ट्रीय कनवेंशन बुलाया गया जिसमें प्रान्तीय और केन्द्रीय एसेम्बलियों के कांग्रेसी सदस्य और आल इंडिया कांग्रेस-कमेटी के सदस्य आमंत्रित किये गए।

अध्यक्ष के भाषण के बाद सब सदस्यों ने खड़े होकर एक प्रतिज्ञापत्र पढ़ा। (१) राष्ट्रीय मांग, (२) व्यवस्थापिका सभाओं में कांग्रेस-नीति (३) व्यवस्थापिका सभाओं के सदस्यों का इन सभाओं के बाहर कर्तव्य।

आल इंडिया राजनैतिक कैदी सहायक कान्फ्रेंस, दिल्ली

२० मार्च, १९३७

अध्यक्ष—श्रीशरत्‌चन्द्र बोस

(द्वितीय अधिवेशन)

श्री० राजेन्द्रप्रसाद ने इस अधिवेशन का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि हम उन भाइयों और बहिनों की सहायता के लिए सम्मिलित हुए हैं जो भारत की जेलों और अंडमन में सड़ रहे हैं। इन कैदियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं होता, पुस्तकें नहीं मिलतीं, अच्छा खाना नहीं मिलता इत्यादि। उनको शीघ्रातिशीघ्र रिहा कराना हमारा कर्तव्य है।

श्रीशरत्‌चन्द्र बोस ने अपने भाषण में राजनैतिक बन्दियों के साथ दुर्व्यवहारों की आलोचना करते हुए उनकी मांगों का ब्योरा बताया (१) सब प्रकार के राजनैतिक बन्दियों और नज़रबन्दों की रिहाई। (२) देश से निकाले हुए मनुष्यों पर की रोक हटा लेना। (३) सब दमन क़ानूनों का रद्द होना। (४) सब राजनैतिक बन्दियों का एक स्थान पर रखा जाना। (५) राजनैतिक बन्दियों को जेलों में सुविधाएँ मिलना। (६) अंडमान के सब राजनैतिक बन्दी वापस बुलाये जावें।

मुख्य प्रस्ताव—(१) स्व० नवजीवन घोष, सन्तोषचन्द्र गंगोली, और कृष्णपंकज गोस्वामी की रहस्यपूर्ण आत्महत्या पर शोक तथा गवर्नमेंट के विरुद्ध रोष कि उसने डा० रवीन्द्रनाथ टागोर के नेतृत्व में की हुई खुली जांच की मांग को नहीं माना। (२) श्री जोगेशचन्द्र चटर्जी द्वारा बताये हुए जेलों में दुर्व्यवहारों सम्बन्धी पिछले वर्ष के प्रस्ताव का समर्थन किया गया और मांगे दुहराई गईं। (३) प्रत्येक प्रान्त में राजबन्दी-सहायक कमेटी की स्थापना। (४) प्रत्येक प्रान्त में एसेम्बलियों के कुछ ख़ास सदस्य राजबन्दियों के प्रश्नों पर ही अपना समय लगावें।

सेवासमिति, इलाहाबाद

(स्थापित—१९१४)

सेवासमिति की स्थापना सन् १९१४ में महामना मदनमोहन मालवीय द्वारा हुई। यह संस्था उत्तरोत्तर सेवा-कार्य में उन्नति करती जाती है।

सन् १९३६, ३७ की रिपोर्ट के अनुसार निम्नलिखित कार्यों का ब्योरा दिया जाता है।

सभापति महामना मदनमोहन मालवीय तथा प्रधान सेक्रेटरी पं० हृदयनाथ कुंजरू हैं। इसके अतिरिक्त

८ प्रतिष्ठित सज्जन उपसभापति और ९ आनरेरी सेक्रेटरी हैं। श्री० एस० आर० भरतिया एम० ए० संगठन-मंत्री हैं।

श्री० चित्रसेन कानपुर ब्रांच के मंत्री हैं और पं० बद्रीदत्त पांडे एम० एल० ए० अलमोड़ा नायक-सुधार-कार्य के मंत्री हैं।

उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त १५ सदस्य कार्यसमिति के और हैं।

इस समिति द्वारा विद्यामन्दिर हाईस्कूल, भारद्वाज वाचनालय और एक अस्पताल इलाहाबाद में चलाये जाते हैं। माघमेला इलाहाबाद, कुम्भ मेला आदि में सेवासमिति ने प्रशंसनीय कार्य किया है। सैकड़ों बच्चों और स्त्रियों को तलाश करके उनके संरक्षकों को दिया।

सेवासमिति रात्रिपाठशालायें

१२ रात्रिपाठशालायें, जिनमें ३७० विद्यार्थी पढ़ाये गये, इलाहाबाद ज़िले में काम करती हैं।

सेवासमिति अस्पताल, इलाहाबाद

इस अस्पताल में १९३६-३७ में १७०५९ बाहरी रोगियों को औषधि दी गई और ४२२२ रोगियों की भीतरी विभाग में चिकित्सा की गई।

सेवासमिति औषधालय कानपुर

कानपुर औषधालय में ४०७१६ रोगियों को पाश्चात्य औषधि दी गई।

आयुर्वेदिक औषधालय

युक्त प्रान्त में ११ आयुर्वेदिक औषधालयों द्वारा १,३१,९५७ रोगियों को औषधि दी गयी।

आयव्यय (१९३६—३७)

आय ३६४१३—१०—७

व्यय ३५५४५— ३—६

सेवासमिति ब्वाय स्काउट्स एसोसियेशन, यू० पी० इलाहाबाद

मार्च सन् १९३७ तक पंचवर्षीय रिपोर्ट के अनुसार सेवासमिति ब्वाय स्काउट्स एसोसियेशन का कार्य निम्नलिखित है—

स्काउटर, स्काउट, लायन कब और रोवर स्काउट की संख्या ८५३९८ थी।

१९३२-३३	...	३२०००
१९३३-३४	...	३७०००
१९३४-३५	...	५००९०
१९३५-३६	...	७०६००
१९३६-३७	...	८५३९८

२३५ ट्रेनिंग कैम्प खोले गये जिनमें ३४७० स्काउटर सिखाये गये। प्रत्येक वर्ष पहाड़ों पर एक कैम्प ४०

दिन के लिये गर्मी में खोला जाता है।

दौरों की संख्या २०५ थी जिनमें पिडारी ग्लेशियर का दौरा १६३३, काश्मीर का सन् १६३५, और पौरी गढ़वाल का १६३६ में हुआ।

रैली और प्रदर्शनों की संख्या २०२ थी। ४ अखिल भारतवर्षीय थे। इन रैलियों के सभापति सर सीताराम, सर जे० पी० श्रीवास्तवा, कुँअर सर महाराजसिंह, प्रभृति सज्जन थे।

फ़र्स्ट एड और एबुलेन्स ट्रेनिंग की तरफ अधिक ध्यान दिया गया।

झांसी स्काउटों ने प्रत्येक वर्ष अखिल भारतवर्षीय और प्रान्तीय इनामें (ट्राफी) जीतीं।

सार्वजनिक सेवायें इस सभा की अनेक हैं। बिहार-भूकम्प (१६३४-३५), हरिद्वार कुम्भमेला (१६३३), और इलाहाबाद कुम्भमेला (१६३६) के अवसरों पर सेवायें उल्लेखनीय हैं। पानी की बाढ़ों तथा बीमारी के फैलने के अवसरों पर इस सभा की सेवायें अमूल्य हैं।

इसके अतिरिक्त अनेक नाटक ग्राम-सुधार और स्वास्थ्य संबधी विषयों पर खेले गये। अनेक रात्रि-पाठशालायें भी चलाई जा रही हैं।

केप्टेन राजा दुर्गानरायण सिंह
एम. एल. ए. तिरवा नरेश

श्री० डा० रघुबीर सिंह
एम. ए, एल-एल. बी, डी. लिट.
युवराज सीतामऊ (मालवा)

श्री० राजा खलक सिंहजू
खनियाधाना नरेश (बुन्देलखंड)

श्री० रामचरण हयारण "मित्र"

बा० व्रजरत्नदास

डा० राधागोविन्द मिश्र

विविध विषय

पुलिस।

स० १९३५ के एक्ट के अनुसार पुलिस प्रान्तों के आधीन पूर्णतया हो गई है। सारे भारतवर्ष में पुलिस और उसका कार्य नीचे दिये हुये आंकडों से स्पष्ट होगा—

सिविलपुलिस (१९३७) १८३९१२

थाने व चौकियां ६५९८

व्यय रु० ९, ४३, ३३, ०२०

जुर्मों की संख्या (१९३७)

मनुष्य(जिनपर मुकदमाचला)	५९१४५२
,, (जिन्हें सजाहुई)	४८६८६४
चोरियां (साधारण)	७६०५५
चोरियां (मवेशी की)	१६५६८
चोरियां (घरों में घुसकर)	१११०१५
डांके	२७४८
क़तल	५९२७

कुल जुर्मों की संख्या (१९३५)

रिपोर्टें	११,२२,९ ४५
मुकदमें चले	१०,३०, ८६ ८
सज़ायें	८९०८५०
बरी हुये	१३४८०६
हवालाती	७८१९१

सजायें (१९३५)

फांसी	१३५८
देश निकाला	१८०२
जीवनभर	१८०२
अन्य	९२
१० वर्ष से ऊपर	३२९
५ वर्ष से १० वर्ष	४७५०
१॥वर्ष से ५ वर्ष	३१८००
६महीने १ वर्ष	४४४९०
अन्य	१४८०९९

इनकम टैक्स।

इनकम टैक्स	रु०	सुपर टैक्स	रु०
१९३३—३४	१४. ४ करोड़	१९३३—३४	२.७५ करोड़
१९३४—३५	१४. ३५ करोड़	१९३४—३५	३.१६ करोड़
१९३५—३६	१३. ९० करोड़	१९३५—३६	३.१४ करोड़

कस्टम।

कस्टम कुल आय	रु०	कुल व्यय वापिसी सहित (कस्टम)	
१९३३—३४	४८.५ करोड़	१९३३—३४	२.३ करोड़
१९३४—३५	५४.२ करोड़	१९३४—३५	२.६ करोड़
१९३५—३६	५९.३ करोड़	१९३५—३६	२.० करोड़

केन्द्रीय सरकार

आय व्यय का अनुमान-पत्र (Budget)

आय] [सहस्त्रों रुपयों में

आयकी मदें	अनुमान १९३७—३८	पुनः अनुमान १९३७—३८	अनुमान १९३८—३९
कस्टम	४२,६०,५०	४३,९३,००	४३,८१,००
केन्द्रीय आवकारी	७,१६,००	७,७४,००	७,७३,००
कोरपोरेशन टैक्स	१,४४,९४	१,५०,००	१,५५,००
आमदनियों पर टैक्स (उक्त को. टैक्स को छोड़ कर)	१२,८५,०६	१२,१२,४०	१२,४२,३४
नमक	८,२५,००	८,३५,००	८,३५,००
अफीम	४९,५२	४६,२३	४४,९२
अन्य मदें	९४,०४	१,००,२१	१,०६,५७
योग	७३,७५,०६	७५,१०,८४	७५,४०,८३
रेलवे बजट ख़र्च काटकर	३०,१३,७४	३२,७२,१५	३२,५०,४१
सिंचाई के साधनों से आय (ख़र्च काटकर)	१,०५	१,१०	१,०२
पोस्ट व तार ख़र्च काटकर	७६,९८	१,१५,४३	७४,६१
कर्ज़ों द्वारा आय	७१,३५	५७,६७	६६,३३
सिविल एडमिनिस्ट्रेशन (प्रबन्ध)	९१,७३	९९,५४	९९,९९
करेन्सी व मिन्ट नोट व टकसाल	१,०६,४९	८५,४६	६६,९४
इमारतों आदि से आय	३४,७१	३२,३५	३०,९०
फुटकर	१,४१,५१	१,३६,५२	१,५४,८६
रक्षा की सेवाओं द्वारा	५,२२,१०	५,३१,७९	५,५९,६९
आकस्मिक मदें	५,०७,२०	४,१३,८९	३,७५,१४
योग	१,१९,४१,८८	१,२२,५७,०४	१,२२,७२
कुल	१,१९,४१,८८	१,२२,५७,०४	१२२,२७,७२

केन्द्रीय सरकार का

आय व्यय का अनुमान-पत्र

व्यय] [सहस्रों रुपयों में

व्यय की मदें	अनुमान १९३७—३८	पुनः अनुमान १९३७—३८	अनुमान १९३८—३९
आमदनी पर प्रत्यक्ष मांगे	३,८३,८९	३,७४,८४	४,३३,३५
नमक के कारख़ानों पर लागत	३६	४६	६८
रेलवे व्याज व फुटकर ख़र्च	२९,९८,९२	२९,८९,८५	३०,०१,७५
सिंचाई के साधन	११,३५	११,०९	१०,७८
डाक व तार	७९,८०	७७,२८	८०,४८
कर्ज़ों द्वारा व्यय	१४,१२,२२	१,४८४,०८	१४,६२,३२
साधारण प्रबन्ध (सिविल)	१०,४२,७९	१०,६३,३७	११,३१,१८
नोट व टकसाल	३४,००	३६,०५	३७,४३
इमारतें आदि	२,८७,२३	२,५८,६४	३,१२,३६
फुटकर	३,८३,१४	३,८५,८०	३,६३,४५
फौजी ख़र्च	४९,८३,९२	५२,५३,६१	५०,७७,६६
प्रान्तीय व केन्द्रीय सरकारों का लेन देन	३,१५,९०	३,१५,९०	३,०४,८२
आकस्मिक मदें	१,१९	३,०७	१,८८
योग	१,१९,३४,७१	१,२२,५७,०४	१,२२,१८,४७
बढ़ती	७,१७	...	९,२५
कुल योग	१,१९,४१,८८	१,२२,५७,०४	१,२२,२७,७२

उपाय और साधन (Ways and Means)

केन्द्रीय सरकार की आय तथा व्यय में घटी बढ़ी को सम करने के उपाय व साधन के अनुमान (Budgets) निम्न कोष्टक में दिये जाते हैं।

आय व्यय में घटी बढ़ी के उपाय व साधन।

आय   [लाख रुपयों में

मदें	अनुमान १९३७–३८	पुनः अनुमान १९३७–३८	अनुमान १९३८–३९
व्यय से आय में बढ़ती	७	....	९
नया ऋण	....	...	....
ट्रेज़री बिलों (हुंडियों) की बिक्री (खर्च काटकर)	४,००	६,००	५,००
पोस्ट आफिस कैश सार्टीफिकट	—१,५०	—४,००	—५,००
पोस्ट आफिस सेविंग बंक में धन	८,००	६,०४	६,५४
अन्य अनफन्डेड ऋण (ख़र्च काटकर)	—३,५०	—१,५१	—४,२५
डिस्काउंट सिंकिंग फंड (ख़र्च काटकर)	१,१०	१११	१,१७
ऋण में कमी	३,००	३,००	३,००
रेलवे डिपरीसियेशन (कमी) फंड	६,५९	४,३७	५,९२
पोस्ट व टेलीग्राफ डिप्रीसियेशन फंड	५	६	४
टेलीफोन डिवलेपमेंट फंड	...	....	२,१०
डिफेन्स (रक्षा) रिजर्वफंड	—१,४२	—१,०९	—१,५०
रेविन्यू रिज़र्व फंड	१,८४	१,०६	७५
अन्य अमानतें व जमा (ख़र्च काटकर)	१,६६	७४	१,७१
योग	१,६२१	१४,७२	१५,६७
पिछले वर्ष की बचत	१,६८८	२१,३६	९,४१
कुल योग	३३,०९	३६,०८	२५,०८

उपाय और साधन

(चालू)

व्यय] [लाखों रुपयों में

मदें	अनुमान १९३७—३८	पुनः अनुमान १९३७—३८	अनुमान १९३८—३९
कैपिटल आउटले (नई लागत)			
रेलवे	४,४६	२,१५	६,८३
पोस्ट व टेलीग्राफ	६३	४२	२,७२
सिविल	३८	२९	२०
पेन्शनों का परिवर्तन	२५	२२	४
कम किये हुये कर्मचारियों को इनाम (ग्रेचुइटी)	—५	—९	...
स्थाई ऋण की अदायगी	२,९५	७,०२	३०२
कैश सार्टीफिकट बोनसफंड	१,५१	१,१६	....
सिविल एवियेशन (मुसाफिरी हवाई जहाज)	३४	२३	२३
ग्रामोन्नति तथा सुधार	८०	१०	३०
ब्राडकास्टिंग	१८	१४	१३
सीमाप्रान्त की जातियों की उन्नति	५	२७	२
सिंध व उड़ीसा में नई इमारतें	....	४०	....
पबलिक को कर्ज़ (ख़र्च काटकर)	—१,१०	—१५०	६९
रिज़र्व बैंक को चाँदी के दाम	५,००	५,००	५,००
रिज़र्व बैंक द्वारा रुपया भेजना (ख़र्च काटकर)	....	...	...
प्रान्तीय आवश्यकतायें (ख़र्च काटकर)	९,००	१०,६८	१,३९
योग	२४,४०	२६,६७	१६,३३
पिछले वर्ष की बचत	८,६९	९,३१	८,७५
कुल	३०,०९	३६,०८	२५,०८

विभिन्न प्रान्तों के अनुमान-पत्र (Budgets)

आसाम।

(रुपयों में)

आय	१९३७—३८	१९३८—३९
	२,८४,७४,०००	२,६४,२४,०००
व्यय	२८२,४८,०००	२,८६,८६,०००
	+२,२६,००	+४,६२,०००

बंगाल।

आय	१२,५५,०३,०००	१३,१३,००,०००
व्यय	१२,२१,०५,०००	१३,२५,००,०००
	+३३,९८,०००	—१२,००,०००

बिहार।

आय	५,०६,००,०००	५,०५,५०,०००
व्यय	५,०३,३४,०००	५,०४,२५,०००
	+२,६६,०००	+१,२५,०००

बम्बई।

आय	११,९९,५५,०००	१२,०३,००,०००
व्यय	१२,१७,२२,०००	१२,५०,००,०००
	—१७,६७,०००	—४१,००,०००

मध्यप्रदेश।

आय	४,७४,८४,०००	४,८१,९९,०००
व्यय	४,७४,५३,०००	४,८१,१८,०००
	+३१,०००	+८१,०००

मद्रास।

आय	१५,९३,७३,०००	१५,९८,२१,०००
व्यय	१५,९३,६७,०००	१५,९८,०८,०००
	+६,०००	+१२,०००

अनुमान-पत्र

(चालू)

उड़ीसा।

	१९३७—३८				१९३८—३९
आय	१,८९,५७,०००	....	....	....	१,९२.०८,०००
व्यय	१,८४,३७,०००	....	...	...	१,९४,५६,०००
	+५,२०,०००	....	....	....	—२,४८,०००

पंजाब।

आय	१०,९०,३९,०००	....	...	...	११,४१,५६,०००
व्यय	१०,८८,६७,०००	...	...	...	११,३६,४२,०००
	+१,७२,००७	....	....	....	+५,१४,०००

सिन्ध।

आय	३,४७,५०,०००	....	....	...	३,६०,६७,०००
व्यय	३,४७,०१,०००	....	...	...	३,५९,१२,०००
	+४९,०००	...	....	....	+१,५५,०००

संयुक्तप्रान्त।

आय	१२,५४,०७,०००	....	....	...	१३,०१,७०,०००
व्यय	१२,६६,७५,०००	....	...	....	१३,१६,७८,०००
	—१२,६८,०००	....	....	....	—१५,०८,०००

सीमा प्रान्त।

आय	१,७९,६९,०००	...	...	...	१,८०,०५,०००
व्यय	१,८५,३१,०००	....	...	...	१,८६,६८,०००
	—५,६२,०००	...	...	....	—६,६३,०००

कुल प्रान्तों की आय व्यय।

आय		व्यय	
१९३१—३२	८३.१ करोड़	१९३१—३२	८६.७ करोड़
१९३३—३४	८२.८ करोड़	१९३३—३४	८५.९९ करोड़
१९३७—३८	१३१.० करोड़	१९३७—३८	८३.० करोड़

ग्रेट ब्रिटेन ।

	आय	व्यय
१९३३—३४ पौंड	७८,२३,१६,००० पौं०	७,८४,४०५,०००
१९३४—३५ ,,	७६,१२,३८,००० ,,	८०,२१,०७,०००
१९३५—३६ ,,	८१,४७,७०,००० ,,	८४,८२,९९,०००
१९३६—३७ ,,	८६,४२,२५,००० ,,	९१,१८,३२,०००
९३७—३८ ,,	८६,३१,००,००० ,,	८६,२८,३८,०००

नोटः—१ पौंड = रु० १३५ आ० ४ पाई । १ रु० = १ शि० ६ पें०

भारत की सेना

सेना का प्रबंध इस प्रकार हैः—

(१) भारत मंत्री ब्रिटिश सम्राट का प्रतिनिधि होने के कारण, भारतीय सेना पर उसका सब प्रकार का प्रभाव है । इंडिया आफिस का मिलिटरी सेक्रेटरी इस विभाग का संचालन करता है ।

(२) गवरनर जनरल-इन-कौंसिल । भारत में प्रत्यक्ष दायित्व इन्हीं का है ।

(३) कमांडर-इन-चीफ, गर्वनर जनरल की कौंसिल का एक सदस्य होता है और उसके हाथों में सेना का चार्ज होता है । (Army) सेना तीन प्रकार की है—(१) थल सेना (२) जल सेना (Royal Indian Marine) (३) हवाई सेना (Royal air Force).

सुविधा के लिये भारतीय सेना के ४ विभाग ४ प्रदेशों के अनुसार कर दिये हैं । इन प्रदेशों को कमांड (Command) कहते हैं और इन का प्रबंध एक एक जनरल आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के आधीन है । इन कमांडों के अन्तर्गत १२ ज़िले (Districts) हैं ।

(१) उत्तरी प्रदेश (Northern Command) ज़िले-पेशावर, कोहाट, रावलपिंडी, लाहौर, वजीरिस्तान ।

(२) पश्चिमी प्रदेश (Western Command) ज़िले–बिलोचिस्तान, सिंध इंडिपेंडेंट ब्रिग्रेड एरिया, ज़ोब इंडिपेंडेंट ब्रिगेड एरिया ।

(३) ईस्टर्न प्रदेश (Eastern Command) मेरठ, लखनऊ, प्रेसीडेंसी और आसाम, दिल्ली इंडिपेंडेंट ब्रिगेड एरिया ।

(४) दक्षिणी प्रदेश (Southern Command) ज़िले–दक्षिण, बम्बई मद्रास, पूना इंडिपेंडेंट ब्रिगेड एरिया ।

युद्ध की दृष्टि से भारतीय सेना के ३ भाग हैं—

(१) आन्तरिक रक्षा सेना, जो भारत में फैली रहती है।

(२) मैदानी सेना (Field Army) जो युद्ध के समय आगे जा कर लड़ती है।

(३) सहायक सेना (Covering Force) जो उत्तरी पश्चिमी सीमा पर रक्खी जाती है जिससे मैदानी सेना बिना रोक टोक लड़ सके।

सेना पर ख़र्च

	करोड़ रु०
१६३१—३२	४६, ७४
१६३२—३३	४४, ४२
१६३३—३४	४४, ३४
१६३४—३५	४४, ६८
१६३५—३६	४५, ४५
१६३६—३७	४५, ४५
१६३७—३८	४४, ६२

भारतीय थल सेना (१६३७)

अंग्रेज़ अफसर (किंग्स कमीशन)	६५७०
भारतीय अफसर (भारतीय कमीशन)	१६१
अंग्रेज़ सैनिक	५५१८७
भारतीय अफसर (वाइसराय कमीशन)	४२२५
भारतीय सैनिक	१३६०७४
क्लर्क आदि	१००११
सेवक	३२८२६
भारतीय रिजर्विस्ट	४१८८७

हवाई सेना

अंग्रेज़ अफसर	२६०
एयरमेन	१८८७
देशी अफसर व सिपाही	६४५
साधारण नौकर	५३०

जल सेना।

पदाधिकारी।

मुख्य अफसर	३
अन्य अफसर	१५
सी ट्रान्सपोर्ट स्टाफ	३
सिविल गज़टेड अफसर	४

समुद्री अफसर

केप्टन	८
कमांडर	१८
ले० कमांडर	५०
इंजीनियर केप्टन	१
इं० कमांडर	१३
इं० ले० कमांडर	३७
गनर व नाविक	१७
अन्य	२७
जहाज़	१६

भारत में रेलवे।

(१६३६—३७)

रेल पथ (मील)	४३, १२८
कुल लागत (रु०)	८ अर्ब ८० करोड़
कुल आमदनी (रु०)	१ अर्ब ८ करोड़
कुल खर्च (रु०)	६६ करोड़ ६४ लाख
आमदनी (प्रतिशतलागतपर)	४. ३३

जी. आई. पी.

रेल पथ	३७२७ मील
लागत	१ अर्ब १४ करोड़
लाभ	४ करोड़ ६४ लाख

मद्रास सदर्नमराठा

रेल पथ	३२२८ मील
लागत	५३ करोड़ ३० लाख
लाभ	२ करोड़ ४२ लाख

नार्थ वेस्टर्न

रेल पथ	६६४६ मील
लागत	३ अर्ब १३ करोड़
लाभ	५ करोड़ ६६ लाख

सौथ इंडियन

रेल पथ	२५३१ मील
लागत	४३ करोड़ ७३ लाख
लाभ	१ करोड़ ६४ लाख

ईस्ट इंडियन

रेल पथ	४३६० मील
लागत	१ अरब ४८ लाख
लाभ	७ करोड़ ६२ लाख

बी. बी. सी. आई.

रेल पथ	३५११ मील
लागत	७३ करोड़ ७८ लाख
लाभ	५ करोड़ ६ लाख

बंगाल नागपुर

रेल पथ	३३६२ मील
लागत	७७ करोड़ ८३ लाख
लाभ	१ करोड़ ७१ लाख

बी. एन. डब्लू.

रेल पथ	१३०६ मील
लागत	२३ करोड़ ८७ लाख
लाभ	१६ लाख ६४ हजार

दुर्घटनायें।

मृत्यु।

(१६३५—३६)

यात्री	१८५
रेलवे नौकर	२०२
अन्य	२७२२
कुल	३१०६

(१६३६—३७)

यात्री	१७६
रेलवे नौकर	२०१
अन्य	२८५७
कुल	३२३७

चोटें।

१६३५—३६

यात्री	६०१
रेलवे नौकर	६०५६
अन्य	६६०
कुल	१०६५०

१९३६—३७ (चोटें)

यात्री	८३२
रेलवे नौकर	९७३४
अन्य	९८८
कुल	११५५४

यात्रियों की संख्या

१९३३—३४	४९.९ करोड़
१९३४—३५	४९.६ करोड़
१९३५—३६	५० ३ करोड़

यात्रियों से आमदनी

१९३२—३३	३१ ३ करोड़
१९३३—३४	३०.१ करोड़
१९३३—३५	३०.३ करोड़

माल से आमदनी

१९३४—३५	रु ६४.३ करोड़
१९३५—३६	,, ६४.६ करोड़

कुल आमदनी

	रु०
१९३३—३४	९९.५७ करोड़
१९३४—३५	१.०२ अर्ब
१९३५—३६	१.०३ अर्ब

कुल खर्च

	रु०
१९३३—३४	६६.६ करोड़
१९३४—३५	७०.६ करोड़
१९३५—३६	७०.९ करोड़

भारत के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड ।

	संख्या	आय	कर प्रति मनुष्य
		रु० करोड़	रु० आ० पा०
१९३१–३२	१२७४	१५'५२	०—९—७
१९३२-३३	१३२४	१५'५१	०—९—५
११३३-३४	१३१७	१५'९२	०—७—१

भारत की म्युनिसिपेलिटियां

	संख्या	रु० करोड़	रु० आ० पा०
१९३१–३२	७८५	३६'२८	५—८—८
१९३२–३३	७८९	३९'००	५—८—२
१९३३–३४	७९४	३६ ७०	५—१०—५

सहकारी समितियां

	संख्या	सदेस्य	पूंजी
			रु० करोड़
१९३१–३२	१६५०८	६७३९८६	२'१७
१९३२–३३	१६५५७	६८८६९७	२'३१

भारत के देशी राज्य।

देशी राज्यों का वर्गीकरण।

वर्ग	संख्या	देशी राज्य	क्षेत्रफल (वर्गमील)	जन संख्या (१९३१)
प्रथम	१	हैदराबाद	८२,६९८	१,४४,३६,१४८
	२	मैसूर	२९,४४४	५९,७६,६६०
	३	बड़ौदा	८,०९९	२४,४३,००७
	४	कश्मीर	८०,९००	३६,४६,२४३
	५	सिक्किम	२,८१८	८१,७२२
	६	गवालियर	२६,३८०	३१,७५,८२२ (१९२१)
द्वितीय	लगभग १७५ राज्य	राजपूताना एजन्सी	१,२७,५४१	९८,५७,०१२
		बिलोचिस्तान एजन्सी	८६,५११	३,७८,९९९
		पश्चिमोत्तर सीमाप्रांत ए०	२५,५००	२८,२८,०५५
		मध्यभारत एजन्सी	७८,७७२	६१,८०,४०३
तृतीय	प्रान्तीय सरकारों के आधीन लगभग ५०० राज्य	पंजाब में	३६,५३२	४४,१५,४०१
		बिहार उड़ीसा में	२८,६४९	३९,६५,४३१
		बंगाल में	३२,७७३	८,९६,१७३
		बम्बई में	६५,७६१	७४,१२,३४१
		मध्य प्रान्त में	३१,१८८	२०,६८,४८२
		आसाम में	८,४५६	३,८३,६७२
		मद्रास में	९,९९६	५४,६०,०२९
		संयुक्तप्रान्त में	५,०७१	११,३४.८२४
		बर्मा में	६०,५९३	१४,९७,३९२

नोट:—द्वितीय और तृतीय वर्गों की जनसंख्या १९२१ ई० की दी गई है।

देशी राज्य।

देशी नरेशों के आधीन भारतका क्षेत्रफल ७१२५०८ वर्गमील है जिसमें जन संख्या ८,१९,३९,१८७ है।

देशी राज्य तीन प्रकार के हैं—(१) बड़े राज्य, जिनका सम्बन्ध सीधा वाइसराय से है और जहाँ "रेजीडेंट" रहता है (२) छोटे राज्य जो समूह रूप में 'एजेन्सी' के अन्तर्गत होते हैं (३) प्रान्तीय सरकारों के आधीन राज्य लगभग ५०० हैं।

चेम्बर आफ प्रिंसेज़।

(नरेन्द्र मण्डल)

उक्त मंडल की रचना तथा स्थापना सन् १९१९ के गवर्मेंट आफ इंडिया ऐक्ट द्वारा हुई। सन् १९३५ के ऐक्ट द्वारा बने हुये संघ शासन में नरेन्द्र मंडल न रहेगा। देशी राज्यों को कौंसिल आफ स्टेट में १०४ सदस्य और लेजिस्लेटिव एसेम्बली में १२५ सदस्य भेजने का अधिकार होगा।

हैदराबाद।

हिज इकज़ालटेड हाइनेस सर उसमानअली खां बहादुर फतेहजंग, जी. सी. बी, जी. सी. एस आई।

प्रबंध के लिये एक व्यवस्थापिका सभा है। आमदनी लगभग ८ करोड़ २५ लाख वार्षिक है।

युवराज को "प्रिंस आफ बरार" पदवी है। जन समाज लगभग ८५ प्रतिशत हिन्दू हैं।

मैसूर।

महाराज कर्नल श्रीकृष्ण राजेन्द्र वाडयार बहादुर, जी. सी. एस. आई, जी. बी. ई.।

यह राज्य बड़ा प्रगतिशील है। दो व्यवस्थापक सभायें हैं। वार्षिक आय लगभग ३.०५ करोड़ रुपया है।

बड़ौदा।

हिजहाइनेस महाराजा सर सयाजी राव गायकवाड़

इसी राज्य ने सर्व प्रथम प्रारम्भिक शिक्षाअनिवार्य की।

वार्षिक आय लगभग २.५ करोड़ है।

कश्मीर।

हिज हाइनेस महाराजा सर हरीसिंहजी बहादुर हैं। जन समाज लगभग ८५ प्रतिशत मुसलमान हैं। यह राज्य दो प्रदेशों का—जम्मू और कशमीर का, संयुक्त राज्य है।

वार्षिक-आय लगभग २.२५ करोड़ है। रेशम व ऊन मुख्य उद्योग हैं।

गवालियर ।

हिज़ हाइनेस महाराजा जार्ज जीवाजी राव ।

वार्षिक आय लगभग २ करोड़ है । स्वर्गीय महाराज माधवराव ने इस राज्य को बहुत उन्नति किया ।

खनियाधाना ।

गवालियर रेज़ीडेन्सी के अन्तर्गत यह राज्य छोटा किंतु बड़ा उन्नतशील है ।

शासक श्रीमान् राजा खड़कसिंहजू हैं जो बड़े साहित्य सेवी और अच्छे प्रबंधक हैं ।

बीकानेर ।

महाराजा सर गंगासिंह बहादुर । राज्य में एक व्यवस्थापिका सभा भी है । आय लगभग ६० लाख रुपया है । ५६८ मील रेलवे राज्य की सम्पत्ति है ।

सिरोही ।

महाराज सर स्वरूप रामसिंह बहादुर । यह राज्य सन् १८२३ में अंग्रेजी राज्य में आया ।

उदयपुर ।

हिज़ हाइनेस उदयपुर महाराजाधिराज महाराना सर रजेन्द्रसिंह बहादुर ।

वार्षिक आय ४५ लाख रुपया है ।

बांसवाड़ा ।

हिज हाइनेस राय रायन महारावल साहेब पृथीसिंहजी बहादुर ।

वार्षिक आय ७ लाख रुपया है ।

डुङ्गरपुर ।

राय रायन महारावल श्रीलचमणसिंहजी ।

वार्षिक आय साढ़े छः लाख रुपया है ।

परतापगढ़ (राजपूताना)

हिज़ हाईनेस महारावल सर रघुनाथ सिंह बहादुर के. सी. आई. ई.

वार्षिक आय लगभग ६ लाख रुपया है । ३६३५० रु० महाराजा होल्कर को खिराज देना पड़ता है ।

जोधपुर ।

मेजर महाराजा सर उम्मेदसिंहजी साहेब बहादुर । ३६०२१ वर्गमील राज्य का क्षेत्रफल है । २१,२५,९८२ जन संख्या है ।

जैसलमीर ।

हिज़ हाईनेस महाराजाधिराज महारावल श्री सर जवाहिरसिंहजी बहादुर ।

क्षेत्रफल १६०६२ वर्गमील और जन संख्या ७६२५५ है । वार्षिक आय ४,३२,००० हैं ।

राजपूताना एजेन्सी ।

राज्य	क्षेत्रफल	जन संख्या (१९३१)
१—एजेन्ट गवरनर जनरल से सीधा सम्बन्ध		
बीकानेर	२३,३१७	९,३६,२१८
सिरोही	१,९६४	२,२१,०६०
झालवार	८१०	१,०७,८९०
२—मेवाड़ रेज़ीडेन्सी		
उदयपुर	१२,९२३	१५,६६,९१०
३—दक्षिणी राजपूताना राज्य एजेन्सी		
बंसवाड़ा	१,५९९	२,२५,१०६
डुंगरपुर	१,४६०	२,२७,५४४
परतावगढ़	८८६	७६,५३९
बुसलगढ़	३३८	३५,५६४
४—पश्चिमी राज्य रेज़ीडेन्सी		
जोधपुर	३६,०२१	२१,२५,९८२
जैसलमेर	१६,००७	७६,२५५
पालनपुर	१,७६९	२६,४१,८०९
दाँता	३४७	२६,१७२
५—जयपुर रेज़ीडेन्सी		
जयपुर	१५,५९७	२६,३१,७७१
किशनगढ़	८४९	७५,७४४
लावा	२०	२,७९०
अलवर	३,१५८	७,४९,७५१
टोंक	२,५४०	३,१७,३६०
शाहपुरा	४०५	५४,२३३

राजपूताना एजेन्सी (चालू)

राज्य	क्षेत्रफल	जन संख्या (१९३१)
७—पूर्वी राज्य एजेन्सी		
भरतपुर	१,९७८	४,८६,९५४
धौलपुर	१,१७३	२,५४,९८६
करौली	१,२१७	१,४०,५२५
कोटा	५,७२५	६,८५,८०४
झालावार	८१३	१,०७,८९०
बूंदी	२,२००	२,१६,७२२

जैपुर ।

हिज़ हाईनेस महाराजा सवाई मानसिंह बहादुर (द्वितीय)

राज्य का क्षेत्रफल १६,६८२ वर्ग-मील और जनसंख्या २६,३१,३७५ है। वार्षिक आय १,२०,००,००० है।

किशनगढ़ ।

ले. क. हिज़ हाईनेस महाराजाधिराज सर मदनसिंह बहादुर ।

जन संख्या ८५,७४४ और वार्षिक आय ६ लाख रुपया है ।

बून्दी ।

हिज़ हाईनेस महाराज राजा सर रघुबीरसिंह बहादुर ।

जन संख्या २,१६,७२२ और वार्षिक आय १० लाख रुपया ।

टोंक ।

हि. हा. अमीरुद्दौला वजीरुल मुल्क नवाब सर हाफिज मुहम्मद सआदतअलीखां बहादुर ।

जन संख्या ३१७३६० और वार्षिक आय रू० २३,६५,७८५ हैं ।

शाहपुर ।

राजाधिराज सर उम्मैदसिंहजी ।

जन संख्या ५४,२३३ है। क्षेत्रफल ४०५ वर्गमील है ।

भरतपुर ।

हिज़ हाईनेस महाराजा सर बृजेन्द्रसिंह बहादुर ।

क्षेत्रफल १९७८ वर्गमील और ४,८६,९५४ जनसंख्या हैं। आय लगभग ३४ लाख रुपया है ।

धौलपुर ।

हिज़ हाईनेस महाराजाधिराज श्रीसवाई महाराना उदयभानसिंह ।

जन संख्या २,५४,६८६ ।

करौली ।

हिज़ हाईनेस महाराजा सर भँवरपाल बहादुर ।

क्षेत्रफल १२४२ वर्ग मील है। जन संख्या १४०५२५ और आय ७ लाख १० हज़ार है।

कोटा ।

हिज़ हाईनेस ले० कर्नल महाराज सर उम्मेदसिंह बहादुर ।

जन संख्या ५६८४ वर्गमील है और आबादी ६८५८०४ है वार्षिक आय ५३ लाख रुपया है।

अलवर ।

हिज़ हाईनेस श्रीसवाई महाराजा तेजसिंहजी बहादुर ।

क्षेत्रफल ३१५८ वर्गमील और जन संख्या ७४६७५१ हैं। वार्षिक लगभग ४० लाख रुपया है।

सेन्ट्रल इण्डिया एजेन्सी ।

इस एजेन्सी का मुख्य स्थान इन्दौर है जहाँ गवर्नर जनरल का एजेंट रहता है। इस एजेन्सी के दो प्राकृतिक भाग हो गये हैं। (१) पूर्वी भाग या बुन्देलखंड और बघेलखंड एजेन्सियाँ (२) पश्चिमी भाग या भूपाल मालवा और दक्षिणी स्टेट एजेन्सियाँ ।

इस एजेन्सी में छोटी बड़ी ५८ रियासतें हैं। मुख्य राज्यों का ब्योरा इस प्रकार है।

इन्दौर ।

हिज़ हाईनेस महाराजाधिराज ले० कर्नल श्री राजराजेश्वर सवाई यशवन्त राव होल्कर बहादुर ।

रियासत से आयात और निर्यात का मूल्य १,६५,६७,५७७ और ७,१५,८७,१० क्रमशः है। मुख्य व्यापार रूई और तम्बाकू का है।

क्षेत्रफल ६६०२ वर्गमील और जन संख्या १३,२५,००० हैं। वार्षिक आय १ करोड़ ४४ लाख के लगभग है।

बघेलखंड एजेन्सी ।

इस एजेन्सी की राजधानी सतना है और इसका पोलीटिकल एजेण्ट बघेलखंड सतना के आधीन है।

रीवां ।

हिज़ हाईनेस महाराजा सर गुलाबसिंह बहादुर ।

राज्य का क्षेत्रफल १३,००० वर्गमील और जन संख्या १५,८७,४४५ हैं। वार्षिक आय ६० लाख रुपया है।

लाख का व्यापार इस राज्य में विशेष है। राज्य में जंगल बहुत है।

भोपाल एजेन्सी।

यह एजेन्सी १८१८ में बनी थी। इसका पोलिटिकल एजेंट भोपाल के आधीन है।

भोपाल।

हिज़ हाईनेस नवाब मुहम्मद हमीदुल्ला खान बहादुर।

क्षेत्रफल ६६२४ वर्गमील और जन संख्या ७२९९५५ हैं वार्षिक आय ६२,१०,००० रु० है।

बुंदेलखंड एजेन्सी।

यह एजन्सी १८०२ में बनी थी। राजधानी नौगाँव है और पोलिटिकल एजेंट नौगाँव के आधीन है। मुख्य रियासतें यह हैं।

ओरछा।

हिज हाईनेस महाराजा सर वीरसिंह देव बहादुर।

क्षेत्रफल २०८० वर्गमील है। जनसंख्या ३,१४,६६१ हैं। वार्षिक आमदनी १० लाख रुपया है। शासक साहित्य प्रेमी हैं।

दतिया।

हिज हाईनेस महाराजा सर गोविंदसिंह बाहादुर।

क्षेत्र फल ९१८ वर्गमील और जनसंख्या १,५८,८३४ हैं। वार्षिक आय १९ लाख रुपया है।

समथर।

हिज़ हाईनेस महाराजाधिराज चरनसिंह देव बहादुर।

राज्य का क्षेत्रफल १८० वर्गमील और जनसंख्या ३३, २२० हैं; आय ३,५०,००० रु० है

पन्ना

हिज हाईनेस महारजा सर यादवेन्द्र सिंह बाहदुर।

राज्य का क्षेत्रफल २५९६ वर्गमील और जनसंख्या २, १२, १३० हैं और वार्षिक आय ९ लाख ४८ हज़ार रुपया है। राज्य में हीरा की खानें हैं।

चरखारी।

हिज़ हाईनेस महाराजाधिराज अरिमर्दनसिंह जु देव बहादुर।

राज्य का क्षेत्रफल ८८० वर्गमील और जनसंख्या १,२०, ३५१ हैं। आय ८, २६, ००० रुपया है।

अजयगढ़।

हिज़ हाईनेस महाराजा सर सवाई भोपालसिंह जू बहादुर।

राज्य का क्षेत्रफल ८०२ वर्गमील और जनसंख्या ८५, ८९५ हैं। आय ३, ३७,००० रुपया है।

बिजावर।

हिज हाईनेस महाराजा सवाई

सर सामन्तसिंह जू बहादुर

राजका क्षेत्रफल ६७३ वर्गमील और जनसंख्या १, १५, ८५२ है। वार्षिक आय ३ लाख ३४ हजार रुपया है।

बाओनी।

हिज़ हाईनेस आज़मुल उमरा इफ्तीखरुद्दौला नवाब मुहम्मद मुस्ताकुल हसन खाँ

क्षेत्रफल १२१ वर्गमिल जनसंख्या १६, १ ३२ और आय १,५०,००० रुपया हैं।

छतरपुर।

हिज़ हाईनेस महाराजा भवानी सिंह जू देव

क्षेत्रफल ११३० वर्गमील, जनसंख्या १,६१,२६७ और आय ७ लाख है।

छोटी रियासतें।

नाम	क्षेत्रफल वर्गमील	जनसंख्या	आय (रु०)
सरीला	३५	६० १	१,००, ००
टोड़ी फतहपुर	३६	६५८०	४०,०००
लुगांसी	४५	६१८२	३०,०००
बेरी	३२	४६२१	४५,०००
अलीपुरा	७३	१४५८	७०,०००
गौरहार	७१	६४८६	५५,०००
गरौली	३६	४८१७	३५,०००
बीहट	१६	४७८६	३५,०००

मालवा एजेन्सी।

सन् १६२५ से यह एजेंन्सी पोलिटिकल एजेंट मनीपुर के आधीन है।

मालवा एजेंन्सी की बड़ी रियासतें।

नाम	क्षेत्रफल वर्गमील	जनसंख्या	आय (रु०)
देवास सीनियर	४४६	७७,००५	१० लाख
देवास जूनियर	४१६	६६,६६८	६½ ,,
सीतामऊ	२०१	२६,५४६	२,५६,०००

जावरा ।

हिज़ हाईनेस नवाब सर मुहम्मद इफ्तिखार अलीखाँ

राज्य का क्षेत्रफल ६०१ वर्गमील, जनसंख्या १,००, २०४ और आय १२ लाख रुपया हैं ।

रतलाम ।

हिज हाईनेस महाराजा सर सज्जनसिंह जी

राज्य का क्षेत्रफल ६९३ वर्गमील, जनसंख्या १,६७, ३२७ और आप ९ लाख है ।

सदर्न स्टट ऐजन्सी

सन् १९२५ में मालवा एजेन्सी इस एजेन्सी में मिला दी गई, इसकी राजधानी मानपुर है ।

नाम	क्षेत्रफल वर्गमील	जनसंख्या	आय
झाबुआ	१३३६	१,२३,९३२	३॥ लाख
बड़वानी	११७८	१,२०,१५०	११ लाख
अलीराजपुर	८३६	८९,६३४	५॥ लाख

धार ।

हिज़ हाईनेस माहाराजा सर आनन्द राव (नावालिग) हैं ।

राज्य की जनसंख्या २,४३, ५३१, क्षेत्रफल १८०० वर्गमील और ३० लाख रुपया हैं ।

बिलोचिस्तान एजेन्सी

वेगलर वेगी सर मीर महमूद खाँ

इस एजन्सी में कलात राज्य और सहायक राज्य लासवेला हैं ।

कलात का क्षेत्रफल ८०, ४१० वर्गमील और जनसंख्या ३,७९,००० हैं । आय १७, ६०,००० रुपया है ।

लासवेला का क्षेत्रफल ७१३२ वर्गमील, जन संख्या ५०,६९६ और ३,८०,००० रुपया हैं ।

पश्चिमोत्तर सीमा के राज्य ।

हिजहाईनेस सर शुजाउल मुल्क ।

क्षेत्रफल ७,७०४ वर्गमील, जनसंख्या १६,१२,०९४ और आय ४,६५,००० रुपया वार्षिक है

मालाकन्द में पोलिटिकल एजेन्ट हैं ।

मद्रास प्रेसीडेन्सी के देशी राज्य

इसके अन्तर्गत ५ राज्य हैं जिनका सम्बन्ध सीधा भारत सरकार से है। इन राज्यों का व्योरा यों है।

राज्य	क्षेत्रफल वर्गमील	जन संख्या	वार्षिक आय
ट्रावनकौर	७,६२४	५०,९५,९७३	२४० २५ लाख रु.
कोचीन	१.४१७	१२,०५,०१६	७९.७२ ,,
पद्दुकोटाई	१,१७९	४,००,६९४	२०.५३ ,,
वेंगनपल्ले	२७५	३९,२३९	३.५६ ,,
संदूर	१६७	१३,५८३	१.५९ ,,

ट्रांवकोर।

हिज़ हाईनेस सर बालाराम वर्मा महाराजा राय राजा बहादुर

राजधानी त्रिवेन्द्रम है। क्षेत्रफल ७,६२४ वर्ग-मील, जनसंख्या ५०,९५,९७३ और वार्षिक आय २ करोड़ ४० लाख रु० हैं।

राज्य बहुत प्रगतिशील है। प्रजा को अधिकतम स्वतंत्रता दी गई है

कोचीन।

हिज़ हाईनेस सर श्री राम वर्मा।

राज्य का क्षेत्रफल १४१७ वर्ग-मील है।

इस राज्य के जंगलों से मूल्यवान लकड़ियाँ मिलती हैं।

पश्चिमी भारत के राज्य।

स० १९२४ में एक नई रेजीडेन्सी स्थापित की गई और उनका सम्बन्ध सीधा भारत सरकार से कर दिया गया।

भावनगर।

हिज़ हाईनेस महाराजा कृष्ण-कुमार सिंह जी।

क्षेत्रफल २९६१ वर्गमील, जन-संख्या ५,००,२७४ और वार्षिक आय १,००,०९,५२१ हैं।

गोण्डाल।

हिज़ हाईनेस महाराजा सर भगवन्त सिंह जी

राज्य का क्षेत्रफल १०२४ वर्गमील व जनसंख्या २,०५,८४६ है।

प्राथमिक शिक्षा राज्य में अनिवार्य कर दी गई है।

जूनागढ़।

हिज़ हाईनेस नवाब सर महाबत ख़ाँ तृतीय

राज्य का क्षेत्रफल ३३३७ वर्गमील, जन संख्या ५,४५,१५२ और आय ७३,००,००० है।

बम्बई प्रान्त के मुख्य राज्यों का ब्योरा।

राज्य	क्षेत्रफल (वर्गमील)	जन संख्या	आय (रुपयों में)
कैम्बे	३५०	७१,७१५	६,६४,६३४
इडर	१,६६६	२,२६,३५५	१६,७५,६३६
खेरपुर	६,०५०	१,६३,१५२	२५,५७,८७१
कोल्हापुर	३,२१७	८,३३,७२६	१,४०,११,८४४
राजपीपला	१,५१७	१,६८,४५४	१७,२१,२६२
सेगंली	१,१३६	२,२१,३२१	११,७१,१८४
सेवन्तवादी	६२५	२,०६,४४०	६,६२,५०८
छोटा उदयपुर	८६०	१,२५,७०२	१२,४१,०००

सतारा जागीर के अन्तर्गत राज्य।

राज्य	क्षेत्रफल (वर्गमील)	जन संख्या	आय (रुपयों में)
औंध	५०१	६४,५६०	३ लाख
फलटन	३९७	४३,२८६	३ ,,
भोंर	६२५	१,३०,४२०	५ ,,
अकालकोट	४६८	८१,२५०	६ ,,
जथ	६८१	८२,६५४	३ ,,

नवानगर।

शासक - हिज़ हाईनेस जाम साहेब श्री दिगविजयसिंह जी बिभाजी।

क्षेत्रफल ३७९१ वर्गमील। जनसंख्या ४,०६,१९२ और आय ६४,००,००० रु० है।

कच्छ।

शासक-हिज़ हाईनेस महाराजा श्री खेनगर जी सावाई बहादुर

राज्य का क्षेत्रफल ८२४६ वर्गमील, जनसंख्या ५,१४,३०७ हैं। इस राज्य में नमक बहुत तैयार होता है।

बम्बई सरकार के आधीन देशी राज्य

बम्बई सरकार के आधीन १५१ देशी राज्य हैं जिनका क्षेत्रफल २८०३६ वर्गमील है और जनसंख्या ३८,७६,०६५ है। प्रबन्धार्थ १५ विभिन्न एजेन्सी बना दी गई।

कोल्हापुर।

हिज़ हाईनेस श्री राजाराम छत्रपति महाराज।

राज्य का क्षेत्रफल ३२१७ वर्गमील, जन संख्या ६,५७,१३७ और वार्षिक आय लगभग ६० लाख रुपया है। यहाँ के शासक महाराजा शिवा जी के वंशज हैं।

इदर।

हिज़ हाईनेस महाराजा हिम्मत सिंह जी।

राज्य का क्षेत्रफल १६६८ वर्गमील जन संख्या २,६२,६६० और आय १६,४७,३७६ रुपया है।

औंध।

मेहरवान भवनराव निवासराव उर्फ बाला साहेब पन्त

राज्य का क्षेत्रफल ५०१ वर्गमील, जनसंख्या ६४५६० है वार्षिक आय ३,००,००० रुपया हैं। राज्य में प्राथमिक शिक्षा मुफ्त और अनिवार्य है।

खैरपुर (सिंध)।

मीर अली नवाब खाँ।

क्षेत्रफल ६०५० वर्गमील, जन संख्या १,६३,१५२ और वार्षिक आय २६ लाख रुपया हैं।

बंगाल सरकार के आधीन देशी राज्य।

कूचबिहार।

महाराज जगद्दीपेन्द्र नरायण जी।

राज्य का क्षेत्रफल १३१८ वर्गमील जन संख्या ५६०८३६ और वार्षिक आय ४२ लाख रुपया हैं।

त्रिपुरा।

महाराजा माणिक्य वीर विक्रम किशोर देव वर्मन बहादुर

राज्य का क्षेत्रफल ४११६ वर्गमील, जनसंख्या ३,८२,४५० और आय १७ लाख हैं।

बिहार सरकार के आधीन देशी राज्य

इस प्रान्त में लगभग २४ छोटे बड़े राज्य हैं। इनकी जन संख्या ३८,०७,१७२ है और वार्षिक आय लगभग ६४,५०,०३६ रुपया है।

यू. पी. सरकार के आधीन देशी राज्य

रामपुर।

हिज़हाईनेस अमीरुल उमरा नवाब सर सैय्यद मुहम्मद हामिद अली खाँ बहादुर।

यह राज्य रुहेला राज्य का शेष है। क्षेत्रफल ८९२ वर्गमील और जन-

संख्या ४,६४,६१६ और वार्षिक आय ५४ लाख रुपया हैं।

टेहरी।

हिज़ हाईनेस नरेन्द्र शाह जी।

राज्य का क्षेत्रफल ४५०० वर्गमील और जनसंख्या ३,१८,४८२ है। वार्षिक आय १४ लाख रुपया है।

बनारस।

हिज़ हाईनेस महाराजा सर आदित्य नारायणसिंह जी।

राज्य का क्षेत्रफल ८७५ वर्गमील, जनसंख्या ३,६१,१६५ और आय २२ लाख रुपया है।

पंजाब के देशी राज्य।

कपूरथला।

हिज़ हाईनेस महाराजा फरजन्दे दिलबन्द जगतजीत सिंह बहादुर

क्षेत्रफल ६३० वर्गमील, जन संख्या २,८४,२७५ और आय ३७,५०,००० है।

पटियाला।

फरजन्दे ख़ास दौलते इंगलिशिया महाराजा सर बहादुर कामेश्वर सिंह।

राज्य का क्षेत्रफल ५९३२ वर्गमील, जन संख्या १४,९९,७३९ और आय १ करोड़ ४० लाख रुपया है।

मण्डी।

हिज़ हाईनेस राजा जोगेन्द्र सेन बहादुर

क्षेत्रफल १००० वर्गमील और जन संख्या २,०७,४६५ और आय १३ लाख रुपया हैं।

नाभा।

हिज़ हाईनेस महाराजा प्रताप सिंह (नाबालिग़)

क्षेत्रफल १,००० वर्गमील, जन-संख्या ३,००,००० और आय २३ लाख रुपया है।

बहावलपुर

हिज़ हाईनेस नवाब सर सादिक मुहम्मद ख़ाँ बहादुर।

क्षेत्रफल १५ हज़ार वर्गमील और जनसंख्या ७,८१,१९१ हैं। वार्षिक आय लगभग १ करोड़ रुपया है।

आसाम सरकार के आधीन।

मणिकपुर।

हिज हाई नेस महाराजा सर चूड़ा चन्द्र सिंह।

राज्य का क्षेत्रफल ८,६३८ वर्ग-मील है। जन संख्या ४,४५,६०६ है।

सी. पी. सरकार के आधीन।

इस प्रान्त के आधीन १५ राज्य हैं जिनका क्षेत्रफल ३१,०८० वर्गमील जन संख्या २०,६७,३७१ और आय लगभग ६० लाख रुपया है।

॥ इति शुभम् ॥